मत्स्य-पुराण

[प्रथम खंड]

(सरल भाषानुवाद सहित)

★

सम्पादक :

वेदमूर्ति तपोनिष्ठ

पं० श्रीराम शर्मा आचार्य

चारों वेद, १०८ उपनिषद्, षट्-दर्शन, २० स्मृतियों
एवं १८ पुराणों के प्रसिद्ध भाष्यकार

★

प्रकाशक :

संस्कृति संस्थान

बरेली (उ० प्र०)

प्रकाशक :

डॉ० चमनलाल गौतम
संस्कृति संस्थान, ख्वाजा कुतुब,
बरेली ।

सम्पादक :
प० श्रीराम शर्मा आचार्य

सर्वाधिकार सुरक्षित

*

प्रथम संस्करण
१९७०

*

मुद्रक :
विनोदकुमार मिश्र
राजेश्वरी प्रिंटिंग प्रेस,
आर्य समाज रोड, मथुरा ।

*

मूल्य :
सात रुपये पचास पैसे

भूमिका

भारतीय पुराण-साहित्य बड़ा विस्तृत है। उसने मानव-जीवन के लिये आवश्यक किसी क्षेत्र को अछूता नहीं छोड़ा है। जो लोग समझते हैं कि पुराणों में केवल धार्मिक कथाएँ, ऋषि-मुनि और राजाओं का इतिहास, पूजापाठ की विधियाँ और तीर्थों का वर्णन मात्र है, वे वास्तव में उनसे अनजान हैं। कितने ही पुराणों में औषधि विज्ञान, साहित्य और कला सम्बन्धी विवेचन, गृह निर्माण शास्त्र, साहित्य, संगीत, रत्न-विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान, स्वप्न-विचार आदि विविध विषयों की पर्याप्त चर्चा की गई है। 'अग्नि पुराण' में तो विविध विषयक ज्ञान इतना अधिक संग्रह किया गया है कि लोग उसको प्राचीनकाल का 'विश्वकोश' कहते हैं। उसमें लगभग २००–२५० विषयों का परिचय दिया गया है। इस दृष्टि से 'नारद पुराण' भी प्रसिद्ध है जिसमें अनेक प्रकार की उपयोगी विद्याओं का गम्भीर रूप से विवेचन किया गया है। 'गरुण पुराण' में चिकित्सा-शास्त्र और रत्न-विज्ञान की बहुत अधिक जानकारी भरी हुई है। 'पुराणों' की इन्हीं विशेषताओं को देखकर प्राचीन साहित्य के एक बहुत बड़े ज्ञाता ने लिखा था—

"पुराणों में भारत की सत्य और शाश्वत आत्मा निहित है। इन्हें पढ़े बिना भारत का यथार्थ चित्र सामने नहीं आ सकता, भारतीय जीवन का दृष्टिकोण स्पष्ट नहीं हो सकता। इनमें आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक सभी विद्याओं का विशद वर्णन है। लोक जीवन के सभी पक्ष (पहलू) इनमें अच्छी तरह प्रतिपादित हैं। ऐसा कोई ज्ञान-विज्ञान नहीं, मन व मस्तिष्क की ऐसी कोई कल्पना अथवा योजना नहीं, मनुष्य-जीवन का ऐसा कोई अंग नहीं, जिसका निरूपण पुराणों में न हुआ हो। जिन विषयों को अन्य माध्यमों से समझने में बहुत कठिनाई

होती है, वे बड़े रोचक ढङ्ग से सरल भाषा मे, आख्यान आदि के रूप मे इनमे वर्णित हुए है।" पर सच पूछा जाय तो पुराणों का यही गुण कुछ 'आलोचकों' की निगाह मे उनका 'दोष' बन गया है। खण्डन की प्रवृत्ति वाले लेखक और सरसरी निगाह से पढने वाले पाठक उनकी अद्भुत और चमत्कार पूर्ण कथाओ को पढकर तुरन्त शोर मचाने लगते हैं—"देखो, पुराणो मे कैसी गप्पाष्टकें भरी पडी हैं। कहीं ऐसे भी व्यक्ति होते हैं जो एक महीना पुरुष और एक महीना स्त्री रहे और जिनके स्त्री रूप मे सन्तान भी होजाय! कहीं सौ-सौ और दो-दो सौ गज लम्बे मनुष्य भी हुआ करते हैं!"

पर कदाचित् वे यह नही जानते कि वैज्ञानिको की खोज के अनुसार पृथ्वी पर आरम्भ का एक युग ऐसा भी था जिसमे सन्तानें नर-मादा द्वारा नही होती थी, वरन् किसी भी जीव से दूसरा जीव किसी सत्कालीन प्रणाली से उत्पन्न हो जाता था। निश्चय ही यह स्थिति करोडो वर्ष पहले थी, जब कि मानव-प्राणी तो दूर गाय, भैंस और घोडे-हाथी जैसे पशु भी नही थे। पर कुछ भी हो उस समय पृथ्वी पर उन्ही जीवो का अस्तित्व था, चाहे वे मछली के रूप मे हो और चाहे किसी प्रकार के कीडे-मकोडो, छिपकली जैसे प्राणी आदि के रूप मे। इस वैज्ञानिक तथ्य को पुराने जमाने के साधारण मनुष्यो को, जब ज्ञान-विज्ञान की चर्चा बहुत ही कम फैली थी, समझा सकना असम्भव था। इस दशा मे यदि किसी पुराणकार ने 'इला' नामक राजपुत्र की कहानी गढ कर और उसका सम्बन्ध किसी ऐतिहासिक व्यक्ति या वश से जोडकर समझा दिया तो इसमे क्या हानि हो गई? विद्वान् उनका यथार्थ भेद जानते हैं और पौराणिक कथाओ के श्रोता केवल 'पुण्य' के विचार से उन रोचक वर्णनो को सुनते हैं और कुछ लोग उनसे सत्कर्म करने की कुछ शिक्षा भी ग्रहण कर लेते हैं। पर 'अर्द्धदग्ध' जीवो के लिए वे परेशानी का कारण बन जाती हैं, और वे इधर-उधर से दो चार प्रसगो को लेकर उन्हे

अधूरे रूप में वर्णन करने लगते हैं, और पुराणों के खिलाफ दस-पाँच खरी-खोटी बातें कहकर अपने को 'विद्वान्' समझने का सन्तोष कर लेते हैं।

पौराणिक साहित्य का विस्तार और महत्व—

पर हम पाठकों को बतलाना चाहते हैं कि 'पुराण' वास्तव में ऐसी 'निकम्मी' चीज नहीं है जैसा ये स्वयम्भू विद्वान् उनको सिद्ध करने का प्रयत्न किया करते हैं। ऊपर जो पुराणों के महत्व का उद्धरण दिया गया है वह भी समस्त आर्ष वेदों का परिशीलन करने वाले एक विद्वान् का है और वे वेदों तथा पुराणों का समन्वय करके इसी निष्कर्ष पर पहुँचे थे कि "इतिहास पुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्।" अर्थात् पुराणकारों ने मूल वैदिक तथ्यों को सर्व साधारण को समझाने की दृष्टि से ही उनका विस्तार करके नाना प्रकार की कथाओं की रचना की है। इतना ही नहीं पुराणों का दावा तो इससे बहुत अधिक है। 'स्कन्द पुराण' के 'रेवाखंड' में कहा गया है—

आत्मापुराणं वेदानां पृथगङ्गानितानि षट्।
यच्चदृष्टंहि वेदेषु तद्दृष्टं स्मृतिभिः किल॥
उभाभ्यां यत्तुदृष्टंहि तत्पुराणेषु गीयते।
पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणः स्मृतम्॥

"पुराण वेदों की आत्मा हैं। छः वेदाङ्ग उससे पृथक हैं। जो कुछ वेदों में देखा वही स्मृतियों में भी देखा गया। और वेद तथा स्मृति दोनों में जो कुछ देखा गया वह सब पुराणों में गाया जाता है। इसमें कुछ भी सन्देह नहीं कि पुराणों को ब्रह्माजी ने सब शास्त्रों से पहले कहा है।"

हम इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि जब वेदों को लोकमान्य तिलक जैसे विद्वान् कम से कम दस हजार वर्ष पुराना बतलाते थे, तब पुराणों का रचना काल दो हजार वर्ष के भीतर माना जाता है।

उपर के निरूपण से यह भाव कि जगत के उत्पन्न होने से पहले
में अपने साधित सकल रूपों का स्वयं के 'मायिक प्रपञ्च' रूप । में रचने
में प्रवृत्त होकर ही ईश्वर सृष्टिकर्तृत्व रूप विशेषणयुक्त तीन नेत्र और
चतुर्भुज रूप धारण करते हैं । इस ओर संकेत करने हेतु विशेष विशेषण
रूपों पर ध्यान दिया जाय । इस ओर भी उनका सामान्य रूप त्रिनेत्र और
चतुर्भुज ही है यह बात सामान्य रूप त्रिपुरारि के लिए भी लागू है
परन्तु वे त्रिशूल के अतिरिक्त अपने विशेष 'पाशुपत' रूप धारण किये
हैं जिस कारण उनके तीसरे नेत्र । इस्तीय भाषण से सहोदरत्व लक्षित
होता है जिसके उनके त्रिशूल के समान 'पाशुपत' रूप त्रिपुरारि-अरि' के हाथ में
उनके ही लोक विधान के लिए धारण किये हुए 'पाशुपत-अस्त्र' के
रूपान्तर उनके त्रिशूल पर ही टिके हुए बिन्दुरूप उनके निज प्रिशस्यत
हेतु के साथ कि उस त्रिशूल के हाथ में आने के पहले 'पाशुपत-अस्त्र' का
उल्लेख करना उचित ही है । और इसी कारण 'पाशुपत' रूप । में
निर्देश किया गया है ।

—पशुपत विशेषण का तात्पर्य
तीसरा यह भाव कि 'पाशुपत' पशु शिवों परमेश्वरों के लिए

में भी यह कहा गया है कि पहले एक ही पुराण था, फिर व्यास जी ने उसे लोगों की सुविधा के लिये अठारह पुराणों के रूप में प्रस्तुत किया। पर यह संख्या अठारह पर ही समाप्त नहीं हो गई। अठारह 'महापुराणों' के पश्चात् अठारह 'उप-पुराण' भी तैयार हो गये और उनके बाद भी लोगों ने 'लघु पुराणों' का निर्माण किया। वास्तव में अब 'पुराण' शब्द सब प्रकार के धार्मिक कथा-ग्रन्थों के लिए काम आने लगा है। इसीलिये इस आधुनिक युग में किसी लेखक ने 'गांधी-पुराण' भी लिखकर तैयार कर दिया है।

पर इन बातों से 'पुराणों' का महत्व कम नहीं हो जाता। यदि हम पुराणों के प्रचलित संस्करणों का भी अध्ययन करें तो तरह-तरह की कथाओं के बीच में अध्यात्म, ब्रह्म-ज्ञान, विज्ञान, चरित्र, नीति आदि के सर्वोच्च तत्व मिले-जुले दिखाई पड़ते हैं। कहने के लिए तो पुराण मूर्ति-पूजा, तीर्थ-यात्रा, स्नान-दान आदि के मुख्य प्रचारक हैं, पर साथ ही उनमें से अधिकांश में सृष्टि के मूल स्वरूप का जैसा वर्णन पाया जाता है वह आधुनिक विज्ञान की पहुँच से कहीं अधिक ऊँचा है। उनमें सृष्टि-विज्ञान और प्रलय (सर्ग और प्रति-सर्ग) का वर्णन करते हुए सदैव यही प्रतिपादित किया है कि इस समस्त विश्व ब्रह्माण्ड का आविर्भाव एक अव्यक्त और निराकार तत्त्व से हुआ है, जिसका कोई आदि अन्त नहीं है और न जिसके विस्तार की कोई सीमा है। समस्त सूक्ष्म और स्थूल पञ्चभूत, समस्त देवता और सांसारिक प्राणी उसी में से उत्पन्न होते हैं और कुछ समय तक पृथक रूप में दिखाई पड़कर अन्त में उसी में लय हो जाते हैं। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, वरुण आदि समस्त देवता उसी एक मूलशक्ति के विभिन्न रूप और नाम हैं।

यद्यपि उस अव्यक्त और निराकार शक्ति की उपासना का वास्तविक मार्ग योग और ध्यान है, पर यह बहुत ही थोड़े लोगों के लिये सम्भव हो पाता है। शेष सामान्य स्तर के व्यक्ति किसी अव्यक्त और

निराकार शक्ति का ध्यान कर सकने मे असमर्थ होते हैं। ऐसे ही लोगो की सख्या १०० मे से ६० होती है। इसलिये उनकी सुविधा की दृष्टि से साकार मूर्तियो की योजना की गई है और उनकी प्रतिष्ठा के लिये मन्दिरो का निर्माण और तीर्थों की स्थापना आवश्यक हुई। जिन पुराणो मे किसी साधारण मन्दिर मे मूर्ति दर्शन करने या गङ्गा अथवा नर्मदा जैसी नदी में एक बार स्नान करने से करोड़ो वर्ष तक स्वर्ग सुख भोगने का लालच दिखाया गया है, उन्ही मे सृष्टि की वास्तविकता के उपरोक्त तर्क और विज्ञान के अनुकूल रूप का भी विवेचन किया गया है।

इससे हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आरम्भ मे पुराणो का उद्देश्य जन साधारण के बीच धार्मिक तत्वो का प्रचार करना ही था। यह भी असम्भव नहीं है कि पुराणो की परम्परा का श्रीगणेश करने वाले वेदव्यास ही हो। इस अनुमान का कारण यह है कि व्यासजी का 'महाभारत' भी एक प्रकार का पुराण ही है, यद्यपि उसमे धार्मिक बातो के साथ राजनीतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विषयो का विवेचन भी बहुत अधिक परिमाण मे मिलता है, जिससे उसे 'इतिहास' कहा जाने लगा है। पर हमारे कथन का आशय यह नही कि व्यासजी ने पुराणो की जो रूपरेखा बनाई वही अभी तक स्थिर है। भाषा और लिपि मे हजार पाँच सौ वर्ष मे ही इतना अन्तर पड जाता है कि अधिकाश ग्रन्थो का नया सस्करण करने की आवश्यकता पड जाती है। फिर पुराणो मे तो यह भी लिखा है कि व्यासजी ने एक ही पुराण सहिता बनाई और उसका विस्तार उनके शिष्य और फिर उनके भी शिष्यो ने किया—

आख्यानैश्चाप्युपाख्यानैर्गाथाभिः कल्पशुद्धिभिः।
पुराण सहिता चक्रे पुराणार्थ विशारदः॥
प्रख्यातो व्यास शिष्योऽभूत्सूतो वै रोमहर्षणः।
पुराण सहिता तस्मै ददौ व्यासो महामतिः॥

सुमतिश्चाग्नि वर्चाश्य मित्रयुश्शांसपायनः ।
अकृतव्रण सावर्णी षट शिष्यास्तस्य चाभवन् ॥
काश्यपः संहिताकर्ता सावर्णिश्शांसपायनः ।
रोम हर्षणिका चान्या तिसृणां मूल संहिता ॥

अर्थात्—"फिर पुराणों के ज्ञाता व्यासजी ने आख्यान, उपाख्यान गाथा और कल्पशुद्धि से युक्त 'पुराण-संहिता' की रचना की। इस पुराण संहिता का अध्ययन व्यासजी ने अपने सुप्रसिद्ध शिष्य रोमहर्षण सूत को कराया। रोम हर्षण के छः शिष्य हुए—सुमति, अग्निवर्चा, मित्रायु, शांसपायन, अकृतव्रण और सावर्णि। इनमें से काश्यप गोत्रीय अकृतव्रण सावर्णि और शांसपायन ने पृथक-पृथक तीन संहितायें रचीं। उन तीनों का मूल आधार रोमहर्षण द्वारा रचित एक संहिता थी।

इसके पश्चात् भी इन सबकी आगामी शिष्य मंडली में से अनेक विद्वान् अपने देश—काल के अनुसार उन संहिताओं की वृद्धि करते रहे, उनमें नये-नये प्रेरणाप्रद आख्यान और उपाख्यान रचकर सम्मिलित करते रहे। ये सब कथावाचक शिष्य 'सूतजी' या 'व्यासजी' कहलाते थे। इनमें सभी प्रकार के व्यक्ति थे। कुछ विशेष रूप से धर्मपरायण और परमार्थी थे तो कुछ में जाति परायणता और सांसारिकता की मात्रा अधिक थी। यदि ऐसे कथावाचकों ने तीर्थ-यात्रा, स्नान-दान और व्रतोत्सव वाले अंशों को यथाशक्ति बढ़ाकर अपने श्रोताओं को अधिकाधिक 'दान' देने की प्रेरणा की हो तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। जब हम अठारहों पुराणों पर एक विहंगम दृष्टि डालते हैं और उनकी विषय सूचियों का विवेचन करते हैं, तो हमको यह प्रतीत होने लगता है कि सब पुराण एक ही दृष्टिकोण से नहीं रचे गये हैं। किसी में धर्म-साधन की प्रधानता है, किसी ने जप-तप द्वारा आध्यात्मिकता का महत्त्व विशेष बतलाया है और किसी ने हर तरह के दान-पुण्य पर ही अधिक बल दिया है। 'मत्स्यपुराण' में तीसरी श्रेणी के वर्णन बहुत

अधिक संख्या में थे। यद्यपि हमने वर्तमान संस्करण में उनमें से अधिकांश को छोड़ दिया है, तो भी नमूने के तौर पर जिन 'व्रत' और 'दानों' का वर्णन आ गया है उनसे पाठक हमारे कथन की यथार्थता का अनुमान कर सकेंगे।

पुराणों की परमार्थ और अध्यात्म भावना—

पर इस एक बात से ही हम पुराणों की भलाई-बुराई का निर्णय नहीं कर सकते। हम इस बात को पूरी तरह नहीं समझ सकते कि जिस समय—अब से एक-डेढ़ हजार वर्ष पहले पुराण-साहित्य का इस प्रकार विस्तार किया गया, देश और समाज की क्या परिस्थिति थी। सम्राट अशोक से लेकर पृथ्वीराज चौहान तक के शासन काल के बीच देश की क्या राजनीतिक और सामाजिक स्थिति थी, इसका पता इतिहास ग्रंथों से बहुत कम लगता है। पर पुराणों के विवरणों को समझने में यदि अन्तर्दृष्टि से काम लिया जाय तो यह प्रतीत होता है कि इस हजार-बारह सौ वर्ष के युग में एक देशव्यापी क्रांति होकर नये समाज का संगठन हो रहा था। बौद्ध धर्म की प्रबलता ने प्राचीन भारतीय सामाजिक व्यवस्था को तोड़-फोड़ दिया था, उसी के भग्नावशेषों पर हमारे धर्माचार्य पुनः हिन्दू-धर्म-भवन के पुनर्निर्माण का प्रयत्न कर रहे थे। इस बीच में देश की अस्त-व्यस्त राजनीतिक अवस्था को देखकर यवन, हूण, शक, सिथियन आदि विदेशी जातियों ने आक्रमण भी किया था। उन आक्रमणकारियों में से लाखों व्यक्ति यहाँ बस भी गये और देश के किसी भू भाग पर उन्होंने बहुत वर्षों तक शासन भी किया। ऐसी परिस्थिति में जो पुराण ग्रन्थ रचे गये अथवा प्रचलित किये गये उनमें पूर्ण रूप से विशुद्ध वैदिक आदर्शों को स्थिर रखना कैसे संभव हो सकता था?

यूनानी-सम्राट सिकन्दर के आक्रमण तथा बुद्ध धर्म की प्रभुता होने से पूर्व, देश की वैदिक संस्कृति अक्षुण्ण थी। उसमें जो परिवर्तन होते थे वे आन्तरिक कारणों के आधार पर ही होते थे। पर विदेशियों के

आक्रमण और उनमें से लाखों, करोड़ो व्यक्तियों के भारतीय समाज में मिल जाने के पश्चात् परिस्थिति बहुत कुछ बदल गई और उसके बाद जो धार्मिक सगठन बनाया गया और धार्मिक नियम प्रचलित किये गये उनमें देश काल की बदली हुई परिस्थिति का प्रभाव पड़ना अनिवार्य था। ससार के अन्य धर्म तथा जातियाँ तो इस प्रकार के आक्रमणो से सर्वथा ही नष्ट हो गये। जैसे यूनान, रोम, और ईरान की प्राचीन संस्कृति और धर्म का नाम ही इतिहास मे शेष रह गया है। पर यह वैदिक धर्म की ही विशेषता थी कि विदेशी आक्रमणो और बुद्ध धर्म द्वारा उत्पन्न गृह-कलह के भयंकर आघात को सह कर भी उसने अपनी 'आत्मा' की रक्षा करली। हमारे तत्कालीन धर्माचार्यों ने नवीन सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियो के कारण बाह्य पूजा, उपासना, कर्मकाण्ड की विधियो मे परिवर्तन किया, वैदिक यज्ञों का स्थान मदिर और तीर्थों की भक्तिमार्गीय उपासना-पद्धति ने ग्रहण किया, पर साथ ही वैदिक सिद्धान्तो और आदर्शों को उनमें बराबर समाविष्ट किया गया, प्रत्येक विधि-विधान मे उन्हीं की घोषणा की गई। साथ ही समस्त पौराणिक-धर्म कलेवर का लक्ष्य भी वैदिक आध्यात्मिक सिद्धान्त ही रखे गये। इस तथ्य का विवेचन हमको "वायु-पुराण" के अंतिम अध्याय "व्यास सशय वर्णन" मे मिलता है। उसमें पुराणो में वर्णित लौकिक धर्म विधियो का उल्लेख करते हुए अन्त मे मानव-आत्मा के आध्यात्मिक लक्ष्य को ही प्रधानता दी गई है। उसमें स्पष्ट कहा गया है—

"हे सूतजी! आप तो भगवान के सच्चे भक्त हैं। व्यासजी की कृपा से आपने धर्म शास्त्रो का पूर्णतः अध्ययन कर लिया है। हे निष्पाप आपने अठारहो पुराणो और इतिहासो का आदि से अन्त तक अच्छी तरह वर्णन किया है। इन पुराणो मे आपने बहुत से धर्मों का निरूपण किया है। उसमे गृहस्थ, त्यागी, सन्यासी, ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, स्त्री, शूद्र आदि के धर्म कर्तव्यों का वर्णन किया गया है। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य

द्विजातियो तथा इनसे उत्पन्न जो अन्य संकर जातियाँ—गगा आदि महा नदियाँ और यज्ञ, व्रत, तप, दान, यम-नियम, योगाभ्यास, साख्य-सिद्धान्त, भक्ति-मार्ग, ज्ञानमार्ग आदि सबका आपने वर्णन किया है। कर्मों और उपासना द्वारा चित्त की शुद्धि और धर्म प्राप्ति के सम्बन्ध में भी आपने बतलाया है। आपने ब्राह्म, शैव, वैष्णव, शाक्त, सौर (सूर्योपासक) तथा अर्हत् (जैन बौद्ध आदि)—इन छः प्रकार के दर्शनो का भी परिचय दिया है। इन सब तथा अन्य प्रकार के विषयों का पुराणो मे आपने विवेचन किया है। अब हम आपसे कहना चाहते हैं कि इनसे आगे भी क्या अन्य कोई उत्तम विषय जानने को शेष रह जाता है?" प्रश्नकर्ता मुनियो ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा—

न ज्ञायेत यदि व्यासो गोपायदय भवान्।
अत्र न सशय छिन्धि पूर्ण. पौराणिको यस:॥

अर्थात्—"यदि व्यासजी ने किसी विषय का वर्णन न किया हो अथवा आपने ही कुछ गोपन कर लिया हो—न बतलाया हो, तो अब उसे भी कहकर हमारे सशय को दूर कीजिए।"

'सूतजी ने कहा—"हे शौनक! आप ध्यान पूर्वक सुनो, मैं आपके 'सुदुर्लभ' (महत्वपूर्ण) प्रश्न का उत्तर देता हूँ। पराशर मुनि के पुत्र महर्षि व्यास देव ने समस्त वेदो के अर्थ से समन्वित पौराणिक कथा की रचना करके फिर चित्त में विचार किया कि मैंने वर्णों तथा आश्रमो के पालन करने वालों के धर्म का भली भाँति वर्णन कर दिया है और वेद से अविरोध रखते हुए बहुत प्रकार के मुक्ति-मार्गों का भी निरूपण कर दिया है। सूत्रो की व्याख्या करते हुये जीव, ईश्वर और ब्रह्म का भेद भी प्रकट किया है और श्रुति (वेदो) के सिद्धान्तानुसार परब्रह्म का स्वरूप भी बतलाया है। एक मात्र परम ब्रह्म ही अविनाशी तत्व है जो उसी को प्राप्त करने के लिये ब्रह्मचारी से लेकर सन्यासी तक सबके

आश्रमो के व्यक्ति 'व्रत' (धर्माचरण) किया करते हैं। मैं वेदों के इस सिद्धान्त को भी जानता हूं कि यह समस्त विश्व ब्रह्म से प्रथक नहीं है वरन उसी से इस प्रकार उत्पन्न होता और मिटता रहता है जैसे बहते हुए फेनिल जल मे बुलबुले उठते और टूटते रहते हैं। पर किसी-किसी स्थान पर यही सुनने मे आता है कि इस परम ब्रह्म के ऊपर भी "गोलोक" मे भगवान् कृष्ण दीप्यमान होते हैं। इसका रहस्य जानना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।"

जब व्यास जी बहुत कुछ ऊहापोह करने पर भी इस प्रश्न का सन्तोषजनक उत्तर न पा सके तो उन्होने निश्चय किया कि इसका निर्णय केवल तप द्वारा हो सकता है। तब वे सुमेरु पर्वत की एक गुफा मे जा बैठे और दीर्घकाल तक समाधि अवस्था में ध्यान करते रहे। अन्त मे उनके सम्मुख वेद मूर्तिमान रूप मे प्रकट हुए और उन्होंने कहा—

हे व्यास! आप महान् प्राज्ञ हैं, शरीर धारण करने पर भी आप 'विष्णु आत्मा' हैं। आप अजन्मा होकर भी संसारी प्राणियो के उद्धार की इच्छा से यह सब कर रहे हैं। हमारा ठीक अर्थ वही है जो आपने प्रकट किया है। पुराणो, इतिहासो और सूत्र ग्रन्थों मे उसे आपने अनेक प्रकार से प्रकट किया है (ऐसा पात्र भेद से किया गया है)। तो भी हम आपके प्रश्न का उत्तर देते हैं कि परब्रह्म ही अविनाशी तत्व है और वही कारणो का भी कारण है। वह आत्मस्वरूप पुष्प की गन्ध की भाँति सदैव स्थिर रहता है। महाप्रलय हो जाने पर उस अक्षर-ब्रह्म से परे केवल 'रस' रहता है। पर हम शब्दात्मक होने से उस शब्दातीत तत्व का वर्णन करने में समर्थ नहीं हैं।"

इस प्रकार पुराणो मे सामान्य बुद्धि के मनुष्यो के लिये मन्दिर, तीर्थ आदि का माहात्म्य-वर्णन से लेकर पूर्ण आत्मज्ञानियो के लिए अक्षर-तत्व और 'रस' (भगवद्भक्ति और विश्वप्रेम) का भी निरूपण कर

दिया गया है। उनमे धर्म-साधन के जो अनेक मार्ग बतलाये हैं उसका एक कारण तो सम्प्रदाय भेद है और दूसरा कारण उपासक की योग्यता और शक्ति है। प्रत्येक व्यक्ति उपनिषदो मे वर्णित आत्म-तत्व और ब्रह्म-ज्ञान तथा माया-सिद्धान्त को हृदयङ्गम नही कर सकता। इसलिये पुराणकारो ने उसे अनेक प्रकार से सरल रूपो मे वर्णित किया है जिससे प्रेरणा लेकर हर श्रेणी और योग्यता के व्यक्ति न्यूनाधिक अशो मे धर्माचरण करते रहे। धर्माचरण ही व्यक्ति और समाज के उत्थान तथा कल्याण का मुख्य साधन है, और उसमे यथाशक्ति लगे रहना मानव मात्र का कर्त्तव्य है।

'मत्स्य पुराण' की विशेषताएं:—

इस प्रकार के पुराण-साहित्य मे "मत्स्यपुराण" का दर्जा उभयपक्षीय है। एक तरफ तो इसमे व्रत, पर्व, तीर्थ आदि मे अधिकाधिक दान देने की प्रेरणा की है और दूसरी तरफ राजधर्म, शासन व्यवस्था, गृह निर्माण, मूर्तिकला, शान्ति विधान, शकुन-शास्त्र आदि जीवनोपयोगी विषयो का भी विशद रूप मे विवेचन किया है। भारतीय-साहित्य मे नारी जाति की गरिमा का परिचय देने वाला प्रसिद्ध 'सावित्री उपाख्यान' मुख्य रूप से इसी मे विस्तार पूर्वक दिया गया है। वाराणसी, हिमाचल, नर्मदा आदि की प्राकृतिक शोभा का काव्यमय वर्णन साहित्यक दृष्टि से उच्चकोटि का माना जा सकता है। और भी कितने ही विषय ऐसे हैं जो इस पुराण की उत्कृष्टता तथा उपादेयता को प्रमाणित करते है। यद्यपि अब परिस्थितियो के बदल जाने से अधिकाश पाठक उनकी उपयोगिता बहुत कम अनुभव कर सकेंगे, पर अब से कुछ सौ वर्ष पहले ही हमारे देश का एक बड़ा भाग उन्ही का अनुसरण करने वाला था।

राजधर्म वर्णन—

मत्स्य पुराण का 'राजकृत्य' और 'राजधर्म' वर्णन विशेष रूप से महत्व रखता है। इसमे केवल प्रजा-पालन करने और दान-पुण्य का ही

जिक्र नही किया गया है, वरन् खास तौर पर इस विषय का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया है। यद्यपि वर्तमान वैज्ञानिक-युग में ये बातें बहुत अधिक बदल गई हैं—तलवार तथा तीरों के युद्ध के बजाय वायुयानो से बम वर्षा और राकेटो से युद्ध होने का जमाना आ गया है, तो भी अब से दो-चार सौ वर्ष पहले तक भारतीय नरेशों के लिये राज व्यवस्था और शासन सञ्चालन के ये नियम और विधियाँ ही उपयोग मे आती थी। प्राचीनकाल में राज्य का पूरा अस्तित्व एक मात्र राजा पर ही रहता था। यदि उसे किसी भी उपाय से नष्ट कर दिया जाय तो सारी राज-व्यवस्था खण्ड-खण्ड हो जाती थी। इसलिये अन्य बातो के साथ राजा को अपनी सुरक्षा के लिये भी सदैव सजग रहना पडता था। इस सम्बन्ध में 'मत्स्य पुराण' का निम्न वर्णन द्रष्टव्य है।

"राजा को सदैव कौए के समान शंका युक्त रहना चाहिये। बिना परीक्षा किये राजा को कभी भोजन और शयन नही करना चाहिये। इसी भाँति पहले से ही परीक्षा करके वस्त्र, पुष्प, अलंकार तथा अन्य वस्तुओं को उपयोग में लाना चाहिये। कभी भीडभाड में न घुसना चाहिये और न अज्ञात जलाशय में उतरना चाहिये। इन सबकी परीक्षा पहले विश्वासी पुरुषों द्वारा करा लेनी चाहिये। राजा को उचित है कि अनजान हाथी और घोड़े पर कभी सवार न हो और न किसी अज्ञात स्त्री के सम्पर्क में आवे। देवोत्सव के स्थान में उसे निवास करना नहीं चाहिये। अपने राज्य तथा दूसरे राज्यों मे भी उसको जाने हुये विचक्षण बुद्धि वाले, कष्ट सहिष्णु और संकट से न घबड़ाने वाले, गुप्तचरों (जासूसो) को नियुक्त करना चाहिये जो उसे सब प्रकार के रहस्यो की सूचना देते रहें। फिर भी राजा को किसी एक ही गुप्तचर के कथन पर विश्वास नही कर लेना चाहिये। जब दो-चार गुप्तचरो की रिपोर्ट से उस बात का समर्थन हो जाय तब उस पर भरोसा करे।"

इस वर्णन मे आश्चर्य या अविश्वास करने की कोई बात नही

है। अन्य लोगो से संघर्ष करने वाले और दूसरों का स्वत्व अपहरण करने वाले शासको की स्थिति ऐसे खतरे में ही रहती है। पुरानी बातो को छोड दीजिये वर्तमान समय मे भी जर्मनी के डिक्टेटर हिटलर को अपनी रक्षा के लिये अपनी शकल सूरत से मिलते हुए और वैसी ही पोशाक तथा रग ढग वाले कई व्यक्ति अपने निवास स्थान मे रखने पडते थे, जिससे कोई जल्दी ही असली हिटलर को पहिचान कर आक्रमण न कर सके। इसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था बालकन प्रदेश के और भी कई शासक रखते थे, जहाँ षड्यंत्रकारियो और गुप्त घातको का अधिक जोर था। अब भी ऐसे बडे शासको के प्राण-नाश के लिए तरह-तरह की चालाकियो मे काम लिया जाता है। रूस के जार को मारने के लिये षडयंत्रकारियो ने एक बडी घन्टा घडी तैयार की थी जिसके भीतर डाइनामाइट का भयकर बम छुपा था। इस घडी को गुप्त रूप से राज-महल (विण्टर पैलेस) के किसी कमरे मे लगवा दिया गया। एक नियत समय पर जब उसका घटा बजा तो उसकी चोट से बम फूट गया और महल का एक भाग उड गया। जब इस जन-जागृति के युग मे ऐसी घटनायें सभव हैं, तो प्राचीनकाल के एकतन्त्र नरेशो को सावधान रहने की कितनी अधिक आवश्यकता थी, इसे स्वीकार करना ही पड़ेगा।

प्राचीन काल की सैनिक व्यवस्था—

यह तो हुआ अपनी शारीरिक रक्षा का वर्णन। अब राज्य की रक्षा के लिये इससे कही अधिक तैयारियाँ करनी पडती हैं। 'मत्स्य-पुराण' के अनुसार दुर्ग या किले छः प्रकार के होते हैं—धनुदुर्ग, महीदुर्ग, नरदुर्ग, वार्क्षदुर्ग, जलदुर्ग और गिरिदुर्ग। इनमे से अपनी परिस्थिति के अनुसार किसी एक प्रकार का किला बनवा कर उसमे रक्षा की सब प्रकार की सामग्री इकट्ठी करनी चाहिए। इस सम्बन्ध मे पुराणकार ने अस्त्र-शस्त्रों तथा अन्य सामग्री की जो सूची दी है, उससे हम प्राचीन काल के युद्धो के स्वरूप का बहुत कुछ अनुमान कर सकते हैं—

"दुर्ग में सभी प्रकार के आयुधों का संग्रह करना अत्यावश्यक है। इसके लिये राजा को धनुष, तीर, तलवार, तोमर, कवच, लट्ठ, फरसा, परिघ, पत्थर, मुगदर, त्रिशूल, पट्टिश, कुठार, प्रास, भाला, शक्ति, चक्र, चर्म आदि का संग्रह करना आवश्यक है। कुदाल, क्षुर, बेंत, घास-फूस और अग्नि की भी व्यवस्था रहे। ईंधन और तेल का पूरा संग्रह होना चाहिये।"

युद्धकाल मे सेना के लिये खाद्य और घायलो की चिकित्सा के लिये औषधियो का संग्रह भी आवश्यक है। इसका वर्णन करते हुये कहा है—"जौ, गेंहूं, मूंग, उर्द, चावल आदि सब प्रकार के अन्न इकट्ठे किये जायें। सन, मूंज, लाख, सुहागा, लोहा, सोना, चादी, रत्न, वस्त्र आदि सभी आवश्यक वस्तु, जो यहा कही गई हैं और नही भी कही गई हैं, राजा द्वारा सचित की जानी चाहिये। सब प्रकार की वनस्पतियां तथा औषधिया जैसे—जीवकर्षण, काकोल, आमलकी, शालपर्णी, मुद्गपरर्णी मापपर्णी, सारिवा, बला, धारा, श्वसन्ती, वृष्या, वहती, कण्टकारिका, शृंगी, शृगाटकी, द्रोणी, वर्षाभू, दर्भ, रेणुका, मधुपर्णी, विदारीकन्द, महाक्षीरा, महातपा, सहदेई, कटुक, एरण्ड, पर्णी, शतावरी, फल्गु, सजंरयाष्टिका, शुक्रति शुक्रका, अश्मरी, छत्राति छत्रका, वीरणा, इक्षु, इक्षुविकार (सिरका), मिही, अश्वरोधक, मधुक शतपुष्पा, मधूलिका, मधूक, पीपल, ताल, आम्रगुप्ता, कटुफला, दाडिमा, राजशीर्षकी, राजसर्षप (सरसो), धान्याक, उत्कटा, कालशाक, पद्मबीज, गोवल्ली, मधुपल्लिका, शीतपाकी, कुवेराक्षी, काकजिह्वा, उरुपुष्पिका, त्रपुष, गुञ्जातक, पुनर्नवा, कसेरू, कारु काश्मीरी, वल्या, शालूक, केसर, सयतुप धान्य, धनीधान्य, क्षीर, क्षौद्र, तक्र, तैल, वसा, मज्जा, घृत, नीम, अरिष्टक, सुरा, आसव, मद्य, मण्ड आदि सभी का सग्रह किया जाय।"

यह सूची बहुत बड़ी—इससे लगभग चार-पाँच गुनी है। हमने केवल थोड़े से नाम चुन कर दे दिये हैं, जिससे पाठक अनुमान कर सकें कि उस समय भी चिकित्सकों को जड़ी-बूटियों का पर्याप्त ज्ञान था। आजकल भी युद्धक्षेत्र में सेनाओं के साथ बड़े-बड़े अस्पताल रखे जाते हैं, जिनमें सैकड़ों डाक्टर और नर्सें काम करती हैं। उनमें औषधियों का भी बड़ा भण्डार रहता है, जिसमें हजारों तरह के इन्जेक्शन, कैपसूल, टैबलेट, टिंचर, एसिड आदि होते हैं। पहले जंगल की वनस्पतियाँ अपने असली रूप में ही अधिकतर काम में लाई जाती थीं अब इनको वैज्ञानिक प्रक्रिया से सारूप में बदल कर इंजेक्शन, टेबलेट आदि के रूप में बना दिया जाता है। साथ ही घावों की चिकित्सा के लिए घी, तेल, चर्बी, मज्जा, अन्तड़ी, हड्डी आदि का प्रयोग भी किया जाता था।

योग्य राज्य कर्मचारियों का चुनाव:—

पर इन सब बातों से भी अधिक महत्वपूर्ण है योग्य राज्य-अधिकारियों और कर्मचारियों का चुनाव। इस प्रकरण के आरम्भ में ही यह कहा गया है कि "चाहे कोई छोटा कार्य भी क्यों न हो पर उसे किसी अकेले व्यक्ति द्वारा पूरा किया जा सकना बड़ा कठिन होता है। फिर राज्य शासन तो परम विशाल और महत्व का कार्य है। अतएव नृपति को स्वयं ही ऐसे कुलीन सहायकों का वरण करना चाहिए जो शूरवीर, उत्तम जाति के, बलशाली और श्री सम्पन्न हों। इस सम्बन्ध में राजा को यह ध्यान रखना चाहिये कि सहायक रूप और अच्छे गुणों से सम्पन्न सज्जन, क्षमाशील, सहिष्णु, उत्साही, धर्म के ज्ञाता और प्रिय वचन बोलने वाले हों।

"सेनापति राजा का परम सहायक होता है। वह कुलीन, शीलस्वभाव से युक्त, धनुर्विद्या का महान् ज्ञाता, हाथियों और घोड़ों की शिक्षा में प्रवीण, शकुन-शास्त्र को जानने वाला, चिकित्सा के सम्बन्ध में

ज्ञान रखने वाला, कृतज्ञ, कर्मशूर, सहिष्णु, सत्य प्रिय, गूढ़ तत्वो के विधान का ज्ञाता हो। ऐसे विशिष्ट गुणों से युक्त व्यक्ति को सेनाध्यक्ष बनाना चाहिए। राजा का दूत ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जो दूसरो के चित्त के भावों को ठीक तरह समझता रहे। वह अपने स्वामी के कथन के आशय को ठीक ढंग से प्रकट करने वाला, देश भाषा का विद्वान् वाग्मी साहसी और देश-काल की परिस्थिति को समझने वाला होना चाहिये, राजा के अंगरक्षक हर तरह से मुस्तैद, बहादुर, दृढ राजभक्त और धैर्यवान् हों। सधि और विग्रह का निर्णय करने वाला अधिकर्ण (विदेश सचिव) नीति शास्त्रो का पडित, देशभाषाओ का विद्वान्, षड्गुण का ज्ञाता और परम व्यवहार कुशल होना चाहिये। आय व्यय विभाग का अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति हो जो देश की उपज से अच्छी तरह परिचित हो। रसोई घर का अध्यक्ष पाकशास्त्र के साथ ही चिकित्साशास्त्र का भी पूर्ण ज्ञाता हो।"

'मत्स्यपुराण' मे राजा के कर्तव्यो और राज्य व्यवस्था का जो वर्णन किया है उससे विदित होगा है कि पुराने जमाने मे भी राजाओ का जीवन जैसा सुखद और ऐश आराम का न था, जैसा अनजान लोग कल्पना किया करते हैं। निस्सन्देह उसके सर पर रत्नजटित मुकुट होता था: वह सोने के सिंहासन पर बैठता थी और उसके महल मे बीसियो रानिया और सैकडो दास-दासी होते थे, पर उसे सदा प्राणो का खटका भी बना रहता था। जो राजा इन कर्तव्यो की अवहेलना करते थे, और रास-रग मे डूब कर कुशासन करने लगते थे वे प्राय: दूसरे राजाओ के आक्रमण से नष्ट-भ्रष्ट हो जाते थे। इस लिये उस समय शासको को और नही तो अपनी सुरक्षा के ख्याल से ही प्रजापालन और न्याययुक्त व्यवहार का ध्यान रखना पडता था, जिससे उनकी स्थिति सुदृढ बनी रहे और वे बाह्य आक्रमणो का मुकाबला सफलता पूर्वक कर सकें।

पुरुषार्थ की प्रधानता—

हमारे उपरोक्त मन्तव्य की पुष्टि पुराणकार ने भी एक अन्य प्रकार से की है। उसने 'राज धर्म' के प्रसङ्ग मे एक अध्याय मे यह प्रश्न उठाया है कि "दैव और पुरुषार्थ मे कौन बड़ा है?" इसके उत्तर मे मत्स्य भगवान् द्वारा कहलाया गया है कि "दैव नाम वाला जो फल प्राप्त होता है वह भी अपना पूर्व कर्म ही होता है, इसलिये विद्वानो की सम्मति मे पुरुषार्थ ही सर्व प्रधान है। यदि दैव प्रतिकूल भी होता है, तो उसका पौरुष के द्वारा हनन हो जाता है। जो श्रेष्ठ आचार वाले और सदैव उत्थान का प्रयत्न करने वाले व्यक्ति होते है पुरुषार्थ से प्रतिकूल दैव को बदल डालते है। यह सत्य है कि कुछ उदाहरणो मे अनेक व्यक्तियो को बिना पुरुषार्थ भी अच्छा फल, सौभाग्य युक्त स्थिति प्राप्त हो जाती है, जिसे पूर्व जन्मो के प्रारब्ध का परिणाम माना जाता है। पर यदि वर्तमान मे भी पुरुषार्थ और सत्कर्म न किये जाये तो वह स्थिति प्राय. थोडे ही समय रहती है। इसलिए हम कह सकते है कि दैव, पुरुषार्थ और काल (परिस्थितियाँ) ये तीनो मिलकर ही मनुष्य को फल देने वाले हुआ करते हैं। पर इनमें भी पुरुषार्थ को ही प्रधान समझना चाहिये, क्योंकि कहा गया है—

नालसः प्राप्नवन्त्यर्थान् न च दैव परायणः।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन आचरेद्धर्ममुत्तमम् ॥

अर्थात्—"जो व्यक्ति आलसी होते हैं अथवा जो केवल दैव (भाग्य) के ही भरोसे रहते हैं, वे धनोपार्जन मे सफल नही हो सकते। इसलिये सदैव प्रयत्नपूर्वक उत्तम धर्म (पुरुषार्थ) का पालन करना चाहिये।" जो लोग समझते हैं कि पुराने धर्म ग्रन्थो मे भाग्य को ही प्रधान बताकर भारतवासियो को 'भाग्यवादी' बना दिया है उनको 'मत्स्य पुराण' के उपरोक्त कथन से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये।

भारतीय गृह निर्माणकला—

मत्स्य पुराणान्तर्गत गृह निर्माण सम्बन्धी वर्णन से सिद्ध होता है कि प्राचीन काल में भी इस विद्या की काफी खोज की गई थी। जो लोग भारत के 'अर्द्धसभ्य' कहते हैं और जिनका ख्याल है कि उस जमाने में यहाँ के मनुष्य जङ्गली प्रदेशों के निवासियों की तरह केवल झोंपड़ों अथवा कच्ची मिट्टी के छप्पर वाले मकानों में ही रहते थे, उनका कथन 'मत्स्य पुराण' के वर्णन से असत्य सिद्ध हो जाता है। उससे मालूम होता है कि 'गृह निर्माण-कला' का आरम्भ और प्रसार बहुत पहले हो चुका था। अध्याय के आरम्भ में ही प्राचीन भारत के उन अठारह 'वास्तु विज्ञान ज्ञाताओं' (इञ्जीनियरों) के नाम दिये गये हैं जिन्होंने इस विषय में विशेष मनन और प्रयत्न करके प्रसिद्धि प्राप्त की थी—

भृगुरत्रिर्वशिष्ठश्च विश्वकर्मा मयस्तथा।
नारदोनग्नजिच्चैव विशालाक्षः पुरन्दरः॥
ब्रह्माकुमारो नन्दीशः शौनको गर्ग एव च।
वासुदेवोऽनिरुद्धश्च तथा शुक्र बृहस्पति॥
अष्टादशैते विख्याता वास्तु शास्त्रोपदेशकः।
संक्षेपेणोपदिष्टन्तु मनवे मत्स्य रूपिणा॥

अर्थात्—"भृगु, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वकर्मा, मय, नारद, नग्नजित, विशालाक्ष, पुरन्दर, ब्रह्मा, कुमार, नन्दीश, शौनक, गर्ग, वासुदेव, अनिरुद्ध, शुक्र और बृहस्पति—ये अठारह प्रसिद्ध 'वास्तु-शास्त्र' के उपदेशक हैं और उन्हीं की विधियों का वर्णन संक्षेप में 'मत्स्य भगवान्' ने मनु जी को सुनाया।"

मालूम होता है उस समय इन नामों अथवा उपनामों वाले मनीषियों द्वारा रचित 'वास्तु विज्ञान' सम्बन्धी ग्रंथ प्राप्त होंगे और उन्हीं में से एकाधिक ग्रंथ के आधार पर संक्षेप में 'मत्स्य पुराण' ने इस कला का

परिचय दिया है। हो सकता है ब्रह्मा, इन्द्र, विश्वकर्मा, कुमार आदि का नाम इस विषय मे भी देवताओ की प्रधानता दिखाने के लिये शामिल कर दिया हो, तो भी प्राचीन समय मे कितने ही उच्चकोटि के विद्वानो ने इस विषय पर भी लिखा था, इसमे सन्देह नही। अब भी उनमे से 'मानसार' आदि दो-एक ग्रंथ देखने मे आते हैं जिनकी जानकार लोगो से बड़ी प्रशसा सुनने मे आती है। 'मय' तो 'दैत्य' जाति वालो का प्रसिद्ध शिल्प शास्त्र ज्ञाता प्रसिद्ध है। महाभारत के अनुसार महाराज युधिष्ठिर के लिये इन्द्र-प्रस्थ की अपूर्व राज-सभा उसी ने बनाई थी। समव है जिस प्रकार आर्य जाति मे शिल्प विज्ञान के ज्ञाता को 'विश्वकर्मा' की पदवी दी गई, उसी प्रकार आर्यों की विरोधी दैत्य जाति मे शिल्प-कला के प्रमुख ज्ञाता को 'मय' के नाम से पुकारा जाता हो, और पाडवो को सयोगवश उसी जाति का कोई शिल्प विद्या विशारद मिल गया हो। कुछ भी हो 'मत्स्य पुराण' में सामान्य गृह, महल, भवन, प्रासाद, स्तम्भ, दरवाजे, मडप, वेदी, आदि के जितने भेद बतलाये हैं और विस्तारपूर्वक उनकी विशेषताओ का वर्णन किया है, उससे यह अवश्य सिद्ध होता है कि उस जमाने मे भी इस कला की काफी खोजबीन की गई थी और तदनुसार अनेक छोटे-बड़े गृहो का निर्माण भी किया जाता था। विभिन्न प्रकार की आकृति के गृहो का वर्णन करते हुए पुराणकार ने लिखा है—

"इनसे उत्तम गृह वह होता है जिसमे चारो तरफ दरवाजे और दालान होते हैं। उसका नाम 'सर्वतोभद्र' कहा जाता है और देवालय तथा राजा के निवास के लिये वही प्रशस्त होता है। जिसमें तीन तरफ द्वार और दालान होते हैं पर पश्चिम की तरफ द्वार नहीं होता वह 'नन्द्यावर्त' कहलाता है। जिस भवन मे दक्षिण की तरफ द्वार नहीं होता वह 'वर्द्धमान' कहा जाता है। पूर्व की तरफ बिना दरवाजा वाला 'स्वास्तिक' नाम से प्रसिद्ध है। उत्तर की तरफ द्वार से रहित 'रुचक' कहा जाता है।"

"राजा के निवास गृह पांच प्रकार के होते हैं। जो सर्वोत्तम माना गया है उसकी लम्बाई एक सौ आठ हाथ (५४ गज) होनी है। इस घर की जो अन्य चार श्रेणियां होती हैं उनमे से प्रत्येक की लम्बाई एक दूसरे से आठ हाथ कम होती जाती है। इसी प्रकार युवराज के प्रथम श्रेणी के महल की लम्बाई ८० हाथ होती है और बाद की चार श्रेणियो वाले गृहों की लम्बाई क्रम मे छः-छः हाथ कम होती चली जाती है। इसी तरह सेनापति के उत्तम गृह की लम्बाई चौंसठ हाथ, मन्त्रियो के घरो की साठ हाथ, सरदारो और छोटे मन्त्रियो की घरो की अड़तीस हाथ होती है। शिल्प विभाग, व्यवस्था और मनोरंजन के अधिकारियो के घर अठट्ठीस हाथ लम्बे होने चाहिये। राजा के यहाँ नियुक्त वैद्य, ज्योतिषी, सभा के प्रबन्धक, पुरोहित के मकान बासीस हाथ लम्बाई के होते हैं। इन सबकी चौड़ाई दर्जे के अनुसार लम्बाई से एक तिहाई, चौथाई या छठवां भाग होती है।"

वर्तमान समय में भी अधिकांश व्यक्ति घर के शुभ-अशुभ होने में बहुत विचार किया करते हैं, और नये घर में 'गृह-प्रवेश' का बड़ा महत्व माना जाता है। 'मत्स्य पुराण' मे इस सम्बन्ध मे बहुत अधिक विधि विधान दिये गये हैं, और गृह-निर्माण तथा गृह-प्रवेश किन मुहुर्तों में किया जाय इस सम्बन्ध में बहुत कुछ लिखा गया है।

प्राकृतिक शोभा वर्णन—

यद्यपि प्राचीन काल मे जितने संस्कृत ग्रथ लिखे गये थे वे सभी पद्य में है, वैद्यक, ज्योतिष, शिल्प, कानून आदि सभी विषयो को भी कारणवश पद्यो मे लिखा गया है, पर यह स्पष्ट है कि इस प्रकार की रचनाओ मे उच्च साहित्यिक गुण नहीं आ सकते। उनमे मुख्य रूप से उपयोगिता पर ही ध्यान रखा जाता है, काव्य-सौष्ठव को गौण माना जाता है। पर 'मत्स्य पुराण' में अनेक स्थलों पर प्राकृतिक दृश्यो का जो

वर्णन किया गया है वह इस दृष्टि से भी उसके लेखक की विद्वता को प्रकट करता है। वैसे साधारण रूप से भी इस पुराण की भाषा कितने ही अन्य पुराणो और उपपुराणो अधिक परिष्कृत जान पड़ती है, पर कवि की विशेषता राजवंश, ऋषिवंश, पूजा उपासना की विधि, प्रायश्चित्त के विधान आदि विषयों का वर्णन करने मे नहीं जानी जा सकती। इनमे तो उपयोगिता की दृष्टि से तुकबन्दी की जैसी ही रचना करनी पड़ती है।

पर जहां कहीं प्राकृतिक शोभा के वर्णन का अवसर आ जाता है वहाँ कवि की कल्पना और प्रतिभा ऊँची उडान लेने लगती है और योग्य कवि अपनी विशेषता को प्रकट कर सकता है। 'मत्स्य पुराण' मे हिमालय पर्वत, कैलाश, नर्मदा, वाराणसी की शोभा का जो वर्णन किया है उसकी गणना भाषा और भाव की दृष्टि से अपेक्षाकृत उत्तम कविता मे की जा सकती है। यद्यपि इस प्रकार की पौराणिक रचनाओं की तुलना कालिदास, भवभूति, माघ आदि जैसे कवियो की रचनाओ से नहीं की जा सकती, जिनका मुख्य उद्देश्य कविता की उत्कृष्टता को ही दिखलाना होता है और जो कवि-कर्म को अपने जीवन का चरम ध्येय मानते हैं। पुराण रचयिता इसके बजाय अपना मुख्य उद्देश्य लोगो को सरल भाषा मे धर्मोपदेश देना और विविध प्रकार के विधि विधानो का प्रयात या वर्णन करना समझते हैं, और उसी ढग की रचना करते हैं। इस लिये साहित्यिक गरिमा किन्ही पुराणो मे विशेष स्थलो पर ही दिखाई पड़ती है। उदाहरण के लिये हम 'मत्स्य पुराण' के हिमालय–वर्णन का कुछ अश नीचे देते हैं—

"परम पुण्यमयी सरिता का अवलोकन करता और उसके समीप विश्राम करता हुआ पथिक जब महागिरि हिमालय के निकट पहुँचता है, तो उसका दर्शन करके चकित होता है। इस हिमवान पर्वत के भूरे रग वाले उच्च शिखर आकाश को छूते प्रतीत होते हैं। वे इतने ऊँचे हैं कि पक्षी भी वहाँ नही पहुँच सकते। वहाँ नदियो के जल से उत्पन्न होने

वाले महाशब्द के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का शब्द सुनाई नहीं पड़ता। वे सरितायें परम मनोरम और शीतल जल से परिपूर्ण हैं। देवदारु के वृक्षों का जो वन पर्वत के निम्न भागों में लगा है वही मानों उसका हरित अधोवस्त्र है, और ऊपर के भाग में जो मेघ घिरे रहते हैं वही उत्तरीय (ऊपर ओढ़ने वाला वस्त्र) है। सबसे ऊपर जो श्वेत वर्ण का बादल दिखाई पड़ता है वही उसकी पगड़ी है, जिस पर सूर्य और चन्द्रमा मुकुट के समान जान पड़ते हैं। इस प्रकार यह महागिरि एक नृपति की भाँति ही जान पड़ता है। उसका सर्वाङ्ग चन्दन की भाँति श्वेत हिम से चर्चित रहता है और कहीं-कहीं सुवर्ण आदि धातुओं की आभा आभूषणों का उद्देश्य भी पूरा कर देती है। अनेक स्थानों पर हरितमा युक्त घास और झाड़ियाँ ऐसी घनी हैं कि उनमें हवा का भी प्रवेश नहीं होता है और कहीं रंग बिरंगे सुन्दर फूलों का बगीचा-सा लगा है। ऐसा यह महा पर्वत "तपस्विं शरणं शैलं कामिनामतिदुर्लभम्" तपस्वियों के लिये उत्तम आश्रय-स्थल और काम-सेवन करने वालों के लिये अत्यन्त दुर्लभ है।"

सावित्री उपाख्यान—

सावित्री उपाख्यान पति व्रत धर्म की महिमा के लिये भारतीय साहित्य में बहुत प्रसिद्ध है, और उसके आधार पर यहाँ के कवियों ने अनेक उत्कृष्ट कोटि की रचनायें प्रस्तुत की हैं। भारत ही नहीं इस उपाख्यान ने विदेशों के विद्वानों तक को आकृष्ट किया है और इसको लेकर अंगरेजी में भी सुन्दर काव्य लिखे गये हैं। उस उपाख्यान का मुख्य उद्देश्य नारियों के सम्मुख पतिव्रत का आदर्श उपस्थित करना ही है जैसा कि इस कथानक के आरम्भ में कहा गया है—

"इसके उपरान्त अपरिमित बल-विक्रम वाले उस राजा (मनु) ने देवेश 'मत्स्य से कहा—'भगवन्! पतिव्रता नारियों में कौन-सी नारी श्रेष्ठ है और किसने अपने पतिव्रत के द्वारा मृत्यु को भी पराजित कर

दिया था ? मनुष्यो को इस सम्बन्ध मे किसके परम शुभ नाम का कीर्तन करना चाहिये ? "मत्स्य भगवान ने कहा—'निःसन्देह पतिव्रता का माहात्म्य इतना अधिक है कि मृत्यु का अधीश्वर यमराज भी ऐसी नारियो की अवमानना नहीं कर सकता। अब मैं तुमको एक ऐसी ही पापनाशक कथा सुनाता हूँ जिसमे एक परम श्रेष्ठ पतिव्रता ने अपने स्वामी को मृत्यु के पाश से भी छुड़ा लिया था।"

इस वर्णन के आधार पर हम कह सकते हैं कि सम्भवतः यह 'सावित्री उपाख्यान' कवि-कल्पना-प्रसूत ही हो और 'धर्म के अनुयायी' की महिमा को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ही इसकी रचना की गई हो। फिर भी ससार मे ऐसी नारियाँ हुई हैं जिन्होने वास्तव मे अपने पति को 'यमराज' के घर से लौटाया है। इतिहास मे एकाध ऐसी वीरांगना का वर्णन मिलता है, जिसका पति युद्ध मे विषाक्त बाण लगने से मरने लगा, पर उसने तत्काल अपने मुँह से दूषित रक्त को चूस कर बाहर निकाल दिया और अपने प्राणो की चिन्ता न करके प्रिय पति के प्राणो की रक्षा की। इसी घटना का वर्णन करते हुये ब्रजभाषा के एक आधुनिक कवि ने लिखा था—

सहृदय प्यारी,
मत्यु पराजित होत प्रेम सों निश्चय जानन हारी ॥
वीरासन ह्वै भूपति पति कों ले भुज लता सहारे।
व्रण सो विष चूस्यौ लगाय जिन मधुराधर अरुणारे ॥

कुछ भी हो 'सावित्री उपाख्यान' एक ऐसी महान् पतिव्रता की कल्पना है जिसने आज तक लाखो नारियों को प्रेरणा देकर उनको पति की सच्ची सहगामिनी बनाया है। यमराज के सम्मुख उसके द्वारा प्रकट किये ये उद्गार आज भी पति की अनुगामिनी स्त्रियो के कानो मे गूँजते रहते हैं –

पतिर्हि दैवतं स्त्रीणां पतिरेव परायणम् ।
अनुगम्यः स्त्रिया साध्व्या पति प्राण धनेश्वरः ॥
मितन्ददाति हि पिता मित भ्राता मितं सुतः ।
अमितस्य च दातारं भर्त्तारं का न पूजयेत् ॥

अर्थात्—"पति ही स्त्रियों का देवता है और उनकी पारायणता, भक्ति का पात्र होता है। साध्वी स्त्रियों को सदैव उसका अनुगमन करना ही चाहिये। किसी भी स्त्री को उसके पिता, भ्राता, पुत्र आदि सीमित रूप मे ही प्रदान कर सकते हैं, केवल पति ही ऐसा है जो उसे अमित (सब कुछ) दे डालता है। फिर ऐसे पति की पूजा कौन स्त्री न करेगी।"

यमराज ने समझाया कि "ससार मे मनुष्य का परम धर्म अपने शास्त्रोक्त कर्तव्य का पालन ही है। धर्मशास्त्रो ने माता-पिता और गुरु की सेवा को तीनो प्रकार की अग्नियो की आराधना करने के समान फलप्रद बताया है। इससे मनुष्यो को अनायास ही सर्वश्रेष्ठ स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इस सत्यवान ने इस धर्म कर्तव्य का पूर्ण रूप से पालन किया है, इस लिये इसकी सद्गति होने मे कोई सन्देह नहीं। यह अपने पुण्य फल से महान् स्वर्गीय सुखो को भोगेगा। इस लिये तुम मेरा पीछा न करके अब वापस जाकर अपना धर्म-कर्तव्य पालन करो।"

सावित्री ने कहा निश्चय ही 'धर्म' ही संसार की सारवस्तु और मानव-जन्म का प्रधान उद्देश्य है। उसके बिना किसी सुख अथवा कल्याण की अभिलाषा करना वन्ध्या के सुत के समान असम्भव है। इस कारण—

बाल एव चरेद्धर्ममनित्यं खलु जीवितम् ।
कोहि जानाति कस्याद्यमृत्युरेवापतिष्यति ॥
पश्यतोऽप्यास्य लोकस्य मरणं पुरतः स्थितम् ।
अमरस्येव चरितमत्याश्चर्यं सुरोत्तम ॥
युवत्वापेक्षमा बालो वृद्धत्वापेक्षया युवा ।
मृत्योरुत्सङ्ग मारूढः स्थविरः किमपेक्षते ॥

"धर्म का पालन तो बाल्यावस्था से ही करना आवश्यक है, क्योंकि यह जीवन अनित्य है। कौन जानता है कि मृत्यु सामने खड़ी रहती है,यह वास्तव मे भगवान की अद्भुत लीला ही है। बुड्ढों का मरना तो स्वाभाविक ही है, पर उनसे भी जल्दी युवा मर जाते हैं, और युवाओ की अपेक्षा बालक शीघ्र मृत्यु के ग्रास बन जाते हैं।।"

सावित्री ने कहाकि "जब धर्म की इतनी महिमा है, तो मैं अपने धर्म से कैसे हट सकती हूं। स्त्री का धर्म तो पति का अनुगमन करना ही बतलाया है, वही मैं पालन कर रही हूं। इस राजकुमार के माता-पिता बड़ी असहाय स्थिति मे हैं, यदि आप इसको ले जायेंगे तो उनको अपार कष्ट होगा। फिर धर्मरक्षार्थ पुत्र का होना भी आवश्यक है। बिना पति के मेरे पुत्र कैसे हो सकेंगे ? जब आप मुझे पुत्रवती होने का वरदान दे चुके हैं तो बिना पति के पुत्र कहाँ से होंगे ? अतः अब आपको इसको जीवनदान देना ही होगा।"

इस प्रकार सावित्री ने अपनी दृढ़ता और धर्मशीलता से अपने पति को पुनर्जीवित कर दिया। सत्य का आचरण वास्तव मे सदैव परम कल्याणकारी होता है। महान् से महान् आपत्तिकाल मे भी सत्य मनुष्य की रक्षा करता है और उसे सुख, श्री तथा शक्ति प्रदान करता है। 'सावित्री-सत्यवान' उपाख्यान का सन्देश मनुष्य मात्र के लिए यही है कि चाहे स्त्री हो या पुरुष, उसको धर्ममार्ग से कभी डिगना न चाहिये। जो धर्म की रक्षा करता है उसकी रक्षा भी धर्म द्वारा अवश्य होती है।

इस प्रकार के अनेक उपयोगी और लोक-परलोक मे कल्याण करने वाले सदुपदेश पुराणो मे भरे पड़े हैं। निस्सन्देह उनके साथ बहुत-सी ऐसी अप्रासंगिक और स्वार्थपरता की बातें भी उनमें मिलती हैं, जो अनधिकारी व्यक्तियो द्वारा किसी हीन उद्देश्य से जोड़दी गई है। हमारा कर्तव्य है कि हम हंस की तरह क्षीर-नीर विवेक से काम लेकर श्रेष्ठ बातो को अपनायें और उनसे लाभ उठायें। पुराणो का भारतीय जन-

जीवन पर बड़ा प्रभाव है, और सामान्य वर्ग के लोग उन्हीं के द्वारा धर्म के कुछ तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं। आजकल पुराने समय की तरह पुराणों की कथाएँ होनी बन्द होगई हैं और 'पुराणी' लोग अंगुलियों पर गिनने लायक संख्या में रह गये हैं, तो भी यदि हम चेष्टा करें तो किसी और उपाय से उनसे लाभ उठा सकते हैं। भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास बहुत कम मिलता है। पुराणों में यद्यपि सभी राजाओं तथा उनके कार्यों का वर्णन कवि-स्वभाव के अनुसार बड़े अतिरंजित रूप में किया है तो भी उसकी कथाओं और वर्णनों का सार निकाला जाय तो प्राचीन समय की राजनीति, धर्मनीति और अर्थनीति सम्बन्धी बातों पर बहुत कुछ प्रकाश पड़ सकता है। इसलिये हमारा कर्त्तव्य है कि दोषान्वेषण अथवा खण्डन-मण्डन की अनुचित प्रवृत्ति को त्याग कर उनमें जो कुछ श्रेष्ठ सारयुक्त लाभदायक हो उसे ग्रहण करलें और शेष को मनोरंजक कथा भाग मानकर उसी भाव से उसे पढ़ते रहें। कुछ भी हो वर्तमान समय में कथा साहित्य (उपन्यास, कहानी आदि) को स्वार्थी अथवा स्वयं भ्रष्टाचार करने वाले लेखकों ने जिस प्रकार पतित कर दिया है, उसकी तुलना में पुराणों की धर्म-कथायें कल्याणकारी शिक्षा ही देती हैं। उनको यदि हम समयानुकूल रूप देकर सत् शिक्षा का माध्यम बनावें तो यह भारतीय-जीवन की दृष्टि से उपयुक्त और हितकारी ही होगा।

'मत्स्यपुराण' के इस संस्करण में से पुनरावृत्तियों को छोड़कर और बहुत बड़ी कथाओं को छोटे आकार में करके इसे सामान्य पाठकों के लिये अधिक उपयोगी बना दिया गया है। आशा है पुराण का यह संशोधित रूप उनको पसन्द आवेगा।

—श्रीराम शर्मा आचार्य

विषय-सूची

क्रम	विषय				पृष्ठ
	भूमिका	...	...	...	१—३२
१	—मत्स्यावतार वर्णन	...	...	...	१
२	—मत्स्य-मनु सम्वाद वर्णन	...	...	...	७
३	—सृष्टि-प्रकरण	...	...	...	१४
४	—सरस्वती चरित्र	....	...	...	२१
५	—दक्ष प्रजापति की मैथुनी सृष्टि	...	...	...	२५
६	—कश्यपान्वय वर्णन	...	...	...	३०
७	—आधिपत्यभिषेचन	...	...	...	३८
८	—मन्वन्तर वर्णन	...	...	...	४०
९	—पृथ्वी दोहन	...	...	...	४६
१०	—आदित्याख्यान	...	...	...	५३
११	—सूर्य वंश वर्णन	...	...	...	६२
१२	—देवी के एक सौ आठ नाम	...	...	...	७३
१३	—पितृ वंश कीर्तन	...	...	...	८४
१४	—श्राद्ध प्रकरण	...	...	...	८९
१५	—साधारण अभ्युदय कीर्तन	...	...	...	१०१
१६	—एकोद्दिष्ट श्राद्ध प्रकरण	...	...	...	११३
७	—श्राद्धयोग्य तीर्थनिर्वर्णनम्	...	...	...	११८
८	—ययाति चरित्र	...	...	...	१२३

१६—ययात्याष्टक सम्वाद वर्णन (१) १४१
२०—ययात्याष्टक सम्वाद वर्णन (२) १४७
२१—यदुवश वर्णन १५०
२२—क्रोष्टुवश वर्णन १५६
२३—स्यमन्तक मणि का संक्षिप्त चरित्र १७४
२४—कृष्णोत्पत्ति वर्णन १८०
२५—कृष्ण सन्तान वर्णन १८५
२६—ययाति वंश की शाखाओ का वर्णन १६०
२७—पुरुवश वर्णन १६८
२८—कुरुवश वर्णन २०८
२६—अग्निवंश वर्णन २२३
३०—कर्मयोग वर्णन २३१
३१—पुराण सख्या वर्णन २३६
३२—नक्षत्र पुरुष नाम व्रत कथन २५०
३३—आदित्य शयन व्रत कथन २५४
३४—रोहिणीचन्द्र शयन व्रत कथन २५८
३५—तडागाराम कूपादि प्रतिष्ठा विधि वर्णन २६२
३६—सौभाग्य शयन व्रत कथन २७१
३७—अक्षय तृतीया और सरस्वती व्रत २८१
३८—चन्द्रादित्योपराग मे स्नान विधि कथन २८४
३६—सप्तमी स्नपन व्रत कथन २८८
४०—भीम द्वादशी व्रत कथन २६६
४१—कल्याण सप्तमी व्रत कथन ३०४
४२—विशोक द्वादशी व्रत कथन ३०८
४३—गृह शान्ति वर्णनम् ३ २
४४—शिव चतुर्दशी व्रत कथन ३२०

४५—फल त्याग माहात्म्य कथन ३२८
४६—आदित्यवार व्रत कथन ३१३
४७—विभूति द्वादशी व्रत कथन ३३१
४८—स्नान महत्त्व वर्णन ३३४
४९—प्रयाग माहात्म्य वर्णन ३४०
५०—भारतवर्ष वर्णनम् ३४४
५१—हिमवद् वर्णन ३५८
५२—कैलास वर्णनम् ३६२
५३—पृथिवी परिमाण वर्णन ३७६
५४—ज्योतिष चक्र वर्णन ३९४
५५—अमावस्या महत्त्व वर्णन ४०३
५६—चतुर्युगमान वर्णन ४१८
५७—द्वापर और कलियुग वर्णन ४३१
५८—चातुर्युग गति वर्णन ४५०
५९—प्रलयकाल वर्णन ४५४
६०—यज्ञावतार वर्णन ... ... ४५९+३२=४९१

मत्स्य पुराण

१—मत्स्यावतार वर्णन

प्रचण्डताण्डवाटोपे प्रक्षिप्तायेन दिग्गजाः ।
भवन्तुविघ्नभङ्गाय भवस्य चरणाम्बुजाः ॥
पातालादुत्पतिष्णो मंकरवसतयो यस्य पुच्छाभिघाता-
दूर्ध्वं ब्रह्माण्डखण्डव्यतिकरविहितव्यत्यनेनापतन्ति ॥१
विष्णोर्म्मत्स्यावतारे सकलवसुमतीमण्डलं व्यश्नुमान,
तस्यास्योदीरितानां ध्वनिरपहरतादश्रियम्वः श्रुतीनाम् ॥२
नारायणं नमस्कृत्य नरञ्चैव नरोत्तमम् ।
देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत् ॥ ३ ॥
अजोऽपियः क्रियायोगा नारायण इतिस्मृतः ।
त्रिगुणायत्रिवेदाय नमस्तस्मै स्वयम्भुवे ॥४॥
सूतमेकान्तमासीन नैमिषारण्यवासिनः ।
मुनयो दीर्घसत्रान्तेपप्रच्छुर्दीर्घसंहिताम् ॥५॥
प्रवृत्तासु पुराणीषु धर्म्यासु ललितासु च ।
कथासु शौनकाद्यास्तु अभिनन्द्य मुहुर्मुहु. ॥६॥
कथितानि पुराणानि यान्यस्माकं त्वयानघ ।
तान्येवामृतकल्पानि श्रोतुमिच्छामहेपुनः ॥७॥

वे भगवान् भव के चरण कमल विघ्नो के नाश करने के लिये होवें जिन्होने अपने परम प्रचण्ड ताण्डव नृत्य के आटोप मे दिग्गजो अर्थात् दिशाओ के अधिपतियो के गजो को भी प्रक्षिप्त कर दिया था अर्थात् उठाकर फेंक दिया था ॥१॥ पाताल लोक से उत्पतन शील

जिसके पुच्छ के अभिघात से ऊपर की ओर ब्रह्माण्ड के खण्डो के व्यतिकर से किये हुए व्यत्यय से मकरो की वस्तियाँ आकर गिरा करती हैं उन्ही भगवान् विष्णु के मत्स्यावतार मे यह समस्त पृथ्वीमण्डल ध्वंशुमान हो गया है उनके मुख से उदीरितो की ध्वनि आपकी श्रुतियो की अश्रो का अपहरण करे ॥२॥ भगवान् नारायण और नरो मे सर्वश्रेष्ट नरदेवी सरस्वती महामहिम महर्षि व्यासदेव को नमस्कार करके इसके अनन्तर 'भगवान् की जय हो'—ऐसा मुख से उच्चारण करना चाहिए ॥ ३ ॥ जो अजन्मायी है वह भी किन्तु क्रिया के योग से नारायण कहे गये हैं। उन तीनो गुणो (सत्त्व, रज, तम) से युक्त, तीनो (साम, यजु और ऋक) वेदो वाले भगवान् स्वयम्भू की सेवा मे नमस्कार अर्पित है ॥ ४ ॥ एकान्त स्थल मे समासीन सूतजी से नैमिषारण्य के निवास करने वाले मुनियो ने अपनी दीर्घसत्र की अवसान वेला मे दीघ सहिता के विषय मे पूछा था ॥५॥ धर्म से सयुत परम ललित पुराणो की कथाओ के प्रवृत्त होने पर शौनक आदि ऋषियो ने बारम्बार अभिनन्दन किया था ॥६॥ महर्षियो ने सूतजी से कहा था—हे अनघ ! हम लोगो को कृपा करके आपने जो पुराण सुनाये हैं वे सभी अमृत के ही बिल्कुल तुल्य थे। हम आपके मुखारविन्द से उन्हे पुन श्रवण करना चाहते हैं ॥७॥

कथससर्ज भगवान् लोकनाथश्चराचरम् ।
कस्माच्च भगवान्विष्णुमत्स्यरूपत्वमाश्रित ॥८॥
भैरवत्व भवस्यापि पुरारित्वञ्च गद्यते ।
कस्य हेतो कपालित्व जगाम वृषभध्वज: ॥९॥
सर्वमेतत्समाचक्ष्व सूत ! विस्तरश क्रमात् ।
त्वद्वाक्येनामृतस्येव न तृप्तिरिहजायते ॥ १० ॥
पुण्य पवित्रमायुष्यमिदानी शृणुत द्विजा: ।
मात्स्य पुराणमखिल यज्जागाद गदाधर: ॥११॥
पुरा राजा मनुर्नाम चोणवान् विपुलन्तप: ।

पुत्रेराज्यं समारोप्यंक्षमावान् रविनन्दन. ॥१२
मलयस्यैकदेशेतु सर्वात्मगुणसंयुतः ।
समदुःखसुखोवीरः प्राप्तवान् योगमुत्तमम्॥ १३
बभूव वरदश्चास्य वर्षायुतशते गते ।
वरम्वृणीष्व प्रोवाच प्रीतः स कमलासनः ॥१४

लोको के स्वामी भगवान् ने इस चराचर सम्पूर्ण सृष्टि का किस प्रकार से सृजन किया था और किस कारण से भगवान् विष्णु ने मत्स्य का स्वरूप धारण किया था ॥८॥ भगवान् भव की भी भैरव स्वरूपता पुरारित्व होना कहा जाया करता है अर्थात् त्रिपुरासुर के हनन करने वाले औ भैरव स्वरूप धारण करने वाले भव को कहा करते हैं किन्तु ऐसा कौनसा कारण है जिसके होने से भगवान् वृषभध्वज प्रभु कपाली हो गये है । ॥९॥ हे सूतजी यह सभी कुछ आप विस्तारपूर्वक क्रम से हमको बतलाने का अनुग्रह करें । आपकी परम श्रेयस्करी मधुर वचनावली ही ऐसी है जो अमृत के समान ही है कि इससे हम को कभी तृप्ति नही होती है । १०॥ श्री सूतजी ने कहा हे द्विजगण ! इस समय मे परम पुण्यमय-आयु को वृद्धि करने वाला और अति पवित्र सम्पूर्ण मत्स्य पुराण का ही आप लोग श्रवण करिये जिसको भगवान् गदाधर ने स्वय कहा था ॥११॥ प्राचीनकाल मे मनु नामधारी एक राजा था जो घोर्ण वाला और बहुत ही अधिक तपस्वी था । उसने अपने पुत्र पर समस्त राज्य का भार सौपकर वह क्षमावान रविनन्दन योगाभ्यासी होगया था ।१२। मलय देशके एक भाग मे वह सम्पूर्ण आत्मा के गुणो से सवृत होकर तथा सुख और दुःख दोनो को समान भाव से मानकर वीर उत्तम योग को प्राप्त हो गया था ॥१३॥ जिस समय मे एकसौ दश सहस्र वर्ष व्यतीत हो गये थे तब वह भगवान् कमलासन परम प्रसन्न हो गये थे और इसको वरदान देने वाले बन गये थे । उन्होने मनु के समीप मे साक्षात् समुपस्थित होकर कहा था, जो चाहो वरदान माँग लो ॥१४॥

एवमुक्तोऽब्रवीद्राजा प्रणम्य स पितामहम् ।
एकमेवाहमिच्छामि त्वत्तो वरमनुत्तमम् ॥ १५
भूतग्रामस्य सर्वस्य स्थावरस्य चरस्य च ।
भवेय रक्षणायाल प्रलये समुपस्थिते ॥ १६
एवमस्त्वति विश्वात्मा तत्रैवान्तरधीयत ।
पुष्पवृष्टि· सुमहती खात्पपात सुरार्पिता ॥ १७
कदाचिदाश्रमे तस्य कुर्वतः पितृतर्पणम् ।
पपात पाण्योरुपरि शफरी जलसयूता ॥१८
दृष्ट्वा तच्छफरीरूप स दयालुर्महीपति ।
रक्षणायाकरोद्यत्न स तस्मिन् करकोदरे ॥१९
अहोरात्रेण चैकेन षोडशागुलविस्तृतः ।
सोऽभवन्मत्स्यरूपेण पाहि पाहीति चाब्रवीत् ॥२०
स तमादाय मणिके प्राक्षिपज्जलचारिणम् ।
तत्रापि चैकरात्रेण हस्तत्रयमवर्धत ॥ २१

जब राजा से इस तरह ब्रह्माजी के द्वारा कहा गया तो उसने पितामह के चरणो मे प्रणाम किया था और फिर राजा ने कहा-हे भगवन्! मैं आपसे केवल एक ही अत्युत्तम वरदान प्राप्त करना चाहता हू ॥१५॥ जिस समय मे इस सम्पूर्ण भूतो के समुदाय का तथा समस्त स्थावर और चर सृष्टि का प्रलयकाल उपस्थित हो तो उस भीषण समय मे मैं सबकी रक्षा करने के कर्म से असमर्थ हो जाऊँ॥१६॥ इस वर की याचना को सुनकर विश्वात्मा ने कहा-एवमस्तु! अर्थात् ऐसा होवे। यह कहने के बाद मे ही वहीं पर अन्तर्हित हो गये थे उसी समय मे अन्तरिक्ष से देवगण के द्वारा की गई बडी भारी पुष्पो की वर्षा होने लगी थी ॥१७॥ इसके अनन्तर किसी समय मे वह मनु आश्रम मे अपने पितृगण के लिये तर्पण कर रहे थे तो उनके हाथो मे एक शफरी (मछली) जल के साथ ही आगई थी ॥१८॥ उस दयालु महीपति ने उस शफरी के स्वरूप

को देखकर उसी की रक्षा करने का यत्न किया था और उसने उसे करकोदर मे रख दिया था ॥१६॥ एक ही अर्ध रात्रि के समय मे वह सोलह अगुल के विस्तार वाला हो गया था और वह मत्स्य रूप से सम्पन्न होकर उस राजा से "मेरी रक्षा करो —मेरी रक्षा करो"—यह बोला ॥२०॥ उस राजा ने उस जलचारी को लेकर एक मणिक मे डाल दिया था। वहाँ पर भी वह एक ही रात्रि मे तीन हाथ का होकर बढ़ गया था ॥२१॥

पुनः प्राहार्तनादेन सहस्रकिरणात्मजम् ।
समत्स्यः पाहि पाहीति त्वामह शरणङ्गतः ॥२२॥
ततः स कूपेत मत्स्य प्राहिणोद्रविनन्दनः ।
यदा न माति तत्रापि कूपे मत्स्यः सरोवरे ॥२३॥
क्षिप्तोऽमौ पृथुतामागात्पुनर्योजनसम्मिताम् ।
तत्राप्याह पुनर्दीनः पाहिपाहि नृपोत्तम ॥२४
ततः स मनुना क्षिप्तोगङ्गायामप्यवघंत ।
यदा तदा समुद्रे त प्राक्षिपन्मेदिनीपतिः ॥२५
यदा समुद्रमखिल व्याप्यासौ समुपस्थितः ।
तदा प्राह मनुर्भीत. कोऽपित्वमसुरेतरः ॥२६
अथवा वासुदेवस्त्वमन्य ईदृक्कथं भवेत् ।
योजनायुतविंशत्याकस्य तुल्प भवेद्वपु ॥२७
ज्ञातस्त्वमत्स्यरूपेण मां खेदयसिकेशव !
हृषीकेप ! जगन्नाथ ! जगद्धाम ! नमोऽस्तुते ॥२८

उस मत्स्य ने फिर उस सूर्य के पुत्र नृपति से बड़े ही आर्तनाद मे कहा था कि मेरी रक्षा करो-रक्षा करो-मैं तो इस समय मे आपकी शरणागति मे आगया हूं ॥२२॥ इसके पश्चात् उस रवि के पुत्र राजा ने उस मत्स्य को कुए मे डाल दिया था। जब वह मत्स्य कुए मे भी नही समाया था तो उस मत्स्य को एक सरोवर मे प्रक्षिप्त कर दिया था।

वहां पर भी वह बहुत बड़ा होकर एक योजन के विस्तार वाला हो गया था और वहां पर भी वह फिर अधिक दीन होकर राजा से बोला था—हे नृपश्रेष्ठ ! मेरी रक्षा करो—रक्षा करो ॥२३।।२४॥ इस के अनन्तर उस मनु के द्वारा वह गङ्गा मे प्रक्षिप्त कर दिया गया था किन्तु वह वहां पर भी बढ गया था। ऐसा जिस समय मे देखा तो उसी समय मे राजा ने उस मत्स्य को समुद्र मे डाल दिया था। जब यह सम्पूर्ण समुद्र मे व्याप्त होकर समुपस्थित हो गया था तो उस राजा मनु ने अत्यन्त भय-भीत होकर उससे बोला था—तुम असुरेतर कौन हो ! ॥२५।।२६॥ अथवा आप साक्षात् भगवान् वासुदेव ही हैं ! अन्य इस प्रकार का किस तरह हो सकता है। आपका यह शरीर का आकार अयुत विंशति योजन वाला हो गया है ॥२७॥ हे केशव ! मैं अब भली भाँति जान गया हूं कि आप इस विशाल मत्स्य के स्वरूप मे समुपस्थित होकर मुझे खेद दे रहे हैं। हे हृषीकेश ! हे जगत् के स्वामिन् ! हे जगद्धाम ! आपकी सेवा मे मेरा प्रणाम समर्पित है ॥२८॥

एवमुक्तस्तुभगवान्मत्स्यरूपीजनार्दन ।
साधुसाधुवतिचोवाचसम्यग् ज्ञातस्त्वयाऽनघ ॥२९
अचिरेणैव कालेन मेदिनी मेदिनीपते ।
भविष्यति जले मग्न. सशैलवनकानना ॥ ३०
नौरिय सर्वदेवाना निकायेन विनिर्मिता ।
महाजीवनिकायस्य रक्षणार्थं महीपते ॥ १
स्वेदाण्डजोद्भिजोरेवंयेचजावाजरायुजाः ।
अस्यानिधायसर्वास्तानन्यान् पाहिसुव्रत ॥३२
युगान्तवाताभिहता यदाभवतिनौर्नृप !
शृङ्गेऽस्मिन्मम राजेन्द्र ! तदेमा सयमिष्यसि ॥३३
ततोलया ते सार्धंम्य स्थावरस्य चरस्यच ।
प्रजा सृष्टिस्त्व भविता जगत पृथिवीपते ॥३४

एवं कृतयुगस्यादौ सर्वज्ञो धृतिमान्नृपः ।
मन्वन्तराधिपश्चापि देवपूज्यो भविष्यसि ॥३५

इस प्रकार से राजा ने जब मत्स्य से निवेदन किया तो उस समय में मत्स्य स्वरूप को धारण करने वाले भगवान् जनार्दन ने कहा—बहुत अच्छा बहुत ही ठीक ! हे अनघ ! तुमने मुझको अच्छी तरह से पहिचान लिया है ॥२९॥ हे मेदिनी के स्वामिन् ! अब बहुत ही थोड़े-से समय में यह पृथ्वी जल मे मग्न हो जायगी । जिसमें ये समस्त पर्वत वन और कानन सभी इस मेदिनी के साथ जल मे डूब जायेंगे ॥३०॥ हे महीपते ! यह नौका समस्त देवो के निकाय से निर्मित हुई और महान् जीवो के निकाय की रक्षा के लिये ही इसका निर्माण उत्तम है ॥३१॥ हे सुव्रत ! जो भी स्वेदज-अण्डज-जरायुज और उद्भिज जीव हैं उन सब अनाथो को इसी नौका में रखकर आप उनकी रक्षा कीजिएगा ॥३२॥ जिस समय में युगान्त की वायु से अभिहत यह नौका होवे तब हे नृप ! हे राजेन्द्र ! इसको मेरे शृङ्ग मे सयमित कर देना ॥३३॥ हे पृथिवी पते ! इसके उपरान्त जिस समय मे समस्त स्थावर और चर के लय का अन्त हो उस वक्त आप ही इस सम्पूर्ण जगत् के प्रजापति होगे ॥३४॥ इस प्रकार से सतयुग के आदि काल मे सर्वज्ञ और धृतिमान् नृप और देवो के द्वारा पूज्य मन्वन्तर का भी अधिप होगा ॥३५॥

२—मत्स्य-मनुसंवादवर्णन

एवमुक्तो मनुस्तेन पप्रच्छ मधुसूदनम् ।
भगवन् ! कियद्भिर्वर्षैर्भविष्यत्यन्तरक्षयः ॥१
सत्त्वानि च कथं नाथ ! रक्षिष्ये मधुसूदन !
त्वया सह पुनर्योग. कथं वा भवितामम ॥२

अद्य प्रभृत्यनावृष्टिर्भविष्यति महीतले ।
यावद्वर्षशतं साग्रन्दुर्भिक्षमशुभावहम् ॥ ३
ततोऽल्पसत्वक्षयदा रश्मय. सप्त दारुणाः ।
सप्तसप्तेर्भविष्यन्ति प्रतप्ताङ्गारवर्णिनः ॥ ४
और्वानलोऽपि विकृतिङ्गमिष्यति युगक्षये ।
विषाग्निश्चापि पातालात्सङ्कर्षणमुखच्युतः ।
भवस्यापि ललाटोत्थतृतीयनयनानल. ॥ ५
त्रिजगन्निर्दहन् क्षोभसमेष्यति महामुने ।
एवदग्धा महीसर्वा यदास्याद्धूस्भसन्निभा ॥ ६
आकाशमूष्मणा तप्तम्भविष्यति परन्तप ।
तत. सदेवनक्षत्र जगद्यास्यति सक्षयम् ॥ ७

था सूतजी ने कहा—उन मत्स्यावतारी भगवान् के द्वारा इस प्रकार से कहे जाने पर राजा मनु ने मधुसूदन प्रभु से पूछा था-हे भगवन् ! यह अन्तर क्षय कितने वर्षों मे होगा ! ॥१॥ हे मधुसूदन ! हे नाथ ! इन जीवो की रक्षा किस प्रकार से मैं करूँगा ! फिर आपके साथ मे मेरा योग कैसे होगा ? ॥२॥ मत्स्य भगवान् ने कहा-आज ही से लेकर इस महीतल मे अनावृष्टि (वर्षा का अभाव) होगी । जिस समय तक सौ वर्ष होगे तब तक यहाँ पर परम अशुभ का देने वाला अकाल हो जायगा ॥३॥ इस के अनन्तर पूर्ण प्रतप्त अङ्गार के वर्ण के समान वर्ण वाले सप्त सप्ति सूर्य सात दारुण रश्मियां हो जायगी जो छोटे २ सत्वो के क्षय को कर देने वाली हैं ॥४॥ युग के क्षय मे और्वानल भी विकृति को प्राप्त हो जायगा । पाताल लोक से भगवान् सङ्कर्षण के मुख से च्युत विषाग्नि भी विकृत स्वरूप धारण करेगा और महादेव जी के ललाट मे उत्थित तीसरे नेत्र का अनल भी महान् विकृत रूप धारण करेगा ॥५॥ हे महामुने ! इन तीनों लोकों को निदाघ करते हुए परम क्षोभ को प्राप्त हो जायगा । इस तरह से यह सम्पूर्ण पृथ्वी

दग्ध हो करके जिस समय में भस्म के सदृश हो जायगी उस समय मे हे परन्तप ! यह समस्त आकाश मण्डल ऊष्मा से एकदम तप्त हो जायगा। इसके अनन्तर देवगण और नक्षत्रो के सहित यह सम्पूर्ण जगत् सक्षय को प्राप्त हो जायगा ॥६॥७॥

सम्वर्तो भीमनादश्च द्रोणश्चण्डोबलाहकः ।
विद्युत्पताकः शोणस्तुसप्तैतेलयवारिदाः ॥ ८
अग्निप्रस्वेदसम्भूता प्लावयिष्यन्तिमेदिनीम् ।
समुद्राः क्षोभमागत्य चैकत्वेन व्यवस्थिताः ॥ ९
एतेदेकार्णवसर्वङ्करिष्यन्ति जगत्त्रयम् ।
वेदनावमिमा गृह्य सत्ववीजानि सर्वशः ॥ १०
आरोप्य रज्जुयोगेन मत्प्रदत्तेन सुव्रत ।
सयम्य नावं मच्छृङ्गे मत्प्रभावाभिरक्षितः ॥११
एकः स्थास्यसि देवेषु दग्धेष्वपि परन्तप !
सोमसूर्यावह ब्रह्मा चतुर्लोकसमन्वितः ॥१२
नर्मदा चनदीपुण्यामाकण्डेयोमहान्ऋषि ।
भवोवेदा पुराणश्चविद्याभिःसर्वतोवृतम् ॥१३
त्वया सार्द्धं मिदं विश्व स्थास्यत्यन्तरसक्षये ।
एवमेकार्णवे जाते चाक्षुषान्तरसक्षये ॥१४

सम्वर्त—भीमनाद—द्रोण—चण्ड—बलाहक—विद्युत्पताक और शोण ये सात समार का लय करने वाले मेघ हैं ॥८॥ अग्नि के प्रस्वेद से सम्भूत इस मेदिनी को ये मेघ प्लावित कर देंगे। समुद्र भी सब क्षोभ को प्राप्त होकर एक रूप वाले व्यवस्थित हो जायेंगे। यह त्रैलोक्य सम्पूर्ण को एक सागरमय कर देंगे अर्थात् चारों ओर त्रैलोक्य मे समुद्र के अतिरिक्त अन्य कुछ भी दिखाई नहीं देगा। उस समय मे इस वेद नौका का ग्रहण करके सभी ओर से सत्त्व बीजो को इसमे सम्यारोपित करके हे सुव्रत ! मेरे द्वारा दिये हुए रज्जु के योग से इस नाव का

समन्वित करके मेरे ही शृङ्ग मे मेरे प्रभाव से सुरक्षित होगा ॥८॥६॥१७॥ ॥११॥ हे परन्तप ! समस्त देवो के दग्ध हो जाने पर भी एक देव उस समय मे भी स्थित रहेगा। वह सोम और सूर्य समावहन करने वाले चारों लोको से समन्वित ब्रह्मा जी होंगे ॥१२॥ नर्मदा परम पुण्यमयी नदी है और मार्कण्डेय महान् ऋषि हैं। सब वेद और पुराण तथा विद्याओ से सर्वतः युत यह विश्व आप के साथ अन्तर सक्षय मे स्थित रहेगा जबकि यह चाक्षुषान्तर सक्षय एकार्णव मात्र रहेगा ॥१३॥१४॥

वेदान् प्रवर्त्तयिष्यामि त्वत्सर्गादौ महीपते ।
एवमुक्त्वा स भगवांस्तत्रैवान्तरधीयत ॥१५
मनुरप्यास्थितोयोग वासुदेवप्रसादजम् ।
अभ्यसन् यावदाभूतसप्लव पूर्वसूचितम् ॥१६
काले यथोक्ते सजाते वासुदेवमुखोद्गते ।
शृङ्गी प्रादुर्बभूवाथमत्स्यरूपी जनार्दनः ॥१७
भु ङ्गोरज्जुरूपेणमनो पार्श्वमुपागमत् ।
भूतान्सर्वान्समाकृष्ययोगेनारोप्यधर्म्मवित् ॥१८
भुजङ्गरज्वा मत्स्यस्य शृङ्गे नावमयोजयत् ।
उपय्युपस्थितस्तस्या प्रणिपत्यजनार्दनम् ॥१९
आभू सप्लवे तस्मिन्नतीते योगशायिना ।
पृष्टेन मनुना प्रोक्तं पुराण मत्स्यरूपिणा ॥
तदिदानीं प्रवक्ष्यामि शृणुध्वमृषिसत्तमाः ॥२०
यद्भवद्भिः पुरा पृष्टः सृष्ट्यादिक महद्विजा. ।
तदेवं पुराणवे तस्मिन् मनु.पप्रच्छ केशवम् ॥२१

हे महीपते ! आपके स्वर्ग के आदिकाल मे मैं वेदो को प्रवृत्त करूंगा। इतना कहकर वह भगवान वही पर अन्तर्ध्यान हो गये थे ॥ १५ ॥ महीपति मनु भी भगवान् वासुदेव के प्रसाद से समुत्पन्न योग मे समास्थित होगये थे जिसका अभ्यास पूर्व मे सूचित जब तक भूत सप्लव रहा तब तक करते रहे थे ॥ १६ ॥ भगवान् वासुदेव के मुख

द्वारा उद्गत जैसाभी कहा गया था उसी काल के समुपस्थित हो जाने पर मत्स्य स्वरूप को धारण करने वाले जनार्दन शृङ्गी प्रादुर्भूति होगये थे ॥ १७ ॥ एक भुजंग रज्जु (रस्सा) के स्वरूप मे मनु के पार्श्व मे समागत हो गया था। धर्म के वेता उस मनु ने समस्त भूतो का समाकर्षित करके योग के द्वारा समारोपित कर दिया था ॥ १८ ॥ उस नौका को भुजंग की रज्जु से मत्स्य के शृंग मे योगित कर दिया था। फिर भगवान् जनार्दन की सेवा मे प्रणिपात करके उस नौका के ऊपर स्वयं उपस्थित होगया था ॥ १९ ॥ उस आभूत संप्लव के समाप्त हो जाने पर योगशायी मत्स्य रूपी मनु के द्वारा पूछे जाने पर यह पुराण कहा गया था। उसे ही इस समय मे मैं कहूँगा। हे श्रेष्ठ ऋषिगण ! आप सब लोग उसका श्रवण कीजिये ॥ २० ॥ हे द्विजवृन्द ! आप लोगो ने पहिले मुझसे सृष्टि आदि का वृत्तान्त पूछा था वही उस समय मे जब कि यह सम्पूर्ण जगत् एक अर्णव स्वरूप मे था मनु ने भगवान् केशव से पूछा था ॥ २१ ॥

उत्पत्तिं प्रलयञ्चैव वंशान्मन्वन्तराणि च ।
वंश्यानुचरितञ्चैव भुवनस्यच विस्तरम् ॥२२
दानधर्म्मविधिञ्चैव श्राद्धकल्पञ्च शाश्वतम् ।
वर्णाश्रमविभागञ्च तथेष्टापूर्त्तसञ्ज्ञितम् ॥२३
देवतानां प्रतिष्ठादि यच्चान्यद्विद्यते भुवि ।
तत्सर्वं विस्तरेण त्वं धर्म्मज्ञ्यावयातुमर्हसि ॥२४
महाप्रलयकालान्त एतदासीत्तमोमयम् ।
प्रसुप्तमिव चातवर्यमप्रज्ञातमलक्षणम् ॥२५
अविज्ञेयमविज्ञातं जगत् स्थास्नुचरिष्णु च ।
तत.स्वयम्भूरव्यक्त प्रभव.पुण्यकर्म्मणाम् ॥२६
व्यञ्जयन्नेतदखिल प्रादुरासीत्तमोनुदः ।
योऽतीन्द्रियः परोव्यक्तादणुज्यायान् सनातन. ।

नारायण इति ख्यातः स एकः स्वयमुद्बभौ ॥२७
यः शरीरादभिध्याय सिसृक्षुर्विविध जगत् ।
अपएव ससर्जादौ तासु वीजमवासृजत् ॥२८

मनु ने कहा—हे भगवन् ! इस विश्व की उत्पत्ति तथा इसका प्रलय—राजाओं आदि के वंश तथा मन्वन्तर—वंश में होने वाला अनुचरित और इस भुवन का विस्तार, दान, धर्म का विधान—शाश्वत आद्यकल्प—चारों वर्णों तथा चारों आश्रमों का विभाग तथा इष्टापूर्त संज्ञा वाला कर्म्म, देवगणों की प्रतिष्ठा आदि एवं अव्ययी जो कुछ भी इस भूमण्डल में विद्यमान है वह सभी कुछ विस्तार पूर्वक तथा धर्म्म की पूर्ण व्याख्या का कथन करने को आप परम योग्य हैं उसे अब कहिये ॥२२।२३।२४॥ मत्स्य भगवान् ने कहा—यह तमोमय महा प्रलय का अन्त काल है । यह प्रसुप्त की भाँति तर्क न करने के योग्य अप्रज्ञात और लक्षण शून्य ही होता है ॥ २५ ॥ यह स्थावर और चर जगत् अविज्ञेय और अविज्ञात सा रहता है । इसके अनन्तर पुण्य कर्म्मों का प्रभव - अव्यक्त स्वयम्भू तम का नोदन करने वाले इस समस्त जगत् को प्रकट करते हुए प्रादुर्भूत हुए थे । जो इन्द्रियों की पहुँच से परे अव्यक्त से पर, अणु, ज्यामान् और सनातन थे । इनका शुभ नाम नारायण प्रसिद्ध था, यह एक ही थे और स्वयं ही उद्भूत हुए थे । ॥ २६ ॥ ॥ २७ ॥ जिन ने अपने शरीर से अभिध्यान करके इस विविध भाँति के जगत् की रचना करने की इच्छा वाले थे । इसीलिए सृजन किया था और आदि में उन में बीजों का अब सृजन किया था ॥ २८ ॥

तदेवाण्ड समभवद्धेमरूप्यमय महत् ।
सवत्सरसहस्रेण सूर्य्यायुतसमप्रभम् ॥ २९
प्रविश्यान्तमहातेजा स्वयमेवात्मसम्भवः ।
प्रभावादपितन्व्याप्यावि्पणत्वमगमत्पुन ॥३०
तदन्तर्भगवानेष सूर्य्य समभवत् पुरा ।

आदित्यश्चादिभूतत्वात् ब्रह्मावह्मपठन्नभूत् ।३१।
दिवं भूमिं समकरोत्तदण्डशकलद्वयम् ।
सचाकरोद्दिशः सर्व्वामध्येव्योमच शाश्वतम् ॥३२
जरायुर्मेरुमुख्याश्च शैलास्तस्याभवस्तदा ।
यदुल्वन्तदभू·मेघस्तडित्सघातमण्डलम् ॥३३
नद्योऽण्डनाम्नः सम्भूताः पितरोमनवस्तथा ।
सप्तयेऽमीसमुद्राश्चतेऽपिचान्तर्जलोद्भवा. ।
लवणेक्षुसुराद्याश्च नानारत्नसमन्विताः ॥३४
स सिसृक्षुरमद्देवः प्रजापतिररिन्दम ।
तत्तेजसश्च तत्रैप मार्तण्डः समजायत ॥ ३५
मृतेऽडे जायते यस्मान्मार्तंडस्तेन संस्मृतः ।
रजोगुणमय यत्तद्रूप तस्य महात्मनः ।
चतुर्मुखः स भगवानभूल्लोकांपतामहः ॥ ३६
येन सृष्ट जगत्सर्वं सदेवासुरमानुपम् ।
तमवेहि रजोरूपं महत्सत्वमुदाहृतम् ॥३७

वही अण्ड हेम रूप्यमय महान हो गया था और एक सहस्र सम्वत्सर में वह दश सहस्र सूर्यों की प्रभा के समान प्रभा वाला होगया था ॥ २९ ॥ महान् तेज से युक्त आत्म सम्भव अर्थात् स्वयम्भू प्रभु अन्तर मे स्वय ही प्रविष्ट होकर प्रभाव से भी उसकी व्याप्ति के द्वारा फिर वह विष्णुत्व को प्राप्त हो गया था ॥ ३० ॥ उसके अन्तर मे गये हुए यह भगवान् पहिले सूर्य्य हुए थे ब्रह्मा आदि भूत होने के कारण से ब्रह्म का पाठ करते हुए आदित्य हुए ॥ ३१ ॥ उस अण्ड के दो खण्डों ने दिन और भूमि को किया था और उसने सभी दिशाओं को बनाया था तथा मध्य मे शाश्वत व्योम की रचना की थी ॥ ३२ ॥ उस समय में उसके जटायु और मुख्य शैल हुए थे । जो उल्वण था वही मेघ और विद्युत् के

सङ्घात का मण्डल होगया था ॥ ३३ ॥ उस अण्ड नाम से नदिया तथा पितृगण और मनु वर्ग हुए थे। जो ये सात समुद्र है वे भी अन्तर मे जल से उद्भव प्राप्त करन वाले हो गये थे। जिनका लवण सागर इक्षु समुद्र और सुरा सागर आदि कहा गया है वे सब अनेक रत्नो से समन्वित होगये थे ॥ ३४ ॥ हे अरिन्दय ! सृजन करने की इच्छा वाले वह देव प्रजापति होगये थे। उनके तेज से वहा पर यह मार्तण्ड समुत्पन्न होगया था ॥ ३५ ॥ अण्ड के मृत होने पर जिससे यह समुत्पन्न होता है इसी कारण से यह मार्त्तण्ड कहा गया है। उस महान् आत्मा वाले का यह रजोगुणमय स्वरूप है। लोको के पितामह वह भगवान् चार मुखो वाले होगये थे ॥ ३६ ॥ जिसने इस सम्पूर्ण जगत् का सजन किया है जिसमे देव-असुर और मानव सभी हैं उसको रजोगुण के रूप वाला समझलो और महासत्त्व उदाहृत किया गया है ॥ ३७ ॥

३—सृष्टि-प्रकरण

चतुर्मुखत्वमगमत्कस्माल्लोकपितामहः।
कथ तु लोकानसृजत् ब्रह्मविदाम्वर. ॥ १

तपश्चचार प्रथममराणा पितामहः।
आविर्भूतास्ततो वेदा. साङ्गोपागपदक्रमा. ॥ २

पुराण सर्वशास्त्राणा प्रथम ब्राह्मण स्मृतम्।
नित्य शब्दमयपुण्य शतकोटिप्रविस्तरम् ॥३

अनन्तरञ्च वक्त्रेभ्योवेदास्तस्यविनिः सृताः।
मीमांसान्यायविद्याश्चप्रमाणाष्टकसयुताः ॥४

वेदाभ्यासरतस्यास्य प्रजाकामस्य मानसाः।
मनसः पूर्वसृष्टावै जातास्तेनमानसाः ॥५

मरीचिरभवत्पूर्वंततोऽत्रिर्भगवान् ऋषिः ।
अङ्गिराश्चाभवत्पश्चात् पुलस्त्यस्तदनन्तरम् ॥ ६
ततः पुलहनामा वै ततः क्रतुरजायत ।
प्रचेताश्च ततः पुत्रो वशिष्टश्चाभवत् पुनः ॥ ७

मनु ने कहा—लोकों के पितामह के आपने चार मुख बतलाये हैं सो इनके ये चार मुख कैसे हो गये थे ब्रह्म के वेत्ताओं में सर्वश्रेष्ठ ब्रह्माजी ने इन सब लोकों को सृजन किस प्रकार से किया था ? कृपाकर आप हमको यह बतलाइये ॥१॥ भगवान् मत्स्य ने कहा था—देवों के पितामह ने सबसे प्रथम तो तपश्चर्या की थी। इसके अनन्तर सब वेदों का आविर्भाव हुआ था जो अपने अङ्ग शास्त्र उपाङ्ग तथा पद एवं क्रम से संयुत थे ॥२॥ ब्रह्माजी के द्वारा प्रथम समस्त शास्त्रों के पुराण कहे गये हैं जो नित्य-पुण्यशब्दमय और सौ करोड विस्तार वाला है ॥३॥ इसके उपरान्त ब्रह्माजी के मुखों से वेद निकले थे जो मीमांसा-न्याय विद्या से संयुत और आठ प्रमाणों से समन्वित थे ॥४॥ ब्रह्माजी उस समय में सर्वदा वेदों के ही अभ्यास करने में निरत रहा करते थे। ऐसी दशा में जब उनको प्रजा के समुत्पन्न करने की कामना हुई तो उनसे मानस सृष्टि समुत्पन्न हुई थी। क्योंकि सर्व प्रथम मन से ही सृजन हुआ था इसी लिये ये मानस समुभूत होने वाले कहलाये थे ॥४॥५॥ सबसे पहिले ब्रह्माजी की मानस सृष्टि में मरीचि महर्षि उत्पन्न हुए थे। इसके पश्चात् भगवान् अत्रि ऋषि की उत्पत्ति हुई थी। फिर अङ्गिरा ऋषि और इन के पश्चात् पुलस्त्य महर्षि का उद्भव हुआ था ॥६॥ इस के अनन्तर पुलह नाम वाले समुत्पन्न हुए और इनके पीछे क्रतु की समुत्पत्ति हुई थी। फिर प्रचेता और इसके पश्चात् पुत्र वसिष्ठ ने जन्म ग्रहण किया था ॥ ७ ॥

पुत्रो भृगुरभूत्तद्वन्नारदोऽप्यचिरादभूत् ।
दशेमान्मानसान्ब्रह्मामुनीन् पुत्रानजीजनत् ॥८

शारीरानथ वक्ष्यामि मातृहीनान् प्रजापते. ।
अगुष्टाद्दक्षिणाद्दक्ष· प्रजापतिरजायत ॥६
धर्म्मस्तनान्तादभवत् हृदयात्कुसुमायुधः ।
भ्रूमध्यादभवत्क्रोधोलोभश्चाधरसम्भवः ॥१०
बुद्धे र्मोहः समभवदहङ्कारादभून्मदः ।
प्रमोदश्चाभवत्कण्ठान्मृत्युर्लोचनतो नृप ॥११
भरत. करमध्यात्तु ब्रह्मसूनुरभूत्तत ।
एते नव ! सूता राजन् ! कन्या च दशमी पुनः ।
अङ्गजा इति विख्याता दशमी ब्रह्मण सुता ॥१२
बुद्धे र्मोह समभवदिति यत्परिकीर्त्तितम् ।
अहङ्कार. स्मृत.क्रोधोबुद्धिर्नामकिमुच्यते ॥१३

इस भाँति ब्रह्माजी के भृगु पुत्र उत्पन्न हुए थे और तुरन्त ही स्वल्प समय मे नारद जी का प्रादुर्भाव हुआ था । इस प्रकार से ब्रह्माजी ने इन दश मानस मुनियो को समुत्पन्न किया था ॥ ८ ॥ इसके उपरान्त अब मैं प्रजापति के माता से रहित पुत्रो के शरीरो का वर्णन करता हूँ कि किस अङ्ग से किसकी समुत्पत्ति हुई थी । ब्रह्माजी के दक्षिण अगुष्ठ से दक्ष प्रजापति का जन्म हुआ था ॥ ९ ॥ स्तन के अन्तर से धर्म्म और हृदय से कुसुमायुध [कामदेव] हुआ था । भौहो के मध्य भाग से क्रोध की उत्पत्ति हुई थी तथा अधरो से लोभ समुत्पन्न हुआ था ॥ १० ॥ बुद्धि से मोह पैदा हुआ और अहकार से मद की समुत्पत्ति हुई थी । हे नृप ! ब्रह्माजी के कण्ठ भाग से प्रमोद का जन्म हुआ था और लोचनो से मृत्यु की उत्पत्ति हुई ॥ ११ ॥ इसके उपरान्त ब्रह्माजी का पुत्र भरत उनके कर के मध्य भाग से उत्पन्न हुआ था । हे राजन् ! ये नौ तो ब्रह्माजी के सुत हुए थे और फिर दशमी कन्या समुत्पन्न हुई थी । यह ब्रह्मा की दशमी कन्या [पुत्री] अगजा-इस शुभ नाम से विख्यात हुई थी ॥ १२ ॥ मनु महर्षि ने कहा--हे भगवन ! आपने अभी यह वर्णन

किया था कि बुद्धि से मोह की समुत्पत्ति हुई थी। अहङ्कार ही क्रोध कहा गया है तो फिर यह बुद्धि नाम वाली क्या कही जाती है अर्थात् यह बुद्धि किस स्वरूप वाली है ?॥१३॥

सत्व रजस्तमश्चैव गुणत्रयमुदाहृतम्।
साम्यावस्थितिरेतेषां प्रकृतिः परिकीर्तिता ॥१४
केचित् प्रधानमित्याहुरव्यक्तमपरे जगुः।
एतदेव प्रजासृष्टिं करोति विकरोति च ॥१५
गुणेभ्यः क्षोभमाणेभ्यस्त्रयो देवा विजज्ञिरे।
एकामूर्तित्रयो भागा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः ॥१६
स विकारात् प्रधानात्तु महत्तत्त्व प्रजायते।
महानितियत ख्यातिर्लोकानाजायतेसदा ॥ १७
अहङ्कारश्च महतो जायते मानवर्धनः।
इन्द्रियाणि ततः पञ्च वक्ष्ये बुद्धिवशानि तु ॥
प्रादुर्भवन्ति चान्यानि तथा कर्म्मवशानि तु ॥१८
श्रोत्रत्वाक्चक्षुषीजिह्वान सिकाचयथाक्रमम्।
पायूपस्थहस्तपादवाक्चेतीन्द्रियसग्रहः ॥१९
शब्दः स्पशश्च रूपञ्च रसोगन्धश्च पञ्चमः।
उत्सर्गानन्दनादानगत्यालापाश्चततक्रियाः ॥२०
मन एकादश तेषांकर्म्मबुद्धिगुणान्वितम्।
इन्द्रियावयवा सूक्ष्मास्तस्यमूर्तिमनीषिणः ॥२१

भगवान् मत्स्य ने कहा—सत्व गुण—रजोगुण—तमोगुण—ये तीन गुण बतलाये गये हैं। इन तीनो गुणो की जो समान अवस्था होती है अर्थात् सभी समान स्वरूप मे (किसी से भी कोई घट-बढ कर नही रहते हैं ऐसी दशा मे) स्थित रहते हैं उसी को 'प्रकृति'—इस नाम से परिकीर्त्तित किया गया है ॥१४॥ इसी प्रकृति को कुछ लोग 'प्रधान'—इस नाम से कहते हैं और दूसरे लोग इसी को अव्यक्त कहा करते हैं। यही प्रकृति-प्रधान या अव्यक्त इस सृष्टि को किया करती है तथा इसका विघटन भी

कर दिया करती है ॥१५॥ जब ये ही तीन गुण क्षोभ को प्राप्त होते हैं तो इनसे तीन देव समुत्पन्न होकर तीन स्वरूपो मे सामने आते हैं। सिद्धान्ततः यह एक ही मूर्ति है और उस एक के ही ये तीन भाग हो जाया करते हैं जो ब्रह्मा-विष्णु और महेश—इन तीन शुभ नामो वाले होते हैं ॥१६॥ यह विकार युक्त प्रधान से महत्तत्व समुत्पन्न होता है। इसकी 'महान्' यह ख्याति इसी लिये है कि यह सदा लोको का होता है। ॥१७॥ मान के बढाने वाला अहङ्कार महत्तत्व से समुत्पन्न होता है। इसके पश्चात् पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ होती हैं। जिनके विषय मे बतलायेगे तथा पाँच अन्य कर्मेंद्रियाँ होती हैं ॥ १८ ॥ पाँचो ज्ञानेन्द्रियो के नाम श्रोत्र-त्वक् नेत्र-जिह्वा और नासिका ये हैं। पायु-उपस्थ-हस्त-पाद नाक्-ये पाँच कर्मेन्द्रियो के नाम हैं, यही दशो इन्द्रियो का संग्रह है ॥१९॥ इन दशो इन्द्रियो के भिन्न २ अपने विषयो के क्रम से ही बतलाते हैं। ज्ञानेन्द्रियो के विषय शब्द-स्पर्श-रूप-रस और गन्ध हैं। कर्मेन्द्रियो के विषय क्रमश उत्सर्ग-आनन्द-दान-गति और आलाप ये इनकी क्रियाऐं हैं ॥२०॥ मन ग्यारहवी सर्वोपरि इन्द्रिय है। इस मे कर्म और बुद्धि दोनो ही गुणो का समावेश होता है। इन्द्रियो के अवयव बहुत ही सूक्ष्म होते हैं। मनीषीगण उसकी मूर्त्ति का समाश्रय ग्रहण करते हैं। इसी कारण से उनका शरीर तन्मात्रा कहा गया है शरीर के ही योग से यह जीवात्मा भी बुधो के द्वारा शरीरी कहा जाया करता है ॥२१,२२॥

श्रयन्ति यस्मात्तन्मात्रा शरीरं तेन संस्मृतम्।
शरीरयोगाज्जीवोऽपिशरीरीगद्यतेबुध ॥२२
मनः सृष्टि विकुरुते चोद्यमान सिसृक्षया।
आकाशशब्दतन्मात्रादभूच्छब्दगुणात्मकम् ॥२३
आकाशविकृतेर्वायुः शब्दस्पर्शगुणोऽभवत्।
वायोश्च स्पर्शतन्मात्रात्तेजश्चाविरभूत्तत. ॥२४
त्रिगुण तद्विकारेण तच्छब्दस्पर्शरूपवत्।

तेजोविकारादभवद्वारि राजंश्चतुर्गुणम् ॥२५
रसतन्मात्रसम्भूत प्रायोरसगुणात्मकम् ।
भूमिस्तु गन्धतन्मात्रादभूत्पञ्चगुणान्विता ॥२६
प्रायागन्धगुणा सातु बुद्धिरेषा गरीयसी ।
एभिः सम्पादित भुङ्क्तेपुरुषःपञ्चविंशक. ॥२७

पूजन करने की इच्छा से प्रेरणा प्राप्त हुआ मन सृष्टि किया करता है। यह आकाश शब्द तन्मात्रा से ही समुत्पन्न होता है और इस आकाश का शब्द ही विशेष गुण होता है ॥२३॥ आकाश की विकृति से वायु की समुत्पत्ति होती हैं और इस वायु के शब्द और स्पर्श ये ही विशेश गुण हुआ करते हैं। वायु के स्पर्श तनमात्रा से शब्द गुण के स्वरूप वाला तेज प्रदुभूत हुआ करता है। इस तेजमे शब्द के अतिरिक्त स्पर्श और रूप के भी दो गुण और होते हैं। ऐसे यह तीन गुणो वाला होता है। तेज के विकार से जल की उत्पत्ति होती हे। इस जल मे हे राजन् चार गुण होते हैं ॥२४, २५, यह इसकी तन्मात्रा से समुद्भूत होता है अतएव यह प्रायः इस गुण से समान्वित होता है। भूमि गन्ध की तन्मात्रा से उत्पन्न होती है और इसमे रूप-रस-स्पर्श-शब्द और गन्ध ये पाँच गुण होते हैं ॥२६॥ प्रायः यह गन्ध गुण वाली ही होती है और यही गरीयसी बुद्धि भी है। इनके द्वारा सम्पराहित को यह पञ्चविंश पुरुष भोगता है ॥ २७ ॥

ईश्वरेच्छावशः सोऽपि जीवात्मा कथ्यते बुधैः ।
एवं षड्विंशकप्रोक्तं शरीरदेहमानत्वे ॥ २८
सांख्यसंख्यात्मकत्वाच्चकपिलादिभिरुच्यते ।
एतत्तत्त्वात्मकंकृत्वाजगद्धेधामजीजनत् ॥ २९
सावित्री लोकसृष्ट्यर्थं हृदि कृत्वासमास्थितः ।
तत सञ्जपतस्तस्यभित्वादेहमकल्मषम् ॥ ३०
यावद्वत्सशत दिव्य यथान्यः प्राकृतो जन ।

तत कालेन महतातस्याःपुत्रोऽभवन्मनुः ॥३१
स्वायम्भुव इति ख्यातः स विराडिति नः श्रुतम्।
तद्रूपगुणसामान्यादधिपूरुष उच्यते ॥ ३२
वैराजा यत्र ते जाता बहव. शसितव्रताः।
स्वायम्भुवा महाभागा सप्त सप्त तथापरे ॥ ३३
स्वारोचिषाद्या सर्वे ते ब्रह्मतुल्यस्वरूपिण.।
औत्तमिप्रमुखा स्तद्वद्येपान्त्व सप्तमोऽधुना ॥३४

बुधो के द्वारा वह जीवात्मा भी ईश्वर की इच्छा के वश मे रहने वाला कहा जाता है। इस प्रकार से इस मानवीय शरीर मे छब्बीस तत्व युक्त या यह वह्निज इस नाम से कहा जाया करता है ॥ २८ ॥ तत्वो की सख्या के स्वरूप वाला होने ही से कपिल आदि के द्वारा यह साख्य शास्त्र या दर्शन कहा जाता है। वेधा ने इस जगत् को एक तत्व के स्वरूप वाला समुत्पन्न किया है ॥२९॥ लोक की सृष्टि के लिये सावित्री को अपने हृदय मे करके ही प्रजापति समास्थित होते हैं। इसके उपरान्त भलीभाँति जाप करते हुए उनके कल्मष सहित शरीर का भेदन करके ही सावित्री प्रकट हुई थी ॥ ३० ॥ जिस प्रकार से कोई प्राकृत मनुष्य होता है उसी भाँति दिव्य सौ वर्ष तक के बहुत महान् काल मे उसका अर्थात् सावित्री का मनु पुत्र उत्पन्न हुआ था ॥ ३१ ॥ इसका स्वायम्भुव मनु—यह शुभ नाम प्रसिद्ध था वह महान् विराट् था—ऐसा हमने सुना है। उसके रूप गुण सामान्य से वह अधि पुरुष कहा जाता है ॥ ३२ ॥ जहाँ पर वे बहुत से शमित व्रत वाले वैराज समुत्पन्न हुए थे तथा दूसरे सात सात महाभाग वाले स्वायम्भुव थे ॥ ३३ ॥ स्वारोचिष आदि वे सब ब्रह्मा के ही तुल्य स्वरूप वाले थे। उसी तरह औत्तमि प्रमुख भी थे अर्थात् जिनमे औत्तमि प्रधान था वे भी थे जिनमे आप इस समय मे सातवें होते हैं ॥ ३४ ॥

४—सरस्वती चरित्र

स्वायम्भुवो मनुर्धीमांस्तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम् ।
पत्नीमेवापरूपाढ्यामनन्तीनाम नामतः ॥१
प्रियव्रतोत्तानपादौ मनुरतस्यामजीजनत् ।
धर्मस्य कन्या चतुरा सूनृतानाम भामिनी ॥२
उत्तानपादात्तनयान् प्राप मन्थरगामिनी ।
अपस्यतिमपस्यन्त कीर्तिमन्त ध्रुवं तया ॥३
उत्तानपादोऽजनयत् सूनृतायां प्रजापतिः ।
ध्रुवो वर्षसहस्राणि त्रीणि कृत्वातपःपुरा ॥४
दिव्यमाप ततःस्थानमचल ब्रह्म-ोवगत् ।
तमेव पुरत. कृत्वा ध्रुव सप्तर्षय स्थिता. ॥५
धन्या नाम मनो. कन्या ध्रुवाच्छिष्टमजीजनत् ।
अग्निकन्या तु सु छाया शिष्टात्मा सुषुवे सुतान् ॥६
कृप रिपुं जय वृत्तं वृकं च वृकतेजसम् ।
चक्षुषं ब्रह्मदोहित्र्या वीर्ण्या स रिपुञ्जयः ॥७

मत्स्य भगवान् ने कहा—परम धीमान् स्वायम्भुव मनु ने अति दुश्चर तपश्चर्या करके परम रूप लावण्यवती अनन्ती नाम वाली पत्नी बनाई थी ॥ १ ॥ महाराज मनु ने उस अपनी पत्नी मे प्रियव्रत और उत्तानपाद दो पुत्र समुत्पन्न किये थे । धर्म की एक अति चतुर सूनृता नाम वाली भामिनी थी । उसने जो मन्थर गमन करने वाली थी उत्तान-पाद से पुत्रो की प्राप्ति की थी । उन पुत्रो के नाम अपस्यति—अपस्यत—कीर्तिमान् और ध्रुव ये थे ॥ २, ३ ॥ प्रजापति उत्तानपाद ने अपनी पत्नी सूनृता मे इनको जन्म ग्रहण कराया था । उनमे जो ध्रुव नाम वाला पुत्र था उसने प्राचीन काल मे तीन सहस्र वर्ष तक तपस्या की थी ॥ ४ ॥ फिर उसने इसी तप के फलस्वरूप ब्रह्माजी के वरदान से परम दिव्य और अचल स्थान प्राप्त किया था । उसी ध्रुव को अपने

आगे करके सप्तर्षि गण स्थित रहा करते हैं ॥ ५ ॥ धन्या नाम धारिणी मनु की कन्या ने ध्रुव से शिष्ट को जन्म दिया था। शिष्टात्मा अग्नि को कन्या सुच्छाया ने सुतो को समुत्पन्न किया था ॥ ६ ॥ कृप, रिपु, जय, वत्त, वृक तेजस, चक्षुप ब्रह्म दौहित्री मे और वह रिपुंजय वीरिणी मे उत्पन्न हुए थे ॥ ७ ॥

वीरणस्यात्मजायान्तु चक्षुर्मनुमजीजनत् ।
मनुर्वैराजकन्याया नड्वलाया सचाक्षुपः ॥८
जनयामास तनयान्दश शूरानकल्मषान् ।
ऊरुः पूरु शतद्युम्नस्तपस्वी सत्यवाक्हविः ॥९
अग्निष्टुदतिरात्रश्च सुद्युम्नश्चापराजितः ।
अभिमन्युस्तु दशमो नड्वलायामजायत ॥१०
ऊरोरजनयत् पुत्रान् षडाग्नेयी तु सुप्रभान् ।
अग्निसुमनस ख्याति क्रतुमङ्गिरसङ्गयम् ॥११
पितृकन्या सुनीथातु वेनमगादजीजनत् ।
वेनमन्यायिन विप्रा ममन्थुस्तत्कराद्भूत् ॥
पृथुर्नाम महातेजा स पुत्रो द्वावजीजनत् ॥१२
अन्तर्धानिस्तु मारीच शिखण्डिन्यामजीजनत् ।
हविर्धानात् षडाग्नेयी धिषणाऽजनयत् सुतान् ।
प्राचीनवर्हिष सागं यम शुक्र बल शुभम् ॥१३
प्राचीनवर्हिर्भगवान् महानासीत्प्रजापतिः ।
हविर्धाना प्रजास्तेन बहवः सम्प्रवर्तिताः ॥१४

वीरण की आत्मजा मे मनु ने चक्षु को प्रसूत किया था और वैराज की कन्या नड्वला मे सचाक्षुप मनु ने कल्मष से रहित महान् शूरवीर दश पुत्रो को जन्म ग्रहण कराया था। उन दशो के नाम—ऊरु—पूरु—शतद्युम्न—तपस्वी सत्यवाक्हवि—अग्निष्टुत्—अतिरात्र—सुद्युम्न—अपराजित और अभिमन्यु दशम था जो नड्वला से उत्पन्न हुआ था ।८।

६, १० ॥ ऊरु से पद्माग्नेयी ने सुन्दर प्रभा वाले पुत्रो को प्रसूत किया था उन पुत्रो के नाम अग्नि–सुमन–ख्याति–क्रतु–अङ्गिरा और गय ये थे ॥ ११ ॥ पितृ कन्या जिसका शुभ नाम सुनीथा तो अङ्ग से वेन को जन्म दिया था। राजा वेन बहुत ही अधिक अन्यायी हुआ था। अतएव विप्रो ने उस को शाप देकर फिर उसके शरीर का मथन किया था। उसके हाथ से मन्थन करने पर पृथु नाम वाला महान् तेजस्वी का जन्म हुआ था उस मृत्यु ने भी दो पुत्रो को प्रसूत किया था ॥१२॥ इसने शिखण्डिनी मे अन्तर्धान और मारीच नाम वाले पुत्रो को उत्पन्न किया था। धिषणा पद्माग्नेयीने हविर्धानि स सुतो को प्रसूत किया था जिनके नाम प्राचीन बर्हि· सावन, यम, शुक्र, बल और शुभ थे ॥१३, प्राचीन बर्हि भगवान् एक महान् प्रजापति हुए थे। उसने हविर्धानि बहुत-सी प्रजाएँ सम्प्रवर्तित की थी ॥१४॥

सवर्णायान्तु सामुद्र्यान्दशाधत्त सुतान्प्रभुः ।
सर्वेपचेतसोनाम धनुर्वेदस्य पारगा. ॥१५
तत्तपारक्षिता वृक्षा वभुर्लोके समन्तत ।
देवादेशाच्च तानग्निरदहद्रविनन्दन ! ॥१६
सोमकन्याऽभवत्पत्नी मारिषा नाम विश्रुता
तेभ्यस्तु दक्षमेक सा पुत्र मग्रयमजीजनत् ॥१७
दक्षादनन्तरं वृक्षानोपधानि च सवशः ।
अजीजनत्सोमकन्या नन्दी चन्द्रवती तथा ॥१८
सोमाशस्यचतस्यापिदक्षस्वाशीतिकोटयः ।
तासांतुविस्तरं वक्ष्ये लोके यः सुप्रतिष्ठितः ॥१९
द्विपदश्चाभवन् केचित् केचिद् बहुपदा नराः ।
वलीमुखाः शंकुकर्णाः कणप्रावरणास्तथा ॥२०
अश्वऋक्षमुखाः केचित् केचित् सिंहाननास्तथा ।
श्वशूकरमुखा. केचित् के चिदुष्ट्र मुखास्तथा ॥२१

प्रभु ने सवर्णा सामुद्री मे दश सुतो को जन्म प्रदान किया था। ये सभी प्रचेतस नाम से प्रसिद्ध हुए थे ॥१५॥ उनके तप से सुरक्षित वृक्ष लोक मे सब ओर सुशोभित हुए थे। हे रविनन्दन! देवो के आदेश से अग्नि ने उनको जला दिया था ॥१६॥ मारिषा इस शुभ नाम से प्रसिद्ध उसकी पत्नी हुई थी उनसे एक अगय अर्थात् परमोत्तम दक्ष नाम वाले पुत्र को उसने प्रसूत किया था ॥१७॥ दक्ष के अनन्तर सभी ओर बहुत से वृक्ष और ओषधियाँ सोम कन्या ने समुत्पन्न की थी तथा नन्दी चन्द्रवती को भी जन्म दिया था ॥१८॥ सोम के अश उस दक्ष के भी अस्सी करोड हुए थे उनका विस्तार बतायेंगे जो लोक मे सुप्रतिष्ठित हुआ था ॥१९॥ कुछ दो पद वाले और कुछ बहुत पद वाले नर हुए थे। बभ्रीमुख-शकु कर्ण तथा कर्ण प्रावरण कुछ अश्व और रीछ के मुख वाले तथा कुछ सिह के समान मुख वाले हुए थे। कतिपय कुत्ता और शूकर के तुल्य मुख वाल और कुछ ऊँट के समान मुख वाले हुए थे ॥२०, २१॥

जनयामासधर्मात्माम्लेच्छान् सर्व्वाननेकशः।
समृष्ट्वामनसादक्षः स्त्रियः पश्चादजीजनत्।
ददौ स दश धर्माय कश्यपाय त्रयोदश।
सप्तविंशति सोमाय ददौ नक्षत्रसंज्ञिताः॥
देवासुर मनुष्यादि तास्य. सर्वमभूज्जत् ॥२३

उस धर्म्मात्मा ने सब अनेको म्लेच्छो को भी जन्म दिया था। उस दक्ष ने मन से सृजन करके पीछे स्त्रियो को जन्म दिया था ॥२२॥ उसने उन मे से दश तो धर्म्म को दी थी-तेरह कश्यप को प्रदान की थीं और सत्ताईस नक्षत्र सज्ञा वाली सोम को दी थी। उन्ही स्त्रियो से देव-असुर और मनुष्य प्रवृत्ति का यह सम्पूर्ण जगत् हुआ था ॥२३॥

५—दक्ष प्रजापति से मैथुनी सृष्टि

देवानां दानवानाञ्च गन्धर्वोरगरक्षसाम् ।
उत्पत्तिविस्तरेणैव सूत ! ब्रूहि यथातथम् ॥१
सङ्कल्पाद्दर्शनात् स्पर्शात् पूर्वेषां सृष्टिरुच्यते ।
दक्षात्प्राचेतसादूर्ध्वं सृष्टिर्मैथुनसम्भवा ॥२
प्रजासृजेति व्यादिष्टः पूर्वं दक्षः स्वयम्भुवा ।
यथा ससर्ज चैवादौ तथैव शृणुत द्विजाः ! ॥३
यदा तु सृजतस्तस्य देवर्षिगणपन्नगान् ।
न वृद्धिमगमल्लोकस्तदा मैथुनयोगतः ।
दक्षः पञ्चसहस्राणि पाञ्चजन्यामजीजनत् ॥४
तास्तु दृष्ट्वा महाभाग. सिसृक्षुर्विविधाःप्रजाः ।
नारदःप्राहहर्यश्वान् दक्षपुत्रान्समागतान् ॥५
भुवः प्रमाण सर्वत्र ज्ञात्वोर्ध्वमध एव च ।
तत सृष्टिं विशेषेण कुरुध्वमृषिसत्तमाः ॥६
ते तु तद्वचन श्रुत्वा प्रयाताः सर्वतोदिशम् ।
अद्यापि न निवर्त्तन्ते समुद्रादिव सिन्धवः ॥७

ऋषियो ने कहा - हे सूतजी ! अब कृपा करके देवो की—दानवो की—गन्धर्व—उरग और राक्षसो की जो उत्पत्ति हुई थी उसको यथातथ रूप से विस्तारपूर्वक बतलाइये ।१। सूतजी ने कहा—आरम्भ मे तो केवल मनके सङ्कल्प से दर्शन से और स्पर्श से ही पूर्व पुरुषो की सृष्टि कही जाती ह प्राचेतस दक्ष के बादमे ही मैथुन से होने वाली सृष्टि हुई थी।२। स्वयम्भू प्रभु ने पहिले दक्ष को आज्ञा प्रदान की थी कि प्रजा का सृजन करो । हे द्विजगण ! आदिकाल मे जिस प्रकार से सृजन किया था उसका आप लोग अब श्रवण करो ।३। जिस समय मे देव-ऋषि और पन्नगो का उसने सृजन किया था तो उससे लोक मे कोई भी वृद्धि नही हुई थी तब उस प्रजापति दक्ष ने पाञ्चजनी मे मैथुन के योग से सहस्र पुत्रो को जन्म ग्रहण कराया

था ।४। विविध भाँति की प्रजा की सृष्टि करने की इच्छा करने वाले महाभाग ने उनको देख करके ना रहने समागत हर्यश्व दक्ष के पुत्र से कहा था ।५। हे ऋषि सत्तमो ! सर्वत्र इस भू मण्डल का पुमाण ऊर्ध्व-भाग मे और अधोभाग मे भली भाँति जान कर फिर विशेष रूप से सृष्टि की रचना करो ।६। उन्होंने भी उन के इस वचन को सुन कर सभी दिशाओ मे प्रयाण किया था और तब से गये हुए वे आज तक भी वापिस नही लौटे हैं जिस तरह नदियाँ समुद्र मे जाकर फिर वापिस नहीं लौटा करती हैं ।७।

हर्यश्वेषु प्रणष्टेषु पुनर्दक्षः प्रजापतिः ।
वीरिण्यामेव पुत्राणा सहस्त्रमसृजत्प्रभुः ॥८
शवला नाम ते विप्रा समेता सृष्टिहेतव. ।
नारदोऽनुगतान्प्राह पुनस्तानूर्ध्ववत्सतान् ॥
भूवः प्रमाण सर्वत्र ज्ञात्वा भ्रातृनथो पुनः ॥९
आगत्य चाथ सृष्टिञ्च करिष्यथ विशेषतः ।
तेऽपि तेनैव मार्गेण जग्मुर्भ्रातॄन् यथा पुरा ॥१०
ततः प्रभृतिः न भ्रातु कनीयान्मार्गमिच्छति ।
अन्विषन्तु खमप्नोतिन तेन तत्परिवर्जयेत् ॥ ११
ततस्तेषु विनष्टेषु पष्टि कन्याः प्रजापतिः ।
वैरिण्या जनयामास दक्ष प्राचेतसस्तथा ॥१२
प्रादात्स दश धर्माय कश्यपाय त्रयोदश ।
सप्तविंशतिसोमायचतस्रोऽरिष्टनेमय (मिने) ॥१३
द्वे चैव भृगुपुत्राय द्वे कृशाश्वाय धीमते ।
द्वे चैवाङ्गिरसे तद्वत्तासान्नामानि विस्तरात् ॥१४

उन हर्यश्वो के प्रनष्ट हो जाने पर दक्ष प्रजापति ने पुनः वीरिणी मे प्रभु ने एक सहस्र पुत्रों का सृजन किया था ।८। वे विप्र शवल इस नाम वाले थे और सभी सृष्टि के हेतु स्वरूप एकत्रित हुए थे । फिर उन

अनुगत सुनो से पूर्व की भाँति ही नारद ने कहा था कि इस भूमि का सर्वत्र प्रमाण को जानकर कि यह कितनी विस्तृत है तथा अपने प्रथम गत भाइयो को भी जान कर फिर यहा आकर विशेष रूप से सृष्टि की रचना करोगे। देवर्षि नारद जी के कहने पर वे सभी उसी मार्ग से चले गये थे, जिससे पहिले उनके बड़े भाई लोग गये थे। ९, १० ॥ तभी से लेकर भाई के छोटे भाई उस मार्ग की इच्छा नही करता है। अन्वेषण करते हुए दुःख को प्राप्त होता है अतएव इसी कारण से उसका परिवर्तन कर देना चाहिए ॥ ११ ॥ इसके अनन्तर उनके भी विनष्ट हो जाने पर प्रजापति प्राचेतस दक्ष ने नैर्ऋणी मे साठ कन्याओ का सृजन किया था अर्थात् उनको जन्म दिया था ॥ १२ ॥ उन्ही साठ कन्याओ मे से दक्ष ने दस कन्यायें तो धर्म को दी थी—तेरह कश्यप ऋषि को प्रदान की थीं, सत्ताईस सोम को प्रदान की थी—चार अरिष्टनेमि को दी थी। अब उनके नाम विस्तारपूर्वक बतलाये जाते हैं।।१३, १४॥

श्रृणुध्वं देवमातृणा प्रजाविस्तरमादितः।
मरुत्वती वसूर्यामो लम्बा भानुरुन्धती ॥१५
सङ्कल्पा च मुहूर्त्ता च साध्या विश्वा च भामिनी।
धर्मपत्न्य समाख्यातास्तासां पुत्रान्निबोधत ॥१६
विश्वेदेवास्तु विश्वायाः साध्या साध्यानजीजनत।
मरुत्वत्या मरुत्वन्तो वसोस्तु वसवस्तथा ॥१७
भानोस्तु भानवस्तद्वन् मुहूर्त्तायां मुहूर्तकाः।
लम्बायाघोषनामानोनागवीथीतुयामिजा ॥१८
पृथिवीतलसम्भूतमरुन्धत्यामजायत।
सङ्कल्पायास्तु सङ्कल्पो वसुसृष्टिन्निबोधत ॥१९
ज्योतिष्मन्तस्तुयेदेवाव्यापका.पवंतोदिशम्।
वसवस्तेसमाख्यात स्तेषां सर्गन्निबोधत ॥२०
आपो ध्रुवश्च सोमश्च धरश्चैवानिलोऽनलः।
प्रत्यूषश्च प्रभासश्च वसवोऽष्टौप्रकीर्तिताः ॥२१

अब आप लोग उन देवो की माताओ के परम शुभ नामो का तथा आदि से प्रजा के विस्तार का श्रवण करो—धर्म्म को जो कन्यायें दश दी गयी थी उन धर्म की पत्नियो के नाम मरुत्वती—वसूयामी—लम्बा भानु—अरुन्धती—सङ्कल्पा—मुहूर्ता—साध्या—विश्वा और भामिनी ये थे। ये सब धर्म की पत्नियाँ समाख्यात हुई थी। अब उन दशो पत्नियो के उदर से जो पुत्र समुत्पन्न हुए थे उनको भी जान लो ॥ १५, १६ ॥ विश्वा के विश्वेदेवा पुत्र हुए थे और साध्या ने साध्यो को जन्म दिया था। मरुत्वती मे मरुत्वायो ने जन्म ग्रहण किया था और वसू से वसुगण समुत्पन्न हुए थे ॥ १७ ॥ भानु से भानुगण और उसी भाति मुहूर्त्ता मे मुहूर्त्तको ने जन्म लिया था। लम्बा नाम की पत्नी मे घोष नाम वाले पुत्र हुए थे तथा यामि से जन्म लेने वाले नागवीथी थे। अरुन्धती मे पृथ्वी तत सम्भूत का जन्म हुआ था। सङ्कल्पा से सङ्कल्प समुत्पन्न हुआ था। अब वसुकी सृष्टि का ज्ञान प्राप्त करलो ॥ १८,, १९ ॥ ज्योतिष्मान जो देव व्यापक हैं और सभी दिशाओ मे हैं वे ही सब वसुगण नाम से समाख्यात हुए थे। अब हममे जो सृष्टि हुई है उसको भी आप लोग समझ लो ॥ २० ॥ आप अर्थात् अल, ध्रुव, सोम, धर, अनिल, अनल, प्रत्युष, प्रभास ये आठ वसुगण कीर्तित किये गये हैं ॥ २१ ॥

आपस्य पुत्राश्चत्वारः शान्तो वैतण्डएवच ।
शाम्बोऽथमणिवक्त्रश्चयज्ञरक्षाधिकारिणा ॥२२
ध्रुवस्य कालपुत्रस्तु वर्चा. सोमादजायत ।
द्रविणो हव्यावाहश्च धरपुत्रावुभौ स्मृतौ ॥२३
कल्याणिन्या तत प्राणोरमण शिशिरोऽपि च ।
मनोहराधरात्पुत्रानवापाथ हरेः सुता ॥२४
शिवा मनोजव पुत्रमविज्ञातगतिं तथा !
अवापाचानलात् पुत्रावग्निप्रायगुणौ पुन. ॥२५

अग्निपुत्रः कुमारस्तु शरस्तम्बे व्यजायत ।
तस्य शाखो विशाखश्च नैगमेयश्च पृष्ठजाः ॥२६
अपत्यं कृत्तिकानां तुकार्तिकेयस्ततः स्मृतः ।
प्रत्यूषसऋषिः (पेः) पुत्रोविभुर्नाम्नाथदेवलः
विश्वकर्मा प्रभासस्य पुत्रः शिल्पी प्रजापति. ॥२७
प्रासादभवनोद्यानप्रतिमाभूषणादिषु ।
तडागारामकूपेषु स्मृतः सामरवर्धकिः ॥२८

आपके चार पुत्र समुत्पन्न हुए थे । उनके नाम शान्त, दैदण्ट, शाम्ब और मणिवक्त्र ये थे । ये सब यज्ञो की रक्षा करने के अधिकारी हुए थे ॥ २२ ॥ ध्रुव का पुत्र काल हुआ था तथा सोम से वर्चा नामक पुत्र हुआ था । धर के द्रविण और हव्यवाह नाम वाले दो पुत्र हुए थे ॥ २३ ॥ इसके पश्चात् कल्याणिनी मे प्राण, रमण और शिशिर हुए थे । हरि की सुता न धर से मनोहर सुतो की प्राप्ति की थी ॥ २४ ॥ शिवा मनोजव और अविज्ञात गति नामो वाले ही पुत्रो को अनल से जन्म दिया था जो प्रायः अग्नि के समान ही गुणो वाले हुए थे । २५ ॥ अग्नि पुत्र और कुमार श स्तम्ब मे समुत्पन्न हुए थे । उसके पृष्ठज शाख-विशाख और नैगमेय उत्पन्न हुए थे ॥ २६ ॥ कृत्तिकाओ की जो सन्तान थी वही कार्तिकेय—इस नाम से कहा गया है । प्रत्यूष ऋषि का जो पुत्र था उनका नाम विभु था । इसके पश्चात देवल विश्वकर्मा प्रभास का पुत्र हुआ था जो शिल्पी प्रजापति था ॥ २७ ॥ प्रासाद, उद्यान, प्रतिमा और भूषण आदि मे तथा तडाग, आराम कूपो मे वह अमर वर्धकि कहा गया है ॥ २८ ॥

अजैकपादहिर्बुध्न्य विरूपाक्षोऽथ रैवतः ।
हरश्च बहुरूपश्च त्र्यम्बकश्च सुरेश्वरः ॥२९
सावित्रश्च जयन्तश्च पिनाकी चापराजितः ।
एते रुद्राः समाख्याता एकादश गणेश्वराः ॥३०

एतेषा मानसानान्तु त्रिशूलवरधारिणाम् ।
कोटयश्चतुराशीतिस्तत्पुत्राश्चाक्षया मताः ॥३१
दिक्षु सर्वासु ये रक्षा प्रकुर्वन्ति गणेश्वराः ।
पुत्रपौत्रसुताश्चैते सूरभी गर्भसम्भवाः ॥३२

अज, एकपाद, आदि बुध्न्य, विरूपाक्ष, रैवत, हर, बहुरूप, त्र्यम्बक-सुरेश्वर-सावित्र· जयन्त - पिनाकीन्नपराजित—ये रुद्र समाख्यात हुए है। एकादश गणेश्वर हुए हैं। २६, ३० ॥ ये मानस त्रिशूलवद के धारण करने वाले हैं इनकी सख्या चौरासी करोड हैं और इनके पुत्र तो अक्षय माने गये हैं ।। ३१ ।। ये गणेश्वर सभी दिशाओ मे रक्षा का काम किया करते है। पुत्र, पौत्र और ये सुत सभी सुर भी गर्भ से संभूत होने वाले हैं ॥ ३२ ॥

६— कश्यपान्वय वर्णन

कश्यपस्य प्रवक्ष्यामि पत्नीभ्यः पुत्रपौत्रकान् ।
अदितिर्दितिदनुश्चैव अरिष्टासुरसातथा ॥१
सुरभिर्विनता नद्वत्ताम्रा क्रोधवशा इरा ।
कद्रूर्विश्वा मुनिस्तद्वत्तासा पुत्रान्निबोधत ॥२
तुषिता नाम ये देवाश्चाक्षुषस्यान्तरे मनोः ।
वैवस्वतेऽन्तरे चैते आदित्याद्वादशस्मृताः ॥३
इन्द्रोधासा भगस्त्वष्टा मित्रोऽथवरुणोयमः ।
विवस्वान्सवितापूषाअंशुमान्विष्णुरेवच ॥४
एते सहस्रकिरणा आदित्या द्वादश स्मृताः ।
मारीचात् कश्यपादाप पुत्रानदितिरुत्तमान् ॥५॥
भृशाश्वस्य ऋषे. पुत्रा देवप्रहरणाःस्मृताः ।
एते देवगणा विप्रा. प्रतिमन्वन्तरेषु च ॥६॥

उत्पद्यन्ते प्रलीयन्ते कल्पे कल्पे तथैव च ।
दिति. पुत्रद्वयं लेभे कश्यपादिति नः श्रुतम् ॥७

श्री सूतजी ने कहा—अब मैं कश्यप ऋषि की पत्नियों से जो पुत्र और पौत्र आदि हुए हैं उनका हाल बतलाने को जा रहा हूँ। कश्यप महर्षि की पत्नियों के नाम अदिति-दितिदनु-अरिष्टा-सुरसा-सुरभि-विनता-ताम्रा-क्रोध वशा-इरा-कद्रू-विश्वा-मुनि-ये थे। अब इन पत्नियों के उदर से जो पुत्र समुत्पन्न हुए थे उनको भी आप लोग जान लीजिए ॥१॥२॥ तुषिता नाम वाले जो देवता चाक्षुष मनु के अन्तर मे हुए थे ये ही सब वैवस्वत मन्वन्तर मे बारह आदित्य कहे गये हैं ॥३॥ उन द्वादश आदित्यो के नाम इन्द्र—धाता भग—त्वष्टा-मित्र-वसुण—यम-विवस्वान्—सविता-पूषा-अंशुमान्-विष्णु—ये हैं ये ही सहस्त्र किरणो वाले बारह आदित्य कहे गये हैं। मारीच कश्यप महर्षि से अदिति ने परमोत्तम पुत्रो को प्राप्त किया था ॥४॥५॥ भृगास्य ऋषि के पुत्र देव प्रहरण कहे गये थे। हे विप्रो! ये सब देव गण प्रत्येक मन्वन्तर मे हुए हैं ॥६॥ ये सब उत्पन्न हुआ करते हैं और प्रलीन भी होते रहते हैं और कल्प कल्प मे ऐसा ही होता रहता है। दिति नाम की जो महर्षि कश्य जी की एक पत्नी थी उसने कश्यप से दो ही पुत्रो की प्राप्ति की थी-ऐसा सुना गया है ॥७॥

हिरण्यकशिपुश्चैव हिरण्याक्ष तथैव च ।
हिरण्यकशिपोस्तद्वज्जातं पुत्रचतुष्टयम् ॥८
प्रह्लादश्चानुह्लादश्च संह्लादोह्लाद एव च ।
प्रह्लादपुत्र आयुष्मान् शिविर्वाष्कल एव च ॥९
विरोचनश्चतुर्थश्च स बलिं पुत्रमाप्तवान् ।
बलेः पुत्रशत तासीद्बाणज्येष्ठ ततोद्विजाः ॥१०
धृतराष्ट्रस्तथा सूर्यश्चन्द्रश्चन्द्रांशुतापनः ।
हस्तिकुम्भनामो गुवक्तः कुक्षिभीमो विभीषणः ॥११
एतमाद्यास्तु बहवो बाणज्येष्ठा गुणाधिका. ।

वाण सहस्रबाहुश्च सर्वास्त्रगणसयुतः ॥१२
तपसा तोषितो यस्य पुरे वसति शूलभृत् ।
महाकालत्वमगमत्साम्य यश्च पिनाकिन. ॥१३
हिरण्याक्षस्य पुत्रोऽभूदूलूकः शकुनिस्तथा ।
भूतसन्तापनश्चैव महानाभस्तथैव च ॥१४

उन दिति के पुत्रो के नाम हिरण्य कशिपु और हिरण्याक्ष था। हिरण्य कशिपु के उसी भाँति चार पुत्र हुए थे ॥ ८ ॥ उन चारो पुत्रो के नाम प्रह्लाद--अनुह्लाद--सह्लाद और ह्लाद ये थे। प्रह्लाद के पुत्र आयुष्मान्-शिवि-वाष्कल तथा चौथा विरोचन हुए थे। विरोचन ने बलि नामधारी को पुत्र के रूप मे प्राप्त किया था। हे द्विजगण ! राजा बलि के सौ पुत्र हुए थे जिन मे वाण सबसे बडा पुत्र था। ८॥९॥१०॥ धृतराष्ट्र-सूर्य-चन्द्र चन्द्राक्ष-तापन-विकुम्भ-गुवक्ष-कुक्षिभीम-विभीषण एवं आदि गुणो मे सब अधिक बहुत से पुत्र थे इनमे वाण ज्येष्ठ था। वाण और सहस्र बाहु सभी प्रकार के अस्त्रो के समुदाय से समन्वित थे अर्थात् सभी अस्त्रो के पूर्ण ज्ञाता थे ॥११॥१२॥ तपश्चर्या के द्वारा परम सन्तुष्ट हुए भगवान् शूलभृत् जिस के पुर मे ही निवास किया करते थे। और जो पिनाकी प्रभु के साम्य महा कालत्व को प्राप्त होगया था। हिरण्याक्ष के पुत्र उलूक-शकुनि-भूत सन्तापन और महाबाम हुए थे ॥१३॥१४॥

एतेभ्य. पुत्रपौत्राणा कोटय. सप्तसप्तति ।
महाबला महाकाया नानारूपा महौजसः ॥१५
दनु. पुत्रशत लेभे कश्यपाद्बलदर्पितम् ।
विप्रचित्ति प्रधानोऽभूद्येषा मध्येमहाबल. ॥१६
द्विमूर्द्धा शकुनिश्चैव तथा शकुशिरोधरः ।
अयोमुखः शम्बरश्च कपिशो नामतस्तथा ॥१७
मारीचिर्मेघवाश्चैव इरा गभशिरास्तथा ।

विद्रावणश्च केतुश्च केतुवीर्यः शतह्रदः ॥१८
इन्द्रजित् सप्तजिच्चैव वज्रनाभस्तथैव च ।
एकचक्रो महाबाहुर्वज्राक्षस्तारकस्तथा ॥१९
असिलोमा पुलोमा च विन्दुर्वाणो महासुरः ।
स्वर्भानुर्वृषपर्वा च एवमाद्यादनोःसुताः ॥२०
स्वर्भानोस्तु प्रभा कन्या शची चैव पुलोमजा ।
उपदानवी मयस्यासीत्तथा मन्दोदरी कुहूः ॥२१

इनसे जो पुत्र और पौत्र आदि हुए थे उनकी संख्या सतत्तर करोड थी। ये महान् बलशाली-महान् शरीर के आकार प्रकार वाले, अनेक प्रकार के स्वरूप धारी और महान् ओज वाले सभी हुए थे ॥१५॥ दनु ने महा मुनीद्र कश्यप से बल के दर्प से समन्वित एक सौ पुत्रों का जन्म दिया था। इन सबके मध्य मे महान् बलवान और प्रधान विप्रचित्ति हुआ था ॥ १६ ॥ उन सौ दनु के पुत्रों में कतिपय प्रधान पुत्रो के नाम यहां पर बतलाये जा रहे हैं—द्विमूर्धा-शकुनि-शंकुशिरोधर-अयोमुख-शम्बर-कपिश-मारीचि मेघवान्-इरा-धर्मशिरा-विद्राबण-केतु-केतु वीर्य्य-शतह्रद-इन्द्रजित-सप्तजित-वज्रनाम-एक चक्र-महा बाहु-वज्राक्ष-तारक-असिलोमा-पुलोमा विन्दु-वाण-महासुर-स्वर्भानु वृषपर्वा एव आदि दनुके पुत्र हुए थे जो कि प्रमुख थे ॥१७।१८।१९।२०॥ स्वर्भानु की कन्या का नाम प्रभा था और शची थी तथा पुलोमजा मय की उपदान थी तथा मन्दोदरी और कुहू थी ॥२१॥

शर्मिष्ठा सुन्दरी चैव चन्द्रा च वृषपर्वणः ।
पुलोमा कालका चैव वैश्वानरसुते हिते ॥२२
वह्वपत्ये महासत्वे मारीचस्य परिग्रहे ।
तयोः षष्टिसहस्राणि दानवानाममूत पुरा ॥२३
पौलोमान् कालकेयाश्च मारीचोऽजनयत्पुरा ।
अवध्या येऽमराणां वै हिरण्यपुरवासिनः ॥२४

चतुर्मुखाल्लब्धवरास्ते हता विजयेन तु ।
विप्रचित्ति. सैंहिकेयान् सिंहिकायामजीजनत् ॥२५
हिरण्यकशिपोर्येवैभागिनेयास्त्रयोदश ।
व्यस: कल्पश्च राजेन्द्र ! नलो वातापिरेव च ॥२६
इल्वलो नमुचिश्चैव श्वसृपश्चाजनस्तथा ।
नरक. कालनाभश्च सरमाणस्तथव च ॥२७
कालवीर्यश्च विख्यातो दनुवंशविवर्धना: ।
सह्लादस्य तु दैत्यस्यनिवातकवचा:स्मृता: ॥२८

वृषपर्वा की शर्मिष्ठा-सुन्दरी और चन्द्रा थी वैश्वानर की दो सुतायें हुई थी जिनका नाम पुलोमा और कालका था ॥२२॥ महान् सत्व वाले और बहुत सी सन्तति से समन्वित मारीच का परिग्रह था उन दोनो के पुरातन काल मे साठ हजार दानव हुए थे ।२३। पहले मारीच ने पौलोम और कालकेयो को जन्म दिया था । जो ऐसे बलशाली थे कि ये हिरण्यपुर मे निवास करने वाले सब देवगणो के द्वारा वध करने के योग्य नही थे ॥२४॥ वे सब चार मुखो वाले ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त करने वाले थे विजय के द्वारा हत हुए थे। विप्रचित्ति सिंहिका मे सैंहिकेयों को जन्म ग्रहण कराया था । जो हिरण्य कशिपु के वैभागी थे वे तेरह हुये थे । हे राजेन्द्र ! उनके नाम ये हैं- व्यस, कल्प, नल, वातापि, इल्वल, नमुचि, श्वसृप, अजन, नरक, कालनाभ सरमाण और कालवीर्य तथा विख्यात ये दनु के वश के वर्धन करने वाले हुए हैं । जो संह्लाद नामधारी दैत्य था उसके निवात कवच कहे गये हैं ॥२४।२५।२६।२७।२८॥

अवध्या सर्वदेवानां गन्धर्वोरगरक्षसाम् ।
ये हता भर्गमाश्रित्य त्वजुनेन रणाजिरे ॥२९ ॥
षट्कन्या जनयामास ताम्रा मारीचबीजत: ।
शुकीश्येनीचभासीचसुग्रीवीगृध्रिकाशुचि. ॥३०
शुकी शुकानुलूकाश्च जनयामास धर्मत: ।
श्येनी श्येनास्तथा भासी कुररानप्यजीजनत् ॥३१

गृध्री गृध्रान् कपोतांश्च पारावतविहङ्गमान् ।
हससारसकौञ्चांश्च प्लवान् शुचिरजीजनत् ॥३२
अजाश्वमेषोष्ट्रखरान् सुग्रीवी चाप्यजीजनत् ।
एषताम्रान्वयः प्रोक्तो विनतायांनिबोधत ॥३३
गरुडः पततांनाथो अरुणश्च पतत्रिणाम् ।
सौदामिनी तथा कन्या येयं नभसि विश्रुता ॥३४
सम्पातिश्च जटायुश्च अरुणस्य सुतावुभौ ।
सम्पातिपुत्रो वभ्रुश्च शीघ्रगश्चापि विश्रुत. ॥३५

ये सभी महान बल विक्रमशाली थे और ऐसे बलिष्ठ थे कि समस्त देवगण तथा गन्धर्व-उरग और राक्षस भी इनका वध नही कर सकते थे । इनको रणक्षेत्र मे मार्ग का समाश्रय ग्रहण करके अर्जुन ने ही निहत किया था ॥२९॥ मारीच के वीर्य से ताम्रा ने छै कन्याओ का प्रसव किया था । उन छैओं कन्याओं के नाम ये थे-शुकी, श्येनी, भासी सुग्रीवी, गृध्रिका, शुचि ॥३०॥ शुकी ने शुको को तथा उलूकी को धर्म से जनम कराया था । श्येनी ने श्येनो को प्रसून किया था और भासी ने कुररो को सम्भूत किया था ॥ ३१ ॥ गृध्री ने गिद्धो को और कबूतरो, पारावत विहङ्गमो, हस, सारस, क्रोचो को जन्म दिया था तथा शुचि ने प्लवो को समुत्पन्न किया था ॥३२॥ सुग्रीवी नाम धारिणी ने अज, अश्व, मेष, उष्ट्र और खरो (गधो) को जन्म ग्रहण कराया था । यहा तक यह ताम्र का वश वर्णित किया गया है अब यहा से आगे आप सब लोग विनता मे समुसोत्पत्ति हुई थी उसका भी ज्ञान प्राप्त करलो ॥३३॥ पतनशील वपिक्षयो का स्वामी गरुड और पतत्रियो मे अरुण और सौदामनी नाये वाली एक कन्या जो नभ मे विश्रुत है । अरुण के सम्पाति और जटायु दो पुत्र हुए थे । सम्पाति का पुत्र वभ्रु था और शीघ्रगामी प्रसिद्ध हैं । ॥ ३४ । ३५ ॥

जटायुपः कर्णिकारः शतगातो च विश्रुतो ।

सारसो रज्जुबालश्चभेरण्डश्चापि तत्सुताः ॥३६
तेषामनन्तमभवत् पक्षिणां पुत्रपौत्रकम् ।
सुरसाया सहस्रन्तु सर्पाणामभवत्पुरा ॥३७॥
सहस्र शिरसाञ्चैव सहस्रञ्चापि सुव्रत ! ।
प्रधानास्तेषु विख्याता. षड्विंशतिरिन्दम ॥३८
शेषवासुकिकर्कोटशङ्खैरावतकम्बलाः ।
धनञ्जयमहानीलपद्माश्वतरतक्षकाः ॥३९
एलापत्रमहापद्मधृतराष्ट्रबलाहकाः ।
शङ्ख पाल महाशङ्ख-पुष्पदष्ट्र-शुभाननाः ॥४०
शकुरोमाञ्च बहुलो वामन. पाणिनस्तथा ।
कपिलोदुर्मुखश्चापि पतञ्जलिरितिस्मृताः ॥४१
एषामनन्तमभवत् सर्वेषां पुत्रपौत्रकम् ।
प्रायशो यत् पुरादग्ध जनमेजयमन्दिरे ॥४२

जटायु के पुत्र कर्णिकार और शटगामी ये दो परम प्रसिद्ध हुये थे। सारस, रज्जुबाल और भेरण्ड भी उसी के पुत्र थे ॥३६॥ उनके पुत्र और पौत्र जो हुए थे वे पक्षियो के अनन्त ही हुये थे। पुरातन समय मे सुरसा के एक सहस्र सर्प हुये थे। हे सुव्रत ! कद्रू के सहस्र शिर वालो के एक सहस्र सर्प हुए थे किन्तु हे अरिन्दम ! उनमे परम प्रमुख छब्बीस ही विख्यात हुए हैं॥३७,३८॥ उन छब्बीस प्रकार के प्रधान सर्पों के नाम तथा भेद इस प्रकार हैं-शेष-वासुकि-कर्कोट-शङ्ख-ऐरावत-कम्बल-धनञ्जय-महानील-पद्म-अश्वतर-तक्षक-एलापत्र-महापदम-धृतराष्ट्र-बलाहक-शङ्खपाल-महाशङ्ख-पुष्पदष्ट्र-शुभानन-शकुरोमा-बहुल-वामन-पाणिन-कपिल-दुर्मुख और पतञ्जलि-इनन मो से छब्बीस कहेगये हैं। इन सबके पुत्र और पौत्र जो हुए वे सबके अनन्त ही हुए थे। बहुधा जनमेजय ने अपने मन्दिर मे सर्पों के भस्म करने वाले यज्ञ मे प्राचीन काल मे दग्ध कर दिये थे ॥ ३६।४०।४१।४२ ॥

रक्षोगणं क्रोधवशा स्वनामानमजीजनत् ।
दंष्ट्रिणां नियुतं तेषां भीमसेनादगात्क्षयम् ॥४३
रुद्राणाञ्च गण तद्वद्गोमहिष्यो वराङ्गनाः ।
सुरभिर्जनयामास कश्यपात् संयतव्रता ॥४४
मुनिर्मुनीनाञ्च गणं गणमप्सरसां तथा ।
तथा किन्नरगन्धर्व्वानरिष्टाऽजनयद्बहून् ॥४५
तृण वृक्षलतागुल्ममिरा सर्वमजीनत् ।
व ६ र । र क्षासि जनयामास कोटिशः ॥४६
तत एकोनपञ्चाशन्मरुतः कश्यपाहितिः ।
जनयामास धर्म्मज्ञान् सर्वानमरवल्लभान् ॥४७

क्रोधवशा नाम वाली पत्नी ने अपने नाम वाले राक्षसों के गण को जन्म दिया था । दाढ वाली उनके संख्या मे नियुत ही हुए थे किन्तु भीमसेन से उनका क्षय हो गया हो था ॥४३॥ उसी भांति सुरभिनाम धारणी कश्यप की पत्नी से कश्यप ऋषि से ही रुद्रों के गण-गौ-भैंस और वराङ्गनाओ का जन्म संयत व्रत वाली होकर दिया था ॥ ४४ ॥ मुनि नाम की पत्नी ने मुनियो के गण तथा अप्सराओ के गण को उत्पन्न किया था । अरिष्टा पत्नी ने बहुत किन्नरों और गन्धर्वो को समुत्पन्न किया था ॥ ४५ ॥ इरा ने ये सभी वृक्ष तृण, लता और गुल्मो को जन्म दिया था । विश्वा नाम वाली कश्यपकी पत्नी ने करोड़ो ही यक्षो और राक्षसो को उत्पन्न किया था ॥ ४६ ॥ इसके अनन्तर दिति ने कश्यप जी से गर्भ धारण करके उनचास मरुद्गणो को प्रसूत किया था जो परम धर्मज्ञ थे और सभी देवताओ के परम प्रिय भी थे ॥४७॥

७ – आधिपत्याभिषेचन ।

आदिसर्गश्च य सूत ! कथितो विस्तरेण तु ।
प्रतिसर्गञ्चयेयेषामधिपास्तान् वदस्व नः ॥१
यदाभिषिक्त सकलाधिराज्ये पृथुर्धरित्र्यामधिपो बभूव ।
तदौषधीनामधिप चकार यज्ञव्रताना तपसाञ्च चन्द्रम् ॥२
नक्षत्र तारा-द्विज-वृक्ष-गुल्मलता-वितानस्य च रुक्मगर्भ. ।
अपामधीश वरुण धनाना राज्ञा प्रभु वैश्रवणञ्च तद्वत् ॥३
विष्णु रवीणामधिप वसूनामग्निञ्च लोकाधिपतिश्चकार ।
प्रजापतीनामधिप च दक्षञ्चकार शक्र मरुतामधीशम् ॥४
दैत्य.धिपानामथ दानवाना प्रह्लादमीशञ्यम पितृणाम् ।
पिशाचरक्ष:-पशु-भूत-यक्ष वेतालराजन्त्वथ शूलपाणिम् ॥५
प्रालेय शैलञ्च पति गिरीणामीश समुद्र ससरिन्नदानाम् ।
गन्धर्वविद्याधरकिन्नराणामीश पुनश्चित्ररथ चकार ॥६
नागाधिप वासुकिमुग्रवीय सर्पाधिप तक्षकमादिदेश ।
दिशाङ्गजानामधिपञ्चकार गजेन्द्रमैरावतनामधेयम् ॥७

ऋषिगण ने कहा – हे सूत जी ! आपने यह आदि सर्ग तो बड़े ही विस्तार के साथ वर्णन कर दिया है । अब इनके प्रत्येक सर्ग मे जिनके जो अधिप हुए हैं उनका भी वर्णन कर हमको बतलाने की कृपा कीजियगा । १ । महामुनीन्द्र श्री सूतजी ने कहा—जिस समय मे सम्पूर्ण राज्य मे इस धरित्री मे राजा पृथु अधिप का अभिषेक हुआ था उसी समय ये समस्त औषधियों का तथा यज्ञव्रत वाले तपो का अधिप चन्द्रमा को बनाया गया था ॥२॥ नक्षत्र, तारा, द्विज, वृक्ष, गुल्म लता वितान का रुक्म गर्भ को अधिप नियुक्त किया गया था सम्पूर्ण जलो का अधीश वरुण को बनाया गया था और उसी भाति समस्त प्रकार के धनों का तथा राजाओ का स्वामी कुबेर को बनाया गया था ॥३॥ रवियों का सबका अधिप विष्णु और समस्त वसुओ का लोकाधिपति अग्निदेव को

किया था प्रजापतियों का प्रधान अधिप दक्ष को और मरुतों का स्वामी इन्द्र को बनाया गया था ॥४॥ दैत्याधिपों का तथा दानवों का स्वामी प्रह्लाद को किया गया था और सब पितृगणों का अधीश यम को नियुक्त किया था। पिशाच, राक्षस, पशु, भूत, यक्ष, वेताल इन सबका राजा भगवान शूलपाणि को बनाया गया था ॥५॥ समस्त गिरियों का अधिप प्रालेय गिरि (हिमालय) का बनाया था तथा सब सर-सरित और नदों का अधीश्वर समुद्र को नियुक्त किया गया था। गन्धर्व-विद्याधर और किन्नरों का स्वामी फिर चित्ररथ को ही किया गया था ॥ ६ ॥ जितने भी नाग नामधारी थे उनका अधीश उग्रवीर्य वासुकि को किया था और सर्पों का स्वामी तक्षक को नियुक्त किया था। दिशांगजों का स्वामी ऐरावत नामधेय वाले गजेन्द्र को किया था ॥७॥

सुपर्णमीशञ्चततामथाश्वराजानमुच्चैःश्रवसञ्चकार ।
सिंहं मृगाणां वृषभं गवाञ्च वृक्षं पुनः सर्ववनस्पतीनाम् ॥८
पितामहः पूर्वमथाभ्यषिञ्चत्तान् पुनः सर्वदिशाधिनाथान् ।
पूर्वेण दिक्पालमथाभ्यषिञ्चन्नासुधर्माणमरातिकेतुम् ॥९
ततोऽधिपं दक्षिणतश्चकार सर्वेश्वरं शङ्खपदाभिधानम् ।
सकेतुमन्तञ्च दिगीशमीशश्चकार पश्चाद्भुवनाण्डगर्भः ॥१०
हिरण्यरोमाणमुदग्दिगीशं प्रजापतिर्देवसुतञ्चकार ।
अद्यापि कुर्वन्ति दिशामधीशाः शत्रून् दहन्तस्तु भुवोभिरक्षाम् ॥११
चतुर्भिरेभिः पृथुनामधेयो नृपोऽभिषिक्तः प्रथमं पृथिव्याम् ।
गतेऽन्तरे चाक्षुषनामधेये वैवस्वताख्ये च पुनः प्रवृत्ते ॥१२
प्रजापतिः सोऽस्य चराचरस्य बभूव सूर्यान्वयवंशचिन्हः ॥१३॥

जो पतनशील पक्षिगण थे उनका राजा सुपर्ण को किया था और सभी प्रकार के अश्वों का राजा उच्चैः श्रवस नाम वाले को बना दिया था। जितने भी प्रकार के वन्य पशु हैं उन सबका शिरोभूषण स्वामी सिंह बनाया गया था-गो जाति का अधिक वृषभ को और

सम्पूर्ण वनस्पतियों का अधीश वृक्ष को बनाया गया था ।८। पितामह ने सबसे पूर्व इनको अभिषिक्त किया और फिर उन्होंने ही इन समस्त दिशाओं के अधिनाथो का अभिषेक किया था । पूर्व दिशा मे दिक पाल सुधर्मा नाम वाले को बनाया था जो अराति केतु हैं ।९। इसके अनन्तर दक्षिण दिशा का पालक अधीश्वर शखपद अभिधान वाले सर्वेश्वर को बनाया था । फिर भुवनाण्ड गर्भ ने सकेतुमान ईश को दिगीश किया था ।।१०। प्रजापति ने उत्तर दिशा का दिक्पाल स्वामी देवसुत हिरण्य रोमा को बनाया था । ये सब दिक्पाल परम पुरातन समय में नियुक्त किये गये थे किन्तु वे तभी से आज तक भी दिशाओ के अधीश्वर शत्रुओ का दाह करते हुए इस भू मण्डल की रक्षा कर रहे हैं ।११। इन चारो के द्वारा पृथु नाम वाला राजा सर्व प्रथम पृथ्वी मे अभिषिक्त किया गया था । जब चाक्षुष नाम वाला मन्वन्तर समाप्त हो गया था और वैवस्वत नाम वाला मन्वन्त प्रवृत्त हो गया था उस समय मे इस चराचर सम्पूर्ण विश्व का सूर्यान्वय वश के चिन्ह वाला प्रजापति हुआ था ।।१२, १३।।

---

८ — मनवन्तर वर्णन

एव श्रुत्वा मनुः प्राह पुनरेव जनार्दनम् ।
पूर्वेषाञ्चरित ब्रूहि मनूना मधुसूदन ।।१
मन्वन्तराणि सर्वाणि मनूना चरितञ्च यत् ।
प्रमाणञ्चैवकालस्यतच्छृणुष्वसमाहितः ।।२
एकचित्त प्रशान्तात्मा शृणु मार्तण्डनन्दन ।
यामनामपुरादेवाआसन् स्वाट्म्भुवान्तरे ।।३
सप्तैऋषयः पूर्वे ये मरी यादयः स्मृताः ।
आग्नीध्रश्चाग्निबाहुश्च सहः सवन एव च ।।४

ज्योतिष्मान्द्युतिमान्हव्योमेधामेधा तिथिर्वसुः ।
स्वायम्भुवस्यास्यमनोर्दशैतेवशवर्द्धनाः ॥५
प्रतिसर्गमिमे कृत्वा जग्मुर्यत्परमम्पदम् ।
एतत्स्वायम्भुवंप्रोक्तं स्वारोचिषमतः परम् ॥६
स्वारोचिषस्य तनयाश्चत्वारो देववर्चसः ।
नभो नभस्यप्रसृतिभानवः कीर्तिवर्द्धनाः ॥७

श्री सूत जी ने कहा—इस प्रकार से सबका श्रवण करके मनुने पुनः भगवान् जनार्दन से कहा था कि हे मधुसूदन ! अब आप परमानुग्रह करके पूर्व मे होने वाले मनुगण का चरित हमारे सामने वर्णित कीजिए ।१। श्री मत्स्य भगवान् ने कहा—अब आप सब लोग पूर्ण रूप से समाहित हो जाइये और श्रवण करिये । मैं सम्पूर्ण मन्वन्तर और मनुष्यो के चरित्र तथा उनके काल का प्रमाण सभी कुछ बतलाता हू ।२। हे मार्त्तण्ड नन्दन ! एकनिष्ठ चित्त वाले और परम प्रशान्त आत्मा वाले होकर आप सुनिए । पहिले परम पुरातन समय मे यामा नाम वाले स्वायम्भुव मन्वन्तर मे देवता हुए थे ।३। मरीचि आदि पूर्व में ये ही सप्त ऋषि हुए थे । आग्नीध्र—अग्नि बाहु—सह—सवन—ज्योतिष्मान् द्युतिमान्—हव्य—मेधा—मेधातिथि—वसु ये दश ही स्वायम्भुव मनु के वंश के वर्धन करने वाले हुए हैं अर्थात् इन्होने वश को बढाया था ॥४, ५॥ प्रत्येक सर्ग में ये परम पद को प्राप्त हुए थे—यही स्वायम्भुव मन्वन्तर का चरित है जो तुमको बता दिया गया है । अब इसके आगे स्वारोचिष मन्वन्तर आता है ॥६ स्वारोचिष मनु के देवो के समान वर्चस् वाले चार पुत्र हुए थे उनके शुभ नाम ये हैं—नभ—नभस्य—प्रसृति और भानु । ये सभी कीर्त्ति की वृद्धि करने वाले थे ॥७

दत्तोनिश्चयवनस्तम्बः प्राणः कश्यप एप च ।
और्वो वृहस्पतिश्चैवसप्तैतेऋषेयःस्मृताः ॥८
देवाश्च तुषितानामस्मृता.स्वारोचिषेऽन्तरे ।

हवीन्द्रःसुकृतोमूर्तिरापोज्योतिरयस्मयः ॥९
वसिष्ठस्य सुताः सप्त ये प्रजापतयः स्मृता. ।
द्वितीयमेतत्कथित मन्वन्तरमतः परम् ॥१०
औत्तमीय प्रवक्ष्यामि तथामन्वन्तरं शुभम्।
मनर्नामोत्तमियंस्तु दशपुत्रानजीजनत् ॥११
ईषऊरव तनूरव शुचिः शुक्रस्तथैव च ।
मधुश्च माधवश्चैव नभस्योऽथ नभास्तथा ॥१२
सह कनीयानेतेषामुदार. कीर्त्तिवर्द्धनः ।
भावनास्तत्र देवा स्युरूर्जा सप्तपयःस्मृता. ॥ १३
कौकुरुण्डिश्च दाल्भ्यश्च शख. प्रवहण शिवः ।
सितश्चसस्मितश्चैवसप्तैतेयोगवर्द्धना. ॥१४

स्वारोचिष मन्वन्तर मे हवि, निष्प्रयन, स्तम्ब, प्राण, कश्यप, ओर्व और बृहस्पति ये सात ही सप्तर्षि कहे गये हैं ॥९ स्वारोचिष मन्वन्तर मे देवता तो तुषित नाम वाले ही थे । हवीन्द्र, सुहृत, मूर्ति, आपज्योति, अयसमय ये सात वसिष्ठ ऋषि के पुत्र ही उस समय मे प्रजापति कहे गये हैं । यह दूसरा जो स्वारोचिष नाम वाला मन्वन्तर था उसका भी वर्णन कर दिया गया है । इससे आगे तीसरा मन्वन्तर का वर्णन करते हैं । इसके समय मे औत्तमि नाम वाले मनु ने दश पुत्रो को जन्म ग्रहण कराया था ॥११ उन दशो पुत्र के शुभ नाम ये हैं—ईष, ऊर्ज, तनूर्ज शुचि, शुक्र, मधु, माधव, नभस्य, नभा और सह । इनमे कनीयान् जो था वह उदार और कीर्ति वर्धन था । उस औत्तमीय मन्वन्तर मे भावना वाले देवगण थे और ऊर्ज सप्तर्षि हुए थे ॥१२, १३॥ कौकुरुण्डि, दाल्भ्य, शख, प्रवहण, शिव, सित, सस्मित ये ही सात योग की वृद्धि करने वाले थे ॥१४

मन्वन्तर चतुर्थं तु तामस नाम विश्रुतम् ।
मनि पृथुस्तथैवाग्निरकपि कपिरेव ॥१५

तथैव जल्पधीमानो मुनयः सप्तनामतः ।
साध्या देवगणा यत्र कथितास्तामसेऽन्तरे ॥१६
अकल्मषस्तथा धन्वी तपोमूलस्तपोधनः ।
तपो रति तपस्यश्च तपोद्युतिपरन्तपौ ॥१७
तपो भागी तपो योगो धर्माचाररताः सदा ।
तामसस्य सुताः सर्वेदशवर्शावबर्द्धनाः ॥१८
पञ्चमस्य मनोस्तद्वद्रैवतस्यान्तर शृणु ।
ऐन्द्रबाहुः सुबाहुश्च पर्जन्यः सोमपो मुनिः ॥१६
हिरण्यरोमा सप्ताश्वः सप्तते ऋषयः स्मृताः ।
देवाश्चाभूतरजसस्तथाप्रकृतयः शुभाः ॥२०

तीन मन्वन्तरो का वर्णन किया जा चुका है अब चौथे मन्वन्तर को बतलाया जाता है जिसका तामस नाम प्रसिद्ध है । कवि, पृथु, अग्नि, अकपि, कपि, अत्र और धीमान् ये ही इन नामो वाले सात मुनिगण और साध्य नाम वाले देवगण इस तामस मन्वन्तर मे हुए थे ॥१५, १६॥ तापस मनु के भी दश पुत्र हुए थे जो मभी वंश के वर्धन करने वाले थे। उनके नाम-अकल्मष, धन्वी, तपोमूल, तपोधन, तपोरति, तपस्य, तपोद्युति, परन्तप, तपोभागी, तपोयोगी ये हैं और ये सदा धर्म्म के आचार मे ही रति रखने वाले थे ॥१७, १८॥ इसके अनन्तर अब उसी प्रकार से पञ्चमनु रैवत नाम वालेक अन्तर आप लोग श्रवण करिये। इस पाँचवें मन्वन्तर मे ऐन्द्रबाहु-सुबाहु-पर्जन्य-मुनि-हिरण्य सेमा और सप्ताश्च ये सात सप्तर्षि कहे गये थे । देवता आभूत रजस हुए थे तथा शुभ प्रकृतियाँ थीं ॥ १६, २० ॥

अरुणस्तत्वदर्शीचधृतिमान्द्रव्यवान्कविः ।
युक्तोनिरुत्सुकःसत्वोनिर्मोहोऽथप्रकाशक. ॥२१
धर्मवीर्यबलोपेता दशैते रैवतात्मजाः ।
भृगु. सुधामा विरजाः सहिष्णुर्नद एव चा ॥२२

विवस्वानतिनामा च षष्ठे सप्तर्षयोऽपरे ।
चाक्षुषस्यान्तरे देवालेखा नाम परिश्रुताः ॥ २३
ऋभवोऽथ ऋभाद्याश्चवारिमूलादिवौकसः ।
चाक्षुषस्या तरेप्रोक्तादेवानापञ्चयोनयः ॥२४
रुरुप्रभृतयस्तद्वच्चाक्षुषस्य सुता दश ।
प्रोक्ताः स्वायम्भुवे वंशे ये मयापूर्वमेव तु ॥२५
अन्तर चाक्षुष ्रोतन्मया ते परिकीर्त्तितम् ।
सप्तम तत्प्रवक्ष्यामि यद्वैवस्वतमुच्यते ॥२६
अत्रिश्चौव वसिष्ठश्च कश्यपोगौतमस्तथा ।
भरद्वाजस्तथायोगीविश्वामित्रः प्रतापवान् ॥२८

अरुण—तत्त्वदर्शी—धृतिमान्—हव्यवान्—कवि-युक्त—निरुत्सुक—सत्त्व-निर्मोह - प्रकाशक इन नामो वाले धर्म तथा वीर्यबल से समन्वित रैवत मनु के दश पुत्र समुत्पन्न हुए थे । भगु, सुधामा, विरजा, सहिष्णु नाद विवस्वान, अतिनामा ये छठवें मन्वन्तर में दूसरे सप्तर्षि गण थे । चाक्षुष मन्वन्तर मे लेखा नाम वाले देवता हुए थे जो पूर्णरूपा परिश्रुत हैं ॥ २१, २२, २३ ॥ चाक्षुष मन्वन्तर मे देवो की पाँच योनियाँ बतलाई गयी हैं—ऋभु ऋभाद्य—वारिमूल और दिनौवस ये उनके नाम हैं ॥ २४ ॥ इसी प्रकार से चाक्षुष मनु के रुरु प्रभृति दश पुत्र समुत्पन्न हुए थे जिनका वर्णन मैंने स्वायम्भुव के वश मे पहिले ही कर दिया है ॥२५॥ इसके अनन्तर मैंने यह चाक्षुष मन्वन्तर परिकीर्तित किया है । अब सातवाँ मन्वन्तर बतलाते हैं जिसको वैवस्वत मन्वन्तर कहा जाता है । इस मन्वन्तर में अत्रि, वसिष्ठ, कश्यप, गौतम, भरद्वाज तथा प्रताप वान् योगी विश्वामित्र और जय हानि ये सात इस वर्त्तमान समय मे सात महर्षि हैं । ये सब धर्म की व्यवस्था करके परम पद को चले जाते हैं । ॥२६॥२७॥२८॥

साध्याविश्वेरुद्राश्चमरुतोवसवोऽश्विनौ ।
आदित्याश्चासुरास्तद्वत्सप्तदेवगणाःस्मृताः ॥२९

इक्ष्वाकुप्रमुखाश्चास्य दशपुत्राः स्मृता भुवि ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु सप्त सप्तमहर्षयः ॥३०
कृत्वा धर्म्मंव्यवस्थानं प्रयन्तिपरमम्पदम् ।
सावर्ण्यस्यप्रवक्ष्यामिमनोर्भावितथान्तरम् ॥३१
अश्वत्थामा शरद्वांश्चकौशिकोगालवस्तथा ।
शतानन्द काश्यपश्चरामश्चऋषयःस्मृताः ॥३२
धृतिवंरीयान् यवसः सुवर्णो वृष्टिरेव च ।
चरिष्णुरीड्यः सुमतिर्वसुः शुकश्च वीर्यवान् ॥३३
भविष्यादशसावर्णेर्मनोःपुत्राःप्रकीर्त्तिताः ।
रौ-यादयस्तथान्येऽपिमनवः सम्प्रकीर्तिताः ॥३४
रुचेः प्रजापतेः पुत्रो रौन्यो नाम भविष्यति ।
मनुर्भूतिसुतस्तद्वद्भौत्योनामभविष्यति ॥ ३५

इस मन्वन्तर में साध्य, विश्वेदेवा, रुद्र, मरुद्गण, वसुगण, अश्विनि कुमार, आदित्य और सुरये उसी भाँति सात देवगण कहे गये हैं ॥२९॥ इस वैवस्वत मनु के इक्ष्वाकु जिनमे प्रमुख थे ऐसे दस पुत्र इस भू मण्डल मे बताये गये हैं। इस रीति से सभी मन्वन्तरो मे सात-सात ही महर्षि हुए हैं ॥३०॥ ये सब महर्षि इसीलिये हुआ करते हैं कि अपने २ मन्वन्तर मे धर्म की ठीक व्यवस्था कर देवें। इसके उपरान्त ये सप्तर्षि परम पद को चले जाया करते हैं। अब भावी मनु सावर्ण्य का अन्तर भी हम बतला दिये देते हे। इस भावी मन्वन्तर मे भी उसी भाँति सात महर्षियों का गण होगा। अश्वत्थामा, शरद्वान्, कौशिक, गालव, शतानन्द, कश्यप और राम ये सात ऋषि कहे गये हैं। इस मनु के भी दश पुत्र हैं उनके नाम धृति, वरीयन् यवस, सुवर्ण, वृष्टि, चरिष्णु, ईड्य, सुमति, वसु, शुक्र जो महान् वीर्य वाला है। ये आगे होने वाले सावर्णि मनु के दस पुत्र होगे जिनके नाम यहाँ पर कीर्त्तित कर दिये गये हैं। इनके अतिरिक्त रौच्य प्रभृति अन्य भी मनु बतलाये गये हैं। रुचि नामधारी प्रजापति का

पुत्र रौच्य नाम वाला होगा। इसी प्रकार से भविष्य मे भूतिकी पुत्र एक भौत्य नाम वाला भी मनु होगा ॥३१, ३२, ३३, ३४, ३५॥

ततस्तु मेरुसावर्णिब्रह्मसूनुर्मनुः स्मृतः ।
ऋतश्च ऋतधामाचविष्वक्सेनोमनुस्तथा ॥३६
अतीतानागताश्चैते मनवः परिकीर्तिता. ।
पड्डून युगसाहस्त्रमेभिर्व्याप्त नराधिप ॥३७
स्वेस्वेऽन्तरे सर्वमिदमुत्पाद्य सचराचरम् ।
कल्पक्षये विनिवृत्ते मुच्यन्तेब्रह्मणा सह ॥३८
एतेयुगसहस्रान्तेविनश्यन्तिपुन.पुन ।
ब्रह्माद्याविष्णुसायुज्ययातायास्यन्ति वैद्विजा. ॥३९

इनके पश्चात् ब्रह्मा का पुत्र मेरु सावर्णि मनु बनाया गया है। ऋत, ऋतधामा, विष्वकसेन भी मनु कहे गये हैं जो सभी आगे समागत समय मे ही होगे। जो मनु अब तक हो चुके हैं वे अतीत मन्वन्तर और जो अब यहाँ से आने वाले मनु हैं उन सबको परिकीर्तित कर दिया गया है। हे नराधिप ! इन मनुओ के द्वारा छै कम एक सहस्र युगो का समय व्याप्त होता है। ये सभी मनु अपने २ अन्तर मे इस सम्पूर्ण चराचर विश्व का समुत्पादन करके नव कल्प का क्षय होता है उस समय मे कल्प की विनिवृत्ति मे ब्रह्मा के साथ ही मुच्यमान हो जाया करते हैं। इसी प्रकार से ये सब एक सहस्र युगो के अन्त मे बारम्बार विनष्ट हो जाया करते हैं। हे द्विजगण ! ब्रह्मा आदि सभी विष्णु भगवान् के सायुज्य मे गये हुए बसे जायेंगे ॥ ३६, ३७, ३८, ३९ ॥

६—पृथ्वीदोहन

बहुभिर्धरणी भुक्ता भूपालैः श्रूयतेपुरा ।
पार्थिवा.पृथिवीयोगात्पृथिवीकस्य योगतः ॥ १

किमर्थञ्चकृतासंज्ञाभूमेःकिपारिभाषिणी ।
गौरितीयञ्चविख्यातासूत ! कस्माद्ब्रवीहिनः॥२
वंशे स्वायम्भुवस्यासीदङ्गो नाम प्रजापतिः ।
मृत्योस्तुदुहितातेनपरिणीतासुदुर्मुखा ॥३
सुनीथा नाम तस्यास्तु वेनो नामसुतः पुरा ।
अधर्म्मनिरतश्चासीद्बलवान्वसुधाधिपः ॥४
लोकेऽप्यधर्म्मंकृज्जातः परभार्यापहारकः ।
धर्माचारस्य सिद्धयर्थंजगतोऽयमहर्षिभिः ॥५
अनुनीतोऽपि न ददावनुज्ञां स यदा ततः ।
शापेन मारयित्वैनमराजकभयार्दिताः ॥६
ममन्थु ब्राह्मणास्तस्यवद्देहमकल्मषाः ।
पितुरशस्य चांशेन धार्मिको धर्म्मचारिण. ॥७

महर्षि गण ने कहा—यह सुना जाता है कि पहिले बहुत से भूपालों ने इस पृथ्वी का भोग किया है। इस पृथ्वी के नाम से राजाओं को इसका अधिप या भोग करने वाले होने से पार्थिव कहा गया है। पृथ्वी का जो यह नाम हुआ है वह किसके योग से पड़ा है ? भूमि की यह संज्ञा (पृथ्वी) किस लिये हुई है और क्या परिभाषण करने वाली है अर्थात् इससे क्या बतलाया जाता है। इस धरणी का 'गौ' यह भी नाम कहा जाता है और यह नाम भी परम विख्यात है—यह इसका नाम किस कारण से पड़ा है यह कृपा करके आप हमको बतला दीजिये ॥ १ ॥ २ ॥ सूतजी ने कहा—स्वायम्भुव मनु के वंश में अङ्ग नाम वाला प्रजापति हुआ था। उसने मृत्यु की दुहिता सुदुर्मुखा से परिणय किया था ॥ ३ ॥ उसका सुनीथा नाम था और पहिले वेन नाम का सुत था। यह वेन सर्वदा अधर्म में ही निरत रहा करता था और महान् बलवान् वसुधा का स्वामी था ॥ ४ ॥ यह लोक में भी अधर्म के करने वाला हुआ था और यह पराई भार्या के अपहरण करने वाला था।

जगत् के धर्माचार की सिद्धि के लिये महर्षियों के द्वारा इसको अनुनीत भी किया गया था तो भी जिस समय मे अनुज्ञा नहीं दी तो ऋषिगण ने शाप देकर उसके द्वारा इसका हनन कर दिया था और फिर वे अराजकता के भय से अर्दित हो गये थे ॥ ५ ॥ ६ ॥ कल्मष से रहित ब्राह्मणों ने बलपूर्वक उसके देह का मन्थन किया था। मन्थन की हुई उसकी कामा से म्लेच्छ जाति वाले लोग नियमित हुए थे ॥७॥

शरीरे मातुरंशेन कृष्णाञ्जनसमप्रभा ।
पितुरंशस्य चांशेन धार्मिको धर्मंचारिण. ॥८
उत्पन्नो दक्षिणाद्धस्तात्स धनुः सशरोगदी ।
दिव्यतेजोमयवपु सरत्नकवचाङ्गदः ॥९
पृथोरेवा भवद्यत्नात् ततः पृथुरजायत ।
स विप्रैरभिषिक्तोऽपितपः कृत्वा सुदारुणम् ॥१०
विष्णोर्वरेण सर्वस्य प्रभुत्वमगमत्पुन. ।
नि.स्वाध्यायवषट्कारनिर्धर्मंवीक्ष्य भूतलम् ॥११
दग्धुमेवोद्यत. कोपाच्छरेणामितविक्रम ।
ततो गोरूपमास्थाय भूः पलायितुमुद्यता ॥१२
पृष्ठतोऽनुगतस्तस्याः पृथुर्दीप्तशरासनः ।
तत स्थित्वैकदेशे तु किं करोमीतिचाब्रवीत् ॥१३
पृथुरत्यवदद्वाक्यमीप्सितं देहि सुव्रते ।
सर्वस्य जगतः शीघ्र स्थावरस्य चरस्य च ॥१४

माता के अंश से शरीर से वे कृष्ण अञ्जन के समान प्रभा वाले हुए थे पिता के अंश के द्वारा जो धर्मचारी था धार्मिक हुआ था ॥८॥ दाहिने हाथ से धनुष-शर के सहित गदाधारी समुत्पन्न हुआ था। उस समुद्भूत व्यक्ति के शरीर का परम दिव्य तेज था और उसका वह दिव्य तेज पूर्ण शरीर रत्न जटित कवच और अङ्गदों से विभूषित था ॥ ९॥ यह अधिक यत्न से समुत्पन्न हुआ था इसलिये यह पृथु ही हुआ

था। विप्रों के द्वारा राज्यासन पर उसका अभिषेक भी किया गया था तो भी वह सुदारुण तप करके भगवान् विष्णु के वरदान से इस समस्त भू-मण्डल का प्रभु बन गया था। उसने भूमिपति होकर देखा था कि यह सम्पूर्ण भूतल स्वाध्याय वषट्कार और धर्म से रहित हो गया है ॥१०।११॥ उस ऊपर स्थित बल विक्रमशाली राजा ने जब भूतल का धर्म शून्य देखा तो उसे बड़ा भारी क्रोध हो गया था और कोप से शर के द्वारा उसको दग्ध कर देने को उद्यत हो गया था। जब राजा का इस प्रकार का भीषण क्रोधावेश देखा तो भूमि गौ रूप मे समास्थित होकर भय से वहा से भागने को उद्यत हो गई थी ॥१२॥ दीप्त शरासन वाले महाराज पृथु भी उसी के पीछे २ अनुगमन करने लगे थे। इसके उपरान्त जब उसने देखा था राजा पीछे २ खदेड़ते हुए ही बर बर चले आ रहे हैं तो वह एक स्थान मे घबड़ा कर स्थित हो गई थी और राजा से बोली—मैं क्या करू ? मुझे आप-ही बतलायें ॥१३॥ पृथु ने भी यही कहा था—हे सुव्रते ! जो भी सबके अभीष्ट पदार्थ हैं उनको तुम दो। स्थावर और चर सम्पूर्ण जगत् का अभीष्ट तुम्हे देना चाहिए ॥१४॥

तथैव सा ब्रवीद्भूमिर्दुदोह स नराधिपः ।
स्वके पाणौ पृथुवत्स कृत्वा स्वायम्भुव मनुम् ॥१५
तदन्नमभवच्छुद्धं प्रजाजीवन्तियेनवै ।
ततस्तु ऋषिंमिदुग्धावत्सः सोमस्तदाभवत् ॥ १६
दोग्धावृहस्पतिरभूत्पात्रं वेदस्तपोरसः ।
वेदैश्च वसुधा दुग्धा दोग्धामित्रस्तदा भवत् ॥१७
इन्द्रोवत्सः समभवत् क्षीरमूर्जस्करं बलम् ।
देवानां काञ्चनं पात्रं पितृणां राजतंतथा ॥१८
अन्तकश्चाभवद्दोग्धायमोवत्सःस्वधा रसः ।
अलाबुपात्रं नागानांतक्षकोवत्सकोऽभवत् ॥१९
विषं क्षीरं ततो दोग्धा धृतराष्ट्रोऽभवत्पुनः ।

असुरैरपि दुग्धेयमायसे शक्रपीडिनीम् ॥२०
पात्रे मायामभूद्वत्स. प्राह्लादिस्तु विरोचन. ।
दोग्धाद्विमूर्धा तत्रासीन्मायायेनप्रवर्त्तिता ॥२१

भूमि ने उसी भाँति कहा था और उस नराधिप ने दोहन किया था। पृथु ने अपने हाथ मे स्वायम्भुव मनु को वत्स बनाकर ही दोहन किया था ॥१५॥ वह अन्न शुद्ध हो गया था जिससे प्रजा जीवित रहा करती है। इसके पश्चात फिर ऋषियो ने दोहन किया था उस समय मे वत्स सोम हुआ था ॥१६॥ फिर दोग्धा बृहस्पति हुए थे और पात्र तो वेद था तथा तप रस था। वेदों के द्वारा भूमि दोग्ध हुई थी उस समय मे दोहन करने वाले मित्र थे ॥१७॥ इन्द्र वत्स बना था और उस का जो क्षीर था वह ऊर्जस्कर बल था। देवो का जो पात्र था वह तो सुवर्णमय अर्थात् सुवर्ण का था और पितृगणों का पात्र राजत अर्थात् चाँदी का था ॥१८॥ जिस समय मे अन्तक यमराज ने भूमि का दोहन किया था और अन्तक स्वय दोग्धा बने थे उस समय वत्स और स्वधा रस था। नागो का पात्र तो अलाबु था और तक्षक वत्स बना था ॥१९॥ उस समय म विष ही क्षीर था। इसके अनन्तर पुनः धृतराष्ट्र दोग्धा हुए थे। इस का दोहन असुरों के द्वारा भी हुआ था आयस पात्र अर्थात् लोहे के शुक्रपीडिनी थी भोक्त्री हुआ। पात्र मे माया को दुहा था और उस समय मे प्रह्लाद ही विरोचन वत्स हुआ था। वहा पर दोग्धा दो मूर्द्धाओ वाला था जिसने माया को प्रवर्त्तित किया था ॥२१॥

यक्षैश्च वसुधा दुग्धा पुरान्तर्द्धानमोषुभिः ।
कृत्वा वैश्रवण वत्समामपात्रे महीपते ॥२२
प्रेतैरस्थिगणैर्दुग्धा धारा रुधिरमुल्वणम् ।
गोधनाभोऽभवद् दोग्धा सुमाली वत्सएवच ॥२३
गन्धर्वैश्चपुरादुग्धा वसुधा साप्सरोगणैः ।

वत्सं चैत्ररथं कृत्वा गन्धान् पद्मदलेतथा ॥२४
दोग्धा वररुचिर्नामनाट्यदेवस्य पारगः ।
गिरिभिर्वसुधा दुग्धा रत्नानि विविधानि च ॥२५
औषधानिच दिव्यानि दोग्धा मेरुर्महाचलः ।
वत्सोऽभूद्धिमवांस्तत्र पात्रंशैलमयंपुनः ॥२६
वृक्षैश्चवसुधादुग्धा क्षीरं छिन्नप्ररोहणम् ।
पालाशपात्रंदोग्धातु शालःपुष्पलताकुलः ॥२७
प्लक्षोऽभवत्ततो वत्सःसर्ववृक्षोघनाधिपः ।
एवमन्यैश्च वसुधा तदा दुग्धायथेप्सितम् ॥२८

पहिले अन्तर्धान की इच्छा रखने वाले यक्षों के द्वारा भी वसुधा दुही गयी थी। हे महीपते! उस समय में सामवेद को पात्र बनाया था तथा वैश्रवण (कुवेर) को वत्स बनाया गया था ॥२२॥ इस धरा का दोहन प्रेत और राक्षस गणों के द्वारा भी किया गया था अति बलवान रुधिर दुहा गया था। रौप्य नाम दोग्धा हुए थे और सुमाली वत्स हुआ था ॥२३॥ पहिले काल में गन्धर्वों ने भी इस वसुधा को दुहा था जो कि अप्सरागों के गणों के साथ मिल कर ही दोहन किया गया था। उन्होंने चैत्र रथ को वत्स बनाया था और पद्मों के दलों में गन्धों को दुहा था ॥२४॥ वररुचि नाम वाला तो वसुधा का दोग्धा हुआ था जो कि वर रुचि नाटय वेद का पारगामी धुरन्धर विद्वान् था। गिरियों के द्वारा इस वसुधा का दोहन किया गया था जिस में विविध भाँति के रत्नों का दोहन हुआ था ॥२५॥ महान् अचल मेरु के द्वारा दिव्य औषधियों का दोहन हुआ था। उस दोहन के समय में वत्स हिमाचल बना था और शैलमय ही पात्र था ॥२६॥ वृक्षों ने वसुन्धरा का दोहन किया था जिस दोहन में छिन्न हुए वृक्षों का पुनः प्ररोहण हो जाना क्षीर था। पलाश (ढाक) का पात्र था और पुष्प तथा लताओं से समाकीर्ण शाल वृक्ष दोग्धा अर्थात् दोहन करने वाला था ॥२७॥ उस काल में प्लक्ष (पाकर)

ही जो समस्त वृक्षो का धनाधिप है वरस हुआ था। इसी रीति से इस वसुधा का उस काल मे अन्यो के द्वारा भी यथेच्छ रूप से दोहन किया गया था ॥२८॥

आयुर्धनानि सौख्यञ्चपृथौ राज्यंप्रशासति।
न दरिद्रस्तदा कश्चिन्नरोगीन च पापकृत् ॥२९
नोपसर्गमयकिञ्चित पृथीराजनिशासति।
नित्यप्रमुदितालोका दुःखशोकविवर्जिताः ॥३०
धनुष्कोटयाच शैलेन्द्रानुत्सार्य्यसमहाबलः।
भुवस्तलसमञ्चक्रे लोकानाहितकाम्यया ॥३१
न पुरग्रामदुर्गाणि नचायुधधरा नराः।
स्तेयातिशयदु खञ्च नार्थशास्त्रस्य चोदरः ॥३२
धर्मैकवासनालोका पृथौ राज्य प्रशासति।
कथितानिचपात्राणि यत्क्षीरञ्चमयातेव ॥३३
येषां यत्र रुचिस्तत्तद्देय तेभ्यो विजानता।
यज्ञश्राद्धेषु सर्वेषु मया तुभ्य निवेदितम् ॥३४
दुहितृत्वङ्गता यस्मात् पृथोर्धर्म्मवतो मही।
तदानुरागयोगाच्च पृथिवी विश्रुता-बुधैः ॥३५

'जिस समय मे यहाँ पर भू मण्डल में महाराज पृथु राज्य का प्रशासन कर रहे थे उस समय यहाँ आयु—सौख्य और धन सभी कुछ था। उस काल मे यहाँ पर कोई भी दीन दरिद्र नही था और न कोई रोग से ही समाक्रान्त व्यक्ति था और न कोई भी पाप कर्म्मों में ही करने वाला था ॥२९॥ पृथु राजा के शासन काल मे किसी भी प्रकार के उपसर्ग का भय किसी को भी नहीं था। सभी लोग नित्य ही परम प्रमुदित थे और सभी लोग दुःख तथा शोक से रहित थे ॥३०॥ उस महान् बलशाली राजा ने अपने धनुष की कोटि के द्वारा बड़े २ विशाल समुच्च शैलों को उत्सारित करके इस तल को समतल कर दिया था तथा

ऊबड़ खाबड़पन हटाकर लोको के हित के सम्पादन की कामना से परम सुन्दर इसको बना दिया था ॥३१॥ उस राजा के शासन काल मे नगर और ग्रामो म कोई भी सुरक्षा सम्पादनार्थ दुर्ग आदि की आवश्यकता ही नही थी। और कोई भी मनुष्य आयुधों को धारण करने वाले भी नही थे क्योकि अस्त्रायुधो की कोई आवश्यकता ही नही रही थी। क्षय के अतिशय होने का दुःख लेशमात्र भी नही था तथा अर्थशास्त्र का कुछ भी समादर उस समय मे नही रह गया था ॥३२॥ राजा पृथु महाराज के द्वारा प्रशासन की बागडोर हाथ मे ग्रहण करने पर सभी लोग एक मात्र धर्म्म की वासना रखने वाले हो गये थे। हमने दोहन के पात्र और क्षीर सब बतला दिये हैं ॥३३॥ जिनकी जहा पर रुचि थी वही विशेष ज्ञान रखने वाले पुरुष को उनको देना चाहिए। यज्ञो मे और श्राद्धो मे सब मे रुचि के अनुसार ही दान करना चाहिए यह हमने तुम को बतला दिया है ॥३४॥ क्योकि राजा पृथु के होने पर यह धर्मवती पृथ्वी उसकी दुहिता के स्वरूप वाली हो गई थी। यह उस मे एक विशेष अनुराग का ही योग था इसी कारण से पृथु के ही नाम से इस वसुधा का नाम भी लोक मे पृथ्वी यह विश्रुत हो गया था। जिसे सुध लोग कहा करते हैं ॥३५॥

१०—आदित्याख्यान

आदित्यवंशमखिलं वद सूत ! यथाक्रमम् ।
सोमवंशञ्च तत्वज्ञ ! यथावद्वक्तुमर्हसि ॥१
विवस्वान् कश्यपात् पूर्वमदित्यामभवत्सुतः ।
तस्यपत्नीत्रयं तद्वत्संज्ञा राज्ञी प्रभा तथा ॥२
रैवतस्य सुता राज्ञी रेवत सुषुवे सुतम् ।
प्रभा प्रभात सुषुवे त्वाष्ट्रीसंज्ञा तथा मनुम् ॥३

यमश्च यमुना चैव यमलौ तु बभूवतुः ।
ततस्तेजोमयं रूपमसहन्ती विवस्वतः ॥४
नारीमुत्पादयामास स्वशरीरादनिन्दिताम् ।
त्वाष्ट्रीस्वरूपेणनाम्ना छायेतिभामिनीतदा ॥५
किङ्करोमीति पुरतः स्थिता तामभ्यभाषत ।
छाये ! त्वं भज भर्तारमस्मदीय वरानने ! ॥६
अपत्यानि मदीयानि मातृस्नेहेन पालय ।
तथेत्युक्ता तु सा देवमगमत् क्वापि सुव्रता ॥७

ऋषियों ने पूछा था—हे सूतजी ! सूर्य्य का सम्पूर्ण वंश आप हमारे सामने वर्णन कीजिए जो कि सब क्रमपूर्वक हो । हे तत्वों के पूर्ण ज्ञाता विद्वन् ! इसी भाँति चन्द्रवंश का भी यथावत् वर्णन करने के लिये आप परम योग्य हैं ॥ १ ॥ महा मुनीन्द्र सूतजी ने कहा—सबसे पूर्व में कश्यप महर्षि में अदिति नाम धारिणी पत्नी के उदर से विवस्वान् सुत ही समुत्पन्न हुआ था । उस विवस्वान् (सूर्य) की तीन पत्नियाँ थीं और उनके नाम संज्ञा - राज्ञी और प्रभा य थे ॥ २ ॥ राज्ञी रैवत की पुत्री थी और उसने रैवत सुत को जन्म दिया था । प्रभा नाम वाली ने प्रभात को प्रसूत किया था तथा त्वाष्ट्री संज्ञा ने मनु को समुत्पन्न किया था ।३। यम ने यमुना समुद्भूत की थी । ये यमल हुए थे । यह विवस्वान के उस तेजोमय स्वरूप को सहन करने वाली नहीं थी ॥ ४,॥ उसने अपने शरीर से एक अनिन्दित नारी को समुत्पादित किया था । उस समय में यह भामिनी स्वरूप से त्वाष्ट्री और नाम से छाया थी ॥ ५ ॥ 'मैं इस समय में क्या करूँ'—यह कहने वाली जब सामने यह स्थित हुई तो उससे कहा था—हे छाये ! हे वर आनन वाली ! तुम हमारे ही स्वामी का भजन करो ॥ ६, ६ ॥ जो मेरी सन्तति हो उसे आप माता के समान स्नेह के द्वारा ही पालन करो । 'तथास्तु' अर्थात् ऐसा ही होगा—यह कह कर वह सुव्रता कहीं पर तप के समीप में पहुँच गई थी ॥ ७ ॥

कामयामास देवोऽपि संज्ञेयमितिचादरात् ।
जनयामास तस्यांतु पुत्रञ्च मनुरूपिणम् ॥ ८
सवर्णत्वाच्च सावर्णिर्म्मनोर्वैवस्वतस्य च ।
तत. शनिञ्च तपती विष्टिं चैव क्रमेण तु ॥९
छायायां जनयामास संज्ञेयमिति भास्करः ।
छाया स्वपुत्रेऽभ्यधिकं स्नेहं चक्रे मनौ तथा ॥१०
पूर्वो मनुस्तु नज्ञाम्न यमः क्रोधमूर्च्छितः ।
सन्तर्जयामासतदा पादमुद्यम्य दक्षिणम् ॥११
शशाप च यम छाया सक्षतः कृमिसंयुतः ।
पादोऽयमेको भविता पूयशोणितविस्रवः ॥१२
निवेदयामास पितुर्धर्म्मः शापादमर्षितः ।
निष्कारणमहं शप्तोमात्रा देव ! सकोपया ॥१३
बालभावान् मयी किञ्चिदुद्यतश्चरण. सकृत् ।
मनुना वार्यमाणापि मम शापमदाद्विभो ॥१४

वह देवी भी यह संज्ञा है—इसी आदर से उसको चाहने लगे थे। उसमे उन्होने मनुरूपी पुत्र को जन्म ग्रहण कराया था ॥ ८ ॥ वैवस्वत मनु के सवर्ण होने से वह सावर्णि हुआ था। इसके पश्चात् क्रम से शनि-तपती और विष्टि को समुत्पन्न किया ॥ ९ ॥ भगवान् भास्कर ने यह संज्ञा दी है यह समझ कर छाया मे ही समुत्पन्न किये थे। छाया अपने पुत्र मनु मे विशेष अधिक स्नेह किया करती थी ॥ १० ॥ पूर्व मनु ने तो देखा नही था किन्तु यम तो क्रोध से अत्यधिक मूर्च्छित होगया था। उस समय मे उसने अपनी दाहिनी लात उठाकर भली भाँति उसको डाट फटकार दी थी ॥ ११ ॥ तब तो छाया ने यम को शाप ही दे दिया था कि यह तेरा एक पैर जिसको तूने उठाकर मारने की धमकी दी थी कृमियो से युक्त क्षत वाला और मवाद तथा रक्त से विस्रव हो जायगा ॥ १२ ॥ इस शाप से अमर्षित होकर धर्म्म ने पिता से निवेदन किया

था –हे देव ! मुझे बिना ही किसी विशेष कारण के माता ने शाप दे दिया है वह मुझ पर अत्यन्त ही कुपित हो गई हैं ॥१३॥ बल के अभाव होने के ही कारण से मैंने एक ही बार अपना चरण अंधकार्य ही कुछ उद्यत किया था। हे विभो! मनु के द्वारा उसे निवारित भी किया गया था तो भी मुझे माता ने शाप देही दिया है ॥ ४॥

प्रायोन माता सास्माकं शापेनाह यती हंतः ।
देवोऽप्याहयंम भूय किङ्करोमिमहामते ॥१५
मौर्ख्यात्कस्यनदुःखस्यादथवाकर्म्मसन्ततेः ।
अनिवार्याभवस्यापिकाकयान्येपुजन्तुषु ॥१६
कृकवाकुर्म्मया दत्तो य कृमीन भक्षयिष्यति ।
वलेदञ्च रुधिरञ्चैव वत्सायमपनेष्यति ॥ ७
एवमुक्तस्तपस्तेपे यमस्तीव्र महायशाः ।
गोकर्णतीर्थे वराग्यात् फलपत्रानिलाशनः ॥ १८
आराधयन् महादेव यावद्वर्षायुतायुतम् ।
वर प्रादान् महादेवः सन्तुष्टः शूलभृत्तदा ॥१९
वह्नसलाकपालत्व पितृलोकेनृपालयम् ।
धम्माधर्म्मात्मकस्यापि जगतस्तुपरीक्षणम् ॥२०
एव स लोकपालत्वमगम छूलपाणिनः ।
पितृणाञ्चाधिपत्यञ्च धर्म्माधर्म्मस्य चानघ ॥२१

प्राय: यह हमारी माता शाप के द्वारा मुझे कभी भी हत नहीं किया करती थी इसीलिये बड़ा दुःख है । उस समय मे देव ने भी फिर यम से कहा था—हे महामते ! बताओ, अब मैं इसमें क्या करूँ ? ॥१५॥ मूर्खता के कारण किसको दुख नहीं होता है अर्थात् सभी मूर्खता वश दुखित हुआ ही करते हैं । अथवा यह कर्मों की सन्तति ऐसी अनिवार्य होती है जो भी जैसा कर्म्म करता है उसे उसका फल अवश्य ही भोगना ही पड़ता है । यह तो साक्षात् भगवान् भव को भी भोगनी पड़ती है

फिर अन्य साधारण जन्तुओं की तो कथा ही क्या है ।। १६ ।। यह मैंने कृकवक्कु दे दिया है जो कृमियों को खा जायेगा। हे वत्स ! यह क्लेदन और रुधिर का भी अपनयन करेगा ।। १७ ।। इस प्रकार से जब उससे कहा गया था तो उस महान् यशस्वी धर्म ने तीव्र तपश्चर्या का तपन किया था और वह तपस्या भी फल-पत्र और वायु का ही केवल अशन करके गौकर्ण नामक तीर्थ में की थी ।। १८ ।। अयुतायुत अशन दशों हजार वर्ष पर्य्यन्त भगवान् महादेव की समाराधन किया था। तब तो इस उग्र तप से महादेव परम सन्तुष्ट हो गये थे और उसी समय मे शूलधारी प्रभु ने वरदान दे दिये थे ।। १९ ।। महादेव ने कहा था लोकपालकता हो जायगी और पितृलोक में नृपालय होगा। तुम्हारा कर्त्तव्य कर्म यही होगा कि सम्पूर्ण जगत् का श्रम और अश्रम का आप परीक्षण किया करेंगे कि कौन कितना धर्मनिष्ठ है और कौन घोर पापात्मा है—आपके द्वारा यह निर्णय होने पर ही वह दुःख दण्ड तथा सुख स्वर्ग का उपभोग किया करेगा ।। २० ।। हे अनघ ! इस प्रकार से शूलपाणि के प्रसाद से वह यम लोकपाल हो गया था तथा पितृगण के अधिपति होने का पद तथा धर्माधर्म का निर्णायक बन गया था ।। २१ ।।

विवस्वानथ तज्ज्ञात्वा संज्ञायाः कर्म्मचेष्टितम् ।
त्वष्टुः समीपमगमदाचचक्षे चरोपवान् ।। २२
तमुवाच ततस्त्वष्टा सान्त्वपूर्वं द्विजोत्तमाः ।
तवासहन्ती भगवन् ! महस्तीव्रतमोनुदम् ।।२३
वडवारूपमास्थाय मत्सकाशमिहागता ।
निवारिता मया सातु त्वया चैव दिवाकर ।।२४
यस्माद्विज्ञाततया मत्सकाशमिहागता ।
तस्मान्ममेदीय भवनं प्रवेष्टु न त्वमर्हसि ।।२५
एवमुक्ता जगामाथ मरुदेशमनिन्दिता ।
वडवा रूपमास्थाय भूतले सम्प्रतिष्ठिता ।।२६

तस्मात्प्रसादं कुरु मे यद्यनुग्रहभागहम् ।
अपनेष्यामि ते तेजो यन्त्रो कृत्वा दिवाकर! ॥२७
रूपतत्त्वकरिष्यामि लोकानन्दकरं प्रभो ।
तयेत्युक्तः स रविणा भूमौ कृत्वा दिवाकरम् ॥२८

विवस्वान् ने इसके अनन्तर, संज्ञा के उस कर्मों के चेष्टित का ज्ञान प्राप्त किया तो वह त्वष्टा के समीप में आये और अत्यन्त रोष वाले होकर कहा था ॥ २२ ॥ हे द्विजोत्तम गण ! इस पर त्वष्टा ने बहुत ही सान्त्वना पूर्वक उससे निवेदन किया था—हे भगवन् ! यह विचारी तम को छिन्न-भिन्न कर देने वाले आपके इस तीव्र तेज को सहन न करती हुई बडवा के रूप में समास्थित होकर यहाँ मेरे समीप मे समायत हुई थी । हे दिवाकर ! मैंने उसको निवारित किया था और आने भी किया था ॥ २३ ॥ २४ ॥ क्योंकि वह अविज्ञानता के कारण से यहा पर मेरे समीप मे आ गई थी इस कारण से अब आप इस मेरे भवन मे प्रवेश करने के योग्य नही होती हैं ॥ २५ ॥ मेरे द्वारा इस प्रकार से कही गयी वह अनिन्दिता मुरु देश मे चली गयी थी और वह बडवा का रूप धारण करके ही इस भूतल मे सम्प्रतिष्ठित हो रही है ॥ २६ ॥ हे दिवाकर देव! यदि मैं आपके अनुग्रह का भागी हूँ तो अब आप मुझ पर अपने प्रसाद की वृष्टि कीजिए । अब मैं यन्त्र मे करके आपके इस अत्युल्वण उग्र तेज का भी अपनयन कर दूँगा ॥ २७ ॥ हे प्रभो ! आपका मैं अब स्वरूप ऐसा सुन्दर बना दूँगा जो लोकों के आनन्द करने वाला ही हो जायगा । इस प्रकार से कहे गये उसको रवि के द्वारा भूमि मे दिवाकर को कर दिया था ॥ २८ ॥

पृथक् चकारतत्तेजश्चक्रं विष्णोरकल्पयत् ।
त्रिशूलञ्चापिरुद्रस्यवज्रमिन्द्रस्यचाधिकम् ॥ ६
दत्यदानवसहर्तुः सहस्रकिरणात्मकम् ।
रूपञ्चाप्रतिमञ्चक्रे त्वष्टा पद्भ्यामृते महत् ॥ ७०

न शशाकाथ तद्द्रष्टुं पादरूपंरवे:पुनः ।
अर्चास्वपि ततःपादौ न कश्चित्कारयेत् क्वचित् ॥२१
यः करोति स पापिष्टां गतिमाप्नोति निन्दिताम् ।
कुष्ठरोगवाप्नोति लोकेऽस्मिन् दु.खसयुतः ॥२२
यस्मा-च धर्म्मंकामार्थी चित्रेष्वायतनेषु च ।
न क्वचित्कारयेत्पादौ देवदेवस्य धीमतः ॥२३
ततः स भगवान् ! गत्वा भूर्लोकममराधिपः ।
कामयामास कामार्तो मुखएव दिवाकरः ॥२४
अदृश्यरूपेण महता तेजसा च समावृतः ।
सज्ञा च मनसा क्षोभमगम.द्भयविह्वला ॥२५

उस अग्नि के द्वारा उसका जो उग्रतेज था उसके पृथक् कर दिया था और उस पृथक्कृत तेज से भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की रचना कर डाली थी । उस तेज से भगवान् रुद्र के त्रिशूल की और इन्द्रदेव के अधिक प्रभावशाली वज्र की रचना भी की गई थी ॥ २९ ॥ दैत्यो और दानवो के सहार करने वाले का एक सहस्र किरणो वाले स्वरूप से समन्वित अप्रतिम रूप की रचना त्वष्टा ने करदी थी जो महत् पैरो से रहित था ॥ ३० ॥ फिर वह रवि अपने पदो के रूप को देखने मे भी असमर्थ हो गये थे । उसकी अर्चाओं मे भी कोई भी कही पर उनके पादो को समर्चितम न किया करे ॥ ३१ ॥ यदि कोई सूर्य के पादो का समर्चन किया भी करता है तो वह परम निन्दित और घोर पापिष्ठ गति को प्राप्त हुआ करता है । ऐसा करने वाला पुरुष इस लोक मे परम दु.ख से सयुत होता हुआ कुष्ठ जैसे महान् घोर रोग की प्राप्ति किया करता है ॥ ३२ ॥ इसी कारण से जो भी कोई धर्म और काम का अर्थी हो उसे चित्रो में तथा आयतनो मे भी कही पर भी धीमान् देवो के भी देव के पादो की रचना न करे और करावे ॥ ३३ ॥ इसके पश्चात् यह भगवान् अमरो का अधिप भूर्लोक मे गये थे और केवल मुखरूप दिवाकर ने

कामार्त्त होकर कामना की थी ।। ३४ ।। अश्व के रूप से युक्त और महान् तेज से समावृत थे । वह जो संज्ञा थी वह भय से अत्यन्त विह्वल होती हुई मन से अत्यन्त क्षोभ को प्राप्त होगई थी ।।३५।।

नासापुटाभ्यामुत्सृष्टपरोऽयमितिशङ्कया ।
सद्वेतसस्ततोजातावश्विनाविति निश्चितम् ।।३६
दस्रौसुतत्वात्सञ्जातौ नासत्यौनासिकाग्रत ।
ज्ञात्वाचिराच्च तं देवसन्तोषमगमत्परम् ।
विमानेनागमत् स्वर्गं पत्या सह मुदान्विता ।।३७
सावर्णोऽपि मनुर्मेरावद्याप्यास्ते तपोधनः ।
शनिस्तपोबलादाप ग्रहसाम्यं तत पुनः ।।३८
यमुना तपती चैवपुनद्यौ बभूवतुः ।
विष्टिर्घोरात्मिका तद्वत् कालत्वेन व्यवस्थिता ।।३९
मनोर्वैवस्वतस्यासन् दशपुत्रा महाबलाः ।
इलस्तु प्रथमस्तेषा पुत्रेष्टया समजायत ।।४०
इक्ष्वाकु. कुशनाभश्च अरिष्टो धृष्ण एवच ।
नरिष्यतः करूषश्च शर्य्यातिश्च महाबलः ।।
पृषध्रश्चाथ नाभागः सर्वे ते दिव्यमानुषाः ।।४१
अभिषिच्य मनु पुत्रमिल ज्येष्ठ स धार्मिकं ।
जगाम तपसेभूयः स महेन्द्रवनालयम् ।।

यह पर है—इस शङ्का से नासा के पुटो से ही उत्सर्जन किया था किन्तु इसके अनन्तर उनके वीर्य्य से अश्विनीकुमार समुत्पन्न हुये थे—यह निश्चित है । नासिका के अग्र भाग से ये नासत्य दस्र सुत रूप से समुद्भूत हुए थे—बहुत ही अधिक समय के पश्चात् यह जानकर देव को परम सन्तोष हुआ था । वह मुदान्वित होती हुई पति के ही साथ विमान के द्वारा स्वर्ग को गयी थी ।। ३६, ३७ ।। सावर्ण मनु भी अधिक तपोधन आज भी मेरु पर्वत में विद्यमान हैं । इसके अनन्तर वह शनि भी बल से

ग्रहों की समता को पुनः प्राप्त हो गया था ॥ ३८ ॥ यमुना और साप्ती ये दोनों फिर नदियाँ हो गईं थीं। जो विष्टि थी वह परम घोर थी अंतर्वेत्र रूप से अर्थात् भद्रा के स्वरूप में व्यवस्थित हो गई थी ॥ ३९ ॥ वैवस्वत मनु के महान् बल वाले दश पुत्र थे। उन दश पुत्रों में इल प्रथम पुत्र था जो पुत्रेष्टि में ही समुत्पन्न हुआ ॥ ४० ॥ इक्ष्वाकु—कुशनाभ—अरिष्ट—धृष्ण—नरिष्यत्—करुष—शर्य्याति जो महान् बलशाली था पृषध्र—नाभाग ये उन पुत्रों के शुभ नाम हैं। ये सभी दिव्य मानुष थे। ॥ ४१ ॥ परम धार्मिक उस मनु ने जो सबसे बडा इल नामक पुत्र उसका अभिषेक करके फिर अधिक तप के लिये महेन्द्र वनालय में चला गया था ॥ ४२ ॥

अथ दिग्जयसिद्ध्यर्थमिल: प्रायान् महीमिमाम् ।
भ्रमन् द्वीपानि सर्वाणि क्षमाभृत: संप्रधर्षयन् ॥४३
जगामोपवनं शम्भोरश्वाकृष्ट: प्रतापवान् ।
कल्पद्रुमलताकीर्णं नाम्ना शरवणं महत् ॥४४
रमते यत्रदेवेश: शम्भु: सोमार्द्धशेखर: ।
उमया समयस्तत्र पुरा शरवणे कृत: ॥४५
पुंनामसत्त्वं यत् किञ्चिदागमिष्यत ते वने ।
स्त्रीत्वमेष्यति तत्सर्वं दशयोजनमण्डले ॥४६
अज्ञातसमयो राजा इल: शरवणे पुरा ।
स्त्रीत्वमाप विशन्नेव वडवात्वं हयस्तदा ॥४७
पुरुषत्वं हृतं सर्वं स्त्रीरूपे विस्मितो नृप ।
इलेति सामवन्नारी पीनोन्नतघनस्तनी ॥४८
भ्रमन्तीञ्च वनेतस्मिन् चिन्तयामास भामिनी ।
को मे पिताऽथवा भ्राता का मे माता भवेदिह ॥४९

इसके अनन्तर दिग्विजय करने की सिद्धि प्राप्त करने के लिये इस इस भू-मण्डल में चला गया था। समस्त भूमण्डल के राजाओं को

सम्प्रपीड़ित करते हुए उसने इस मही पर भ्रमण किया था ॥४३॥ प्रताप वाले उसने अश्व के द्वारा समाकृष्ट होकर घूमते हुए भगवान् शम्भु के उपवन मे वह चले गये थे। वह वन कल्पद्रुम और लताओ से समाकीर्ण था और महत् वन का नाम शरवण था ॥ ४४ ॥ जिस वन मे सोमार्द्ध को शेखर मे धारण करने वाले भगवान् शम्भु देवेश्वर उमादेवी के साथ रमण किया करते हैं। पहिले ही समय मे वहाँ पर शरवण मे समय (सङ्केत) कर दिया गया था ॥ ४५ ॥ पुरुष संज्ञा वाला कोई भी जीव यदि तेरे इस वन मे समागत होगा तो वह इस दश योजन के मण्डल मे तुरन्त ही स्त्रीत्व को प्राप्त हो जायगा चाहे कोई भी हो सभी के लिए यह प्रभाव अवश्य होगा ॥ ४६ ॥ यह राजा इल इस समय को जानते ही नही रखता था। यह यह मूल तथा अज्ञानवश उस शरवण नामक वन मे पहुँच गया था और उसमे प्रवेश करते ही यह स्त्रीत्व को प्राप्त होगया था तथा जो इसकी सवारी का अश्व था वह भी वडवा (घोडी) होगया था। हे नृप ! जब समस्त पुरुषत्व के लक्षण दूर हो गये थे तो इस राजा को बहुत ही अधिक विस्मय हुआ था जब कि उसने अपने आपको एक स्त्री के रूप मे पाया था। अब तो वह इल इला नाम वाली स्त्री हो गई थी जिसके पीन—उन्नत और परम घनस्तन थे ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ उसी वन में भ्रमण करते हुए उस इला भामिनी ने विचार किया था कि ऐसी दशा मे मेरा यहाँ कौन तो पिता है अथवा कौन भाई है और कौन मेरी माता ॥४९॥

११—सूर्यवंश वर्णन।

अथान्विषन्तो राजानं भ्रातरस्तस्यमानवाः ।
इक्ष्वाकुप्रमुखाजग्मुस्तदाशरवणान्तिकम् ॥१
ततस्तेददृशु सर्वे वडवामग्रतः स्थिताम् ।
रत्नपर्याणकिरणदीप्तकायामनुत्तमाम् ॥२

पर्याणप्रत्यभिज्ञानात् सर्वे विस्मयमागताः ।
अयं चन्द्रप्रभो नाम वाजीतस्य महात्मनः ॥३
अगमद्वडवा रूपमुत्तमं केनु हेतुना ।
ततस्तु मैत्रावरुणिं पप्रच्छुस्ते पुरोधसम् ॥४
किमित्येतदभूच्चित्रवदयोगविदाम्वर ! ।
वशिष्ठश्चाब्रवीत् सर्वं दृष्ट्वा तद्ध्यानचक्षुषा ॥५
समयः शम्भुदयिताकृतः शरवणे पुरा ।
यः पुमान् प्रविशेदत्र स नारीत्वमवाप्स्यति ॥६
अयमश्वोऽपि नारीत्वमगाद्राज्ञा सहैवतु ।
पुनः पुरुषतामेति यथासौ घनदोपमः ॥७

श्री महर्षि सूतजी ने कहा—इसके अनन्तर मनु के पुत्र मानव उस इस राजा के भाई लोग जब उसको लौटने मे बहुत अधिक समय होगया तो उसकी खोज करते हुए इक्ष्वाकु प्रमुख सब उस शरवण नामक वन को गये थे ॥१॥ इसके अनन्तर जैसे ही वे उस वन के समीप तक ही पहुँचे थे कि उन्होंने सबने सामने स्थित बडवा को देखा था जो रत्नो के पर्याण (रत्न जटित जीव) की किरणो से परम दीप्त शरीर वाली थी और अनौव उत्तम थी ॥ २ ॥ उसके पर्याण के प्रत्यभिज्ञान से वे सभी लोग अत्यन्त विस्मित हो गये थे । उन्होंने समझ लिया था कि यह तो उसी महात्मा इस राजा का चन्द्रप्रभ नाम वाला अश्व है ॥३॥ किन्तु क्या हेतु हो गया है—जिससे इस बडवा का ऐसा अत्युत्तम स्वरूप हो गया है । इसके पश्चात् मैत्रा वरुणि नामक अपने पुरोहित से इस विषय मे पूछा था ॥४॥ हे योग के ज्ञाताओं मे परम श्रेष्ठ ! आप हम को यह बताइये कि यह एक विचित्र घटना क्या और कैसे हो गई है ? तब तो महर्षि वसिष्ठ जी ने ध्यान के नेत्रों से यह सम्पूर्ण घटना को देख लिया था और उनसे वे फिर बोले थे ॥५॥ प्राचीन समय में भगवान् शम्भु की दयिता उमा देवी ने इस शरवण वन में प्रतिज्ञा की थी कि जो

कोई भी पुमान् इस शरवण वन मे प्रवेश करेगा वह निश्चित रूप से स्त्रीत्व को प्राप्त हो जायगा ॥६॥ यह अश्व भी तो पुंस्त्व सज्ञा वाला था अतएव यह भी राजा के साथ ही स्त्रीत्व को प्राप्त हो गया है अर्थात् अश्व से बडवा बन गया है। यह धनद के समान उपमा वाला पुन पुरुषत्व को प्राप्त जिस तरह से होता है उसका उपाय करना होगा ॥७॥

तथैव यत्नः कर्तव्यश्चाराध्यैव पिनाकिनम् ।
ततस्ते मानया जग्मुर्यत्र देवो महेश्वरः ॥८
तुष्टुवुर्विविधैः स्तोत्रैः पार्वतीपरमेश्वरौ ।
तावूचतुरलघ्योऽय समयः किन्तु साम्प्रतम् ॥९
इक्ष्वाकोरश्वमेधेनयत्फल स्यात्तदावयोः ।
दत्त्वा किम्पुरुषोवीरः स भविष्यत्यसशयम् ॥१०
तथेत्युक्तास्ततस्तेस्तुजग्मुर्वैवस्वतात्मजाः ।
इक्ष्वाकोश्चाश्वमेधेनचेलःकिम्पुरुषोऽभवत् ॥११
मासमेकम्पुमान्वीरः स्त्रीच मासमभूत् पुनः ।
बुधस्य भवने तिष्ठन्निलो गर्भधरोऽभवत् ॥१२
अजीजनत् पुत्रमेकमनेकगुणसयुतम् ।
बुधश्चोत्पाद्य त पुत्रं स्वर्लोकमगमत्ततः ॥१३
इलस्य नाम्ना तद्वर्षमिलावृतमभूत्तदा ।
सोमार्कवशयोरादाविलोऽभून्मनुनन्दनः ॥१४

उसी प्रकार का एक भगवान् पिनाकी की समाराधना करके यज्ञ करना चाहिए। इस प्रकार से इस घटित घटना का हेतु श्रवण करके वे समस्त मनु के पुत्र वहीं पर पहुँचे थे जहाँ पर देवेश्वर शम्भु विराजमान थे ॥८॥ उन सबने पहुँच कर पार्वती और परमेश्वर का अनेकों स्तोत्रों के द्वारा सस्तवन किया था। उन दोनो ने उनसे कहा था कि सब कुछ तुम्हारा निवेदन ठीक है किन्तु यह जो समय (प्रतिज्ञा) किया गया है

वह अब संयम करने के योग्य नहीं है ॥९॥ इक्ष्वाकु के द्वारा किये गये अश्वमेध से जो भी फल होगा उसको हम दोनों को देकर वह वीर बिना ही किसी संशय के किम्पुरुष हो जायगा ॥१०॥ तथास्तु अर्थात् ऐसा ही होगा—यह कहकर वे सब वैवस्वत मनु के पुत्र वहां से चल दिये थे। इक्ष्वाकु ने फिर अश्वमेध यज्ञ किया था और उससे वह इल किम्पुरुष हो गया था ॥११॥ इल का भी यह परिणाम हुआ था कि वह एक मास तक तो नारी होकर रहा करता था और एक मास तक पुरुष बन कर जीवन बिताता था। जिस समय मे यह बुध के भवन स्थित रहा था और नारी के रूप मे था उसी समय मे इल ने गर्भ धारण कर लिया था ॥१२॥ फिर इसने अनेक सद्गुण गण से समन्वित एक पुत्र को जन्म दिया था। बुध ने उस पुत्र को इस के उदर से समुत्पादित करके वह फिर स्वर्लोक को चले गये थे ॥१३॥ उसी समय मे इल के नाम से वह वर्ष इलावृत इस नाम से प्रसिद्ध हो गया था। सोम और सूर्य के वंश मे यही इल सबसे प्रथम मनु का पुत्र हुआ था ॥१४॥

एवं पुरूरवाः पुंसोरभवद्वंशवर्द्धनः।
इक्ष्वाकुवंशस्य तथैवोक्तस्तपोधनाः ॥१५
इलः किम्पुरुषत्वे च सुद्युम्न इति चोच्यते।
पुनः पुत्रत्रयमभूत् सुद्युम्नस्यापराजितम् ॥१६
उत्कलो वै गयस्तद्वद्धरिताश्वश्च वीर्य्यवान्।
उत्कलस्योत्कलानाम गयस्यतुगयामता ॥१७
हरिताश्वस्य दिक्पूर्वा विश्रुता कुरुभिः सह।
प्रतिष्ठानेऽभिषिच्याथ स पुरूरवसं सुतम् ॥१८
जगामेलावृतं भोक्तुं वर्षं दिव्यफलाशनम्।
इक्ष्वाकुज्यैष्ठदायादो मध्यदेशमवाप्तवान् ॥१९
नरिष्यन्तस्य पुत्राऽभूच्छुचो नाम महाबलः।
नाभागस्याम्बरीषस्तु धृष्टस्य च सुतत्रयम् ॥२०

धृतकेतुश्चित्रनाथो रणधृष्टश्च वीर्य्यवान् ।
आनर्तो नाम शर्यातेः सुकन्यायां व दारिका ॥२१

इस प्रकार से पुरू रवा पुमान् के वश का वर्धन करने वाला हुआ था। उसी भाँति मूर्द वश की वृद्धि करने वाला तपोधन इक्ष्वाकु हुआ था ऐसा ही कहा गया है ॥१५॥ इल को किम्पुरुषत्व हो जाने पर सुद्युम्न इस नाम से कहा जाता है। इसके पश्चात् सुद्युम्न के तीन अपराजित पुत्र हुए थे ॥१६॥ उन तीनों के नाम उत्कल, गय और बहुत वीर्यवान् हरिताश्व ये थे। उत्कल की उत्कला नाम वाली—गय की गया पुरी मानी गयी है ॥१७॥ हरिताश्व की कुरुओं के साथ पूर्वदिक् विश्रुत हुई थी। उसने प्रतिष्ठान में पुरूरवा पुत्र का अभिषेक किया था। यह दिव्य पशुओं के अशन वाले इला वृत वर्ष का उपभोग करने के लिये चला गया था। ज्येष्ठ दायाद जो इक्ष्वाकु था उसने मध्य देश को प्राप्त किया था ॥१८, १९॥ नारिष्यन्त का शुचि नाम वाला महान् बल वाला पुत्र प्रसूत हुआ था। नाभाग का पुत्र अम्बरीष हुआ था और धृष्ट के तीन पुत्र हुए थे ॥२०॥ उन तीनों के नाम धृष्ट वसु-चित्र नाथ और तीसरे वीर्यवान् रण धृष्ट ये थे। शर्याति का पुत्र आनर्त नाम वाला उत्पन्न हुआ था तथा सुकन्या नाम धारिणी एक लड़की हुई थी ॥२१॥

आनर्तस्याभवत्पुत्रो रोचमानः प्रतापवान् ।
आनर्तो नाम देशोऽभून्नगरीच कुशस्थली ॥२२
रोचमानस्य पुत्रोऽभूद्रेवोरैवत एव च ।
ककुद्मीचापरान्नामज्येष्ठः पुत्रशतस्य च ॥२३
रेवती तस्य सा कन्या भार्या रामस्यविश्रुता ।
करूषस्य तु कारूषावहवः प्रथिताभुवि ॥२४
पृषध्रोगोवधा छूद्रो गुरुशापादजायत ।
इक्ष्वाकुवंशं वक्ष्यामि शृणुध्वमृषिसत्तमा ! ॥२५
इक्ष्वाकोः पुत्रशतामाप विकुक्षिर्नाम देवराट ।

ज्येष्ठः पुत्रशतस्यासीद्दश पञ्चच तत्सुताः ॥२६
मेरोरुत्तरतस्तेतु जाताः पार्थिवसत्तमा. ।
चतुर्दशोत्तरञ्चान्यच्छु. तमस्य तथाभवत् ॥२७
मेरोर्दक्षिणतो ये वै राजानः सम्प्रकीर्तिताः ।
ज्येष्ठः ककुत्स्थो नाम्नाऽभूत्तत्सुतस्तु सुयोधनः ॥२८

आनर्त्त का पुत्र परम प्रताप वाला रोचमान हुआ था इस राजा के ही नाम से देश का नाम भी आनर्त्त हो गया था और इसकी नगरी का नाम कुशस्थली था ॥२२॥ रोचमान का पुत्र देव रैवत हुआ था और ककुद्मी अपर नाम था जो सौ पुत्रों में सबसे बड़ा ज्येष्ठ था ॥२३॥ उसकी रेवती नाम वाली कन्या समुत्पन्न हुई थी जो बलरामजी की परम प्रसिद्ध भार्या थी । कल्प के बहुत-से काल्प नाम धारी पुत्र भू मण्डल में प्रसिद्ध हुए थे ॥२४॥ गो वध से पृषध्र समुत्पन्न हुआ था जो गुरु के शाप से शूद्र हो गया था । हे ऋषि श्रेष्ठो ! अब मैं इक्ष्वाकु के वंश का वर्णन करता हू उस का आप लोग श्रवण कीजिए ॥२५॥ विकुक्षि नाम वाले देवराट् ने इक्ष्वाकु के पुत्र का स्थान प्राप्त किया था । यह सौ पुत्रों में सबसे बड़ा पुत्र था । इसके भी दश और पाँच अर्थात् पन्द्रह पुत्र हुए थे ॥२६॥ ये सब मेरु की उत्तर दिशा में श्रेष्ठ पार्थिव हुए थे । चतुर्दश से उत्तर अन्य इसका वंश ही विश्रुत हुआ था ॥ २७ ॥ मेरु के दक्षिण भाग में जो भी राजा लोग कीर्तित किये गये हैं उनमें ज्येष्ठ काकुत्स्थ हुआ था । उसका पुत्र सुयोधन नाम वाला था ॥ २८ ॥

तस्य पुत्र. पृथुर्नाम विश्वगश्च पृथोः सुतः ।
इन्दुस्तस्यचपुत्रोऽभूद्युवनाश्वस्ततोऽभवत् ॥२९
श्रावस्तश्चमहातेजावत्सकस्तत्सुतोऽभवत् ।
निर्मिता येन श्रावस्तीगौडदेशेद्विजोत्तमाः ॥३०
श्रावस्ताद् बृहदश्वोऽभूत् कुवलाश्वस्ततोऽभवत् ।

धुन्धुमारत्वमगमद् धुन्धुं नाम्ना हतः पुरा ॥३१
तस्य पुत्रास्त्रयो जाता द्रढाश्वो दण्ड एव च ।
कपिलाश्वश्च विख्यातो धौन्धुमारिः प्रतापवान् ॥३२
द्रढाश्वस्य प्रमोदश्चहर्यश्वस्तस्यचात्मजः ।
हर्यश्वस्यनिकुम्भोऽभूत्सहताश्वस्ततोऽभवत् ॥३३
अकृताश्वोरणाश्वश्च सहताश्वसुतावुभौ ।
युवनाश्वोरणाश्वस्य मान्धातात्वततोऽभवत् ॥३४
मान्धातु पुरुकुत्सोऽद्धम्मसेनश्च पार्थिव. ।
मुचकुन्दश्च विख्यात. शत्रुजिच्च: प्रतापवान् ॥३५

सुयोधन के पुत्र का नाम पृथु और पृथु का आत्मज विश्वग नामधारी था । इसके पुत्र का नाम इन्दु था और इन्दु का सुत युवनाश्व हुआ था ॥ २९ ॥ श्रावस्त महान् तेज वाला था । इसके सुत का नाम वत्सक था । हे द्विजगणो ! इसी ने गौड देश मे श्रावस्ती नाम वाली पुरी का निर्माण किया था ॥ ३० ॥ श्रावस्त से बृहदश्व ने जन्म प्राप्त किया था और इसके पुत्र का नाम कुवलाश्व हुआ था । यह धुन्धुमारता को प्राप्त हो गया था क्योंकि पहिले धुन्धु नामधारी का हनन किया था ।३१। इसके तीन सुतो ने जन्म ग्रहण किया था । उनके नाम द्रढाश्व और दण्ड ये तथा तीसरा कपिलाश्व था जो प्रताप वाला धौन्धुमारि नाम से विख्यात हुआ था ॥ ३२ ॥ द्रढाश्व का प्रमोद और प्रमोद का हर्यश्व पुत्र हुआ था । हर्यश्व का निकुम्भ सुत उत्पन्न हुआ था फिर इसका पुत्र सहताश्व पैदा हुआ था ॥ ३३ ॥ सहताश्व के अकृताश्व और उरणाश्व ये दो सुत हुए थे । उरणाश्व का पुत्र युवनाश्व हुआ तथा फिर इसके मान्धाता नाम वाले ने जन्म ग्रहण किया था ॥ ३४ ॥ मान्धाता के पुत्र का नाम पुरुकुत्स था अधर्मसेन पार्थिव भी हुआ था एक मुचुकुन्द परम विख्यात हुआ और प्रतापधारी शत्रुजित् भी हुआ था । ऐसे ये चार पुत्र हुए थे ॥३५॥

पुरुकुत्सस्य पुत्रोऽभूद्वसुदोनर्म्मदापतिः ।
सम्भूतिस्तस्यपुत्रोऽभूत्त्रिधन्वा चततोऽभवत् ॥३६
त्रिधन्वनःसुतोजातस्त्रय्यारुण इति स्मृतः ।
तस्मात्सत्यव्रतोनामतस्मात्सत्यरथःस्मृतः ॥३७
तस्य पुत्रो हरिश्चन्द्रो हरिश्चन्द्राच्चरोहितः ।
रोहिताच्च वृको जातो वृकाद्बाहुरजायत ॥३८
सगरस्तस्य पुत्रोऽभूद्राजा परमधार्मिकः ।
द्वे भार्य्ये सगरस्यापि प्रभाभानुमती तथा ॥३९
ताभ्यामाराधितः पूर्वमौर्वोऽग्निः पुत्रकाम्यया ।
और्वस्तुष्टस्तयो प्रादाद्यथेष्टं वरमुत्तमम् ॥४०
एका षष्टिसहस्राणि सुतमेकं तथापरा ।
गृह्णातु वंशकर्तारं प्रभाऽगृह्लाद् बहून्सुतान् ॥४१
एक भानुमती पुत्रमगृह्णादसमञ्जसम् ।
ततः षष्टिसहस्राणि सुषुवे यादवीप्रभा ॥४२

पुरुकुत्स का पुत्र वसूद हुआ था जो नर्मदापति था । इसका सुत सम्भूति था तथा सम्भूति से त्रिधन्वा ने जन्म ग्रहण किया था ॥ ३६ ॥ त्रिधन्वा के पुत्र का नाम त्रय्यारुण कहा गया है । इससे सत्यव्रत और सत्य व्रत के पुत्र का नाम सत्यरथ था ॥ ३७ ॥ इस सत्य रथ के ही पुत्र का नाम हरिश्चन्द्र हुआ था जिसका पुत्र रोहित हुआ था । रोहित से वृक का जन्म हुआ था और वृक के पुत्र का नाम बाहु था ॥ ३८ ॥ इस बाहु के सुत का नाम राजा सगर हुआ था जो परम धार्मिक महीपति हुआ है । इस महाराज सगर की दो पत्नियां थीं । एक का नाम प्रभा और दूसरी का नाम भानुमती था ॥ ३९ ॥ इन दोनों ही पत्नियों ने पहिले पुत्र प्राप्ति की कामना से और्व अग्नि की समाराधना की थी । और्व इनके समाराधन से परम सन्तुष्ट हो गया था और उसने उन दोनों को यथेष्ट उत्तम वरदान दे दिया था । उनमें से एक तो साठ हजार

और दूसरी एक पुत्र करे जो वंश की वृद्धि करने वाला हो। उस समय उस प्रभा ने बहुत-से पुत्रों की प्राप्ति का ही ग्रहण किया था ॥४०, ४१॥ भानुमती नाम धारिणी सगर की भार्या ने एक सुत ही प्राप्त किया था जिसका नाम असमञ्जस था। इसके अनन्तर यादवी प्रभा ने साठ सहस्र पुत्रों को प्रसूत किया था ॥४२॥

खनन्तः पृथिवीं दग्धा विष्णुना येऽश्वमार्गणे।
असमञ्जसस्तु तनयोर्योऽंशुमान्नामविश्रुतः ॥४३
तस्यपुत्रो दिलीपस्तु दिलीपात्तु भगीरथः।
येन भागीरथी गङ्गा तपः कृत्वावतारिता ॥४४
भगीरथस्य तनयोनाभाग इतिविश्रुतः।
नाभागस्याम्बरीषोऽभूत्सिन्धुद्वीपस्ततोऽभवत् ॥४५
तस्यायुतायुः पुत्रोऽभूद्ऋतुपर्णस्ततोऽभवत्।
तस्य कल्माषपादस्तु सर्वकर्मा तत स्मृतः ॥४६
तस्यानरण्य पुत्रोऽभून्निघ्नस्तस्य सुतोऽभवत्।
निघ्नपुत्रावुभौजातौ अनमित्ररघूनृपौ ॥४७
अनमित्रो वनमगाद्ध्रुविता स कृते नृप।
रघारभद दिलीपस्तु दिलीपादजवस्तथा ॥४८
दीर्घबाहुरजाज्जातश्चाजपालरततो नृप।
तस्माद्दशरथो जातस्तस्य पुत्रचतुष्टयम् ॥४९

ये साठ हजार जो पुत्र हुए थे इन्होंने अश्वमेध के घोड़े की खोज करने में भूमि का खनन किया था और खनन करते हुए ही विष्णु के द्वारा ये दग्ध कर दिये गये थे असमञ्जस का पुत्र अंशुमान् नाम से प्रसिद्ध हुआ था ॥४३॥ इसके पुत्र का नाम दिलीप था और दिलीप नामधारी राजा से ही भगीरथ ने जन्म प्राप्त किया था जिसने परमोग्र तपश्चर्या करके भागीरथी गङ्गा का अवतरण कराया था ॥ ४४ ॥ भगीरथ के पुत्र का नाम नाभाग था जो परम प्रसिद्ध हुआ था। नाभाग का पुत्र अम्बरीष और

इसके पुत्र का नाम सिन्धु द्वीप हुआ था ।४५। सिन्धु द्वीप का पुत्र अयुतायु हुआ था और इसके पुत्र का नाम ऋतुपर्ण था। ऋतुपर्ण का कल्माषपाद और फिर इसका सुत सर्वकर्मा नामधारी हुआ था ॥४६॥ सर्वकर्मा का अनरण्य हुआ और इसके पुत्र का नाम निघ्न हुआ था। इस निघ्न के दो पुत्रों ने प्रसव प्राप्त किया था एक का नाम अनमित्र था और दूसरा रघु नृप हुआ था ॥ ४७ ॥ अनमित्र जो था वह वन मे चला गया था अतः रघु ने ही राज्यासन ग्रहण किया था। राजा रघु के पुत्र का नाम दिलीप हुआ था। इस दिलीप का पुत्र अज हुआ था ॥ ४८ ॥ अज से दीर्घबाहु ने जन्म ग्रहण किया था और इसके अनन्तर अजपाल नृप हुआ था। इस अजपाल से महाराज दशरथ ने जन्म ग्रहण किया था जिन महाराज दशरथ के चार पुत्र हुए थे। ये चारो ही पुत्र नारायण स्वरूप थे जिनमे श्री रामचन्द्र सबसे बड़े पुत्र थे। यह रावण के अन्त करने वाले तथा रघुकुल के वंश की वृद्धि करने वाले हुए हैं ॥ ४९, ५० ॥

नारायणात्मका सर्वे रामस्तेष्वग्रजोऽभवत् ।
रावणान्तकरस्तद्वद्गुणा वंशवर्धनः ॥५०
वाल्मीकिस्तस्य चरितं चक्रे भार्गवसत्तमः ।
तस्य पुत्रौ कुशलवाविक्ष्वाकुकुलवर्धनौ ॥५१
अतिथिस्तु कुशाज्जज्ञे निषधस्तस्य चात्मजः ।
नलस्तु नैषधस्तस्मान्नभास्तस्मादजायत ॥५२
नभसः पुण्डरीकोऽभूत् क्षेमधन्वा ततः स्मृतः ।
तस्य पुत्रोऽभवद्वीरो देवानीकः प्रतापवान् ॥५३
अहीनगुस्तस्य सुतः सहस्राश्वस्ततः परः ।
ततश्चन्द्रावलोकस्तु तारापीडस्ततोऽभवत् ॥५४
तस्यात्मजश्चन्द्रगिरिर्भानुश्चन्द्रस्ततोऽभवत् ।
श्रुतायुरभवत्तस्माद्भारते यो निपातितः ॥५५

नलौद्वावेवविख्यातौ वंशे कश्यपसम्भवे ।
वीरसेनसुतस्तद्वन्नैषधश्च नराधिपः ॥५६
एते वैवस्वते वंशे राजानो भूरिदक्षिणाः ।
इक्ष्वाकुवंशप्रभवाः प्राधान्येन प्रकीर्तिता. ॥५७

महर्षि प्रवर वाल्मीकि ने जो भार्गव श्रेष्ठ थे उनके चरित का निर्माण ग्रन्थाकार मे किया था। महाराज श्रीराम के पुत्र कुश और लव ये दो हुए थे जो इक्ष्वाकु कुल के वर्धन करने वाले हुए थे ॥ ५१ ॥ कुश मे अतिथि ने जन्म ग्रहण किया था और इसके आत्मज का नाम निषध हुआ था। इसी निषध से नैषध नल हुआ था और नल से नभ ने जन्म लिया था ॥ ५२ ॥ नभ से पुण्डरीक सुत हुआ और इसके पश्चात् क्षेमधन्वा ने जन्म लिया था। इस क्षेमधन्वा का पुत्र वीर एवं प्रताप वाला देवानीक हुआ था ॥ ५३ ॥ इसका पुत्र अहीन और इसके सुत का नाम सहस्राश्व हुआ था। इसके उपरान्त चन्द्रावलोक हुआ और फिर इसका सुत तारापीड समुत्पन्न हुआ था। इस तारापीड का सुत चन्द्रगिरि हुआ और चन्द्रगिरि से भानुचन्द्र ने जन्म ग्रहण किया था। इसके पुत्र का नाम श्रुतायु हुआ जो भारत में निपातित कर दिया गया था। कश्यप से सम्भूत वंश मे दो ही नल विख्यात हुए हैं एक वीरसेन का सुत और उसी भाँति नराधिप नैषध प्रसिद्ध था ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ इस प्रकार से वैवस्वत के वंश मे भूरि दक्षिणा वाले राजा लोग हुए थे। प्रधानतया ये सब राजागण इक्ष्वाकु वंश से उत्पन्न प्रकीर्तित हुए हैं ॥ ५७ ॥

१२—देवी के एक सौ आठ नाम

भगवन् ! श्रोतुमिच्छामि पितृणां वंशमुत्तमम् ।
रवेश्चश्चाद्धदेवत्वं सोमस्य च विशेषतः ॥१
हन्तते कथयिष्यामि पितृणां वंशमुत्तमम् ।
स्वर्गेपितृगणाः सप्तत्रयस्येषाममूर्त्तयः ॥२
मूर्तिमन्तोऽथ चत्वार. सर्वेषाम मितौजसः ।
अमूर्त्तयः पितृगणा वैराजस्य प्रजापतेः ॥३
यजन्ति यान् देवगणा वैराजा इति विश्रुताः ।
दिवि ते योगविभ्रष्टा. प्राप्य लोकान् सनातनान् ॥४
पुनर्ह्यविदान्ते तु जायन्ते ब्रह्मवादिनः ।
सप्राप्यतां स्मृति भूयो योग साङ्ख्यमनुत्तमम् ॥५
सिद्धिप्रयान्ति योगेन पुनरावृत्तिदुर्लभाम् ।
योगिनामेवदेयानि तस्माच्छ्राद्धानिदातृभिः ॥६
एतेषां मानसीकन्यापत्नी हिमवतोमता ।
मैनाकस्तस्यदायाद कौञ्चस्तस्याग्रजोऽभवत् ॥७

मनु महाराज ने कहा—हे भगवन् ! अब मैं पितृगण का उत्तम वंश का श्रवण करना चाहता हूं । रवि का और विशेष रूप से सोम का श्राद्ध देवत्व श्रवण करने की इच्छा उत्पन्न होती है ॥१॥ मत्स्य भगवान् ने कहा—बहुत ही प्रसन्नता का विषय है । अब हम पितृ गण के उत्तम वंश का ही वर्णन करेंगे । स्वर्ग मे सात पितृगण है उनमे से तीन अमूर्त्त स्वरूप हैं ॥२॥ इन सब मे अपरिमित ओज वाले चार पितृगण मूर्तिमान् हैं । जो मूर्ति रहित पितृगण हैं वे प्रजापति वैराज के हैं ॥३॥ देवगण जिनका यजन किया करते हैं वे वैराज इस नाम से विश्रुत हैं । वे दिव लोक मे योग से विभ्रष्ट होते हुए सनातन लोको की प्राप्ति किया करते हैं ॥४॥ पुनः वे ब्रह्म वेत्ताओ मे ब्रह्म वादी होकर ही जन्म ग्रहण

किया करते हैं। वे फिर उत्तम तात्त्व और योग की उसी स्मृति को प्राप्त कर लिया करते हैं ॥५॥ योग के द्वारा पुनः आवृत्ति करने में अत्यन्त दुर्लभ सिद्धि को प्राप्त कर लेते हैं। अतएव दाताओं के द्वारा योगियों को ही श्राद्ध देने चाहिएँ ॥६॥ इनकी जो मानसी कन्या हिमवान् की पत्नी मानी गयी है। उसका दायाद मैनाक पर्वत है और क्रौञ्च उसके उदर से अग्रज सुत समुत्पन्न हुआ है ॥७॥

क्रौञ्चद्वीप. स्मृतो येन चतुर्थो घृतसंवृतः।
मेनायसुपुवेतिस्र. कन्यायोगवतीस्ततः ॥८
उमैकपर्णापर्णा च तीव्रव्रतपरायणा.।
रुद्रस्यैका सितस्यैका जंगीषव्यस्यचापरा ॥९
दत्ता हिमवता बाला. सर्वा लोके तपोऽधिकाः।
कस्माद्वाक्षायणी पूर्व ददाहात्मानमात्मना ॥१०
हिमवद्दुहिता तद्वत् कथ जाता महीतले।
सहरन्ती किमुक्तासौ सुता वा ब्रह्मसूनुना ॥११
दक्षेण लोकजननी भूत ! विस्तरता वद।
दक्षस्य यज्ञे विनते प्रभूतवरदक्षिणे ॥१२
समाहूतेषु देवेषु प्रोवाच पितर सती।
क्रियय तात ! मतमि यज्ञेऽस्मिन्नाभिमन्त्रितः ।१३
अयाग्य इति तामाह दक्षो यज्ञेषु शूलभृत।
उपमन्त्र्य रुद्रं रुद्रस्तेनामगलभागयम् ॥१४

इसी क्रौञ्च के नाम से क्रौञ्चद्वीप कहा गया है। चतुर्थ घृत संवृत था। मेना से तीन का प्रसव हुआ था फिर योगवती कन्या हुई ॥८॥ उमा-एकपर्णा-पर्णा ये कन्याएँ थीं जो परम तीव्रव्रत में परायण थीं। एक रुद्र को, एक सित को और दूसरी जगीषव्य के लिए हिमवान् ने प्रदान की थी। ये सभी कन्याएँ लोक में अधिक तपस्या वाली हुई थीं। ऋषियों ने कहा—हे भगवन् ! यह बताइये कि दक्ष की पुत्री दाक्षायणी

सती ने किस कारण से अपने ही आप स्वयं अपने को दग्ध कर दिया था ॥९, १०॥ फिर इस महीतल मे उसी भाँति वह हिमवान् की दुहिता कैसे और क्यो उत्पन्न हो गई थी संहार करती हुई इस सुता से ब्रह्मा के पुत्र दक्ष ने क्या कहा था जो कि समस्त लोकों की जननी थी। हे सूत जी ! आप कथा को कृपया कुछ विस्तार के साथ बतलाइये। सूतजी ने कहा—प्रजापति दक्ष यज्ञ विस्तृत रूप मे फैला हुआ चल रहा था और यह यज्ञ ऐसा था जिस मे प्रभूत मात्रा मे श्रेष्ठ दक्षिणाएँ दी गई थी ॥११, १२॥ जिस समय मे समस्त देवगण समाभूत किये गये थे और भगवान् शम्भु को आमन्त्रित नही किया था तो यह देखकर सहन न करते हुए सती ने अपने पिता से कहा था—हे तात ! आपने किस कारण से केवल मेरे ही स्वामी को इस महान् विशाल यज्ञ मे निमन्त्रित नहीं किया है ? उस समय मे दक्ष ने उस जगदम्बा को यही उत्तर देते हुए कहा था कि वह शूलपाणि यज्ञो मे सम्मिलित होने की योग्यता ही नही रखते है अतः अयोग्य हैं क्योकि वह रुद्र तो ससार का उपसहार करने वाला है इसीलिये वह अमङ्गल भागी है ॥१०, १४॥

चुकोपाथ सती देहं त्यक्षामीति त्वदुद्भवम् ।
दक्षानान्त्वञ्च भविता पितृणामेक पुत्रकः ॥१५
क्षत्रियत्वेऽश्वमेधे च रुद्रात्त्व नाशमेष्यसि ।
इत्युक्त्वायोगमास्थायस्वदेहोद्भवतेजसा ॥१६
निदहन्ती तदात्मानं सदेवासुरकिन्नरैः ।
किं किमेतदिति प्रोक्ता गन्धवगणगुह्यकैः ॥१७
उपगम्याब्रवीद्दक्षः प्रणिपत्याथ दुःखितः ।
त्वमस्य जगता मातर्जगत्सौभाग्य देवता ॥१८
दुहितृत्वङ्गता देवि ममानुग्रहकाम्यया ।
न त्वया रहित किञ्चित् ब्रह्माण्डेसचराचरम् ॥१९
प्रसादं कुरु धर्मज्ञे न मान्त्यक्तुमिहार्हसि ।

प्राह देवी यदारब्धं तत्कार्य्यं मे न संशयः ॥२०
किं त्ववश्यं त्वया मर्त्ये हतयज्ञेन शूलिना ।
प्रसादेलोकसृष्ट्यर्थं तपःकार्यं ममान्तिके ॥२१

यह कथन करने के अनन्तर ही सती अत्यन्त कुपित हो गई थी और उसने कह दिया था कि तुम से समुत्पन्न मैं इस देह का भी अब त्याग कर दूँगी। और तू दक्ष पितृगण का एक पुत्र वाला हो जायगा ॥१५॥ इस क्षत्रियत्व वाले अश्व मेध में ही तुम रुद्र से ही नाश को प्राप्त हो जाओगे। बस, इतना ही कह कर सती योग में समास्थित हो गई थी। उसके देह से ही एक प्रकार के तेज का उद्भव हुआ था ॥१६॥ उसी तेज से उस समय में सती ने आप दाह कर दिया था। निर्दहन करती हुई उसमें देव-असुर-किन्नर-गन्धर्वगण और गुह्यक सभी ने उससे यही कहा था—यह क्या हो रहा है'। १७॥ फिर तो दक्ष स्वयं उस सती के समीप में आकर उपस्थित हुआ था और प्रणिपात कर के सती से कहा था-आप तो इस सम्पूर्ण जगत् की माता हैं और जगत् के सौभाग्य की देवता हैं ॥१८॥ हे देवि! मेरे ऊपर अनुग्रह करने की ही कामना से आप मेरी पुत्री होने को स्वीकार किया था और दुहिता बन गयी थी। आपसे रहित इस ब्रह्माण्ड में सचराचर कुछ भी नहीं है ॥१९॥ हे शंकर! अब प्रसाद (प्रसन्नता) कीजिए और मेरा त्याग करने के योग्य आप नहीं बनिये। इस पर देवी ने कहा था कि जो मैंने आरम्भ कर दिया है वह मुझे करना ही है क्यों कि यह परम कर्तव्य ही हो गया है—इसमें कुछ भी संशय शेष नहीं है ॥२०॥ किन्तु अब यह परमावश्यक ही है कि अब भगवान् शूली के द्वारा तेरा यह यज्ञ विध्वस्त हो ही जायगा तब उनके प्रसाद प्राप्त करने के लिये लोकों की सृष्टि के वास्ते मर्त्य लोक में मेरे ही समीप में तप करना चाहिए ॥२१॥

प्रजापतिस्त्वं भविता दक्षानामङ्गजोप्यलम् ।
मदंशेनाङ्गनापट्टि भविष्यन्त्यङ्गजास्तव ॥२२

मत्सन्निधौ तपः कुर्वन् प्राप्स्यसेयोगमुत्तमम् ।
एवमुक्तोऽब्रवीद्दक्षःकेपुकेपुमयाऽनघे ।।२३
तीर्थेषु च त्वं द्रष्टव्या स्तोतव्या कैश्च नामभि.।
सर्वदा सर्वभूतेषु द्रष्टव्या सर्वतो भुवि ।।२४
सर्वलोकेषु यत्किञ्चिद्रहितं न मया विना ।
तथापियेषुस्थानेषुद्रष्टव्यासिद्धिमीप्सुभि. ।।२५
स्मर्तव्याभूतिकामैर्वातानिवक्ष्यामितत्वतः ।
वाराणस्याविशालाक्षीनमिषेलिङ्गधारिणी ।।२६
प्रयागे ललिता देवी कामाक्षी गन्धमादने ।
मानसे कुमुदा नाम विश्वकायातथाम्बरे ।।२७
गोमन्ते गोमती नाम मन्दरे कामचारिणी ।
मदोत्कटा चैत्ररथे जयन्ती हस्तिनापुरे ।।२८

दक्षों का अङ्गज भी तुम समर्थ प्रजापति होओगे और मेरे अंश से साठ अङ्गनाएँ होंगी तथा तुम्हारे अङ्गज होंगे ।।२२।। मेरी सन्निधि मे तपश्चर्या करते हुए उत्तम योग की प्राप्ति करोगे । जब इस प्रकार से जगदम्बा ने कहा था तो वह दक्ष देवी से बोला—हे अनघे ! मुझे आपके किन २ तीर्थों मे दर्शन होंगे और किन २ नामो से आपकी स्तुति करनी चाहिए ? ।।२३।। देवी ने कहा—इस भू मण्डल मे सर्वदा सभी ओर समस्त प्राणियो मे मेरा दर्शन करना चाहिए । २४।। समस्त लोको मे मेरे बिना कुछ भी रहित पदार्थ या प्राणी नही है । तो भी सिद्धि की ईप्सा रखने वालों के द्वारा जिन स्थानों मे मेरा दर्शन करना चाहिए तथा भूमि की कामना रखने वालों को मेरा स्मरण करना चाहिये उन नामो को मैं अब तत्त्वतः बतला देती हूँ । यहाँ से ही देवी के अष्टोत्तर शत नामो का आरम्भ होता है—वाराणसी मे मेरा विशालाक्षी नाम लेकर स्मरण तथा स्तवन करना चाहिये । नैमिष क्षेत्र मे मेरा लिङ्गधारिणी नाम प्रसिद्ध है ।।२५, २६।। प्रयाग मे ललिता देवी और

गन्ध मादन में कामाक्षी देवी है। मानस मे मेरा कुमुदा नाम है तथा अम्बर मे विश्वकाया नाम है ॥२७॥ गोमन्त मे गोमती नाम है और मन्दर मे मेरा कामचारिणी यह शुभ नाम स्मरण के योग्य है। चैत्ररथ मे मदोत्कटा तथा हस्तिनापुर मे मेरा जयन्ती नाम लेकर ही स्तवन करे ॥२८॥

कान्यकुब्जे तथा गौरी रम्भा मलयपर्वते।
एकाम्भके कीर्तिमतीविश्वाश्वेश्वरे विदु ॥२९
पुष्करे पुरुहूतेति केदारे मार्गदायिनी।
नन्दा हिमवत पृष्ठे गोकर्णे भद्रकर्णिका ॥३०
स्थानेश्वरे भवानी तु विल्वके विल्वपत्रिका।
श्रीशैले माधवी नाम भद्राभद्रेश्वरेतथा ॥३१
जया वराहशैले तु कमला कमलालये।
रुद्रकोट्यान्च रुद्राणी काली कालञ्जरेगिरौ ॥३२
महालिंगे तु कपिला मकोटि मुकुटेश्वरी।
शालिग्रामे महादेवी शिवलिंगे जलप्रिया ॥३३
मायापुर्यां कुमारी तु सन्ताने ललिता तथा।
उत्पलाक्षी सहस्राक्षेकमलाक्षेमहोत्पला ॥३४
गगाया मगला नाम विमला पुरुषोत्तमे।
विपाशायाममोघाक्षी पाटला पुण्ड्रवर्द्धने ॥३५

कान्य कुब्ज देश मे गौरी-मलय पर्वत मे रम्भा—एकाम्भक मे कीर्त्तिमती तथा विश्वेश्वर क्षेत्र मे मेरा विश्वा नाम ही लिया जाता है ॥२९॥ पुष्कर मे पुरुहूता-केदार क्षेत्र मे मार्गदायिनी-हिमाचल पर्वत के पृष्ठ पर रा नाम नन्दा तथा गोकर्ण मे भद्र कर्णिकर कहकर मुझे याद किया जाता है ॥३०॥ स्थानेश्वर मे मेरा भवानी नाम है तथा विल्वक मे मेरा विल्व पत्रिका नाम लेकर स्मरण या स्तवन किया जाता है। श्री शैल मे मेरा माधवी नाम है तथा भद्रेश्वर मे भद्रा नाम से मेरा

स्मरण किया जाता है ॥३१॥ वराह शैल में जया नाम लेकर मेरा स्मरण किया जाता है और कमलालय में मेरा ही नाम कामला है। रुद्रकोटि में रुद्राणी कहकर मुझे पूजते हैं तथा कालञ्जर गिरि में मेरा ही नाम काली कहलाता है ॥३२॥ महालिङ्ग में मेरा कपिला नाम कहा जाता है और मर्कोट में मुकुटेश्वरी मेरा शुभ नाम है। शालिग्राम में महादेवी तथा शिवलिङ्ग में मेरा ही नाम जल प्रिया है ॥३३॥ मायापुरी में कुमारी मेरा नाम है तथा सम्भवतः ललिता कही जाती हूं। सहस्राक्ष में उत्पलाक्षी तथा ममताक्ष में मुझे ही महोत्पला कहा जाता है ॥३४॥ गंगा में मङ्गला नाम प्रसिद्ध है तथा पुरुषोत्तम में मेरा ही नाम विमला देवी है। विपाशा में मुझे अमोघाक्षी कहा जाता है और पुण्ड्र वर्धन में मुझे पाटला कह कर पुकारते हैं ॥३७॥

नारायणी सुपार्श्वे तु विकूटे भद्रसुन्दरी।
विपुले विपुला नाम कल्याणी मलयाचले ॥३६
कोटवीकोटितीर्थे तु सुगन्धा माधवे वने।
कुब्जाग्रके त्रिसन्ध्यातुगंगाद्वारेरतिप्रिया ॥३६
शिवकुण्डे सुनन्दा तु नन्दिनी देविकातटे।
रुक्मिणी द्वारवत्यान्तु राधा वृन्दावने वने ॥३८
देवकी मथुरायान्तु पाताले परमेश्वरी।
चित्रकूटे तथा सीताविन्ध्येविन्ध्यनिवासिनी ॥३९
सह्याद्रावेकवीरा तु हरिश्चन्द्रेति चन्द्रिका।
रमणा रामतीर्थेतु यमुनायां मृगावती ॥४०
करवीरे महालक्ष्मीरुमादेवी विनायके।
अरोगा वैद्यनाथे तु महाकाले महेश्वरी ॥४१
अभयेत्युष्णतीर्थेषु चामृता विन्ध्यकन्दरे।
माण्डव्य माण्डवा नाम स्वाहामाहेश्वरेपुरे ॥४२

सुपार्श्व में मेरा नाम नारायणी देवी है और विकूट में भद्र सुन्दरी

मुझे ही कहते हैं। विपुल में मेरा विपुलेश्वरी नाम है तथा मलयाचल में कल्याणी नाम लेकर मेरा स्मरण किया जाता है ॥३६॥ कोटि तीर्थ में कोटवी मेरा शुभ नाम है एवं माधव वन में सुगन्धा मुझे ही कहा जाता है। कुब्जाम्रक स्थल में त्रिसन्ध्या मुझे कहते हैं और गङ्गा द्वार में रति प्रिया कहकर मेरा ही स्मरण किया जाता है ॥३७॥ शिव कुण्ड में सुनन्दा—देविका तट में नन्दिनी—द्वारावतीपुरी में रुक्मिणी और वृन्दावन में मेरा ही नाम राधा है ॥ ३८ ॥ मथुरा पुरी में देवकी—पाताल में परमेश्वरी—चित्रकूट में सीता देवी तथा विन्ध्याचल में विन्ध्यवासिनी देवी मुझे कहा करते हैं . ३९ ॥ सह्याद्रि में एकवीरा-हर्म चन्द्रा—चन्द्रिका मेरा ही शुभ नाम है। राम तीर्थ में रमण और यमुना में मृगावती मुझे कहा करते हैं ॥४०॥ करवीर में मुझे ही महालक्ष्मी पुकारा जाता है तथा विनायक में उमा देवी मेरा नाम विख्यात है। वैद्यनाथ में मुझे अरोगा कहा जाता है और महाकाल स्थान में महेश्वरी मेरा ही नाम है ॥ ४१ ॥ उष्ण तीर्थों में मुझे अभया और विन्ध्य के कन्दरा में अमृता मुझे ही कहा करते हैं। माण्डव्य में मेरा माण्डवी नाम लेकर स्मरण किया जाता है तथा महेश्वर पुर में मुझे स्वाहा कहा करते हैं ॥४२॥

छागलण्डे प्रचण्डातु चण्डिका मकरन्दके।
सोमेश्वरे वरारोहा प्रभासे पुष्करावती ॥४३
देवमाता सरस्वत्या पारा पारातटे मता।
महालये महाभागा पयोष्ण्यां पिङ्गलेश्वरी ॥४४
सिंहिका कृतशौचेतु कार्त्तिकेये यशस्करी।
उत्पलावर्त्तके लोला सुभद्रा शोणसङ्गमे ॥४५
माता सिद्धपुरे लक्ष्मीरङ्गना भरताश्रमे।
जालन्धरे विश्वमुखी तारा किष्किन्धपर्वते ॥४६
देवदारुवने पुष्टिर्मेधा काश्मीरमण्डले।

भीमा देवी हिमाद्रौतु पुष्टिर्विश्वेश्वरे तथा ॥४७
कपालमोचने शुद्धिर्माता कायावरोहणे ।
शङ्खोद्धारे धरा नाम धृतिः पिण्डारके तथा ॥॥४८
कालातु चन्द्रभागाया मच्छोदे शिवकारिणी ।
वेणायाममृता नाम वदर्यामुर्वशी तथा ॥४९

विभिन्न स्थलो मे विभिन्न नामो का स्मरण कर मेरी ही समाराधना की जाया करती है—छागलण्ड मे प्रचण्डा—मकरन्दक मे चण्डिका, सोमेश्वर मे वरारोहा और प्रभास में पुष्करावती मेरा नाम लिया जाता है ॥ ४३ ॥ सरस्वती के क्षेत्र मे मुझे देव माता कहा जाता है और पारातट मे मेरा ही नाम पारा है । महालय मे मुझे महाभाग कहते हैं तथा पयोष्णी में मुझे पिङ्गलेश्वरी देवी कहकर मेरा स्तवन—स्मरण किया जाता है ॥४४॥ कृतशौच मे सिंहिका मेरा शुभ नाम है और कार्तिकेय मे मुझे ही यशस्करी कहा जाता है । उत्पलक वर्त्तक स्थान मे मेरा ही लोला नाम लिया जाता है । शोण के सङ्गम क्षेत्र मे सुभद्रा नाम का स्मरण किया जाता है ॥ ४५ ॥ सिद्धपुर मे मेरा माता नाम लिया जाता है तथा भरताश्रम मे लक्ष्मीअङ्गना कहते हैं । जालन्धर मे मुझे ही विश्वमुखी इस पवित्र नाम से याद किया करते हैं तथा किष्किन्धा पर्वत मे तारा देवी कहकर मेरी उपासना करते हैं ॥ ४६ ॥ देवदारु वन मे पुष्टि-मेरा नाम लिया जाता है और काश्मीर मण्डप मे मेधा के नाम से मैं ही पुकारी जाया करती हूं । हिमाद्रि में मेरा ही नाम भीमा कहा जाया करता है तथा विश्वेशर क्षेत्र में पुष्टि नाम है ॥ ४७ ॥ कपाल मोचन मे शुद्धि और कायावरोहण मे माता कही जाती हूं । शङ्खोद्धार मे धरा नाम स्मरण किया जाता है और पिण्डारक में धृति मेरा नाम याद करते हैं ॥ ४८ ॥ चन्द्रभागा के तट मे काला तथा मच्छोद मे शिवकारिणी मेरा नाम है । वेणा में अमृता कही जाती हूं तथा वदरी मे उर्वशी कहते हैं ॥ ४९ ॥

ओषधी चोत्तरकुरौ कुशद्वीपे कुशोदका ।
मन्मथा हेमकूटे तु मुकुटे सत्यवादिनी ॥५०
अश्वत्थे वन्दनीया तु निधिर्वैश्रवणालये ।
गायत्री वेदवदने पार्वती शिवसन्निधौ ॥५१
देवलोके तथेन्द्राणी ब्रह्मस्थेपु सरस्वती ।
सूर्य्यबिम्बे प्रभा नाम मातृणा वैष्णवीमता ॥५२
अरुन्धती सतीनान्तु रामासु च तिलोत्तमा ।
चित्ते ब्रह्मकला नाम शक्तिःसर्वशरीरिणाम् ॥५३
एतदुद्देशत प्रोक्तं नामाष्टशतमुत्तमम् ।
अष्टोत्तरञ्च तीर्थानां शतमेतदुदाहृतम् ॥५४
यः स्मरेच्छृणुयाद्वापि सर्वपापैः प्रमुच्यते ।
एषु तीर्थेषुय कृत्वा स्नानंपश्यति मा नरः ॥५५
सर्वपापविनिर्मुक्त कल्प शिवपुरे वसेत् ।
यस्तु मत्परम काल करोत्येतेषु मानव ॥५६
स भित्वा ब्रह्मसदन पदमभ्येति शाङ्करम् ।
नाम्नामष्टशत यस्तु श्रावयेच्छिवसन्निधौ ॥५७
तृतीयायामथाष्टम्या बहुपुत्रो भवेन्नरः ।
गोदाने श्राद्धदाने वा अहन्यहनि वा बुधः ॥५८
देवार्चनविधौ विद्वान् पठन् ब्रह्माधिगच्छति ।
एव वदन्ती सा तत्र ददाहात्मानमात्मना ॥५९

उत्तर कुरु प्रान्त मे ओषधी—कुशद्वीप मे कुशोदका—हेमकूट मे मन्मथा और मुकुट मे सत्यवादिनी मेरा नाम लिया जाता है ॥ ५० ॥ अश्वत्थ से वन्दनीय—वैश्रवण के आलय मे निधि—वेद वदन मे गायत्री तथा भगवान् शिव की सन्निधि मे मुझे पार्वती कहते हैं ॥ ५१ ॥ देवलोक मे जो इन्द्राणी कही जाती है वह भी मैं ही हूँ और पितामह ब्रह्माजी के मुख मे सरस्वती भी मैं हूँ । सूर्य के बिम्ब मे प्रभा मेरा ही नाम एव

स्वरूप है तथा मातृगण मे वैष्णवी मैं ही कही जाती हूँ ।। ५२ ।। समस्त स्त्री नारियों मे अरुन्धती मेरा ही स्वरूप है। सम्पूर्ण रामाओ मे तिलोत्तमा मैं ही हूं। चित्त मे ब्रह्मकला मेरा नाम है तथा समस्त शरीर-धारियो मे शक्ति मुझे ही समझना चाहिये ।। ५३ ।। यह अष्टोत्तर शत उत्तम नामावली इसी उद्देश्य से कही गयी है कि यह इसी बहाने से अष्टोत्तर शत तीर्थों के शुभ नाम भी बता दिये गये हैं ।। ५४ ।। जो इस स्तोत्र का स्मरण करे या श्रवण करे वह सभी पापो से प्रमुक्त हो जाया करता है। ये जो उक्त तीर्थ बताये गये हैं उनमे जो भी कोई स्नान करके मेरे दर्शन किया करता है वह सभी प्रकार के पापों से विमुक्त होकर एक कल्प पर्य्यन्त शिवपुर मे निवास किया करता है और जो मनुष्य उनमे पूरे समय को मेरे ही समाराधन मे लगा दिया करता है वह तो फिर ब्रह्मशस्त्र का भी भेदन करके शङ्कर पद को प्राप्त किया करता है जो इन अष्टोत्तर शत नामों को भगवान् शिव की सन्निधि मे स्थित होकर भगवान् को श्रवण कराया करता है और यह भी तृतीया मे या अष्टमी तिथि मे श्रवण कराता है तो वह मनुष्य ब्रह्मपुत्र ही हो जाता है। गोदान मे अथवा श्राद्ध दान मे जो वुध दिन प्रतिदिन देवार्चन विधि मे विद्वान् इसका पाठ करता है वह ब्रह्म को अधिगत हो जाता है। इस प्रकार वह जगदम्बा दक्ष के यज्ञ मण्डप मे कहती हुई ही अपने ही आप अपने तेज से उस देवी ने अपने शरीर का दाह कर लिया था ।।५५ ५६, ५७, ५८, ५९ ।।

स्वायम्भुवोऽपिकालेनदक्षः प्राचेतसोऽभवत् ।
पार्वतीसाभवद्देवी शिवदेहार्द्धधारिणी ।।६०
मेनागर्भसमुत्पन्ना भक्तिमुक्तिफलप्रदा ।
अरुन्धती जपन्त्येतत् प्र प योगमनुत्तमम् ।।६१
पुरूरवाश्च राजर्षिर्लोके व्यजयतामगात् ।
ययातिः पुत्रलाभञ्च धनलाभञ्च भार्गवः ।।६
तथान्येदेवदैत्याश्च ब्राह्मणाःक्षत्रियास्तथा ।

वंश्याःशूद्राश्चबहवः सिद्धिमीयुर्यथेप्सिताम् ॥६३
यत्रैतल्लिखित तिष्ठेत् पूज्यते देवसन्निधौ ।
न तत्र शोको दौर्गत्य कदाचिदपि जायते ॥६४

समय आने पर स्वायम्भुव भी प्राचेतस दक्ष होगया था । वह देवी पार्वती हुई थी जो भगवान् शिव के अर्ध शरीर के धारण करने वाली थी ॥६०॥ वह फिर मेना के गर्भ से समुत्पन्न हुई थी और भक्ति तथा मुक्ति दोनो ही के प्रदान करने वाली थी । इसका जप करती हुई अरुन्धती ने अत्युत्तम योग को प्राप्त कर लिया था ॥६१॥ पुरुरवा नाम वाले राजर्षि ने लोकमे विजय की प्राप्ति की थी । राजा ययाति ने पुत्र का साम लिया था और भार्गव ने धन का साम प्राप्त किया था ॥ ६२ ॥ इसी भाति अन्य भी बहुत से देवगण, दैत्य वर्ग,ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र आदि ने भी इसी के समाराधन से यथेप्ट सिद्धि को प्राप्त किया था ॥ ६३ ॥ यह देवी का अष्टोत्तर शत नामक स्तोत्र जहा पर लिखित रूप मे स्थित रहता है और देव की सन्निधि मे इसकी अर्चा की जाया करती है वहां पर कभी भी किसी भी प्रकार का शोक एवं कैसी भी दुर्गति कभी भी नही हुआ करती है ॥६४॥

१३—पितृ वंश कीर्तन

विभ्राजानाम चान्येतु दिविसन्ति सुवर्चसः ।
लोकावर्हिपदोयत्र पितरः सन्तिभुव्रता. ॥१
यत्र बर्हिणयुक्तानि विमानानि सहस्रशः ।
सङ्कल्प्य वर्हिपो यत्र तिष्ठन्ति फलदायिनः ॥२
यत्राभ्युदयशालासु मोदन्ते श्राद्धदायिनः ।

यक्षरक्षोगणाश्चैव यजन्ति दिवि देवताः ।
पुलस्त्यपुत्राः शतशस्तपोयोगसमन्विताः ॥४
महात्मानो महाभागा भक्तानामभयप्रदाः ।
एतेषां पीवरी कन्या मानसी दिविविश्रुता ॥५
योगिनी योगमाता च तपश्चक्रे सुदारुणम् ।
प्रसन्नो भगवांस्तस्यावरंवव्रेतु सा हरेः ॥६
योगवन्तं सुरूपंच भर्तारं विजितेन्द्रियम् ।
देहि देव ! प्रसन्नस्त्वं पतिं मे वदतांवरम् ॥७

सूतजी ने कहा—दिव लोक मे विप्रज नाम वाले अन्य भी सुवर्चस हैं जहा पर सुव्रत वर्हियद पितर लोक हैं ॥१॥ जहा पर वर्हिण युक्त सहस्त्रो विमान हैं और जहा सकल्प करके वर्हिष फलों के प्रदान करने वाले समवस्थित रहा करते हैं ॥२॥ जहा पर अभ्युदय शालाओ मे श्राद्ध देने वाले परम मोह से समन्वित होकर रहा करते हैं और जिनका भजन देवासुरगण तथा गन्धर्वों एव अप्सराओ का समूह भी किया करता है ॥३॥ यक्ष और राक्षसो के गण भी तथा दिवलोक मे देवता भी जिन का भजनार्चन किया करते हैं । सैकडो ही पुलस्त्य मुनि के पुत्र जो तप और योग से भी समन्वित हैं महान् आत्मा वाले—महान् भाग वाले और भक्तो को अभय का दान देने वाले हैं । इनकी पीवरी मानसी कन्या दिवलोक मे विश्रुत है ॥४, ५॥ वह योगिनी और योगमाता थी जिसने परम दारुण तपस्या की थी । उसपर जब भगवान् प्रसन्न हुए और उससे वरदान की याचना करने को कहा गया तो उसने हरि से यही वरदान माँगा था ॥६॥ उसने कहा—हे देव ! आप कृपा कर योग वाला—रूप लावण्य से समन्वित—इन्द्रियो को जीतने वाला, बोलने वालो मे परम श्रेष्ठ पति भरण करने वाला प्रदान कीजिए यदि आप मेरी तपश्चर्या से परम प्रसन्न हो गये हैं ॥७॥

उवाच देवो भविता व्यासपुत्रोयदा शुकः ।

भविता तस्य भार्यात्व योग.चार्य्यस्य सुव्रते ॥८
भविष्यन्ति च ते कन्या कृत्वी नाम च योगिनी ।
पाञ्चालाधिपतेर्देया मानुष्यस्य त्वया तदा ॥९
जननीब्रह्मदत्तस्ययोग सिद्धा च गौःस्मृता ।
कृष्णागौर प्रभुशम्भुभविष्यन्तिचतेसुताः ॥१०
महात्म.नामहाभागगमिष्यन्ति परम्पदम् ।
तानुत्पाद्य पुनर्योगात्सवरा मोक्षमेष्यसि ॥११
सुमूर्तिमन्तः पितरो वाशिष्टस्य सुता स्मृताः ।
नाम्ना तु मानसा सर्व सवते धर्म्ममूर्त्तयः ॥१२
ज्योतिर्भासिपुलोकेपुये वसन्ति दिव. परम् ।
विराजमाना क्रीडन्तियसतेश्राद्धदायिनः ॥१३
सर्वकाममसृद्धे पुविमानेष्वपिपादजाः ।
किं पुनः श्राद्धदा 'वप्राभक्तिम.तक्रियान्विताः ॥१४

भगवान् ने कहा—जिस समय मे कृष्ण द्वैपायन व्यास जी का शुकदेव नामक पुत्र प्रसूत होगा तब उसकी तुम भार्या होओगी। हे सुव्रते! वह योग के परम प्रमुख आचार्य ही होंगे ॥८॥ उस समय मे कृत्वी नाम धारिणी योगिनी कन्या तेरी उत्पन्न होगी। उस कन्या को तुझे पाञ्चाल देश के अधिपति मनुष्य को ही प्रदान करनी होगी ॥९॥ ब्रह्मदत्त को जन्म देने वाली और योगसिद्धा गौ कही गयी है। उस समय मे कृष्ण-गौर-प्रभु और शम्भु तेरे पुत्र उत्पन्न होंगे ॥१०॥ महान् आत्मा वाले महाभाग परम पद को गमन करेंगे। उनका समुत्पादन करके पुनः योग से वर सहित मोक्ष को प्राप्त करोगी ॥११॥ महामुनीन्द्र वसिष्ठ के पुत्र सुमूर्तिमान् पितर कहे गये हैं। नाम से तो ये सभी मानस पुत्र थे किन्तु वे सभी धर्ममूर्ति थे ॥ १२ ॥ दिवलोक से भी पर ज्योतिर्भासी लोकों मे जा निवास किया करते हैं जहा पर वे श्राद्ध देने वाले विराजमान होते हुए आनन्द की क्रीडा किया करते है सर्व कामों से समृद्ध विमानो मे भी

पादज हैं। उनके विषय मे तो कहा ही क्या जावे जो भक्तिमान् और क्रिया से समन्वित श्राद्ध देने वाले विप्र होते हैं ॥१३, १४॥

गौर्नाम कन्या येषान्तु मानसी दिवि राजते।
शुकस्य दयिता पत्नी साध्यानां कीर्तिवर्द्धिनी ॥१५
मरीचिगर्भनाम्नातुलोकामार्तंडमण्डले।
पितरोयतिष्टन्तिहविष्यन्तोऽङ्गिरःसुताः ॥१६
तीर्थश्राद्धप्रदायान्ति ये च क्षत्रियसत्तमाः।
राज्ञान्तु पितरस्तेवै स्वर्गमोक्षफलप्रदाः ॥१७
एतेषामानसीकन्या यशोदा लोकविश्रुता।
पत्नीह्यंशुमतः श्रेष्ठा स्नुषा पचजनस्य च ॥१८
जनन्यय दिलीपस्य भगीरथपितामही।
लोकाःकामदुघानाम कामभागफलप्रदाः ॥१९
सुस्वधा नाम पितरोयत्रतिष्ठन्तिसुव्रताः।
क्षाज्यपा नाम लोकेषु कर्दमस्य प्रजापतेः ॥२०
पुलहाङ्गजदायादा वैश्यास्तान् भावयन्ति च।
यत्र श्राद्धकृता. सर्वे पश्यन्तियुगपद्गताः ॥२१

जिनकी गौ नाम वाली मानसी कन्या दिवलोक मे विराजमान है वह शुक मुनि की दयिता पत्नी है और साध्यो की कीर्ति का वर्धन करने वाली है ॥१५॥ मार्तण्ड मण्डल मे मरीचिगर्भा नाम से युक्त लोक पितर जहा पर अङ्गिरा के पुत्र हवि देते हुए स्थित रहा करते है वहा पर तीर्थो मे श्राद्ध देने वाले क्षत्रिय श्रेष्ठ जाया करते हैं। वे पितरगण राजाओ को स्वर्ग एव मोक्ष के फल प्रदान करने वाले होते हैं ॥१६॥ ॥१७॥ इनकी मानसी कन्या जो है वह यशोदा के नाम से लोक मे प्रसिद्ध है। यह अशुमान् की श्रेष्ठ पत्नी थी और पञ्चजन की स्नुषा थी ॥१८॥ यह राजा दिलीप को जन्म देने वाली माता थी तथा भगीरथ राजा की पितामही थी। लोक कामो के दोहन करने वाले कामदुघ थे जो

काम और भोग के फल देने वाले थे ॥१९॥ सुन्दर व्रत वाले सुस्वधा नाम वाले पितृगण जहा पर अवस्थित रहा करते हैं वे प्रजापति कर्दम के लोको मे आज्यया नाम वाले हैं ॥२०॥ ये प्रल्हाङ्गज के दायाद हैं और उन मे वंश्य गण ही भक्ति की भावना रखा करते हैं ; जहा पर सब श्राद्धो के करने वाले एक साथ गये हुए देखा करते हैं ॥२१॥

मातृभ्रातृपितृष्वसृ सखिसम्बन्धिबान्धवान् ।
अपिजन्मायुतंदृष्टाननुभूतान्सहस्रशः ॥२२
एतेषा मानसी कन्या विरजानाम विश्रुता ।
या पत्नीनहुषस्यासीद्ययातेर्जननी तथा ॥२३
एकाष्टकाऽभवत् पश्चाद् ब्रह्मलोके गता सती ।
अय एतेगणाःप्रोक्ताश्चतुर्थंन्तुवदाम्यतः ॥२४
लोकास्तु मानसा नाम ब्रह्माण्डोपरि सस्थिताः ।
येषान्तु मानसी कन्या नर्मदा नाम विश्रुता ॥२५
सोमपानामपितरोयत्रतिष्ठन्तिशाश्वताः ।
कृत्वासृष्ट्यादिकसर्वं मानसेसाम्प्रतस्थिताः ॥२६
नर्मदानाम तेषान्तु कन्यातोयवहासरित् ।
भूतानि या पावयति दक्षिणापथगामिनी ॥२७
तेभ्य सर्वे तु मनव प्रजा सर्गेषु निर्मिताः ।
ज्ञात्वाश्राद्धानि कुर्वन्तिधर्माभावेऽपिसर्वदा ॥२८
तेभ्य एव पुनः प्राप्तु प्रसादाद्योगसन्ततिम् ।
पितृणामादिसर्गे तु श्राद्धमेवविनिर्मितम् ॥२९

वहा पर वे उन सबका दर्शन प्राप्त किया करते हैं जिनको दशो सहस्र जन्मो मे भी कभी देखा था और सहस्रो की सख्या मे उनका कुछ भी अनुभव नहीं है । उनमे माता-पिता-भ्राता-भगिनी-सखा-सम्बन्धी और बाधव ये सभी होते हैं ।२२। इनकी मानसी कन्या विरजा नाम से विश्रुत है जो राजा नहुष की पत्नी हुई थी तथा राजा ययाति

की जननी थी ॥२३॥ पीछे ब्रह्म लोक मे गयी हुई यह सती एकाष्टका हो गई थी। ये तीन गण तो हमने पितरो के आप लोगो को बतला दिये है। अब आगे चतुर्थगण बतलाते हैं॥२४॥ जो मानस लोक हैं वे सब ब्रह्माण्ड के ऊपर संस्थित हैं। जिनकी मानसी कन्या नर्मदा—इस नाम से विश्रुत है ॥२५॥ जहां पर सोमप नाम वाले शाश्वत पितृगण स्थित रहा करते हैं सृष्टि आदि सब कुछ करके इस समय मे मानस मे ही संस्थित हैं ॥२६॥ उनकी नर्मदा नाम धारिणी कन्या तोय वहा सरित् है जो दक्षिण पथ का गमन करने वाली भूतो को पावन किया करती है ॥ ७॥ उनसे सब मनुगण और सर्गों मे निर्मित प्रजा श्राद्धो का ज्ञान प्राप्त करके उनकी सर्वदा धर्म के अभाव मे भी क्रिया करते है ॥२८॥उनसे ही पुनः प्रमाद से योग सन्तति को प्राप्त करने के लिये पितृगणो के आदि सर्ग मे यह श्राद्ध ही विशेष रूप से निर्मित किया गया है ॥२९॥

१४—श्राद्ध प्रकरण

श्रुत्वैतत्सवमखिल मनुः पप्रच्छ केशवम् ।
श्राद्धकालञ्च विविध श्राद्धभेद तथैव च ॥१
श्राद्धे पुभोजनीयायेये च वर्ज्याद्विजातय. ।
कस्मिन्वासरभागेवापितृभ्यःश्राद्धमाचरेत् ॥२
कस्मिन्दत्तं कथयाति श्राद्धन्तु मधुसूदन ।
विधिनाकेनकर्त्तव्य कथ प्रीणातितत्पितृ न् ॥३
कुर्यादहरह. श्राद्धमन्नाद्येनोदकेन वा ।
पयोमूलफलैर्वापि पितृभ्यः प्रीतिमावहन् ॥४
नित्यन्नैमित्तिकंकाम्यत्रिविधंश्राद्धमुच्यते ।
नित्यंतावत्प्रवक्ष्यामिअर्घावाहनवर्जितम् ॥५

अदैव तद्विजानीयात् पार्वणं पर्वसु स्मृतम् ।
पार्वण त्रिविधप्रोक्तं शृणुतावन्महीपते !
पार्वणे ये नियोज्यास्तु तान्छृणुष्व नराधिप ॥६
पञ्चाग्निःस्नातकश्चैवत्रिसुपर्णःषडङ्गवित् ।
श्रोत्रिय श्रोत्रियसुतो विधिवावय विशारदः ॥७

महर्षि सूतजी ने कहा—यह सब कुछ श्रवण कर के मनु ने फिर भगवान् कश्यप से पूछा था कि श्राद्ध के जो अनेक काल होते हैं वे क्या हैं और श्राद्धों के जो बहुत से भेद हुआ करते हैं वे कौन से हैं ? ॥१॥ श्राद्धों में जिन विप्रों को भोजन कराना चाहिए उन के समुचित स्वरूप क्या होने चाहिए और जो द्विजातिगण श्राद्ध में वर्जनीय है उनके क्या लक्षण होते हैं ? श्राद्ध दिन के किस भाग में करना चाहिए जो कि पितृगण के लिये समाचरित किया जाता है ? ॥२॥ हे मधु सूदन ! किस से दिया हुआ श्राद्ध किस प्रकार से जाकर वहां पहुंचता है ? यह भी कृपया बतलाइये कि यह श्राद्ध किस विधि-विधान से करना चाहिए और यह किस प्रकार से पितृगणों को प्रसन्नता दिया करता है ? ॥३॥ मत्स्य भगवान् ने कहा—श्राद्ध प्रतिदिन ही करना चाहिए । इसे चाहे तो अन्नादि के द्वारा सम्पन्न करे अथवा उदक के द्वारा ही पूर्ण करे या पय-मूल और फलों के द्वारा भी श्राद्ध करे जो कि पितृगण की प्रीति का समावर्धन करने वाला है । श्राद्ध देने वाले का कर्तव्य है कि उसकी भावना सदा पितृगण की प्रीति को प्राप्त करने की अवश्य होनी चाहिए ॥४॥ नित्य-नैमित्तिक और काम्य-इस प्रकार से तीन तरह के श्राद्ध हुआ करते हैं । अब मैं नित्य जो श्राद्ध होता है जो अर्घ और आवाहन से वर्जित है उसे बतलाता हूं ॥५॥ उसे अदैव ही जानना चाहिए । पर्व में होने वाला पार्वण श्राद्ध कहा गया है । हे महीपते ! यह पार्वण नामक श्राद्ध भी तीन तरह का कहा गया है—इसका भी श्रवण करिये ॥६॥ हे नराधिप ! पार्वण श्राद्ध में जो नियोजन करने के योग्य होते हैं उनके

विषय मे भी सुन लीजिए। इसमे नियोजन करने के योग्य ब्राह्मण पंचाग्नि तपने वाला-स्नातक-त्रिसुपर्ण-छहअङ्गशास्त्रो का ज्ञाता-श्रोत्रिय-श्रोत्रिय पण्डित का पुत्र और विधि वाक्य का विशेष विद्वान् ही होना चाहिए। तात्पर्य यह है कि उपयुक्त गुणो मे से उस विप्र मे कोई भी एक गुण अवश्य ही होना चाहिए।।७।।

सर्वज्ञोवेदविन्मन्त्री ज्ञातवंशः कुलान्वितः ।
पुराणवेत्ता धर्म्मज्ञः स्वाध्यायजपतत्परः ।।८
शिवभक्तः पितृपरः सूर्य्यभक्तोऽथ वैष्णवः ।।९
ब्रह्मण्यो योगविच्छान्तो विजितात्मा च शीलवान् ।
भोजयेच्चापि दौहित्रं यत्नतः स्वसृहृद्गुरून् ।।१०
विधर्ति मातुल बन्धुमृत्विगाचार्यसामगान् ।
यश्चध्वाकुरुतेवाक्ययश्चमीमासतेऽध्वरम् ।।११
सामस्वरविधिज्ञश्च पंक्तिपावनपावनः ।
सामगोब्रह्मचारी च वेदयुक्तोऽथब्रह्मवित् ।। १२
यस्तेये भुञ्जते श्राद्धे तदेव परमार्थवित् ।
एते भोज्या प्रयत्नेन वर्जनीयान्निबोध मे ।।१३

पार्वण श्राद्ध में वही नियोज्य होता है जो या तो सर्वज्ञ हो या वेदो का वेत्ता, मन्त्र शास्त्रो-ऐसा जिसके वंश का पूर्ण ज्ञान हो-सुन्दर कुल मे समुत्पन्न-पुराणो का ज्ञाता-धर्म्म का ज्ञान रखने वाला-वेदो के स्वाध्याय करने मे तथा मन्त्र जाप मे तत्पर हो ।।८।। जो विप्र भगवान् शङ्कर का परम भक्त हो वह-पितृगण म भक्ति रखकर परायण रहने वाला-भगवान् भुवन भास्कर का भक्त-विष्णु का भक्त-ब्राह्मण्य अर्थात् ब्राह्मणो पर दया तथा भक्ति रखने वाला-योग शास्त्र का ज्ञाता-परम शान्त स्वभाव से सम्पन्न विजितात्मा और शील वाला ब्राह्मण को ही पार्वण श्राद्ध मे भोजन कराना चाहिए। यदि दौहित्र प्राप्त हो तो यत्न पूर्वक उसे ही भोजन करावे अथवा अपने मित्र के

गुरु वर्ग को भोजन कराना चाहिए ॥ ६ ॥ १० ॥ विद्यति-मातुल-बन्धु-ऋत्विक—आचार्या—सोमय—वह जो वाक्य का व्याकरण करता हो—वह जो आधार के विषय मे मीमासा कर सकता हो—सामवेद के स्वरो की विधि का ज्ञाता—पाङ्क्तपावन—सामग—ब्रह्मचारी—वेद से युक्त अथवा ब्रह्म का वेत्ता इनमे से कोई भी जिस श्राद्ध मे भोजन किया करता है वह ही उत्तम प्रकार का श्राद्ध है और वही परमार्थ का वेत्ता श्राद्धदाता होता है । इतने प्रकार के जो ब्राह्मण बतलाये हैं उन्ही मे से किन्ही को प्रयत्नपूर्वक भोजन श्राद्ध मे कराना चाहिए । अब वे भी बतलाये जाते है जो श्राद्ध मे वर्जित विप्र होते हैं उनको भी मुझसे ही जानलो ॥ ११, १२, १३ ॥

पतितोऽभिशस्त क्लावश्च पिशुनव्यङ्गरोगिणः ।
कुनखोश्यावदन्तश्चकुण्डगोलाश्वपालकाः ॥ १४
परिवित्तिर्निंयुक्तात्मा प्रमत्तोन्मदारुणाः ।
वैडाली वकवृत्तिश्च दम्भोदेवलकादयः ।१५
कृतघ्नान्नास्तिकास्तद्वन्म्लेच्छदेशनिवासिन. ।
त्रिशङ्कुवंर्वरद्रावबीतद्रविडकोकणान् ॥१६
वर्जयेल्लिङ्गिनः सर्वान् श्राद्धकाले विशेषतः ।
पूर्वेद्यु रपरेद्यु र्वा विनीतात्मा निमन्त्रयेत् ॥१७
निमन्त्रितान् हि पितर उपतिष्ठन्ति तान् द्विजान् ।
वायुभूतानुगच्छन्ति तथासीनानुपासते ॥१८
दक्षिण जानुमालभ्यत्वमयातुनिमन्त्रितः ।
एव निम-त्र्यनिय मश्रावयेत्पितृवान्धवान् ॥१९
अक्रोधन शौचपरं सतत ब्रह्मचारिभिः ।
भवित-यं भवद्भिश्च मया च श्राद्धकारिणा ॥२०
पितृयज्ञ विनिष्पत्य तपणान्त्यन्तु योऽग्निमान् ।
पिण्डान्वाहार्यक कुर्य्यान्छ्राद्धमिन्दुक्षये मुदा ॥ २१

जो ब्राह्मण तो है किन्तु किसी कर्म वश पतित हो गया हो उसे—वह जो अभिशस्त हो—क्लीव—पिशुन—विगत या विशेष अङ्ग वाला—रोगी—कुनखी—कृष्ण वर्ण वाले जिसके दाँत हो यह—कुण्ड—गोलक और अश्वपालक ये ब्राह्मण श्राद्ध में वर्जित हैं। (पति के रहते हुए पर पुरुष से समुत्पन्न और पति के मृत होने पर पर पुरुष से उत्पन्न कुण्ड और गोलक संज्ञा वाले होते हैं)॥ १४॥ परिविति—नियुक्तात्मा—प्रमत्त—उन्मत्त—दारुण—गोद्रालो—वृष के समान वृत्ति वाला—दम्भी—देवलक आदि विप्र भी श्राद्ध में वर्जनीय होते हैं॥१५॥ जो किये हुए उपकार को नहीं मानने वाले हैं—ईश्वर की सत्ता के नहीं मानने वाले—म्लेच्छों के देश में निवास करने वाले—त्रिशकु—बर्बर—द्रावनीत्र—द्रविड़—कोरण में भी सब विप्र श्राद्ध मे नियोजन के योग्य नहीं है और वर्जित हैं॥१६॥ श्राद्ध के समय मे जितने भी लिङ्गधारी हैं उन सभी को विशेष रूप से वर्जित कर देना चाहिए पहिले दिन मे या उससे भी पूर्व दिन में ही श्राद्ध मे ब्राह्मण को निमन्त्रण दे देना चाहिए और परम विनीत भाव से सम्पन्न होते हुए निमन्त्रित करे॥ १७॥ जो ब्राह्मण श्राद्ध मे निमन्त्रित होते है पितृगण उन्हीं द्विजो पर उपस्थान किया करते हैं। वे वायु भूत होते हुए उनका ही अनुगमन किया करते हैं अतएव जब वे समासीन होवें तो उनकी उपासना करे। दक्षिण जानु का आलभन करके मैंने आपको निमन्त्रित किया है—इस रीति से निमन्त्रित करके पितृ गन्धर्वों को नियमो का श्रवण कराना चाहिए॥१८, १९॥ उन ब्राह्मणो से प्रार्थना करते हुए श्राद्ध कर्त्ता को कहना चाहिये कि आप लोगो को क्रोध से रहित शौच में परायण और निरन्तर ब्रह्मचर्य्या व्रत का परिपालन पूर्ण रूप से करने वाले होना ही चाहिए। मैं श्राद्ध का करने वाला हूं मुझे भी पितृयज्ञ को पूर्णतया सम्पन्न करके जिसका नाम तर्पण है जो अग्निमान् है उसे इन्दुक्षय मे परम प्रसन्नता से पिण्डान्वर दायंक श्राद्ध करना चाहिए॥२०॥२१॥

गोमयेनोपलिप्ते तु दक्षिणप्रवणेस्थले ।
श्राद्धं समाचरेद्भक्तया गोष्ठे वा जलसन्निधौ ॥२२
अग्निमान्निर्वपेत्पिण्ड्य चरुञ्छसाममुष्टिभिः ।
पितृभ्योनिर्वपामीतिसर्वंदक्षिणतोन्यसेत् ॥२३
अभिधार्यं ततः कुर्य्यान्निर्वापत्रयमग्रतः ।
तेपि तस्यायताःकार्य्याश्चतुरङ्गुलविस्तृताः ॥२४
दर्भांस्त्रयन्तु कुर्व्वीत खादिरं रजतान्वितम् ।
रत्निमात्रं परिश्लक्ष्णं हस्ताकाराग्रमुत्तमम् ॥२५
उदपात्रञ्च कास्यञ्च मेक्षणञ्चसमित्कुशान् ।
तिलान्पात्राणिसद्वासोगन्धधूपानुलेपनम् ॥२६
आहरेदपसव्यन्तु सर्वं दक्षिणतः शनैः ।
एवमासाद्य तत्सर्वं भवनस्याग्रतो भुवि ॥२७
गोमयेनोपलिप्तायांगोमूत्रेणतुमण्डलम् ।
अक्षताभिःसपुष्पाभिस्तदभ्यर्च्यापसव्यवत् ॥२८

जो स्थल दक्षिण दिशा की ओर हो उसे ही गोमय से उपलिप्त कर लेना चाहिए और वहीं पर परम भक्ति की भावना से पूरित होकर श्राद्ध का समाचरण करना चाहिए। अथवा गोष्ठ मे श्राद्ध करने का उत्तम स्थल रक्खे या किसी भी जलाशय की सन्निधि मे श्राद्ध का समाचरण करे ॥२२॥ जो अग्निमान् अर्थात् साग्निक हो उसे पिण्ड्य चरुका साम मुष्टियो से निर्वपन करना चाहिए। 'मैं पितृगण के लिये निर्वपन करता हूँ'—यह कहते हुए सभी को दक्षिण की ओर न्यस्त करना चाहिये ॥२३॥ इसके उपरान्त आगे निर्वापत्रय अभिधार्य्य को करना चाहिए। वे भी उसके चार अंगुल के विस्तृत आयत ही करने चाहिएँ ॥२४॥ वहाँ पर तीन दर्भ करे। वे चाहे खदिर निर्मित हो या रजत से समन्वित हो। रत्निमात्र—परिश्लक्ष्ण और एक हाथ के आकार वाला उत्तम होना चाहिए ॥२५॥ उस का पात्र-कास्य-मेक्षण-समिधा-कुशा-

तिल-पात्र-सुन्दर वस्त्र-गन्ध-धूप और अनुलेपन इन समस्त पदार्थों का अपसव्य मे धीरे से दक्षिण की ओर ही आहरण करना चाहिए। इस रीति से सबका समासादन करके भवन के अगले भाग मे भूमि मे जो कि गोमय से उपलिप्त की हुई है उसमे गोमूत्र से मण्डन करे और फिर अपसव्यवत् पुष्पों के सहित अक्षतों से उसका अभ्यर्चन करना चाहिए। यही सब श्राद्ध करने के स्थल पर करके ही श्राद्ध का समारम्भ करे ॥२६॥२७॥२८॥

विप्राणां क्षालयेत्पादावभिनन्द्य पुनः पुनः।
आसनेषूपकल्प्तेषु दर्भवत्सु विधानवत् ॥२९
उपस्पृष्टोदकान्विप्रानुपवेश्यानुमन्त्रयेत्।
द्वौ दैवे पितृकृत्ये त्रीनेकैकमुभयत्र च ॥३०॥
भोजयेदीश्वरोऽप्येवं न कुर्य्याद्विस्तरं बुधः।
देवपूर्वं नियोज्याथविप्रानर्घ्यादिनाबुधः ॥३१
अग्नौ कुर्यादनुज्ञातो विप्रैर्विप्रो यथाविधि।
स्वगृह्योक्तविधानेन कास्येकृत्वाचरुं ततः ३२
अग्नेपोमयमाभ्यान्तु कुर्यादाप्यायनं बुधः।
दक्षिनाग्नौ व्रतीतेवा य एकाग्निर्द्विजोत्तमः ॥३३
यज्ञोपवीतो निर्वर्त्य ततः पर्युक्षणादिकम्।
प्राचीनावीतिना कार्यमतः सर्वं विजानता ॥३४
पट्चतस्माद्धविःशेषात्पिण्डान्कृत्वाततोदकम।
दद्यादुदकपात्रैस्तु सतिलं सव्यपाणिना ॥३५

जब विप्रगण जो कि श्राद्ध मे निमन्त्रित किये गये हैं उस स्थल पर पदार्पण करें तो उनको बारम्बार वन्दना करके सर्व प्रथम उनके चरणों का प्रक्षालन करना चाहिए। फिर विधान पूर्वक दर्भों से समन्वित उपकल्प्त आसन हैं उन पर उन विप्रो को जिन्होने जल से अपना उपस्पर्शन कर लिया है उपवेशित करे और अनुमन्त्रण करना चाहिए। दैव

कृत्य मे दो तथा पितृ कृत्य मे तीन अथवा इन दोनो मे ही एक-एक ही विप्र को निमन्त्रित करना चाहिए। इन्ही ब्राह्मणो को भोजन करावे। चाहे कोई आर्थिक पूर्ण समर्थता भी क्यो न रखता हो श्राद्ध कर्म मे बुध पुरुष को इससे अधिक विस्तार नही करना चाहिए। हैव पूर्व नियोजन करके इसके अनन्तर ही बुध पुरुष को चाहिए कि निमन्त्रित विप्रो को अर्घ्य आदि उपचारो से उपसेवित करे ॥२६, ३०, ३१॥ विप्र को विधि के ही अनुसार उन निमन्त्रित विप्रो से अनुज्ञा प्राप्त करके अग्नि मे कृत्य का आरम्भ करना चाहिए। अपने गृह्य सूत्र के विधान के अनुसार ही फिर कांस्य पात्र मे चरु को कर लेवे। फिर "अग्नि सोमयम्"-इनसे बुध पुरुष को आज्यायन करना चाहिए। जो एकाग्नि द्विजोत्तम हो उसे दक्षिणाग्नि मे अथवा प्रतीत मे यज्ञोपवीती होते हुए पर्य्युक्षण आदि को निर्वर्त्तन करना चाहिए। इसलिये सबका ज्ञान रखने वाले पुरुष को प्राचीनावीति होकर ही करना चाहिए। उस हवि शेष से छै पिण्डो की रचना करके फिर उदक देवे और तिलो के सहित उदक को सव्य पाणि से ही उदक पात्रो के द्वारा देना चाहिए ॥३२, ३३, ३४, ३५॥।

जान्वाच्य सव्य यत्नेन दभयुक्तो विमत्सरः।
विधाय लेखा यत्नेन निर्वापेष्ववनेजनम् ॥३६
दक्षिणाभिमुख· कुर्य्यात् करे दर्वी निधायवै।
निधाय पिण्डमेकैक सर्वदर्भेष्वनुक्रमात् ॥३७
निनयेदय दर्भेषु नामगोत्रानुकीर्तनैः।
तेषु दर्भेषु त हस्त निमृज्यास्लेभागिनाम् ॥३८
तथैव च ततः कुर्यात् पुनः प्रत्यवनेजनम्।
पडप्येतान्नमस्कृत्य गन्धधूपार्हणादिभः ॥३९
एवमावाह्य तत्तत्वं वेदमन्त्रैर्यथोदितैः।
एकाग्नेरेकएव स्यान्निर्वापोदर्विका तथा ॥४०
ततः कृत्वान्तरेदद्यात्पत्नीभ्योऽन्नंकुशेषुसः।

तद्वत्पिण्डादिकेकुर्यादावाहनविसर्जनम् ॥४१
ततो गृहीत्वा पिण्डेभ्योमात्राः सर्वाः क्रमेणतु ।
तानेवविप्रान्प्रथमंप्राशयेद्यत्नतोनरः ॥४२

सम्यक् जान्वाच्य होकर यत्न पूर्वक मत्सरता से रहित और दर्भ-युक्त होकर लेखा करे तथा फिर यत्न के साथ दक्षिणाभिमुख हो वीं को हाथ मे रखकर निर्वापो मे अवनेजन करना चाहिय । एक-एक पिण्ड को रखकर अनुक्रम से सम्पूर्ण दर्भो मे विनीत करे और उन दर्भों मे उस समय नाम और गोत्र का भी कीर्त्तन करते हुए यह क्रिया सम्पन्न करनी चाहिए ॥३६, ३७, ३८॥ उसी भाँति से इसके पश्चात् पुनः प्रत्यवनेजन करना चाहिए । इन छैओ पिण्डो को गन्ध धूप आदि को अर्हणा के द्वारा नमस्कार करे ॥ ३९ ॥ यथोदित जो वेद के मन्त्र हैं उनके द्वारा इसी प्रकार से उन सबका आवाहन करना चाहिए । जो एकाग्नि हो उसका एक ही होना चाहिए तथा निर्वापोदक क्रिया भी वैसा ही होवे ॥ ४० ॥ इसके अनन्तर यह सब सम्पादित करके उसे अन्तर मे कुशो मे उनकी पत्नियो के लिये अन्न देना चाहिए । और इनके लिये भी उसी भाँति पिण्ड आदि मे आवाहन और विसर्जन करने चाहिए ॥ ४१ ॥ इसके पश्चात् उन्हे ग्रहण करके पिण्डो से सब मात्रा क्रमेण अर्थात् क्रमपूर्वक उस श्राद्धदाता पुरुष को यत्नपूर्वक उन्ही विप्रो को सर्व प्रथम खिला देनी चाहिये ॥ ४२ ॥

यस्मादन्नात् धृता मात्राभक्षयन्तिद्विजातयः ।
अन्वाहार्यकमित्युक्तंतस्मात्तच्चन्द्रसंज्ञये ॥४३
पूर्वं दत्त्वातु तद्धस्तेसपवित्रं तिलोदकम् ।
तत्पिण्डाग्रप्रयच्छेत्तस्वधैषामस्त्वितिब्रुवन् ॥४४
वर्णयन् भोजयेदन्नं मिष्ट पूतञ्च सर्वदा ।
वजयेत् क्रोधपरतां स्मरन्नारायण हरिम् ॥४५
तृप्तान् ज्ञात्वा ततः कुर्याद्विकिरन् सावधणिकम् ।

सोदक चान्नमुद्धृत्य सलिल प्रक्षिपेद्भुवि ॥४६
आचान्तेषु पुनर्दद्याज्जलपुष्पाक्षतोदकम् ।
स्वस्तिवाचनक सर्वं पिण्डोपरिसमाहरेत् ॥४७
देवायत्त प्रकुर्वीतश्राद्धनाशोऽन्यथाभवेत् ।
विसृज्यब्राह्मणास्तद्वत्ते पाकृत्वा प्रदक्षिणम् ॥४८
दक्षिणा दिशमाकाङ्क्षन् पितॄन् याचेत मानवः ।
दातारो नोऽभिवर्धन्तां वेदा सन्ततिरेव च ॥४९

जिस अन्न से जो मात्रा यहाँ पर घृत की गई है द्विजाति गण उसका भक्षण करते हैं। इसको अन्वाहार्यक कहा गया है। इस कारण से उस चन्द्र के क्षय में पहिले पवित्रों के सहित तिलोदक को उनके हाथ में देकर फिर 'एषा स्वधा अस्तु' अर्थात् इनको स्वधा होवे—यह मुख से बोलता हुआ उस पिण्ड का अग्रभाग देवे। फिर सर्वेष्टामिष्ट तथा पूर्त मन्त्र की प्रशंसा का वर्णन करते हुए उनको भोजन कराना चाहिए। उस समय में क्रोध का भावना को सर्वथा वर्जित कर देना चाहिए और श्री हरिनारायण का स्मरण करते हुए ही यह सब कर्म सम्पन्न करे ॥४३ ४४, ४५ ॥ जब यह जान लेवे कि विप्र भोजन से पूर्णतया तृप्त हो गये हैं तो फिर सार्व वैश्विक विकिरन करना चाहिये। उदक के सहित को उद्धृत करके भूमि में जल का प्रक्षेपण करे ॥ ४६ ॥ जब वे साचान्त हो जायें तो उन्हें पुनः जल पुष्प, अक्षत और उदक देवे स्वस्ति वाचनक सर्व का पिण्ड के ऊपर में समाहरण करना चाहिये सब देवायत्त करे अन्यथा श्राद्ध का नाश हो जाता है। फिर ब्राह्मणों का विसर्जन करके उनकी प्रदक्षिणा करे। दक्षिण दिशा की आकांक्षा करते हुए मनुष्य को पितृगण से याचना करनी चाहिये आप सब दाता हैं और हमारे वेदों तथा सन्तति का अविवर्द्धन

श्रद्धाचनोमाव्यगमत्बहुदेयञ्चनोऽस्त्विति ।
अन्नञ्चनो बहुभवेदतिथीश्च लभामहे ॥५०
याचितारश्च नः सन्तुमाचयाचिष्मकञ्चन ।
एतदस्त्वितितत्प्रोक्तमन्वाहार्यन्तुपार्वणम् ॥५१
यथेन्दुसक्षये तद्वदन्यत्रापि निगद्यते ।
पिण्डास्तुगोऽजविप्रेभ्योदद्यादग्नौ जलेऽपिवा ॥५२
विप्राग्रतो वा विकिरेद्वयोभिरभिवाशयेत् ।
पत्नीतुमध्यमपिण्ड प्राशयेद्विनयान्विता ॥५३
आधत्त पितरोगर्भमत्र सन्तानवर्धनम् ।
तावदुच्छेषण तिष्टेद्यावद्विप्रा विसर्जिता ॥५४
वैश्वदेव ततः कुर्यान्निवृत्ते पितृकर्मणि ।
इष्टैः सह तत शान्ताभुञ्जीत पितृसेवितम् ॥५५
पुनर्भोजनमध्वान यानमायासमैथुनम् ।
श्राद्धकृच्छ्राद्धभुक् चैवसवमेतद्विवर्जयत् ॥५६
स्वाध्याय कलह चैव दिवास्वप्नञ्च सर्वदा ।
अनेन विधिना श्राद्ध निरद्वस्येह निवपेत् ॥५७
कन्याकुम्भवृषस्थेऽर्के कृष्णपक्षेषु सर्वदा ।
यत्र यत्र प्रदातव्य सपिण्डिकरणात्परम् ।
तत्रानेन विधानेन देयमग्निमता सदा ॥५८

पितृगण से करबद्ध होकर परमपूत भावना से यह भी याचना करे कि आप ऐसी कृपा करें कि हमारे हृदय स कभी भी श्रद्धा का व्यय-गम न होवे और हमारे हृदय मे बहुत अधिक दातृत्व शक्ति की वृद्धि होवे । हमारे पास अत्यधिक अन्न होवे और उसे अतिथि गण प्राप्त करत रहे ॥ ५० ॥ हम लोगो से याचना करने वाले लोग होवें जिनकी याच-नाओ को पूर्ति हम किया करें तथा हम कभी भी किसी से याचना करने वाले न बनें । ऐसी ही कृपा आप लोग करें कि ऐसा ही हो जावे ।

इसी को अन्वाहार्य पार्वण श्राद्ध कहा गया है ॥ ५१ ॥ जिस प्रकार से इन्दु के सक्षय मे इसे कहा गया है उसी भाँति अन्यत्र भी इसको कहा जाता है । इन पिण्डो को फिर गौ-अजा और विप्रों को दे देना चाहिए अथवा इनको किसी पवित्र जलाशय मे या अग्नि मे प्रक्षिप्त कर देना चाहिए ॥ ५२ ॥ विप्रो के आगे विकिरण कर देवे अथवा पक्षियो को खिला देना चाहिये । पत्नी को मध्यम पिण्ड का प्राशन विनय से समन्वित होकर करना चाहिए ॥ ५३ ॥ इसमे पितृगण सन्तान के वर्धन करने वाला गर्भ रख दिया करते हैं । जब तक विप्रगण वहाँ से विसर्जित न होवें तब तक वह उनका उच्छिष्ट वैसे ही स्थित रहना चाहिये ॥ ५४ ॥ इस पितृकर्म्म के साङ्ग सम्पन्न होकर निवृत्त हो जाने के पश्चात् वलि-वैश्वदेव करना चाहिए । इसके अनन्तर अपने समस्त इष्ट मित्रो तथा बन्धु-बान्धवो के साथ मिलकर परम शान्त भाव से युक्त हो उस पितृ सेवित अन्न को खावे ॥ ५५ ॥ श्राद्ध करने वाले पुरुष को उसी दिन मे दूसरी बार भोजन करना, मार्ग का गमन करना, यान मे समारोहण करना, विशेष श्रम का कार्य करना, मैथुन नही करना चाहिये । इस भाँति श्राद्ध भोजन करने वाले विप्र को भी इन नियमो का परिपालन करना चाहिए तथा दोनो को ही इनका विवर्जन कर देना चाहिए ॥ ५६ ॥ श्राद्ध वाले दिन मे स्वाध्याय भी न करे तथा किसी प्रकार का कलह और दिन मे निद्रा भी न लेवे और सर्वदा इसका ध्यान रखना चाहिए । इसी विधि-विधान से यहाँ पर श्राद्ध का निर्वपन करना चाहिए । कन्या राशि, कुम्भ और वृष राशि पर सूर्य के स्थित होने पर सर्वदा कृष्ण-पक्षो मे ही श्राद्ध देना चाहिए । सापिण्डीकरण से आगे ही जहाँ-जहाँ पर श्राद्ध देना चाहिये । जो साग्निक हो उसे भी इसी विधान से श्राद्ध देना चाहिए ॥ ५७ ॥ ५८ ॥

१५—साधारण अभ्युदय कीर्तन

अतः परं प्रवक्ष्यामि विष्णुना यदुदीरितम् ।
श्राद्धं साधारणंनामभुक्तिमुक्तिफलप्रदम् ॥१
अयने विषुवे युग्मे सामान्ये चार्कसंक्रमे ।
अमावास्याष्टकाकृष्णपक्षे पञ्चदशीषु च ॥२
आर्द्रामघारोहिणीषु द्रव्यब्राह्मणसङ्गमे ।
गजच्छायाव्यतीपाते विष्टि वैधृतिवासरे ॥३
वैशाखस्य तृतीयाया नवमी कार्तिकस्य च ।
पञ्चदशी च माघस्य नभस्येचत्रयोदशी ॥४
युगादयः स्मृता ह्येता दत्तस्या ऽयकारिका. ।
तथा मन्वन्तरादौचदेयश्राद्धं विजानता ॥५
अश्वयुक् शुक्लनवमी द्वादशीकार्तिके तथा ।
तृतीया चैत्र मासस्य तथा भाद्रपदस्य च ॥६
फाल्गुनस्यह्यमावास्यापोपस्यैकादशीतथा ।
आषाढस्याऽपिदशमीमाघमासस्यसप्तमी ॥७
श्रावणस्याष्टमी कृष्णातथाषाढीचपूर्णिमा ।
कार्तिकीफाल्गुनीचैत्रीज्येष्ठपञ्चदशीसिता ॥
मन्वन्तरादयश्चैता दत्तस्याक्षयकारिकाः ॥८

महा महर्षि श्री सूतजी ने कहा—इससे आगे मैं साधारण श्राद्ध को बतलाऊँगा जो भगवान् विष्णु ने कहा था। यह श्राद्ध भुक्ति-मुक्ति के फल देने वाला है। १।। इस श्राद्ध के देने के समय बतलाये जाते हैं—अयन—विषुव—युग्म—सामान्य सूर्य संक्राति—अमावास्या—अष्टका—कृष्ण पक्ष पञ्चदशी—आर्द्रा—मघा—रोहिणी—द्रव्यब्राह्मण सङ्गम—गजच्छाया व्यतिपात—विष्टि—वैधृतिवासर वैशाख की तृतीया—कार्तिक मासकी नवमी तिथि—माघ की पञ्चदशी—नभस्य मास का त्रयोदशी तिथि ये युगादय दिये हुए श्राद्ध को अक्षय करने वाले कहे गये हैं। उसी भाँति मन्वन्तर

के आदि के विशेष ज्ञान रखने वाले पुरुष को श्राद्ध देना चाहिए ॥८॥ ॥३, ८, ५॥ अश्वयुक् की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि तथा कार्तिक में द्वादशी तिथि चैत्र और भाद्र पद मास की तृतीया तिथि-फाल्गुन की अमावस्या और पौष मास की एकादशी तिथि-आषाढ की भी दशमी तथा माघ मास की सप्तमी तिथि-श्रावण की अष्टमी कृष्ण पक्ष वाली-आषाढी पूर्णिमा तथा कार्तिकी-फाल्गुनी-चैत्री और ज्येष्ठ की सिता पक्षदशी तथा मन्वन्तर दिन ये श्राद्ध के क्षय करने वाली तिथियाँ हैं ॥९, ७, ८॥

यस्या मन्वन्तरस्यादौ रथमास्तेदिवाकरः ।
माघमासस्यसप्तम्यामातु स्याद्रथसप्तमी ॥ ९
पानोदमप्यत्र तिलैर्विमिश्र दद्यात्पितृभ्य. प्रयतोमनुष्य ।
श्रद्धा कृतं तन समा सहस्र रहस्यमेतत् पितरो वदन्ति॥१०
वैशाख्यामुपरागेषु तथोत्सवमहालये ।
तार्थियतनगोष्ठेषु द्वापोद्यानगृहेषु च ॥११
विविक्तेषूपलिप्तेषु श्राद्ध देय विजानता ।
विप्रान् पूर्व परेद्युर्वानिमन्त्रयेत् ॥१२
शीलवृत्तगुण पेतान् यथाप्तसमन्वितान् ।
द्वौ देवे स्त्रीस्तथा पैत्र्ये एककमुभयत्रवा ॥१३
भोजयेत्सुसमृद्धोपिनप्रसज्जेतविस्तरे ।
विश्वान्देवान्यवै. पुर्व्परम्यन्यामनपूर्वकम् ॥१४

मन्वन्तर के आदि में जिस तिथि में दिवाकर रथ में विराजमान होते हैं वह माघ मास की सप्तमी तिथि है, अतएव वह रथ सप्तमी के नाम से भी जानी है ॥९॥ इस तिथि में यदि कोई प्रयत मनुष्य अपने पितृगण के लिये तिलों से विमिश्रित जल मात्र भी समर्पित कर देता है तो माना जाता है कि उस व्यक्ति ने एक सहस्र वर्ष तक का श्राद्ध कर लिया है—इस रहस्य को पितृगण ही कहा करते हैं ॥१०॥ वैशाखी

पूर्णिमा मे—उपरागो मे—उत्सव महालय मे—तीर्थ-देवायतन और गोष्ठ मे-द्वीप-उद्यान-गृह मे तथा परम विविक्त (एकान्त) और गोमय से उप लिप्त स्थल मे विशेष ज्ञाता पुरुष को पितृगण के लिये श्राद्ध देना चाहिए। पूर्व या पर दिन मे ही नियोजन के योग्य अधिकारी विप्रो को विनीत आत्मा वाला परम विनम्र होकर निमन्त्रित कर देना चाहिए ॥११, १२॥ जो भी विप्र श्राद्ध मे निमन्त्रित किये जावें वे शील-वृत्त और गुणो से युक्त तथा वय एवं रूप से समन्वित होने चाहिए। दैव मे दो और पैत्र्य मे तीन ही विप्रो को श्राद्ध मे निमन्त्रण देना चाहिए अथवा इन दोनो मे ही एक-एक विप्र को निमन्त्रित कर देना पर्याप्त होता है ॥१३॥ चाहे कोई कितना ही अधिक समृद्धिशाली भी क्यो न हो जिसे धन के अधिक व्यय होने की कुछ भी परवाह न हो तो भी श्राद्ध मे विस्तार करने के लिए प्रसज्जित नही होना चाहिए। विश्व देवो को यवो के तथा पुरुषो के द्वारा अभ्यर्चन करते हुए पहिले आसन ग्रहण करना चाहिए ॥१४॥

पूरत्येपात्रयुग्मन्तु स्थाप्य दर्भपवित्रकम् ।
शन्नोदेवीत्यप.कुर्य्याद्यवोऽसीतियवानपि ॥१५
गन्धपुष्पैश्च सपूज्य वश्वदेव प्रतिन्यसेत् ।
विश्वेदेव.सइत्याभ्यामावाह्यविकिरेद्यवान् ॥१६
गन्धपुष्पैरलङ्कृत्ययादिव्येत्यपउत्सृजेत् ।
अभ्यर्च्यताभ्यामुत्मृष्टपितृकार्य्य समारभेत् ॥१७
दर्भासनन्तुतत्त्वादोत्रौणिपात्राणिपूरयेत् ।
सपवित्राणिकृत्वादोशन्नोदेवीत्यप:क्षिपेत् ॥१८
तिलोऽसीति तिलान् कुर्य्यट्टिगन्धपुष्पादिक पुन ।
पात्र वनस्पतिमयतथापणमय पुनः ॥१९
जलज वाथ कुर्व्वीत तथा सागरसम्भवम् ।
सौवर्ण राजत वापि पितृणा पात्रमुच्यते ॥२०

रजतस्य कथा वापि दर्शनं दानमेव वा ।
राजतैर्भाजनैरेषामथवा रजतान्वितैः ॥२१

दो पात्रो की स्थापना करके दर्भ और पवित्री के सहित जल से उन्हे पूरित करे तथा "शन्नोदेवी"—इत्यादि मन्त्र के द्वारा जल करना चाहिए। "यवोऽसीति"—इत्यादि मन्त्र को उच्चारण करते हुए यवों को भी डाल देवे ॥ १५ ॥ गन्ध और पुष्पो से वैश्वदेव का भली भाँति पूजन करके प्रतिन्याम कर देना चाहिय । "विश्वेदेवास"—इत्यादि मन्त्रो के द्वारा आवाहन करके यवो को विकीर्ण करना चाहिये ॥ १६ ॥ गन्ध पुष्पो से समलकृत करके "या दिव्य"- इत्यादि मन्त्र को बोलते हुए जल का उत्सर्ग करे, उन दोनो से अभ्यर्चन करके फिर उत्सृष्ट पितृ कार्य का समारम्भ कर देना चाहिए ॥ १७ ॥ आदि मे दर्भासन देकर तीन पात्रो को पूरित कर देवे और आदि मे उन पात्रो को पवित्री के सहित करके फिर "शन्नोदेवी रभिष्टये"—इत्यादि मन्त्र के द्वारा जल का क्षेपण करना चाहिए ॥ १८ ॥ "तिलोऽसीति" मन्त्र को पढ़ते हुये तिलो का क्षय करे और फिर गन्ध, पुष्प आदि का क्षेपण करना चाहिये। पात्र को वनस्पतियो से पूर्ण तथा पर्णमय कर देवे ॥ १९ ॥ अथवा जलज करे तथा सागर सम्भव कर देवे। पितृगणो के पात्र सुवर्ण निर्मित अथवा रजत (चाँदी) स बने हुए राजत कहे जाया करते है ॥ २० ॥ रजत की कथा भी दर्शन और दान ही होना है। इन पितृगणो के लिये श्राद्ध आदि जो कुछ भी दिया जावे वह चादी के निर्मित पात्रो के द्वारा ही देना चाहिए अथवा चाँदी मे समन्वितो के द्वारा करना चाहिये ॥२१॥

वार्यपि श्रद्धया दत्तमक्षय्यायोपकल्पते ।
तथाध्यैपिण्डभोज्यादौ पितृणा राजतमतम् ॥२२
शिवनेत्रोद्भव यस्मात्तस्मात्तत्पितवल्लभम् ।
अमङ्गल तद्यत्नेन देवकार्येषु वर्जयेत् ॥२३
एव पात्राणि संकल्प्य यथालाभविमत्सरः ।

यादिव्येतिपितुर्नामगोत्रं दर्भंकरोन्यसेत ॥२४
पितॄनावाहयिष्यामि कुर्वित्युक्तस्तु तैं पुनः ।
उशन्तस्त्वा तथायन्तु ऋग्भ्यामावाहयेत्पितॄन् ॥२५
यादिव्येत्यर्घ्यमुत्सृज्य दद्याद् गन्धादिकांस्ततः ।
हस्तात्तदुदकं पूर्वं दत्त्वा सश्रवमादितः ॥२६
पितृपात्रे निधायार्घ्यमुदग्जमुत्तरतोन्यसेत् ।
पितृभ्यःस्थानमसीतिनिधाय परिषेचयेत् ॥२७
तत्रापि पूर्ववत् कुर्यादग्निकार्यं विमत्सरः ।
उभाभ्यामपि हस्ताभ्यामाहृत्य परिवेषयेत् ॥२८

जो अद्धापूर्वक केवल जल भी दिया गया है वह भी अक्षय ही उपकालीन हो जाता है। इसी भाँति से अर्घ्य-पिण्ड भोज्य आदि के कर्म में पितृगणो के लिये राजत माना गया है ॥ २२ ॥ भगवान् शिव के नेत्रो से उत्पत्ति होती है इसी कारण से यह पितृगण का प्रिय है। जो अमङ्गल है उसे यत्नपूर्वक देव कार्यो से वर्जित करना चाहिए ॥ २३ ॥ इस रीति से पात्रो का सङ्कल्प करके लाभानुसार मत्सरता के भाव से रहित होकर ही "या दिव्या"—इत्यादि मन्त्र से पिता के नाम गोत्रो से हाथ मे दर्भ ग्रहण करने वाले को न्यास करना चाहिये ॥ २४ ॥ "पितॄन् आवाहयिष्यामि"—अर्थात् मैं अपने पितृगणो का आवाहन करूँगा—इस रीति से अनुज्ञा प्राप्त करने के लिये पूछे। जब ब्राह्मण कह देवे कि 'कुरु'—अर्थात् आवाहन करो तभी आवाहन पूछकर प्राप्तानुज्ञ होकर ही करे। 'उशन्तस्त्वा'-'तथायन्तु'—इन दो ऋचाओ के द्वारा पितृगण का आवाहन करे ॥ २५ ॥ 'या दिव्या'-इस मन्त्र को पढकर अर्घ्य का उत्सर्ग करके फिर पीछे गन्ध आदिक अन्य पूजनोपचारों का देना चाहिये। हाथ से पूर्व मे उस जल को देकर आदि से सश्रव को पितृगण के पात्र मे रखकर उत्तर की ओर न्युब्ज न्यास करना चाहिये। 'पितृभ्यःस्थानमसि"—इस मन्त्र से रखकर परिवेदन करे ॥ २६, २७ ॥

वहाँ पर भी पूर्व की ही भाति मात्सर्य से रहित होकर ही अग्नि कार्य करना चाहिये । दोनो हाथो मे समाहरण करके ही परिवेषण करना चाहिये ॥ २८ ॥

प्रशान्तचित्तः सतत दर्भपाणिरशेषत: ।
गुणाढ्यं. सूपशाकैस्तु नानाभक्ष्यंविशेषत. ॥२९
अन्नन्तु सदधिक्षीर गोघृत शर्कतान्वितम् ।
मासम्प्रीणातिवैसर्वान्पितृ नित्याहकेशव: ॥३०
यत्किञ्चिन्मधुसमिश्र गोक्षीर घृतपायसम् ।
दत्तमक्षयमित्याहु पितरःपूवदेवता ॥३१
स्वाध्यायं श्रावयत् पित्र्य पुराणान्यखिलानि च ।
ब्रह्मविष्ण्वर्करुद्राणा स्यवानि विविधानि च ॥३२
इन्द्राग्निसोमसूक्तानि पावनानि स्वशक्तित. ।
वृहद्रथन्तरतद्वज्ज्येष्ठसामसरोहिणम् ॥३३
तथैव शान्तिकाध्याय मधु ब्राह्मणमेव च ।
मण्डल ब्राह्मणतद्वत्प्रीतिकारितुयत् पुन. ॥३४
विप्राणामात्मनश्चैव तत्सर्वं समुदीरयेत् ।
भुक्तवत्सु ततस्तेषु भोजनोपान्तिके नृप ! ॥३५

निरन्तर श्राद्ध कर्म मे प्रशान्त चित्त वाला रहकर ही उसे करे और सर्वदा हाथ मे दर्भ रखे । गुणों मे युक्त सूप तथा शाक आदि अनेक प्रकार के भक्ष्य पदार्थों का विशेष रूप से परिवेषण करे ॥ २९ ॥ जो भी अन्न दिया जावे वह दधि-क्षीर और शर्करा से समन्वित ही देना चाहिये । भगवान् केशव ने कहा है कि इस तरह से दिया हुआ श्राद्ध एक मास पर्यन्त पितृगण को प्रसन्न किया करता है ॥ ३० ॥ जो कुछ भी मधु से समिश्रित जौ का क्षीर, घृत पायस दिया हुआ है वह सब अक्षय अर्थात् क्षय से रहित हो जाया करता है—ऐसा पितृगण और पूर्व देवता कहते है ॥ ३१ ॥ पित्र्य अर्थात् पितृगण से सम्बन्धित स्वाध्याय का श्रवण

करावे तथा सभी पुराणों को सुनाना चाहिये। ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र के विविध स्तवों का श्रवण कराना चाहिए ॥ ३२ ॥ इन्द्र-अग्नि और सोम के जो परम पावन सूक्त हैं उनका श्रवण अपनी शक्ति से करावे। इसी भाँति वृहद् अन्तर और ज्येष्ठ साम सरोहिण का श्रवण भी शक्ति के अनुसार बन पड़े तो कराना चाहिए ॥ ३३ ॥ इसी तरह से शान्तिकाध्याय और माधु ब्राह्मण एव मण्डल तथा ब्राह्मण का श्रवण करावे। तात्पर्य यही है कि जो भी कुछ पितृगण के लिये प्रीति का करने वाला हो वही उस समय मे श्रवण कराना उचित होता है ॥ ३४ ॥ हे नृप ! इसके पश्चात् उन सबके मुक्तवान् हो जाने पर ही भोजन के समीप मे ही विप्रो का तथा अपना सब उद्घोरित करना चाहिए ॥ ३५ ॥

सार्ववर्णिकमन्नाद्य सन्नीयात्पाव्य वारिणा ।
समुत्सृजेद् भुक्तवतामग्रतो विकिरेद्भुवि ॥३६
अग्निदग्धास्तु ये जीवा यऽप्यदग्धाकुले मम ।
भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु प्रयान्तु परमाङ्गतिम् ॥३७
येषा न माता न पिता न बन्धुर्न गोत्रशुद्धिर्न तथान्नमस्ति ।
ततृप्तयेऽन्नं भुवि दत्तमेतत् प्रयातु लोके पुसुखाय तद्वत् ॥३८
असस्कृतप्रमीतानान्त्यक्तानां कुलयोषिताम् ।
उच्छिष्टभागधेयं स्याद्भूमौ विकिरयोश्चयः ॥३९
तृप्ता ज्ञात्वोदक दद्यात् सकृद्विप्रकरे तथा ।
उपलिप्ते महीपृष्ठे गोशकृन्मूत्रवारिणा ॥४०
निधाय दर्भान् विविधद्क्षिणान्प्रयत्नतः ।
सवदर्शेन चान्नेन पिण्डातु पितृयज्ञवत् ॥४१
अवनेजनपूर्वन्तु नामगोत्रेण मानवः ।
गन्धधूपादिकं दद्यात् कृत्वा प्रत्यवनेजनम् ॥४२

सभी वर्णों का अन्न आदि का ग्रहण कर लेवे और उसको लाकर जल से प्लावित कर लेना चाहिए फिर उसको मुक्त हुओ के साम

समुत्कृष्ट करना चाहिए और भूमि मे विकीर्ण कर देवे ॥ ३६ ॥ जिस समय मे भूमि मे अन्न को विकीर्ण करे उस समय मे "अग्नि-दग्धास्तु ये जीवाप्येऽप्यदग्धाः कुलेमम । भूमि……" इत्यादि मन्त्र का मुख से समुच्चारण करना चाहिए । इसका अर्थ है जो भी कोई जीव मेरे कुल मे आग से जलकर मृत हो गये हो अथवा जिनका कभी दाह ही नही किया गया हो और ऐसे ही कहीं मृत शव पडकर विनष्ट हुआ हो वे सभी भूमि मे समर्पित इस विकीर्ण अन्न से तृप्ति को प्राप्त करे तथा परम गति को प्राप्ति भी करें ॥ ३७ ॥ जिनके कोई भी माता—पिता और बन्धु नही हैं—न उनके गोत्र की ही सुद्धि है और न अन्न ही प्राप्त है उन सबकी तृप्ति के लिये ही यह अन्न भूमि मे विकीर्ण करके दिया गया है । यह लोको मे उन सबको उसी भाँति सुख के लिये होवे ॥ ३८ ॥ असंस्कृत प्रमीत स्यक्त कुल योषितों का उच्छिष्ट भाग शेष और और जो दर्भ मे विकीर्ण है वह होवे ॥३९॥ जिस समय म यह समझ लेवे कि भोजन करके विप्र प्राय तृप्त हो चुके है तब एक बार विप्र क कर मे उदक देना चाहिए । गोमय और गोमूत्र क द्वारा उपलिप्त भूमि के पृष्ठ भाग पर उन दर्भों का निधापित कर देवे किन्तु विधिपूर्वक दक्षिण की ओर ही उनर अग्रभाग होने चाहिये ऐसा ही प्रयत्न पूर्वक करे । सभी वर्णो वाले पुरुषो के अन्न मे पितृ यज्ञ की भाँति पिण्डो की रचना करनी चाहिए ॥ ४०, ४१ ॥ मानव को अन्नेजन पूर्वक नाम और गोत्र के द्वारा गन्ध—धूप आदिक सभी समर्पित करे और फिर प्रत्यवनेजन करना चाहिए ।

जान्वाच्यमव्य सव्येनपाणिनाथ प्रदक्षणम् ।
पित्र्यमानीय तत्कार्यं विधिवद्दभपाणिना ॥४३
दीपप्रज्वालनतद्वत् कुर्यात्पुष्पार्चन बुधः ।
अयाचितेषु चाचम्यवारिदद्यात्मकृत्सकृत् ॥४४
अथ पुष्पः तान् पंचादक्षःयोदकमेव च ।

सतिलं नामगोत्रेणदद्याच्छक्तयाचदक्षिणाम् ॥४५

गोभूहिरण्यवासांसि भव्यानि शयनानि च ।
दद्याद्यदिष्टं विप्राणामात्मन. पितुरेव च ॥४६

वित्तशाठ्येन रहितः पितृभ्यः प्रीतिमावहन् ।
ततः स्वधावाचनक विश्वेदेवेषु चोदकम् ॥४७

दत्त्वाशीः प्रतिगृह्णीयाद्विश्वेभ्यः प्राङ्मुखो बुधः ।
अघोराः पितरः सन्तु सन्त्वित्युक्तः पुनर्द्विजैः ॥४८

गोत्रं तथावर्द्धन्ताम्नस्तथेत्युक्तश्च तैं पुनः ।
दातारोनोऽभिवर्द्धन्तामिति चैवमुदीरयेत् ॥४९

सव्य पाणि से जान्वा वाच्य करे इसके अनन्तर पित्र्य को प्रदक्षिण मे लाकर दर्भयुक्त हाथ से विधिपूर्वक वह करना चाहिए ॥४३॥ उसी तरह दीपक का प्रज्वालन करे और बुध पुरुष को पुष्पार्चन करना चाहिए। इसके पश्चात् उन विप्रो के आचान्त होने पर और आचमन करके एक-एक बार जल देवे ॥४४॥ इसके अनन्तर पुष्प और अक्षतों को तथा असव्य उदक जो तिलो के सहित हो नाम और गोत्र का उच्चारण करके देना चाहिए तथा शक्ति के अनुसार दक्षिणा भी देवे ॥४५॥ दक्षिणा मे गो-भूमि-सुवर्ण-वस्त्र और भव्य शय्या इनमे अपना जो अत्यन्त प्रिय एवं अभीष्ट हो तथा पिता को जो परम इष्ट पदार्थ हो उन्हीं को ब्राह्मणों को देना चाहिए ॥४६॥ दक्षिणा आदि को देने मे वित्तशाठ्य से रहित होकर ही पितृगण की प्रीति प्राप्त करता हुआ सकीर्णता दूर रहकर करे। इसके उपरान्त फिर विश्वेदेवो मे प्रेरणा करने वाला स्वधा का वाचनक करे ॥४७॥ यह सब समर्पित करके बुध पुरुष को पूर्व की ओर मुख वाला होकर विश्वेदेवो से आशीर्वाद का प्रतिग्रहण करना चाहिए। फिर द्विजो के द्वारा पितृगण अघोर होवें—इस प्रकार से कहा हुआ श्राद्ध-कर्त्ता हो—फिर उनके द्वारा कहा जावे—हमारा गोत्र वृद्धिशील होवे और

इसके अनन्तर हमारे दातागणों का वर्धन होवे-इस प्रकार से यह कहना चाहिए ॥४८, ४९॥

एता. सत्याशिप: सन्तु सन्त्वित्युक्तश्च तैः पुनः ।
स्वस्तिवाचनक कुर्यात् पिण्डानुद्धृत्य भक्तितः ॥५०
उच्छेषणन्तु तत्तिष्ठेद्यावद्विप्रा विसर्जिता: ।
ततो ग्रहबलिं कुर्यादिति धर्म्मव्यवस्थिति. ॥५१
उच्छेषण भूमिगतमजिह्मस्यास्तिकस्य च ।
दासवर्गस्य तत्पित्र्य भागधेय प्रचक्षते ॥५२
पितृभिर्निमित पूर्वमेतदाप्यायन सदा ।
अपुत्राणा सपुत्राणा स्त्रीणामपि नराधिप ! ॥५३
ततस्तानग्रत: स्थित्वा परिगृह्योदपात्रकम् ।
वाजेवाज इतिजपन् कुशाग्रेण विसर्जयेत् ॥ ५४
वहि प्रदक्षिणान्कुर्यात् पदान्यष्टावनुव्रजन् ।
बन्धुवर्गेण सहित: पुत्रभार्यासमन्वित: ॥५५

वे सभी आशीर्वाद सत्य होवें-उनके द्वारा पुनः यह कहा जावे कि अवश्य सत्य हो। भक्ति भाव से पिण्डो को उद्धृत करके स्वस्तिवाचन करना चाहिये । ५०॥ जब तक उस श्राद्ध के स्थल से ब्राह्मण लोग विसर्जित होवें तब तक उन के भोजन का उच्छिष्ट उसी दशा मे स्थित रहना चाहिए । इसके अनन्तर ग्रहबलि करे—यही इतनी धर्म्म की व्यवस्था होती है । ५१॥ जो भूमि पर गिरा हुआ उच्छेषण है वह जो जिह्म न हो तथा आस्तिक हो ऐसे दास वर्ग के लिये ही वह पित्र्य भाग धेय कहा जाता है ॥५२॥ हे नराधिप ! पितृगण के द्वारा यह सदा आप्यायन (तृप्त होना) पहिले ही निर्मित किया गया है । यह सभी के लिये है चाहे वे पुत्र पूरित हो या सपुत्र हो या स्त्रियाँ हो ।.५३॥ इसके अनन्तर उनके आगे स्थित होकर उदक पात्र को परिगृहीत करके "वाजे वाज"—यह जप करता हुआ कुशा के अग्रभाग से पितृगण का

विसर्जन करना चाहिये ॥ ५४ ॥ आठ कदम तक अनुव्रजन करते हुए अर्थात् विप्रों के पीछे २ चलते हुए प्रदक्षिणा करनी चाहिये। जिस समय मे प्रदक्षिणा करे उस समय में सब बन्धु वर्ग को भी साथ मे रखना चाहिये तथा अपनी भार्या और पुत्रादि को भी साथ मे ले लेना चाहिए ॥५५॥

निवृत्य प्रणिपत्याथ पर्युक्ष्याग्नि समन्त्रवत् ।
वैश्वदेव प्रकुर्वीत नैत्यक वलिमेव च ॥५६
ततस्तु वैश्वदेवान्ते सभृत्यसुतवान्धवः ।
भुञ्जीतातिथिसयुक्तः सर्वं पितृनिषेवितम् ॥५७
एतच्चानुपनीतोऽपि कुर्यात् सर्वेसु पर्वसु ।
श्राद्धं साधारणं नाम सवकामफलप्रदम् ॥५८
भार्याविरहितोऽप्येतत प्रवासस्थोऽपि भक्तिमान् ।
शूद्रोऽप्यमन्त्रवत् कुर्यादनेन विधिना वुधः ॥५९
तृतीयमाभ्युदयिक वृद्धिश्राद्धं तदुच्यते ।
उत्सवानन्दसम्भारे यज्ञोद्वाहादिमङ्गले ॥६०
मातरः प्रथमं पूज्या. पितरस्तदनन्तरम् ।
ततो मातामहा राजन् विश्वेदेवास्तथैव च ॥६१

इस विसर्जन की क्रिया से निवृत्त होकर प्रणिपात करे और इसके उपरान्त समन्त्रवत् अग्नि का पर्युक्षण करना चाहिए। वैश्वेदेव और नैत्यिक वलि देवे ॥ ५६ ॥ इसके अनन्तर वैश्वदेव के अन्त मे भृत्य-सुत और वान्धवो के सहित अतिथियों मे संयुक्त होकर सभी पितृगण के द्वारा निषेवित किये हुए पदार्थों का भोजन करना चाहिए ॥ ५७ ॥ इस श्राद्ध को वह भी समस्त पर्वों मे करे जिसका उपनयन संस्कार न हुआ हो। यह साधारण नाम वाला श्राद्ध है जो सम्पूर्ण कामनाओ के फलो को प्रदान करने वाला है ॥ ५८ ॥ जो कोई भार्या से भी विरहित हो तथा प्रवास मे स्थिति रखने वाला हो और भक्ति भाव से सम्पन्न शूद्र भी हो

जो मन्त्र रहित होता है उस वृध पुरुष को यह श्राद्ध विधिपूर्वक करना चाहिए ॥ ५६ ॥ तीसरा आभ्युदयिक श्राद्ध होता है जिसको वृद्धि श्राद्ध के नाम से कहा जाया करता है। उत्सवो के आनन्द सम्भार में तथा यज्ञ और उद्वाह आदि के मङ्गलमय समय मे सर्व प्रथम मातृगण का अभ्यर्चन करना चाहिए और इसके पश्चात् फिर पितरो का पूजन करे। हे राजन्! इसके अनन्तर मातामहो का पू न करे और पीछे उसी भाँति विश्वे देवाओं का अर्चन करना चाहिए ॥ ६०, ६१ ॥

प्रदक्षिणोपचारेण दध्यक्षतफलोदकैः ।
प्राङ्मुखो निवपेत्पिण्डान् दूर्वयाच कुशैर्युतान् ॥६२
सम्पन्नमित्यभ्युदये दद्यादर्घ्यं द्वयोर्द्वयोः ।
युग्मा द्विजातयः पूज्या वस्त्रकार्तस्वरादिभिः ॥६३
तिलार्थंस्तु यवै कार्योनान्दिशब्दानुपूर्वकः ।
माङ्गल्यानि च सर्वाणिवाचयेद्द्विजपुङ्गवैः ॥६४
एव शूद्रोऽपि सामान्यवृद्धिश्राद्धेऽपि सर्वदा ।
नमस्कारेण मन्त्रेण कुर्यादामान्नत सदा ॥६५
दानप्रधानः शूद्रः स्यादित्याह भगवान्प्रभुः ।
दानेन सर्वकामाप्तिरस्य सञ्जायते यतः ॥६६

प्रदक्षिणा के उपचार से दधि-अक्षत-फल और जल के द्वारा पूर्व दिशा की ओर मुख वाला होकर दूर्वा और कुशा से युक्त पिण्डो का निर्वपन करे ॥ ६२ ॥ यह श्राद्ध अभ्युदय मे सम्पन्न होता है इसी लिये दो-दो को अर्घ्य देना चाहिए। वस्त्र और कार्त्तस्वर (सुवर्ण) आदि के द्वारा युग्म द्विजातियों का पूजन करना चाहिये ॥६३॥ नान्दि शब्दानु पूर्वक तिलार्थ को यवो से ही सम्पन्न करना चाहिए। द्विज श्रेष्ठो के द्वारा सम्पूर्ण माङ्गल्यो का वाचन करना चाहिए ॥६४॥ इसी प्रकार से सामान्य वृद्धि श्राद्ध मे भी सर्वदा शूद्र को भी नमस्कार मन्त्र के द्वारा कच्चे अन्न से ही सदा करना चाहिये ॥६५॥ भगवान् प्रभु ने कहा है

कि शूद्र को दान देने की प्रधानता वाला अवश्य होना ही चाहिये कारण यही है कि इस शूद्र वर्ग वाले पुरुष को केवल दान से ही समस्त कामनाओं के फलों की प्राप्ति हो जाया करती है इसी लिये शूद्र के लिये दान देने का विशेष महत्व होता है ॥६६॥

१६—एकोद्दिष्टश्राद्धप्रकरण

एकोद्दिष्टमतावक्ष्ये यदुक्तं चक्रपाणिना ।
मृते पुत्रैर्यथाकार्यमाशौचञ्च पितर्यपि ॥१
दशाहं शावमाशौच ब्राह्मणेषु विधीयते ।
क्षत्रियेषु दश द्वेच पक्षं वैश्येषु चैवहि ॥२
शूद्रेषु मासमाशौच सपिण्डेषु विधीयते ।
नैशम्वाऽकृतचूडस्य त्रिरात्रम्परतः स्मृतम् ॥३
जननेऽप्येवमेव स्यात् सर्ववर्णेषु सर्वदा ।
तथास्थिसञ्चयादूर्ध्वमङ्गस्पर्शो विधीयते ॥४
प्रेताय पिण्डदानन्तु द्वादशाहं समाचरेत् ।
पाथेयं तस्य तत् प्रोक्तं यतः प्रीतिकरं महत् ॥५
तस्मात् प्रेतपुरं प्रेतो द्वादशाह न नीयते ।
गृहं पुत्रं कलत्रञ्च द्वादशाह प्रपश्यति ॥ ६
तस्मान्निधेयमाकाशे दशरात्रं पयस्तया ।
सर्वदाहोपशान्त्यर्थमव्वश्रमविनाशनम् ॥ ७

महर्षि प्रवर सूतजी ने कहा—अब तक पार्वण तथा साधारण श्राद्धो आदि का वर्णन किया जिनके साथ आभ्युदयिक श्राद्ध को भी बतला दिया गया था । अब एकोदिष्ट श्राद्ध के विषय मे बतलाते हैं जिसे भगवान् चक्र पाणि ने कहा है । पुत्रों के द्वारा पिता के मृत हो जाने पर जिस प्रकार से आशौच करना चाहिये—यह सभी कहा जाता है ॥१॥

ब्राह्मणो मे शाव (मृतक) आशौच दश दिन का माना जाता है-क्षत्रियो मे बारह दिन का मृतकाशौच होता है और वैश्यो मे एक पक्ष का यही आशौच हुआ करता है ॥२॥ शूद्रो मे जो भी सपिण्ड होते हैं एक मास का आशौच रहा करता है। जो बालक चूडा सस्कार से रहित हो उसका आशौच एक निशा का या अधिक से अधिक तीन रात्रि का ही कहा गया है ॥३॥ सर्वदा जिस प्रकार से विभिन्न वर्णों मे मृतकाशौच होता है उसी भाँति जनन मे भी हुआ करता है। तथा अस्थियो के सञ्चय करने से ऊर्ध्व मे अङ्ग स्पर्श का विधान है ॥४॥ प्रेत के लिये पिण्डों का दान बारह दिन समाचरण करे। यह उसका यमपुरी के मार्ग का पाथेय कहा गया है अर्थात् मार्ग भोजन है क्यो कि यह उसको महान् प्रीति का करने वाला हुआ करता है ॥५॥ इसलिये यह सुसिद्ध है कि बारह दिन तक प्रेत प्रेतो के पुर मे नहीं पहुँचाया जाता है। वह प्रेत बारह दिन तक अपने घर को,पुत्र को और भार्या को बराबर देखता रहता है।६। इसलिये दश रात्रि पर्यन्त आकाश मे अर्थात् पीपल आदि वृक्ष पर पय (जलकुम्भ। रखना चाहिये अर्थात् जलका घट भरे। यह सब प्रकार के दाह की उप शान्ति के लिये और मार्ग के श्रम का विनाश करने के लिये ही होता है ॥७॥

तत एकादशाहे तु द्विजानेकाशव तु ।
क्षत्रादिः सूतकान्ते तु भोजयेदयुतो द्विजान् ॥८
द्वितीयेऽह्नि पुनस्तद्वदेकोद्दिष्टं समाचरेत् ।
आवाहनाग्नौकरणं दैवहीनं विधानतः ॥९
एक ~विन्नमेकोर्घं एकः पिण्डो विधीयते ।
उपतिष्ठतामित्येतद्देय पश्चात्तिलोदकम् ॥१०
स्वादित विकिरेद्दूयाद्विसर्गे चाभिरम्यताम् ।
शेषं पूर्ववदत्रापि कार्यं वेदविदा पितुः ॥११
सपिण्डीकरणादूर्ध्वं प्रेतः पार्वणभाग् भवेत् ।

वृद्धिपूर्वेषु योग्यश्च गृहस्थश्च भवेत्ततः ॥१२
सपिण्डीकरणे श्राद्धे देवपूर्वं नियोजयेत् ।
पितॄनेवासयेत्तत्र पृथक् प्रेतं विनिर्दिशेत् ॥१३
गन्धोदकतिलैर्युक्तं कुर्यात्पात्रचतुष्टयम् ।
अर्घार्थं पितृपात्रेषु प्रेतपात्रं प्रसेचयेत् ॥१४

इसके पश्चात् दश रात्रि समाप्त होने पर ग्यारहवें दिन एकादश द्विजो को और क्षत्रियादि को सूतक के अन्त मे त्रयुतो द्विजो को भोजन कराना चाहिये ॥८॥ दूसरे दिन मे उसी तरह से फिर एकोद्दिष्ट श्राद्ध करे। आवाहनाग्नि मे विधान से दैवहीन करे ॥९॥ एक पवित्री-एक अर्घ और एक पिण्ड किया जाता है। 'उपनिष्ठताम्'-इत्यादि के द्वारा पीछे तिलोदक देना चाहिये ।.१०॥ 'स्वादित विकिरेत्'-इसको बोले और विसर्ग मे 'अभिरम्यताम्'-यह बोलना चाहिये। शेष सभी पूर्व की ही भाँति इस पिता के श्राद्ध मे भी वेदो के ज्ञाता पुरुष करना चाहिये। ॥११॥ सपिण्डी करण के पश्चात् ही वह प्रेत पार्वण श्राद्ध ग्रहण करने का हकदार हुआ करता है। वृद्धि पूर्वों मे योग्य और फिर गृहस्थ होता है ॥१२॥ सपिण्डी करण श्राद्ध मे देव पूर्व का नियोजन करना चाहिये। यहा पर पितृगण का ही अधिवास करे और प्रेत को पृथक विनिर्दिष्ट करना चाहिये ॥१३॥ गन्ध-उदक और तिलो से युक्त चार पात्रो को वहा पर रखना चाहिये। अर्घ के लिये पितृ पात्रो मे प्रेत पात्र का प्रसंचन करे ॥१४॥

तद्वत्संकल्प्य चतुरः पिण्डान् पिण्डप्रदस्तदा ।
ये समाना इति द्वाभ्यामन्त्यैकन्तु विभजेत्त्रिधा ॥१५
चतुर्थस्य पुनः कार्यं न कदाचिदतोभवेत् ।
ततः पितृत्वमापन्नः सर्वैस्तुष्टिमागतः ॥१६
अग्निष्वात्तादिमध्यत्वं प्राप्नोत्यमृतमुत्तमम् ।
सपिण्डीकरणादूर्ध्वं तस्मै तस्मान्नदीयते ॥१७

पितृष्वेव तु दातव्य तत् पिण्डोयेषु सस्थितः ।
ततः प्रभृति सक्रान्तावुपरागादि पर्वसु ॥१८
त्रिपिण्डमाचरेच्छाद्धमेकोद्दिष्ट मृताहनि ।
एकोद्दिदष्ट परित्यज्य मृताहे यः समाचरेत् ॥१९
सदैव पितृहा स स्यान्मातृभ्रातृविनाशकः ।
मृताहे पार्वण कुवन्नधोऽधोयाति मानवः ॥२०
सपृक्तेष्वाकुलीभावः प्रेतेषु तु यतोभवेत् ।
प्रतिसवत्सरं तस्मादेकोद्दिदष्टं समाचरेत् ॥२१

उस समय में उसी भाँति सङ्कल्प करके पिण्डो के प्रदाता को चार पिण्ड करने चाहिये । जो समान होते हैं । दो से जो अन्त्य है उसका तीन भागो मे विभाजन करे ॥१५॥ जो चौथा है उसका पुनः कदाचित् इससे नही होवे । इसके उपरान्त ही सब ओर से तुष्टि को प्राप्त होता हुआ वह पुन पितृत्व को प्राप्त हो जाया करता है ॥१६॥ अग्निष्वात्तादि जो पितृगण हैं उनके मध्यत्व को वह प्राप्त कर लेता है जो कि अमृत और उत्तम है । सपिण्डी करण कर्म के करने के ऊर्ध्व मे फिर उस पुत के लिये इसी कारण से कुछ नही दिया जाया करता है ॥१७॥ फिर सो पितृगणों में ही देना चाहिये जिनमे पिण्ड सस्थित होता है । तभी से लेकर सूर्य सक्रान्ति मे और उपराग आदि पर्वों मे मृत होने वाले दिन मे तीन पिण्डो का समाचरण करे । यही एकोद्दिष्ट श्राद्ध होता है । एकोद्दिष्ट का परित्याग करके जो मृत दिन मे किया करता है वह सदा ही पितगण का हनन करने वाला है और माता तथा भाई का विनाश करने वाला है । मृत दिन मे पार्वण श्राद्ध करने वाला मानव अधोभाग से भी अधोभाग मे जाया करता है क्योकि सपृक्त प्रेतो मे आकुली भाग हो जाया करता है । इसी कारण से प्रत्येक सम्वत्सर मे एकोद्दिष्ट श्राद्ध का अवश्य ही समाचरण करना चाहिये ॥ १८ ॥ १९ ॥ २० ॥ २१ ॥

यावदब्दन्तु योदद्यादुदकुम्भं विमत्सरः ।
प्रेतायान्नसमायुक्तं सोऽश्वमेधफलं लभेत् ॥२२
आमश्राद्धं यदा कुर्याद्विधिज्ञः श्राद्धदस्तदा ।
तेनाग्नौकरणकुर्यात्पिण्डास्तेनैवनिर्वपेत् ॥२३
त्रिभिः सपिण्डिकरणे त्रशेषत्रितये पिता ।
यदा प्राप्स्यतिकालेनतदामुच्येतबन्धनात् ॥२४
मुक्तोऽपिलेपभागित्वंप्राप्नोतिकुशमार्जनात् ।
लेपभाजश्चतुर्थाद्या पित्राद्याःपिण्डभागिनः ॥
पिण्डदः सप्तमस्तेषा सापिण्ड्यं साप्तपौरुषम् ॥॥२५

जब तक मृत को एक वर्ष पूर्ण हो उस वर्ष मे बराबर जो कोई विगत मत्सरता वाला होकर श्राद्ध के सहित जल का कुम्भ दिया करता है और प्रेत के लिये उसे अन्न से समायुक्त करके देता है वह एक अश्व-मेध यज्ञ के करने के पुण्य-फल का लाभ करता है ॥२२॥ जिस समय में विधान का ज्ञान रखने वाला श्राद्ध दाता आम श्राद्ध करे अर्थात् कच्चा ही अन्नादि बिना पाक किये हुए देवे तो उससे अग्निकरण अवश्य ही करना चाहिए और उसी से पिण्डो का भी निर्वपन भी करे ॥२३॥ तीनो के द्वारा अशेष त्रितय सपिण्डी करण मे जब पिता प्राप्त होगा तो समय से वह उस समय मे बन्धन से मुक्त हो जाता है ॥२४॥ मुक्त हुआ भी कुश के मार्जन लेप भागित्व को प्राप्त किया करता है। चतुर्थाद्य लेप भागी है और पित्राद्य सब पिन्ड भागी हुआ करते हैं। तात्पर्य यह है कि चौथी पीढी से ऊपर वाले केवल लेप भागी ही हुआ करते हैं औ चार पुश्त तक पिण्डो के भागी होते हैं। उनका पिण्ड देने वाला सप्त होता है अतएव साप्त पौरुष सपिण्डय हुआ करता है ॥२५॥

१७—श्राद्धयोग्यतीर्थानांवर्णनम् ।

कस्मिन्कालेचत~छाद्धमनन्तफलद भवेत् ।
कस्मिद् वासरभागेतुश्राद्धकृ~छाद्धमाचरेत् ॥१
तीर्थेषु केषु च कृत श्राद्ध बहुफल भवेत् ।
अपराह्णे तु सम्प्राप्ते अभिजिद्रोहिणोदये ॥२
यत्किञ्चिद्दीयते तत्र तदक्षयसुदाहृतम् ।
तीर्थानि वानि शस्तानि पितृणा वल्लभानिच ॥३
नामतस्तानि वक्ष्यामि सक्षेपेण द्विजोत्तमाः ! ।
पितृतीर्थं गया नाम सर्वतीथ५र शुभम् ॥४
यत्रास्ते देवदेवेश. स्वयमेव पितामह. ।
तत्र पा पितृभिर्गीता गाथा भागमभीप्सुभि. ॥५
एष्टव्या बहव. पुत्रा यद्येकोऽपि गयाव्रजेत् ।
यजेत वाश्वमेधन नील वा वृषमुत्सृजेत् ॥६
तथावाराणसी पुण्या पितृ.णा वल्लभासदा ।
यत्राविमुक्तसान्निध्यभुक्तिमुक्तिफलप्रदम् ॥७

ऋषिगण ने कहा—हे भगवन् ! अब आप हम लोगो को यह बताने की कृपा कीजिएगा कि किस समय मे वह किया हुआ श्राद्ध अनन्त फल का देने वाला होता है । दिन के किस भाग मे श्राद्ध का करने वाला उस श्राद्ध का समाचरण करे । वे कौन से तीर्थ हैं जिनमे किया हुआ श्राद्ध बहुत अधिक फल का देने वाला हुआ करता है ? "महा महर्षि श्री सूतजी ने कहा—दिन मे जिस समय मे अपराह्न सम्प्राप्त हो जावे उसी समय मे अभिजिद्रोहिणोदय मे जो कुछ भी दिया जाता है वह अक्षय कहा गया है । कौन २ से तीर्थ परम प्रशस्त हैं और पितरो के अधिक प्रिय हैं उनका भी सबका नाम से लेकर हम बतलाते हैं । हे द्विजोत्तमो ! यह सब सक्षेप मे ही हम बतलायेगे । गया नाम वाला पितृ तीर्थ है जो कि समस्त तीर्थों मे परम श्रेष्ठ एव अति शुभ तीर्थ है ॥१, २, ३, ४॥ यह

गया वह उत्तम तीर्थ है जहां पर देवों के भी देवेश्वर पितामह स्वयमेव विराजमान रहा करते हैं। वहां पर पितृगणों के द्वारा यह एक गीता कही गयी है। इस गाथा के भाग की अभीप्सा रखने के लिये वह है ॥४, ५॥ वह यही है कि सर्वदा बहुत से पुत्रों के प्राप्त करने की इच्छा रखनी चाहिये। उन बहुत सारे पुत्रों मे यदि कोई एक भी कभी गया तीर्थ मे चला जावे अथवा अश्वमेध यज्ञ के द्वारा कभी यजन करे या नील वृष का उत्सर्जन करे। तात्पर्य यही है कि जब बहुत पुत्रों की कामना के अनुसार वे उत्पन्न होंगे तो उन मे कभी कोई एक ऐसा भी समुत्पन्न हो सकता है जो गया श्राद्धादि करने वाला होवे। इसी भाँति वाराणसी परम पुण्यमयी पुरी है जो कि सदा ही पितृगण की अत्यन्त वल्लभा रही है जहा पर अविमुक्त सान्निध्य प्राप्त होता है जो भुक्ति और मुक्ति दोनो ही के फल को प्रदान करने वाला है ॥६, ७॥

पितृणा वल्लभ तद्वत् पुण्यञ्च विमलेश्वरम् ।
पितृतीर्थं प्रयागन्तु सर्वकामफलप्रदम् ॥८
वटेश्वरस्तु भगवान् माधवेन समन्वितः ।
योगनिद्राशयस्तद्वत् सदावसति केशव. ॥९
दशाश्वमेधिक पुण्य गङ्गाद्वार तथैव च ।
नन्दाय ललिता तद्वत्तीर्थं मायापुरी शुभा ॥१०
तथा मित्रपद नाम तत. केदारमुत्तमम् ।
गङ्गासागरमित्याहु. सर्वतीर्थमयं शुभम् ॥११
तीर्थं ब्रह्मसरस्तद्वच्छतद्रु सलिले ह्रदे ।
तीर्थन्तु नैमिष नाम सर्वतीर्थफलप्रदम् ॥१२
गङ्गोद्भेदस्तु गोमत्या यज्ञोद्भूत. सनातनः ।
तथा यज्ञवराहस्तु देवदेवश्च शूलभृत् ॥१३
यत्र तत्काञ्चन द्वारमष्टादशभुजोहरः ।
नैमिस्तु हरिचक्रस्य शीर्णा यत्रामवत्पुरा ॥१४

उसी भाँति पितृगणों का अत्यन्त प्रिय और परम पुण्यमय विमलेश्वर है तथा पितृतीर्थ प्रयाग तो समस्त कामनाओं के फलों का प्रदान करने वाला है ॥८॥ वटेश्वर भगवान् माधव से समन्वित हैं उसी भाँति से योग निद्रा में शयन करने वाले केशव वहाँ पर सदा ही निवास किया करते हैं ॥९॥ दशाश्वमेधिक परम पुण्यशील है और उसी तरह से गङ्गा द्वार है। उसी रीति से नन्दा और ललिता एवं अतीव शुभ माया पुरी तीर्थ है ॥१०॥ तथा मित्रपद नाम वाला और उससे आगे अत्युत्तम केदार तीर्थ है। गङ्गा सागर जिसको कहा करते हैं वह तो सभी तीर्थों से परिपूर्ण शुभ है ॥११॥ ब्रह्मसर एक महान् तीर्थ है और शतद्रु सलिल वाले ह्रद में नैमिष नाम वाला तीर्थ है जो सभी मनोरथों को पूर्ण करने वाला और सम्पूर्ण तीर्थों के फल को प्रदान करने वाला है ॥१२॥ गोमती में गङ्गोद्भेद है जहाँ पर सनातन उद्भूत हुए हैं। तथा यज्ञ वराह और देवों के भी देव भूत प्रभु हैं ॥१३॥ जहाँ पर वह काञ्चन द्वार है और अठारह भुजाओं वाले भगवान् हरि हैं। जहाँ पर प्राचीनों काल में भगवान् हरि के सुदर्शन चक्र की नेमि शीर्ण हो गयी थी ॥१४॥

तदेतन्नैमिषारण्य सर्वतीर्थनिषेवितम् ।
देवदेवस्य तत्रापि वाराहस्य तु दर्शनम् ॥१५
यः प्रयाति स पूतात्मा नारायणपदं व्रजेत् ।
कृतशौच महापुण्य सर्वपापनिषूदनम् ॥१६
यत्रास्ते नारसिंहस्तु स्वयमेव जनार्दनः ।
तीर्थमिक्षुमता नाम पितृणां वल्लभं सदा ॥१७
सङ्गमे यत्र तिष्ठन्ति गङ्गायाः पितरः सदा ।
कुरुक्षेत्रं महापुण्य सर्वतीर्थसमन्वितम् ॥१८
तथा च सरयूः पुण्या सर्वदेवनमस्कृता ।
इरावती नदी तद्वत् पितृतीर्थाधिवासिनी ॥१९
यमुना देविका काली चन्द्रभागा द्वयद्वती ।

नदी वेणुमती पुण्या परा वेत्रवती तथा ।।२०
पितृणां वल्लभा ह्येताः श्राद्धे कोटिगुणा मताः ।
जम्बूमार्गं महापुण्यं यत्र मार्गोहिलक्ष्यते ।।२१

वह ही यह नैमिषारण्य है जिसको सभी तीर्थों ने समागत होकर निषेवित किया है । वहां पर भी देवो के भी देव वराह भगवान् के दर्शन होते हैं ।। १५।। जो भी कोई वहां पर जाया करता है वह परम पूत आत्मा वाला होकर फिर भगवान् नारायण के ही पद को चला जाया करता है । यह शौच कर देने वाला, महान् पुण्य से युक्त और समस्त प्रकार के पापो का हनन कर देने वाला तीर्थ है ।।१६।। जहा पर स्वय साक्षात् नारसिंह जनार्दन भगवान् विराजमान् रहा करते हैं । एक मिश्रु-मती नाम वाला तीर्थ है जो सदा ही पितृगणो का परम वल्लभ है ।।१७।। जहाँ पर भागीरथी गङ्गा के सङ्गम मे पितर गण सदा ही समवस्थित रहा करते हैं । कुरुक्षेत्र महान् पुण्यशाली तीर्थ है जो सम्पूर्ण तीर्थों से संयुत रहा करता है ।। १८ ।। उसी प्रकार से सरयू नाम वाली सरिता अतीव पुण्यशालिनी है जिसको समस्त वगण नमस्कार किया करते हैं , उसी भाँति इरावती नाम वाली नदी है जो पितृ तीर्थों की अधिवासिनी है ।। १९ ।। यमुना–देविका–काली–चन्द्रभागा–दृषद्वती–वेणुमती नदी तथा परम पुण्यमयी वेत्रवती नदी ये सभी सरितायें पितृगणो को अतीव प्यारी हैं और श्राद्ध मे करोडो गुण वाली मानी गयी हैं। जम्बूमार्ग महान् पुण्य-शाली है जहाँ पर मार्ग दिखलाई दिया करता है ।। २०, २१ ।।

अद्यापि पितृतीर्थं तत्सर्वकामफलप्रदम् ।
नीलकुण्डमितिख्यातं पितृतीर्थं द्विजोत्तमा. ! ।।२२
तथा रुद्रसरः पुण्यं सरामानसमेव च ।
मन्दाकिनी तथाच्छोदा विपाशाथ सरस्वती ।।२३
पूर्वेमिश्रपदन्तद्वद्वैद्यनाथ महाफलम् ।
शिप्रा नदी मह कालस्तथाकालञ्जरं शुभम् ।।२४

वंशोद्भेदं हरोद्भेदं गङ्गोद्भेदं महाफलम् ।
भद्रेश्वरं विष्णुपदं नमदाद्वारमेव च ॥२५
गयापिण्डप्रदानेन समान्याहुर्महर्षयः ।
एतानि पितृतीर्थानि सर्वपापहराणि च ॥२६
स्मरणादपि लोकाना किमु श्राद्धकृतांनृणाम् ।
ओङ्कारपितृतीर्थञ्चकावेरीकपिलोदकम् ॥२७
सम्भेदश्चण्डवेगायास्तथैवामरकण्टकम् ।
कुरक्षेत्राच्छतगुण तस्मिन् स्नानादिक भवेत् ॥२८

हे उत्तम द्विजगणो ! आज भी वह पितृतीर्थ है जो सभी मनोरथो के फलो को प्रदान करने वाला है । वह पितृतीर्थ नीलकुण्ड इस शुभ नाम से विख्यात है ॥ २२ ॥ उसी तरह से रुद्रसर पुण्यमय है और मानसरोवर भी महान् पुण्ययुक्त है । मन्दाकिनी–अच्छोदा–विपाश–सरस्वती ये सभी सरितायें महान् पुण्यशालिनी हैं ॥ २३ ॥ उसी भाँति पूर्व मे मित्र पद है और वैद्यनाथ तीर्थ महान् फल देने वाला है । भद्रेश्वर–विष्णुपद—नर्मदा द्वार—क्षिप्रा नदी महाकाल तथा परम शुभ कालञ्जर वंशोद्भेद—हरोद्भेद और गङ्गोद्भेद महान् फल प्रदान करने वाले सभी पुण्य तीर्थ एव स्थल हैं ॥२४, २५॥ इन सभी तीर्थों को महर्षिगण गयातीर्थ मे पिण्ड प्रदान करने के समान ही कहा करते हैं । ये सभी पितृतीर्थ हैं और समस्त प्रकार के पापो का सहरण करने वाले हैं ॥२६॥ इन उपर्युक्त सभी तीर्थों की ऐसी महिमा है कि इनके केवल स्मरण मात्र से ही सब पाप नष्ट हो जाया करते हैं और जो लोग इनमे जाकर श्राद्ध किया करते हैं उनके पुण्य-फल के विषय में तो कहा ही क्या जाये । ओङ्कार पितृतीर्थ है और कावेरी—कपिलोदक—चण्डवेगा का सम्भेद तथा अमर कण्टक ऐसा महान् तीर्थ है उसमे स्नानादिक का फल कुरुक्षेत्र से भी सौ गुना अधिक हुआ करता है ॥२७, २८॥

शुक्रतीर्थञ्च विख्यातं तीर्थं सोमेश्वरं परम् ।

सर्वव्याधिहरं पुण्यं शतकोटिफलाधिकम् ॥२९
श्राद्धे दाने तथा होमे स्वाध्याये जलसन्निधौ ।
कायावरोहण नाम तथा चर्मण्वतीनदी ॥३०
गोमती वरुणा तद्वत्तीर्थमाशनसम्परम् ।
भैरवं भृगुतुङ्गञ्च गौरीतीर्थमम् ॥३१
तीर्थं वैनायक नाम भद्रेश्वरमतः परम् ।
तथा पापहरं नाम पुण्याख्यं तपती नदी ॥३२
मूलतापीपयोष्णी च पयोष्णीसङ्गमस्तथा ।
महावोधिः पाटला च नागतीर्थमवन्तिका ॥३३
तथावेणा नदी पुण्या महाशालं तथैव च ।
महारुद्र महालिङ्गं दशार्णा च नदी शुभा ॥३४
शतरुद्रा शताह्वा च तथा विश्वपदं परम् ।
अङ्गारवाहिका तद्वन्नदी तौ शोणधर्घरौ ॥३५

शुक्र तीर्थ परम विख्यात है तथा सोमेश्वर भी परमोत्तम तीर्थ है जो सभी व्याधियों के हरण करने वाला तथा महान् पुण्यशाली और शत-कोटि फलो से भी अधिक फल प्रदान करने वाला है ॥२९॥ श्राद्ध करने मे—दान देने में—होम कर्म करने मे— स्वाध्याय करने मे तथा केवल जल की सन्निधि मे ही निवास करने मे अतीव अधिक पुण्य-फल होता है। एक कायावरोहण नाम वाला तीर्थ है तथा चर्मण्वती नदी है उसी भाति गोमती एव वरुणा नदी महान् तीर्थ हैं। उसी भाँति औशनस परम तीर्थ है। भैरव-भृगुतुङ्ग और गौरी तीर्थ सर्वोत्तम तीर्थ है ॥३०, ३१॥ एक वैनायक नाम वाला तीर्थ है और इससे भी परे भद्रेश्वर तीर्थ है तथा पापहर तीर्थ है। एवं परम पुण्यमयी तपती नाम वाली नदी है ॥३२॥ मूलतापी—पयोष्णी तथा पयोष्णी सङ्गम—महावोधि—पाटला—नागतीर्थ—अवन्तिका तथा पुण्य मयी वेण्ण नदी—महाशाल—महारुद्र—महालिङ्ग—तथा दशार्णा परम शुभ सरिता है। शतरुद्रा—शताह्न—परम विश्वपद—अङ्गार

वाहिका और इसी प्रकार से शोण और घर्घर ये दो परम विशाल पुण्य शाली नद हैं। ये सभी अत्युत्तम तीर्थ स्थल है ॥३३, ३४, ३५॥

कालिका च नदी पुण्या वितस्ता च नदी तथा।
एतानि पितृतार्थानि शस्यन्ते स्नानदानयोः ॥३६
श्राद्धमेतेषु यद्दत्तन्तदनन्तफल स्मृताम्।
द्रोणी वाटनदी धारासरित् क्षीरनदी तथा ॥३७
गोकर्ण गजकर्णञ्च तथा च पुरुषोत्तम।
द्वारका कृष्णतीर्थञ्च तथाबुंदसरस्वती ॥३८
नदी मणिमती नाम तथा च गिरिकर्णिका।
धूतपाप तथा तीर्थं समुद्रो दक्षिणस्तथा ॥३९
एतेषु पितृतीर्थेषु श्राद्धमानन्त्यमश्नुते।
तीर्थं मेघकर नाम स्वयमेव जनार्दन.॥४०
यत्र शार्ङ्गधरो विष्णुर्मेखलायामवस्थित.।
तथा मन्दोदरी तीर्थं तीर्थं चम्पा नदी शुभा ॥४१
तथा सामलनाथश्च महाशालनदी तथा।
चक्रवाक चर्म्मकोट तथा जन्मेश्वर महत् ॥४२

कालिका नदी परम पुण्य शालिनी है तथा वितस्ता नाम धारिणी नदी है। ये सब जो यहा तक बताये गये हैं पितृ तीर्थ कहलाते हैं और ये सभी स्नान तथा दान करने मे अधिक प्रशस्त माने गये हैं ॥३६॥ इन उक्त तीर्थों मे जो भी कोई श्राद्ध दिया जाता है वह अनन्त फलो का प्रदान करने वाला हुआ करता है ऐसा ही बताया गया है। इनके भी अतिरिक्त और भी महान् तीर्थ हैं—द्रोणी—वाट नदी—धारा सरित्—क्षीर नदी—गोकर्ण—गजकर्ण—पुरुषोत्तम—द्वारका—कृष्णा तीर्थ—अर्बुद सरस्वती—मणिमती नदी—गिरिकर्णिका—धूतपाप नाम वाला तीर्थ तथा दक्षिण समुद्र ये सभी महा महिमा मय तीर्थ हैं, इनमे जो कि पितृतीर्थ है जो भी श्राद्ध दिया जाता है उसको अनन्त फल शालिता हो जाया करती है।

एक मेघ कर नामक तीर्थ है जहाँ पर साक्षात् भगवान् जनार्दन स्वयं ही विराजमान रहा करते हैं ॥३७, ३८, ३९, ४०॥ जिस पुण्य मय क्षेत्र मे शार्ङ्ग धनुष को धारण करने वाले भगवान् विष्णु उसकी मेखला मे समवस्थित रहा करते हैं ; उसी प्रकार से एक मन्दोदरी नाम वाला तीर्थ है और दूसरा चम्पा नाम वाली परम शुभ नदी है जो एक तीर्थ स्थल है ॥४१॥ उसी तरह से सामल नाथ और महा शाल नदी है । चक्रवाक, चर्म्म कोट और महान् तीर्थ अन्मेश्वर नाम वाला है ॥४२॥

अर्जुन त्रिपुर चैव सिद्धेश्वरमतःपरम् ।
श्रीशैल शाङ्कर तीर्थं नारसिंहमतः परम् ॥४३
महेन्द्रञ्च तथा पुण्यमथ श्रीरङ्गसञ्ज्ञितम् ।
एतेष्वपि सदा श्राद्धमनन्तफलद स्मृतम् ॥४४
दर्शनादपि चैतानि सद्यः पापहराणि वै ।
तुङ्गभद्रा नदी पुण्या तथा भीमरथी सरित् ॥४५
भीमेश्वरं कृष्णवेणा कावेरी कुड्मलानदी ।
नदी गोदावरी नाम त्रिसन्ध्यातीर्थमुत्तमम् ॥४६
तीर्थं त्र्यम्बकं नाम सर्वतीर्थं नमस्कृतम् ।
यत्रास्ते भगवानीशः स्वयमेव त्रिलोचनः ॥ ४७
श्राद्धमेतेषु सर्वेषु कोटिकोटिगुण भवेत् ।
स्मरणादपि पापानि नश्यन्ति शतधा द्विजः ॥४८
श्रीपर्णी ताम्रपर्णी च जयातीर्थमनुत्तमम् ।
तथा मत्स्यनदी पुण्या शिवधारं तथैव च ॥४९

अर्जुन—त्रिपुर—इससे भी परे सिद्धेश्वर—श्रीशैलशाङ्कर तीर्थ और इससे पर नारसिंह नामक तीर्थ है ॥४३॥ उसी भाँति पुण्य शाली महेन्द्र और श्रीरङ्ग नाम वाले तीर्थ हैं । इन तीर्थों मे भी दिया हुआ श्राद्ध अनन्त फलो के प्रदान करने वाला हुआ करता है । श्राद्ध स्नान आदि के द्वारा होने वाले पुण्य के विषय मे तो कहा ही क्या जावे ये तो ऐसे महान्

प्रभाव शाली तीर्थ हैं कि इनके केवल दर्शन मात्र से ही तुरन्त सब पापो का हरण हो जाया करता है। तुङ्गभद्रा पुन्यमयी नदी है तथा भीमरथी नाम वाली सरित् है—भीमेश्वर—कृष्ण वेणा—कावेरी—कुड्मला नदी—गोदावरी सरिता और उत्तम त्रिसन्ध्या नाम वाला तीर्थ है। त्र्यम्बक नामधारी तीर्थ सभी तीर्थों के द्वारा वन्द्यमान होता है जहां पर भगवान् ईश स्वय ही साक्षात् त्रिलोचन प्रभु विराजमान रहा करते हैं। इन उपरिकथित समस्त तीर्थों मे किया या दिया हुआ श्राद्ध करोडो-करोडो गुणो वाला हुआ करता है। हे द्विज गण! इन तीर्थों की तो ऐसी विलक्षण महिमा है कि इनक केवल स्मरण मात्र से ही पाप शतधा हरण हो जाया करते हैं। श्रीपर्णी—ताम्रपर्णी—उत्तमजगा तीर्थ—पुन्यमयी मत्स्य नदी और शिवधार ये भी महान् तीर्थ हैं ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ ४९ ॥

भद्रतीर्थञ्च विख्यात पम्पातीर्थञ्च शाश्वतम् ।
पुण्य रामेश्वर तद्वदेलापुरमल पुरम् ॥५०
अङ्गभूतञ्च विख्यातमानन्दकमल बुधम् ।
आम्रातकेश्वर तद्वदेकाम्भकमत: परम् ॥५१
गोवर्धन हरिश्चन्द्र कुपुचन्द्रं पृथूदकम् ।
सहस्राक्ष हिरण्याक्षं तथा च कदली नदी ॥५२
रामाधिवासस्तत्रापि त.। सौमित्रिसङ्गम: ।
इन्द्रकीलं महानादन्तथा च प्रियमेलकम् ॥५३
एतान्यपि सदा श्राद्धे प्रशस्तान्यधिकानि तु ।
एतेषु सर्वदेवाना सान्निध्यं दृश्यते यत: ॥५४
दानमेतेषु सर्वेषु दत्तं कोटिशताधिकम् ।
वाहुदा च नदी पुण्या तथा सिद्धवनं शुभम् ॥५५
तीर्थं पाशुपत नाम नदी पार्वतिका शुभा ।
श्राद्धमेतेषु सर्वेषु दत्ता कोटिशतोत्तरम् ॥५६

भद्र तीर्थ परम विख्यात तीर्थ है तथा शाश्वत पम्पा तीर्थ है—परम पुण्यमय रामेश्वर है और उसी भाँति एलापुर नाम वाला परमोत्तम पुर है—अङ्गभूत विख्यात तीर्थ है—आनन्द कमल—बुध—आम्रातकेश्वर—इसके आगे एकाम्रक तीर्थ है ।।५०, ५१।। गोवर्द्धन—हरिश्चन्द्र—कृपुचन्द्र—पृथूदक—सहस्राक्ष—हिरण्याक्ष—कदली नदी—वहीं पर रामाधिवास है तथा सौमित्रि सङ्गम नाम वाला तीर्थ है। इन्द्रकील—महानाद—प्रिय मेलक नाम वाले तीर्थ हैं ।।५२।। ये सभी तीर्थ सदा श्राद्ध देने के लिये परम अधिक प्रशस्त माने गये हैं। एक बाहुदा नाम वाली अति पुण्य मयी नदी है तथा परम शुभ सिद्ध वन नाम वाला तीर्थ है ।।५३, ५४।। एक पाशुपत नाम वाला तीर्थ है तथा परम शुभ पार्वतिका नाम धारिणी नदी है—इन तीर्थों में दिया हुआ श्राद्ध कोटिशत से भी अधिक पुण्य-फल के प्रदान करने वाला हुआ करता है ।।५५, ५६।।

तथैव पितृतीर्थन्तु यत्र गोदावरी नदी ।
युतालिङ्गसहस्रेण सर्वान्तिरजलावहा ।।५७
जामदग्न्यस्य तत्तीर्थं क्रमादायातमुत्तमम् ।
प्रतीकस्य भयाद्भिन्नं यत्र गोदावरी नदी ।।५८
तत्तीर्थं हव्यकव्यानामप्सरोयुगसंज्ञितम् ।
श्राद्धाग्निकार्यदानेषु तथा कोटिशताधिकम् ।।५९
तथा सहस्रलिङ्गञ्च राघवेश्वरमुत्तमम् ।
सेन्द्रफेना नदी पुण्या यत्रेन्द्रः पतितः पुरा ।।६०
निहत्य नमुचिं शक्रस्तस्मात्स्वर्गमाप्तवान् ।
तत्र दत्तं नरैः श्राद्धमनन्तफलदं भवेत् ।।६१
तीर्थन्तु पुष्करं नाम शालग्रामं तथैव च ।
सोमपानञ्च विख्यात यत्र वैश्वानरालयम् ।।६२
तीर्थं सारस्वतं नाम स्वामितीर्थं तथैव च ।
मलन्दरानदी पुण्या कौशिकीचन्द्रिका तथा ।।६३

उसी भाँति वह पितृ तीर्थ है जहा पर गोदावरी नदी है जो सहस्र लिङ्गो से सयुत सर्वान्तर मलावहा है ॥५७॥ वह महर्षि जामदग्न्य का तीर्थ है जो अत्युत्तम है और क्रम से समायात हुआ है। प्रतीक के भय से भिन्न है जहा पर गोदावरी नदी है ॥५८॥ वह तीर्थ हव्य और कव्यो का है जो अप्सरो युग की सज्ञा वाला है। यह श्राद्ध—अग्नि कार्य्य और दानो के देने मे सैकडो करोड अधिक फल देने वाला है ॥५९॥ उसी भाँति सहस्र लिङ्ग—उत्तम राघवेश्वर—पुन्य शालिनी सेन्द्रफेना नदी है जिस स्थल पर प्राचीन काल मे इन्द्र पतित हो गया था। इन्द्र ने मधुचि का निहनन करके फिर घोर तपश्चर्य्या की थी जिसके प्रभाव से उसने स्वर्ग को प्राप्त किया था। वहाँ पर मानवो के द्वारा दिया हुआ श्राद्ध अनन्त फल का प्रदान करने वाला हुआ करता है ॥६०, ६१॥ पुष्कर नाम वाला तीर्थ है और उसी तरह से शालग्राम तीर्थ है। सोम-पान तीर्थ भी परम विख्यात तीर्थ है जहा पर वैश्वानर का आलय है। एक सारस्वत नाम वाला तीर्थ है तथा वही पर कौशिकी और चन्द्रिका नामो वाली भी दो नदियाँ हैं जो कि महान् तीर्थ हैं ॥६२, ६३॥

वैदर्भावाथ वैरा च पयोष्णी प्राङ्मुखापरा।
कावेरी चोत्तरापुण्या तथाजालन्धरोगिरिः ॥६४
एतेषु श्राद्धतीर्थेषु श्राद्धमानन्त्यमश्नते।
लोहदण्ड तथा तीर्थं चित्रकूटस्तथैव च ॥६५
विन्ध्ययागश्च गङ्गायास्तथा नदीतट शुभम्।
कुब्जाम्रन्तु तथा तीर्थं उर्वशी पुलिनंतथा ॥६६
ससारमोचन तीर्थं तथैव ऋणमोचनम्।
एतेषु पितृतीर्थेषु श्राद्धमानन्त्यमश्नुते ॥६७
अट्टहास तथा तीर्थं गौतमेश्वरमेव च।
तथा वशिष्ठ तीर्थन्तु हारित तु ततः परम् ॥६८
ब्रह्मावर्तं कुशावर्तं हयतीर्थं तथैव च।
पिण्डारकञ्च विख्यात शङ्खोद्धारं तथैव च ॥६९

घण्टेश्वरं विल्वकञ्च नीलपर्वतमेव च ।
।।तथा च धरणीतीर्थं रामतीर्थं तथैव च ।।७०

इनके अतिरिक्त वैदर्भा—वैरा—पयोष्णी—प्राङ्मुखापरा—कावेरी—उत्तरा पुण्या नदियाँ भी परम पुण्यमय तीर्थ स्वरूपा हैं तथा जालन्धर नामक वहीं पर एक गिरि है ।।६४।। ये सभी श्राद्ध देने वाले तीर्थ हैं जिनमे दिया हुआ श्राद्ध अनन्तता के फल वाला हो जाया करता है। लोहदन्ड नाम वाला तीर्थ है तथा चित्रकूट तीर्थ है ।।६५।। विन्ध्य योग और गङ्गा का युग्म नदी तट है। एक कुब्जाम्र तीर्थ है और दर्वशी पुलिन तीर्थ है।। संसार मोचन और कृष्ण मोचन नाम वाले भी तीर्थ हैं—इन पितृ तीर्थों में दिया हुआ श्राद्ध श्राद्ध के करने वाले मानव को अनन्त फलो का भोग कराया करता है ।।६६, ६७।। अट्टहास तीर्थ है गोतमेश्वर तीर्थ है। एक वशिष्ठ नामक तीर्थ है और इससे आगे हारित नाम वाला तीर्थ है। ब्रह्मावर्त—कुशावर्त—हयतीर्थ—विख्यात पिन्डारक तीर्थ तथा शङ्खोद्धार—घन्टेश्वर—विल्यवक—नील पर्वत—धरणी तीर्थ तथा रामतीर्थ ये सभी पितृ तीर्थ हैं जिनमे श्राद्ध दाता श्राद्ध देकर परमपद की प्राप्ति किया करते हैं ।।६८, ६६, ७०।।

अश्वतीर्थञ्च विख्यातमनन्त श्राद्धदानयोः ।
तीर्थं वेदशिरो नाम तथैवौघवती नदी ।।७१
तीर्थं वसुप्रद नाम च्छागलाण्डं तथैव च ।
एतेषु श्राद्धदातारः प्रयान्ति परमं पदम् ।।७२
तथा च त्रदरीतीर्थं गणतीर्थं तथैव च ।
जयन्त विजयञ्चैव शुक्रतीर्थं तथैव च ।।७३
श्रीपतेश्च तथा तीर्थं तीर्थं रैवतक तथा ।
तथैव शारदातीर्थं भद्रकालेश्वरं तथा ।।७४
वैकुण्ठतीर्थञ्च परं भीमेश्वरमथापि वा ।
एतेषु श्राद्धदातारः प्रयान्ति परमा गतिम् ।।७५

तीर्थं मातृगृहं नाम करवीरपुरं तथा ।
कुशेशरञ्च विख्यातं गौरीशिखरमेव च ॥७६
नकुलेशस्य तीर्थञ्च कदमाल तथैव च ।
दिण्डिपुष्यकरं तद्वत् पुण्डरीकपुर तथा ॥७७

श्राद्ध और दान—इन दोनों ही के लिये अश्व तीर्थ परम विख्यात है। एक वेदशिर नाम वाला तीर्थ है और ओघवती नदी है। वसुप्रद तीर्थ है और उसी तरह से एक छागलाण्ड नामक तीर्थ है। इन तीर्थों में श्राद्ध दाता लोग परमोत्तम पद को प्राप्त किया करते हैं ॥७१, ७२॥ बदरी तीर्थ—पण तीर्थ—जयन्त-विजय-शुक्र तीर्थ—श्रीपति का तीर्थ—रैवतक तीर्थ—शारदा तीर्थ—मद्रकालेश्वर—वैकुण्ठ तीर्थ—भीमेश्वर तीर्थ ये सभी तीर्थ पितृ तीर्थ हैं और इन तीर्थों मे पहुंच कर श्राद्धों के देने वाले मानव परम गति की प्राप्ति का लाभ लिया करते हैं ॥७३, ७४॥ मातृगृह नाम वाला तीर्थ—करवीरपुर—कुशेशर—विख्यात गौरी शिखर नाम का तीर्थ—नकुलेश का तीर्थ—कदमाल—दिण्डि पुष्यकर और पुण्डरीक पुरनाम वाला तीर्थ है ॥७५, ७६, ७७॥

सप्त गोदावरी तीर्थे सर्वतीर्थेश्वरम् ।
तत्र श्राद्ध प्रदातव्यमनन्तफलमीप्सुभिः ॥७८
एषतूद्देशतः प्रोक्तस्तीर्थानां सग्रहोमया ।
वागीशोऽपिनशक्नोतिविस्तरान् किमुमानुषः ॥७९
सत्यं तीर्थं दया तीर्थं तीर्थमिन्द्रियनिग्रहः ।
वर्णाश्रमाणा गेहेऽपि तीर्थन्तु समुदाहृतम् ॥८०
तएतीर्थेषु यच्छ्राद्धं तत्कोटिगुणमिष्यते ।
यस्मात्तस्मात् प्रयत्नेन तीर्थे श्राद्धं समाचरेत् ॥८१
प्रातः कालोमुहूर्तास्त्रीन् सङ्गवस्तावदेव तु ।
माध्याह्नस्त्रिमुहूर्तस्यादपराह्णस्ततः परम् ॥८२
सायाह्नस्त्रिमुहूर्तः स्याच्छ्राद्धं तत्रनकारयेत् ।

राक्षसी नामसा वेला गर्हिता सर्वकर्मसु ॥८३
अह्नो मुहूर्तो विख्याता दश पञ्च च सर्वदा ।
तत्राष्टमो मुहूर्तोय. सकाल. कुतपः स्मृतः ॥८४

सप्त गोदावरी तीर्थ समस्त तीर्थों का ईश्वर तीर्थ है। जो श्राद्ध के देने के अनन्त फल आप्त करने के इच्छुक मनुष्य हैं उनको वहा पर श्राद्ध अवश्य ही देना चाहिये ॥७८॥ यह श्राद्ध क उद्देश्य को लेकर हमने तीर्थों का एक संग्रह आप लोगो के समक्ष मे कह दिया है। इन समस्त तीर्थों का विस्तार तो बहुत ही विशाल है जिसको बिचारे मानव की तो शक्ति ही क्या है बृहस्पति भी नही कह सकते हैं जो वाणी के ईश कहे जाते हैं ॥७९॥ वस्तुतः विचार किया जावे तो सत्य का पूर्ण परिपालन करना भी तीर्थ है—प्राणिमात्र पर दया करना भी एक प्रकार का महान् तीर्थ है तथा अपनी सब इन्द्रियों पर पूर्ण निग्रह रखना भी तीर्थ है। वर्णों और आश्रमो का गेह मे भी इस प्रकार से तीर्थ विद्यमान् हैं जो समुदाहृत किये गये हैं। इन तीर्थों में जो भी श्राद्ध दिया जाता है उसका करोड़ गुना फल हुआ करता है। अतएव जिस-तिस प्रयत्न से तीर्थ में अवश्य ही मनुष्य को श्राद्ध देना चाहिए ॥७९, ८०॥ प्रातः काल में तीन मुहूर्त्त तक उतना ही सङ्गव होता है। फिर मध्याह्न मे तीन मुहूर्तों वाला होता है उसके पश्चात् अपराह्न होता है। सायाह्न मे तीन मुहूर्त्त वाला है उसमे श्राद्ध कभी नही करना चाहिये। यह राक्षसी नाम वाली वेला हुआ करती है जो सभी कर्मों में गर्हित मानी गयी है। सर्वदा दिन के मुहूर्त्त की दश और पाँच घड़ियाँ विख्यात हैं। उनमें जो अष्टम मुहूर्त्त होता है उसी काल को कुतुप काल कहा गया है ॥८१, ८२, ८३, ८४॥

मध्याह्ने सर्वदा यस्मान्मन्दीभवति भास्करः ।
तस्मादनन्तफलदस्तदारम्भो भविष्यति ॥८५
मध्याह्नखड्ग पात्रञ्च तथा नेपालकम्बलः ।

रूप्यं दर्भास्तिला गावो दौहित्रश्चाष्टम. स्मृतः ॥८६
पाप कुत्सितमित्याहुस्तस्य सन्तापकारिणः ।
अष्टावेतेयतस्तस्मात् कुतपाइति विश्रुता ॥८७
ऊर्ध्वं मुहूर्तात् कुतपाद्यन्मुहूर्तंचतुष्टयम् ।
मुहूर्तपञ्चकञ्चैतत्स्वधाभवन मिष्यते ॥८८
विष्णोर्देहसमुद्भूता. कुशाः कृष्णास्तिलास्तथा ।
श्राद्धस्य रक्षणायालमेतत् प्राहुर्दिवौकसः ॥८९
तिलोदकञ्जालिर्देय जलस्थैस्तीर्थवासिभिः ।
सदर्भहस्तेनैकेन श्राद्धमेव विशिष्यते ॥९०
श्राद्धसाधनकाले तु पाणिनैकेन दीयते ।
तर्पणन्तु भयेनैव विधिरेष सदा स्मृत. ॥९१

अतः मध्याह्न काल मे सर्वदा जिस समय मे भगवान् भास्कर मन्दीभूत हो जाया करते हैं। उस काल मे श्राद्ध दिया हुआ अनन्त फल देने वाला होता है तभी उसका आरम्भ होगा ॥८५॥ मध्याह्न खड्ग-पात्र-नेपाल कम्बल-रूप्य-दर्भ-तिल-गौएँ और आठवाँ दौहित्र कहा गया है। सन्ताप कारी उसका कुत्सित पाप कहा जाता है। क्योंकि ये आठ हैं इसी लिये ये कुतुप कहे गये हैं और इसी नाम से विश्रुत भी हैं ॥८६, ८७॥ कुतुप मुहूर्त्त से ऊर्ध्व मे जो चार मुहूर्त्त हैं इस तरह से यह मुहूर्त्त पञ्चक स्वधा का भवन अभीष्ट हुआ करता है ॥८८॥ कुश और कृष्ण तिल ये भगवान् विष्णु के देह से ही समुद्भूत हुए हैं ये श्राद्ध की रक्षा करने के लिये समर्थ होते है—ऐसा देवगण ने कहा है ॥८९॥ तिलो से युक्त जल की अञ्जलि जल मे स्थित हुए तीर्थवासियो को देनी चाहिए। दर्भ के सहित एक हाथ से करे। इस प्रकार से श्राद्ध विशेषता वाला होता है ॥९०॥ श्राद्ध के साधन काल मे एक ही हाथ से दिया जाता है। जो तर्पण होता है भय ही से होता है। सदा यह विधि कही गयी है ॥९१॥

पुण्यं पवित्रमायुष्यं सर्वपापविनाशनम् ।
पुरा मत्स्येन कथितन्तीर्थश्राद्धानुकीर्तनम् ॥
शृणोति यः पठेद्वापि श्रीमान् सञ्जायते नरः ॥९२॥
श्राद्धकालेच वक्तव्यं तथा तीर्थनिवासिभिः ।
सर्वपापोपशान्त्यर्थमलक्ष्मीनाशनं परम् ॥९३

इदं पवित्रं यशसो निधानमिदं महापापहरञ्च पुंसाम् ।
ब्रह्मार्करुद्रैरपि पूजितञ्च श्राद्धस्य माहात्म्यमुशन्ति तज्ज्ञाः॥९४॥

महर्षि सूतजी ने कहा—इन तीर्थों मे श्राद्ध करने का अनुकीर्तन प्राचीन काल मे मत्स्य भगवान् ने कहा था। यह परम पुण्यमय—आयु का वर्धन करने वाला और सब प्रकार के महान् से महान् पापो का विनाश करने वाला है। जो इस तीर्थ श्राद्धानुकीर्तन का श्रवण किया करता है अथवा इसको पढता है वह मनुष्य श्रीमान् होकर ही जन्म ग्रहण किया करता है ॥९२॥ श्राद्ध के समय मे तीर्थवासियो को इसे बोलना चाहिये। यह सर्व पापो के उपशान्ति के लिये और अलक्ष्मी के नाश करने वाला होता है ॥९३॥ यह परम पवित्र है तथा यश की खान है और पुरुषो के महान् पापो का संहरण करने वाला है। इसका अभ्यर्चन ब्रह्मा-अर्क और रुद्र के द्वारा भी किया गया है। इसका ज्ञान रखने वाले पुरुष इस श्राद्ध के माहात्म्य को कहा करते है ॥९४॥

१८—ययाति चरित्र

अथ दीर्घेण कालेन देवयानी नृपोत्तम ।
वनं तदेव नियाता क्रीडार्थं वरवर्णिनी ॥१
तेन दासी सहस्रेण सार्धं शर्मिष्ठया तदा ।
तमेव देशं सम्प्राप्ता यत्रा काम चचार सा ॥२

ताभिः सखीभिः सहिताः सर्वाभिर्मुदिता भृशम् ।
क्रीड़न्त्योऽभिरता सर्व्वा पिबन्त्यो मधु माधवम् ॥३
खादन्त्यो विविधान् भक्ष्यान् फलानि विविधानि च ।
पुनश्च नाहुषो राजा मृगलिप्सुर्यदृच्छया ॥४
तमेव देश सम्प्राप्तो जललिप्सुः प्रतर्षितः ।
ददर्श देवयानीञ्च शर्मिष्ठान्ताश्च योषितः ॥५
पिबन्त्यो ललनास्ताश्च दिव्याभरणभूषिताः ।
उपविष्टाञ्चददृशेदेवयानींशुचिस्मिताम् ॥६
रूपेणाप्रतिमा तासां स्त्रीणामध्येवराननाम् ।
शर्मिष्ठयासेव्यमानापादसम्वाहनादिभिः ॥७

शौनक मुनि ने कहा—हे नृपोत्तम ! इसके अनन्तर बहुत लम्बे समय के बाद वर वर्णिनी यह देवयानी उसी वन में क्रीडा विहार करने के लिये निकल कर गयी थी ॥१॥ उस समय मे एक सहस्र दासी और शर्मिष्ठा के साथ उसी देश में वह सम्प्राप्त हुई थी और उसने इच्छा के अनुसार वहां पर विचरण किया था ॥२॥ उन्हीं सब सखियों के साथ अत्यन्त ही मुदित थी । सब क्रीडा करती हुई अभिरत थीं तथा माधव मधु का पान कर रही थीं । अनेक प्रकार के भक्ष्यो को खा रही थीं तथा नाना भाँति के फलो का भक्षन करती जारही थीं । पुनः मृगया की इच्छा रखने वाला नाहुष राजा यदृच्छा से उसी देश मे सम्प्राप्त हो गया था । वह राजा जल की लिप्सा रखने वाला और अत्याधिक प्यासा था । उसने देवयानी को तथा शर्मिष्टादि अन्य सभी योषितों को वहा पर देखा था । ॥३, ४, ५॥ वे सभी ललनाऐं दिव्य आभरणों से विभूषित थी और पान कर रहीं थी । वहीं पर उसने शुचि स्मित वाली उपविष्ट देवयानी को भी देखा था ॥६॥ वह देवयानी उन समस्त ललनाओं के मध्य मे विराजमान रूप लावण्य से अनुपम और परम सुन्दर एव श्रेष्ठ मुख वाली थी शर्मिष्ठा के द्वारा वह सेव्यमान थी जो कि देवयानी के पादों का सम्वाहन आदि कर रही थी ॥७॥

द्वाभ्यां कन्यासहस्राभ्यांद्वे कन्येपरिवारिते ।
गोत्रंचनामनीचैवद्वयोः पृच्छाम्यतोह्यहम् ॥८
आख्यास्याम्यहमादःस्ववचनंमेनराधिपः ।
शुक्रोनामःसुरगुरः सुतांजानीहितस्यमाम् ॥९
इयं च मे सखी दासी यत्राहं तत्र गामिनी ।
दुहितादानवेन्द्रस्यशर्मिष्ठावृषपर्वणः ॥१०
कथ तु ते सखी दासी कन्येय वरवर्णिनी ।
असुरेन्द्रसुता सुभ्रु ! पर कौतूहल हि मे ॥११
सवमेव नरव्याघ्र ! विधानमनुवर्त्तते ।
विधिना विहितं ज्ञात्वा माविचित्रंमन.कृथाः ॥१२
राजवद्रूपवेषौ ते ब्राह्मीं वाचं विभर्षि च ।
किं नामा त्व कुतश्चासिकस्यपुत्रश्चशंसमे ॥१३
ब्रह्मचर्येण वेदो मे कृतस्नः श्रुतिपथं गतः ।
राजाहं राजपुत्रश्च ययातिरितिविश्रुतः ॥१४

राजा ययाति ने कहा—ये दो सहस्र कन्याओं के द्वारा दो कन्याएँ परिवारित हैं। अतएव मैं आप दोनो के गोत्र और नाम पूछता हूं ॥८॥ देवयानी ने कहा—हे नराधिप ! मैं अब कहती हूं, आप मेरे वचन को ग्रहण कीजिए। शुक्राचार्य नाम वाले असुरों के गुरु हैं उन्हीं की पुत्री मुझको आप जानिये ॥९॥ यह मेरी सखी दासी है। जहां पर भी मैं जाती हूं वहीं पर यह भी मेरे ही साथ में गमन करने वाली होती है। यह तो दानवेन्द्र वृषपर्वा की दुहिता शर्मिष्ठा है ॥१०॥ राजा ययाति ने कहा—यह वरवर्णिनी कन्या तुम्हारी दासी सखी कैसे हो गई है ? हे सुभ्रु ! यह तो असुरेन्द्र की सुता है। यह आपकी दासी कैसे बनगई है ? मेरे हृदय मे इस बात का अत्यधिक कौतूहल हो रहा है। ॥११॥ देवयानी ने कहा—हे नर व्याघ्र ! इस ससार मे सभी कुछ विधाता के द्वारा किये हुए विधान का ही अनुवर्त्तन किया करता है।

विधि के द्वारा किये हुए विधान को समझ कर मन में किसी भी प्रकार का कौतूहल मत करिये,॥१२॥ आपका रूप और वेष-भूषा तो एक राजा के ही समान है और जो वाणी बोल रहे हैं वह ब्राह्मी है। आप यह बतलाइये कि आपका शुभ नाम क्या है और आप कहाँ से आये हैं तथा किसके आप पुत्र हैं ?॥१३॥ ययाति ने कहा—सम्पूर्ण वेद का अध्ययन मैंने ब्रह्मचर्य का पूर्ण पालन करते हुए किया है—मैं अवश्य ही एक राजा और राजा का ही पुत्र हूँ तथा मेरा नाम ययाति—यह विश्रुत है॥१४॥

केन चार्थेन नृपते ! ह्यनेन देशं समागतः।
जिघृक्षुर्वारि यत्किञ्चिदथवा मृगलिप्सया ॥१५
मृगलिप्सुरहं भद्रे ! पानीयार्थमिहागतः।
बहुधाप्यनुयुक्तोऽस्मि त्वमनुज्ञातुमर्हसि ॥१६
ह्याख्याकन्यासहस्राभ्यांदास्याशर्मिष्ठयासह।
त्वदधीनास्मिभद्रंतेसखे ! भर्त्ताचमेव ॥१७
विध्योशनसिभद्रंतेनत्वद्दोऽस्मिभामिनि।
अविदाह्या स्मराजानोदेवयानि ! पितुस्तव ॥१८
संसृष्ट ब्रह्मणा क्षत्र क्षत्रं ब्रह्मणि सश्रितम्।
ऋषिश्च ऋषिपुत्र श्च नाहुषाद्यभजस्वमाम् ॥१९
एकदेहोद्भवा वर्णाश्चत्वारोऽपिवरानने।
पृथक्धर्म्मा.पृथक् शाचास्तेषांवैब्राह्मणोवरः ॥२०
पाणिग्रहो नाहुषाय न पुंभिः सेवितः पुरा।
त्वमेनमग्रहीदग्रे वृणोमि त्वामहं ततः ॥२१
कथं तुमेमनस्विन्याःपाणिमन्यःपुमान्स्पृशेत्।
गृहीतमृषिपुत्रेणस्वयंवाप्यृषिणास्वया ॥२२

देवयानी ने कहा—हे राजन् ! यहाँ पर इस देश में किस प्रयोजन से समागत हुए हैं ? आप क्या कुछ जलपान करने के इच्छुक हैं या

मृगया की इच्छा से ही इस स्थल पर आपने पदार्पण किया है ? ॥ १५ ॥ ययाति ने उत्तर दिया—हे भद्रे ! मैं मृग की शिकार को करने का इच्छुक ही हूँ यहाँ पर तो केवल जल पीने के ही लिये आ गया हूँ। मैं बहुधा अनुपयुक्त भी हुआ हूँ ! आपकी कुछ सेवा हो तो आप मुझे अनुज्ञा प्रदान कीजिए ॥ १६ ॥ देवयानी ने कहा—हे सखे ! आपका परम कल्याण हो—मैं दो सहस्र कन्याओं से युक्त तथा दासी शर्मिष्ठा के सहित अब आपके ही अधीन होगई हूँ। अब आप ही मेरे भर्ता हो जाइये ॥ १७ ॥ राजा ययाति ने उत्तर दिया—हे भामिनि ! आप विधि के उशना अर्थात् शुक्राचार्य की पुत्री हैं। आपका परम कल्याण हो। मैं आपके पति बनने के योग्य नहीं हूँ। हे देवयानि ! आपके पिता के यहाँ राजा लोग विवाह करने के योग्य नहीं हो सकते हैं ॥ १८ ॥ देवयानी ने कहा—ब्रह्मा ने ही सबका सृजन किया है। अतः ब्रह्मा के द्वारा क्षत्रिय वर्ण संसृष्ट है तथा ब्रह्मा में क्षत्र समिश्रित है। ऋषि और ऋषियों के पुत्र सभी तो उन्हीं से हुए हैं। इसमें कुछ भी भेद-भाव नहीं है। हे नाहुष ! अब आप मुझे स्वीकार कर लीजिए ॥ १९ ॥ ययाति ने कहा—हे वरानने ! यह ठीक है कि चारों ही वर्ण एक ही ब्रह्माजी के देह से समुद्भूत हुए हैं किन्तु यह भी तो है कि प्रत्येक वर्ण के पृथक् २ धर्म-शौच और आचार हुआ करते हैं और उन सब वर्णों में ब्राह्मण वर्ण सर्वश्रेष्ठ वर्ण होता है ॥ २० ॥ देवयानी ने कहा—हे नहुष महाराज के पुत्र ! मेरे पाणि (हाथ) का ग्रहण इस समय से पूर्व में किसी भी पुरुष के द्वारा सेवित नहीं हुआ है। आपने ही सबसे आगे इसे ग्रहण किया है। इसीलिए मैं तो आपको ही वरण करती हूँ ॥ २१ ॥ अब मनस्विनी मेरा यह पाणि किस तरह कोई अन्य पुरुष स्पर्श करेगा। आप ऋषि के पुत्र ने अथवा स्वयं साक्षात् ऋषि आपने इसको ग्रहण किया है ॥ २२ ॥

क्रूद्वादशीविषात्सर्पाज्ज्वलनात्सर्वतोमुखात् ।
दुराधर्षतरो विप्रः पुरुषेण विजानता ॥ २३

कथमाशीविषात्सर्पाज्ज्वलनात्सर्वतोमुखात् ।
दुराधर्षतरोविप्र इत्याह पुरुषर्षभ ॥२४
दशेदाशीविषस्त्वेक शस्त्रेणैकश्च वध्यते ।
हन्तिविप्रःसराष्ट्राणि पुराण्यपिहिकोपितः ॥२५
दुराधर्षतरो विप्रस्तस्मात् भीरु ! मतोमम ।
अतो दत्ताञ्चपित्राख्या भद्रे ! नविवहाम्यहम् ॥२६
दत्तां वहस्व पित्रामान्त्वंहिराजन् ! वृतोमया ।
अयाचतो भयं नास्ति दत्ताञ्चप्रतिगृह्णतः ॥२७

राजा ययाति ने कहा—अत्यन्त क्रुद्ध सर्प से तथा सर्वतोमुख अग्नि से भी अधिक विप्र विज्ञान रखने वाले पुरुष के द्वारा दुराधर्षतर हुआ करता है ॥ २३ ॥ देवयानी ने कहा—हे पुरुषों मे परमश्रेष्ठ ! आप यह समझाइये कि आशीविष सर्प से और सभी ओर मुख वाले अग्नि से विप्र दुराधर्षतर कैसे होता है ? ॥ २४ ॥ राजा ययाति ने कहा—आशीविष सर्प तो एक ही किसी का दशन किया करता है और वह एक शस्त्र के द्वारा वध किया जाता है । यदि कोई कुपित हो जाता है तो वह राष्ट्रो के सहित समस्त पुरों का दाह कर दिया करता है । विप्र के वचन और शाप में तो महान् प्रबल शक्ति विद्यमान रहा करती है । हे भीरु ! इसी कारण से विप्र अधिक दुराधर्ष मेरे विचार से माना गया है । इसीलिये हे भद्रे ! आपके पिता के द्वारा भी दी हुई आपके साथ मैं विवाह नहीं करता हूँ ॥२५, २६ ॥ देवयानी ने कहा—हे राजन् ! आप मेरे पिता के द्वारा प्रदान की हुई मुझे वरण करो क्योंकि मैंने तो आपको ही वरण कर लिया है । बिना याचना किये हुए आपको कुछ भी भय नहीं है और दी हुई मुझको आप ग्रहण कीजिए ॥२७॥

त्वरितदेवयान्याथ प्रेषिता पितुरात्मनः ।
सर्वं निवेदयामास धात्री तस्मै यथातथम् ॥२८

श्रुत्वैवच स राजानं दर्शयामास भार्गवः ।
दृष्टवैवमागतं विप्रं ययातिः पृथिवीपतिः ॥२६
ववन्दे ब्राह्मणं काव्यं प्राञ्जलिः प्रणतःस्थितः ।
तं चाप्यभ्यवदत्काव्यःसाम्नापरमवल्गुना ॥३०
राजायं नाहुषस्तात दुर्गमे पाणिमग्रहीत् ।
नमस्ते देहि मामस्मै लोकेनान्यं पतिं वृणे ॥३१
वृतोऽनया पतिर्वीर ! सुतया त्वं ममेप्टया ।
गृहाणे मां मया दत्तां महिषीं नहुषात्मज ! ॥३२
अधर्मोमां स्पृशेदेव पापमस्याश्चभार्गव ! ।
वर्णसंकरतोब्रह्मन् ! इतित्वा प्रवृणाम्यहम् ॥
अधर्मात् त्वां विमुञ्चामि वरं वरय चेप्सितम् ।
अस्मिन् विवाहे त्व श्लाघ्यो रहोपापनुदामि ते ॥३३
वहस्व भार्यां धर्मेण देवयानी शुचिस्मिताम् ।
अनया सह संप्रीतिमतुलां समवाप्नुहि ॥३४
इयं चापि कुमारी ते शर्मिष्ठ वार्षपर्वणी ।
सपूज्य सन्ततं राजन् ! नचैनांशयनेह्वयः ॥३५
एवमुक्तो ययातिस्तु शुक्रं कृत्वा प्रदक्षिणम् ।
जगामस्वपुरं हृष्टःसोऽनुज्ञातो महात्मना ॥३६

शौनक महर्षि ने कहा—इसके अनन्तर देवयानी ने तुरन्त ही अपने पिता के समीप में धात्री को प्रेषित कर दिया था । उस भेजी गयी धात्री ने उनको सभी कुछ ठीक-ठीक निवेदन कर दिया था । धात्री के द्वारा राजा का वहाँ पर आगमन सुनते ही भार्गव मुनि ने राजा का वहाँ उपस्थित होकर दर्शन किया था । राजा ययाति ने वहीं पर समाधान हुए जब विप्र का दर्शन किया तो बड़े वेग के साथ उठकर ययाति ने ब्राह्मण शुक्र की वन्दना की थी और दोनो हाथ जोड़कर प्रणत होते हुए उनके समक्ष मे स्थित हो गया था । भार्गव मुनि ने भी राजा होने के

माते परम वल्गु साम के द्वारा उस ययाति का प्रत्याभिवादन किया था ॥ २८, २९, ३० ॥ देवयानी ने कहा—हे तात ! यह नहुष के पुत्र ययाति नामधारी राजा हैं। इन्होंने दुर्गम दशा मे मेरा पाणि का ग्रहण किया था। मैं आपकी सेवा मे प्रणाम समर्पित करती हूं। आप मुझको इन्ही की पत्नी के रूप मे प्रदान कर दीजिये क्योंकि मैं लोक मे अन्य किसी को पति के रूप मे वरण नही करूंगी ॥ ३१ ॥ शुक्र ने कहा—हे वीर ! इस कन्या देवयानी ने आपको ही अपना पति वरण कर लिया है। यह मेरी परम प्रिय इष्ट सुता है। हे नहुषात्मज ! अब मेरे द्वारा समर्पित की हुई इसको ग्रहण कीजिए और अपनी महिषी इसे बना लीजिये ॥ ३२ ॥ राजा ययाति ने कहा—हे भार्गव ! इस प्रकार से करने पर तो अधर्म मुझे स्पर्श करेगा और इसे स्वीकार करने मे पार होगा। हे ब्रह्मन् ! यह तो वर्णों का सङ्कट हो जायगा—इसीलिये मैं आपसे निवेदन करता हू। शुक्राचार्य ने कहा—मैं इस अधर्म से आपका विमोचन किये देता हू। आपको जो भी कुछ अभीष्ट वरदान हो वह अब मुझसे मांगलो इस विवाह के करने मे आप अवाच्य के ही योग्य होगे और यह जो कुछ भी पाप है उससे मैं आपका उद्धार कर दूंगा ॥ ३३ ॥ हे राजन् ! धर्म से इस शुचि स्मित वाली देवयानी को आप भार्या के स्वरूप मे ग्रहण कीजिये। इसके साथ आप आतुला प्रीति प्राप्त करेंगे ॥ ३४ ॥ यह तुम्हारी कुमारी शर्मिष्ठा वर्षपर्वणी है। हे राजन् ! निरन्तर भली भाँति पूजन करके इसके साथ शयन मत करना ॥ ३५ ॥ महर्षि शौनकजी ने कहा—इस प्रकार से कहे हुए ययाति ने शुक्राचार्य की परिक्रमा दी और परम प्रसन्न होकर अनुज्ञा प्राप्त होने पर जो कि महात्मा शुक्र ने दी थी वह अपने पुर मे चला गया था ॥ ३५, ३६ ॥

१६—ययात्यष्टकसम्वादवर्णन

यदा वसन्नन्दने कामरूपे संवत्सराणामयुतं शतानाम् ।
किं कारणं कार्तयुगप्रधान हित्वा तद्वै वसुधामन्वपद्यः ॥१॥
ज्ञाति सुहृत् स्वजनो यो यथेह क्षीणे वित्ते त्यज्यते तानवैहिः ।
तथा स्वर्गे क्षीणपुण्य मनुष्यन्त्यजन्ति सद्यः खेचरा देवसंघाः ॥२
कथं तस्मिन् क्षीणपुण्या भवन्तु संमुह्यते मेऽत्रमनोऽतिमात्रम् ।
किं विशिष्टाः कस्य धामोपयान्ति तद्वै ब्रूहि क्षेत्रवित्त्व मतो मे॥३
इमं भौम नरकन्ते पतन्ति लालप्यमाना नरदेव ! सर्वे ।
ते कङ्कगामायुपलाशनार्थं क्षितौ विवृद्धि बहुधा प्रयान्ति ॥४
तस्मादेवं वर्जनीयं नरेन्द्र दुष्टं लोके गर्हणीयञ्च कर्म्म ।
अ.ख्यात ते पार्थिव सर्वमेतत् भूयश्चेदानी वद किन्ते वदामि ॥५
यदा तु तास्ते वितुदन्ते वयांसि तथा गृध्राः शितिकण्ठाः पतङ्गाः ।
कथ भवन्ति कथंमार्गवन्ति त्वत्तो भौम नरकमहं शृणोमि ॥६

अष्टक ने कहा—काम रूप नन्दन वन मे एक से अयुत (दश सहस्र) सम्वत्सरो तक वास करते हुए कार्त युग प्रधान उसका त्याग करके पुन इस वसुधा पर प्राप्त हो गया था—इसका क्या कारण है ? ॥१॥ ययाति ने कहा—जिस तरह से यहाँ पर वित्त के क्षीण हो जाने पर मानवो के द्वारा अपनी ज्ञाति वाला-सुहृद और स्वजन त्याग दिया जाया करता है उसी भाँति स्वर्ग मे खेचर देवों के सघ में भी क्षीण पुण्य वाले मनुष्य को तुरन्त ही त्याग दिया करते हैं ॥२॥ अष्टक ने कहा—वहाँ पर पुण्यों को क्षीण करने वाले कैसे हो जाते हैं—इस विषय में मेरा मन अत्यधिक मोहित हो जाता है । किस विशेषता से युक्त पुरुष किसके धाम को जाया करते हैं—यह सब आप हमको बतलाइये क्योकि मेरे विचार मे आप पूर्णतया क्षेत्र के वेत्ता हैं ॥३॥ ययाति ने कहा—हे नरदेव ! लालप्यमान सब इस आपके भूमि मे रहने वाले नरक मे गिरा करते हैं ।

वे कङ्क-गोमायु पलाशन के लिये बहुधा भूमि मे विशेष वृद्धि को प्राप्त होते हैं ॥४॥ हे नरेन्द्र ! इस कारण से इस प्रकार से लोक मे दुष्ट और गर्हणा के योग्य कर्म्म का वर्जन कर देना चाहिए। हे पार्थिव ! यह सभी कुछ आपको बता दिया गया है और फिर अब बतलाइये कि आपको मैं क्या बतलाऊँ ? ॥५॥ अष्टक ने कहा—जिस समय मे वे पक्षी तथा गृध्र-शितिकण्ठ और पतङ्ग उनको उत्पीडित किया है ? मैं आपसे ही इस अत्यन्त भयानक नरक के विषय मे श्रवण करना चाहता हूं ॥६॥

ऊर्ध्वं देहात्कर्म्मणो नूम्ममाणात् व्यक्तं पृथिव्यामनुसञ्चरन्ति ।
इम भौम नरकन्ते पतन्ति नावेक्षन्ते वर्षपूगाननेकान् ॥७
षष्टिं सहस्राणि पतन्त्यधोम्नि तथाशीतिञ्चैव तु वत्सराणाम् ।
तान्वै तुदन्ते प्रपतन्त प्रयातान् भीमा भौमा राक्षसास्तीक्ष्णदंष्ट्राः ॥८
यदेतास्ते सपततस्तुदन्ति भीमा भौमा राक्षसास्तीक्ष्णदंष्ट्राः ।
कथं भवन्ति कथमाभवन्ति कथं भ्रूणभूता भवन्ति ॥९
असृग्रेतःपुष्परसानुयुक्तं अन्वेति सद्यः पुरुषेण सृष्टम् ।
तद्वै तस्यारज आपद्यते च स गर्भभूतः समुपैति तत्र ॥१०
वनस्पतीनोषधीश्चाविशन्ति अपो वायु पृथिवीञ्चान्तरिक्षम् ।
चतुष्पद द्विपदञ्चापि सर्वं एव भूता गर्भभूता भवन्ति ॥११
अन्यद्वपुर्विदधातीह गर्भे उताहोस्वित् स्वेन कामेन याति ।
आपद्यमानो नरयोनिमतामाचक्ष्व मे संशयात् पृच्छतस्त्वम् ॥१२
शरीरदेहादिसमुच्छ्रयञ्च चक्षुःश्रोत्रे लभते केन संज्ञाम् ।
एतत् सर्वं तात आचक्ष्व पृष्ट क्षेत्रज्ञ त्वा मन्यमाना हि सर्वे ॥१३

ययाति ने कहा—जूम्ममाण देहाकर्म्म से ऊर्ध्व में व्यक्त रूप से पृथिवी मे अनुसञ्चरण किया करते हैं . वे इस भूमि में रहने वाले आपके नरक मे गिरा करते हैं और अनेक वर्षों के समूह को नहीं देखते हैं ॥७॥ साठ सहस्र तथा अस्सी सहस्र वर्ष तक व्योम में गिरा करते हैं प्रयाण करते हुए उनको प्रयतन करते हुए तीक्ष्ण दाढो वाले महा भयानक भौम

राक्षस पीडित किया करते हैं ॥८॥ अष्टक ने कहा—जिस समय में वे संपतन करते हुए तीक्ष्ण दंष्ट्राओं वाले भयानक भीम राक्षस इनको उत्पीड़ित किया करते हैं तो कैसे होते हैं—कैसे चारो ओर होते हैं और और कैसे भूमि के गर्भ में गत हुआ करते हैं ॥ ९ ॥ ययाति ने कहा—पुरुष के द्वारा सृष्ट रेत पुष्प रस से अनुयुक्त असृक् (रक्त) तुरन्त ही अनुगमन करता है । वह उसका रज आपन्न होता है और वह वहाँ पर गर्भभूत होता हुआ समुपगमन किया करता है ॥१०॥ वनस्पति और औषधियों में आविष्ट होते हैं—जल—वायु—पृथिवी—अन्तरिक्ष—चतुष्पद—द्विपद ये सब इस प्रकार से होते हुए गर्भभूत होते हैं ॥११॥ अष्टक ने कहा—यहाँ गर्भ में कोई अन्य वपु धारण करता है अथवा अपनी ही इच्छा से आया करता है जब कि इस नर योनि को प्राप्त होता हुआ रहता है—यह सब मुझे बतलाइये, मैं संशय होने के कारण से आपसे पूछ रहा हूं ॥ १२ ॥ शरीर देहादि का समुच्चय—चक्षु और श्रोत्र किससे संज्ञा को प्राप्त किया करता है ? हे तात ! आप से पूछा गया है आप यह सभी कुछ बतलाइये । आपको सभी सेवश मानते हैं ॥१३॥

वायुः समुत्कपति गर्भयोनिमृतौ रेतःपुष्परसानुयुक्तम् ।
स तत्र तन्मात्रकृताधिकारः क्रमेण संवर्धयतीह गर्भम् ॥१४
स जायमानोऽथ गृहीतगात्रः सज्ञामधिष्ठाय ततो मनुष्यः ।
स श्रोत्राभ्यां वेदयतीह शब्द स वै रूप पश्यति चक्षुषा च ॥१५
घ्राणेन गन्धं जिह्वायाथो रसञ्च त्वचा स्पर्शमनसा वेदभावम् ।
इत्यष्टके होपचित हि विद्धि महात्मनः प्राणभृतः शरीरे ॥१६
यः संस्थितः पुरुषो दह्यते वा निखन्यते वापि निकृष्यते वा ।
अभावभूतः स विनाशमेत्य केनात्मान चेतयते पुरस्तात् ॥१७
हित्वा सोऽसून् सुप्तवन्निष्ठितत्वात् पुरोधाय सुकृतं दुष्कृतञ्च ।
अन्यां योनिं पुण्यपापानुसारां हित्वा देह भजते राजसिंह ॥१८

पुण्यां योनिं पुण्यकृतो विशन्ति पापां योनिं पापकृतो व्रजन्ति ।
कीटाः पतङ्गाश्च भवन्ति पापान्न मे विवक्षास्ति महानुभाव ॥१६
चतुष्पदा द्विपदाः पक्षिणश्च तथा भूता गर्भभूता भवन्ति ।
आख्यातमेतन्निखिलं हि सर्वं भूयस्तु किं पृच्छसि राजसिंह ॥२०

राजा ययाति ने कहा—पुष्प रस से अनुयुक्त रेत को ऋतु काल में वायु समुत्कर्षित किया करता है। उतना ही अधिकार करने वाला वह वहां पर क्रम से गर्भ को सर्वाधित किया करता है ॥१४॥ इसके उपरान्त जब वह जायमान होता है तो गात्र को ग्रहण करने वाला हो जाता है। इसके पश्चात् वह मनुष्य संज्ञा को अधिष्ठित हुआ करता है। वह श्रोत्र से यहां पर शब्द का ज्ञान करता है और वह रूप को चक्षु से देखता है ॥१५॥ घ्राण से गन्ध को पहिचानता है तथा जिह्वा से रस और त्वचा से स्पर्श और मन से भेदभाव को जानता है। प्राणधारी महात्मा के शरीर में इस अष्टक में उपचित समझलो ॥१६॥ अष्टक ने कहा—जो संस्थित पुरुष जला दिया जाता है-गाड़ दिया जाता है अथवा निकृष्ट किया जाता है अभावभूत वह विनाश को प्राप्त होकर फिर किस के द्वारा आगे आत्मा को चैतन्य स्वरूप देकर प्रदर्शित किया करता है ॥१७॥ राजा ययाति के कहा—वह प्राणों का त्याग करके एक सुप्त की भांति निष्टित होने से अपने जीवन में विहित सुकृत और दुष्कृत आगे रखकर ही पुण्य-पाप के अनुसार अन्य योनियों भजता है और इस देह का त्याग कर दिया करता है। हे राजसिंह! अधम शरीर के त्याग के बाद ऐसा ही हुआ करता है जिसमें पुण्य-पाप की प्रधानता होती है। ॥१८॥ जो पुण्य कर्मों के करने वाले लोग होते हैं वे पुण्य योनि में ही प्रवेश किया करते हैं और जो पापकर्म करने वाले हैं वे पाप योनि में आया करते हैं। हे महानुभाव! कीट और पतङ्ग पाप से होते हैं यह मेरी विवक्षा नहीं है ॥१९॥ चतुष्पद-द्विपद और पक्षी वर्ग उस प्रकार से हुए गर्भभूत होते हैं यह हमने सभी कुछ कह दिया है। हे राजसिंह! पुनः अब क्या पूछते हैं? ॥२०॥

किंस्वित् कृत्वा लभते तात संज्ञां मर्त्यः श्रेष्ठां तपसा विद्यया वा ।
तन्मे पृष्टः शंस सर्वं यथावच्छुभान् लोकान् येन गच्छेत् क्रमेण ॥२१
तपश्च दानञ्च शमो दमश्च ह्रीरार्जवं सर्वभूतानुकम्पा ।
स्वर्गस्य लोकस्य वदन्ति सन्तो द्वाराणि सप्तव महान्ति पुंसाम् ॥२२
सर्वाणि चैतानि यथोदितानि तपःप्रधानान्यभिमर्शकेन ।
नश्यन्ति मानेन तमोऽभिभूताः पुंसः सदैवेति वदन्ति सन्तः ॥२३
अधीयानः पण्डितं मन्यमानो यो विद्यया हन्ति यशः परस्य ।
तस्यान्तवन्तः पुरुषस्य लोकानचास्य तद्ब्रह्मफलं ददाति ॥२४
चत्वारि कर्माणि भयङ्कराणि भयं प्रयच्छन्त्ययथाकृतानि ।
मानाग्निहोत्रमुतमानमौन मानेनाधीतमुतमानयज्ञः ॥२५
न मान्यमानो मुदमाददीत न सन्तापं प्राप्नुयाच्चावमानात् ।
सन्तः सतः पूजयन्तीह लोके नासाधवः साधुबुद्धिं लभन्ते ॥२६
इति दद्यादिति यजेदित्यधीयीत मे श्रुतम् ।
इत्येतान्यभयान्याहुस्तान्यवज्यानिनित्यशः ॥२७
येनाश्रयं वेदयन्ते पुराण मनीषिणो मानसे मानयुक्तम् ।
तन्निश्रेयस्तेन सयागमेत्य परां शान्तिं प्राप्नुयुः प्रेत्य चेह ॥२८

अष्टक ने कहा—हे तात ! क्या कर्म्म करके मनुष्य श्रेष्ठ संज्ञा को प्राप्त किया करता है तपश्चर्या से अथवा विद्या से ? यही मेरे द्वारा आप पूछे जा रहे हैं सो सभी यथावत् कहिए और यह भी बतलाइये कि जिस क्रम से वह शुभ लोकों को चला जाता है ॥२१॥ ययाति ने कहा—तप—दान—शम—दम—लज्जा—आर्जव और समस्त प्राणियों पर दया—ये सात ही पुरुषों के महान् द्वार हैं जिनको स्वर्ग लोक के भी सन्त लोग कहा करते हैं ॥२२॥ ये सब जो भी उदित किये गये हैं वे तपः प्रधान ही होते हैं अर्थात् इन सभी में तपश्चर्या की ही प्रमुखता हुआ करती है । जो तमोगुण से अभिभूत होते हैं वे अभिमर्शक मान से नष्ट हो जाते हैं । वह पुरुष को सदा ही होता है—यही सन्त पुरुष कहते हैं ॥२३॥ अधी-

यान अर्थात् पूर्णतया पठित पुरुष अपने आपको पण्डित मानता हुआ अर्थात् अपने पाण्डित्य का अभिमान रखने वाला है और जो विद्या के बल से दूसरे के यश का हनन किया है उस पुरुष के अन्त में होने वाले लोक नहीं हुआ करते हैं और न उसको वह ब्रह्मफल ही दिया करता है ॥२४॥ ये चार कर्म्म महान् भयङ्कर हुआ करते हैं और अयथाकृत ये भय दिया करते हैं—मानाग्निहोत्र—मान मौन—मानसे आधीत और मान-यज्ञ ये ये ही चार हैं ॥२५॥ मान्य मान वाला कभी मुद प्राप्त नहीं किया करता है और वह सन्ताप को भी अब मान हाने से नहीं प्राप्त किया करता है इस लोक मे सन्त पुरुष सत्पुरुषों का ही पूजन किया करते हैं और जो असाधु पुरुष होते हैं वे कभी भी साधु बुद्धि को प्राप्त नहीं किया करते हैं ॥२६॥ मेरा श्रुत तो यह बतलाता है कि इसका इतना दान करे—यह यज्ञनार्चन करना चाहिये और यह अध्ययन करे—इसी हेतु से यह भय से रहित है और उनको नित्यही अनर्जनीय कहा जाता है। ॥२७॥ पुराण जिससे आर्षम का वेदन मनीषिगण किया करते हैं जो मानस में मानयुक्त है वही निश्रेय है उससे सयोग प्राप्त करके यहा मुन होकर परा शान्ति को प्राप्त किया करते हैं ॥२८॥

२०—ययात्यष्टकसंवाद वर्णन

चरन् गृहस्थः कथमेति देवान् कथं भिक्षः कथमाचार्य्यकर्म्मा।
वानप्रस्थः सत्पथे सन्निविष्टो बहून्यस्मिन् संप्रति वेदयन्ति ॥१

आहूताध्यायी गुरुकर्मसु चोदयतः पूर्वोत्थायी चरमश्चाथशायी।
मृदुर्दान्तो धृतिमानप्रमत्तः स्वाध्यायशीलः सिद्ध्यति ब्रह्मचारी ॥२
धर्मागतं प्राप्य धनं यजेत दद्यात्सदैवातिथीन् भोजयेच्च।
अनाददानश्च परैरदत्तं सेवा गृहस्थोपनिषत्पुराणी ॥३

स्ववीर्य्यंजीवी वृजिनान्निवृत्तो दाता परेभ्यो न परोपतापी ।
तादृङ्मुनिः सिद्धिमुपैति मुख्या वसन्नरण्ये नियताहारचेष्टः ॥४
अशिल्पजीवी विगृहश्च नित्यं जितेन्द्रियः सर्वतो विप्रमुक्तः ।
अनोकशायी लघु लिप्समानश्चरन् देशानेकाम्बरः स भिक्षुः ॥५
राज्ञा यया चाभिरताश्च लोका भवन्ति कामाभिजिताः सुखेन च ।
तामेव रात्रिं प्रयतेत विद्वानरण्यसंस्थो भवितुं यतात्मा ॥६
दशैव पूर्वान् दश चापरांस्तु ज्ञातीस्तथात्मानमथैकविंशम् ।
अरण्यवासी सुकृतं दधाति मुक्तवात्वरण्ये स्वशरीरघातून् ॥७

अष्टक ने कहा—एक गार्हस्थ्य आश्रम मे सञ्चरण करने वाला पुरुष किस प्रकार से देवो को प्राप्त किया करता है भिक्षु (संन्यासी) किस विधान से और आचार्य का कर्म्म करने वाला है वह किस रीति से देवगण के समीप मे पहुँचा करता है तथा जो वानप्रस्थाश्रमी पुरुष है और सत्पथ में सन्निविष्ट है उसकी क्या विधि है ? इस विषय में अब बहुत सी बातें वेदन की जाती हैं ॥१॥ राजा ययाति ने कहा—जिस समय मे उसको अध्ययन करने के लिये आहूत करें तभी उन आचार्य्य वर की सन्निधि मे समुपस्थित होकर अध्ययन करने वाला—गुरुजी के सम्पूर्ण कर्म्मों के सम्पादन करने के लिये सदा उद्यत रहने वाला—गुरुचरण से पहिले शय्या त्याग कर उठने वाला और उनके शयन करने के पश्चात् सोने वाला—परम मृदु दमनशील—धृतिमान्—अप्रमत्त एवं जो सर्वदा स्वाध्याय करने के शील वाला है वही ब्रह्मचारी सिद्धि प्राप्त किया करता है ॥२॥ धर्म्म के द्वारा समागत धन से यजन करना चाहिए और सदा ही अतिथियो को दान देवे तथा उनको भोजन करावे—दूसरों के द्वारा नही दिये हुए को नही ग्रहण करता हुआ गृहस्थ को होना चाहिए—यही गार्हस्थ्याश्रम में रहने वाले की परम पुरातन उपनिषत् है ॥३॥ अपने ही बल वीर्य्य से जीवन याचन करने वाला—पाप कर्म से निवृत्त रहने वाला—दूसरो को दान देने वाला तथा दूसरो को कभी भी उपताप न देने वाला इस

प्रकार की रहनी रहने वाला मुनि जो नियत आहार करने की चेष्टा रखते हुए वन मे निवास किया करता है वही परम मुख्य सिद्धि का लाभ लेता है ॥४॥ जो किसी भी प्रकार के शिल्प-कौशल से जीवन का यापन नहीं किया करता है तथा बिना गृह वाला है—नित्य ही अपनी इन्द्रियो को जीत कर रखने वाला है और सभी ओर से प्रमुक्त अर्थात् बन्धन से रहित है—किसी भी गृह में शयन न करने वाला तथा बहुत ही स्वल्प लिप्सा रखने वाला—एक ही वस्त्र का धारी और अनेक देशों में विचरण करने वाला जो होता है वही भिक्षु (संन्यासी) है ॥५॥ जिस रात्रि से लोक अभिरत होते हैं तथा सुख से कामाभिजित होते हैं विद्वान् पुरुष को उसी रात्रि मे प्रयत्न करना चाहिये कि वह प्रयत आत्मा वाला अरण्य मे सस्थित रखने वाला होवे ॥६॥ वह अरण्य मे निवास करने वाला अपने शरीर की धातुओं को अरण्य मे ही त्याग करके परम सुकृत को धारण किया करता है। वह अपने से पूर्व मे हुए दश पुरुषो को और दश दूसरे प्राणियो को तथा इक्कीसवाँ अपने आपको सभी का अपने तपोबल से उद्धार कर दिया करता है ॥७॥

कतिस्विद्देयमुनयो मौनानि कतिचाप्युत ।
भवन्तीति तदाचक्ष्व श्रोतुमिच्छामहे वयम् ॥८
अरण्ये वसतो यस्य ग्रामो भवति पृष्ठतः ।
ग्रामे वा वसतोऽरण्य स मुनिःस्याज्जनाधिप ॥९
कथस्विद्वसतोऽरण्ये ग्रामो भवति पृष्ठतः ।
ग्रामे वा वसताऽरण्यं कथ भवति पृष्ठतः ॥१०
न ग्राम्यमुपयुञ्जीत य आरण्यो मुनिर्भवेत् ।
तथास्य वसतोऽरण्ये ग्रामो भवति पृष्ठतः ॥११
अनग्निरनिकेतश्चाप्यगोत्रचरणो मुनिः ।
कापीनाच्छादन यावत्तावदिच्छेच्च चीवरम् ॥१२
यावत्प्राणाधिसन्धान तावदिच्छेच्चभोजनम् ।

तदास्यवसतोग्रामेऽरण्यंभवति पृष्ठतः ॥१३

अष्टक ने कहा—कितने देवगण और मुनिगण मौन होते हैं—यह सब आप मुझको बतलाइये। हम सब यह श्रवण करना चाहते हैं। ॥८॥ ययाति ने कहा—हे जनाधिप! अरण्य में निवास करने वाले जिसको ग्राम पृष्ठ भाग में रहता है तथा ग्राम में निवास में अरण्य को पृष्ठ में छोड़ देता है वही मुनि होता है ॥९। अष्टक ने पूछा—अरण्य में निवास करने वाले का ग्राम किस तरह से पृष्ठ मे होता है अथवा ग्राम मे निवास करने वाले का अरण्य कैसे पृष्ट में होता है? ॥१०॥ राजा ययाति ने कहा—जो आरण्य मुनि हो उसे कभी भी ग्राम का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसी तरह से अरण्य में निवास करने वाले इसका ग्राम पृष्ठ भाग मे हो जाया करता है ॥११॥ बिना अग्नि वाला अर्थात् निरग्नि—बिना घर बनाकर रहने वाला—अगोत्रचरण वाला—जो मुनि है उसको जितना भी कौपीन और समाच्छादन करने के लिये चाहिये उतने ही वस्त्र की इच्छा करनी चाहिये ॥१२॥ जितने से अपने प्राणों का अभिसन्धान रहे उतना ही आहार प्राप्त करने की इच्छा रखनी चाहिये। उस समय मे ग्राम में निवास करने वाले इसको अरण्य भी पृष्ठ भाग मे पड जाया करता है ॥१३॥

यस्तुकामान्परित्यज्यव्रतकर्माजितेन्द्रियः।
आतिष्ठेतमुनिर्मौनंसलोकेसिद्धिमाप्नुयात् ॥१४
धौतदन्तं कृत्तनखं सदास्नातमलङ्कृतम्।
असित सितकर्मस्थं कस्तन्नार्चितुमर्हति ॥१५
तपसाकर्शित.क्षामःक्षीणमांसास्थिशोणितः।
यदाभवतिनिर्द्वन्द्वो मुनिर्मौनं समास्थितः ॥१६
अयलोकमिमञ्जित्वा लोकञ्चापि जयेत्परम्।
आस्येन तु यदाहारं गोवन्मृगयते मुनिः॥
अथास्य लोकः सर्वो यः सोऽमृतत्वाय कल्पते ॥१७

जो समस्त प्रकार की इच्छाओं का त्याग करने कर्मों को छोड़ कर पूर्णतया इन्द्रियों के ऊपर अपना नियन्त्रण रखने वाला समास्थित हुआ करता है और मौनव्रत धारण करता है वही मुनि लोक में सिद्धि को प्राप्त किया करता करता है ॥१४॥ जो शौच दमों वाला है—नाखून जिसके कटे हुए रहा करते हैं—सदा स्नान करके साफ-सुथरा रहता है और भली भाँति असङ्कृत रहा करता है और अमित तथा सित कर्मों में स्थित रहने वाला सन्यासी है उस कौन अर्चित करने की भावना रखता है अर्थात् ऐसे भिक्षु की समर्चा की योग्यता ही नहीं होती है। ॥१५॥ जो तपश्चर्य्या से कर्शित—दुबला—पतला—सोम मांस अस्थि और रक्त वाला जिस समय में निर्द्वन्द्व होता है वह मुनि मौन व्रत में समास्थित हुआ करता है ॥१६॥ इसके-अनन्तर इस लोक को जीतकर वह परलोक पर भी विजय प्राप्त किया करता है। मुनि अपने मुख से गौ की भाँति ही जब आहार को ग्रहण किया करता है तथा खोजता है इस दशा के होने के अनन्तर इसको जो भी सब लोक है वह अमृतत्व के लिये ही कल्पित होते हैं ॥१७॥

२१—यदुवंश वर्णन

इत्येतच्छौनकाद्राजा शतानीकोनिशम्य तु।
विस्मितः परयाप्रीत्यापूर्णचन्द्र इवाबभौ ॥१
पूजयामास नृपतिर्विधिवच्चाय शौनकम्।
रत्नैर्गोभिः सुवर्णैश्च वासोभिर्विविधैस्तथा ॥२
प्रतिगृह्य ततः सर्वं यद्राज्ञा प्रहितं धनम्।
दत्त्वा च ब्राह्मणेभ्यश्च शौनकोऽन्तरधीयत ॥३
ययातिवंशमिच्छामः श्रोतुं विस्तरतो वद।
यदुप्रभृतिभिः पुत्रैर्यदा लोके प्रतिष्ठितः ॥४

यदोर्वंशं प्रवक्ष्यामि ज्येष्ठस्योत्तमतेजसः ।
विस्तरेणानुपूर्व्या च गदतो मे निबोधत ॥५
यदोः पुत्रा बभूवुर्हि पञ्च देवसुतोपमाः ।
महारथा महेष्वासानामतस्तान्निबोधत ॥६
सहस्रजिरथोज्येष्ठःक्रोष्टुर्नीलोऽन्तिकोलघुः ।
सह जेस्तुदायादोशतजिर्नाम पार्थिव ॥७

महा महर्षि श्री सूतजी ने कहा—शतानीक राजा ने शौनक से यह जब श्रवण किया था तो वह विस्मित हो गया था और पराप्रीति से पूर्ण चन्द्र की भाँति प्रकाश मान हो गया था ॥१॥ फिर उस राजा ने पूर्ण विधान के साथ शौनक का पूजन किया था। पूजन के उपचारो मे बहुमूल्य रत्न—गौ—सुवर्ण और अनेक भाँति के वस्त्र आदि सभी थे ॥२॥ जो भी राजा के द्वारा धन प्रहित किया था उस सबका प्रतिग्रहण करके और ब्राह्मणों को दान करके फिर महर्षि शौनक वहीं पर अन्तर्हित हो गये थे ॥३॥ ऋषियो ने कहा—हे भगवन् ! अब हम सब लोग राजा ययाति के वश का विस्तार श्रवण करना चाहते हैं। आप परमानुकम्पा करके उसका सविस्तृत वर्णन कीजिए जिस समय मे वह इस लोक मे यदु प्रभृति पुत्रो से समन्वित होकर प्रतिष्ठित हुआ था ॥४॥ श्री सूतजी ने कहा—सबसे ज्येष्ठ और उत्तम तेज वाले यदु के वश का मैं वर्णन करूँगा और विस्तार तथा आनुपूर्वी के साथ ही कहूंगा। आप लोग सब कहने वाले मुझसे सब कुछ समझ लीजिए ॥५॥ महाराज यदु के देवताओं के समान पाँच पुत्र समुत्पन्न हुए थे। ये पाँचो ही महारथी और महा इष्वास को धारण करने वाले थे ॥ ६ ॥ इनसे सबसे बड़ा जो था वह सहस्रजि था और सबसे छोटा जो अन्तिम पुत्र था क्रोष्टुर्न था। सहस्रजि का दायाद शतजि नाम धारी पार्थिव समुद्भूत हुआ था ॥ ७ ॥

तजेरपि दायादास्त्रयः परमकीर्तयः ।

हैहयश्च हयश्चैव तथा वेणुहयश्च यः ॥८
हैहयस्य तु दायादो धर्म्मनेत्रः प्रनिश्रुतः ।
धर्म्मनेत्रस्यकुन्तिस्तुसंहतस्तस्य चात्मजः ॥९
सहतस्य तु दायादो महिष्मान्नामपार्थिवः ।
आसीन्महिष्मतः पुत्रोरुद्रश्रेण्यःप्रतापवान् ॥१०
वाराणस्यामभूद्राजा कथित पूर्वमेव तु ।
रुद्रश्रेणस्य पुत्रोऽभूद्दुर्दमो नाम पार्थिवः ॥११
दुर्दमस्यसुतोधीमान्कनकोनामवीर्य्यवान् ।
कनकस्यतुदायदाश्चत्वारोलोकविश्रुताः ॥१२
कृतवीर्य्य कृताग्निश्च कृतधर्मा तथैव च ।
कृतौजाश्च चतुर्थोऽभूत्कृतवीर्य्यात्तुसोर्जुनः ॥१३
जातः करसहस्रेण सप्तद्वीपेश्वरो नृपः ।
वर्षायुत तपस्तेपे दुश्चर पृथिवीपतिः ॥१४

शतजि नाम वाले पुत्र के भी दायाद परम कीर्ति वाले तीन हुए थे जिनके शुभ नाम हैहय-हय और वेणुहय थे ॥८॥ हैहय का जो दायाद उत्पान हुआ था वह धर्म्मनेत्र इस शुभ नाम से प्रतिश्रुत हुआ था। धर्म-नेत्र का दायाद कुन्ति हुआ और कुन्ति का आरमज सहत नाम वाला हुआ था ॥९॥ सहत के पुत्र महिष्मान् नाम वाला पार्थिव हुआ था। महिष्मान् का पुत्र परम प्रताप धारी रुद्रश्रेण्य ने जन्म ग्रहण किया था ॥१०॥ यह वाराणसी मे राजा हुआ था जिसका वर्णन पूर्व में ही किया जा चुका है। रुद्रश्रेण का पुत्र दुर्दम नाम वाला राजा हुआ था ॥११॥ फिर इस दुर्दम का पुत्र परम बुद्धिमान् और बल वीर्य से सयुत कनक नाम वाला हुआ था। इस कनक के चार दायाद लोक मे परम प्रसिद्ध हुए थे ॥१२॥ इन चारों के नाम कृतवीर्य-कृताग्नि-कृतधर्मा और चौथा कृतौजा ये थे। कृतवीर्य के पुत्र से ही सहस्रार्जुन समुत्पन्न हुआ था ॥१३॥ इसके एक सहस्र हाथ थे जब इतने जन्म ग्रहण किया था और यह सातो द्वीपों का

राजा हुआ था। इस राजा ने दश सहस्र वर्ष तक परम दुश्चर तपस्या की थी ॥१४॥

दत्तमाराधयामास कार्तवीर्य्योऽत्रिसम्भवम् ।
तस्मै दत्तावरास्तेनचत्वारः पुरुषोत्तम ॥१५
पूर्वं बाहुसहस्रन्तु वव्रे राजसत्तमः ।
अधर्मं चरमाणस्य सद्भिश्चापिनिवारणम् ॥१६
युद्धेन पृथिवीं जित्वा धर्मेणैवानुपालनम् ।
संग्रामे वर्तमानस्य वधश्चैवाधिकाद्भवेत् ॥१७
तेनेयं पृथिवी सर्वा सप्तद्वीपा सपर्वता ।
समोदधिपरिक्षिप्ता क्षात्रेण विधिना जिता ॥१८
जज्ञे बाहुसहस्रं वै इच्छतस्तस्य धीमतः ।
रथो ध्वजश्च संजज्ञे इत्येवमनुशुश्रुमः ॥१९
दशयज्ञसहस्राणि राज्ञा द्वीपेषु वै तदा ।
निरर्गला निवृत्तानि श्रूयन्ते तस्यधीमतः ॥२०
सर्वे यज्ञा महाराजस्तस्यासन्भूरिदक्षिणाः ।
सर्वेकाञ्चनयूपास्तेसर्वाः काञ्चनवेदिका ॥२१

इस कार्त्तवीर्य ने अत्रि के पुत्र दत्तात्रेय की समाराधना की थी। हे पुरुषोत्तम ! उसके द्वारा इसको चार वरदान दिये गये थे ॥ १५ ॥ सबसे प्रथम उस राजश्रेष्ठ ने एक सहस्र बाहु प्राप्त करने का वरदान माँगा था। अधर्म का समाचरण करने वाले का सत्पुरुषों से निवारण करना प्राप्त किया था ॥ १६ ॥ युद्ध के द्वारा सम्पूर्ण भूमण्डल पर विजय प्राप्त करके धर्म्म के ही द्वारा सब पृथ्वी का अनुपालन करना प्राप्त किया था। संग्राम में वर्तमान का वध भी हो तो किसी अधिक से ही होवे ।१७। उस सहस्रबाहु ने इस पृथिवी को जो सम्पूर्ण सात द्वीपों से युक्त पर्वतों के सहित और समुद्र से घिरी हुई थी उस सबको क्षात्र विधि के द्वारा ही जीत लिया था ॥ १८ ॥ उस धीमान् की जैसी इच्छा थी उसी के अनुसार

एक सहस्र बाहु समुत्पन्न हो गयी थी। रथ और ध्वज भी समुत्पन्न हुए थे ऐसा ही अनुश्रवण करते है ॥ १९ ॥ उस समय मे उस राजा के द्वारा द्वीपो मे दश सहस्र यज्ञ निर्गल उस धीमान् के निवृत्त हुए थे ऐसा भी सुना जाता है ॥ २० ॥ उस महान् राजा के सभी यज्ञ अत्यधिक दक्षिणा वाले सम्पन्न हुए थे। उन सभी यज्ञो मे सुवर्ण के यूप थे और सभी सुवर्ण की वेदियों वाले थे ॥२१॥

सर्वे देवैः सम प्राप्तैर्विमानस्थैरलङ्कृताः।
गन्धर्वैरप्सरोभिश्च नित्यमेवोपशोभिता. ॥२२
तस्य यज्ञे जगौ गाथां गन्धर्वोनारदस्तथा।
क तंवीर्य्यस्यराजर्षेर्महिमाननिरीक्ष्य सः ॥२३
न नून कार्तवीर्य्यस्य गतिं यास्यन्तिक्षत्रियाः
यज्ञैर्दानैस्तपोभिश्चविक्रमेणश्रुतेन च ॥२४
स हि सप्तसु द्वीपेसु खड्गी चक्रीशरासनी।
रथीद्वीपान्यनुचरन्योगीपश्यतिसस्करान् ॥२५
पञ्चाशीतिसहस्राणि वर्षाणां स नराधिपः।
स सर्वरत्नसम्पूर्णश्चक्रवर्त्ती बभूव ह ॥२६
स एव पशुपालोऽभूत् क्षेत्रपालः स एव हि।
स एव वृष्ट्या पर्जन्यो योगित्वादर्जुनोऽभवत् ॥२७

सब विमानों मे स्थित देवो के साथ प्राप्त हुए गन्धर्व और अप्सराओ से समलङ्कृत नित्य ही उपशोभित रहा करते थे ॥ २२ ॥ उसके यज्ञ मे गन्धर्व तथा नारद ने कार्तवीर्य राजर्षि की महिमा को देखकर उनकी गाथा का गायन किया था ॥ २३ ॥ निश्चय ही क्षत्रिय गण कार्तवीर्य्य की गति को नहीं प्राप्त होंगे जिस प्रकार कि इसके यज्ञ—दान—तप—विक्रम और श्रुत आदि हैं इस तरह के सभी विधान अन्य क्षत्रियो के सर्वथा हैं ही नहीं ॥ २४ ॥ वह सहस्रबाहु राजा खड्ग धारण करने वाला तथा शरासन ग्रहण किये हुए रथी सातो द्वीपो मे अनुचरण करते हुए

योगी तस्करों को देखा करता था ॥ २५ ॥ वह नराधिप पिचासी सहस्र वर्षों तक सम्पूर्ण रत्नों से सम्पन्न होता हुआ इस भूमण्डल का चक्रवर्ती सम्राट् हुआ था ॥ २६ ॥ वही पशुओं के पालन करने वाला हुआ था और वह ही क्षेत्रपाल भी हुआ था। वह वृष्टि के द्वारा पर्जन्य हुआ था और योगी होने के कारण से वही अर्जुन हो गया था ॥२७॥

योऽसौ बाहु सहस्रेण ज्याघातकठिनत्वचा ।
भाति रश्मिसहस्रेण शारदेनैवभास्करः ॥२८
एष नाग मनुष्येषु माहिष्मत्यां महाद्युतिः ।
कर्कोटकसुतजित्वापुर्य्यां तत्रन्यवेशयत् ॥२९
एष वेग समुद्रस्य प्रावृट्काले भजेत वै ।
क्रीड़ान्नेव सुखोद्भिन्नः प्रतिस्रोतोमहोर्मिभिः ॥३०
ललता क्रीडता तेन प्रतिस्रग्दाममालिनी ।
ऊर्मिं भ्रुकुटिसन्त्रासाच्चकिताम्येतिनर्म्मदा ॥३१
एको बाहुसहस्रेण वगाहे स महार्णवः ।
करोत्युद्धतवेगान्तु नर्म्मदांप्रावृडुद्धताम् ॥३२
तस्य बाहुसहस्रेण क्षोभ्यमाने महोदधौ ।
भवन्त्यतीव निश्चेष्टा.पातालस्था महासुराः ॥३३
चूर्णीकृतमहावीचिलीनमीनमहातिमिम् ।
मारुताविद्धफेनौघमावर्त्तक्षिप्तदुःसहम् ॥३४
करोत्यालाडयन्नेव दो.सहस्रेण सागरम् ।
मन्दारक्षोभचकिता ह्यमृतोत्पादशङ्किताः ॥३५
तदा निश्चलमूर्द्धानो भवन्ति च महोरगाः ।
सायाह्नेकदलीखण्डानिर्वातस्तिमिताइव ॥ ६

यह सम्राट एक सहस्र बाहुओं के द्वारा धनुष की डोरी के घातो से कठिन त्वचा से युक्त शरदकाल का एक सहस्र रश्मियों से सम्पन्न हो

रहा था ॥२८॥ महान् द्युति वाले इसने महिष्मती पुरी मे मनुष्यो के मध्य मे कर्कोटक के पुत्र नाग को जीतकर उसी पुरी में निवेशित कर दिया था ॥२९॥ यह प्रावृट् काल मे भी समुद्र के वेग का सेवन किया करता था। यह महापति प्रतिस्रोत मे सुख से उज्जिम्भा होता हुआ क्रीड़ा करता हुआ था विचरण किया करता था ॥ ३० ॥ उसने प्रतिस्रोदाय मालिनी ललना क्रीडित की थी। ऊर्मि भृकुटी मे सन्त्रास से नर्मदा चकित होकर उसके समीप मे आ गई थी ॥ ३१ ॥ वह एक अपनी सहस्रबाहुओ से महार्णव के अवगाहन करने पर उद्धत वेग वाली नर्मदा को प्रावृड् हाता करता है ॥ ३२ ॥ उसकी सहस्रबाहुओ से महोदधि के क्षोभ्यमान होने पर पाताल मे सस्थित महासुर अत्यन्त ही निश्चेष्ट हो जाते हैं ॥३३ सहस्र हाथो से सागर का आलोडन करता हुआ ही उसको तोड़ी हुई महान् तरङ्गो में विलीन मीन और महातिमि वाला—मारुत से आविद्ध फेनो के ओघ वाला तथा आवर्तों (भँवरो) के समाक्षिप्त होने से दुःसह करता है। उस समय मे मन्दार के क्षोभ से चकित अमृत के उत्पादन की शङ्का वाले महारङ्ग निश्चल मूर्द्धा वाले हो जाते हैं। जिस प्रकार से सायाह्न समय मे निर्वात से स्तिमित कदली खण्डो की दशा होती है वैसी दशा महोरगो की थी ॥ ३४, ३५, ३६ ॥

एवं वदत्वा धनुर्ज्यायामुत्सिक्तं पञ्चभिःशरैः ।
लङ्कायांमोहयित्वातुसबलंरावणंबलात् ॥ ३७
निर्जित्यवध्वाचानीयमाहिष्मत्यामबध्नच ।
ततोगत्वापुलस्त्यस्तुअर्जुनंप्रसादयत् ॥३८
मुमोच रक्षः पौलस्त्य पुलस्त्येनेहमान्वितम् ।
तस्यबाहुसहस्रेण बभूव ज्यातलस्वनः ॥३९
युगान्ताभ्रसहस्य आस्फोटस्वशनेरिव ।
अहोदत्त विधर्षीयं भार्गवोऽय यदाच्छिनत् ॥४०
तद्वै सहस्रं बाहूनां हैमतामयनं यथा ।

यत्रापवस्तु संक्रुद्धो ह्यर्जुनं शप्तवान् प्रभुः ॥४१
यस्माद्बलं प्रदग्धं वै विश्रुतं मम हैहय।
तस्मात्ते दुष्करं कर्म्म कृतमन्योहरिष्यति ॥४२

संज्ञापुरी में सबल रावण को बलपूर्वक मोहित करके पाँच शरों में उत्सिक्त करके धनुष की ज्या में इस प्रकार से बाँध दिया था और उसको जीत करके तथा बद्ध करके माहिष्मती अपनी पुरी में ले आया था तथा बाँधकर रख छोड़ा था। इसके अनन्तर पुलस्त्य ऋषि वहाँ आये थे और उन्होंने सहस्रार्जुन को प्रसन्न किया था ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ पुलस्त्य ऋषि ने यहाँ पर सान्त्वना दी थी और फिर पौलस्त्य (रावण) को छोड़ दिया था। उसकी सहस्र बाहुओं से ज्या तत्व का शब्द हुआ था ॥ ३९ ॥ यह घोष उसी भाँति हुआ था जैसा कि युगान्त के समय में होने वाले सहस्रों मेघों के आस्फोट से अशनि का घोष हुआ करता है। बड़ी ही प्रसन्नता की बात है कि विधाता के वीर्य इन भार्गव ने छिन्न किया था ॥ ४० ॥ जिस समय में भार्गव प्रभु ने इसकी सहस्रबाहुओं का छेदन हेमताल वन की भाँति किया था और जहाँ पर आप प्रभु ने सक्रुद्ध होकर अर्जुन को शाप दिया था—हे हैहय ! क्योंकि मेरा परम विश्रुत बल तुमने प्रदानकर दिया था इसलिये इस दुस्तर कर्म्म को कृतमन्य हरण करेगा ॥ ४१, ४२ ॥

छित्वा बाहुसहस्रं ते प्रथमन्तरसा बली।
तपस्वी ब्राह्मणश्च त्वांसवधिष्यतिभार्गवः ॥४३
तस्य रामस्तदा त्वासीन् मृत्युः शापेन धीमता।
वरश्चैवन्तु राजर्षेः स्वयमेव वृतः पुरा ॥४४
तस्य पुत्रशतं त्वासीत् पञ्च तत्र महारथाः।
कृतास्त्रा बलिनः शूरा धर्म्मात्मानो महाबलाः ॥४५
शूरसेनश्च शूरश्च धृष्टः क्रोष्टुस्तथैव च।
जयध्वजश्च वैकर्ता अवन्तिश्च विशाम्पते ॥४६

जयध्वजस्य पुत्रस्तु तालजघो महाबलः ।
तस्य पुत्रशतान्येव तालजंघा इति श्रुताः ॥४७
तेषांपञ्चकुलाख्याता हैहयानांमहात्मनाम् ।
वीतिहोत्राश्चशार्याताभोजाश्चावन्तयस्तथा ॥४८
कुण्डिकेराश्चविक्रान्तास्तालजघास्तथैवच ।
वीतिहोत्रसुतश्चापिआनर्तोनामवीर्य्यवान् ॥
दुर्जेयस्तस्य पुत्रस्तु बभूवामित्रकर्शनः ॥४९॥

बलवान् तपस्वी और ब्राह्मण भार्गव पहिले वेग के साथ तेरी सहस्र बाहुओं का छेदन करके फिर तेरा वही वध भी कर देंगे ॥४३॥ सूतजी ने कहा—उस समय मे उसकी मृत्यु शाप के द्वारा राम ही थे। धीमान् ने राजर्षि से पहिले ही इस प्रकार का वरदान स्वय ही वरण कर लिया था ॥४४॥ उसके एक सौ पुत्र हुए थे उनमे पाँच तो महारथ थे। ये सब कृतास्त्र बलशाली-शूरवीर-धर्म्मात्मा और महान् बल वाले थे। ॥४५॥ हे विशाम्पते ! शूरसेन-शूर-घृष्ट-क्रोष्ट-जयध्वज-वैकर्त्ता और अवन्ति ये उनके नाम थे ॥४६॥ जयध्वज का पुत्र महान् बलवान् तालजङ्घ हुआ था। उसके भी एक सौ पुत्र थे जो सर्व तालजङ्घ—इसी नाम से प्रसिद्ध थे ॥४७॥ उन हैहय महात्माओ के पाँच कुल विख्यात थे। वीति होत्र—शार्यात—भोज—अवन्तिप—कुण्डिकेरा-विक्रान्त और तालजघ थे। वीतिहोत्र का पुत्र भी आनर्त्त नाम वाला महान् वीर्यवान् हुआ था। उसका पुत्र दुर्जय था जो शत्रुओ का कर्शन करने वाला था। ॥ ४८, ४९ ॥

सद्भावेन महाराज ! प्रजा धर्मेण पालयन् ।
कार्तवीर्यार्जुनो नामराजा बाहुसहस्रवान् ॥५०
येन सागरपर्यन्ता धनुषा निर्जिता मही ।
यस्तस्य कीर्तयेन्नाम कल्यमुत्थाय मानवः ॥५१
न तस्य वित्तनाशः स्यान्नष्टञ्च लभते पुनः ।

कार्त्तवीर्यस्य यो जन्म कथयेदिह धीमतः ॥
यथावत् स्विष्टपूतात्मा स्वर्गलोके महीयते ॥५२

हे महाराज ! कार्त्तवीर्यार्जुन नाम वाला राजा एक सहस्रबाहुओं से समन्वित था और सद्भावना से धर्म्म के साथ प्रजा का परिपालन किया करता था ॥ ५० ॥ वह ऐसा प्रतापी राजा हुआ था जिसने अपने धनुष के द्वारा सागर पर्य्यन्त भूमि को जीत लिया था। जो मानव प्रातः काल में ही उठकर उसके शुभ नाम का कीर्त्तन किया करता है उसके वित्त का कभी भी नाश नहीं होता है और जो किसी का वित्त नष्ट भी हो गया हो तो वह नष्ट हुआ धन पुनः प्राप्त हो जाया करता है। परम धीमान् कार्त्तवीर्य के जन्म की गाथा को कोई कहता है तो वह मानव यथावत् स्विष्ट पूतात्मा होकर स्वर्गलोक मे प्रतिष्ठा प्राप्त किया करता है ॥ ५१, ५२ ॥

२२—कोष्टुवंश वर्णन

'कमर्थं तद्वनं दग्धमापवस्य महात्मनः।
कार्तवीर्येण विक्रम्य सूत ! ब्रूहि तत्वतः ॥१
रक्षिता स तु राजर्षिः प्रजानामिति नः श्रुतम।
सकथंरक्षितामूत्वा अदहत्तत्तपोवनम् ॥ २
आदित्यो द्विजरूपेण कार्तवीर्यमुपस्थितः।
तृप्तिमेकां प्रयच्छस्वआदित्योऽहंनरेश्वर ॥३
भगवन् ! केन तृप्तिस्ते भवत्येव दिवाकर।
कीदृशं भोजनंदद्मिश्रुत्वातु विदधाम्यहम् ॥ ४
स्थावरन्देहि मे सर्वमाहारन्ददतां वर।
तेन तृप्तो भवेय वै सा मे तृप्तिर्हि पार्थिव ॥५

न शक्याः स्थावराः सर्वे तेजसाचबलेनच ।
निर्दग्धुं तपतांश्रेष्ठ ! तेन त्वांप्रणमाम्यहम् ॥ ६

ऋषिगण ने कहा—हे सूत जी ! महात्मा आपव का बल किस प्रयोजन के लिए कार्त्तवीर्य ने विक्रम करके दग्ध कर दिया था ? इस गाथा को तात्विक रूप से बतलाइये ॥१॥ यह राजर्षि तो प्रजाओं की रक्षा करने वाला था ऐसा ही हमने सुना है फिर वह रक्षिता होते हुए उस तपोवन को दग्ध करने वाला कैसे और क्यों बन गया था ? ॥२॥ सूत जी ने कहा—एक बार ऐसा हुआ था कि भगवान् आदित्य एक द्विज के स्वरूप मे होकर कार्त्तवीर्य के समीप मे समुपस्थित हुये थे और उन्होंने कार्त्तवीर्य्य से कहा था कि हे नरेश्वर ! मैं आदित्य हू हमको एक तृप्ति दीजिये ॥३॥ राजा ने कहा—हे भगवन् ! हे दिवाकर देव ! किस से आपकी तृप्ति होती है ? आप मुझे बतलाइये कि किस प्रकार का भोजन मैं आपको समर्पित करू । यह आप जब मुझे आज्ञा देंगे तो उसका श्रवण करके ही मैं प्रस्तुत करूँ ॥४॥ आदित्य देव ने कहा—हे पार्थिव ! आप तो दान शीलो मे परम श्रेष्ठ महानुभाव हैं । आप मुझे स्थावरो का सब आहार प्रदान कीजिये उससे मैं तृप्त हो जाऊँगा । वही मेरी पूर्ण तृप्ति होगी ॥५॥ कार्त्तवीर्य ने कहा—हे तपनशीलो मे परम श्रेष्ठ ! तेज के द्वारा और बल के द्वारा सम्पूर्ण स्थावर निर्दग्ध नहीं किये जा सकते हैं । इसलिये मैं आपको प्रणाम करता हू ॥६॥

तुष्टस्तेऽहं शरान् दद्मि अक्षयान् सर्वतोमुखान् ।
ये प्रक्षिप्ता ज्वलिष्यन्ति मम तेज समन्विताः ॥ ७
आविष्टाममतेजोभिःशोषयिष्यन्तिस्थावरान् ।
शुष्कानूभस्मीकरिष्यन्तितेनतृप्तिर्नराधिप ॥ ८
ततः शरास्तदादित्यस्त्वजुंनाय प्रयच्छत ।
ततो ददाह सप्राप्तान्स्थावरान्सर्वमेवच ॥९
ग्रामास्तथाश्रमाश्चैव घोषाणि नगराणि च ।

तथा वनानि रम्याणि वनान्युपवनानि च ॥१०
एव प्राचीसमदहत् ततः सर्वांश्चपक्षिणः ।
निर्वृक्षा निस्तृणाभूमिर्हताघोरेण तेजसा ॥११
एतस्मिन्नेव काले तु आपवो जलमास्थितः ।
दश वर्षसहस्राणि तत्रास्तेसमहानृषिः ॥१२
पूर्णे व्रते महातेजा उदतिष्ठंस्तपोधनः ।
सोऽपश्यदाश्रमं दग्धमर्जुनेन महामुनिः ॥१३
क्रोधाच्छशाप राजर्षिं कीर्तितं वो मया मया ।
क्रोष्टोः शृणुतराजर्षेर्वंशमुत्तमपौरुषम् ॥१४

आदित्य देव ने कहा—मैं तुमसे परम सन्तुष्ट हूं। मैं आपको अक्षय और सर्वतोमुख वाले शरों को प्रदान करता हूँ। जो प्रक्षिप्त किये हुए जला देंगे क्योंकि वे सब मेरे तेज से समन्वित होंगे ॥७॥ मेरे तेज से समावेश होने से वे समस्त स्थावरों का शोषण कर देंगे। हे नराधिप! वे शुष्कों को भस्मीभूत कर देंगे। उसी से मेरी तृप्ति होगी। ॥८॥ सूत जी ने कहा—इसके अनन्तर आदित्य देव ने उन शरों को अर्जुन के लिए दे दिये थे। इसके पश्चात् सभी सम्प्राप्त स्थावरों को दग्ध कर दिया था ॥९॥ ग्राम, आश्रम, घोष, नगर, वन और सुरम्य उपवन सभी का दाह कर दिया था ॥१०॥ इस प्रकार से सम्पूर्ण प्राची दिशा को तथा सभी पक्षिओं को निर्दग्ध कर दिया था। उस समय में इस महादाह के होने से सम्पूर्ण भूमि वृक्षों से रहित और तृणों से एकदम शून्य उस महान् घोर तेज से हो गई थी तथा हतप्राया हो गई थी ॥११॥ इसी काल मे आपवी जल में समास्थित थे। वह महान् ऋषि दश सहस्र वर्ष पर्य्यन्त वहा पर थे ॥१२॥ जब उनका वह जल में स्थित रहकर किये जाने वाला व्रत पूर्ण हो गया था तो वह तपोधन उठकर खड़े हुए थे। उस समय में उस महामुनि ने देखा था कि उनका वह सम्पूर्ण आश्रम अर्जुन ने दग्धकर दिया था॥१३॥ उस महामुनि को महान् क्रोध समुत्पन्न

होगया था उन्होने राजर्षि कार्तवीर्य को सभी शाप दे दिया था जैसाकि मैंने आपको बतलाया था। हे राजर्षिवर ! अब मुझसे क्रोष्टु को उत्तम पौरुष वाला वंश श्रवण करो ॥ १४ ॥

यस्यान्ववाये सम्भूतो विष्णुर्वृष्णिकुलोद्वहः ।
क्रोष्टोरेवाभवत् पुत्रो वृजिनीवान् महारथः ॥१५
वृजनीवतश्च पुत्रोऽभूत् स्वाहोनाममहाबलः ।
स्वाहपुत्रोऽभवद्राजन् ! रुषगुर्वदतांवरः ॥१६
स तुप्रसूतिमिच्छन् वैरुषङ्गःसोम्यमात्मजम् ।
चित्रश्चित्ररथश्चास्य पुत्र वंमिरन्वितः ॥१७
अथ चैत्ररथिर्वीरो जज्ञे विपुलदक्षिणः ।
शशविन्दुरिति ख्यातश्चक्रवर्त्ती बभूव ह ॥१८
अत्रानुवंशश्लोकोऽयं गीतस्तस्मिन्पुराऽभवत् ।
शशविन्दोस्तु पुत्राणां शतानामभवच्छतम् ॥१९
धीमता चारिरूपाणां भूरिद्रविणतेजसाम् ।
तेषां शतप्रधानानां पृथुसाह्वा महाबलाः ॥२०
पृथुश्रवा पृथुयशाः पृथुधर्मा पृथुञ्जयः ।
पृथुकीर्त्तिः पृथुमना राजान शशविन्दवः ॥२१

जिसके वंश मे वृष्णि कुल का उद्वहन करने वाले भगवान् विष्णु ने समुद्भूति प्राप्त की थी उस क्रोष्टु के महारथ वृजनिवान् नाम वाला पुत्र प्रसूत हुआ था ॥१५॥ वृजनी का पुत्र महान् बल विक्रम शाली स्वाह नाम वाला समुत्पन्न हुआ था। हे राजन् ! स्वाह के पुत्र का नाम रुषगु था जो बोलने वाले वक्ताओ मे अतीव श्रेष्ठ था। ॥१६॥ उषङ्गु ने जब अपनी परम सौम्य सन्तति के होने की इच्छा की थी तो इससे चित्र और चित्ररथ हुए थे। इसके कर्मों से समन्वित चैत्ररथि वीर ने जन्म ग्रहण किया था जोकि बहुत ही अधिक दक्षिणा देने वाला था। यह शशविन्दु - इसी नाम से विख्यात हुआ था और चक्रवर्ती राजा होगया

था ॥ १७॥१८ ॥ इससे यह मनुवंश का श्लोक प्राचीन उस समय में गाया गया था कि शशविन्दु के सौ पुत्रो के सौ ही पुत्र हुए थे ॥१९॥ वे सभी परम धीमान-अभिरूप और बहुत अधिक द्रविण और तेज वाले हुए थे। उन शत प्रधानों के महाबलशाली पृथुमाहत्र हुए थे ॥ २० ॥ पृथुश्रवा, पृथुयशा, पृथुधर्मा, पृथुञ्जय, पृथुकीर्ति, पृथुमना शशविन्दु के राजा हुए थे ॥२१॥

शसन्ति च पुराणज्ञाः पृथुश्रवसमुत्तमम् ।
अन्तरस्य सुयज्ञस्य सुयज्ञस्तनयोऽभवत् ॥२२
उशना तु सुयज्ञस्य यो रक्षन्पृथिवीमिमाम् ।
आजहाराश्वमेधानाशतमुत्तमधार्मिकः ॥२३
तितिक्षुरभवत् पुत्र औशनः शत्रुतापनः ।
मरुत्तस्तस्य तनयो राजर्षीणामनुत्तमः ॥२४
आसीन्मरुत्ततनयो वीरः कम्बलबर्हिषः ।
पुत्रस्तु रुक्मकवचो विद्वान्कम्बलबर्हिषः ॥२५
निहत्य रुक्मकवच.परान् कवचधारिणः ।
धन्विनोविविधैर्बाणैरवाप्यपृथिवीमिमाम् ॥२६
अश्वमेधे ददौ राजा ब्राह्मणेभ्यस्तु दक्षिणाम् ।
यज्ञेतु रुक्मकवच.कदाचित्परवीरहा ॥२७
जज्ञिरे पञ्चपुत्रास्तु महावीर्या धनुर्भृतः ।
रुक्मेषु पृथुरुक्मश्च ज्यामघः परिघो हरिः ॥२८

जो पुराणो के ज्ञाता महामनीषी हैं वे उत्तम पृथुश्रवा की बहुत अधिक प्रशसा किया करते हैं। अन्तर सुयज्ञ के सुयज्ञ तनय हुआ था ॥२२॥ उस सुयज्ञ का पुत्र उशना समुत्पन्न हुआ था जिस परम उत्तम धार्म्मिक राजा ने इस पृथ्वी की रक्षा करते हुए एक सौ अश्वमेध यज्ञ किये थे ॥ २३ ॥ उस उशना का पुत्र औशन शत्रुओ को ताप देने वाला तितक्षु उत्पन्न हुआ था। इसके पुत्र का नाम मरुत्त था जो राजर्षियों में

परमोत्तम था ॥ २५ ॥ इस वरुण का पुत्र अतिशोर कम्बल बर्हिष नाम वाला हुआ था। कम्बल बर्हिष के पुत्र का नाम रुक्म कवच था जो महान् विद्वान् हुआ था ॥ २७ ॥ इस रुक्म कवच ने दूसरे कवचधारी और धन्वियों का अनेक प्रकार के बाणों के द्वारा निहनन करके इस पृथ्वी को प्राप्त किया था ॥ २६ ॥ फिर उस राजा ने इस भूमि को अपने बल-विक्रम से प्राप्त करके भी अश्वमेध यज्ञ में ब्राह्मणों के लिए दक्षिणा के रूप में प्रदान कर दी थी। किसी समय में वीर शत्रुओं के हनन करने वाले रुक्म कवच ने यज्ञ में पाँच पुत्रों को जन्म दिया था। ये पाचों पुत्र महान् यशस्वी थे वाले और धनुषधारी हुए थे। रुक्मों में पृथुरुक्म-ज्यामघ-परिघ-हरि थे ॥ २७, २८ ॥

परिघं च हरिं चैव विदेहेऽस्थापयत्पिता ।
रुक्मेषुरभवद्राजा पृथुरुक्मस्तदाश्रयः ॥ २९
तेभ्य प्रव्राजितो राज्यात्ज्यामघस्तुतदाश्रमे ।
प्रशान्तश्चाश्रमस्थश्चब्राह्मणेनाववाधित. ॥३०
जगाम धनुरादाय देशमन्य ध्वजो रथी ।
नर्म्मदा नृपएवाकी केवल वृत्तिकामतः ॥३१
ऋक्षवन्त गिरिं गत्वा भुक्तमन्यैरुपाविशत् ।
ज्यामघस्याभवद्भार्या चैत्रापरिणतासती ॥३२
अपुत्रो न्यवसद्राजा भार्यामन्यान्नविन्दत ।
तस्यासीद्विजयो युद्धे तत्रकन्यामवाप्यसः ॥३३
भार्योवाच सन्त्रासात् स्नुषेयं ते शुचिस्मिते ।
एवमुक्ताब्रवीदेनकस्यचेयस्नुषेति च ॥३४

पिताने परिघ और हरि को विदेह में स्थापित किया था। रुक्मों में पृथुरुक्म राजा उसके आश्रय वाला हुआ था ॥२९॥ उनमें से ज्यामघ राज्य से प्रव्राजित हो गया था और उस आश्रम में रहने लगा था। वह परम प्रशान्त होकर आश्रम में स्थित रहता था तथा ब्राह्मण के द्वारा अन्य

घोषित किया गया था ॥३०॥ ध्वजी रथी धनुष लेकर अन्य देश को चला गया था। वह नृप केवल वृत्ति की कामना से अकेला ही नर्मदा पर चला गया था ॥३१॥ अन्यो के द्वारा मुक्त ऋक्षवान् नाम गिरि पर जाकर वह उपविष्ट होगया था। ज्यामघ की भार्या चैत्रा परिणत और सती थी। ॥३२॥ यह राजा बिना ही पुत्र वाला रहा करता था और इसने अन्य किसी भी भार्य्या को नहीं प्राप्त किया था। उस युद्ध मे विजय हुआ था वहा पर एक कन्या को प्राप्त किया था ॥३३॥ उसने सन्त्रास से अपनी भार्या से कहा था कि हे शुचि स्मिते ! यह कन्या तेरी स्नुषा है जब राजा ने भार्या स इस तरह से कहा था तो वह उससे बोली थी कि यह किस की स्नुषा है ? । ३४॥

यस्तेजनिष्यते पुत्रस्तस्य भार्या भविष्यति ।
तस्मात्सातपसोग्रेणकन्यायाःसम्प्रसूयत ॥३५
पुत्रं विदर्भं सुभगा चैत्रा परिणता सती ।
राजपुत्र्यार्चविद्वान्सस्नुषायाक्रयकैशिकौ ॥
लोमपाद तृतीयन्तु पुत्रं परमधार्मिकम् ॥३६
तस्यां विदर्भोऽजनयच्छूरान्रणविशारदान् ।
लोमपादान्मनुःपुत्रोज्ञातिस्तस्यनुचात्मजः ॥३७
कैशिकस्य चिदिः पुत्रो तस्माच्चैद्या नृपाः स्मृताः ।
क्रथो विदर्भपुत्रस्तु कुन्तिस्तस्यात्मजोऽभवत् ॥३८
कुन्तेर्धृष्टः सुतो जज्ञे रणधृष्टः प्रतापवान् ।
धृष्टस्यपुत्रोधर्मात्मानिर्वृतिःपरवीरहा ॥३९
तदेको निर्वृतेः पुत्रो नाम्ना सतुविदूरथः ।
दशार्हस्तस्यवैपुत्रोव्योमस्तस्यचवस्मृतः ॥
दाशार्हाच्चैव व्योमात्तु पुत्रो जीमूत उच्यते ॥४०
जीमूतपुत्रो विमलस्तस्यभीमरथःसुतः ।
सुता भीमरथस्यासोत् स्मृतोनवरथ किल ॥४१

तस्य चासीद्दृढ़रथः शकुनिस्तस्यचात्मजः ।
तस्मात्करम्भः कारम्भिर्देवरातोऽभवद्वह ॥४२

राजा ने अपनी भार्या के इस प्रश्न पर उत्तर दिया था कि जो पुत्र तेरे उदर से जन्म ग्रहण करेगा उसी की यह भार्य्या होगी इससे उसने अत्यन्त उग्र तपश्चर्या की थी फिर उस सुभाग-परिणता-सती चैत्रा ने उस कन्या के लिये विदर्भ पुत्र को प्रसूत किया था उस विद्वान् ने राजपुत्री मे क्रथ-कैशिक और तृतीय परम धार्म्मिक लोमपाद को जन्म दिया था । ।३५, ३६॥ उसमे विदर्भ ने रण के महान् विशारद अत्यन्त शूरवीर पुत्रों को समुत्पन्न किया था । लोमपाद से मनु पुत्र उत्पन्न हुआ था और उसका आत्मज ज्ञाति हुआ था । कैशिक का पुत्र चिदि नामधारी उत्पन्न हुआ थ । उससे जो समुत्पन्न हुए थे वे चैद्य शूर कहे गये थे । विदर्भ का पुत्र क्रथ हुआ था और उसका आत्मज कुन्ति नाम वाला उत्पन्न हुआ था ॥३७, ३८॥ कुन्ति से धृष्ट नामक सुत ने जन्म ग्रहण किया था जो रण मे परम धृष्ट ही था और परमाधिक प्रताप वाला था । धृष्ट का पुत्र धर्म्मात्मा निर्वृति नामधारी हुआ जो शत्रुवीरों का हनन करने वाला था ॥३९॥ उस निर्वृति से केवल एक ही पुत्र उत्पन्न हुआ था जिसका नाम विदूरथ था । इसके जो पुत्र प्रसूत हुआ था उसका नाम दशार्ह था तथा इस दशार्ह के ही पुत्र का नाम व्योम हुआ था । इस दाशार्ह व्योम से जीमूत कहे जाने वाले पुत्र ने जन्म ग्रहण किया था ॥४०॥ जीमूत का पुत्र विमल हुआ था और फिर इस का पुत्र भीमरथ उत्पन्न हुआ था । इस भीमरथ का जो दायाद हुआ था वह नवरथ कहा गया है । ॥४१॥ इसका पुत्र दृढ़रथ हुआ तथा दृढ़रथ का शकुनि नाम वाला आत्मज उत्पन्न हुआ था । इससे करम्भ और कारम्भ से कारम्भि देव-

रात ने जन्म प्राप्त किया था ॥४२॥

देवक्षत्रोऽभवद्राजा देवरातिर्महायशाः ।
देवगर्भसमो जज्ञे देवश्रवणनन्दनः ॥४३

मधुर्नाम महातेजा मधोः पुरवसस्तथा ।
आसीत् पुरवसः पुत्रः पुरुद्वान् पुरुषोत्तमः ॥४४
जन्तुर्जज्ञेऽथ वैदर्भ्यां भद्रसेन्यांपुरुद्वतः ।
ऐक्ष्वाकीचाभवद्भार्याजन्तोस्तस्यामजायत ॥४५
सात्वतः सत्वसंयुक्तःसात्वतांकीर्तिवर्द्धनः ।
इमा विसृष्टिविज्ञायज्यामघस्यमहात्मनः ॥
प्रजावानेति सायुज्यं राज्ञः सोमस्य धीमतः ॥४६॥
सात्वतान्सत्वसम्पन्नान्कौशल्यासुपुनेसुतान् ।
भजिनंभजमानन्तुदिव्यदेवावृधंनप ! ॥४७
अन्धकञ्च महाभोजं वृष्णिं च यदुनन्दनम् ।
सेपांतु सर्गाश्चत्वारोविस्तरेणैवतच्छृणु ॥४८
भजमानस्यसृञ्जय्यावाह्यकायाञ्च वाह्यकाः ।
सृञ्जयस्य सुतेद्वेतुवाह्याःस्तुतदाभवन् ॥४९
तस्यभार्येभगिन्यौ द्वे सुपुवाते बहून् सुतान् ।
निमिश्चकृमिलश्चैववृष्णिपरपुरञ्जयम् ॥
ते वाह्यकायां सृञ्जय्या भजमानाद्विजज्ञिरे ॥५०॥

देवरात का पुत्र दैवराति देवक्षत्र ने प्रसव प्राप्त किया था जो महान् यश वाला राजा हुआ था। देवक्षत्र का पुत्र देवगर्भसम उत्पन्न हुआ था ॥४३॥ मधु नाम वाला महान् तेजस्वी हुआ था इस मधु से पुरवस ने जन्म प्राप्त किया था। पुरवस का पुत्र पुरुषों में उत्तम पुरुद्वान् हुआ था ॥४४॥ पुरुद्वान् से वैदर्भी भद्रसेनी में जन्तु ने जन्म लिया था। इस जन्तु की भार्य्या ऐक्ष्वाकी नाम वाली हुई थी। उस भार्या में सत्त्व से सम्पन्न सात्वत नाम वाला सात्वतों की कीर्ति के वर्धन करने वाला पैदा हुआ था। महात्मा ज्यामघ की इस विशेष सृष्टि का ज्ञान प्राप्त करलो जो उपर्युक्त रीति से हुई थी। धीमान् राजा सोम का सायुज्य जावान् बनता है ॥४६॥ कौशल्या ने सत्त्व से सुसम्पन्न सात्त्वतों के

प्रसूत किया था। हे नृप! भजिन—भजमान—दिव्य—देवावृध—अन्धक—महाभोज और वृष्णि हे यदु नन्दन! ये उत्पन्न हुए थे। उनके चार प्रमुख सर्ग थे। अब विस्तार से उनका श्रवण करो ॥४७, ४८॥ भजमान के सृञ्जयी में और बाह्यका में बाह्यक हुए थे। सृञ्जय की दो सुताएँ थी। उस समय में बाह्यक हुए थे ॥४९॥ उसकी दोनों बहिनें भार्य्याएँ थी जिन्होंने बहुत से सुतों को प्रसूत किया था। निमि—कृमिल—वृष्णि और परपुरञ्जय ये सब बाह्यका और सृञ्जयी में भजमान से समुत्पन्न हुए थे ॥५०॥

जज्ञे देवावृधो राजा बन्धूना मिश्र-वर्द्धनः।
अपुत्रस्त्वभवद्राजा चचार परमन्तपः॥
पुत्र. सर्वगुणोपेतो मम भूयादिति स्पृहन् ॥५१
संयोज्य मन्त्रमेवाथ पर्णाशाजलमस्पृशत्।
तदापस्नाशनात्तस्य चकार प्रियमापगा ॥५२
कल्याणत्वान्नरपतेस्तस्मात्सानिम्नगोत्तमा।
चिन्तयाथपरीतात्माजगामाथविनिश्चयम् ॥५३
नाधिगच्छाम्यहं नारी यस्यामेवविधः सुतः।
जायेत तस्माद्यास्ये भवाम्ययसहस्रशः ॥५४
अथ भूत्वा कुमारी सा बिभ्रती परम वपुः।
ज्ञापयामास राजान सामियेष महाव्रतः ॥५५
अथ सा नवमे मासि सुषुवे सरितां वरा।
पुत्रं सर्वगुणोपेत वभ्रुं देवावधान्नृपात् ॥५६

बन्धुओं का मिश्र बढ़ाने वाला राजा देवावृध ने जन्म ग्रहण किया था किन्तु यह राजा पुत्रहीन ही हुआ था और इसने परम उग्र तप का समाचरण किया था। उसकी यही इच्छा थी कि मेरा जो पुत्र हो वह समस्त गुणों से समन्वित होना चाहिये ॥५१॥ इसके अनन्तर मन्त्र का संयोजन करके उसने पर्णाशा के जल का उपस्पर्शन किया था। उस समय में उसके

उपस्पर्शन से उस सरिता ने उसका प्रिय कर दिया था ॥५२॥ नरपति के कल्याण के हेतु से वह नदी उसके लिये अत्युत्तमा हुई थी। वह चिन्ता से परीत आत्मा वाला था किन्तु इसके उपरान्त वह विनिश्राम को प्राप्त हो गया था ॥५३॥ मेरे पास ऐसी नारी ही नहीं प्राप्त है जिसमे इस प्रकार का सकल गुणाही समन्वित पुत्र समुत्पन्न होये। इसलिये मैं आज सहस्रशः होता हूं ॥ ५४ ॥ इसके अनन्तर वह परम सुन्दर शरीर धारण करने वाली कुमारी होकर उसने राजा को सांपित किया था और उस महाव्रत ने उसा कुमारी को प्राप्त करने की इच्छा की थी ॥५५॥ फिर इसके उपरान्त उस सरिताओ मे परम श्रेष्ठा न नवम मास मे देववृध नृप से समस्त गुणगण से युक्त वभ्रु नामक पुत्र को प्रसूत किया था ॥५६॥

अनुवशे पुराणज्ञा गायन्तीतिपरिश्रुतम् ।
गुणान् देववृधस्यापि कीर्त्तयन्तो महात्मनः ॥५७
यथैवं श्रृणुमो दूरादपश्यामस्तथान्तिकात् ।
वभ्रुः श्रेष्ठोमनुष्याणां देवंदेववृधःसमः ॥५८
पञ्चिटश्च पूर्वपुरुषाः सहस्राणि च सप्तति. ।
एतेऽमृतत्व सम्प्राप्ता वभ्रोर्देववृधान्नृप ! ॥५९
यज्वा दान पतिर्वीरो ब्रह्मण्यश्च दृढ़व्रतः ।
रूपवान्सुमहातेजाः श्रुतवीर्य्यधरस्तथा ॥६०
अथ कङ्कस्य दुहिता सुषुवे चतुर. सुतान् ।
कुकुरं भजमानञ्च शशि कम्बलवर्हिषम् ॥६१
कुकुरस्यसुतोवृष्णिवृष्णेस्तुतनयोधृतिः ।
कपोतरोमातस्याथतत्तिरिस्तस्यचात्मजः ॥६२
तस्यासीत्तनुजापुत्रो सखाविद्वान्नलःकिल ।
ख्यायतेतस्यनाम्नाचनन्दनादरदुन्दुभिः ॥६३

पुराणो के ज्ञाता विद्वान् इस अनुवश मे इस परिश्रुत आख्यान का गायन किया करते हैं और महान् आत्मा वाले देववृध के गुणो का भी

कीर्तन किया करते हैं। जिस तरह से हम दूर से अवलोक किया करते हैं उसी भाँति समीप में पहुँच कर देखते हैं—वह मनुष्यों में परम श्रेष्ठ है और देवा वृषदेवो के ही समान है ॥५७, ५८॥ हे नृप! साठ और सत्तर सहस्र पूर्व पुरुष देवावृध वह्नु के अमृतत्व को प्राप्त हो गये थे। ॥५९॥ यह यजन करने वाला—दानवीर—ब्रह्मण्य—दृढ़व्रत वाला—रूप लावण्य से युक्त—महान् तेज वाला तथा धनवोर्म्बंधर था ॥६०॥ इसके अनन्तर कङ्क की पुत्री ने चार सुतो को प्रसूत किया था। उनके नाम कुकुर—भजमान—शशि और कम्बल कहे गये ॥६१॥ कुकुर का पुत्र वृष्णि समुत्पन्न हुआ था और वृष्णि का सुत धृति हुआ था। इसका दायाद कपोतरोमा था और उसका आत्मज तैतिरि समुत्पन्न हुआ था। ॥६२॥ उसके तनुजा का पुत्र सखा तथा विद्वान् नल था। उसके नाम से नन्द नोदर दुन्दुभि ख्यात होता है ॥६३॥

तस्मिन्प्रवितते यज्ञे अभिजात. पुनर्वसुः।
अश्वमेध च पुत्रार्थमाजहार नरोत्तम. ॥६४
सत्यमध्येतिरात्रस्यसभामध्यात्समुत्थितः।
अतस्तुविद्वान्कर्मज्ञोयज्वादातापुनर्वसु. ॥६५
तस्यासीत् पुत्रमिथुन बभूवाविजित किल।
आहुकश्चाहुकी चैव स्यानमतिमनावर ! ॥६६
इमाश्चोदाहरन्त्यत्रश्लोकान्प्रतितमाहुकम्।
सोमासङ्गानुकर्षाणासध्वजानावरूथिनाम् ॥६७
स्थानां मेघघोषाणा सहस्राणि दशैव तु।
नासत्यवादी नातेजा नायज्वा नासहस्रद. ॥६८
नाशुचिर्नाप्यविद्वान् हियात्मोजेपमश्रजायत।
आहुकस्यसुत प्राप्य-येतद्वंशकुलनने ॥६९
आहुकश्चाप्यवन्तीपुरमारचाहुकी ददौ।
आहुकात्काश्यदुहिता द्वौ पुत्रौसमसूयत। ७०

उस यज्ञ के विततं होने पर पुनर्वसु अभिजात हुआ था। नरों में उत्तम उसने पुत्र की प्राप्ति के लिये अश्वमेध यज्ञ किया था ॥ ६४ ॥ अतिरात्र उसके मध्य मे सभा के मध्य से समुत्पित हुआ था। इसीलिये पुनर्वसु यत्वा (यज्ञ न करने वाला)—विद्वान्—कर्मों का ज्ञान रखने वाला और दानशील था। हे मतिमानो में परमश्रेष्ठ ! आपके अविजित पुत्रो का एक जोड़ा समुत्पन्न हुआ था जिनके नाम आहुक और आहुकी प्रसिद्ध हुए थे ॥ ६५ ॥ यहाँ पर उस आहुक के प्रति इन श्लोको को उद्धृत करते हैं कि उपासङ्गानुकर्मों के सहित और ध्वजाओ के सहित—वरूथी—मेघघोष रथो की दस सहस्र संख्या उसके पास थी। वह असत्यवादी नही था—तेजहीन—यजमन करने वाला और एक सहस्र से कम देने वाला नही था ॥ ६६, ६७ ॥ वह अशुचि—अविद्वान् भी नही था। जो भोगो मे अभिजात हुआ था। आहुक को भूति को प्राप्त हुए थे—यही कहा जाता है ॥ ६८, ६९ ॥ आहुक ने, अवन्तीयो मे आहुकी को दिया था। आहुक से काश्य दुहिता ने दो पुत्रो को प्रसूत किया था ॥ ७० ॥

देवकश्चोग्रसेनश्च देवगर्भसमावुभौ।
देवकस्य सुता वीरा जज्ञिरे त्रिदशोपमाः ॥७१
देववानुपदेवश्च सुदेवो देवरक्षितः।
तेषां स्वसारः सप्तासन् वसुदेवाय ता ददौ ॥७२
देवकी श्रुतदेवी च यशोदा च यशोधरा।
श्रीदेवी सत्यदेवी चसुतापी चेतिसप्तमी। ७३
नवोग्रसेनस्या सुताः कंशस्तेषांतु पूर्वजः।
न्यग्रोधश्च सुनामा च कङ्क शङ्कुश्च भूयसः ॥७४
सुनन्तूराष्ट्रपालश्चयुद्धमुष्टि सुमुष्टिद.।
तेषा स्वसारः पञ्चासन् कंसाकसवतो तथा ॥७५
कृतलन्तूराष्ट्रपाली च कङ्का ने तेवराङ्गनाः।

उग्रसेन.सहापत्यो व्याख्यातःकुकुरोद्भवः ॥७६
भजमानस्य पुत्रोऽथ रथिमुख्यो विदूरथः ।
राजाधिदेवः शूरश्च विदूरथसुतोऽभवत् ॥७७

उन दोनो का देवक और उग्रसेन ये दो नाम थे। ये दोनों देव-गर्भ के समान थे। देवक के सुत परम वीर और देवो के ही समान थे ॥ ७१ ॥ उनके नाम देववान्—उपदेव—सुदेव और उपदेवित थे। इनकी सात भगिनियाँ थी जो वे सब वसुदेव के लिये ही गयी थी ॥ ७२ ॥ इन सातो के नाम देवकी—श्रुतदेवी—यशोदा—यशोधरा—श्रीदेवी—सत्यदेवी और इनमे सातवीं बहिन का नाम वसुनामी हुआ था ॥ ७३ ॥ महाराज उग्रसेन के नौ सुत हुए थे उन सबमे कंस सबसे बड़ा प्रथम पुत्र था। शेष नौ मे से आठ के नाम—न्यग्रोध—सुनामा—कङ्क—शङ्कु—सुहनु—राष्ट्रपाल—युद्धमुष्टि और समुष्टिद थे। उनकी बहिनें भी पाँच थीं—कंसा—कंसावती—सुतनु—राष्ट्रपाली और कङ्का ये उन पांचों के नाम हैं। ये सभी वराङ्गनाऐं थी। उग्रसेन सहापत्य कुकुरोद्भव व्याख्यान किया गया है, यजमान का पुत्र रथियो मे प्रमुख और राजाधिदेव विदूरथ हुआ था। विदूरथ के यहाँ शूर नामक पुत्र ने जन्म लिया था। ॥ ७४, ७५, ७६, ७७ ॥

राजाधिदेवस्य सुतौ जज्ञाते देवसंमितौ ।
नियमव्रतप्रधानौ शोणाश्व. श्वेतवाहन. ॥७८
शोणाश्वस्यसुताः पञ्चशूरारणविशारदाः ।
शमीच वेदशर्मा च निवुन्त.शत्रुशत्रुजित् ॥७९
शमिपुत्रः प्रतिक्षत्र प्रतिक्षत्रस्य चात्मजः ।
प्रतिक्षेत्र सुतोभोजोहृदीकस्तस्य चात्मजः ॥८०
हृदीकस्याभवन् पुत्रा दश भीमपराक्रमाः ।
कृतवर्माग्रजस्तेषां शतधन्वा च मध्यगः ॥८१
देवाहश्चैव नाभश्च भीषणश्च महाबलः ।

अजातो वनजातश्च कनीयका रम्मको ॥८२
देवाहंस्य सुतोविद्वान्जज्ञे कम्बलवर्हिषः ।
असमञ्जाः सुतस्तस्य तमोजास्तस्यचात्मजः ॥८३
अजातपुत्रा विक्रान्तास्त्रयः परमकीर्त्तयः ।
सुदप्ट्रश्च सुनामश्च कृष्ण इत्यन्धकामताः ॥८४
अन्धकानामिमं वंशं यः कीर्त्तयतिनित्यशः ।
आत्मनो विपुलं वंशं प्रजावानाप्नुते नरः ॥८५

राजाधिदेव के दो पुत्रो ने जन्म ग्रहण किया था और ये दोनों ही देवो के सदृश थे। दोनो के नियम और व्रत की प्रधानता थी। इनके शुभ नाम शोणाश्व और श्वेत वाहन थे ॥ ७८ ॥ शोणाश्व के परम शूरवीर और रण विद्या के महा विद्वान् पाँच पुत्रो ने जन्म धारण किया था। शमी—वेदशर्म्मा—निकुन्त—शक्रशत्रुजित—ये उन पाँचो के शुभ नाम है। शमी का पुत्र प्रतिक्षत्र हुआ और प्रतिक्षत्र का आत्मज प्रतिक्षेत्र था। प्रतिक्षेत्र का सुत भोज और उसका आत्मज हृदीक उत्पन्न हुआ था ॥७९, ८० ॥ हृदीक के भीम पराक्रम वाले दश पुत्रो ने जन्म लिया था। उनमें कृतवर्मा सबसे प्रथम उत्पन्न हुआ था और शतध्वा उनमें मध्यम पुत्र था ॥ ८१ ॥ शेष देवाहं—नाम—भीषण—महाबल—अजात—वनजात कनीयक—करम्मक ये नाम हैं ॥ ८२ ॥ देवाहं की भार्या में देवाहं से अतिशय विद्वान् कम्बल बर्हि ने प्रसव प्राप्त किया था। उसके पुत्र असमञ्जा था और इसके पुत्र तमोजा समुत्पन्न हुआ था ॥ ८३ ॥ अजात के परम विक्रान्त अर्थात् बल विक्रम वाले और उत्तम कीर्तिशाली तीन पुत्र हुए थे। सुदप्ट्र—सुनाम और कृष्ण ये उन तीनों के शुभ नाम थे। ये सब अन्धक माने गये हैं ॥ ८४ ॥ अन्धकों के इस वंश का जो कोई पुरुष नित्य ही कीर्त्तन किया करता है वह प्रजावान नर अपने आपका विपुल वंश प्राप्त किया करता है ॥८५॥

२३—स्यमन्तकमणि का संक्षिप्त चरित्र

गान्धारी चैव माद्री च वृष्णिभार्येबभूवतुः ।
गान्धारी जनयामास सुमित्रं मित्रनन्दनम् ॥१
माद्री युधाजितं पुत्रं ततो वै देवमीढुषम् ।
अनमित्र शिविंचैव पञ्चम कृतलक्षणम् ॥२
अनमित्रसुतो निघ्नो निघ्नस्यापितुद्वौ सुतौ ।
प्रसेनश्चमहावीर्यं शक्तिसेनश्च तावुभौ । ३
स्यमन्तकः प्रसेनस्य मणिरत्नमनुत्तमम् ।
पृथिव्यां सर्वरत्नानांराजावै सोऽभवन्मणि. ॥४
हृदिकृत्वातुबहुशो मणिरत्नमभियाचितम् ।
गोविन्दोऽपिनतं लेभेशक्तोऽपिमज्हारसः ॥५
कदाचिन्मृगयां यात· प्रसेनस्तेन भूपितः ।
यथाशब्दं स शुश्राव बिले सत्वेन पूरिते ॥६
ततः प्रविश्य स बिल प्रसेनो ऋक्षमंक्षत ।
ऋक्षः प्रसेनञ्च तथा ऋक्षं गोवप्रसेनजित् ॥७

महर्षि प्रवर श्री सूतजी ने कहा—गान्धारी और माद्री ये दोनो वृष्णि की भार्याएं हुई थी । गान्धारी ने सुमित्र मित्र नन्दन को जन्म दिया था ॥ १ ॥ माद्री ने पहले पुत्र युधाजित को फिर देव मीढुष—अनमित्र—शिवि और पांचवां कृत लक्षण ये उत्पन्न किये थे ॥ २ ॥ अनमित्र का सुत निघ्न हुआ था तथा उस निघ्न के दो पुत्रो ने जन्म लिया था । महान् वीर्य वाला प्रसेन तथा दूसरा शक्ति सेन था । इस तरह ये दोनो पुत्र हुए थे ॥ ३ ॥ प्रसेन की ही परमोत्तम मणियों में भी रत्न स्यमन्तक मणि थी । यह स्यमन्तक मणि पृथिवी मे समस्त रत्नों की राजा मणि हुई है ॥ ४ ॥ हृदय मे उसके प्राप्त करने की बहुत कुछ मनोरथ करके उस मणि की याचना की गयी थी किन्तु साक्षात् गोविन्द

ने भी उसको प्राप्त नहीं किया था। वह सर्व समर्थ होते हुए भी उसका हरण उन्होंने नहीं किया था ॥ ५ ॥ किसी समय में उसी मणि से भूषित होकर प्रसेन मृगया की क्रीडा करने के लिये चला गया था। किसी हिमक पशु जैसा उसने बिल में शब्द का श्रवण किया था जो कि सदा पूरित था ॥ ६ ॥ इसके पश्चात् मृगया के मत्त प्रसेन ने उसमें प्रवेश किया था। वहाँ पर उसने ऋक्ष को देखा था। वहाँ पर दोनों ऋक्ष और प्रसेन में युद्ध हुआ अन्त में ऋक्ष ने प्रसेन पर विजय प्राप्त करली थी ॥ ७ ॥

हत्वा ऋक्षः प्रसेनन्तु ततस्तं मणिमादद.त् ।
अदृष्टस्तु हतस्तेन अन्तर्बिलगतस्तदा ॥८
प्रसेनन्तु हतं ज्ञात्वागोविन्द.परिशङ्कितः ।
गोविन्देन हताव्यक्तं प्रसेनोमणिकारणात् ॥९
प्रसेनस्तु गतोऽरण्यं मणिरत्नेन भूषितः ।
तं दृष्ट्वा स हतस्तेन गोविन्दः प्रत्युवाचं हं ॥
हन्मि चौन दुराचारं शत्रुभूतं हि वृष्णिषु ॥१०॥
अथ दीर्घेण कालेनमृगयानिर्गतःपुन ।
यदृच्छयाच गोविन्दोविलस्याभ्यासमागमत् ॥११
तं दृष्ट्वा तुमहाशब्दसचक्रे ऋक्षराट्बली ।
शब्द श्रुत्वातु गोविन्द.खड्गपाणि.प्रविश्यसः ॥
अपश्यज्जाम्बवन्तं तं ऋक्षराजं महाबलम् ॥१२॥
ततस्तूर्णं हृषीकेशस्तमृक्षपतिमञ्जसा ।
जाम्बवन्तं स जग्राह क्रोध सरक्त लोचनः ॥१३
तुष्टावैनं तदा ऋक्षः कर्मभिर्वैष्णवैः प्रभुम् ।
ततस्तुष्टस्तु भगवान् वरेणैनमरोचयत् ॥१४

ऋक्ष ने प्रसेन का वध करके उससे वह मणि ग्रहण करली थी। उस समय में वह हत हुआ किसी के द्वारा भी नहीं देखा गया था और

दिन के अन्दर चला गया था ॥ ८ ॥ प्रसेन को हत जानकर गोविन्द बहुत अधिक परिशंकित हो गये थे। वही उस समय में सम्पूर्णता प्रतीत हो गया था कि गोविन्द ने ही स्यमन्तक मणि के कारण से उनका हनन किया है ॥ ९ ॥ प्रसेन की उस मणि रत्न से विभूषित होकर ही अश्व से गया था। उसको देखकर उसी के द्वारा उसको हत किया गया है— यही गोविन्द ने उत्तर दिया था। मैं वृष्णिवंश के समान उस दुराचारी का अवश्य ही हनन करूँगा ॥ १० ॥ इसके अनन्तर बहुत सम्बे समय के पश्चात् यह इच्छा से गोविन्द पुनः मृगया के लिये निकल कर गये थे। विचरण करते हुए यह इच्छा से ही गोविन्द उसी बिल के समीप में प्राप्त हो गये थे ॥ ११ ॥ उनको देख कर सभी ऋक्षराट् ने महान् रुदन किया था। उस ऋक्ष के महारव को श्रवण करके गोविन्द ने हाथ में खड्ग धारण करके उस बिल में प्रवेश किया था और वहाँ पर महान् बलशाली ऋक्षराज उस जाम्बवन्त को जाकर देखा था ॥ १२ ॥ उनको देखकर क्रोध से रक्त नेत्रों वाले होकर हृषीकेश ने तुरन्त ही एकदम उस ऋक्षपति जाम्बवन्त को पकड़ लिया था ॥ १३ ॥ उस समय में ऋक्षराज जाम्बवन्त ने वैष्णव कर्मों के द्वारा इन प्रभु की स्तुति की थी। इसके पश्चात् भगवान् परम सन्तुष्ट हो गये थे और वरदान के द्वारा इसको भी प्रसन्न कर दिया था ॥१४॥

इत्युक्ते चक्र प्रहारेणत्वत्तोऽहं मरणंप्रभो ! ।
कन्याचेयंममसुता भर्तारंत्वामवाप्नुयात् ॥
योऽस्य मणिं प्रसेनन्तु हत्वा प्राप्तो मया प्रभो ॥१५॥
तत सजाम्बवन्त स हृत्वाचक्रेणवै प्रभुः ।
कृतकर्मा महाबाहुः सत्राज्य मणिमाहरत् ॥१६
ददौ सत्राजितायैन सर्वसात्वतसंसदि ।
तेन मिथ्यापवादेन सन्तप्ता ये जनार्दने ॥१७
ततस्ते यादवाः सर्वे वासुदेवमथाब्रुवन् ।

अस्माकन्तु मतिर्ह्यासीत्प्रसेनस्तुत्वयाहृतः ॥१८
ककेयस्य सुता भार्यादशसम्राजितः शुभाः ।
तासूत्पन्नाः सुतास्तस्य सर्वलोकेषुविश्रुता. ॥
ख्यातिमन्तो महावीर्य्या भङ्गकारस्तु पूर्वजः ॥१९
अथ व्रतवती तस्मात् भङ्गकारात्तु पूर्वजात् ।
सुषुवे सुकुमारीस्तु तिस्र.कमललोचनाः ॥ २०
सत्यभामा वरास्त्रीणां व्रतिनीचदृढव्रता ।
तथा पद्मावती-चैवत्ताश्च कृष्णायसोऽददात् ॥२१

जाम्बवन्त ने कहा—हे प्रभो ! मैं तो अब आप से ही चक्र के प्रहार के द्वारा मृत्यु की ही इच्छा करता हूं । यह एक मेरी परम शुभ एक कन्या है वह आप को ही अपना भर्ता प्राप्त कर लेवे । हे प्रभो ! मैंने ही प्रसेन का हनन करके यह मणि प्राप्त की है ॥१५॥ इसके अनन्तर उन प्रभु ने चक्र के द्वारा जाम्बवन्त का उसी की इच्छा के अनुसार हनन कर दिय था और कर्म समाप्त करके महान् बाहुओं वाले प्रभु उस कन्या के साथ ही मणि का समाहरण कर लिया था ॥१६॥ फिर द्वारका में समस्त सात्वतों की सभा में बुलाकर उस मणि को सत्राजित को दे दिया था । फिर जो जनार्दन प्रभु के विषय में मिथ्या अपवाद लगा रहे थे वे बहुत ही संतप्त हुए थे ॥१७॥ इसके उपरान्त सभी यादवों ने भगवान् वासुदेव से कहा था कि हमारा सबका विचार तो यही निश्चित हो गया था कि प्रसेन को आपने ही मार दिया है ॥१८॥ ककेय की दश शुभ सुताएँ सत्राजित् की भार्याएँ थीं । उस सत्राजित् के उन दशों भार्य्याओं में समुत्पन्न पुत्र समस्त लोकों में विश्रुत थे ॥१९॥ ये सब बड़ी ही अधिक ख्याति वाले थे और महान् बल—वीर्य से सुसम्पन्न हुए थे । इनमें भृङ्गकार सबसे प्रथम उत्पन्न वाला ज्येष्ठ था । इसके अनन्तर उस पूर्वज भृङ्गकार से व्रतवती पत्नी ने कमल के सदृश नेत्रों वाली परम सुन्दरी तीन सुकुमारी कन्याओं को प्रसूत किया था ॥२०॥ सत्यभामा सभी स्त्रियों में परम श्रेष्ठ थीं—

वर्तिनी दृढ़व्रत वाली थी और तीसरी पद्मावती थी। उन तीनों को ही उग्रसेन ने श्रीकृष्ण के लिये दे दिया था ॥ १॥

अनमित्रात् शनिर्जज्ञे कनिष्ठाद् वृष्णिनन्दनात्।
सत्यवान्सत्यस्य पुत्रस्तु सात्यकिरुत्तरस्य चात्मजः ॥२२
सत्यवान्युयुधानस्तु शिनेर्नप्ताप्रतापवान्।
असङ्गोऽस्य युधानस्यासङ्गस्तस्यात्मजोऽभवत् ॥२३
दृयुम्नेयुर्गन्धरः पुत्र इतिशैन्याः प्रकीर्त्तिताः।
अनमित्रान्वयोह्येषोऽभ्याख्यातो वृष्णिवंशजः ॥२४
अनमित्रस्य सञ्जज्ञे पृश्न्यां वीरो युधाजितः।
अन्यौतु तनयौ वीरौ वृषभः क्षत्रएव च ॥२५
वृषभः काशिराजस्य सुतां भार्यामविन्दत।
जयन्तस्तु जयन्त्यान्तुपुत्र समभवत् शुभः ॥२६
सदा यज्वेति वीरश्च श्रुतवानतिथिप्रियः।
अक्रूरःसुषुवे तस्मात्सदायज्वेतिदक्षिणः ॥ २७

वृष्णि के सबसे छोटे पुत्र से जिसका नाम अनमित्र था शनि ने जन्म धारण किया था। उसका पुत्र सत्यवान् हुआ था और इस सत्यवान् का आत्मज सात्यकि नाम वाला उत्पन्न हुआ था ॥२२॥ सत्यवान् और युयुधान शनि के प्रतापशाली नप्ता (नाती) थे। युयुधान का पुत्र असङ्ग नाम धारी हुआ था और उसका आत्मज दृष्णि हुआ था ॥२३॥ दृष्णि का पुत्र युगन्धर उत्पन्न हुआ था—ये सभी शैन्य नाम से ही प्रकीर्त्तित हुए थे। यह अनमित्र का वंश जो कि वृष्णि वंश से ही समुत्पन्न है पूर्णतया कह दिया गया है ॥ २४॥ अनमित्र का पृश्नी में वीर युधाजित ने जन्म लिया था। अन्य भी दो वीर तनय हुए थे जिनके नाम वृषभ और क्षत्र थे ॥ २५॥ वृषभ ने काशिराज की सुता को अपनी भार्या के रूप में प्राप्त किया था। जयन्ती में जयन्त नामक

शुभ पुत्र समुत्पन्न हुआ था ॥ २६ ॥ यह सदा ही यज्ञो के करने वाला और अत्यन्त वीर था तथा श्रुतवान अर्थात् शास्त्रो का-ज्ञाता और अतिथियो से प्यार करने वाला था। उससे अक्रूर समुत्पन्न हुआ था। यह भी सदा-सर्वदा यज्ञो के करने वाला और अत्यधिक दक्षिणा देने वाला हुआ था ॥ २७ ॥

रत्ना कन्याचशैव्यस्य अक्रूरस्तामवाप्तवान् ।
पुत्रानुत्पादयामास एकादशमहाबलान् ॥२८
उपलम्भः सदालम्भो वृकलो वीर्य्यएवच ।
सिरी ततो महापक्षः शत्रुघ्नोवारिमेजयः ॥२९
धर्म्मभृद्धर्म्मवर्माणौ धृष्टमानस्तथैव च ।
सर्वे च प्रतिहोतारो रत्नायाजज्ञिरे च ते ॥३०
अक्रूरादुग्रसेनायां सुतौ द्वौ कुलवर्द्धनौ ।
देववानुपदेवश्च जज्ञाते देवसन्निभौ ॥३१
अश्विन्यां च ततःपुत्राः पृथुर्विपृथुरेव च ।
अश्वत्थामा सुवाहुश्च सुपार्श्वकगवेषणौ ॥३२
वृष्टिनेमिः सुधर्मा च तथा शर्यातिरेवच ।
अभूमिवर्जभूमिश्च श्रमिष्ठः श्रवणस्तथा ॥३३
इमांमिथ्याभिशस्तियोवेदकृष्णादपोहिताम् ।
नसमिथ्याभिशापेनअभिशाप्योऽथकेनचित् ॥३४

शैव्य की कन्या का नाम रत्ना था, अक्रूर ने उसको प्राप्त किया था। उससे अक्रूर ने ग्यारह महान् बलशाली पुत्रों को जन्म देकर उत्पन्न किया था। उनके नाम ये हैं—उपलम्भ, सदालम्भ वृकल, वीर्य्य, सिरी, महापक्ष, शत्रुहन, वारिमेजय, धर्मभृत, धर्मवर्म्मा और धृष्टमान। ये सभी प्रतिहोता हुए थे। जिन्होंने रत्ना म जन्म प्राप्त किया था ॥२८॥ ॥२९।-०॥ अक्रूर से उग्रसेना में दो पुत्र कुल के वर्धन करने वाले हुए थे। इनके नाम देववान् और उपदेव ये जो बिल्कुल देवो के ही तुल्य थे।

॥३१॥इन के पश्चात् आश्विनी जो पुत्र हुए थे उनके शुभ नाम ये होते हैं—पृथु, विपृथु, अश्वत्थामा, सेवाहु, सुपार्श्वक, गवेषण, दृष्टिनेमि, सुधर्म्मा, कार्यांति, अभूमि, वर्णभूमि, श्रमिष्ठ, श्रवण। इस मिथ्या अभिशस्ति को जो जो भगवान् कृष्ण से अपोहित की गयी है जो भी कोई जानता है तथा नित्य नियम से इसका पाठ तथा श्रवण किया करता है वह पुरुष कभी भी किसी के भी द्वारा मिथ्याभिशाप से अभिशाप्य नहीं होगा ॥३२।३३।३४॥

२४—कृष्णोत्पत्ति वर्णन

ऐक्ष्वाकी सुषुवे शूरं ख्यातमद्भुतमीदुषम्।
पौरुषाज्जज्ञिरे शूरात् भोजायांपुत्रकादश ॥१
वसुदेवो महावाहुः पूर्वमानकदुन्दुभिः।
देवभागस्ततो जज्ञे ततो देवश्रवाः पुनः॥ २
अनाधृष्टिः शिनिश्चैव नन्दश्चैव सृञ्जयः।
श्यामः शमीकः सप्तैपञ्चचाह्यवराङ्गनाः॥ ३
श्रुतकीर्तिः पृथा चैव श्रुतदेवीश्रुतश्रवाः।
राजाधि देवी च तथा पञ्चैता वीरमातरः॥४
कृतस्य तु श्रुता देवी सुग्रह सुषुवे सुतम्।
कैकय्यां श्रुतकीर्त्यान्तु जज्ञे सोऽनुव्रतोनृपः॥ ५
श्रुतश्रवसि चैद्यस्य सुनीथः समपद्यत।
वार्षिको धर्म्मशारीरः स बभूवारिमर्दनः॥६
अथ सख्येन वृद्धेऽसौ कुन्तिभोजेसुतांददौ।
एवकुन्तीसमाख्यातावसुदेवस्वसा पृथा॥ ७

महर्षि श्री सूतजी ने कहा—ऐक्ष्वाकी ने शूर-ख्यात-अद्भुत, ईदुष पुत्र को उत्पन्न किया था। शूर पौरुष से भोजा में दश पुत्रों ने जन्म

ग्रहण किया था ॥१॥ आनक दुन्दुभि महान् बाहुओं वाले वासुदेव ने सर्व प्रथम देवभागं और इसके अनन्तर वेदश्रवा को जन्म प्रदान किया था ॥२॥ फिर अनाधृष्टि, शिनि, नन्द, सृञ्जय, श्याम, शमीक संयूप को समुत्पन्न किया था। इन वसुदेव के पाच कन्याएं थी। श्रुत देवी पृथा, श्रुतकीर्ति, श्रुतश्रवा और राजाधि देवी, ये उन पाँचो के शुभ नाम थे। ये पाँचों ही वीरो को जन्म प्रदान करने वाली माताएँ थीं ॥ ३ ॥ ४ ॥ कुन्ती सुता देवी ने सुपुत्र सुत को प्रसूत किया था। कैकेयी और श्रुतकीर्ति मे वह अनुव्रत नृप समुत्पन्न हुए थे ॥ ५ ॥ श्रुतश्रवा मे चौद्य का सुनीथ हुआ था। जिस समय मे वह एक ही वर्ष का था वह परम धर्म से समन्वित शरीर वाला और अपने अरियो के मर्दन करने वाला हो गया था ॥ ६ ॥ इसके अनन्तर सख्य से इस कुन्ति भोज के बड़े हो जाने पर सुता देदी थी। इस प्रकार से कुन्ती वसुदेव की स्वस्त्र पृथा समाख्यात् हुयी थी ।७॥

वसुदेवेन सा दत्ता पाण्डोर्भार्याह्यनिन्दिता ।
पाण्डोरर्थेनराजज्ञे देवपुत्रान्महारथान् ॥८
धर्माद्युधिष्ठरो जज्ञे वायोर्जज्ञे वृकोदरः ।
इन्द्राद्धनञ्जयश्चैव शक्रतुल्य पराक्रम. ॥९
माद्रवत्यान्तु जनितावश्विभ्यामिति शुश्रुम. ।
नकुलः सहदवश्च रूपशीलगुणान्वितौ ॥१०
राहिणी पौरवी सा तु ख्यातमानकदुन्दुभे. ।
लेभेज्येष्ठसुतरामसारणञ्चमुतं प्रियम् ॥११
दुर्दम दमनं सुभ्रुं पिण्डारक महहानू ।
चित्राक्षयौ द्वे कुमार्यौ तु रोहिण्याजज्ञिरेतदा ॥१२
देवक्यां जज्ञिरे शौरेः सुषेण. कीर्तिमानपि ।
उदासो भद्रसेनश्च ऋषिवासस्तथैव च ।

षष्ठो भद्र विदेहश्च कंसः सर्वानिघातयत् ॥१३
प्रथमाया अमावास्या वार्षिकी तु भविष्यति ।
तस्या जज्ञे महाबाहुः पूर्वकृष्ण प्रजापतिः ॥१४

वसुदेव ने उस को पाण्डु के लिये प्रदान कर दी थी जो कि उस की परम प्रशस्त भार्य्या हुई थी । उसने पाण्डु के अर्थ के द्वारा महारथ देव पुत्रों का जन्म दिया था ॥८॥ धर्म से युधिष्ठर ने जन्म लिया था । वायु देव से वृकोदर में प्रसव प्राप्त किया था । इन्द्रदेव से धनञ्जय को समुत्पन्न किया था जो शक्र के ही तुल्य बल पराक्रम वाला हुआ था । ॥९॥ माद्रवती मे तो ऐसा सुनते है अश्विनी कुमारो से दो पुत्र नकुल और सह समुत्पन्न हुए थे जो रूप लावण्य शील और अनेक गुण गणों से समन्वित थे ॥ १० ॥ पौरवी रोहिणी नाम वाली भार्य्या ने आनक दुन्दुभि से परम विख्यात ज्येष्ट सुत बलराम की प्राप्ति का लाभ उठाया था और उस प्रिय सुत का सारण भी हुआ था ॥११॥ अन्य सुत जो हुए थे उनके नाम इस प्रकार से हैं—दुर्दम—दमन—सुभ्रु—पिण्डारक महाहनु । उस समय में चित्रा अक्षी दो कुमारियों ने भी रोहिणी मे जन्म ग्रहण किया था ॥१२॥ देवकी मे शौरि से कीर्तिमान् सुषेण—उदासी—भद्रसेन तथा ऋषिदास—छटवाँ पुत्र भद्र नाम वाला था और विदेह ये पुत्र समुत्पन्न हुए थे किन्तु कस ने सभी का घात कर दिया था ॥१३॥ प्रथम अमावस्या से वार्षि की होगी । उसमे महान् बाहुओ वाले प्रजापति श्री कृष्ण पूर्व मे समुत्पन्न हुए थे ॥१४॥

अनुजात्व भवत् कृष्णात् सुभद्राभद्रभाषिणा ।
देवक्यान्तु महातेजा जज्ञे शूरोमहायशाः ॥१५
सहदेवस्तु ताम्रायां जज्ञे शौरिकुलोद्वहः ।
उपासङ्गधर लेभे तनय देवरक्षिता ॥
एका यन्य च्च सुभगाङ्ग स्तामभ्यघातयत् ॥१६॥
विजय रोचमानञ्च वद्ध मानन्तु देवलम् ।

एते सर्वे महात्मानोह्यपदेव्याः प्रजज्ञिरे ॥१७
अवगाहो महात्मा च वृकदेव्यामजायत ।
वृकदेव्यां स्वयं जज्ञे नन्दको नामनामतः ॥१८
सप्तमं देवकी पुत्रं मदनं सुपुवे नृप ।
गवेषणं महाभाग संग्रामेष्व पराजितम् ॥१९
श्रद्धा देव्या विहारे तु वने हि विचरन् पुरा ।
वैश्यायामदधात् शौरिःपुत्रं कौशिकमग्रजम् ॥२०
सुतनू रथराजी च शौरेरास्तां परिग्रहौ ।
पुण्ड्रश्च कपिलश्चैव वसुदेवात्मजौ बलौ ॥२१

कृष्ण से पीछे एक अनुजा सुभद्रा नाम वाली समुत्पन्न हुई थी जो परम भद्र भाषण करने वाली थी। देवकी मे तेजस्वी तथा महा यशस्वी शूर ने जन्म ग्रहण किया था ॥१५॥ शौरिकुल का उद्वहन करने वाले सहदेव ने ताम्रा में जन्म प्राप्त किया था और देवरक्षिता ने उपासङ्ग-धर पुत्र प्राप्त करने का लाभ उठाया था। परम सुभगा एक कन्या समुत्पन्न हुई थी किन्तु उसी समय मे दुष्ट कंस ने उसका घात कर दिया था ॥१६॥ विजय—रोचमान—वर्द्धमान—देवल ये समस्त महान् आत्माओ वाले पुत्रो ने उपदेवी के उदर से जन्म प्राप्त किया था ॥१७॥ महात्मा अवगाह वृकदेवी मे उत्पन्न हुआ था। वृकदेवी मे नन्दक नाम धारी ने स्वय जन्म प्राप्त किया था ॥१८॥ हे नृप ! देवकी ने सातवा पुत्र मदन का प्रसूत किया था और सग्रामो मे पराजित न होने वाले महाभाग गवेषण नामक पुत्र को उत्पन्न किया था ॥१९॥ परम प्राचीन समय मे श्रद्धा देवी से वन मे विहार के समय मे विचरण करते हुए शौरि ने वैश्या मे अग्रज पुत्र कौशिक को धारण किया था ॥२०॥ सुतनू रथराजी ये दो शौरि के परिग्रह हुए थे ॥२१॥

जरानाम निषादोऽभूत् प्रथमः स धनुर्धरः ।
सोभद्रश्च भवश्चैव महासत्वौ बभूवतुः ॥२२

देवभागसुतश्चापि नाम्नाऽसावुद्धवः स्मृतः ।
पण्डितं प्रथमं प्राहुर्देवश्रवः समुद्भवम् ॥२३
ऐक्ष्वाक्यलभतापत्य अनाधृष्टेयशस्विनी ।
निर्घृतसत्वं शत्रुघ्न श्राद्धस्तस्मादजायत ॥२४
कल्पायानपत्याय कृष्णस्तुष्टः सुतन्ददौ ।
सुचन्द्रन्तु महाभाग वीर्यवन्तं महाबलम् ॥२५
जाम्बवत्याः सुतावेतौ द्वौ च सदृक्षलक्षणौ ।
चारुदेष्णश्च साम्बश्चवीर्यवन्तौ महाबलौ ॥२६
तन्तिपालश्च तन्तिश्च नन्दनस्य सुतावुभौ ।
शमीकपुत्राश्चत्वारोविक्रान्ताःसुमहाबला. ॥
विराजश्च धनुश्चैव श्याम्यश्च सञ्जयस्तथा ॥२७
अनपत्योऽभवत्कृष्णः शमीकस्तुवनंययौ ।
जुगुप्समानोभोजत्व राजर्षित्वमवाप्तवान् ॥२८
कृष्णस्य जन्माभ्युदय य.कीर्तयतिनित्यशः ।
शृणोति मानवोनित्यसर्वपापैः प्रमुच्यते ॥२९

एक जरा नामधारी निषाद हुआ था और वह प्रथम धनुर्धर था। सौमद्र और भव ये भी महान् सत्व हुए थे ॥२२॥ देवभाग का भी सुत हुआ था जो कि यह उद्धव इस शुभ नाम से प्रसिद्ध हुआ था। देवश्रव इस समुद्भूत पुत्र को प्रथम पण्डित कहा करते थे ॥२३॥ यशस्विनी ऐक्ष्वाकी ने अनाधृष्टि से सन्तति प्राप्त करने का साम उःाया था। निर्घृत सत्व—शत्रुघ्न और श्राद्ध उसमे समुत्पन्न हुए थे ।२४॥ कल्प जो कि सन्तति से विहीन था उसको श्रीकृष्ण परम तुष्ट होकर ही सुत दे दिया था। महाभाग सुचन्द्र महान् बलवान् वीर्यवान् हुआ था ॥२५॥ जाम्बवती के दो पुत्र सदृश्य सदृशो वाले हुए थे। उन दोनो के शुभ नाम चारुदेष्ण और साम्ब थे। ये दोनों वीर्यवान् और महान् बलशाली थे ॥२६॥ नन्दन के तन्तिपाल और तन्ति दो सुत समुत्पन्न हुए थे। शमीक के चार पुत्र परम विक्रमशाली और सुमहान् बल से सम्पन्न हुए

थे जिनके नाम विराज—धनु—श्याम और सुञ्जय थे ॥२७॥ इनमें श्याम अपत्य से रहित हो गया था अर्थात् उसके कोई भी सन्तति नहीं हुई थी। शमीक तो वन में चला गया था और भोजत्व की जुगुप्सा करता हुआ वह राजर्षि के पद को प्राप्त हो गया था ॥२८॥ यह श्रीकृष्ण के जन्म का अभ्युदय है इसको जो पुरुष नित्य ही नियम से कीर्त्तित किया करता है अथवा इसका श्रवण किया करता है वह मानव समस्त प्रकार के पापों से मुक्त हो जाता है ॥२९॥

२५—कृष्णसन्तान वर्णन

अथ देवो महादेवः पूर्वं कृष्णः प्रजापतिः ।
विहारार्थं स देवेशो मानुषेष्विह जायते ॥१
देवक्यां वसुदेवस्य तपसा पुष्करेक्षणः ।
चतुर्बाहुस्तदा जातोदिव्यरूपोज्वलन्श्रिया ॥२
श्रीवत्सलक्षणं देवं दृष्ट्वा लक्ष्मणः ।
उवाच वसुदेवस्तं रूपं संहर वै प्रभो ॥३
भीतोऽहं देव ! कंसस्य ततस्त्वेतद्ब्रवीमि ते ।
ममपुत्राहतास्तेनज्येष्टास्तेभीमविक्रमा. ॥४
वसुदेववचः श्रुत्वा रूपं संहरतेऽच्युतः ।
अनुज्ञाप्य ततः शौरिं नन्दगोपगृहेऽनयत् ॥५
दत्त्वैनं नन्दगोपस्य रक्ष्यतामिति चाब्रवीत् ।
अतस्तु सर्वकल्याणंयादवानांभविष्यति ॥६

महामहर्षि श्री सूतजी ने कहा—इसके अनन्तर महान् देव देव प्रजापति श्री कृष्ण पूर्व में विहार के लिये ही वह देवेश्वर यहाँ संसार में मनुष्यों में समुत्पन्न हुआ करते हैं ॥१॥ वसुदेव की तपश्चर्या से ही देवकी में पुष्करेक्षण—चार भुजाओं वाले दिव्य रूप से समन्वित श्री से जाज्वल्य-

मान होते हुए उस समय मे प्रादुर्भूत हुए थे ॥२॥ श्रीवत्स के धारण करने के लक्षण वाले तथा दिव्य लक्षणो से सयुत देव का उस समय मे दर्शन करके ही वसुदेव ने उनसे प्रार्थना की थी कि हे प्रभो ! आप अपने स्वरूप को सहृत कर लीजिए ॥३॥ हे देव ! मैं राजा कस से अत्यन्त ही भय-भीत हो रहा हू इसीलिये आपसे यह निवेदन करता हू । इस दुष्ट कस ने आपसे पहिले समुत्पन्न हुए आपके ज्येष्ठ भाई मेरे पुत्रो का हनन कर डाला है जो कि भीम बल पराक्रम से युक्त थे ॥४॥ वसुदेव की प्रार्थना के इन वचनो का श्रवण करके भगवान् अच्युत ने अपने उस दिव्य स्वरूप का संवरण कर लिया था । इसके उपरान्त उन्होंने शौरिको अनुज्ञापन दिया था और वह उनको नन्द गोप के गृह मे ले गये थे ॥ ५ ॥ इनको वसुदेव ने नन्द गोप के सुपुर्द करके यह कहा था कि आप ही मेरे इस पुत्र की रक्षा कीजिए । इनसे ही सब यादवो का कल्याण होगा ॥६॥

क एष वसुदेवस्तु देवकी च यशस्विनी ।
नन्दगोपश्च कस्त्वेष यशोदा च महाव्रता ॥७
यो विष्णुं जनयामास यञ्च तातेत्यभाषत ।
या गर्भं जनयामास याचेनं स्वभ्यवर्द्धयत् ॥८
पुरुषः कश्यपस्त्वासीददितिस्तु प्रिया स्मृता ।
ब्रह्मणः कश्यपस्त्वांश पृथिव्यांस्तु दितिस्तथा ॥९
अथ कामान् महाबाहुर्देवक्याः समपूरयत् ।
से तया काङ्क्षितानित्यमजातस्यमहात्मनः ॥१०
सोऽयतं णों महो देवः प्रविष्टो मानुषीतनुम् ।
मोहयन्सर्वभूतानियोगात्मा योगमायया ॥११
नष्टे धर्मे तथा जन्तौ विष्णुर्विष्णुत्वे प्रभु ।
कर्तुं धर्मस्य सम्भवंअसुराणांप्रणाशनम् ॥१२
रुक्मिणीसत्यभामाचरुक्मिण्याना-जिसीतथा ।

सुभामाचतथाशैव्यागान्धारीलक्ष्मणा तथा ॥१२
मित्रविन्दा चकालिन्दीदेवीजाम्ववतीतथा ।
सुशीलाचतथामाद्रीकौशल्याविजयातथा ॥
एवमादीनि देवीनां सहस्राणि च षोड़श ॥१४

मुनिगण ने कहा—यह वसुदेव कौन थे और परम यशस्विनी यह देवकी कौन थी ? नन्द नाम वाला यह जो गोप आपने बतलाया था यह भी कौन हुआ था तथा महान् व्रत वाली यशोदा कौन थी ? ॥७॥ जिसने भगवान् विष्णु को पुत्र के रूप में जनन दिया था और जिसको लाल कह कर पुकारा था जिसने अपने गर्भ मे रखकर इनको जन्म ग्रहण कराया था और जिसने इनका बाल्यावस्था मे परिवर्द्धन किया था ॥८॥ सूतजी ने कहा—कश्यप नाम वाले पुरुष थे और अदिति नाम वाली उनकी प्रिया बताई गयी है । यह कश्यप तो ब्रह्मा जी का अंश था और अदिति पृथ्वी का अंश हुई थी ॥ ९ ॥ इसके उपरान्त महान् बाहुओं वाले प्रभु ने देवकी की कामनाओं को पूर्ण कर दिया था । जो नित्य ही अजात है ऐसे अजन्मा प्रभुको उसने पुत्र के रूप मे देखने की इच्छा की थी ॥१०॥ इसी लिये वह देव इस मही मण्डल मे अवतीर्ण हुए थे और फिर मानुषी तनु मे उन्होने प्रवेश किया था । यह प्रभु तो योगात्मा थे । इन्होने अपनी योग माया से ही समस्त भूतो को मोहित कर दिया था ॥११॥ जिस समय मे इस मही मण्डल मे धर्म नष्ट हो गया था उसी समय मे प्रभु विष्णु ने वृष्णि कुल मे जन्म ग्रहण किया था । इनके वृष्णि कुल में उत्पन्न होकर अवतार धारण करने का प्रमुख प्रयोजन ही धर्म को सस्थापित करना और बढ़े हुए दुष्ट असुरों का नाश करना ही था ॥ १२ ॥ जब प्रभु ने श्री कृष्णावतार धारण किया था उस समय मे प्रभु की षोडश सहस्र पत्नियाँ थीं । उनमे प्रमुख नामो का ही थोड़ा सा प्रदर्शन यहा पर किया जाता है—रुक्मिणी—सत्यभामा—सत्या—नाग्नजिती—सुभामा—शैव्या—गान्धारी—लक्ष्मण—मित्रविन्दा—कालिन्दी देवी—

जाम्बवती—सुशीला—माद्री—कौशल्या तथा विजया एवं मादि देवियाँ थीं ॥१३, १४॥

रुक्मिणी जनयामास पुत्रं रणविशारदम् ।
चारुदेष्णं रणे शूरं प्रद्युम्नञ्च महाबलम् ॥१५
सुचारुं भद्रचारुं च सुदेष्णं भद्रमेव च ।
चारुञ्च गुप्तञ्च चारु भद्रं सुचारुकम् ॥
चारुहास कनिष्ठञ्च कन्या चारुमती तथा ॥१६॥
जज्ञिरे सत्यभामाया भानुर्भ्रमरतेक्षण ।
रोहितोदीप्तिमांश्चैव ताम्रश्चक्रो जलन्धमः ॥१७
चतस्रोजज्ञिरेतेषास्वसारस्तुयवीयसीः ।
जाम्बवत्याःसतोजज्ञे साम्ब समिति शोभनः ॥१८
मित्रवान्नमित्रविन्दश्चमित्रविन्दावसज्ञना ।
मित्रबाहु.सुनीथश्चना नजित्याःप्रजाहिसा ॥१९
एवमादीनि पुत्राणा सहस्राणि निबोधत ।
अशीतिश्च सहस्राणिवासुदेव सुतास्तथा ॥
लक्षमेकं तथा प्रोक्तं पुत्राणाञ्च द्विजोत्तमा ॥२०
उपासङ्गस्य सु सुतो बभ्र. सक्षिप्त एव च ।
भूरीन्द्रसेनो भूरिश्च गवेषण सुतावुभौ ॥२१

रुक्मिणी देवी ने रण में विशारद पुत्र को जन्म दिया था। चारुदेष्ण रणविद्या में महान् शूर था—प्रद्युम्न महान् बलवान् था—सुचारु—भद्रचारु—सुदेष्ण—भद्र—चारु—सुगुप्त—चारुभद्र—सुचारु—चारुहास—कनिष्ठ ये पुत्र हुए थे तथा चारुमती नाम वाली एक कन्या थी ॥१५, १६॥ सत्यभामा में भानु—भ्रमरतेक्षण—रोहित—दीप्तिमान्—ताम्रचक्र—जलन्धम ये पुत्र हुए थे और उन सबकी चार छोटी बहिनों ने जन्म ग्रहण किया था। जाम्बवती के सांबति शोभन साम्ब पुत्र ने जन्म लिया था ॥१७॥ ॥१८॥ मित्रविन्दा के मित्रवान् और मित्रविन्द पुत्र हुए थे। नाग्नजिती

की प्रजा मित्रवाहु और सुनीथ हुई थी अर्थात् इन नाम्नों वाले पुत्र ने प्रसव प्राप्त किया था। इस प्रकार से सहस्रो ही पुत्र समुत्पन्न हुए थे—ऐसा ही समझ लेना चाहिए। अस्सी सहस्र तो वासुदेव प्रभु के ही पुत्र समुत्पन्न हुए थे। हे द्विजो में परमोत्तम गण! फिर उन पुत्रों के जो पुत्र हुए थे उनकी सख्या एक लाख थी ॥१६, २०॥ उपासङ्ग के वज्र और सक्षिप्त ये दो सुत हुए थे। भूरीन्द्र सेन और भूरि ये दो पुत्र गवेषण के समुत्पन्न हुए थे ॥२१॥

प्रद्युम्नस्य तु दायादो वैदर्भ्यां बुद्धिसत्तमः।
अनिरुद्धो रणे रुद्धः जज्ञेऽस्यमृगकेतनः ॥२२
काश्या सुपार्श्वतनयासाम्बाल्लेभेतरस्विनः।
सत्यप्रकृतयोदेवाःपञ्चवीराःप्रकीर्तिताः ॥२३
तिस्रः कोट्यः प्रवीराणां यादवानां महात्मनाम्।
षष्टिः शतसहस्राणि वीर्यवन्तो महाबलाः।
देवांशाः सव एवेह उत्पन्नास्ते महौजसः ॥२४
देवासुरे हता ये च असुरा ये महाबलाः।
इहोत्पन्ना मनुष्येषु बाधन्ते सर्वमानवान् ॥२५
तेषामुत्सादनार्थाति उत्पन्नो यादवे कुले।
कुलानां शतमेकञ्च यादवानां महात्मनाम् ॥२६
सर्वमेतत् कुलं यावद्वर्तते वैष्णवे कुले।
विष्णुस्तेषां प्रणेता च प्रभुत्वे च व्यवस्थितः ॥
निदेशस्थायिनस्तस्य कथ्यन्ते सर्वयादवाः ॥२७॥

प्रद्युम्न का दायाद बुद्धि सत्तम वैदर्भी में अनिरुद्ध हुआ था जो रण में रुद्ध था फिर इसका पुत्र मृगकेतन प्रसूत हुआ था ॥२२॥ साम्ब ने काश्या सुपार्श्वतनया को प्राप्त किया था। ये तपस्वी-सत्य प्रकृति वाले पाँच वीर देव कीर्तित किये गये हैं ॥२३॥ प्रकृत वीर महान् आत्मा वाले यादवों की सख्या तीन करोड़ थी। साठ सौ सहस्र अत्यधिक वीर्य

वाले और महान् बलवान् हुए थे। ये महान् ओज वाले सभी यहां पर देवताओं के अंशावतार ही समुत्पन्न हुए थे ॥२४॥ देवासुर संग्राम में जो महान् बलवान् असुर हत हो गये थे। वे ही सब यहाँ पर मनुष्यों में समुत्पन्न होगये थे जो कि सब मानवों को बाधाएं पहुंचाया करते हैं। उन सबके उत्पादन करने के लिये ही यादव कुल में उत्पन्न हुए थे। महात्मा यादव कुलों का एक शत परिवार था। यह समस्त कुल अब तक वैष्णव कुल में वर्त्तमान है। भगवान् विष्णु उनके प्रणेता थे और प्रभुत्व में व्यवस्थित थे। समस्त यादवगण उनके निर्देश में स्थित रहने वाले कहे जाते हैं ॥२६, २७॥

२६-- ययाति वंश की शाखाओं का वर्णन

तुर्वसोस्तुसुतोगर्भोगोभानुस्यचात्मज.।
गोभानोस्तुसतोवीरस्त्रिसारिरपराजितः ॥१
करन्धमस्तु त्रैसारिभंरतस्तस्य चात्मजः।
दुष्यन्तः पौरवस्यापि तस्यपुत्रो ह्यकल्मषः ॥२
एव ययातिशापेन जरासक्रमणे पुरा।
तुर्वसो पौरव वश प्रविवेश पुरा किल ॥३
दुष्यन्तस्य तु दायादावरुथोनामपार्थिवः।
वरुथात्तु तथावीरः सन्धानस्तस्यचात्मज. ॥४
पाण्ड्यश्चकेरलश्चैवचोल.कर्णस्तथैवच।
तेषा जनपदास्फीताः पाण्ड्याश्चोलाःसकेरलाः ॥५
द्रुह्यस्य तनयो शूरो मेतु· केतुस्तथैव च।
सेतु पुत्रः शरद्वांस्तु गन्धारस्यस्यचात्मजः ॥६
ख्यायते यस्य नाम्नास गन्धारविषयो महान्।
आरुद्देवजास्तस्य तुरगावाजिनावराः ॥७

महा महर्षि प्रवर श्री सूतजी ने कहा—तुर्वसु का सुत गर्भ हुआ था और इसका आत्मज गोभानु था। गोभानु का पुत्र अपराजित वीर

त्रिसारि उत्पन्न हुआ था ।।१।। करन्धम त्रिसारि का आत्मज था और इसका पुत्र भरत समुत्पन्न हुआ था। पौरव का पुत्र दुष्यन्त था तथा उसका पुत्र अक्रमय हुआ था. ।२।। इस प्रकार से प्राचीन काल मे ययाति के शाप से पहिले जरा के सक्रमण मे तुर्वसु के पौरव वंश ने प्रवेश किया था। ३।। दुष्यन्त का दायाद वभ्रु नाम वाला पार्थिव हुआ था। वभ्रु मे सन्धान वीर पुत्र हुआ था। इसके आत्मज पाण्ड्य-केरल-चोल और चण थे। इनके जनपद भी महान् स्फीत थे जो पाण्ड्येय-चोल और केरल नाम वाले ही हुए थे ।।४, ५।। द्रुह्य के दो पुत्र थे जो बडे ही शूर थे उनके नाम सेतु और केतु थे। सेतु का पुत्र शरद्वान् हुआ था और फिर इसका पुत्र गान्धार नाम वाला था ।।६।। इसी के नाम से महान् देश भी गान्धार ख्यात हुआ था। उसके आरट्ट देश मे उत्पन्न होने वाले तुरगा अश्वों में परम श्रेष्ठ थे ।७।।

गन्धारपुत्रोघ्रमेस्तु धृतस्तस्यात्मजोऽभवत् ।
धृता चविदुषोजज्ञे प्रचेतास्तस्यचात्मज: ।।८
प्रचेतस: पुत्रशतं राजान: सव एव ते ।
म्लेच्छराष्ट्राधिपा: सर्वे उदीचान्दिशमाश्रिता: ।।९
अनोश्चैव सुता वीरास्त्रय. परमधार्मिका: ।
सभानरश्चाक्षुषश्च परमेषु तथैव च ।। १०
सभान स्यपुत्रस्तु विद्वान्कोलाहलो नृप: ।
कोलाहलस्य धर्मात्मा सञ्जयोनामविश्रुत: ।।११
सञ्जयस्याभवत् पुत्रो वीरो नाम पुरञ्जय: ।
जनमेजयो महाराज ! पुरञ्जयसुतोऽभवत् ।।१२
जनमेजयस्य राजर्षेर्महाशालोऽभवत् सुत: ।
आमोदिन्द्रममो राजा प्रतिष्ठितयशाभवत् ।।१३
महामना: सुतस्तस्य महाशालस्य धार्मिक: ।
सतद्वीपेश्वरो जज्ञे चक्रवर्त्ती महामना: ।।१४

उस गान्धार का पुत्र धर्म्म हुआ था और उसका आत्मज धृत नाम वाला था। विद्वान् धृत से प्रचेता ने जन्म प्राप्त किया था ॥८॥ प्रचेता के एक सौ पुत्र हुए थे वे सभी राजा हुए थे। ये सब म्लेच्छ राष्ट्रों के अधिप थे और सभी ने उत्तरी दिशा का समाश्रय ग्रहण किया था। ॥९॥ अनु के तीन परम धार्म्मिक तथा वीर पुत्रों ने जन्म प्राप्त किया था। उन तीनों के नाम सभानर-चाक्षुष और परमेषु ये तीन थे ॥१०॥ सभानर का पुत्र परम विद्वान् कोलाहल नामधारी नृप हुआ था फिर इस कोलाहल का पुत्र भी धर्मात्मा सञ्जय नाम से विश्रुत उत्पन्न हुआ था। ॥११॥ सञ्जय के पुत्र का नाम वीर पुरञ्जय हुआ था। हे महाराज! ये जनमेजय पुरञ्जय के ही आत्मज हुए थे ॥१२॥ राजर्षि जनमेजय महाशाल नाम वाले पुत्र ने जन्म ग्रहण किया था। यह राजा इन्द्र के ही समान प्रतिष्ठित यश वाला हुआ था ॥१३॥ इस महाशाल के महामना नाम वाला परम धार्मिक पुत्र उत्पन्न हुआ था। महामना सातों द्वीपों का स्वामी चक्रवर्ती सम्राट पैदा हुआ था ॥१४॥

महामनास्तु द्वौ पुत्रौ जनयामास विश्रुतौ।
उशीनरञ्च धर्मज्ञं तितिक्षुं चैव तावुभौ ॥१५
उशीनरस्य पुत्रास्तु पञ्चराजर्षिसम्भवाः।
नृगा कृमिरनया दर्शा या च देवी दृषद्वती ॥१६
उशीनरस्य पुत्रास्तु तासुजाताः कुलोद्वहाः।
तपसा ते तु महता जातावृद्धस्यधार्मिका।
नृगायास्तु नृगः पुत्रो नवायानय एवच।
कृमेरपास्तु कृमिजो जज्ञे दर्शाया.सुव्रतोऽभवत् ॥
दृषद्वत्या सुतश्चापि शिबिरौशीनरो नृपः ॥१८
शिबेस्तु शिबयः पुत्राश्चत्वारो लोक विश्रुताः।
वृषदर्भं सुवीरञ्च केकयो भद्रकस्तथा ॥१९
तेषां जनपदाः स्फीताः केकयाभद्रकास्तथा।

सौवीराश्चैवपौराश्च नृगस्यैकेकयास्तथा ॥२०
सुव्रतस्य तथाम्बष्ठा कृशस्य वृषला पुरी।
नवस्य नवराष्ट्रन्तु तितिक्षोस्तु प्रजां शृणु ॥२१

महाराज महामना ने परम प्रसिद्ध दो पुत्रों को जन्म दिया था। उन दोनों मे धर्म का भ्राता एक उशीनर था और दूसरे का नाम तितिक्षु था ॥ १५ ॥ उशीनर के पुत्र पञ्च राजर्षि सम्भव थे। उशीनर की भृशा कृशानवा—दर्शा और दृषद्वती देवी ये पत्नियाँ थी ॥ १६ ॥ उन्ही मे उशीनर के कुल के उद्वहन करने वाले पुत्र समुत्पन्न हुए थे। वे महान् तप के कारण परम धार्मिक हुए थे ॥ १७ ॥ भृशा के पुत्र का नाम नृग था। नवा का नव था। कृशा का कृश हुआ था और दर्शा के पुत्र का नाम सुव्रत था। तथा दृषद्वती के पुत्र का शुभ नाम औशीनर शिवि नृप हुआ था ॥ १८ ॥ राजा शिवि के शिवय चार पुत्र लोक मे परम प्रसिद्ध समुत्पन्न हुए थे। उनके नाम पृथुदर्भ—सुवीर—केकय और भद्रक थे ॥ १९ ॥ उन चारो के जो जनपद थे वे भी अतीव फैले हुए विशाल थे जो उन्हीं के नाम से प्रसिद्ध थे। केकय—भद्रक—सौवीर—पौर तथा नृग केकय थे। सुव्रत को अम्बष्ठा तथा कृश की पुरी का नाम वृषला था। नव के नव राष्ट्र था। अब यहाँ से आगे तितिक्षु की जो प्रजा हुई थी उसको सुनिये ॥२०, २१ ॥

तितिक्षुरभवद्राजा पूर्वस्यां दिशि विश्रुतः।
वृषद्रथः सुतस्तस्य तस्य सेनोऽभवत्सुतः ॥ २२
सेनस्य सुतपा जज्ञे सुतपस्तनयोबलिः।
जातो मानुषयोन्यान्तु क्षीणे वंशे प्रजेच्छया ॥२३
महायोगी तु स बलिर्बद्धो वंशंमहात्मना।
पुत्रानुत्पादयामास क्षेत्रजान्पञ्चपार्थिवान् ॥२४
अङ्गं स जनयामास वङ्गं सुह्मं तथैव च।
पुण्ड्रं कलिङ्गं च तथा बलेय क्षेत्रमुच्यते ॥

वालेया ब्राह्मणाश्चैव तस्य वशकरा. प्रभो ॥२५
बलेश्च ब्रह्मणा दत्तो वरः प्रीतेन धीमत. ।
महायोगित्वमायुश्च कल्पस्य परिमाणकम् ॥२६
सग्रामे चाप्यजेयत्व धर्मे चैवोत्तमा मति. ।
त्रैकाल्यदर्शन चैव प्रधान्य प्रसवे तथा ॥२७
जयश्चामतिम युद्धे धर्मे तत्त्वार्थदर्शनम् ।
चतुरो नियतान् वर्णान् सर्वे स्थापयिताप्रभु. ॥२८
तेषाञ्च पञ्च दायादावङ्गाङ्गा.सुह्मकास्तथा ।
पुण्ड्राः कलिङ्गाश्च तथा अङ्गस्यतुनिबोधत ॥२९

तिसिद्ध पूर्व दिशा मे एक महान् प्रसिद्ध राजा हुआ था। इसके जो पुत्र उत्पन्न हुआ था उसका नाम वृषद्रथ था और इसके पुत्र का नाम सेन था ॥ २२ ॥ सेन के यहाँ सुतपा नामधारी पुत्र ने जन्म लिया था तथा सुतपा का पुत्र बलि हुआ था। वंश के क्षीण होने पर प्रजा की इच्छा से यह मानुष योनि में प्रसूत हुआ था ॥ २३ ॥ यह महान् योगी बलि महात्मा के द्वारा वन्यों से बद्ध हुआ था। इसने क्षेत्रज पाँच पार्थिव पुत्रों को समुत्पादित किया था। उसने अङ्ग—वङ्ग—सुह्म—पुण्ड्र और कलिङ्ग को जन्म दिया था। बातेयक्षेत्र कहा जाता है। हे प्रभो! बातेय और ब्राह्मण उसके वशकर हुए थे ॥ २४, २५ ॥ बुद्धिमान बलि को परम प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने वरदान प्रदान किया था कि महायोगित्व प्राप्त होवे—एक कल्प पर्यन्त आयु हो जावे—संग्राम में अजेयत्व की प्राप्ति हो—धर्म मे अत्युत्तम मति होवे—तीनो कालों के देखने का ज्ञान होवे—प्रजा मे प्रधानता हो तथा युद्ध मे अप्रतिम विजय हो और धर्म मे तत्त्वार्थ का दर्शन प्राप्त होवे। ये सभी ब्रह्माजी के प्रदान किये हुए वरदान थे। वह चारों नियत वर्णों का स्थापन करने वाला प्रभु हुआ था ॥ २६ ॥ २७ ॥ २८ ॥ उनके पाँच दायाद थे—वङ्ग—अङ्ग—

सुह्मक—पुण्ड्र और कलिङ्ग। अब अङ्ग के विषय में ज्ञान प्राप्त करो ॥ २६ ॥

वलिस्तानभिनन्द्याहपञ्चपुत्रानकल्मषान् ।
कृतार्थः सोऽपिधर्मात्मायोगमायावृतःस्वयम् ॥३०
अदृश्यः सर्वभूतानां कालापेक्षः स वै प्रभु. ।
तत्राङ्गस्यतुदायादोराजासीद्दधिवाहनः ॥ ३१
दधिवाहनपुत्रस्तु राजा दिविरथः स्मृतः ।
आसीद्दिविरथापत्य विद्वान् धर्मरथोनृपः ॥३२
स हि धर्मरथः श्रीमांस्तेन विष्णुपदे गिरौ ।
सोमः शुक्रेण वै राज्ञामहपोतो महात्मना ॥३३
अथ धर्मरथस्याभूत् पुत्रश्चित्ररथः किल ।
तस्य सत्यरथः पुत्रस्तस्माद्दशरथः किल ॥३४
लोमपाद इति ख्यातस्तस्य शान्ता सुताभवत् ।
अथ दाशरथिर्वीरश्चतुरङ्गोमहायशाः ॥३५

महाराज बलि ने उन अकल्मष पाँचों पुत्रों का अभिनन्दन किया था और वह धर्मात्मा भी कृतार्थ हो गया था। फिर वह स्वय योग-माया वृत हो गया था ॥ ३० ॥ वह सब प्राणियो से अदृश्य रहते हुए काल की अपेक्षा करने वाला हो गया था। उसमे अङ्ग का जो दायाद था वह दधिवाहन राजा हुआ था ॥ ३१ ॥ दधिवाहन का जो पुत्र हुआ वह दिविरथ नाम से कहा गया था। फिर दिविरथ से जो सन्तति हुई थी वह परम विद्वान् धर्मरथ नृप हुआ था ॥ ३२ ॥ वह धर्मरथ परम श्रीमान् नृप था। उसने विष्णुपद गिरि मे महात्मा शुक्र के साथ राजा ने सोम का पान किया था ॥ ३३ ॥ इसके अनन्तर उस धर्मरथ के यहाँ चित्ररथ नाम वाले आत्मज ने जन्म लिया था। इसका पुत्र सत्यरथ पैदा हुआ था और सत्यरथ से दशरथ ने जन्म ग्रहण किया था ॥ ३४ ॥ वह लोमपाद—इस शुभ नाम से विख्यात हुआ था। इसके शान्ता नाम-

शान्ता एक कन्या हुई थी। इसके अनन्तर दशरथ का पुत्र महान् यश वाला दाशरथि चतुरङ्ग हुआ था।।३५।।

ऋष्यशृङ्गप्रसादेन जज्ञे स्वकुलवर्धनः।
चतुरङ्गस्य पुत्रस्तु पृथुलाक्ष इति स्मृतः ॥३६
पृथुलाक्षसुतश्चापि चम्पनामा बभूव ह।
चम्पस्य तु पुरी चम्पा पूर्वं या मालिनोऽभवत् ॥३७
पूर्णभद्रप्रसादेन हर्यङ्गोऽस्य सुतोभवत्।
जज्ञे विभाण्डकाच्चास्यवारण शुभ्रवारणः ॥३८
अवतारयामास मही मन्त्रैर्वाहनमुत्तमम्।
हर्यङ्गस्य सु दायादो जातो भद्ररथः किल ॥३९
अथ भद्ररथस्यासीत् बृहत्कर्मा जनेश्वरः।
बृहद्भानु सुतस्तस्यतस्माज्जज्ञे महात्मवान् ॥४०
बृहद्भानुस्तु राजेन्द्रो जनयामास वै सुतम्।
नाम्नाजयद्रथं नाम तस्माद्बृहद्रथो नृपः ॥४१
आसीद्बृहद्रथाच्चैवविश्वजिज्जनमेजयः।
दायादस्तस्यधाङ्क्षोवैतस्मात्कर्णोऽभवन्नृप. ॥४२

यह ऋष्यशृङ्ग के प्रसाद से ही कुल के वर्धन करने वाला समुत्पन्न हुआ था। चतुरङ्ग के पुत्र का नाम पृथुलाक्ष कहा गया है ॥३६॥ पृथुलाक्ष के पुत्र चम्प नाम वाला समुत्पन्न हुआ था। चम्प की पुरी चम्पा थी जो पहिले मालिनी की थी ॥ ३७ ॥ पूर्णभद्र के प्रसाद से इसके यहाँ हर्यङ्ग नाम वाले पुत्र ने प्रसव प्राप्त किया था। विभाण्डक से इसके शत्रुओं का वारण करने वाला वारण ने जन्म लिया था। इसने मन्त्रों के द्वारा इस मही मण्डल में उत्तम वाहन अवतारित किया था। हर्यङ्ग का दायाद अर्थात् आत्मज भद्ररथ ने जन्म ग्रहण किया था ॥ ३९ ॥ इसके उपरान्त उस भद्ररथ बृहत्कर्मा जनेश्वर समुत्पन्न हुआ था। उसके पुत्र का नाम बृहद्भानु था और फिर उससे महात्मा वान् ने जन्म प्राप्त किया

था ।। ४० ।। राजाओं में इन्द्र के समान महान् प्रतापी वृहद्भानु ने एक सुत को प्रसूत किया, जिसका नाम जयद्रथ था फिर इससे वृहद्रथ नृप समुत्पन्न हुआ था ।। ४१ ।। इस वृहद्रथ से विश्वजित् जनमेजय ने जन्म प्राप्त किया था । इसका आत्मज अङ्ग हुआ और उस अङ्ग से कर्ण नाम वाले नृप ने जन्म ग्रहण किया था ।। ४२ ।।

कर्णस्य वृषसेनस्तु पृथुसेनस्तथात्मजः ।
एतेऽङ्गस्यात्मजाः सर्वे राजनःकीर्तिता मया ।।
विस्तरेणानुपूर्व्याच्च पूरोस्तु शृणुत द्विजा ।।४३।।
कथं सूतात्मजः कर्णः कथमङ्गस्य चात्मजः ।
एतदिच्छामहेश्रोतुमत्यन्तकुशलोह्यसि ।।४४
वृहद्भानुसुतो जज्ञे राजा नाम्ना वृहन्मनाः ।
तस्य पत्नीद्वय ह्यासीच्छैव्यस्य तनये ह्यु भे ।।
यशोदेवी च सत्या च तयोर्वंशञ्च मे शृणु ।।४५।।
जयद्रथन्तु राजन यशोदेवा ह्यजीजनत् ।
सा वृहन्मनसः सत्या विजयनाम विश्रुतम् ।।४६
विजस्य वृहत्पुत्रस्तस्य पुत्रो वृहद्रथः ।
वृहद्रथस्य पुत्रस्तु सत्यकर्मामहामनः ।।४७
सत्यकर्णोऽधिरथः सूतश्चाऽधिरथः स्मृतः ।
य कर्णं प्रतिजग्राह तेन कर्णस्तु सूतजः ।।
तच्चेद सर्वमास्यातं कर्णं प्रति यथोदितम् ।।४८।।

कर्ण नृप का पुत्र वृषसेन हुआ और फिर इससे पृथुसेन ने जन्म लिया था । इतने ये सब अङ्ग के आत्मज हुए थे जो सभी राजा थे । मैंने इन सबके नामो को बतला दिया है । अब हे द्विजगण ! विस्तारपूर्वक तथा आनुपूर्वी के क्रम से जैसे भी एक के पीछे दूसरा हुआ था उसी पूर्वापर के क्रम से पुरु के विषय में आप लोग श्रवण करो ।।४३।। ऋषियो ने कहा—हे भगवन् ! सूत का आत्मज कर्ण था वह राजा अङ्ग का आत्मज

कैसे हुआ था। हम अब यही सुनना चाहते हैं। आप तो सभी कुछ के ज्ञाता एवं परम कुशल हैं ॥४४॥ श्री सूतजी ने कहा—वृहद्भानु का पुत्र वृहन्मना नाम वाला राजा उत्पन्न हुआ था। इस राजा की दो पत्नियाँ थीं जो कि शैव्य की परम शुभ पुत्रियाँ थी। एक यशोदेवी थी और दूसरी सत्या थी। अब उन दोनों के वंश को मुझसे आप श्रवण कीजिये ॥४५॥ यशोदेवी ने जयद्रथ नाम वाले राजा को प्रसूत किया था, यह जो दूसरी सत्या नाम वाली पत्नी थी उसने वृहन्मना से विजय नाम वाले परम विश्रुत पुत्र को जन्म दिया था ॥ ४६ ॥ विजय का वृहत्पुत्र और फिर इसका पुत्र वृहद्रथ था। इस वृहद्रथ के पुत्र का नाम महामना सत्यकर्मा हुआ था ॥ ४७ ॥ सत्यकर्मा का पुत्र अधिरथ था और वह अधिरथ ही सूत कहा गया था जिसने कर्ण को प्रतिगृहीत किया था। इसी कारण से कर्ण सूतज कहा गया था। यह मैंने सभी कुछ कह दिया है जो कि कर्ण के प्रति कहा गया है ॥४८॥

२७—पूरुवंश वर्णन

पूरोः पुत्रो महातेजा राजा स जनमेजयः।
प्राचीततःसुतस्तस्यमःप्राचोमकरोद्दिशम् ॥१
प्राचीततस्य तनयोमनस्युश्च तथाभवत्।
राजा पीतायुधो नाम मनस्योरभवत् सुतः ॥२
दायादस्तस्यचाप्यासीद्धुन्धुर्नाममहीपतिः।
धुन्धोर्यद्वविध.पुत्रःसम्पातिस्तस्यचात्मज. ॥३
सम्पातेस्तु रहोवर्चा भद्र.श्वस्तचात्मजः।
भद्राश्वस्यघृताचांतुदशाप्सरसि सूनवः ॥४
औचेयुश्च हृषेयुश्च कक्षेयुश्च सनेयुकः।
घृतेयुश्च विनेयुश्च स्थलेयुश्चैव सप्तमः ॥५

। धर्मेयुः सन्ततेयुश्च पुण्येयुश्चेति ते दश ।
औचयोर्ज्वलना नाम भार्या वैतक्षकात्मजा ॥६
तस्या स जनयामास अन्तिनारं महीपतिम् ।
अन्तिनारो मनस्विन्या पुत्रान् जज्ञे परान् सुभान् । ७

पूरु का पुत्र महान् तेज वाला वह राजा जनमेजय हुआ था। उससे फिर प्राची नाम धारी पुत्र हुआ था जिसने प्राची दिशा को किया था ॥१॥ उसके पुत्र का नाम प्राचीत था और फिर इसका तनय मनस्यु हुआ था। मनस्यु का सुत पीतायुध राजा हुआ था ॥२॥ उसका भी दायाद धुन्धु नाम वाला महीपति हुआ था। धुन्धु के यहां बहुविध नामक पुत्र ने जन्म लिया था फिर इसका आत्मज सम्पति प्रसूत हुआ था ॥३॥ सम्पति का दायाद रहवर्चा था और इसका पुत्र भद्राश्व ने प्रसव प्राप्त किया। भद्राश्व के घृता नाम वाली अप्सरा में दश पुत्र समुत्पन्न हुए थे। ॥४॥ उन दशों के नाम औचेयु—हूपेयु—कक्षेयु—सनेयुक—धृतेयु—विनेयु—स्थनेयु—धर्मेयु—सन्ततेयु और पुण्यतेयु ये थे। औचेयु की ज्वलना नाम वाली भार्या थी जो कि तक्षक की आत्मजा थी ॥५, ६॥ उस भार्या में औचेयु ने अन्तिनार नामक महीपति को जन्म ग्रहण कराया था। उस अन्तिनार ने मनस्विनी नाम वाली भार्या में परम शुभ पुत्रों को जन्म प्रदान किया था ॥७॥

अमूर्तरयसवोरं त्रिवतञ्चैवधार्मिकम् ।
गौरी कन्या तृतीया च मान्धातुर्जननी शुभा ॥८
इलिनातुयमस्यामीत्कन्यायाजनयत् सुतान् ।
ब्रह्मवादपराञ्छम्भमात्रिलिनाह्यभत् ॥९
उपदानवो सुतान् लेभे चतुरस्त्रिवलिनात्मजात् ।
ऋष्यन्तमथ दुष्यन्तं प्रवीरमनघ तथा ॥१०
चक्रवर्त्ती तता जज्ञे दुष्यन्तात् समितिञ्जयः ।
शकुन्तलाया भगवो यस्य नाम्नाचभारता. ॥११

दौष्यन्तिं प्रति राजानं वागूचे चाशरीरिणी ।
माताभस्त्रापितुःपुत्रोयेनजात.सएवसः ॥१२
भर स्वपुत्रं दुष्यन्त ! मावमंस्थाः शकुन्तलाम् ।
रेतोधा नयते पुत्र.परेत यमसादनात् ॥
त्व चास्य धाता गर्भस्य सत्यमाह शकुन्तला ॥१३
भरतस्य विनष्टेषु तनयेषु पुरा किल ।
पुत्राणामातृकात कोपात् मुमहान् सत्क्रय: कृत. ॥१४
ततो मरुद्भिरानीय पुत्र: स तु बृहस्पतेः ।
सक्रामितो भरद्वाजो मरुद्भिर्भरतस्य तु ॥१५

उन पुत्रों के नाम अमूर्त्तरय संवीर और परम धार्मिक विवन थे। तीसरी गोदी नाम वाली कन्या थी जो मान्धाता की मुख जननी हुई थी। ॥८॥ इलिना यम की कन्या थी जिसने सुतों को समुत्पन्न किया था। ये ब्रह्मवाद में पराक्रान्त हुए थे और इलिना सुम्मदा हुई थी ॥९॥ उपदानवी ने इलिना के आत्मज से चार पुत्रों का जन्म प्राप्त किया था उन चारों के नाम ऋष्यन्त—दुष्यन्त—प्रवीर और अनघ थे ॥१०॥ इसके पश्चात् राजा दुष्यन्त से चक्रवर्ती समितिञ्जय ने जन्म ग्रहण किया था तथा शकुन्तला नाम वाली पत्नी से भरत नाम वाला महान् प्रतापी राजा उत्पन्न हुआ था जिसके नाम से भारत हुए हैं ॥११॥ राजा दौष्यन्ति के प्रति बिना शरीर वाली वाणी ने कहा था कि माता भस्त्रा पिता का पुत्र है जिससे यह ही समुत्पन्न हुआ है। हे दुष्यन्त ! अपने पुत्र का भरण करो और इस रेतोधा शकुन्तला का अपमान मत करो। पुत्र परेत को यम सदन से प्राप्त किया करता है। आप ही इसके गर्भ के धाता हैं—यह बात शकुन्तला जो इस समय में कह रही है वह बिल्कुल सत्य है ॥१२, १३॥ पुरातन समय में निश्चय ही भरत के पुत्रों के विनष्ट हो जाने पर मातृक कोप से पुत्रों का महान् सत्क्रय किया गया था ॥१४॥ इसके अनन्तर यह बृहस्पति का पुत्र मरुतों के द्वारा भरद्वाज ने भरत को सक्रामित किया था ॥१५॥

ततो जाते हि वितथे भरतश्च दिवं ययौ ।
भरद्वाजो दिव यातो ह्यभिषिच्यसुतं ऋषिः ॥१६
दायदो वितथस्यासीद्भुवमन्युर्महायशाः ।
महाभूतोपमाः पुत्राश्चत्वारो भुवमन्यवः ॥१७
वृहत्क्षेत्रो महावीय. नरो गर्गश्च वीर्य्यवान् ।
नरस्य सङ्कृतिः पुत्रस्तस्य पुत्रो महायशा. ॥१८
गुरुधीरन्तिदेवश्च सत्कृत्यान्तावुभौ स्मृतौ ।
गर्गस्य चैव दायादः शिबिर्विद्वानजायत ॥१९
स्मृताः शैव्यास्ततो गर्गाः क्षत्रोपेता द्विजातयः ।
आहायतनयश्चैव धीमानासोदुरुक्षवः ॥२०
तस्य भार्या विशाला तु सुषुवे पुत्रकत्रयम् ।
त्र्यरुणं पुष्करिं चैव कविं चैव महायशाः ॥२१

इसके अनन्तर वितथ के समुत्पन्न होने पर भरत दिवलोक को चला गया था । भरद्वाज ऋषि भी सुत का अभिषेक करके दिवलोक को चले गये थे ॥१६॥ वितथ नामधारी महीपति का आत्मज महान् यश वाला भुवमन्यु समुत्पन्न हुआ था । इस भुवमन्यु के महाभूतों के तुल्य चार पुत्रों ने जन्म ग्रहण किया था । इन चारों के नाम वृहत्क्षेत्र—महा वीर्य्य—नर और वीर्य्यवान् गर्ग थे । इस नर का पुत्र संकृति हुआ था और सकृति का सुत महायशा समुत्पन्न हुआ था ॥१७, १८॥ गुरुधी और अन्तिदेव ये उनके नाम थे । ये दोनों सत्कृत्यान्त कहे गये थे । गर्ग का जो दायाद उत्पन्न हुआ था उसका नाम शिबिया और वह बहुत बड़ा विद्वान् हुआ था । इसके उपरान्त गर्ग शैव्य और क्षत्रोपेत द्विजाति कहे गये हैं । आहार्य का पुत्र परम बुद्धिमान् दुरुक्षव उत्पन्न हुआ था ॥१९, २०॥ उसकी भार्य्या विशाला थी जिसने तीन पुत्रों को प्रसूत किया था । ये महान् यश वाले थे और इन तीनों के नाम त्र्यरुण—पुष्करि और कवि थे ॥२१॥

उरुश्रवाः स्मृता ह्येते सर्वे ब्राह्मणताङ्गताः ।
काव्यानान्तु वरा ह्येते त्रयः प्रोक्तामहर्षयः ॥२२
गर्गाः सकृतयः काव्याः क्षत्रोपेताद्विजातयः ।
सभृताङ्गिरसो दत्ता बृहत्क्षत्रस्यचक्षितिः ॥२३
बृहत्क्षत्रस्य दायादो ह्यस्तिनामा बभूव ह ।
तेनेदं निर्मितं पूर्वं पुरन्तु गजसाह्वयम् ॥२४
हस्तिनश्चैव दायादास्त्रयः परमकीर्त्तयः ।
अजमीढो द्विमीढश्च पुरुमीढस्तथैव च ॥२५
अजमीढस्य पत्न्यस्तु तिस्रः कुरुकुलोद्वहाः ।
नीलिनीधूमिनीचैव केशिनी चैव विश्रुताः ॥२६
तासु जनयामास पुत्रान् वै देववर्चसि ।
तपसाऽन्तेमहातेजा जाता बृहस्यधार्मिकाः ॥ ७
भारद्वाजप्रसादेन विस्तरं तेषु मे शृणु ।
अजमीढस्य कैशन्यां ऋक्षः समभवत्किल ॥२८

ये सब ब्राह्मणत्व को प्राप्त उरुश्रव—इस नाम से विख्यात हुए थे। काव्यों के श्रेष्ठ ये तीनों महर्षि कहे गये थे ॥ २२ ॥ गर्ग—सकृत—काव्य—क्षत्री से उत्पन्न द्विजाति—सभृताङ्गिरस—दत्त बृहत्क्षत्र क्षितिज ये सब हुए थे। इनमें बृहत्क्षत्र का दायाद हस्ति नाम वाला उत्पन्न हुआ। उसी ने इस गजसाह्वयपुर को पूर्व में निर्मित किया था ॥ २२, २३ ॥ २४ ॥ इस हस्ति के तीन पुत्रों ने जन्म लिया और ये परमोत्तम कीर्ति-शाली थे। इनके नाम अजमीढ—द्विमीढ और पुरुमीढ थे ॥ २५ ॥ अज-मीढ की कुरु कुल के उद्वहन करने वाली तीन पत्नियाँ थीं। इनके शुभ नाम नीलिनी—धूमिनी और केशिनी विश्रुत थे ॥ २६ ॥ उस राजा ने उन तीनों पत्नियों में देवोपवर्चस के तुल्य वर्चस वाले पुत्रों को प्रसूत किया था। ये तपश्चर्या की अन्तिम सीमा वाले—महान् तेजस्वी और परम धार्मिक हुए थे ।२७। अब महर्षि भरद्वाज के प्रसाद से उनके विषय

में विस्तार का श्रवण आप लोग मुझसे भली भाँति करिये। अज उस अजमीढ़ का पुत्र केशिनी में जो उत्पन्न हुआ था उसका नाम कण्व था ॥ २८ ॥

मेधातिथिः सुतस्तस्य तस्मात्काण्वायना द्विजाः।
अजमीढस्य भूमिन्यांजज्ञे बृहदनुर्नृपः ॥२९
बृहदनोर्बृहन्तोऽथ बृहन्तस्य बृहन्मनाः।
बृहन्मनः सुतश्चापि बृहद्धनुरितिः श्रुतः ॥३०
बृहद्धनोर्बृहदिपुः पुत्रस्तस्य जयद्रथः।
अश्वजित्तनयस्तस्य सेनजित्तस्य चात्मजः ॥३१
अथ सेनजितः पुत्राश्चत्वारो लोकविश्रुताः।
रुचिराश्वश्चकाव्यश्च राजा दृढरथस्तथा ॥३२
वत्सश्चावतको राजा ग्रस्यैते परिवत्सकाः।
रुचिराश्वस्य दायाद.पृथुसेनो महायशाः ॥३३
पृथुसेनस्य पौरस्तु पौरार्नीपोऽथ जज्ञिवान्।
नीपस्यैकशतन्वासीत् पुत्राणाममितौजसाम् ॥३४
नीपा इति समाख्याताःराजानः सर्वएवते।
तेषावंशकरःश्रीमान् नीपाना कीर्त्तिवर्द्धनः ॥३५

उस कण्व के पुत्र का नाम मेधातिथि था इसलिये ये काण्वायन द्विज कहे गये थे। उसी अजमीढ का भूमिनी नाम वाली पत्नी मे बृहदनु नृप ने जन्म प्राप्त किया था ॥ २९ ॥ बृहदनु का पुत्र बृहन्त और इसके जो पुत्र हुआ वह बृहन्मना नामधारी था। इसके सुत का नाम बृहद्धनु था जो कि विश्रुत था ॥ ३० ॥ बृहद्धनु का दायाद बृहद्दिपु था और इसके आत्मज का नाम जयद्रथ हुआ। जयद्रथ का सुत अश्वजित और इसका पुत्र सेनजित समुत्पन्न हुआ था ॥३१॥ इस सेनजित के चार पुत्रो ने जन्म ग्रहण किया था जो लोक मे अधिक विश्रुत थे। जिनके नाम ये थे—रुचिराश्व—काव्य—राजा दृढ़रथ—वत्स और आवर्त्तक राजा था जिसके

था इसने वराश्रम मे अत्यन्त घोर तपस्या की थी। स्थाणु भूत होकर आठ सहस्र वर्ष तक तप किया था उनको जनमेजय ने सेवित किया था ॥४३॥ उनके राज्य को प्रतिश्रुत करके उस प्रभु ने नीपों का हनन किया था। विविध प्रकार के सान्त्वना के वचन बोला था। उन्होने दोनों का हनन कर दिया था ॥४४॥ हन्यमान गये हुओ से बोला था कि जिस कारण से मेरा वचन नही है। इसी से शरणागत रक्षा के लिये मैं आपको शाप दे देता हू ॥४५॥ यदि मेरा तप तप्त है तो यमराज आप सबको ही ले जावे। इसके पश्चात् यम के द्वारा कुध्यमाण उनको आगे होकर उसने अत्यन्त दया से समाविष्ट होकर जनमेजय से कहा था कि गये हुए इन मेरे वीरो की आप रक्षा करने के योग्य हैं ॥४६, ४७॥ जनमे जय ने कहा—अरे पापिगो! हे दुष्ट आचार वालो! इसके किङ्कर हो ओगे। इसके पश्चात् तथा इस प्रकार से कहे गये उस राजा ने चिर काल तक यम के साथ युद्ध किया था। नारकीय घोर व्याधियो से यम के साथ यत्नपूर्वक उनको विमित करके मुनि को दे दिया था—यह सब परम अद्भुत सा ही हुआ था ॥४८, ४९॥

यमस्तुष्टस्ततस्तस्मै मुक्तिज्ञानं ददौ परम्।
सर्वे यथोचितकृत्या जग्मुस्तेकृष्णमव्ययम् ॥५०
येषान्तु चरित गृह्य हन्यन्ते नापमृत्युभिः।
इह लोके परे चव शुभमत्तव्यमश्नुते ॥५१
अजमीढस्य धूमिन्यां विद्वाञ्जज्ञेपवीनरः।
धृतिमान्तस्य पुत्रस्तु तस्य सत्यधृतिस्मृतः॥
अथ सत्यधृतेः पुत्रो दृढनेमिः प्रतापवान् ॥५२
दृढनेमिरुतश्चापि सुधर्मा नाम पार्थिवः।
आसोत् सुतमंतनय. सार्वभौमः प्रतापवान् ॥५३
सार्वभौमेति विख्यातः पृथिव्यामेकराड्यमौ।
तस्यान्ववाय महति महापौरवनन्दन. ॥५४

महापौरवपुत्रस्तु राजा रुक्मरथः स्मृतः ।
अथरुक्मरथःस्यासोत् सुपार्श्वोनामपार्थिवः ॥५५
सुपार्श्वतनयश्चापि सुमतिर्नाम धार्मिकः ।
सुमतेरपि धर्मात्मा राजा सन्नतिमानपि ॥५६

इसके अनन्तर यमराज उससे परम सतुष्ट हो गया था और उसने परम मुक्ति का ज्ञान प्रदान किया था । सबने फिर यथोचित किया था और फिर वे प्रकाश श्री कृष्ण के समीप चले गये थे ॥५०॥ जिनके चरित्र को ग्रहण करके अपमृत्युओं से कभी भी हन्यमान नही हुआ करते हैं । इस लोक मे और परलोक मे उभयत्र अक्षय्य सुख का उपभोग किया करता है ॥५१॥ अजमीढ की एक पत्नी धूमिनी नाम वाली थी उस मे परम विद्वान् यवीनर ने जन्म प्राप्त किया था । उसका पुत्र धृतिमान् और इसका पुत्र फिर सत्यधृति समुत्पन्न हुआ था । इसके पश्चात् सत्यधृति का दायाद महान् प्रताप वाला दृढनेमि हुआ था ॥५२॥ इस दृढनेमि से सुधर्मा नामधारी राजा ने जन्म ग्रहण किया था । इस सुधर्मा का पुत्र प्रताप वाला सार्वभौम हुआ था ॥५३॥ यह सार्वभौम-इसी नाम से विख्यात था यह इस पृथिवी म एक ही राजा शोभित हुआ था । उस के वश मे जो एक महान् था महापौरव नाम वाला पुत्र समुत्पन्न हुआ था ॥५४॥ इस महापौर का जो पुत्र हुआ था वह राजा रुक्मरथ नाम से कहा गया था । इसके पश्चात् इसका जो दायाद उत्पन्न हुआ था वह सुपार्श्व नाम वाला महीपति था ॥५५॥ सुपार्श्व का पुत्र परम धार्मिक सुमति प्रसूत हुआ था । इस सुमति का आत्मज भी अत्यन्त धर्मात्मा राजा सन्नतिमान् था ॥५६॥

तस्यासोत् सन्नतिमतः कृतो नाम सुतो महान् ।
हिरण्यनाभिनःशिष्य.कौशल्यस्यःकौशलस्यमहात्मन॥५७
चतुर्विंशतिधा येन प्रोक्ता व सामसंहिताः ।
स्मृतास्तेप्राच्यसामानःकार्तानामेहसामगाः ॥५८

कार्तिरुग्रायुधः सो वै महापौरववर्द्धनः ।
बभूव येन विक्रम्य पृथुकस्य पिता हतः ॥५९
नालो नाम महाराजः पञ्चालाधिपतिर्वशी ।
उग्रायुधस्य दायादः क्षेमा नाम महायशाः ॥६०
क्षेमात् सुनीथः सजज्ञे सुनीथस्य नृपञ्जयः ।
नृपञ्जयाच्च विरथ इत्येते पौरवाः स्मृताः ।।६१

इस सन्नतिमान् का पुत्र कृत नाम वाला एक महान् पुरुष हुआ था । यह महान् आत्मा वाले हिरण्य नाम कौशल्य का शिष्य था ॥५७॥ जिसने सामवेद की संहिता के चौबीस भेद कहे हैं । वे प्राच्य सामान स्मृत किये गये हैं यहाँ पर कार्त्तों के सामग थे ॥५८॥ वह उग्रायुध कीर्ति महा पौरव वर्द्धन हुआ था जिसने अपना विक्रम करके पृथुक के पिता को हत कर दिया था ॥ ५९ ॥ नील नाम वाला महाराज वशी और पञ्चाल का अधिपति था । उग्रायुध के दायाद का नाम महायशस्वी क्षेम था । क्षेम से सुनीथ हुआ और सुनीथ का पुत्र नृपञ्जय था । नृपञ्जय से विरथ हुआ था—ये सब पौरव कहे गये थे ॥६०, ६१ ॥

२८—कुरुवंश वर्णन

अजमीढस्य नीलिन्यां नीलः समभवन्नृपः ।
नीलस्य तपसोग्रेण सुशान्तिरुपपद्यत ॥ १

पृरुजानुः सुशान्तेस्तु पृथुस्तु पुरुजानुतः ।
भद्राश्व. पृथुदायादो भद्राश्वतनयान्शृणु ॥२

मुद्गलश्च जयश्चैव राजा बृहदिषुस्तथा ।
यवीनरश्च विक्रान्तः कपिलश्चैव पञ्चमः ॥३

पञ्चानाञ्चैव पञ्चलानेतान् जनपदान् विदुः ।
पञ्चाल रक्षिणो ह्येते देशानामिति नः श्रुतम् ॥४
मुद्गलस्यापिमौद्गल्या क्षत्रोपेता द्विजातयः ।
एते ह्यङ्गिरसः पक्ष सश्रिताः काण्वमुद्गलाः ॥५
मुद्गलन्यमुनाजज्ञे ब्रह्मिष्ठ सुमहायशाः ।
इन्द्रसेनःसुतस्तस्य विन्ध्याश्वस्तस्यचात्मजः ॥६
विन्ध्याश्वान्मिथुनं जज्ञे मेनकायामितिश्रुतिः ।
दिवोदासश्च राजार्षिरहल्याचयशस्विनी ॥७

महा महर्षि श्री सूतजी ने कहा—अजमीढ की एक पत्नी का नाम नलिनी था उसमे नील नृप ने जन्म ग्रहण किया था। नील का अति उग्रतप था उसके प्रभाव से उसके सुशान्ति नाम वाले पुत्र की समुत्पत्ति हुई थी ॥१॥ सुशान्ति का सुत पुरुजानु और इसका आत्मज पृथु उत्पन्न हुआ था। पृथु का पुत्र भद्राश्व हुआ था। अब भद्राश्व के जो तनय समुत्पन्न हुए थे उनके विषय मे श्रवण करिए ॥२॥ मुद्गल—जय राजा वृहदिषु—यवीनर और पाँचवाँ महान् विक्रमशाली कपिल था ॥३॥ इन पाँचों के ही ये पञ्चाल जनपद हुए थे। हमने ऐसा श्रवण किया है कि पञ्चाल देशो के ये रक्षा करने वाले महीपति हुए हैं ॥४॥ मुद्गल के भी जो हुए थे वे मौद्गल्य क्षत्रोपेत द्विजाति थे। ये काण्व मुद्गल अङ्गिरस पक्ष के सश्रय करने वाले हुए थे ॥५॥ मुद्गल के जो सुत समुत्पन्न हुआ था वह सुन्दर और महान यश वाला ब्रह्मिष्ठ था। इसका पुत्र इन्द्रसेन नामधारी हुआ था तथा फिर इस इन्द्रसेन का सुत विन्ध्याश्व हुआ। इस विन्ध्याश्व से मेनका मे एक जोडा समुत्पन्न हुआ था—ऐसा सुना जाता है। दिवोदास एक राजर्षि हुआ था और परम यशस्विनी अहल्या ने जन्म ग्रहण किया था ॥६, ७॥

शरद्वतस्तु दायादमहल्या सम्प्रसूयत ।
शतानन्दमृषिश्रेष्ठ तस्यापि सुमहातपाः ॥८

सुत. सत्यधृतिर्नाम धनुर्वेदस्य पारग:।
आसीत् सत्यधृते: शुक्रममोघ धार्मिकस्य तु ॥९
स्कन्न रेत. सत्यधृतेर्दृष्ट्वा चाप्सरसजले।
मिथुन तत्र सम्भूत तस्मिन् सरसिसम्भृतम् ॥१०
तत सरसि तस्मिस्तु क्रममाण महीपति.।
दृष्ट्वा जग्राह कृपया शन्तनुर्मृगया गत: ॥११
एते शरद्वत:पुत्रा आख्याता गौतमा वरा:।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि दिवोदासस्यवैप्रजा: ॥१२
दिवादासस्य दायादो धर्मिष्ठो मित्रयुर्नृप:।
मैत्रायणावर: सोऽथमैत्रेयस्तुतत स्मृत: ॥१३
एतेवध्यायते. पक्षा क्षत्रोपेतास्तु भार्गवा:।
राजा चैद्यवरो नाममैत्रेयस्य सुत स्मृत ॥१४

उस अहल्या ने शरद्वान् से एक दायाद का प्रसव किया था जो शतानन्द परम श्रेष्ठ ऋषि थे। उसके भी महान् तपस्वी सत्यधृति नाम वाला सुत समुत्पन्न हुआ था जो धनुर्विद्या पारगामी श्रेष्ठ विद्वान था। परम धार्मिक उस सत्यधृति का शुक्रवीर्य अमोघ था ॥८, ९॥ उस सत्यधृति का वीर्यजल में स्कन्न हो गया था। उसको देख कर वहा पर सरोवर मे अप्सराओं का एक मिथुन सम्भूत हो गया था ॥१०॥ इसके पश्चात् उस सर मे क्रममाण होते हुए उसको देखकर मृगया करने के लिये गये हुए महीपति शन्तनु ने कृपा करके उसे ग्रहण कर लिया था ॥११॥ ये सब गौतम वर शरद्वान् के पुत्र विख्यात हुए थे। अब इसके आगे मैं दिवोदास की जो सन्तति समुत्पन्न हुई थी उसे बतलाता हू ॥१२॥ दिवोदास का पुत्र अतीव धर्म्मिष्ठ नृप मित्रयु उत्पन्न हुआ था। वह मैत्रायण वर था और और इसके अनन्तर मैत्रेय कहा गया था ॥१३॥ ये वध्यायति के पक्ष है जो क्षत्रोपेत भार्गव थे। मैत्रेय के पुत्र का नाम चैद्यवर हुआ था ॥१४॥

अथचैद्यवरात् विद्वान् सुदासस्तस्यचात्मजः ।
अजमीढ.पुनर्जातःक्षीणेवंशेतुसोमकः ॥१५
सोमकस्य सुतोजन्तुर्हते तस्मिन् शतं वभौ ।
पुत्राणामजमीढस्य सोमकस्य महात्मनः ॥१६
महिषीत्वजमीढस्य धूमिनी पुत्रवर्धिनी ।
पुत्राभावे तपस्तेपे शत वर्षाणि दुश्चरम् ॥१७
हुत्वाग्नि विधिवत् सम्यक् पवित्रीकृतभोजना ।
अग्निहोत्रक्रमेणैव सा सुष्वाप महाव्रता ॥१८
तस्यां वै धूमवर्णायामजमीढ· समीयिवान् ।
ऋक्षं सा जनयामासधूमवर्णं शताग्रजम् ॥१९
ऋक्षात् सवरणोजज्ञे कुरुः सवरणात्ततः ।
यः प्रयागमयिक्रम्य कुरुक्षेत्रमकल्पयत् ॥२०
कृष्यतस्तु महाराजो वर्षाणि सुबहून्यथ ।
कृष्यमाणस्ततः शक्रोभयात्तस्मै वरन्ददौ ॥२१

इसके उपरान्त उस चैद्यवर से विद्वान् सुदास उसका पुत्र उत्पन्न हुआ था । अजमीढ पुनः क्षीण वंश मे सोमक नाम से समुत्पन्न हुआ था । ॥१५॥ सोमक का पुत्र जन्तु हुआ था जो उसके हत हो जाने पर सौ वर्ष तक दीप्तिमान् रहा था । महात्मा अजमीढ सोमक के पुत्रो मे यह ऐसा हुआ था ॥१६॥ अजमीढ की एक पत्नी धूमिनी थी जो पुत्र वर्धिनी थी : उसने पुत्रो के अभाव मे सौ वर्ष पर्यन्त परम दुश्चर तपश्चर्या की थी । ॥१७॥ विधि—विधान के साथ भली भाँति अग्नि मे हवन करके पवित्री-कृत भोजन वाली वह रहा करती थी । इस तरह अग्निहोत्र के क्रम से ही वह महान् व्रत वाला शयन करती थी ॥१८॥ उस धूम्र वर्णा मे अजमीढ प्राप्त हो गया था और उसने धूम्र वर्ण शताग्रज ऋक्ष को प्रसूत किया था ॥१९॥ फिर उस ऋक्ष से सवरण ने जन्म प्राप्त किया था और सवरण से कुरु की समुत्पत्ति हुई थी । जिसने प्रयाग अतिक्रमण करके

कुरुक्षेत्र की कल्पना की थी ॥२०॥ बहुत वर्षों तक महाराज कृष्य हुए थे इस प्रकार से जब कृष्यमाण हुए तो इन्द्र ने भय से उसको वरदान दिये थे ॥२१॥

पुण्यञ्चरमणं यच्चकुरुक्षेत्रन्तु तत्स्मृतम् ।
तस्यान्वयाय.सुमहान् यस्यानाम्नातुकौरवाः ।.२२
कुरोस्तु दयिताः पुत्राः सुधन्व. जह्नु रेवच ।
परीक्षिच्चमहातेजा.प्रजनश्चारिमदनः ॥२३
सुधन्वनस्तुदायाद.पुत्रो मतिमतावरः ।
च्यवनस्तस्य पुत्रस्तु राजा धर्मार्थतत्त्ववित् ॥२४
च्यवनस्य कृमि. पुत्र ऋक्षाज्जज्ञे महातपाः ।
कृमे पुत्रो महावीय ख्यात इन्द्रसमो विभुः ॥२५
चौद्योपरिचरा वीरो वसुर्नामान्तरिक्षग. ।
नौद्यो परिचराज्जज्ञे गिरिका सप्त वै सुतान् ॥२६
महारथा मगधराट् विश्रुतो यो बृहद्रथः ।
प्रत्यश्रवा. कुशश्चैव चतुर्थो हरिवाहनः ॥२७
पञ्चमश्च यजुश्चैव मत्स्य. कालीच सप्तमी ।
बृहद्रथस्य दायाद कुशाग्रो नामविश्रुतः ॥२८

परम पुण्यमय और अत्यन्त रमणीय वह कुरुक्षेत्र विख्यात हुआ था । उसका वन भी बहुत विशाल था जिसके नाम से ये सब कौरव हुए हैं ॥ २२ ॥ महाराज कुरु के प्रिय पुत्र सुधन्वा और जह्नु थे । तथा महान् तेजयुक्त परीक्षित और शत्रुओं का मर्दन करने वाला प्रजन था ॥ २३ ॥ उस सुधन्वा का पुत्र मतिमानों में परम श्रेष्ठ च्यवन हुआ जो धर्मार्थ तत्त्व का वेत्ता राजा हुआ था ॥ २४ ॥ च्यवन के पुत्र का नाम कृमि था जो महान् तपस्वी ऋक्ष से समुत्पन्न हुआ था । इस कृमि का पुत्र इन्द्र के समान विभु और महावीर्य ख्यात हुआ था ॥ २५ ॥ चौद्य परिचर वीर वसु नाम वाला अन्तरिक्ष गामी था । चौद्य ने परिचर से

गिरिका सात सुतों को जन्म दिया था ॥ २६ ॥ मगधराट् महारथ था जो वृहद्रथ विश्रुत हुआ । प्रत्यग्रगा—कुश और चोथा हरिवाहन था ।२७। पाँचवाँ यदु तथा मत्स्य और काली सप्तमी सन्तति थी । वृहद्रथ का पुत्र कुशाग्र नाम वाला विश्रुत हुआ था ॥२८॥

कुशाग्रस्यात्मजश्चैव वृषभो नामवीर्यवान् ।
वृषभस्यतु दायादः पुण्यवान्नाम पार्थिवः ॥२९
पुण्य पुण्यवतश्चैव राजासत्यधृतिस्ततः ।
दायादस्तस्य धनुपस्यस्मात् सर्वश्चजज्ञिवान् ॥३०
सर्वस्य सम्भवः पुत्रस्तस्माद्राजा वृहद्रथः ।
द्वे तस्य शकले जातेजरया सन्धितश्चसः ॥३१
जरया सन्धितो यस्माज्जरासन्धस्ततः ।
जेता सर्वस्य क्षत्रस्य जरासन्धो महाबलः ॥३२
जरासन्धस्य पुत्रस्तु सहदेवःप्रतापवान् ।
सहदेवात्मजःश्रीमान् सोमवित्स महातपाः ॥३३
श्रुतश्रवास्तु सोमादेर्मागधा परिकीर्तिताः ।
जह्नुस्त्वजनयत् पत्रं सुरथ नामभूमिपम् ॥३४
सुरथस्यतु दायादो वीरो राजा विदूरथः ।
विदूरथसुतश्चापि सार्वभौम इष्टि स्मृतः ॥३५

इस कुशाग्र का पुत्र वृषभ नामधारी था जो अत्यन्त वीर्य वाला हुआ था । इस वृषभ का दायाद पुण्यवान् नाम वाला पार्थिव समुत्पन्न हुआ था । पुण्यवान् का पुत्र पुण्य हुआ और राजा सत्यधृति हुआ था । इसका जो दायाद हुआ था वह धनुप था और इससे सर्व ने जन्म प्राप्त किया ॥ २९, ३० ॥ सर्व के सम्भव सुत हुआ और फिर इससे राजा वृहद्रथ हुआ था । उसके दो खण्ड हो गये थे जरा से और सन्धि से हुए थे ॥ ३१ ॥ क्योंकि जरा और सन्धि से ऐसा हुआ था इसलिये वह जरा सन्ध नाम वाला हो गया था । यह समस्त क्षत्रियों को जीत लेने वाला

जरासन्ध महान् बलवान् हुआ था ।। ३२ ।। इस जरासन्ध का पुत्र प्रताप-शाली सहदेव उत्पन्न हुआ। सहदेव का आत्मज श्रीमान् सोमवित् था और वह महा तपस्वी था ।। ३३ ।। फिर सोमादि से श्रुतश्रवा हुआ था। ये सब मागध नाम से ही परिकीर्तित हुए हैं। जह्नु ने सुरथ नामक भूमिपति पुत्र को उत्पन्न किया था ।। ३४ ।। इस सुरथ का दायाद परम वीर राजा विदूरथ हुआ और विदूरथ का पुत्र सार्वभौम नाम से प्रसिद्ध हुआ ।। ३५ ।।

सार्वभौमात् जयत् सेनो रुचिरस्तस्य चात्मजः ।
रुचिरात्तु ततो भौमस्त्वरितायुस्ततोऽभवत् ।।३६
अक्रोधनस्त्वायुसुतस्तस्माद्देवातिथिः स्मृतः ।
देवातिथेस्तु दायादो दक्ष एव बभूव ह ।।३७
भीमसेनस्ततोदक्षाद्दिलीपस्तस्यचात्मजः ।
दिलीपस्यप्रतीरस्तुतस्य पुत्रास्त्रय स्मृताः ।।३८
देवापिः शान्तनुश्चैवते बाह्लीकश्चैवते त्रयः ।
बाह्लीकस्य तु दायादाः सप्त बाह्लीश्वरानृप ।
देवापिस्तु ह्यपध्यातः प्रजाभिरभवन् मुनि. ।।३९
प्रजाभिस्तु किमर्थं वै अपध्यातो जनेश्वरः ।
को दोषो राजपुत्रस्य प्रजाभि समुदाहृतः ।।४०
किलासीद्राजपुत्रस्तुकुष्टित नाभ्यपूजयन् ।
भविष्यंतीतंयिष्यामिशन्तनोस्तुनिबोधत ।।४१
शन्तनुस्त्वभवद्राजा विद्वान् सो वै महाभिषक् ।
इद चोदाहरन्त्यत्र श्लोक प्रति महाभिषक् ।।४२

सार्वभौम से जयत्सेन ने जन्म ग्रहण किया तथा फिर इसका पुत्र रुचिर उत्पन्न हुआ। रुचिर का पुत्र भौम और भौम का सुत त्वरिताय हुआ ।। ३६ ।। त्वरितायु का अक्रोधन और फिर इससे देवतिथि ने समुत्पत्ति प्राप्त की थी। देवातिथि का दायाद दक्ष नाम वाला हुआ

॥ ३७ ॥ उस दक्ष से भीमसेन ने जन्म प्राप्त किया था और इसका आत्मज दिलीप हुआ था। दिलीप का पुत्र प्रतीप उत्पन्न हुआ और इसके फिर तीन पुत्र बताये गये हैं॥ ३८॥ वे तीन देवापि— शान्तनु और बाह्लीक ये थे। बाह्लीक के दायाद हे नृप! सात बाह्लीश्वर हुए थे॥ ३९॥ देवापि अप ध्यात होकर प्रजाओं से फिर मुनि हो गया। मुनिगण ने कहा—वह जनेश्वर प्रजाओं से किस प्रकार अपध्यात हो गया था। प्रजाओं ने उस राजपुत्र का कौनसा दोष बतलाया था? ॥ ४० ॥ सूतजी ने कहा—वह राजपुत्र कुष्ठित था अतएव प्रजाओं ने उसका पूजन नहीं किया। मैं भविष्य का कीर्तन करूँगा अब शन्तनु के विषय में समझ लो॥ ४१॥ शन्तनु जो राजा हुआ था परमोच्च कोटि का विद्वान् था और महान् भिषक् भी था। इस विषय में यह श्लोक उस महाभिषक् के सम्बन्ध में उदाहृत किया जाता है॥४२॥

य यं कराभ्या स्पृशति जीर्णं रोगिणमेव च।
पुनर्युवा च भवति तस्मात्त शन्तनुं विदुः॥४३
तत्तस्य शन्तनुत्व हि प्रजाभिरिह कीर्त्यते।
ततो वृणुत भार्यार्थं शन्तनुर्जाह्नवी नपः॥४४
तस्या देवव्रत नाम कुमारं जनयत् विभुः।
काली विचित्रवीर्य्यन्तु शसेयोऽजनयद् सुतम्॥४५
शन्तनोर्दयितपुत्रं शान्तात्मानमकल्मषम्।
कृष्णद्वैपायनो नाम क्षेत्रे वैचित्रवीर्य्यके॥४६
धृतराष्ट्रञ्च पाण्डुञ्च विदुरं चाप्यजीजनत्।
धृतराष्ट्रस्तुगान्धार्य्यां पुत्रानजनजयत् शतम्॥४७
तेषां दुर्योधनः श्रेष्ठः सर्वक्षत्रस्य वै प्रभुः।
माद्री कुन्ती तथा चैव पाण्डोर्भार्ये बभूवतुः॥४८
देवदत्ताः सुताः पञ्च पाण्डोरर्थेऽभिजज्ञिरे।
धर्माद्युधिष्ठिरो जज्ञे मारुताच्च वृकोदरः॥४९

उस राजा शन्तनु में ऐसी एक विशेषता थी कि वह जिस-जिसके शरीर का अपने करों से केवल स्पर्श ही करता था वह चाहे कैसा ही जीर्ण रोगी क्यों न हो सब रोगों से मुक्त होकर पुनः युवा हो जाया करता था। इसी कारण से इसका नाम शन्तनु यह कहा गया ॥ ४३ ॥ उस राजा के शान्तनु होने को उसकी प्रजाओं के द्वारा कीर्तित किया जाता था। इसके उपरान्त उस राजा शन्तनु ने अपनी भार्या बनाने के लिये जाह्नवी का वरण किया था ॥ ४४ ॥ उस गङ्गा में उस विभु ने देवव्रत नाम वाले कुमार को उत्पन्न किया था। काली ने विचित्र वीर्य को जन्म दिया था। जिसने दास में सुत को जन्म दिया ॥ ४५ ॥ शन्तनु का पुत्र अत्यन्त प्रिय—शान्तात्मा और वैरभाव रहित था। कृष्ण द्वैपायन ने विचित्र वीर्य के क्षेत्र में धृतराष्ट्र—पाण्डु और विदुर को उत्पन्न किया था। धृतराष्ट्र ने गान्धारी नाम वाली भार्या में सौ पुत्रों को जन्म दिया था ॥ ४६, ४७ ॥ उन एक सौ पुत्रों में दुर्योधन श्रेष्ठ था जो समस्त क्षत्रियों का प्रभु हुआ था। माद्री और कुन्ती ये दो भार्याएँ पाण्डु की हुई थीं ॥४८॥ देवों के द्वारा दिये हुए पाँच पुत्र पाण्डु के अर्थ में समुत्पन्न हुए थे। धर्म से युधिष्ठिर ने जन्म ग्रहण किया और मारुत से वृकोदर की समुत्पत्ति हुई थी ॥४९॥

इन्द्राद्धनञ्जयश्चैव इन्द्रतुल्यपराक्रमः।
नकुल सहदेवश्च माद्र्यश्विभ्यामजीजनत् ॥५०
पञ्चैते पाण्डवेयस्तु द्रौपद्या जज्ञिरेसुताः।
द्रौपद्यजनयच्छ्रेष्ठप्रतिविन्ध्ययुधिष्ठिरात् ॥ १
श्रुतसेन भीमसेनाच्छ्रुतकीर्ति धनञ्जयात्।
चतुर्थं शतकर्माण सहदेवाद जायत ॥५२
नकुलाच्च शतानीक द्रौपदेया प्रकीर्तिताः।
तेभ्योऽपरे पाण्डवेया पटेवान्येमहारथाः ॥५३
हैडम्बो भीमसेनात्तु पुत्रो जज्ञे घटोत्कचः।

काशीबलधरात्भीमाज्जवंसर्वगसुतम् ।।५४
सुहोत्रं तनय माद्री सहदेवादसूयत ।
करेणुमत्या चैद्याया निरमित्रस्तुनाकुलिः ।।५५
सुभद्रायां रथी पार्थादभिमन्युरजायत ।
योधेय देवकीचैव पुत्रं यज्ञे युधिष्ठिरात् ।।५६

महाराज इन्द्रदेव से धनञ्जय का जन्म हुआ था जो पूर्णरूप से इन्द्र के समान ही पराक्रम वाला था। माद्री ने नकुल और सहदेव को अश्विनाओ से जन्म दिया था ।। ५० ।। ये पाँच पाण्डवो से द्रौपदी मे सुत समुत्पन्न हुए थे। द्रौपदी ने युधिष्ठिर से श्रेष्ठ पुत्र प्रतिविन्ध्य को जन्म दिया था। भीमसेन से श्रुतसेन को और श्रुतिकीर्ति को धनञ्जय से तथा चौथे श्रुतकर्मा को सहदेव से एव शतानीक नामक सुत को नकुल से उत्पन्न किया था। ये सभी पुत्र द्रौपदेय कीर्तित हुए थे। इनमे भी दूसरे पट् अन्य महारथ भी पाण्डवेय हुए थे ।। ५१ ।। ५२ ।। ५३ ।। भीमसेन से हिडम्बा का पुत्र हैडम्ब घटोत्कच उत्पन्न हुआ। काशीबलधर भीम मे सर्वग सुत ने जन्म ग्रहण किया था ।। ५४ ।। माद्री ने सहदेव से सुहोत्र नामक तनय को उत्पन्न किया था। करेणुमती चैद्या मे नकुल से नाकुलि निरमित्र नामक पुत्र ने जन्म धारण किया ।। ५५ । पार्थ अर्जुन से सुभद्रा पत्नी मे रथी अभिमन्यु ने समुत्पत्ति प्राप्त की थी। देवकी ने योधेय नामधारी पुत्र धर्मसुत युधिष्ठिर से जन्म दिया था ।। ५६ ।।

अभिमन्योः परिक्षित्तु पुत्रः परपुरञ्जयः ।
जनमेजय. परिक्षित. पुत्रः परमधार्मिकः ।।५७
ब्रह्माण कल्पग्रामाम सर्व वाजसनेयकम् ।
स वैशम्पायनेनैव शप्त. किल महर्षिणा ।।५८
न स्थास्यतीहर्बुद्धे ! तवैतद्वचन भुवि ।

यावत् स्थास्यसि त्व लोकेतावदे प्रपत्स्यति ॥५६
क्षत्रस्य विजय ज्ञात्वा ततः प्रभृति सर्वशः ।
अभिगम्य स्थिताश्चैव नृपञ्च जनमेजयम् ॥६०
ततः प्रभृति शापेन क्षत्रियस्य तु याजिनः ।
उत्सन्ना याजिनो यज्ञे ततः प्रभृति सर्वशः ॥६१
क्षत्रस्ययाजिन.केचित् शापात्तस्यमहात्मनः ।
पौर्णमासेनहविषा इष्ट्वातस्मिन्प्रजापतिम् ॥
स वैशम्पायनेनैव प्रविशन् वारितस्तत ॥६२
परिक्षितः सुतः सो वै पौरवो जनमेजयः ।
द्विरश्वमेधमाहृत्य महावाजसनेयकः ॥६३

अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु से परञ्जय अर्थात् शत्रुओ के पुरो पर विजय प्राप्त करने वाले परीक्षित नामक पुत्र का जन्म हुआ था। परीक्षित् से परम धार्मिक जनमेजय पुत्रने ज म धारण किया था।५७। उसने समस्त वेद को वाजसनेयक कल्पित किया था। उसको महर्षि वैशम्पायन ने शाप दे दिया था ।५८। महर्षि ने यही शाप दिया थाकि हेदुष्ट बुद्धि वाले ! यह तेरा वचन भूमण्डल मे स्थित नही रहेगा। जब तक तू इस लोक मे स्थित रहेगा तभी तक यह रहेगा ।५९। क्षत्रिय की विजय को जानकर तभी से लेकर सभी ओर से मुनि जनमेजय के समीप मे अभिगमन करके स्थित हो गये थे ।६०। तब से ही लेकर यजन करने वाले क्षत्रिय के शाप से सभी ओर से याज्ञीगण यज्ञ मे उत्पन्न हो गये थे ॥६१॥ कुछ क्षत्रिय के याजी उस महात्मा के शाप से पौर्णमास रवि के द्वारा उसमे प्रजापति का यजन करके फिर वह वैशम्पायन के द्वारा ही प्रवेश करते हुए वारित हुआ था ।६२। उस परीक्षित के पुत्र पौरव जनमेजय ने दो अश्वमेधो का आहरण करके वह महावाज सनेयक होगया था ॥६३॥

प्रवर्तयित्वा त सर्वमृषि वाजसनेयकम् ।
विवादे ब्राह्मणैः सार्धमभिशप्तो वन यः ॥६४

जनमेजयाच्छतानीकस्तस्माज्जज्ञे स वीर्यवान् ।
जनमेजयः शतानीकं पुत्रं राज्येऽभिषिक्तवान् ॥६५
अथाश्वमेधेनततःशतानीकस्यवीर्यवान् ।
जज्ञेऽधिसोमकृष्णाख्यःसाम्प्रत यो महायशाः ॥६६
तस्मिन् शासति राष्ट्रेतु युष्माभिरिदमाहृतम् ।
दुरापं दीर्घसत्रं वै त्रीणि वर्षाणि पुष्करे ॥
वर्षद्वयं कुरुक्षेत्रे हृषद्वत्या द्विजोत्तमाः ॥६७
भविष्य श्रोतुमिच्छाम. प्रजा लोमहर्षणे ।
पुरा किल यदेतद्वै व्यतीत कीर्तित त्वया ॥६८
येषुवै स्थास्यतेक्षत्रं उत्पत्स्यन्ते नृपाश्चये ।
तेषामायुः प्रमाणञ्चनामतश्चैव तान्नृपान् । ६६
कृतयुगप्रमाणञ्च त्रेताद्वापरयोस्तथा ।
कलियुगप्रमाणञ्च युगदोष युगक्षयम् ॥७०

उस सब वाजसनेयक को ऋषि मे प्रवृत्त कराकर ब्राह्मणों के साथ विवाद मे अभिशप्त होकर वह फिर वन मे चला गया था ॥६४॥ उस जनमेजय से महान् बल वीर्य वाले शतानीक ने जन्म धारण किया था । जनमेजय ने उस अपने पुत्र शतानीक को राज्य के सिंहासन पर अभिषिक्त कर दिया था ॥६५॥ फिर शतानीक के अश्वमेध से वीर्यवान् अधिसोम कृष्ण नामधारी ने जन्म ग्रहण किया था जो इस समय मे महान् यश वाला है ॥६६॥ उसी के द्वारा सम्पूर्ण इस राष्ट्र पर शासन करने पर ही आप लोगो ने इस दुरापा दीर्घसत्र को तीन वर्ष तक पुष्कर मे समाहृत किया था । हे द्विजोत्तमो ! दो वर्ष तक हृषद्वती मे कुरुक्षेत्र मे किया था ॥६७॥ मुनिगण ने कहा — हे लोम हर्षण ! अब हम उन प्रजाओं के भविष्य को श्रवण करने की इच्छा वाले हैं जिसको आपने पहिले व्यतीत कीर्तित किया है ॥६८॥ जिनमें क्षत्रिय स्थित रहेंगे और जो नृप उत्पन्न होंगे । उन सबकी आयु और प्रमाण तथा उन नृपो के नाम भी

बतलाने की कृपा कीजिए। कृतयुग का प्रमाण तथा त्रेता और द्वापर का प्रमाण और कलियुग का प्रमाण भी बतलाइये युगों के दोष तथा युगों का क्षय भी कहने की अनुकम्पा कीजिएगा ॥६६, ७०॥

सुखदुःखप्रमाणञ्च प्रजादोष युगस्य तु।
एतत्सर्वं प्रसङ्गाय पृच्छता ब्रूहि नः प्रभो ॥७१
यथा मे कीर्तितं पूर्वं व्यासेनाविलष्टकर्म्मणा।
भाव्य कलियुगञ्चैव तथा मन्वन्तराणि च ॥७२
अनागतानिसर्व्वाणि ब्रुवता मे निबोधत।
अत ऊर्ध्व प्रवक्ष्यामि भविष्या ये नृपास्तथा ॥७३
ऐडेक्ष्वाकान्वये चैव पौरवे चान्वयेतथा।
येषु तस्यास्ययेतश्च ऐडेक्ष्वाकुकुलशुभम् ॥
तान् सर्वान् कीर्त्तयिष्यामि भविष्ये कथितान्नृपान् ॥७४
तेभ्योऽपरेऽपियेत्वन्येह्युत्पत्स्यन्तेनृपाःपुन.।
क्षत्रा पारशवा शूद्रास्तथान्येये महीश्वराः ॥७५
अन्धाःशका पुलिन्दाश्चचूलिकायवनास्तथा।
कैवर्त्ताभीरशवरायेचान्येम्लेच्छसम्भवाः ॥
पर्य्यायतः प्रवक्ष्यामि नामतश्चैव तान्नृपान् ॥७६
अग्निमोमकृष्णश्चतेषा त्रयमवर्त्ततेनृपः।
तस्यान्ववायेवक्ष्यामि भविष्येकथितान्नृपान् ॥७७

सुख और दुःख का प्रमाण तथा युग का प्रजा का दोष—यह सभी कहकर इसका बोध दीजिए। हे प्रभो! हम लोग सभी आपसे यह पूछ रहे हैं ॥७१॥ महर्षि सूतजी ने कहा जिस प्रकार से अविलष्ट कर्म वाले श्री व्यासदेव ने पहिले मुझको बतलाया है। भाव्य कलियुग तथा मन्वन्तर जो कि सभी अब तक अनागत ही हैं उन सबको मैं बतला रहा हूं आप मुझसे सभी जान लो। इसके आगे यह भी बतलाऊँगा जो नृप भविष्य में होंगे ॥७२॥ ७३॥ इक्ष्वाकु के वंश में तथा पौरव वंश में

जिनमे सस्थित रहेगा वह एक्ष्वाकुन शुभ है। उन सभी भविष्य मे कथित नृपो को मैं बतलाऊँगा ॥७४॥ उन मे भी और दूसरे जो अन्य नृप पुनः उत्पन्न होग वे क्षत्रिय—शारशवा—शूद्र तथा अन्य जो भी महीश्वर भविष्य मे होगे उन्हे भी बतला दिया जायगा ॥७५॥ अन्ध—शक—पुलिन्द—चूलिक—यवन—कैवर्त—आभीर—शवर और जो अन्य म्लेच्छ सम्भव हैं उन सबको मैं पर्य्याय से तथा नाम से नृपो को बतलाऊँगा ॥७६॥ इन सब मे अधिसोम कृष्ण प्रथम नृप है। अब उसके अन्वाय (वंश) मे भविष्य मे कथित नृपो को मैं आप लोगो को सब बतलाऊँगा आप लोग सब ध्यानपूर्वक श्रवण कीजिए ॥७७॥

अधिसोमकृष्णपुत्रस्तु विवक्षभंवितानृपः।
गङ्गया तु हृते तस्मिन नगरे नागसाह्वये ॥७८
त्यक्त्वा विवक्षुर्नगरकौशाम्ब्यान्तुनिवत्स्यति।
भविष्याष्टौसुतास्तस्यमहाबलपराक्रमाः ॥७९
भूरिर्ज्येष्ठ.सुतस्तस्यतस्यचित्ररथः स्मृतः।
शुचिद्रवश्चित्ररथात् वृष्णिमाश्चशुचिद्रवात् ॥८०
वृष्णिमत सुषेणश्चभविष्यतिशुचिर्नृपः।
तस्मात् सुषेणात्भविता सुनीथोनामपार्थिवः ॥८१
नृपात् सुनीथाद्भविता नृचक्षु सुमहायशाः।
नृचक्षुपस्तु दायादो भविता वै सुखीबल. ॥८२
सुखीबलसुतश्चापि भावी राजा परिप्लवः।
परिप्लवसुतश्चापि भविता सुतपा नृपः ॥८३
मेधावी तस्य दायादोभविष्यति न सशयः।
मेधाविनः सुतश्चापि भविष्यति पुरञ्जयः ॥८४

अधिसोम कृष्ण का पुत्र विवक्षु नाम वाला नृप होगा। उस नागसाह्य नगर मे गङ्गा के द्वारा हृत हो जाने पर अर्थात् गङ्गा के नगर का त्याग कर देने पर वह राजा विवक्षु उस अपने नगर का त्याग

करके फिर कौशाम्बी में निवास करेगा। उसके आठ पुत्र समुत्पन्न होंगे जो महान् बल और पराक्रम से समन्वित होंगे ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ उनमें सबसे ज्येष्ठ जो पुत्र होगा वह भूरि होगा। फिर इसका जो पुत्र होगा उसका नाम चित्ररथ होगा। उस चित्ररथ से शुचिद्रव जन्म लेगा। फिर उस शुचिद्रव से वृष्णिमान् समुत्पन्न होगा ॥ ८० ॥ वृष्णिमान् रा ा का पुत्र परम शुचि नृप सुषेण जन्म ग्रहण करेगा। फिर उस सुषेण से सुनीथ नाम वाला नृप समुत्पन्न होगा ॥ ८१ ॥ इसके अनन्तर उस सुनीथ नामक नृप का पुत्र महान् यश से समुत्पन्न नृचक्षु होगा। इस नृचक्षु राजा का दायाद सुखीबल जन्म ग्रहण करेगा ॥ ८२ ॥ सुखीबल का पुत्र भविष्य में होने वाला राजा परिप्लव उत्पन्न होगा। इस परिप्लव का पुत्र सुनया नाम वाला नृप होगा ॥ ८३ ॥ इस सुनया का दायाद मेधावी उत्पन्न होगा—इसमें कुछ भी संशय नहीं है। मेधावी का पुत्र पुरञ्जय होगा ॥८४॥

उर्वीभाव्यः सुतस्तस्य तिग्मात्मा तस्य चात्मजः।
तिग्मात वृहद्रथो भाव्यो वसुदामा वृहद्रथात् ॥८५
वसुदाम्नः शतानीको भविष्योदयनस्ततः।
भविष्यते च दयनात् वीरो राजा वहीनरः ॥८६
वहीनरात्मजश्चैव दण्डपाणिर्भविष्यति।
दण्डपाणे निरामित्रो निरामित्रात्तु क्षेमकः ॥ ८७
अस्मात्वंशश्लोकोऽयं गीतो विप्रैः पुरातनैः।
ब्रह्मक्षत्रस्ययो योनिर्वंशो देवर्षिसत्कृतः।
क्षेमक प्राप्य राजान संस्थास्यति कलौ युगे ॥८८
इत्येष पौरवो वंशो यथावदिह कीर्तितः।
धीमतः पाण्डुपुत्रस्य अर्जुनस्य महात्मनः ॥८९

इस पुरञ्जय का भावी पुत्र उर्वी उत्पन्न होगा और उसका आत्मज तिग्मात्मा होगा। तिग्मा मा का पुत्र वृहद्रथ जन्म लेगा और

वृहद्रथ से व सुदामा का पुत्र शतानीक जन्म धारण करेगा और फिर शतानीक से दयन पैदा होगा। इस दयन के पुत्र का नाम वीर राजा वहीं नर होगा। यही नर राजा का आत्मज दंड पाणि समुत्पन्न होगा फिर दण्ड हाणि से निरामित्र पुत्र की उत्पत्ति होगी और निरामित्र से क्षोयक नाम वाला जन्म लेगा। यहां पर पुरातन विप्रो के द्वारा यह अनु वंश का श्लोक गाया गया है। ब्राह्मण और क्षत्रिय की जोयोति है यह वंश देवर्षियो के द्वारा सत्कृत है। क्षेमक राजा को प्राप्त करके इस कलियुग मे संस्थित होगा ॥ ८६, ८७, ८८ ॥ इस प्रकार से यह पौरव वंश यहा पर यथावत् कीर्तित कर दिया गया है जो धीमान् पाण्डु के पुत्र महान् आत्मा वाले अर्जुन का है ॥८६॥

२६- अग्नि वंश वर्णन

ये पूज्याःस्युर्द्विजातीनामन्वयःसूत ! सर्वदा ।
तानिदानी समाचक्ष्व तद्वंशं चानुपूर्वशः ॥१
योऽसावग्निर्भीमानी स्मृत स्वायम्भुवेन्तरे ।
ब्रह्मणो मानसः पुत्रस्तस्मात् स्वाहा व्यजोजनत् ॥२
पावक पवमानश्चशुचिरग्निश्च यः स्मृताः ।
निमथ्य.पवमानोऽग्निर्वैद्युतः पावकात्मजः ॥३
शुचिरग्निःस्मृत सौरः स्थावराश्चैवतेस्मृता. ।
पवमानात्मजो ह्याग्निहव्यवाहःसउच्यते ॥४
पावकिः सहरक्षस्तु हव्यवाहमुखः शुचिः ।
देवानां हव्यवाहोऽग्निः प्रथमो ब्रह्म सुतः ॥५
सहरक्ष सराणान्तु त्रयाणान्ते त्रयोऽनय. ।
एतेषा पत्रयो-ह्यत्र चत्वारिंशत्तथैव च ॥६

प्रवक्ष्ये नामतस्तान्वैप्रतिभागेन तान् पृथक् ।
पावनोलौकिको ह्याग्नि.प्रथमोब्रह्मणश्चय: । ७

ऋषिगण ने कहा—हे सूतजी ! जो अग्नियाँ द्विजातियों की परम पूज्य है उनके विषय मे इस समय मे बतलाइये और उनका वंश की आनुपूर्वी के क्रम से कहने की कृपा कीजिये ॥ १ ॥ महर्षि श्री सूतजी ने कहा—जो यह अग्नि अभी मानी है जो कि स्वायम्भुव अन्तर मे कहा गया है वह तो ब्रह्मा का मानस अर्थात् मन से समुत्पन्न पुत्र है फिर उससे स्वाहा ने जन्म ग्रहण किया था ॥ २ ॥ पावक—पवमान—शुचि और अग्नि ये नाम इसके कहे गये हैं । निर्मथ्य—पवमान अग्नि है तथा पावकात्मज गार्हपत्य अग्नि है ॥ ३ ॥ शुचि अग्नि सौर होता है । ये सब स्थावर ही कहे गये हैं । पवमानात्मज जो अग्नि है वह हव्यवाह कहा जाता है ॥ ४ ॥ पावकि सहस्र होता है और हव्यवाह मुख शुचि होता है । देवों का अग्नि हव्यवाह होता है । प्रथम अग्नि ब्रह्मा का सुत था ॥ ५ ॥ मुखों का सहस्र होता है । ये तीनों ही तीन अग्नियाँ हैं । इन अग्नियों के पुत्र और पौत्र चालीस है । अब उनके नाम लेकर प्रतिभाग के द्वारा उनको पृथक् बतलायेंगे । लौकिक अग्नि पावन होता है जो प्रथम ब्रह्मा का सुत है ॥ ६, ७ ॥

ब्रह्मोदनाग्निरतत् पुत्रोभरतो नाम विश्रुत. ।
वैश्वानरो हव्यवाहो वहन् हव्यममारस. ॥८
समृतोऽथवण: पुत्रो मथित पुष्करोदधि: ।
योऽयर्वा लौकिको ह्यग्निर्दक्षिणाग्नि स उच्यते ॥९
भृगो प्रजायताथर्वाङ्गिरोथयण:स्मृत ।
तस्यह्य लौकिकोह्यग्निर्दक्षिणाग्निास: ॥१०
अथय पवमानस्तु निर्मथ्योऽग्नि.थ उच्यते ।
गार्हपत्योऽग्नि: प्रथमोब्रह्मण:स्मृत: ॥११
तत सम्यावसथ्योन सजत्यास्तो सुतावुभौ ।

ततः पाडशनद्यस्तु चक्रमे हव्यवाहनः ॥
यः खल्वाहवनीलोऽग्निरभिमानी द्विजैः स्मृतः ॥१२
कावेरी कृष्णवेणीञ्च नर्मदां यमुनां तथा ।
गोदावरी वितस्ताञ्च चन्द्रभागामिरावतीम् ॥१३
विपाशां कौशिकीञ्चैव शतद्रूं सरयूंतथा ।
सीतां मनस्विनीञ्चैव ह्रनदिनी पावनां तथा ॥ १४

जो ब्रह्मादोनाग्नि है उसका पुत्र भरत—इस नाम से विश्रुत है। वैश्वानर—हव्यवाह और हव्य को वहन करता हुआ ममारस और समृत यह अथर्वण अग्नि होता है। मथित पुष्करी दधि पुत्र है। जो अर्व्वा है वह लौकिक अग्नि है और वह दक्षिणाग्नि कहा जाया करता है ।।८, ९।। अथर्वा भृगु से प्रजात हुआ था और अथर्वण अङ्गिरा कहा गया है। उसका अलौकिक अग्नि है वह दक्षिणाग्नि कहा गया है ।।१०।। इसके अनन्तर जो पवमान है वह निमथ्य अग्नि कहा जाता है। और वह गार्हपत्य अग्नि है जो प्रथम ब्रह्मा का कहा गया है ।।११।। इसके पश्चात् सभ्य और अवसभ्य ये दोनो सप्तनि के सुत थे। इसके अनन्तर हव्य वाहन ने षोडश नदियो को पादविक्षिप्त किया था। जो आहव नील अग्नि है वह द्विजो के द्वारा अभिमानी कहा गया है ।।१२।। कावेरी—कृष्णवेणी—नर्मदा—यमुना—गोदावरी—वितस्ता—चन्द्रभागा—इरावती—विपाशा—कौशिकी—शतद्रू—सरयू—सीता—मनस्विनी—ह्रनदिनी—पावला ये सोलह नदिया हैं उनमें सोलह रूपो मे आत्मा को पृथक् २ प्रविभक्त करके उस समय मे उन नदिनो मे विहार करते हुए वह विष्णवेच्छ हो गया था ।।१३।। ।।१४, १५।।

तासुषोडशधात्मान प्रविभज्य पृथक्पृथक् ।
तदातु विहरंस्तासु विष्ण्ये-छःसवभूवह ॥१५
स्वाभिधानस्थिता विष्णवास्तास्त्वन्नाश्च विष्णवः ।
विष्ण्येषु जज्ञिरे यस्मात् ततस्त विष्णव. स्मृताः ।।१६

इत्येते वै नदीपुत्रा धिष्ण्येषु प्रतिपेदिरे ।
तेषा विहरणीया ये उपस्थेयाश्च ताञ्शृणु ॥
विभुः प्रवाहणोग्नीध्रस्तत्रस्थ धिष्णवोऽपरे ॥१७।
विहरन्ति यथास्थान पुण्याहे समुपक्रमे ।
अनिर्देश्यानिवार्याणामग्नीना शृणुत क्रमम् ॥१८
पावकोऽग्निःकृशानुर्योद्वितीयोत्तरवेदिकः ।
सम्राडग्नि.सुतोह्यष्टावुपतिष्ठन्तिान्द्विजा ॥१९
पजन्यः पावमानस्तुद्वितीयःसोऽनुदृश्यते ।
पावकोष्णःसमुह्यस्तुयोत्तरेसोऽग्निरु-यते ॥२०
हव्यसूदोह्यसमृज्यः शामित्रः सविभाव्यते ।
शतधामासुद्युज्योति रौद्रंश्वर्यं.सउ यते ॥२१

अपने अभिधान मे स्थित धिष्ण्य उनमे समुत्पन्न है और धिष्णु हैं। क्योकि उन्होने धिष्ण्यो मे जन्म ग्रहण किया था अतएव वे धिष्णु के प्रादुर्भूत हुए थे। जो उनके विहरणीय तथा उपस्थेय हैं उनके विषय मे भी सुनलो। प्रवाहण अग्नीध्र विभु है और उसमे स्थित अपर धिष्णु है। ॥१७॥ किसी पुण्याह के समुपक्रम होने पर यथास्थान मे विहार किया करते हैं। अनिर्देश्य और अनिवार्य अग्नियो का क्रम श्रवण करो ॥१८॥ पावक अग्नि—कृशानु और जो द्वितीय उत्तरवेदिक है। सम्राट् अग्नि हे द्विजगण ये आठ उनका उपस्थान किया करते हैं ॥१९॥ पर्जन्य—पवमान यह द्वितीय अनुदृश्यमान होता है। पावकोष्ण और समुह्य अग्नि उत्तर मे कहा जाता है ॥२०॥ हव्य सूद और समृज्य शामित्र सविभावित होता है। शतधामा—सुद्युज्योति यह रौद्रैश्वर्य कहा जाया करता है ॥२१॥

अग्निज्योतिरमृधामा अग्निस्थानीय उच्यते ।
अजस्रमिदुभ्येय. स वै शालामुखायतः ॥-२

अनिर्देश्योह्यहिवुध्नो वहिरन्ते तु दक्षिणौ ।
पुत्राह्येते तु सर्वस्य उपस्थेयाद्विजैः स्मृताः ॥२३
ततोविहरणोयांस्तुवक्ष्याम्यष्टौतुतान् सुतान् ।
होत्रियस्यसुतो ह्यग्निर्वहिषो हव्यवाहनः ॥२४
प्रशंस्योऽग्निःप्रचेतास्तुद्वितीयःससहायकः ।
सुताह्यग्नेर्विश्ववेदाब्राह्मणाच्छंसिरुच्यते ॥२५
अपांयोनिःस्मृतःस्वाम्मःसेतुर्नाम विभाव्यते ।
धिष्ण्यआहरणाह्येतेसोमेनेज्यन्तर्वद्विजैः ॥२६
ततो यः पावको नाम्ना यः सद्भिर्योग उच्यते ।
अग्निःसोऽवभृथेज्ञेयोवरुणेन सहेज्यते ॥२७
हृदयस्य सुतो ह्यग्नेर्जठरेऽसौ नृणा पचन् ।
मन्युमान् जाठरश्चाग्निर्विद्धाग्निः सतत स्मृत ॥२८

ब्रह्म ज्योति और वसुधामा अग्नि ब्रह्मस्थानीय कहा जाता है । अजैकपाद उपस्थेय है क्योंकि वह शालामुख होता है ॥२२॥ अनिर्देश्य — अहिवुध्न वाहिर अन्त मे दक्षिण है ये सर्व के पुत्र है और द्विजो के द्वारा उपस्थान करने योग्य कहे गये हैं ॥२३॥ इसके अनन्तर विहरणीय उन आठ सुतो के विषय मे बतलाते हैं । होत्रिय का वर्हिष हव्य वाहन अग्नि सुत है ॥२४॥ प्रशंस्य अग्नि प्रचेता दूसरा ससहायक होता है । विश्ववेदा अग्नि का सुत है और ब्राह्मणाच्छंसि कहा जाता है ॥२५॥ अपायोनि स्वाम्म कहा गया है तथा सेतु नाम विभावित होता है , ये सब धिष्ण्य आहरण हैं और द्विजो के द्वारा सोम से इज्यमान होते है ॥२६॥ इसके पश्चात् जो पावक जो सत्पुरुषो के नाम से योग कहा जाता है यह अग्नि अवभृत मे ही जानना चाहिए यह वरुण के साथ इज्यमान होता है ॥२७॥ जो मनुष्यो के जठर मे खाये हुए पदार्थों का पाचन करता है यह हृदय की अग्निका सुत है । जाठर अग्नि वही मन्युमान् है निरन्तर यह विद्धाग्नि कहा गया है ॥२८॥

परस्परोत्थितो ह्यग्निर्भूतानीह विभुर्दहन् ।
अग्नेर्मन्युतम. पुत्रो घोरः सम्वर्त्तकः स्मृत. ॥२९
पिबन्नाप्नि स वसति समुद्रे वडवामुखे ।
समुद्रवासिन पुत्रः सह रक्षो विभाव्यते ॥३०
सहरक्षस्तुयंकुर्यान्मानुगृहेसवसतेनृणाम् ।
क्रव्यादग्नि सुतस्तस्य पुरपान्योऽत्तिवैपृतान् ॥३१
इत्येतेपावकस्यान्नेर्द्विजैः पुत्राः प्रकीर्त्तिता. ।
तत सुताश्तु सौवीर्य्यादगन्धर्वैरसुरैर्हृताः ॥३२
मथितोयस्त्वरण्यान्तुसोऽग्निरापसमिन्धनम् ।
आयुर्नाम्नातुभगवान् पशौयस्तुप्रणीयते ॥३३
आयुषो महिमान्पुत्रो दहनस्तु तत' सुतः ।
पाकयज्ञव्यभोमानीहृत हव्य भुनक्ति यः ॥३४
सवन्माद्यतोऽग्नाच्च हव्य कव्य भुनक्ति य ।
पुत्रोऽस्य सहितो ह्यग्निर्द्भुत. समहामशा. ॥३५

परस्पर मे समुत्थित अग्नि यहा पर विभुभूतो का दाह करता है यह अग्नि का मन्युतम घोर पुत्र सम्वर्त्तक कहा गया है । पीता हुआ वह अग्नि समुद्र मे वडवा के मुख मे वास किया करता है । समुद्र मे वास करने वाले का वह पुत्र सहरक्ष विभावित होता है ॥२९, ३०॥ जो सह-रक्ष नाम वाला अग्नि है वह सब प्राणो को पूर्ण किया करता है और मनुष्यो के घर मे ही निवास करता है । क्रव्याद नामक अग्नि उसका पुत्र है जो मृत हुए मनुष्यो को खा जाता है अर्थात् शव को भस्मीभूत जलाकर कर दिया करता है ॥३१॥ ये इतने द्विजो के द्वारा पावक अग्नि के पुत्रो का प्रकीर्त्तन किया गया है । इसके अनन्तर जो मृत हुए थे वे सौवीर्य्य से गन्धर्व और असुरो के द्वारा हृत हो गये हैं ॥३२॥ जो अरणी मे मथित करके समुत्पन्न हुआ अग्नि है वह आप समिन्धन होता है । वह भगवान् अग्नि नाम से आयु होता है जो पशु मे प्रणीयमान होता है

॥३३॥ आयु नामक अग्नि का महिमात् नाम वाला पुत्र है और उसके आगे दहन उसका पुत्र होता है—ऐसा कहा गया है। पाक यज्ञों में अभीमानी अग्नि है जो हुत किये हुए हव्य का भोग किया करता है। ॥३४॥ जो सम्पूर्ण लोक से हव्य और कव्य को खा जाता है वह इसके सहित पुत्र अग्नि अद्भुत और सुमहान् यश वाला होता है ॥३५॥

प्रायश्चित्तेष्वभीमानी हुतकव्य भुनक्ति यः।
अद्भुतस्य सुतो वीरो देवाशस्तुमहान्स्मतः ॥३६
विवधाग्निस्ततस्तस्यतस्यपुत्रोमहाकविः।
विविधाग्निसुतादर्कादग्नयोऽष्टौसुता स्मृताः ॥३७
काम्यास्विष्टिष्वभीमानी रक्षोहायतिकृच्चयः।
सुरभिर्वसुमान्नादोहर्य्यश्व सोऽभवत्पुरा ॥३८
प्रवर्ग्यं क्षमवाश्चैव इत्यष्टौ च प्रकीर्त्तिताः।
शुचेरग्नेस्तु प्रजाह्येपा अग्नयश्च चतुर्दश ॥३९
इत्येते ह्यग्नय प्रोक्ता प्रणीता ये हि चाध्वरे।
समतीते तु सर्गे ये यामैः सहसुरोत्तमैः ॥४०
स्वायम्भुवेऽन्तरे पूर्वमग्नयस्तेऽभिमानिनः।
एते विहरणीयेषु चेतनाचेतनेष्विह ॥४१
स्थानाभिमानिनाऽग्नीध्रा. प्रागासन्हव्यवाहनाः।
काम्यनैमित्तिकाद्यास्ते ये ते कर्म्मस्वस्थिताः ॥४२

जो पापो के दोषो के निवारणार्थ किये हुए प्रायश्चित्तो मे अभीमानी नामक अग्नि हुत और कव्य को खा लेता है। अद्भुत का पुत्र महान् वीर है जो महान् देवाश कहा गया है ॥३६॥ फिर उससे विविध अग्नि होता है और इसका आत्मज महाकवि होता है। विविध नामक अग्नि के सुत अर्क से आठ सुत अग्नियाँ कहे जाते हैं ॥३७। जो सकाम इष्टियाँ हैं उनमें अभीमानी रक्षोहा और यतिकृत् जो है वह पहिले सुरभि वसुमान् नाद और हर्यश्व हुआ था ॥३८॥ प्रवर्ग्य और क्षेम

वान् ये ही आठ कीर्त्तित किये गये हैं। यह समस्त प्रजा शुक्र्यग्नि का है और इस तरह से चौदह अग्नि हैं। इतने ये अग्नि बतला दिये गये हैं जो अध्वर मे प्रणीत होते हैं। सर्ग के समतीत होने पर जो सुरोत्तम यामो के सहित स्वायम्भुवअन्तर मे पूर्व मे अग्नि हैं वे सब अभीमानी हैं। ये विहार करने के योग्य चेतन और अचेतनो मे यहाँ पर स्थानाभिमानी हव्य वाहन अग्नीध्र पहिले थे ॥३९, ४०, ४१॥ सकाम और नैमित्तिक आध्व वे है जो कर्म्मों मे समवस्थित रहा करते है ॥४२॥

पूर्वे मन्वन्तरेऽतीते शुक्रैर्यामैश्च तैः सह ।
एते देवगणैः साद्धं प्रथमस्यान्तरे मनोः ॥४३
इत्येता योनयो ह्यक्ता.स्थानाख्याजातवेदसाम् ।
स्वारोचिषादिपुज्ञेया.सवर्णान्तेषुसप्तसु ॥४४
तैरेवन्तु प्रसंख्यात साम्प्रताऽनागतेष्विह ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु लक्षण जातवेदसाम् ॥४५
मन्वन्तरेषु सर्वेषु नानारूपप्रयोजनैः ।
वर्त्त ते वर्त्तमानेश्च यामदेवैः सहाग्नयः ॥४६
अनागतैः सुरैः साद्धं वत्स्यन्ता नागतास्त्वथ ।
इत्येष प्रचयोऽग्नीनामयाप्रोक्तोयथाक्रमम् ।
विस्तरेणानुपूर्व्या च किमन्यच्छ्रोतुमिच्छथ ॥४७

पूर्व मन्वन्तर के अतीत हो जाने पर उन शुक्र यामो के सहित प्रथम मनु के अन्तर मे ये सब देव गणो के साथ मे हैं ॥ ४३ ॥ इतनी से सब स्थान रूप जात वेदाओ की योनियाँ बतल दी गई हैं वे सब सवर्णान्त सात स्वारोचिष आदि मे जाननी चाहिए ॥ ४४ ॥ इस प्रकार से उनके द्वारा ही प्रसख्यात हैं। इस समय मे यहाँ पर अनागत सब मन्वन्तरो मे नाना रूप वाले प्रयोजनो से युक्त और वर्त्तमान याम तथा देवो के साथ अग्नि है ॥ ४६ ॥ अनागत सुरो के साथ वे भी आगत नही हैं—इस प्रकार से यह अग्नियो का प्रचय मैंने क्रम के अनुसार बता दिया है जो

विस्तार के साथ और आनुपूर्वी के सहित ही कहा गया है। अब इसके आगे आप लोग मुझसे क्या श्रवण करना चाहते हैं ॥४७॥

३०—कर्मयोग वर्णन

इदानी प्राह यद्विष्णुः पृष्टः परममुत्तमम् ।
तमिदानीं समाचक्ष्व धर्माधर्मस्य विस्तरम् ॥१
एवमेकार्णवे तस्मिन् मत्स्यरूपी जनार्दनः ।
विस्तारमादिसर्गस्य प्रतिसर्गस्य चाखिलम् ॥२
कथयामास विश्वात्मा मनवे सूर्यसूनवे ।
कर्म्मयोगञ्च साङ्ख्यञ्च यथावद्विस्तरान्वितम् ॥३
श्रोतुमिच्छामहे सूत ! कर्म्मयोगस्य लक्षणम् ।
यस्मादविदित लोके नकिञ्चित्तवसुव्रत ॥४
कर्म्मयोगञ्च वक्ष्यामि यथाविष्णुविभाषितम् ।
ज्ञानयोगसहस्राद्धि कर्म्मयोगःप्रशस्यते ॥५
कर्म्मयोगोद्भवं ज्ञान तस्मात्तत्परमपदम् ।
कर्म्म ज्ञानोद्भव ब्रह्म नच ज्ञानमकर्म्मणः ॥६
तस्मात्कर्मणियुक्तात्मातत्त्वमाप्नोतिशाश्वतम् ।
वेदोऽखिलोधनमूलमाचारश्चैवतद्धितम् ॥७

ऋषिगण ने कहा—हे भगवन् ! इस समय मे पूछे गये भगवान् विष्णु ने जो परम उत्तम कहा था उसी धर्म और अधर्म के विस्तार को आप हमको बतलाइये ॥ १ ॥ महा महर्षि श्री सूतजी ने कहा—इस प्रकार से जब सम्पूर्ण विश्व एकार्णव हो गया था अर्थात् यहाँ केवल एक समुद्र ही दिखलाई देता था उस समय मे भगवान् मत्स्य के स्वरूप धारण करने वाले जनार्दन प्रभु ने आदि सर्ग और सम्पूर्ण प्रतिसर्ग का विस्तार विश्वात्मा ने सूर्य के पुत्र मनु से कहा था और यथावत् विस्तार से युक्त

कर्म योग तथा सांख्य योग को भी बतलाया था ॥ २, ३ ॥ ऋषिगण ने कहा—हे सूतजी ! हम इस समय में कर्म योग का लक्षण श्रवण करना चाहते हैं । हे सुव्रत ! कारण यह है कि आप तो सर्व ज्ञाता महान् पुरुष हैं फिर ऐसा अवसर हमको कब मिलेगा । ऐसी कोई भी बात नहीं है जिसको आप नहीं जानते हो ॥ ४ ॥ सूतजी ने कहा—जिस प्रकार से ठीक २ भगवान् विष्णु ने भाषित किया था । उसी कर्म योग को हम बतलाते हैं । कर्म योग की बड़ी प्रशंसा भी है । यह एक सहस्र ज्ञानयोग से भी कहीं अधिक प्रशस्त माना जाता है ॥ ५ ॥ कर्मयोग से समुत्पन्न जो ज्ञान है उसी से वह परम पद प्राप्त होता है । कर्म ज्ञान से उद्भूत होने वाला ब्रह्म है ज्ञान कर्म से उद्भव होने वाला नहीं है ॥ ६ ॥ इस लिये कर्मयोग की उपासना ही सर्वश्रेष्ठ है । जो मनुष्य कर्म में युक्त आत्मा वाला है वह शाश्वत तत्त्व को प्राप्त किया करता है। अखिल वेद मूल धन है और उसका हित करने वाला आधार भी है ॥ ७ ॥

अष्टावात्मगुणास्तत्रिमन् प्रधानत्वेन संस्थिताः ।
दया सर्वेषु भूतेषु क्षान्तीरक्षातुरस्य च ॥८
अनसूया तथा लोके शौचमन्वाहद्विजाः ।
अनायासेषु कार्येषु मांगल्याचारमेवनम् ॥९
न च द्रव्येषु कार्पण्यमार्तेषु चार्जितेषु च ।
तथा स्पृहा परद्रव्ये परस्त्रीषु च सर्वदा ॥१०
अष्टावात्मगुणा प्रोक्ता पुराणस्यतुकोविदैः ।
अयमेव क्रियायोगो ज्ञानयोगस्यसाधकः ॥११
कर्मयोग विना ज्ञान कस्यचिन्नेह दृश्यते ।
अतः हिरण्यरेतसं धर्ममुपतिष्ठेत्प्रयत्नतः ॥१२
देवतानां पितॄणाञ्च मनुष्याणाञ्च सर्वदा ।
कुर्यादहरहर्यज्ञैर्भूतपितृगणतर्पणम् ॥१३
स्वाध्यायैरर्चयेच्चर्षीन् होमैर्विद्वान् यथाविधि ।
पितॄन् श्राद्धैरन्नदानैर्भूतानि बलिकर्मभिः ॥१४

आत्मा के आठ गुण हैं जो कि उस आत्मा मे प्रधान रूप से संस्थित हैं। समस्त प्राणी मात्र पर दया और जो आतुर पुरुष हो उसका रक्षा करना भी आत्मा का एक प्रधान गुण है।८। लोक मे असूया (किसी के भी गुण-दोषों का वर्णन करके बुराई न करना) हे द्विजगण! बाहिर और अन्दर की शुचिता बिना ही अभ्यास (श्रम) के होने वाले कार्यों मे माङ्गल्य आचार का सेवन करना भी गुण है। जो आर्त्त हैं उनके विषय मे उपार्जित किये हुए धनो मे कृपणता नही करनी चाहिए। यह उदार भाव भी एक विशेष गुण होता है। पराई स्त्री और पराया धन मे कभी भूल कर भी स्पृहा नहीं करनी चाहिए। माता के समान पराई स्त्री और पराये सुवर्ण को भी मिट्टी के ढेले के समान ही देखना आत्मा का एक विशेष गुण है ॥ ९, १० ॥ इस प्रकार से पुराणो के विद्वानो ने ये आठ आत्मा के गुण बतलाये हैं—यही ज्ञानयोग का साधक क्रिया योग है ॥ ११ ॥ इस कर्मयोग के बिना यहाँ पर ज्ञान किसी को भी नही हुआ करता है जो कि दिखलाई देवे। अतएव श्रुति तथा स्मृति के द्वारा कहा गया जो धर्म है उसी पर प्रयत्न पूर्वक उपस्थित रहना चाहिए।' १२ ॥ देवगणो का—पितृवर्गों का और फिर मनुष्यो का सर्वदा प्रति दिन यज्ञो के द्वारा भूत और ऋषिगण का तर्पण करना चाहिये।' १३ ॥ ऋषियो का अर्चन वेदों के स्वाध्याय के द्वारा करना चाहिए और विद्वान् पुरुष को विधान के अनुसार होमो के द्वारा भी यजन करना परमावश्यक है। पितृगण अभ्यर्चन श्राद्धो के द्वारा करे अन्न के दानो से तथा बलि कर्मों के द्वारा समस्त भूतों का समर्चन करना चाहिए ॥१४॥

पञ्चैते विहिता यज्ञाः पञ्चसूनापनुत्तये ।
कण्डन पेषणी चुल्ली जलकुम्भो प्रमार्जनी ॥१५
पञ्चसूना गृहस्थस्य तेन स्वर्गं न गच्छति ।
तत्पापनाशनायामी पञ्चयज्ञाः प्रकीर्त्तिता ॥१६

द्वाविंशति तथाष्टौ च ये संस्काराः प्रकीर्त्तिता. ।
तद्युक्तोऽपि न मोक्षाय यस्त्वात्मगुणवर्जितः ॥१७
तस्मादात्मगुणोपेतः श्रुतिकर्म्म समाचरेत्
गोब्राह्मणानां वित्तेन सर्वदा भद्रमाचरेत् ॥१८
गोभूहिरण्यवासोभिर्गन्धमाल्योदकेन च ।
पूजयेद् ब्रह्मविष्ण्वर्कद्रवस्वात्मक शिवम् ॥१९
व्रतोपवासैर्विधिवत् श्रद्धया च विमत्सरः ।
योऽसावतीन्द्रिय. शान्त. सूक्ष्मोऽव्यक्तः सनातन ॥
वासुदेवो जगन्मूर्त्तिस्तस्य सम्भूतयोह्यमा ॥२०
ब्रह्मा विष्णुश्च भगवान् मार्त्तण्डो वृषवाहनः ।
अष्टौ च वसवस्तद्वदेकादशगणाधिपाः ॥
लोकपालाधिपालंश्च पितरो मातरस्तथा ॥२१
इमा विभूतयः प्रोक्ताश्चराचरसमन्विताः ।
ब्रह्माद्याश्चतुरो मलमव्यक्ताधिपतिः स्मृतः ॥२२

गार्हस्थ्य आश्रम मे रहने वालो को प्रतिदिन स्वाभाविक स्वरूप से ही स्वतः पाँच प्रकार के पाप कर्म अनजान मे बन जाया करते हैं। उन पाँच पाप कर्मों की अपनुत्ति के लिये ये पाँच प्रकार के यज्ञो के करने का विधान करना परमावश्यक है। वे पाँच पाप ये है—कण्डनी कर्म जो आवश्यक रूप से घरो मे होता ही है। छननी से छानना ही कण्डनी कहा जाता है। पेषणी चक्की आदि से पीसने का काम—चुल्ली चूल्हा जलाना— जलकुम्भी वह स्थल जहाँ पर जल आदि को रखा जाता है है और पाँचवा प्रमार्जनी—बुहारी आदि परिष्कार करना। ये पाँच सून (पाप या हत्या गृहस्थ का हुआ ही करते हैं। इसी से वह स्वर्ग की प्राप्ति नही किया करता है। उनके होने वाले पापो के नाश के लिये ही ये पाँच दैनिक अत्यावश्यक यज्ञ कीर्तित किये गये हैं ॥ १५ ॥ १८ ॥ बाईस और आठ जो आत्मा के सस्कार बताये गये हैं जिससे आत्मा की

शुद्धि हुआ करती है इन सस्कारो से युक्त भी हो तो भी जो आत्मा के उक्त सद्गुणो से रहित होता है उसकी मोक्ष नही होती है। अतः यह सिद्ध है कि कल्याण के लिये अभीष्ट आत्मा के गुणो का होना परमावश्यक है ॥ १७ ॥ अतएव आत्मा के गुणों युक्त होकर श्रुतिविहित कर्मों का समाचरण करना चाहिए। जो धन पास मे न्यायोपार्जित हो उससे सर्वदा गो और ब्राह्मणो का कल्याण कर्म करना चाहिए ॥ १८ ॥ गो—हिरण्य—वस्त्र—गन्ध—माला—जल आदि के द्वारा ब्रह्मा—विष्णु—सूर्य—रुद्र और वसु स्वरूप शिव का नित्य पूजन करना चाहिए ॥ १९ ॥ मत्सरता के भाव से रहित होकर परम श्रद्धा से विधि पूर्वक व्रत एव उपवासो का समाचरण करे। जो इन्द्रियो की पहुँच से भी परे हैं—परम शान्त—सूक्ष्म स्वरूप वाला—अव्यक्त—सनातन—जगन्मूर्ति भगवान् वासुदेव हैं उन्ही की ये सब सम्भूतियाँ हैं। २ ॥ ब्रह्मा—विष्णु—भगवान् मार्त्तण्ड—वृषवाहन—आठ वसुगण—एकादश गणो के अधिप—लोक पाल और अधिपालो के सहित पितृगण तथा मातृ वर्ग—ये सब चराचर से समन्वित विभूतियाँ बत ई गयी हैं। ब्रह्मा आदि चार मूल हैं जो अव्यक्त के अधिपति बताये गये हैं ॥ २१, २२ ॥

ब्रह्मणा चाथ सूर्य्येण विष्णुनाथ शिवेन वा।
अभेदात्पूजितेन स्यात्पूजित सचराचरम् ॥२३
ब्रह्मादाना परन्धाम त्रयाणामपि सस्थितिः।
वेदमूर्तिवतः पूषा पूजनीयः प्रयत्नतः ॥२४
तस्मादग्निद्विजमुखान् कृत्वा सपूजयेदिमान्।
दानैर्व्रतोपवासैश्च जपहोमादिना नरः ॥
इति क्रियायोगपरायणस्य वेदान्तशास्त्रस्मृतिवत्सलस्य।
विकम्मलीतस्य सदा न किञ्चित् प्राप्तव्यमस्तीह परे च लोके॥२६

ब्रह्मा—सूर्य—विष्णु और शिव ये सब एक ही हैं इनको अभेद समझ कर ही इनको पूजित करे ऐसा अभेद भाव से इनका समर्चन करने

पर सभी चराचर का समर्चन हो जाया करता है ॥२३॥ ब्रह्मा आदि तीनो की जहा सन्निति है वही परम धाम है। वेद मूर्ति पूषा का सदा प्रयत्न पूर्वक पूजन करना चाहिए ॥२४॥ इसी लिये इन सबका पूजन कर अग्नि और द्विजो को मुख बनाकर ही करना चाहिए अर्थात् अग्नि तथा द्विजो के द्वारा ही इनका अभ्यर्चन हुआ करता है। दान—व्रत—उपवास—जप और होम आदि के द्वारा मनुष्य को उक्त अभीष्ट देवो का समर्चन करते रहना चाहिए ॥२५॥ इसी क्रियायोग मे तत्पर तथा वेदान्त शास्त्र और स्मृति से प्यार करने वाला और विकर्मों अर्थात् बुरे कर्मों से भीत रहने वाले को सदा इस लोक और पर लोक मे कुछ भी प्राप्त करने के योग्य नही रहता है ॥२६॥

३१—पुराणसंख्या वर्णन

पुराणसख्यामाचक्ष्व सूत ! विस्तरश क्रमात् ।
दानधर्म्ममशेषन्तु यथावदनुपूर्वश. ॥१
इदमेव पुराणेषु पुराणपुरुषस्तदा ।
यदुक्तवान् स विश्वात्मा मनवे तन्निबोधत ॥२
पुराण सर्वशास्त्राणा प्रथम ब्रह्मणा स्मृतम् ।
अनन्तरञ्चवक्त्रेभ्यो वेदास्तस्यविनिगता: ॥३
पुराणमेकमेवासीत् तदा कल्पान्तरऽनघ ।
त्रिवर्गसाधन पुण्य शतकोटिप्रविस्तरम् । ४
निदग्धेषु च लोकेषु वाजिरूपेण व मया ।
अङ्गानि चतुरो वेदा पुराण न्यायविस्तरम् ॥५
मीमासा धर्मशास्त्रञ्च परिगृह्य मयाकृतम् ।
मत्स्यरूपेण च पुन. कल्पादावुदकार्णवे ॥६
अशेषमेतत् कथितमुदारान्तगतेन च ।
श्रुत्वा जगाद स मुनीन् प्रति देवान् चतुर्मुख: ॥७

मुनिगण ने कहा—हे सूतजी ! अब आप पुराणो की संख्या बतलाइये और विस्तार के साथ क्रम से कहने की कृपा कीजिए और यथावत् सम्पूर्ण दान धर्म्म आनुषंगी के सहित बतलाइये ॥१॥ सूतजी ने कहा—उस समय में विश्व की आत्मा उन पुराण पुरुष ने यह ही जो पुराणो मे मनु को कहा था उस को आप लोग समक्ष लीजिए ॥२॥ भगवान् ने कहा—ब्रह्माजी ने समस्त शास्त्रो मे पुराण को ही सबसे प्रथम कहा था। इसके अनन्तर उनके मुखो से वेदो का निर्गमन हुआ था ॥३॥ हे अनघ ! उस समय मे कल्पान्तर मे एक ही पुराण था। यह त्रिवर्ग का साधन—पुण्यमय और शतकोटि विस्तार वाला था ॥ ४ ॥ जब सब लोक निर्दग्ध हो गये थे तब मैंने वाजि रूप से चारो वेद—उनके अङ्ग शास्त्र—पुराण—न्याय का विस्तार-मीमासा और धर्म शास्त्र परिगृहीत करके मैंने किये थे। फिर कल्प के आदि मे उदकार्णव मे मत्स्यरूप मे यह अशेष उदक से अन्तर्गत रहते हुए कहे थे। इनका श्रवण करके चतुर्मुख ब्रह्माजी न मुनियो और देवो के प्रति इनको कहा था ॥ ५, ६, ७ ॥

प्रवृत्ति. सर्वंग स्त्राणा पुराणस्यामवत्ततः ।
कालेनाग्रहण दृष्ट्वा पुराणस्य ततो नृप ! ॥८
व्यासरूपमह कृत्वा सहरामि युगे युगे ।
चतुर्लक्षप्रमाणेन द्वापरे द्वापरे सदा ॥९
तथाऽष्टादशधा कृत्वा भूलोकेऽस्मिन् प्रकाश्यते ।
अद्यापि देवलोकेऽस्मिन् शतकोटिप्रविस्तरम् ॥१०
तदर्थोऽत्र चतुर्लक्ष सक्षेपेण विशेषितम् ।
पुराणानि दशाष्टौ च साम्प्रत तदिहोच्यते ॥११
नामतस्तानि वक्ष्यामि शृणुध्वं मुनिसत्तमाः ! ।
ब्रह्मणाभिहितं पूर्वं यावन्मात्रं मरीचये ॥१२
ब्राह्मन्त्रिदशसाहस्रं पुराण परिकीर्त्यते ।
लक्षित्वा तच्च योदद्याज्जलधेनुसमन्वितम् ॥

वैशाखपूर्णिमायाञ्च ब्रह्मलोके महीयते ॥१३
एतदेव यथा पद्ममभूद्धैरण्मयं जगत् ।
तद्वृत्तान्ताश्रय तद्वत् पाद्ममित्युच्यते बुधैः ॥
पाद्म तत् पञ्च पञ्चाशत् सहस्राणीह कथ्यते ॥१४॥

फिर समस्त शास्त्रो की प्रवृत्ति पु ाण से ही हुई थी । फिर कुछ काल मे पुराणो का ग्रहण न देखकर हे नृप ! मैं फिर व्यास रूप को धारण करके युग-युग मे सहरण किया करता हूँ । सदा द्वापर मे चार लाख के प्रमाण से सहरण किया था ॥८॥६॥ फिर उन पुराणो के अठारह भेद करके इस लोक मे प्रकाशित किया जाता है । इस समय मे भी इस देव लोक मे सोकरोड विस्तार है ॥१०॥ तदर्थ यहाँ पर चार लाख सक्षेप से विशेषित किया है ? ॥११॥ हे मुनि सत्तमो ! अब उनके नाम लेकर कहता हू । आप श्रवण कीजिए । पहिले ब्रह्माजी ने मरीचि के लिये यावन्मात्र कहा था ॥१२॥ ब्राह्म पुर ण तेरह सहस्र परिकीर्त्तित किया जाता है । जो कोई उसको हाथ से लिखकर जलधेनु से सयुक्त करक वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि मे दान करता है वह अन्त मे ब्रह्म लोक मे जाकर प्रतिष्ठित होता है ॥१३॥ यह ही जैसे जगत् हैरण्मय पद्म हो गया था उसी के वृत्तान्त का आश्रय ग्रहण करके उसी की भाति बुध लोगो के द्वारा 'पाद्मम'—यह नाम कहा जाता है । वह पद्मपुराण यहाँ पर पचपन सहस्र कहा जाता है ॥१४॥

तत्पुराणञ्च यो दद्यात् सुवर्णकलशान्वितम् ।
ज्येष्ठेमासि तिसंयुक्तमश्वमेधफललभेत् ॥१५
नारदकल्पवृत्तान्तमधिकृत्य पराशरः ।
यत्प्राह धर्मानखिलान् तद्युक्तं वैष्णवं विदुः ॥ ६
तदापाढे च यो दद्यात् घृतधेनुसमन्वितम् ।
पौर्णमास्याविपूतात्मा स पदयातिवारुणम् ॥
त्रयोविंशतिसाहस्र तत्प्रमाण विदुर्बुधाः ॥१७

श्वेतकल्पप्रसङ्गेन धर्मान् वायुरिहाब्रवीत् ।
यत्र तद्वायवीयस्यात् रुद्रमाहात्म्यसयुतम् ॥
चतुर्विंशत्सहस्राणि पुराण तदिहोच्यते ॥१८
श्रावण्या श्रावणे मासि गुडधेनुसमन्वितम् ।
या ददात् वृषसंयुक्तं ब्राह्मणायकुटुम्बिने ॥
शिवलोके स पूतात्मा कल्पमेक वसेन्नरः ॥१६ ।
यत्राधिकृत्य गायत्रो वर्ण्यते धर्म्मविस्तरः ।
वृत्रासुरवधोपेत तद्भागवतमु यते ॥२०
सारस्वतस्य कल्पस्य मध्ये ये स्युर्नरोत्तमाः ।
तद्वृत्तान्तोद्भव लोके तद्भागवतमुच्यते ॥२१

इस पुराण को जो कोई पुरुष सुवर्ण की कलश से युक्त करके तथा तिलो से समन्वित ज्यष्ठ मास मे दान मे देता है वह अश्वमेध यज्ञ के पुण्य - फल को प्राप्त किया करता है ॥१५॥ वाराह कल्प के वृत्तान्त का आश्रय लेकर पराशर ने जो समस्त धर्मों का कहा था उससे युक्त वर्ण्य जानना चाहिए ॥ ६॥ उसको आषाढ मास मे घृत धेनु से समन्वित कर के पूर्णमासी तिथि मे जो मनुष्य दान मे देता है वह विशेष रूप से पूत आत्मा वाला होकर वारुण पद को प्राप्त किया करता है। बुध लोग इस का प्रमाण तेईस सहस्र पुराण बताया करते हैं ॥१७॥ यहां पर वायुदेव ने श्वेत कल्प के प्रसङ्ग मे धर्मों को बताया था। जिसमे इन धर्मों का कथन किया था वही वायनवीय अर्थात् वायुपुराण हुआ था जो भगवान् रुद्र के महात्म्य से समन्वित था। यह पुराण चौबीस सहस्र श्लोको की सख्या के प्रणाम वाला पुराण कहा जाता है ॥१८॥ श्रावण मास मे श्रावणी पूर्णिमा तिथि मे गुड और धेनु से समन्वित तथा वृष से सयुक्त करके जो कोई कुटुम्बी ब्राह्मण के लिए दान मे देता मे देता है वह मनुष्य पवित्र आत्मा वाला होकर एक कल्प पर्य्यन्त शिवलोक मे निवास किया करता है ॥ १६ ॥ जिसमें गायत्री का अधिकार करके जो धर्म के विस्तार

का वर्णन किया जाता है वह वृत्रासुर के वध की कथा से युक्त भागवत पुराण कहा जाता है ॥ २० ॥ सारस्वत कल्प के मध्य में जो नरोत्तम हुए थे उनके वृत्तान्त के उद्भव वाले को लोक में उसी को भागवत कहा जाता है ॥ २१॥

लिखित्वा तच्च योद्याद्धेमसिंहसमन्वितम् ।
पौर्णमास्याप्रोष्ठपद्या स यातिपरमागतिम् ॥
अष्टादशसहस्राणि पुराण तत् प्रचक्षते ॥२२॥
यत्राह नारदो धर्मान् बृहत्कल्पाश्रयाणिच ।
पञ्चविंशत्सहस्राणि नारदीयं तदुच्यते ॥२३
तदिद पञ्चदश्यान्तु दद्याद्धेनुसमन्वितम् ।
परमा सिद्धिमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभाम् ॥२४
यत्राधिकृत्य शकुनीन् धर्माधर्मविचारणा ।
व्याख्याता वैमुनिप्रश्ने मुनिभिर्धर्मचारिभिः ॥२५
मार्कण्डेयेन कथित तत्सर्वं विस्तरेण तु ।
पुराण नवसाहस्र मार्कण्डेयमिहोच्यते ॥२६
प्रतिलिख्यचयोदद्यात् सौवर्णकरिसयुतम् ।
कार्त्तिक्यापुण्डरीकस्ययज्ञस्यफलभाग्भवेत् ॥२७
यत्तदाग्नानक कल्प वृत्तान्तमधिकृत्य च ।
वशिष्ठायाग्निना प्रोक्तमाग्नेय तत्प्रचक्षते ॥२८

इसको हाथ से लिखकर हेम के सिंह से समन्वित करके जो प्रोष्ठपदी पूर्णिमा तिथि में अर्थात् भाद्रपद मास की पूर्णमासी में दान किया करता है उस मनुष्य की परम गति हो जाया करती है। इस पुराण के अनुष्टुप श्लोकों का प्रमाण अठारह सहस्र कहा जाता है ॥२२॥ जिसमें बृहत् कल्प का आश्रय लेकर देवर्षि नारदजी ने धर्मों का वर्णन किया है। यह नारदीय अर्थात् नारद पुराण कहा जाता है। इसके श्लोकों का प्रमाण पच्चीस सहस्र है। इस पुराण को पूर्णिमा तिथि में

धेनु से समन्वित करके दान में दिया जाता है तो वह दानदाता पुरुष परम सिद्धि को प्राप्त किया करता है जो सिद्धि पुनरावृत्ति दुर्लभ होती है ॥ २३, २४ ॥ जिसमे शकुनियो को अधिकृत करके धर्म और क्षधर्म के विषय मे विचार किया गया है और यह व्याख्यान मुनि के प्रश्न पर धर्मचारी मुनियो के द्वारा ही किया गया है ॥ २५ ॥ मार्कण्डेय मुनि ने वह सभी कुछ बडे विस्तार के साथ कहा है । यह पुराण नौ सहस्र अनुष्टुप् श्लोक के प्रमाण वाला है और यहाँ पर यह-मार्कण्डेय पुराण के नाम से कहा जाता है ॥ २६ ॥ इस पुराण को हाथ से लिखकर सुवर्ण के निर्मित हाथी सहित जो इसका कोई दान दिया करता है और वह भी कार्तिकी पूर्णिमासी को दिया जाता है तो उस दान के दाता को पुण्डरीक यज्ञ के पुण्य का फल प्राप्त हो जाता है ॥ २ ॥ जो यह ईशानक कल्प का वृतान्त है उसको अधिकृत करके अग्निदेव ने महर्षि वसिष्ठ जी से कहा था वही पुराण आग्नेय नाम से प्रसिद्ध है अर्थात् इसी को अग्निपुराण कहा जाता है ॥२८॥

लिखित्वा तच्च यो दद्याद्धेमपद्मसमन्वितम् ।
मार्गशीर्ष्यां विधानेन तिलधेनुसमन्वितम् ॥
तच्च षोडशसाहस्र सर्वक्रतुफलप्रदम् ॥२९
यत्राधिकृत्य माहात्म्यमादित्यस्यचतुर्मुखः ।
अघोरकल्पवृत्तान्तप्रसङ्गेन जगत्स्थितिम् ॥
मनवे कथयामास भूतग्रामस्य लक्षणम् ॥३०॥
चतुर्दशसहस्राणि तथा पञ्चशतानिच ।
भविष्यचरितप्राय भविष्यन्तदिहोच्यते ॥३१
तत्रोपेमासियोदद्यात् पौर्णमास्या विमत्सरः ।
गुडकुम्भसमायुक्तमग्निष्टोमफलमवेत् ॥३२
रथन्तरस्यकल्पस्य वृत्तान्तमधिकृत्य च ।
सावर्णिर्नारदाय कृष्णमाहात्म्यमुत्तमम् ॥३३

यत्र ब्रह्मवराहस्य चोदन्तं वर्णितं मुहुः ।
तदष्टादशसाहस्रं ब्रह्मवैवर्त्तमुच्यते ॥२४
पुराणं ब्रह्मवैवर्त्तं यो दद्यान्माघमासि च ।
पौर्णमास्यां शुभदिने ब्रह्मलोके महीयते ॥२५

इसको हाथ से लिख कर जो हेमनिर्मितपद्म से समन्वित दान देता है। और मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा मे धान पूर्वक तिल तथा धेनु से सयुत करके यह दान दिया जाता है तो समस्त क्रतुओं के पुण्य-फल को प्रदान करने वाला होता है। इस पुराण के श्लोको का प्रमाण सोलह सहस्र है ॥२६॥ जिस पुराण मे चतुर्मुख भगवान् ने आदित्य देव के माहात्म्य का आश्रय प्राप्त करके अघोर कल्प के वृत्तान्त के प्रसङ्ग से इस जगत् की स्थिति को भूतग्राम का लक्षण महाराज मनु से कहा था। ॥२०॥ जिसका प्रमाण चौदह सहस्र पाँच सौ है और जिसमे बहुधा भविष्य मे होने वाले चरित हैं उसको ही भविष्य पुराण कहा जाता है। ॥२१॥ उसको पौष मास की पूर्णिमा तिथि के दिन विगत मत्सरता वाला होकर दान दिया करता है और इसके साथ गुड कुम्भ भी होना चाहिए तो इस दाता को अग्निष्टोम याग का फल मिला करता है ॥२२॥ रथन्तर एक कल्प है उस कल्प मे जो कुछ घटित हुआ उसी वृत्तान्त को अधिकृत करके सावर्णि ने देवर्षि नारद के लिये पुरुषोत्तम वासुदेव कृष्ण का माहात्म्य बतलाया है जिनमे पुनः ब्रह्मवराह का प्रेरणा किये हुए को वर्णित किया है वह अठारह सहस्र अनुष्टुप् श्लोको के प्रमाण वाला पुराण ब्रह्मवैवर्त्त नाम से कहा जाता है ॥२३, २४॥ माघ मास की पूर्णिमा तिथि के शुभ दिन मे जो कोई इसका लिखकर दान दिया करता है वह ब्रह्म लोक मे महान् प्रतिष्ठित पद पर अधिष्ठित हुआ करता है ॥२५॥

यत्रालिलिङ्गमध्यस्थः प्राह देवो महेश्वरः ।
धर्मार्थकाममोक्षाख्यमाग्नेयमधिकृत्य च ॥२६
वक्ष्यन्ते लक्ष्मिमत्युक्त पुराणब्रह्मणा स्वयम् ।

तदेकादशसाहस्रं फल्गुन्यांयः प्रयच्छति ॥
तिलधेनुसमायुक्तं स याति शिवसाम्यताम् ॥३७
महावराहस्य पुनर्माहात्म्यमधिकृत्य च ।
विष्णुनाभिहितं क्षोण्यै तद्वाराहमिहोच्यते ॥३८
मानवस्य प्रसङ्गेन कल्पस्यमुनिसत्तमाः ।
चतुर्विंशत्सहस्राणि तत् पुराणमिहोच्यते ॥३९
काञ्चन गरुडं कृत्वा तिलधेनुसमन्वितम् ।
पौर्णमास्यां मधौदद्यात् ब्राह्मणायकुटुम्बिने ।
वराहस्य प्रसादेन पदमाप्नोति वैष्णवम् ॥४०
यत्र माहेश्वरान्धर्मानधिकृत्य च पण्मुखः ।
कल्पे तत् पुरुष वृत्तञ्चरितंरुपवृंहितम् ॥४१
स्कन्द नाम पुराणञ्च ह्येकाशीति निगद्यते ।
सहस्राणि शत चैकमिति मर्त्येषु गद्यते ॥४२

जिसमें अग्निलिङ्ग के मध्य मे स्थित महेश्वर देव ने अग्नि को को अधिकृत करके धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष को कहा है कल्प के अन्त मे ब्रह्माजी ने स्वय यह लैङ्ग पुराण है—ऐसा कहा है। इसका प्रमाण ग्यारह सहस्र श्लोको का है। इसको लिखकर जो कोई फाल्गुन मास की पूर्णमासी तिथि मे तिल और धेनु से समायुक्त करके दान दिया करता है वह निश्चय ही भगवान् शिव की साम्यता को प्राप्त हो जाया करता है। ॥३६, ३७॥ फिर महावराह के माहात्म्य को अधिकृत करके भगवान ने स्वयं पृथ्वी से कहा था उसी को वाराह पुराण इस नाम से कहा जाया करता है ॥३८॥ हे मुनिसत्तमो ! मानव कल्प के प्रसङ्ग से यह कहा गया है और इसके श्लोको का प्रमाण चोबीस हजार है ऐसा यह पुराण कहा है। ॥३९॥ एक सुवर्ण का गरुड निर्मित कराकर तिल धेनु से उसे सयुत करके मधु मास की पूर्णिमा के दिन किसी कुटुम्बी ब्राह्मण के लिये दान देता है वह मनुष्य भगवान् वराह के प्रसाद से वैष्णव पद को प्राप्त किया

करता है ॥४०॥ जिसमे माहेश्वर धर्मों का अधिकार करके पण्मुख प्रभु ने कल्प मे चरितो से उपबृंहित पुरुष वृत्त का वर्णन किया है वही स्कन्द नाम वाला पुराण है जिसके अनुष्टुप् श्लोको का प्रमाण इक्यासी हजार है ऐसा कहा जाता है। एक सौ एक सहस्र है—यह मनुष्यों मे कहा जाता है ॥४१ ४२॥

परिलिख्य च यो दद्याद्धेमशूलमन्वितम् ।
शैव पदमवाप्नोति मीने चोपागते रवौ ॥४३
त्रिविक्रमस्य माहात्म्यमधिकृत्य चतुर्मुखः ।
त्रिवर्गमभ्यधात्तच्च वामनं परिकीर्त्तितम् ॥४४
पुराण दशसाहस्र कूर्म कल्पानुग शिवम् ।
यः शरद्विपुवे दद्याद् वैष्णव यात्यसौपदम् ॥४५
यत्र धर्मार्थकाम ना मोक्षस्य च रसातले ।
माहात्म्य कथयामास कूर्मरूपी जनार्दनः ॥४६
इन्द्रद्युम्नप्रसङ्गेन ऋषिभ्यः शक्रसन्निधौ ।
अष्टादशसहस्राणि लक्ष्मीकल्पानुषङ्गिकम् ॥४७
यो दद्यादयने कूर्म हेमकूर्मसमन्वितम् ।
गोसहस्रप्रदानस्य फल सम्प्राप्नुयान्नरः ॥४८
श्रुतीना यत्र कल्पादौ प्रवृत्यर्थं जनार्दनः ।
मत्स्यरूपेण मनवे नरसिंहोपवर्णनम् ॥४९
अधिकृत्याऽब्रवीत्सप्तकल्पवृत्तमुनीश्वराः ।
तन्मात्स्यमितिजानीध्व सहस्राणिचतुर्दश ॥५०

जो कोई हेम के शूल से समन्वित करके इसे लिखकर मीन नराशि पर रवि के आ जाने पर दान दिया करता है वह निश्चय ही शैव के पद को प्राप्त किया करता है ॥४३॥ भगवान् त्रिविक्रम के माहात्म्य का आश्रय ग्रहण करके चतुर्मुख प्रभु ने त्रिवर्ग का वर्णन किया है इसी को वामन पुराण कीर्तित किया गया है। यह कूर्म कल्प का अनुगमन करने

वाला परम शिव पुराण है जिसका प्रमाण दश सहस्र श्लोको का होता है। जो कोई पुरुष शरद् विषुव मे इसका दान दिया करता है वह वैष्णव पद की प्राप्ति किया करता है ॥४४, ४५॥ जिसमे भगवान् कूर्म रूपधारी जनार्दन ने धर्म—अर्थ—कर्मों का और रसातल मे मोक्ष का माहात्म्य कहा है तथा इन्द्रद्युम्न के प्रसङ्ग से इन्द्र की सन्निधि मे ऋषिगण को बताया गया है वह लक्ष्मीकल्प का अनुषङ्गिक है तथा इसका प्रमाण अठारह सहस्र माना गया है। इसको जो भी कोई सुवर्ण के द्वारा निर्माण कराये हुए कूर्म से युक्त कूर्म पुराण का दान किया करता है वह मनुष्य एक हजार गौओं के दान करने का पुण्य—फल प्राप्त किया करता है। ॥४६, ४७, ४८॥ जिस कल्प के आदि मे भगवान् जनार्दन ने श्रुतियो की प्रवृत्ति के लिये मत्स्य के स्वरूप से मनु के लिये नरसिंह भगवान् का वर्णन किया है। हे मुनीश्वरो! सात कल्पो का हाल का आश्रय लेकर बोला है उसी को मात्स्य जान लो। इसका प्रमाण चौदह सहस्र होता है ॥४९, ५०॥

विषुवे हेममत्स्येन धेन्वा चैव समन्वितम्।
योदद्यात्पृथिवी तेन दत्ताभवति चाखिला ॥५१
यदाचगारुड़ेकल्पेविश्वाण्डात् गरुड़ोद्भवम्।
अधिकृत्याऽब्रवीत्कृष्णोगारुड़ंतदिहोच्यते ॥५२
तदष्टादशकञ्चैव सहस्राणीह पठ्यते।
सौवर्णं हससंयुक्त यो ददाति पुमानिह ॥
स सिद्धिं लभते मुख्या शिवलोके च संस्थितिम्॥५३॥
ब्रह्मा ब्रह्माण्डमाहात्म्यमधिकृत्याब्रवीत् पुनः।
तच्चद्वादशसाहस्रं ब्रह्माण्डद्विशताधिकम् ॥५४
भविष्याणाञ्च कल्पाना श्रूयते यत्र विस्तरः।
तद्ब्रह्माण्डपुराणञ्च ब्रह्मणा समुदाहृतम् ॥५५
दद्यात्तद्धृतीपाते पीतोर्णायुगसंयुतम ॥

राजसूयसहस्रस्य फलमाप्नोति मानवः ॥
हेमधेन्वा युतं त च ब्रह्मलोकफलप्रदम् ॥५६॥

जो कोई पुरुष विषुव मे हेम का निर्मित मत्स्य और धेनु के सहित इसका दान दिया करता है उसको इतना बडा पुण्य होता है मानों उसने सम्पूर्ण पृथ्वी मण्डल का ही दान कर दिया हो ॥५१॥ जिस समय मे गारुड कल्प मे इस विश्वाण्ड से गरुड का उद्भव हुआ था उसी को अधिकृत करके भगवान् श्री कृष्ण ने कहा उसी पुराण को गरुड पुराण कहा जाता है। वह भी अठारह सहस्र ही प्रमाण वाला पढा जाता है इस लोक मे जो कोई दानशील मानव सुवर्ण का एक हंस का निर्माण करके उसके साथ इस पुराण का दान देता है वह परम मुख्य सिद्धि को प्राप्त करता है और फिर शिव लोक मे संस्थिति प्राप्त किया था ॥५२, ५३॥ ब्रह्मा जी ने ब्रह्माण्ड के माहात्म्य का अधिकार करके पुन. बोला है वह दो सौ बारह सहस्र प्रमाण वाला ब्रह्माण्ड पुराण है। भविष्य कल्पो का विस्तार जिसमे श्रवण किया जाता है। वह ब्रह्माण्ड पुराण साक्षात् स्वय ब्रह्माजी ने ही उदाहृत किया है। इसको जो भी कोई पीत ऊन के युग से सयुत करके व्यतीपात मे दान मे देता है वह है वह पुरुष एक सहस्र राजसूय यज्ञो के पुण्य-फलों की प्राप्ति किया करता है। हेमकी धेनु के सहित उसका दान ब्रह्मलोक के फल को प्रदान करने वाला होता है ॥५४॥ ॥५५, ५६॥

चतुर्लक्षमिद प्रोक्तं व्य सेनाद्भुतकर्म्मणा ।
मत्पितुर्मम पित्रा च मया तुभ्य निवेदितम् ॥५७
इह लोकहितार्थाय सक्षिप्त परमर्षिणा ।
इदमद्यापि देवेषु शतकोटिप्रविस्तरम् ॥५८
उपभेदान् प्रवक्ष्यामि लोके ये सम्प्रतिष्ठिता: ।
पाद्मे पुराणे सत्रोक्तं नरसिंहोपवर्णनम् ॥
तच्चाष्टादशसाहस्रं नारसिंहमिहोच्यते ॥५९

नन्दाया यत्र माहात्म्यं कार्तिकेयेन वर्ण्यते ।
नन्दीपुराणं तल्लोकैराख्यातमिति कीर्त्यते ॥६०

यत्र शाम्ब पुरस्कृत्यभविष्येऽपिकथानकम् ।
प्रोच्यतेतत्पुनर्लोके शाम्बमेतन्मुनिव्रताः ! ॥६१

पुरातनस्य कल्पस्य पुराणानि विदुर्बुधाः ।
धन्यं यशस्यमायुष्यं पुराणानामनुक्रमम् ॥
एतमादित्यसंज्ञा च तत्रैव परिगद्यते ॥६२॥

अष्टादशभ्यस्तु पृथक् पुराणयत्प्रदिश्यते ।
विजानीध्वंद्विजश्रेष्ठा ! स्तदेतेभ्योविनिर्गतम् ॥६३

अद्भुत कर्म्मों वाले भगवान् कृष्ण द्वैपायन व्यास जी ने इसको चार लाख प्रमाण वाला बतलाया है, मेरे पितामह ने पिताजी को पिताजी ने मुझको मैंने आप से निवेदित कर दिया है ।५७। परमर्षि ने लोक के हित का सम्पादन करने के लिये इसको संक्षिप्त किया है । यह आज भी देवों मे सौ करोड़ विस्तार से सम्पन्न है ।५८॥ अब इसके उपभेदो को बतलाऊँगा जो कि लोक सम्प्रतिष्ठित हैं । वहाँ पाद्म पुराण मे नरसिंह भगवान् का उपवर्णन किया गया है । उसका प्रमाण अठारह सहस्र है और यहा पर वह नारसिंह पुराण के नाम से कहा जाता है ॥५९॥ जिसमे नन्दा के माहात्म्य को स्वामी कार्तिकेय भगवान् के द्वारा वर्णन किया जाता है उसी को लोगो के द्वारा नन्दी पुराण नाम से कहा जाता है—ऐसा ही कीर्त्तन किया जाता है ॥६०॥ जिसमें भगवान् शाम्ब को पुरस्कृत करके भविष्य मे कथानक है ऐसा कहा जाता है कि वह पुनः लोक मे हे मुनिव्रतो ! शाम्ब—इस नाम वाला हो गया है । परम पुरातन कल्प के पुराणों को बुध पुरुष जानते हैं । यह पुराणो का अनुक्रम परम धन्य—आयु की वृद्धि करने वाला है । इस प्रकार से वही पर आदित्य संज्ञा भी कही जाती है ॥६१, ६२॥ अठारह पुराणो से पृथक् पुराण

जो भी कुछ प्रदिष्ट किया जाता है हे द्विज श्रेष्ठो ! उसे इन्हीं पुराणों से विनिर्गत हुआ समझ लेना चाहिए ॥६३॥

पञ्चाङ्गानि पुराणेषु आख्यानकमिति स्मृतम् ।
सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणिच ॥
वंशानुचरितञ्चैव पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥६४॥
ब्रह्मविष्ण्वर्कंरुद्राणा माहात्म्यं भुवनस्यच ।
ससंहारप्रदानाञ्च पुराणे पञ्चवर्णके ॥६५
धर्म्मश्चार्थश्च कामश्च मोक्षश्चवात्र कीर्त्यते ।
सर्वेष्वपि पुराणेषु तद्विरुद्धञ्चयत्फलम् ॥६६
सात्विकेषु पुराणेषु माहात्म्यमधिक हरेः ।
राजसेषुच माहात्म्यमधिक ब्राह्मणोविदुः ॥६७
तद्वदग्नेश्च माहात्म्य तामसेषु शिवस्यच ।
सकीर्णेषु सरस्वत्या पितृणाञ्च निगद्यते ॥६८
अष्टादश पुराणानि कृत्वा सत्यवतीसुतः ।
भारताख्यानमखिलञ्चक्रे तदुपबृंहितम् ॥
लक्षंणैकेन यत् प्रोक्त वेदार्थपरिबृंहितम् ॥६९
वाल्मीकिना तु यत् प्रोक्त रामोपाख्यानमुत्तमम् ।
ब्रह्मणाऽभिहित यच्च शतकोटिप्रविस्तरम् ॥७०

इन समस्त पुराणों के पाँच अङ्ग हुआ करते हैं जो आख्यानक कहा गया है । सर्ग—प्रतिसर्ग—वंश और मन्वन्तर तथा वंशों का अनुचरित जिनमें होता है—वही पुराण कहा जाता है और यही पुराणों का पंच लक्षण होता है ॥६४॥ ब्रह्मा—विष्णु—सूर्य्य और रुद्र इनका माहात्म्य और भुवनका संसहार प्रदानों का वर्णन होता है जो भी उपर्युक्त पाँच वर्णों वाला पुराण होता है अर्थात् जिसके पाँचों लक्षण हों ऐसा पुराण होता है ॥६५॥ इसमें धर्म—अर्थ—काम और मोक्ष का कीर्त्तन किया जाया करता है । सभी पुराणों में उसके विरुद्ध जो फल है सात्विक पुराणों

में हरिका माहात्म्य ही अधिक होता है। जो राजस पुराण होते हैं उनमे ब्रह्माजी का माहात्म्य अधिक होता है। उसी भाँति तामस पुराणो मे अग्निका और शिव का माहात्म्य अधिकाश रूप से हुआ करता है। जो संकीर्ण पुराण हैं उनमे सरस्वती देवी का तथा पितृगण का माहात्म्य अधिकरूप से कहा जाया करता है ॥६६, ६७, ६८॥ सत्यवती के पुत्र भगवान् श्री कृष्ण द्वैपायन मुनि ने अठारह पुराणो की रचना करके उनसे समुपबृंहित सम्पूर्ण भारत के आख्यान का वर्णन किया है जो एक लक्षण से वेदो के अर्थ से परिबृंहित ही बनाया है अर्थात् कहा है ॥६९॥ वाल्मीकि महर्षि ने जो परमोत्तम श्रीराम का आख्यान कहा है और जो ब्रह्माजी ने कहा है वह सौ करोड विस्तार वाला है ॥७०॥

आहृत्य नारदायैव तेन वाल्मीकये पुनः ।
वाल्मीकिनाच लोकेषु धर्मकामार्थसाधनम् ॥
एवं सपादाः पञ्चैते लक्षा मर्त्ये प्रकीर्तिताः ॥७१
पुरातनस्य कल्पस्य पुराणानि विदुर्बुधाः ।
धन्य यशस्यमायुष्यं पुराणानामनुक्रमम् ॥
यः पठेच्छृणुयाद्वापि स याति परमाङ्गतिम् ॥७२॥
इदं पवित्र यशसो निधान इदं पितॄणामतिवल्लभञ्च ।
इदञ्च देवेष्वमृतायितञ्च नित्य त्विदं पापहरञ्च पुंसाम् ॥७३॥

उसका आहरण करके नारद के लिये और फिर उसने वाल्मीकि के लिये कहा था और फिर इसके पश्चात् आदि कवि महर्षि वाल्मीकि ने लोगों मे इसको धर्म कामार्थ का साधन स्वरूप कहा था। इस प्रकार से ये सभी सवा पाँच लाख की सख्या वाले हैं जो इस मनुष्य लोक मे प्रकीर्तित किये जाते हैं ॥ ७१ ॥ परम प्राचीन कल्प मे जो भी पुराण हुए हैं उनको तो विद्वान् पुरुष ही जानते हैं। यह अवश्य ही है कि ऐसा यह पुराणो का जो अनुक्रम है वह परम धन्य है—आयु के वर्धन करने वाला तथा यश की वृद्धि प्रदान करने वाला है ॥ -२ ॥ इन पुराणो का

जो भी कोई भाग्यशाली पुरुष पठन किया करता है या इनका केवल श्रवण ही करता है वह निश्चित रूप से परम गति को प्राप्त करता है ॥७२॥ यह परम पवित्र है—यश की खान है और यह पितृगण का अत्यन्त प्यारा होता है। यह देवों मे अमृतायित होता है और पुरुषों का यह नित्य ही पापो के हरण करने वाला होता है॥७३॥

३२— नक्षत्रपुरुष नाम व्रत कथन

अतः परं प्रवक्ष्यामि दानधर्मानशेषत ।
व्रतोपवाससंयुक्तान् यथा मत्स्योदितानिह ॥१
महादेवस्य सवादे नारदस्य च धीमतः ।
यथा वृत प्रवक्ष्यामि धर्म्मकामार्थसाधकम् ॥२
कैलासशिखरासीनमपृच्छन्नारदः पुरा ।
त्रिनयनमनङ्गारिमनङ्गाङ्गहर हरम् ॥३
भगवन् ! देव ! देवेश ! ब्रह्मविष्णवेन्द्रनायक ! ।
श्रीमदारोग्यरूपायुर्भा यसौभाग्यसम्पदा ॥
सयुक्तस्तव विष्णोर्वा पुमान् भक्तः कथं भवेत् ॥४॥
नारीवाविधवासर्वगुणसौभाग्यसयुता ।
क्रमान्मुक्तिप्रदन्देव ! किञ्चिद्व्रतमिहोच्यताम् ॥५
सम्यक् पृष्टत्वयाब्रह्मन् ! सर्वलोकहितावहम् ।
श्रुतमप्यत्र यच्छान्त्य तद्व्रत शृणुनारद ॥६
नक्षत्रपुरुष नाम व्रत नारायणात्मकम् ।
पादादि कुर्याद्विधिवत् विष्णुनामानुकीर्तनम् ॥७

महामहिम महर्षि श्री सूतजी ने कहा—इससे आगे अब हम दान के धर्मों को पूर्ण रूप से कहता हूँ जो कि व्रत और उपवासो से ही

समन्वित हैं। जिस प्रकार से भगवान् मत्स्य ने यहाँ पर कहे हैं'। १ ॥ धीमान् देवर्षि नारद के और महादेव के सम्वाद मे जो जिस तरह से धर्मार्थ काम का साधक हुआ था उसे ही मैं कहता हूँ ॥ २ ॥ परम प्राचीन समय की बात है जब कि देवर्षि नारद जी ने कैलास गिरि के शिखर पर समासीन—तीन नेत्रो वाले—अनङ्ग को भस्म करने वाले तथा अनङ्ग के अङ्गो का हरण करने वाले—भगवान् हर से पूछा था ॥ ३ ॥ देवर्षि नारद जी ने कहा—हे भगवन् ! हे देव ! हे देवो के स्वामिन ! आप तो ब्रह्मा—विष्णु और इन्द्र इन सबके नायक हैं तथा श्रीमान्—आयु—आरोग्य—रूप—भाग्य और सौभाग्य की सम्पदा से संयुत हैं। कृपया यह बतलाइये कि आपका तथा भगवान् विष्णु का भक्त पुरुष कैसे होता है ? ॥ ४ ॥ हे देव ! नारी चाहे वह विधवा हो अथवा सर्वगुण और सौभाग्य से सयुता हो, आप ऐसा कोई व्रत बतलाइये जो क्रम से मुक्ति के प्रदान करने वाला हो ॥ ५ ॥ ईश्वर ने कहा—हे ब्रह्मन् ! आपने इस समय मे यह बहुत ही श्रेष्ठ प्रश्न पूछा है। यह सभी लोकों के हित का आवाहन करने वाला है। यहाँ पर शान्ति के लिये ऐसा श्रुत भी किया है। हे नारद ! उसी व्रत का श्रवण करो ॥ ६ ॥ एक नक्षत्र व्रत नाम वाला व्रत है जो साक्षात् नारायण के स्वरूप से परिपूर्ण है। इसका पादादि विधिपूर्वक विष्णु नामो का अनुकीर्त्तन करे ॥ ७ ॥

प्रतिमां वासुदेवस्यमूलर्क्षादिषु चार्चयेत् ।
चैत्रमासं समासाद्य कृत्वा ब्राह्मणवाचनम् ॥८
मूले नमो विश्वधराय पादौ गुल्फावनन्ताय च रोहिणीषु ।
जंघेऽभिपूज्य वरदाय चैव द्वे जानुनी वाश्विकुमार ऋक्षे ॥९
पूर्वोत्तराषाढयुगे तथोरू नमः शिवायेत्यभिपूजनीयौ ।
पूर्वोत्तराफल्गुनि युग्मके च मेढं नमः पञ्चशराय पूज्यम् ॥१०
कटिं नमः शार्ङ्गधराय विष्णोः सपूजयेन्नारद ! कृत्तिकासु ।

यथाऽर्चयेत् भाद्रपदाद्वये च पार्श्वे नमः केशिनिषूदनाय ॥११
कुक्षिद्वय नारद ! रेवतीषु दामोदरायेत्यभिपूजनीयम् ।
ऋक्षेऽनुराधासु च माधवाय नमस्तथोरस्थलमेव पूज्यम् ॥१२
पृष्ठं धनिष्ठासु च पूजनीयमघौघविध्वसकराय तद्वच ।
श्रीशङ्खचक्रासिगदाधराय नमो विशाखासु भुजाश्च पूज्याः ॥१३
हस्ते तु हस्ता मधुसूदनाय नमोऽभिपूज्या इति कैटभारेः ।
पुनर्वसावङ्घ्रि लिपूर्वभागाः साम्नामधीशाय नमोऽभिपूज्याः ॥१४

मूल नक्षत्र आदि मे भगवान् वासुदेव की प्रतिमा का अर्चन करना चाहिए । जब चैत्र मास आ जावे तो उसको प्राप्त करके ही ब्राह्मणो का वाचन करना चाहिए । इसमे प्रत्येक नक्षत्र मे भगवान के प्रत्येक अङ्गो का अभ्यर्चन करे । मूल नक्षत्र मे विश्वधर के लिए उनके चरणो को नमस्कार करे । अनन्त भगवान् के लिए उनके गुल्फो को रोहिणी नक्षत्रो मे समर्पित करना चाहिए । अश्विनी नक्षत्र मे वरद प्रभु के लिये उनकी दोनो जघाओ का तथा जानुओ का अभिपूजन करे ॥ ८, ९ ॥ पूर्वाषाढा और उत्तराषाढा इन दोनो नक्षत्रो मे भगवान् शिव के लिये उनके दोनो ऊरुओ का पूजन करना चाहिए । पूर्वा फाल्गुनी और उत्तरा फाल्गुनी—इन दोनो नक्षत्रो मे पञ्चशर प्रभु के मेढ्र का पूजन करे ॥ १० ॥ हे नारद ! कृत्तिका आदि नक्षत्रो मे शार्ङ्गधर भगवान् विष्णु की कटि का अर्चन करना चाहिए । पूर्वा भाद्रपद और उत्तरा भाद्रपद इन दोनो नक्षत्रो में भगवान् केशिनिषूदन को नमस्कार करे और उनके दोनो पार्श्वों का पूजन करना चाहिए ॥ ११ ॥ हे नारद ! रेवती नामक नक्षत्र मे भगवान् दामोदर की दोनो कुक्षियो का अर्चन करे । अनुराधा नक्षत्र मे माधव प्रभु को नमस्कार कर उनके उरःस्थल का अभिपूजन करना चाहिए ॥ १२ ॥ अघो के ओघ का विध्वंस करने वाले प्रभु के पृष्ठ भाग का यजन धनिष्ठाओ मे करे । श्री शंख—चक्र—असि और गदा के धारण करने वाले प्रभु को नमन करके विशाखा नक्षत्र मे

उनकी भुजाओं का पूजन करना चाहिए ॥ १३ ॥ हस्त नक्षत्र में कैटभ के अरि प्रभु मधुसूदन के लिये नमस्कार कर हाथों का पूजन करे। सामों के अधीश प्रभु को नमस्कार पुनर्वसु नक्षत्र में उनके अंगुलियों के पूर्व भागों का अभिराजन करना चाहिए ॥१४॥

भुजङ्गनक्षत्रदिने नखानि संपूजयेन्मत्स्यशरीरभाजः ।
कूर्मस्य पादौ शरणं व्रजामि ज्येष्ठासु कण्ठे हरिरर्चनीयः ॥१५
श्रोत्रे वराहाय नमोऽभिपूज्या जनार्दनस्य श्रवणेन सम्यक् ।
पुष्ये मुखं दानवसूदनाय नमो नृसिंहाय च पूजनीयम् ॥१६
नमोनमः कारणवामनाय स्वातीषु दन्ताग्रमथार्चनीयम् ।
आस्यं हरेर्मार्गवनन्दनाय सम्पूजनीयं द्विजवारणे तु ॥१७
नमोऽस्तु रामाय मघासु नासा संपूजनीया रघुनन्दनस्य ।
मृगोत्तमाङ्गे नयनेऽभिपूज्ये नमोऽस्तुते रामविधूर्णिताक्ष ! ॥१८
बुद्धाय शान्ताय नमो ललाटं चित्रासु सपूज्यतमं मुरारेः ।
शिरोऽभिपूज्यं भरणीषु विष्णोर्नमोऽस्तु ते विश्वेश्वर ! कल्किरूपिणे॥१९
आर्द्रासु केशाः पुरुषोत्तमस्य सपूजनीया हरये नमस्ते ।
उपोषिते नक्षत्रदिनेषु भक्तया द्विजपुङ्गवाः स्युः ॥२०

भुजङ्ग नक्षत्र के दिन में मत्स्य स्वरूप के धारण करने वाले भगवान् के नखों का पूजन करना चाहिए। भगवान् कूर्म के चरणों की शरणागति में जाता हूं—यह निवेदन करते हुए ज्येष्ठा नक्षत्र में भगवान् हरि के कण्ठ का समर्चन करना चाहिए ॥ १५ ॥ श्रवण नक्षत्र में वराह के लिये नमन करके जनार्दन प्रभु के श्रोत्रों का भली भांति पूजन करे। पुष्य नक्षत्र में दानवों के सूदन करने वाले प्रभु को प्रणाम करके और नृसिंह प्रभु को नमस्कार करके उनके श्रीमुख का पूजन करना चाहिए ॥ १६ ॥ स्वाती नक्षत्र में कारण के अर्थ वामन स्वरूप धारण करने वाले प्रभु को बारम्बार नमस्कार करके उनके दन्तों के अग्रभाग का पूजन करे। मार्गव नन्दन के लिये नमन करके द्विज वारण में भगवान् हरि के

आस्य का भली भाँति अर्चन करना चाहिए ॥ १७ ॥ राघवेन्द्र श्रीराम के लिये नमस्कार हो—इस मन्त्र का उच्चारण करके मघा नक्षत्र मे श्री रघुनन्दन भगवान् की नासिका का पूजन करना चाहिए। हे विधूर्णित नेत्रो वाले श्रीराम ! आपको सेवा मे नमस्कार समर्पित हो—यह प्रार्थना करते हुए मृगोत्तमाङ्ग मे भगवान् के दोनो नयनो का पूजन करे ॥१८॥ परम शान्त स्वरूप भगवान् बुद्ध के लिए नमस्कार है—यह कहकर चित्रा नक्षत्र मे मुरारि प्रभु के ललाट का भली भाँति पूजन करना चाहिए। हे विश्वेश्वर ! कल्कि रूप वाले आपके लिये नमस्कार है—यह मन्त्र उच्चारण करके भरणी नक्षत्र मे भगवान् विष्णु के शिर का अभिपूजन करना चाहिए ॥ १९ ॥ भगवान् हरि के लिये नमस्कार है—यह कहकर आर्द्रा नक्षत्र मे पुरुषोत्तम प्रभु के केशो का समर्चन करे। उपोषित होने पर ऋक्ष दिनो मे भक्ति की भावना से द्विज श्रेष्ठो का अच्छी रीति से पूजन करना चाहिए ॥ २० ॥

३३—आदित्य शयन व्रत कथन

उपवासेष्वशक्तस्य तदेव फलमिच्छत. ।
अनभ्यासेन रोगाद्वा किमिष्ट व्रतमुत्तमम् ॥१
उपवासेऽप्यशक्ताना नक्त भोजनमिष्यते ।
यस्मिन् व्रते तदप्यत्र श्रूयतामक्षयं महत् ॥२
आदित्यशयनं नात यथावच्छङ्करान्निम् ।
येषु नक्षत्रयोगेषु पुराणज्ञा प्रचक्षते ॥३
यदा हस्तेन सप्तम्यामादित्यस्य दिन भवेत् ।
भूर्य्यस्य चाथ सक्रान्तिस्तिथि सा सार्वकामिकी ॥४
उमामहेश्वरस्यार्चामर्चयेत् सूर्यनामभिः ।
भूर्य्यर्चा शिवलिङ्गे च प्रकुर्वन् पजयेद्यतः ॥५

उमापतेरवेर्वापि न भेदोदृश्यते क्वचित् ।
यस्मात्तस्मान्मुनिश्रेष्ठ ! गृहे शम्भुं समर्चयेत् ॥६
हस्ते च सूर्य्याय नमोऽस्तु पादावर्काय चित्रासु सु गुल्फदेशम् ।
स्वातीपु जङ्घे पुरुषोत्तमाय धात्रे विशाखासु च जानुदेशम् ॥७

देवर्षि श्री नारद जी ने कहा—यदि कोई उपवास करने में असमर्थ हो और फल वही चाहता हो तो उसके लिये कौनसा व्रत इष्ट एवं उत्तम होता है। उपवास करने मे अशक्तता अभ्यास के न होने से अथवा किसी भी रोग के कारण हो सकती है ॥१॥ ईश्वर ने कहा—जो दिन भर का पूरा उपवास न कर सकें उनको रात्रि में एक बार भोजन करना भी अभीष्ट हो जाता है। जो अहोरात्र के पूरे व्रत का फल होता है वही इसमे भी होता है। इसका अक्षय महत् श्रवण करो ॥२॥ आदित्य शयन नाम वाला व्रत यथारीति भगवान् शङ्कर का समर्चन है। पुराणो के ज्ञाता विद्वान् जिन नक्षत्रो के योगो में यह होता है उसे कहते हैं ॥३॥ जिस समय में हस्त नक्षत्र के साथ सप्तमी तिथि मे आदित्य का दिन होवे और सूर्य की सक्रान्ति होवे तो वह तिथि समस्त कामनाओ को पूर्ण करने वाली है। ४॥ उमा और महेश्वरी की अर्चा को सूर्य्य के नामो से अर्चित करना चाहिए। और सूर्य्य की अर्च को शिव के लिङ्ग मे करता हुआ पूजना चाहिए ॥५॥ उमा के पति भगवान् शिव का और रविका कही पर भी कोई भेद नही दिखलाई देता है। इस कारण से हे मुनिश्रेष्ठ! गृह मे ही शम्भु का यजन करना चाहिए ॥६॥ हस्त नक्षत्र मे भगवान् सूर्य के लिये नमस्कार हो यह उच्चारण कर चरणो का पूजन करे। चित्रा नक्षत्र मे अर्क के लिये नमस्कार हो—यह कहकर गुल्फ देश का का अर्चन करना चाहिए। स्वाती मे पुरुषोत्तम के लिये नमस्कार है—इसके द्वारा दोनों जङ्घाओ का पूजन करे और विशाखा में धाता के लिये नमस्कार हो-इससे जानु देश का यजन करे ॥७॥

तथानुराधासु नमोऽभिपूज्यमूरुद्वयञ्चैव सहस्रभानोः ।

ज्येष्ठास्वनङ्गाय नमोऽस्तु गुह्यमिन्द्राय सोमाय कटी च मूले ॥८
पर्वोत्तरषाणढयुगे च नाभिस्त्वष्ट्रे नमः सप्ततुरङ्गभाय ।
तीक्ष्णांशवे च श्रवणे च कुक्षौ पृष्ठं धनिष्ठासु विकर्तनाय ।९
चक्षुस्थल ध्वान्तविनाशनाय जलाधिपर्क्षे परिपूजनीयम् ।
पूर्वोत्तराभाद्रपदाद्वये च बाहू नमश्चण्डकराय पूज्यौ ॥१०॥
साम्नामधीशाय करद्वयञ्च सपूजनीयं द्विज ! रेवतीषु ।
नखानि पूज्यानि तथाश्विनीषु नमोऽस्तु सप्ताश्वधुरन्धराय ॥११॥
कठोरधाम्ने भरणीषु कण्ठं दिवाकरायेत्यभिपूजनीया ।
ग्रीवाग्नि ऋक्षे धरमम्बुजेशे सपूजयेन्नारद ! रोहिणीषु ॥१२
मृगोत्तमाङ्गे दशना मुरारेः सपूजनीया हरये नमस्ते ।
नम सवित्रे रसना शङ्करे च नासाभिपूज्या च पुनर्वसौ च ॥१३
ललाटमम्भोरुहवल्लभाय पुष्पेलकावेदशरीरधारिणे ।
शर्पेऽथ मौलि विबुधप्रियास मघासु कर्णाविति गो गणेशे ॥१४

तथा अनुराधा नक्षत्र मे नमस्कार करके सहस्रभानु के दोनो ऊरुओ का अभिपूजन करना चाहिए। ज्येष्ठा नक्षत्र मे अनङ्ग के लिये नमस्कार होवे—इसके द्वारा गुह्यका यजन करे। इन्द्र सोम के लिये नमस्कार होवे—इससे कोटि और मूल मे पूजन करे ॥८॥ पूर्वाषाढा और उत्तराषाढा इन दोनो मे त्वष्टा के लिये तथा सप्ततुरङ्गमो वाले के लिये नमस्कार होवे—यह उच्चारण करके नाभि का पूजन करे। श्रवण मे तीक्ष्ण किरण वाले के लिये नमस्कार अर्पित होवे—इससे कुक्षि मे पूजन करे तथा धनिष्ठा मे विकर्तन के लिये नमस्कार हो—इसके द्वारा पृष्ठ भाग का अर्चन करना चाहिए ॥ ९ ॥ ध्वान्तर (अन्धकार) के विनाश करने वाले के लिए प्रणाम समर्पित होवे—यह कहकर चक्षु स्थल का पूजन करे और इस अर्चना को जलाधिप नक्षत्र मे करना चाहिए। पूर्वा भाद्रपदा मे और उत्तरा भाद्रपदा नक्षत्र मे चण्ड करके लिये नमस्कार हो—इसके द्वारा दोनो बाहुओ का पूजन करना चाहिए॥ ०॥ हे द्विज !

रेवती में सामों के अधीश के लिये नमस्कार हो—इस मन्त्र को कहकर दोनों करो का पूजन करना चाहिएँ। तथा अश्विनी मे सात अश्वो से धुरन्धर को प्रणाम अर्पित हो--इसके द्वारा नखों का अभ्यर्चन करे ॥ ११ ॥ भरणी मे कठोर धाम दिवाकर की सेवा मे नमस्कार होवे—इसे कहकर कण्ठ का अभिपूजन करे और अग्नि नक्षत्र मे प्रीवा का यजन करना चाहिए। हे नारद! रोहिणी मे अम्बुनेश को प्रणाम हो—इससे धर का पूजन करे ॥ १२ ॥ मृगोत्तमाङ्ग मे हरि को नमनं हो—इससे मुरारि के दशनों का यजन करना चाहिए। पुनर्वसु मे सविता के लिये नमस्कार हो—इसके द्वारा रसना का तथा शङ्कर को नमस्कार हो—इससे नासिका का अभिपूजन करना चाहिए ॥ १३ ॥ अम्भोरुहो के बन्धव के लिये नमस्कार हो—इसके द्वारा पुष्य नक्षत्र मे ललाट का पूजन करे। वेदो के शरीर को धारण करने वाले को प्रणाम होवे—इससे आस्य मे पूजन करे। विनुधो के प्रिय के लिए नमस्कार हो—इससे भौतिका यजन करे और मघा मे गणेश को प्रणाम हो—इससे दोनो कानो का पूजन करना चाहिए ॥१४॥

पूर्वासु गोब्राह्मणवन्दनाय नेत्राणि सम्पूज्यतमानि शम्भोः।
अथोत्तराफल्गुनि भे भ्रुवौ च विश्वश्वरायेति च पूजनीये ॥१५
नमोऽस्तु पाशाङ्कुशशूलपद्मकपालसर्पेन्दुधनुर्धराय।
गजासुरानङ्गपुरान्धकादिविनाशमूलाय नमः शिवाय ॥१६
इत्यादि चास्त्राणि च नित्य विश्वेश्वरायेति शिराभिपूज्य।
भोक्तव्यमत्रं वगतलशाकममांसमक्षारमभुक्तद्वेषम् ॥१७

पूर्वा फाल्गुनी मे गो और ब्राह्मणो के वन्दन के लिये नमस्कार है—इसे कहकर शम्भु के नेत्रो का भली भाँति से पूजन करे। इसके अनन्तर उत्तराफाल्गुनी मे विश्वश्वर के लिये नमस्कार हो—इस मन्त्र के द्वारा दोनो भ्रुओ का पूजन करना चाहिए ॥ १५ ॥ पाश-अङ्कुश-शूल-पद्म कपाल-सर्प-इन्दु और धनुष धारण करने वाले तथा गज-

असुर-अनङ्ग-पुर-अन्धक आदि के विनाश करने के मूल भगवान् शिव के लिये नमस्कार समर्पित होवे—इस मन्त्र के द्वारा इत्यादि अङ्गों का पूजन करके विश्वेश्वर के लिये प्रणाम है—इससे शिरा का अभिपूजन करे और फिर यहाँ पर ही तैल शाक-मांस और क्षार से रहित अभुक्त होप का भोजन करना चाहिये ॥१६, १७॥

३४—रोहिणीचन्द्र शयन व्रत कथन

दीर्घायुरारोग्यकुलाभिवृद्धियुक्तः पुमान् भूपकुलायतः स्यात् ।
मुहुर्मुहुर्जन्मनि येन सम्यक् व्रत समाचक्ष्व तदिन्दुमौले ! ॥१॥
त्वया पृष्टमिद सम्यक् उत्तङ्काक्षय्यकारकम् ।
रहस्य तव वक्ष्यामि यत्पुराणविदोविदुः ॥२
रोहिणीचन्द्रशयन नामव्रतमिहोत्तमम् ।
तस्मिन्नारायणस्यर्यामचयेदिन्दुनामभिः ॥३
यदा सोमदिने शुक्ला भवेत् पञ्चदशी क्वचित् ।
अथवा ब्रह्मनक्षत्र पौर्णमास्या जायते ॥४
तदा स्नान नरः कुर्यात् पञ्चगव्येन सर्पपैः ।
आप्यायस्वेति तु जपेत् विद्वानष्टशत पुन ॥५
शूद्रोऽपि परया भक्तयापापषण्डलापवर्जित. ।
सोमाय वरदायाथ विष्णवे च नमोनमः ॥६
कृतजप्यः स्वभवनादागत्य मधुसूदनम् ।
पूजयेत् फलपुष्पैश्च सोमनामानि कीर्तयन् ॥७

देवर्षि नारद जी ने कहा—बार-बार जन्म में जिससे भली भाँति से पुरुष दीर्घ आयु वाला—स्वस्थता से सम्पन्न तथा कुल की अभिवृद्धि से युक्त और भूप के कुल से सयुक्त होता है। हे इन्दु को मौलि में धारण करने वाले ! उसी व्रत को आप कहने की दया कीजिए ॥१॥ श्री भगवान्

ने कहा—आपने यह बहुत ही अच्छा पूछ लिया है इसको अक्षय कारक बतलाया है। अब उसका जो रहस्य है उसे बतलाता हूं जिसे पुराणो के ज्ञाता विद्वान् जानते हैं ॥२॥ रोहिणी चन्द्र शयन नाम वाला व्रत यहां पर एक अति उत्तम व्रत है। उस व्रत मे भगवान् नारायण की अर्चा होती है जो इन्दु के नामो के द्वारा अर्चन करना चाहिए ॥३॥ जब भी किसी समय मे सोमवार के दिन मे मास के शुक्ल पक्ष की पञ्चदशी पूर्णिमा) तिथि हो अथवा ग्रहा नक्षत्र पूर्णमासी होता हो उस समय मे मनुष्य को सर्षप (सरसो) और पञ्चगव्य से स्नान करना चाहिए। फिर विद्वान् पुरुष को "आप्यायस्व"—इत्यादि मन्त्र का एक सौ आठ बार जप करना चाहिए ॥ ४, ५ ॥ यदि कोई शूद्र वर्ण वाला भी हो तो उसको भी पराकोटि की भक्ति से पाषण्ड और आलाप से रहित होकर "वरदान देने वाले सोम और विष्णु के लिये बारम्बार प्रणाम है"—इसका जप करके अपने भवन आकर सोम के नामो का कीर्तन करते हुए फल-पुष्पों के द्वारा भगवान् मधुसूदन का पूजन करना चाहिए ॥६, ७॥

सोमाय शान्ताय नमोऽस्तु पादावनन्तधाम्नेति च जानुजघे ।
ऊरुद्वयञ्चापि जलोदराय सपूजयेन्मेढ्रमनन्तवाहवे ॥८
नमो नमः कामसुखप्रदाय कटिः शशाङ्कस्य सदार्चनीया ।
तथोदरञ्चाप्यमृतोदराय नाभिः शशाङ्काय नमोऽभिपूज्य ॥९
नमोऽस्तु चन्द्राय मुखञ्च पूज्य दन्ता द्विजानामधिपाय पूज्याः ।
हास्यं नमश्चन्द्रमसेऽभिपूज्यमोष्ठौ कुमुद्वन्तवनप्रियाय ॥१०
नासा च नाथाय वनौषधीना आनन्दभूताय पुनर्भ्रुवौ च ।
नेत्रद्वय पक्षिनिभन्तयेन्दारिन्दीवरश्यामकराय शौरेः ॥११

नमः समस्ताम्बरवन्दिताय कर्णद्वय दैत्यनिषूदनाय ।
ललाटमिन्दोरुदधिप्रियाय नमो सुपुण्नाधिपते पूज्याः ॥१२
शिरः शशाङ्काय नमो मुरारेर्विश्वेश्वरायेति नमः किरीटिने ।
पद्मप्रिये रोहिणि नाम लक्ष्मी सा नः सदा यच्छतु चारुनेत्रे ॥१३

देवी च संपूज्य सुगन्धपुष्पैर्नवेद्यपुष्पादिभिरिन्दुपत्नीम् ।
सुप्त्वाऽथ भूमौ पुनरत्थितेन स्नात्वा च विप्राय हविष्ययुक्तः ॥१४

पूजन करने का क्रम और प्रत्येक अङ्ग तथा उनके अर्चन करने के भिन्न २ मन्त्रों को बतलाते हुए कहते हैं—शान्त सोम के लिये प्रणाम है—इसे कहकर मधुसूदन के सर्व प्रथम चरणों का अभ्यर्चन करे। अनन्तधाम वाले को नमस्कार है—इससे जानु और जङ्घाओं का यजन करे। जलोदर को नमन है—इसके द्वारा दोनों ऊरुओं को पूजे। अनन्त बाहुओं वाले को सेवा में प्रणाम है—इससे मेढ्र का अर्चन करे ॥८॥ काम के सुख को प्रदान करने वाले के लिये बारम्बार नमस्कार है—इस मन्त्र से सर्वदा शशाङ्क की कटि का अर्चन करना चाहिए। अमृतोदर की सेवा में प्रणाम अर्पित है—इससे उदर का अभ्यर्चन करे और शशाङ्क के लिये नमस्कार है—इसे कहकर नाभि का पूजन करे ॥९॥ चन्द्र को प्रणाम है—इससे मुख और द्विजों के आधिप के लिये नमस्कार है—इसके द्वारा दोनों का पूजन करना चाहिए। चन्द्रमस को प्रणाम है—इससे हास्य कुमुदों के वन के परम प्रिय की वन्दना है—इसका उच्चारण करके दोनों होठों का पूजन करना चाहिये ॥१०॥ वनौषधियों के नाथ की वन्दना है—इसके द्वारा तथा फिर आनन्द स्वरूप को नमस्कार है—इससे पुनः दोनों भौंहों का यजन करे। इन्दीवर के समान श्याम करों वाले को प्रणाम है—इस शौरिके तथा पद्मिनी के भर्ता—इन्दु के दोनों नेत्रों का अर्चन करे ॥११॥ समस्त अप्सरों में वन्दित और दैत्यों के निषूदन करने वाले को प्रणाम है—इससे दोनों कर्णों की अर्चना करे। उडुपि के परम प्रिय की सेवा में प्रणाम है—इस मन्त्र से इन्दु के ललाट का तथा सुषुम्ना के अधिपति के केशों का पूजन करना चाहिए ॥१२॥ शशाङ्क के लिये प्रणाम है—इससे शिरका पूजन करे तथा दिक्पेश्वर किरीट धारी को नमस्कार है इससे मुरारि का शिर का यजन करे। हे पद्मों की प्यारी! हे रोहिणी! जिनका नाम लक्ष्मी है। हे सोमाप्त और सौम्य

रूपी अमृत से पाप काया वाली ! ये कहते हुए सुगन्धित पुष्पो के तथा नैवेद्य आदि अन्य उचित पूजनोपचारो से इन्दु की पत्नी देवी का भली भाँति पूजन करना चाहिए और फिर भूमि मे ही शयन करे और पुन: उठकर स्नान करे तथा हविष्य युक्त होकर विप्र के लिये प्रभातवेला मे पापों के विनाश करने वाले को नमस्कार है—इससे सुवर्ण का निर्मित जल का कुम्भ दान करना चाहिए ॥१३, १४॥

यथा त्वमेव सर्वेषां परमानन्दमुक्तिदः ।
भुक्तिर्मुक्तिस्तथा भक्तिस्त्वयि चन्द्रास्तु मेसदा ॥१५
ति संसारभीतस्य मुक्तिकामस्य चानघ ! ।
रूपारोग्यायुषामेतद्विधायकमनुत्तमम् ॥१६
इदमेव पितृणा च सर्वदा वल्लभ मुने ! ।
त्रैलोक्याधिपतिर्भूत्वा सप्तकल्पशतत्रयम् ॥
चन्द्रलोकमवाप्नोति विद्युद् भूत्वा तु मच्यते ॥१७
नारी वा रोहिणीचन्द्रशयनं या समाचरेत् ।
साऽपितत्फलमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभम् ॥१८
इति पठति शृणोति वा य इत्थ ।
मधुमथनार्चनमिन्दुकृतंनेन नित्यम् ॥१६
मतिमपि च ददाति सोऽपि शौरेभवनगतः ।
पारपूज्यतेऽमरौघैः ॥२०

इसके अनन्तर प्रार्थना करे—हे देव ! जिस प्रकार से आप ही सबको परम आनन्द और मुक्ति के प्रदान करने वाले हैं उसी तरह से हे चन्द्र ! मेरी सदा आप मे भक्ति होवे और भुक्ति एव मुक्ति भी मुझे प्राप्त होवे । हे अनघ ! यह व्रत संसार की बाधाओ से भीत और मुक्ति प्राप्त करने की कामना वाले को अतीव उत्तम है जो रूप-आरोग्य और आयु का करने वाला होता है ॥१५॥ हे मुने ! यही व्रत पितृगण को भी सर्वदा प्रिय होता है । इसको करने वाला पुरुष सम्पूर्ण त्रिलोकी का

स्वामी होकर तीन सौ सात कल्प तक चन्द्र लोक की प्राप्ति किया करता है तथा विद्युत् होकर ही मुक्त हुआ करता है ॥१६॥ चाहे कोई पुरुष हो या नारी हो जो भी इस रोहिणी चन्द्र शयन नामक व्रत का समाचरण करता है वह नारी भी पुनः आवृत्ति अर्थात् संसार मे जन्म ग्रहण करने को दुबारा आगमन से दुर्लभ यह व्रत है और उसी फल को प्राप्त किया करती है ॥१७। इस तरह से भगवान् मधु दैत्य के मथन करने वाले का अभ्यर्चन जो इन्दु के शुभ नामो के कीर्त्तन के द्वारा सम्पन्न किया जाता है उसका पठन या श्रवण मात्र किया करता है और अपनी बुद्धि को भी इसमे लगा देता है वह पुरुष भी भगवान् शौरि के ही भवन मे पहुँच कर अमरो के समुदाय के द्वारा परिपूजित हुआ करता है ऐसा इस व्रत के श्रवण—पठन और मनन मात्र का ही माहात्म्य होता है ॥ १८, १६, २० ॥

३५—तड़ागारामकूपादि प्रतिष्ठा विधि वर्णन

जलाशयगतं विष्णुवाच रविनन्दनः ।
तडागारामकूपानां वापीषु नलिनीषु च ॥१
विधिं पृच्छामि देवेश ! देवतायतनेषु च ।
के तत्र चर्त्विजोनाथ ! वेदी वा कीदृशीभवेत ॥२
दक्षिणावलयः काल स्थानमाचार्य्यएवच ।
द्रव्याणिकानि शस्तानिसर्वमाचक्ष्वतत्त्वतः ॥३
शृणुराजन्महाबाहो ! तडागादिषुयो विधिः ।
पुराणेष्विहासोऽयं पठ्यतेवेदवादिभिः ॥४
प्राप्य पक्षं शुभं शुक्लमतीते चोत्तरायणे ।
पुण्येऽहिन विप्रकीर्त्तिते कृत्वा ब्राह्मणवाचनम् ॥५
प्रागुदक्प्रवणे देशे तड़ागस्य समीपतः ।

चतुर्हस्तां शुभां वेदिं चतुरस्रां चतुर्मुखाम् ॥६
तथा षोड़शहस्तः स्यान्मण्डपश्च चतुर्मुखः ।
वेद्याश्च परितोगर्ता रत्निमात्रास्ति मेखलाः ॥७

महामहिम महर्षि श्री सूतजी ने कहा—रवि के पुत्र ने एक बार जलाशय अर्थात् क्षीर सागर मे गत अर्थात् शेष शय्या पर सस्थित भगवान् विष्णु से कहा था—तालाब—आराम (उद्यान) और कूपो का तथा बावड़ी और नलिनियो के निर्माण कराने की विधि मैं आपसे पूछता हूं । हे देवेश्वर ! हे नाथ ! और देवो के आयतनो की रचना कराने मे यहाँ पर कौन ऋत्विज होते हैं और किस प्रकार की वेदी की रचना की जाया करती है ? दक्षिणाविनय—काल—स्थान और आचार्य कैसा कौन होना चाहिये तथा इसके सम्पादन करने के लिये प्रशस्त द्रव्य कौन से होते हैं ? यह सभी तात्विक रूप से कथन करने की कृपा कीजिए । ॥ १, २, ३ ॥ मत्स्य भगवान् ने कहा—हे महान् बाहुओ वाले राजन् ! अब आप श्रवण करिये । तालाब आदि की रचना कराने मे जो भी कुछ विधान है उसे बतलाया जाता है । पुराणो मे वेदो के वाद करने वाले विद्वानो के द्वारा यह इतिहास पढा जाया करता है ॥ ४ ॥ उत्तरायण के अतीत होने पर मास के परम शुभ शुक्लपक्ष को प्राप्त करके किसी भी विप्र के द्वारा बताये गये परम पुण्य दिवस मे ब्राह्मण वाचन करे । ॥ ५ ॥ जो देश ऐसा हो जिसमे जल की अधिकता रहती है उस उदक् प्रवण देश मे तड़ाग के ही समीप मे एक शुभ वेदी की रचना करावे जो चार हाथ प्रमाण वाली हो—चौकोर और चार मुखो वाली होनी चाहिए ॥ ६ ॥ तथा वहाँ पर सोलह हाथ प्रमाण वाला एक चतुर्मुख मण्डप बनावे । और वेदी के चारो ओर गर्त्त होवें तथा रत्नि प्रमाण वाली मेखला होनी चाहिए ॥ ७ ॥

नव सप्ताथ वा पञ्च नातिरिक्ता नृपात्मज ! ।
वितस्तिमात्रा योनिः स्यात् षट्सप्ताङ्गुलविस्तृता । ८

गर्ताश्चतस्रःशस्ताःस्युस्त्रिपर्वोच्छ्रितमेखलाः ।
सर्वतस्तुसवर्णाःस्युःपताकाध्वजसंयुताः ॥९
अश्वत्थोदुम्बरप्लक्षवटशाखाकृतानि तु ।
मण्डपस्य प्रतिदिशं द्वाराण्येतानि कारयेत् ॥१०
शुभास्तत्राष्ट हातारो द्वारपालास्तथाष्ट वै ।
अष्टौ तु जापका.कार्य्या ब्राह्मणावेदपारगाः ॥११
सर्वलक्षणसम्पूर्णो मन्त्रविद्विजितेन्द्रियः ।
कुलशीलसमायुक्तः पुरोधा.स्याद्द्विजोत्तमः ॥१२
प्रतिगर्त्तेषु कलशा यज्ञोपकरणानि च ।
व्यञ्जनञ्चामरे शुभ्रे ताम्रपात्रे सुविस्तृते ॥१३
ततस्त्वनेकवर्णा. स्यश्चरवः प्रतिदेवतम् ।
आचार्य्यं. प्रक्षिपेद्भूमावनुमन्त्र्य विचक्षण ॥१४

हे नृपात्मज ! वह मेखला नौ—सात अथवा पाँच होनी चाहिए इससे अतिरिक्त न होवें । छः-सात अँगुलियों के समान विस्तृत एक वितस्ति (बिलश्त) प्रमाण उस वेदी की योनि होनी चाहिए ॥ ८ ॥ चार ही गर्त प्रशस्त होते हैं और तीन पर्वों के तुल्य उच्छ्रित मेखलायें होनी चाहिये । सभी ओर से वर्णों से युक्त तथा पताका एवं ध्वजाओं से युक्त होनी चाहिए ॥ ९ ॥ अश्वत्थ (पीपल) उदुम्बर (गूलर) प्लक्ष (पाखर) और वट (बड) की शाखाओं के द्वारा बनाये गये प्रत्येक दिशा में मण्डप के द्वार बनवाने चाहिए ॥ १० ॥ वहाँ पर आठ ही होता परम शुभ हैं तथा आठ ही द्वारपाल होने चाहिए । आठ ही जप करने वाले जापक रखे जो कि वेदों के पारगामी विद्वान् ब्राह्मण होने चाहिये ॥ ११ ॥ इसका जो पुरोहित हो वह सभी लक्षणों से परिपूर्ण हो—मन्त्रों का ज्ञाता—विजित इन्द्रियों वाला तथा कुल और शील से समन्वित श्रेष्ठ द्विज होना चाहिए ॥ १२ ॥ प्रत्येक गर्त में कलश होवे और यज्ञ के सभी उपकरण भी रहने चाहिए—व्यञ्जन—घृतपात्र तथा

सुविस्तृत तथा ताम्र पात्र होवें ॥ १३ ॥ इसके उपरान्त वहाँ पर अनेक वर्ण वाले प्रत्येक देवता के चरु होने चाहिए। विचक्षण अर्थात् परम कुशल आचार्य को अनुमन्त्रित करके भूमि में प्रक्षेप करना चाहिए ॥१४॥

व्यरत्निमात्रोयूपःस्यात्क्षीरवृक्षविनिर्मितः ।
यजमानप्रमाणोवासस्थाप्योभूतिमिच्छता ॥१५
शुक्लमाल्याम्बरधरः शुक्लगन्धानुलेपनः ।
सर्वौषध्युदकैस्तत्र स्नापितो वेदपारगैः ॥१६
यजमानः सपत्नीकः पुत्रपौत्रसमन्वितः ।
पश्चिम द्वारमासाद्य प्रविशेद्यागमण्डपम् ॥१७
ततो मङ्गलशब्देन भेरीणा निस्वनेन च ।
अञ्जसा मण्डलं कुर्य्यात् पञ्चवर्णेन तत्त्ववित् ॥१८
षोड़शारन्ततश्चक्रं पद्मगर्भं चतुर्मुखम् ।
चतुरस्रञ्च परितो वृत्तं मध्ये सुशोभनम् ॥१९
वेद्याश्चोपरि तत् कृत्वा ग्रहान् लोकपतीस्ततः ।
सन्यसेन्मन्त्रतः सर्वान् प्रतिदिक्षु विचक्षणः ॥२०
कूर्मादि स्थापयेन्मध्ये वारुण्या मन्त्रमाश्रितः ।
ब्रह्माणञ्चशिवविष्णुं तत्रैवस्थापयेद्बुधः ॥२१

तीन अरत्नि के प्रमाण वाला वहाँ पर यूप होना चाहिये जो किसी ऐसे वृक्ष से बनाया गया है जिसमे दूध रहता हो। अथवा मूर्ति की इच्छा रखने वाले को यूपका यजमान के तुल्य ही प्रमाण रखना चाहिए ॥ १५ ॥ यजमान को शुक्ल वर्ण के वस्त्र और माला धारण करने वाला रहना चाहिए। जो गन्ध का अनुलेपन किया जावे वह भी शुक्ल ही होना चाहिए। वहाँ पर जो वेदो का ज्ञान रखने वाले पारगामी मनीषी हैं उनके द्वारा सर्वोषधि समन्वित जलों के द्वारा ही उस यजमान को स्नापित कराना चाहिए ॥ १६ ॥ फिर वह यजमान अपनी

पत्नी के सहित तथा पुत्र पौत्रादि से संयुत होकर जो मण्डप का पश्चिम दिशा में द्वार है उसी से यज्ञ याग मण्डप में प्रवेश प्राप्त करे ।। १७ ।। इसके अनन्तर मङ्गलमय शब्दों की ध्वनि से तथा भेरियों के उद्घोष के साथ ही यजमान का प्रवेश होता है। सरवों के वेत्ता आचार्य को चाहिए कि तुरन्त ही मण्डल को पञ्चवर्ण से युक्त कर देवे ।। १८ ।। इसके पश्चात् सोलह अरों वाला चक्र करे जिसके गर्भ में पद्म हो और चार मुखों से युक्त हो—चौकोर चारों ओर से वृत्त तथा मध्य में शोभन होना चाहिए ।। १९ ।। फिर विद्वान् पुरोधा को वेदी के ऊपर समस्त ग्रहों तथा लोकपतियों को स्थापित करे और प्रत्येक दिशाओं में सब का न्यास मन्त्रों के द्वारा ही करना चाहिए ।। २० ।। मन्त्रों का समाश्रय ग्रहण करने वाले को वारुणी दिशा में मध्य में कूर्म आदि की स्थापना करनी चाहिए और बुद्ध पुरुष का कर्त्तव्य है कि वहीं पर ब्रह्मा—शिव और भगवान् विष्णु की स्थापना भी कर देवे ।। २१ ।।

विनायकञ्च विन्यस्य कमलामम्बिका तथा ।
शान्त्यर्थंसवलाकाना भूतग्राम न्यसेत्तत. ।।२२
पुष्पभक्ष्यफलैर्युक्तमेवकृत्वाऽधिवासनम् ।
कुम्भान्सजलगर्भास्तान्वासाभि.परिवेष्टयेत् ।।२३
पुष्पगन्धैरलङ्कृत्य द्वारपालान् समन्तत: ।
पठध्वमिति तान् ब्रूयादाचार्यस्त्वभिपूजयेत् ।।२४
बह्वृचो पूर्वत: स्थाप्यो दक्षिणेन यजुर्विदो ।
सामगो पश्चिमे तद्वदुत्तरेण त्वथर्वणो ।।२५
उदङ्मुखो दक्षिणतो यजमान उपाविशेत् ।
यजध्वमितितान्ब्रूयाद् हौत्रिकान्पुनरेव तु ।।२६
उत्कृष्टान् मन्त्रजापेन तिष्ठध्वमिति जापकान् ।
एवमादिश्य तान् सर्वान् पर्युक्ष्याग्नि स मन्त्रवित् ।।२७
जहुयाद्वारुणंमंस्त्रै राज्य च समिधस्तथा ।

ऋत्विग्भिश्चाथ होतव्यं वारुणैरेव सर्वतः ॥२८

वहाँ पर विघ्न विनाशक विनायक—कमला—अम्बिका का विशेष रूप से न्यास करे तथा सम्पूर्ण लोको की शान्ति-रक्षा के लिये भूतग्राम का भी न्यास वहाँ पर करे ॥ २२ ॥ पुष्प-भक्ष्य फलो से युक्त इस प्रकार से वहाँ अधिवास करे । जो कुम्भ वहाँ पर जलों से भरे—पूरे स्थापित हैं उनको वस्त्रों से परिवेष्टित कर देना चाहिए ॥ २३ ॥ सभी ओर मे जो द्वारपाल हो उनको पुष्प और गन्धो से समर्चित करके फिर उनसे आचार्य को निदेश देना चाहिए कि आप लोग पाठ आरम्भ कर देवें और उसे फिर अभिपूजन करना चाहिए ॥ २४ ॥ ऋत्विजो मे ऋग्वेद हो उन्हो को पूर्व दिशा मे स्थापित करे अर्थात् ऋग्वेद के ज्ञाताओं को पूर्व दिशा में रक्खे । यजुर्वेद के विद्वानो को दक्षिण मे—सामवेद के ज्ञाताओ को पश्चिम मे और जो अथर्व के विद्वान् हो उनको उत्तर दिशा मे सस्थापित करे ॥ २५ ॥ जो यजमान है उसको उत्तर की ओर मुख करके दक्षिण दिशा मे उपविष्ट होना चाहिए । जब यह व्यवस्था पूर्ण होकर सभी यथास्थान स्थित हो जावें तो पहिले आचार्य को चाहिए कि उन सबको निदेश देवे कि यजन का आरम्भ कर देवें फिर जो होत्रिक हो उनको भी आदेश देवे ॥ २६ ॥ जो यहाँ पर मन्त्रो के जापक ब्राह्मण हैं उनको भी ऐसा निदेश करना चाहिये कि आप लोग उत्कृष्ट मन्त्रो के जप का आरम्भ करने वाले सस्थित होवें । इस तरह से उन सबको यथोचित कर्म्म के समारम्भ करने का आदेश देकर फिर उस मन्त्रो के वेत्ता आचार्य को अग्नि का पर्य्युक्षण करना चाहिए ॥ २७ ॥ फिर वारुण मन्त्रो के द्वारा घृत और समिधाओ का हवन करे और जो ऋत्विक् होता यहाँ पर हैं उन सबको भी सब ओर से वारुण मन्त्रो के द्वारा ही हवन करना चाहिए ॥ २८ ॥

ग्रहेभ्यो विधिवद्हुत्वातथेन्द्रायेश्वराय च ।
मरुद्भ्योलोकपालेशयाविधिव द्विश्वकर्मणे ॥२९

रात्रिसूक्तञ्च रौद्रञ्च पावमान सुमङ्गलम् ।
जपेयु. पौरुष सूक्त पूर्वतो बह्वृचाः पृथक् ॥३०
शाक्रं रौद्रञ्च सौम्यच कूष्माण्ड जातवेदसम् ।
सौरसूक्त जपेन्मन्त्रं दक्षिणेन यजुर्विदः ॥३१
वैराज्य पौरुष सूक्त सौवर्ण रुद्रसहिताम् ।
शैशव पञ्च निधन गायत्रं ज्येष्ठसाम च ॥३२
वामदेव्य बृहत्साम रौरवं सरथन्तरम् ।
गवा व्रत च काण्वञ्च रक्षोघ्न वयसस्तथा ॥
गायेयु. सामगा राजन् ! पश्चिम द्वारमाश्रिताः ॥३३
अथर्वणश्चोत्तरतः शान्तिक पौष्टिक तथा ।
जपेयुर्मनसा देवमाश्रित्य वरुण प्रभुम् ॥३४
पूर्वेद्युरग्नेो रात्रावेव कृत्वाधिवासनम् ।
गजाश्वरथ्यावल्मीकात् सङ्गमाद्धदगोकुलात् ॥
मृदमादाय कु भेषु प्रक्षिपेच्चात्वरात्तथा ॥३५

समस्त ग्रहो के लिए विधि के साथ हवन करके इन्द्र-ईश्वर मरुद्गण-लोकपाल और विश्वकर्मा के लिये विधान के अनुसार ही आहुतियाँ देनी चाहिए ॥२९॥ पूर्व दिशा मे जो बह्वृच स्थित हैं उनको रात्रि सूक्त-रौद्र-पवमान-सुमङ्गल और पुरुष सूक्त का पृथक् जाप करना चाहिए ॥३०॥ जो यजुर्वेद के ज्ञाता ऋत्विज दक्षिण दिशा मे स्थित रहते हैं उनको शाक्र (इन्द्र का सूक्त)—रौद्र (रुद्रदेव का सूक्त) सौम्य अर्थात् सोम का सूक्त—कूष्माण्ड—जातवेदस और सौर अर्थात् सूर्य के मन्त्रो का जाप करना चाहिए ॥३१॥ पश्चिम दिशा को समलङ्कृत करके द्वार पर समाश्रित जो सामवेदी पारगामी ऋत्विज समवास्थित हैं उन्हें वैराज-पौरुष सूक्त-सौवर्ण-रुद्रसहिता-शैशव-पञ्चनिधन-गायत्र-ज्येष्ठ साम-वामदेव्य-बृहत्साम-रौरव-सरथन्तर-गौओ का व्रत-काण्व-रक्षोघ्न तथा वयस इन सबका हे राजन् ! गायन करना चाहिए ॥ ३२,

३३ ॥ उत्तर दिशा मे अथर्ववेद के विशारद ऋत्विज स्थित हैं उनको शान्तिक और पौष्टि सूक्तो का जाप करना चाहिए तथा मन से प्रभु वरुण देव का समाश्रय ग्रहण करके ही जाप करने का विधान है। अतः ऐसा ही करना चाहिए ।। ३४ ॥ पूर्व दिवस मे सभी ओर से इस तरह रात्रि में अधिवासन करे तथा गज—अश्व—रथ्या—वल्मी—सङ्गम ह्रद—गोकुल—इन स्थलों से मृत्तिका का ग्रहण करके तथा चत्वर से ग्रहण करके कुम्भों में प्रक्षेप उसका करना चाहिए ।।३५।।

रोचनाञ्च ससिद्धार्थां गन्ध गुग्गुलमेव च ।
स्नपनं तस्य कर्तव्यं पञ्चमङ्गसमन्वितम् ।।३६
प्रत्येकन्तु महामन्त्रै रेवं कृत्वा विधानतः ।
एवं क्षपातिवाह्याथ विधियुक्तेन कर्मणा ।।३७
तत प्रभाते विमले सञ्जातेऽथ शत गवाम् ।
ब्राह्मणेभ्यः प्रदातव्यमष्टपष्टिश्च वा पुनः ॥
पञ्चाशद्वाथ षट्त्रिंशत् पञ्चविंशतिरप्यथ ।३८
ततः सान्वत्सरप्राप्ते शुभे लग्ने सुशोभने ।
वेदशब्दश्च गान्धर्वैर्वाद्यैश्च विविधः पुनः ।।३९
कनकालङ्कृतां कृत्वा जले गामवतारयेत् ।
सामगाय च सा देया ब्राह्मणायविशाम्पते ।।४०
पात्रीमादया सौवर्णीं पञ्चरत्नसमन्विताम् ।
ततो निक्षिप्य मकरमत्स्यादीश्चैव सर्वशः ।।
घृता चतुर्विधैर्विप्रै र्वेदवेदाङ्गपारगै. ।।४१

सिद्धार्थ के सहित रोचना—गन्ध और गुग्गुल को भी प्रक्षिप्त करे। फिर उसका पञ्चमङ्ग समन्वित स्नपन करना चाहिए ।। ६।। महामन्त्रो के द्वारा इस प्रकार से प्रत्येक का विधान के साथ करके फिर विधियुक्त कर्म से उस रात्रि का इसी भाँति अति वाहन करे ।।३७।। इसके अनन्तर जब यह अधिवास की रात्रि समाप्त होकर विमल प्रभात

वेला हो जावे तो उस समय में एक सौ अथवा अड़सठ गौओं का दान ब्राह्मणों के लिये देना चाहिए। इतनी न हो सकें तो पचास अथवा छत्तीस या पच्चीस ही गौओं का दान अवश्य करना चाहिए ॥३८॥ इसके अनन्तर साम्वत्सर प्रोक्त अर्थात् वर्ष में कथित शुभ लग्न और शुभ दिन में वेदों के शब्दों की ध्वनियों से तथा अनेक प्रकार के गान्धर्व वाद्यों से सुवर्ण से समलंकृत करके गौ को जल में अवतारित कर। हे विशाम्पते! फिर उस गौ को साम वेद के गायक ब्राह्मण के लिये दान में दे देनी चाहिए। ॥३९, ४०॥ सुवर्ण के द्वारा विनिर्मित तथा पाँच प्रकार के रत्नों से संयुत लेकर फिर सब मकर—मत्स्य आदि का निषेध कर के वेदों और वेदों के अङ्ग शास्त्रों के पारगामी विद्वान् चार प्रकार के विप्रों के द्वारा वह धारण कीजिये ॥४१॥

महानदीजलोपेता दध्यक्षतसमन्विताम्।
उत्तराभिमुखी धेनुं जलमध्ये तु [illegible]रयेत् ॥४२
आथर्वणेन सस्नाता पुनर्मामित्यथेति च।
आपोहिष्ठेति मन्त्रेण क्षिप्त्वाऽऽगत्य च मण्डलम् ॥४३
पूजयित्वा सरस्तत्र बलिं दद्यात् समन्ततः।
पुनर्दिनानि होतव्यं चत्वारि मुनिसत्तमाः ॥४४
चतुर्थी कर्म कर्तव्य देया तत्रापि शक्तितः।
दक्षिणा राजशार्दूल! वरुणक्षमापनं ततः ॥४५

किसी महा नदी के जल से समुपेत तथा दधि अक्षतों से युक्त और उत्तर दिशा की ओर मुख करने वाली उस धेनु को जल के मध्य में करा देवे ॥४२॥ अथर्व वेद के "पुनर्मामैत्यादि मन्त्र से सस्नान करके फिर "आपोहिष्ठा" इत्यादि मन्त्रों से क्षेपण करे और फिर मण्डल में आगमन करे ॥४३॥ वहाँ पर सर का पूजन करके सभी ओर बलि देनी चाहिए। हे मुनिश्रेष्ठो! पुनः चार दिन पर्य्यन्त हवन करना चाहिए। इसके पश्चात् चतुर्थी कर्म्म करना चाहिए वहाँ पर शक्ति पूर्वक दक्षिणा

भी देनी चाहिए। हे राज शार्दूल! इसके अनन्तर वरुण देव से क्षमापन करना चाहिए ॥४४, ४५॥

३६—सौभाग्य शयन व्रत कथन

तथैवान्यत् प्रवक्ष्यामि सर्वकामफलप्रदम् ।
सौभाग्यशयनं नाम यत्पुराणविदोविदुः ॥१
पुरा दग्धेषु लोकेषु भूर्भुवःस्वर्महादिषु ।
सौभाग्यं सर्वभूतानामेकस्थमभवत्तदा ॥
वैकुण्ठ स्वर्गमासाद्य विष्णोर्वक्षस्थलस्थितम् ॥२॥
ततः कालेन महता पुनः सर्गविधौ नृप ! ।
अहङ्कारावृते लोके प्रधानपुरुषास्विते ॥३
स्पर्धायाञ्च प्रवृत्तायां कमलासनकृष्णयोः ।
लिङ्गाकारमभूद्भूता वह्नेर्ज्वालातिभीषणा ॥
तयाभितप्तस्य हरेर्वक्षस्तद्विनिसृतम् ॥४
वक्षस्थलंसमाश्रित्यविष्णो सौभाग्यमास्थितम् ।
रसरूपन्ततोयावत्प्राप्नोतिवसुधातलम् ॥५
उत्क्षिप्तमन्तरिक्षे तद्ब्रह्मपुत्रेण धीमता ।
दक्षेण पीतमात्रन्तद्रूपलावण्यकारकम् ॥६
बलं तेजो महज्जात दक्षस्य परमेष्ठिनः ।
शेष यदपतद्भूमावष्टधा समजायत ॥७

मत्स्य भगवान् ने कहा—उसी प्रकार से एक अन्य समस्त मनोरथो के फलो का प्रदान करने वाले व्रत का वर्णन करता हू जिस व्रत का नाम सौभाग्य शयन है जिसे पुराणो के वेत्ता विद्वान् पुरुष भली भाँति जानते है ॥१॥ पुरातन समय मे भू—भुव.—स्व· और महर्लोक आदि लोको के

दग्ध हो जाने पर उस महान् भीषण काल मे समस्त भूतों का सौभाग्य एक मे ही स्थित हो गया था ।२। यह सौभाग्य बैकुण्ठ और स्वर्ग मे पहुँच कर भगवान् विष्णु के वक्षःस्थल मे स्थित हो गया था। हे नृप ! इसके पश्चात् बहुत अधिक काल के हो जाने पर पुनः सर्ग की विधि प्राप्त हुई तो उस समय मे यह लोक अहङ्कार से आवृत और प्रधान-पुरुष से समन्वित था ॥३॥ भगवान् श्री कृष्ण और कमलासन ब्रह्माजी इन दोनो मे स्पर्धा की भावना की प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई थी। ऐसी दशा मे एक लिङ्ग के आकार वाली अग्निकी भीषण ज्वाला समुद्भूत हुई थी और अत्यन्त अमितप्त भगवान् हरि के वक्षस्थल से वह निःसृत हुई थी ॥ ४ ॥ इस वसुधा के तल में जो भी कुछ रस और रूप जितना भी प्राप्त होता है वह सभी भगवान् विष्णु के वक्षःस्थल का समाश्रय ग्रहण करके समस्त सौभाग्य वहीं पर समास्थित हो गया था ॥५॥ परम धीमान् ब्रह्माजी के पुत्र दक्ष ने पीतमात्र उस रूप लावण्य के करने वाले को अन्तरिक्ष मे उत्क्षिप्त कर दिया था ॥६॥ परमेष्ठी दक्ष का बल और तेज महान् हो गया था। शेष जो भी कुछ भूमण्डल मे गिरा था वह आठ प्रकार का हो गया था ॥७॥

ततोजनानांसञ्जाताःसप्तसौभाग्यदायकाः ।
इक्षवोरसराजाश्चनिष्पावाजाजिधान्यकम् ॥८
विकारवच्च गोक्षीरं कुसुम्भं कुंकुमं तथा ।
लवणं चाष्टमन्तद्वत् सौभाग्याष्टकमुच्यते ॥९
पीतं यत् ब्रह्मपुत्रेण योगज्ञानविदा पुनः ।
दुहिता साऽभवत्तस्य या सतीत्यभिधीयते ॥१०
लोकानतीत्य यालित्यात् ललिता तेन चोच्यते ।
त्रैलोक्यसुन्दरीमेनामुपयेमे पिनाकधृक् ॥११
यादेवीसौभाग्यमयी भुक्तिमुक्तिफलप्रदा ।
तामाराध्य पुमान् भवतयानारीवाकिञ्चिन्दति ॥१२

कथमाराधनं तस्या जगद्धात्र्या जनार्दन ! ।
तद्विधानं जगन्नाथ ! तत् सर्वञ्च वदस्व मे ॥१३

इसके उपरान्त जनों के सात सौभाग्य के देने वाले हुए थे—इक्षु (ईख-गन्ना) रसराज-निष्पाव-अजाजि-धान्य-विकार वाला गौ का दुग्ध, कुसुम्भ, कुंकुम और आठवाँ लवण। उसको भाँति यह सौभाग्य का अष्टक कहा जाता है ॥८॥९॥ योग ज्ञान के वेत्ता ब्रह्मा जी के पुत्र ने जो पी लिया था वह उसकी दुहिता हुई थी जो सती इस नाम से कही जाया करती है ॥१०॥ उस दक्ष प्रजापति की पुत्री सती का लालित्य इतना अधिक था कि समस्त लोकों के लालित्य को भी अतिक्रान्ति कर दिया था। इस लालित्य की अत्यन्ताधिकता के कारण ही उसका शुभ नाम ललिता लोक में कहा जाता है यह सती त्रैलोक्य की एक ही परम सुन्दरी थी। इसके साथ भगवान पिनाकधारी शङ्कर ने परिणय किया था ॥११॥ जो देवी परम सौभाग्य से परिपूर्ण है और मुक्ति अर्थात् सांसारिक सब प्रकार के सुखों उपभोग और मुक्ति बारम्बार संसार में, जीवन-मरण के आवागमन से छुटकारा, इन दोनों के फल को प्रदान करने वाली है उसका आराधन भक्तिभाव से करके चाहे पुरुष हो या नारी हो या कुछ प्राप्त नहीं कर सकता है अर्थात् सभी कुछ का लाभ हो जाता है ॥१२॥ मनु ने कहा—हे जनार्दन हे जगन्नाथ ! इस जगत् की धात्री उस देवी का आराधन किस प्रकार से किया जाता है ? इसका जो भी विधान हो वह सम्पूर्ण कृपा करके मुझे बतलाइये ॥१३॥

वसन्तमासमासाद्य तृतीययां जनप्रिय ! ।
शुक्लपक्षस्य पूर्वाह्णे तिलैः स्नानं समाचरेत् ॥१४
तस्मिन्नहनि सादेवी किल विश्वात्मना सती ।
पाणिग्रहणकैर्मन्त्रैः रत्नसद्वरवर्णिना ॥१५
तया सहैव देवेश तृतीयायामथार्चयेत् ।
फलैर्नानाविधैर्धूपैर्दीपैर्नवेद्यसंयुतैः ॥१६
प्रतिमां पञ्चगव्येन तथा गन्धोदकेन तु ।

स्नापयित्वाऽर्चयेत् गौरीमिन्दुशेखरसंयुताम् ॥१७
नमाऽस्तुपाटलायैतुपादौदेव्याःशिवस्यतु ।
शिवायेतिचसंकीर्त्यजयायैगुल्फयोर्द्वयोः ॥१८
त्रिगुणायेति रुद्राय भवान्यै जंघयोर्युगम् ।
शिवः रुद्रेश्वराय च विजयायेति जानुनी ॥
सङ्कीर्त्य हरिकेशाय तथोरू वरदे नमः ॥१९
ईशायैच कटिं देव्या शङ्करायेति शङ्करम् ।
कुक्षिद्वयञ्च कोटव्यै शूलिने शूलपाणये ॥२०
मङ्गलायै नमस्तुभ्यमुन्दर चाभि पूजयेत् ।
सर्वात्मने नमो रुद्रमीशान्यैंच कुचद्वयम् ॥२१

मत्स्य भगवान् ने कहा—हे जन प्रिय ! वसन्त मास को प्राप्त करके शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि मे पूर्वाह्न के समय मे तिलो से स्नान करना चाहिए ॥१७॥ उस दिन मे वर वर्णिनी वह देवी सती विश्वात्मा के साथ पाणिग्रहण के मन्त्रो मे निवास करने वाली हुई थी ॥१५॥ उसी देवी के साथ ही तृतीया मे देवेश का भी अर्चन करना चाहिये । फल जो अनेक प्रकार के हो उनसे—धूप—दीप और नैवेद्य से सयुत करके प्रतिमा का पञ्चगव्य से और गन्धोदक से स्नपन कराकर फिर इन्दुशेखर से समन्वित गौरी का अभ्यर्चन करना चाहिए ॥१६, १७॥ पाटला के लिये नमस्कार हो—इस मन्त्र का उच्चारण करके देवी और शिव के चरणो का यजन करे । शिवाय नमः—जयायै नमः—इन का सकीर्त्तन करके दोनो देवी देवो के दोनो गुल्फो का अर्चन करे ॥१८॥ त्रिगुण रुद्र को नमस्कार है—भवानी के लिये नमस्कार है—इन मन्त्रो से दोनो जघाओ की अर्चना करनी चाहिए । शिवा रुद्रेश्वरा को तथा विजया को नमस्कार है—इनसे दोनो जानुओ का पूजन करे । हरिकेश और वरदा के लिये नमस्कार है—इनका सकीर्त्तन करके दोनो ऊरुओ का यजन करे ॥१९॥ ईशा को नमस्कार है—इससे देवी की कटिका तथा शङ्कर के लिये प्रणाम

है—इससे भगवान् शकर की कटिका पूजन करे। कोठवी तथा शूलपाणि शली की सेवा मे प्रणाम अर्पित हो—इन से दोनो कुक्षियो का अर्चन करना चाहिये ॥२ ॥ मङ्गला आपके लिये नमस्कार है—इसका उच्चारण करके उदर का पूजन करे। सर्वात्मा के लिये नमस्कार है—इससे रुद्र का अर्चन करे तथा ईशानो की सेवा मे प्रणाम है—इससे देवी दोनों स्तनो का अभ्यर्चन करना चाहिए ॥२१॥

शिवं वेदात्मने तद्वद् रुद्राण्यै कण्ठमर्चयेत् ।
त्रिपुरघ्नाय विश्वेशमनन्तायै करद्वयम् ॥२२
त्रिलोचनाय च हर वाहुकालानलप्रियं ।
सौभाग्यभवनायेति भूषणानि सदार्चयेत् ॥
स्वाहा स्वधायै च मुखमीश्वरायेति शूलिनम् ॥२३॥
अशोकमधुवासिन्यै पूज्यावोष्ठौ च भूतिदौ ।
स्थाणवेतु हरं तद्वद्धास्य चन्द्रमुखप्रिये ॥२४
नमाऽर्द्धनारीशहरमसिताङ्गीति नासिकाम् ।
नम उग्राय लोकशं ललितेति पुनर्भ्रुवौ ॥२५
शर्वाय पुरहन्तार वासयेंतु तथालकान् ।
नमः श्रीकण्ठनाथायै शिवकेशास्ततोऽर्चयेत् ॥
भामोग्रसमरूपिण्यै शिरः सर्वात्मने नमः ॥२६
शिवमभ्यर्च्यविधिवत्सौभाग्याष्टकमग्रतः ।
स्थापयेद् घृतनिष्पावकुसुम्भक्षीरजीरकान् ॥२७
रसराजञ्च लवणं कस्तुम्बरुमथाष्टकम् ।
दत्तं सौभाग्यमित्यस्मात् सौभाग्याष्टकमित्यतः ॥२८

वेदात्मा को प्रणाम है—इससे शिवका और रुद्राणी को प्रणाम है—इससे देवी के कण्ठ का पूजन करे। त्रिपुर के हनन करने वाले को प्रणाम है—इससे देवी के दोनो करो का पूजन करे ॥२२॥ त्रिलोचनाय नम. अर्थात् तीन लोचनो वाले को प्रणाम है—इस मन्त्र को पढकर

भगवान् हर का तथा हे बाहु कालानल प्रिये ! सौभाग्य भवना के लिये प्रणाम है—इस से सर्वदा भूषणो का अभ्यर्चन करना चाहिए। स्वाहा स्वधा को नमस्कार है—इससे देवी के मुख का और ईश्वर के लिए नमस्कार है—इससे शूलि की अर्चना करे ॥२३॥ अशोक मधुवासिनी को प्रणाम अर्पित हो—इस मन्त्र से देवी के मूर्ति प्रदान करने वाले ओष्ठो का पूजन करना चाहिए। उसी भाति स्थणु के लिए नमस्कार है—इससे हर का अर्चन करे। हे चन्द्रमुख प्रिये ! आपको नमस्कार है—इससे धारप अर्चन करे अर्धनारीश हर को तथा आसिताङ्गी को नमस्कार है—इन मन्त्रो के द्वारा नासिका का अभ्यर्चन करे। उग्र के लिये प्रणाम है—इससे लोकेश का तथा ललिता को प्रणाम है—इससे देवी के दोनो भृकुटियो का अर्चन करना चाहिए ॥२४, २५॥ 'शर्वाय नमः" अर्थात् शर्व की सेवा मे नमस्कार अर्पित है—इस मन्त्र से पुर के हनन करने वाले प्रभु का और "वासुक्यै नमः" अर्थात् वासुकी के लिये प्रणाम है—इससे देवी के अलको का अर्चन करे। 'श्री कण्ठनाथायै नमः' अर्थात् श्री कण्ठ की स्वामिनी को नमस्कार है इससे देवी के केशो का और फिर शिव के केशो का पूजन करे। "भीमोग्र सम रुपिण्यै नमः"—इस मन्त्र से देवी के तथा "सर्वा-मने नमः"—इस मन्त्र से देवेश के शिर का पूजन करना चाहिए ॥२६॥ इस प्रकार से विधि के साथ भगवान् शिव का समर्चन करके उनके आगे फिर सौभाग्याष्टक की स्थापना करनी चाहिए। उस सौभाग्य के आठ पदार्थों के नाम, घृत, निष्पाव, कुसुम्भ, क्षीर, जीरक, रसराज, लवण और तुम्बक ये है। इन्ही का सबका समुदाय अष्टक होता है इस अष्टक से सौभाग्य का प्रदान किया था अतएव इसका नाम सौभाग्याष्टक हो गया है ॥२७, २८॥

एव निवेद्य तत्सर्वमग्रत. शिवयोः पुनः।
रात्री शृङ्गोदकं प्राश्य तद्वद् भूमावरिन्दम ! ॥२९
पुन प्रभाते तु तथा कृतस्नानजपः शुचि ।
सपूज्य द्विजदाम्पत्य वस्त्रमाल्यविभूषणै ॥३०

सौभाग्याष्टकसंयुक्तं सुवर्णचरणद्वयम् ।
प्रीयतामत्र ललिता ब्राह्मणाय निवेदयत् ॥३१
एवंसम्वत्सरंयावत्तृतीयायासदामना ! ।
कर्त्तव्यंविधिवद्भक्तयासवसौभाग्यमीप्सुभिः ॥३२
प्राशने दानमन्त्रे च विशेषोऽयन्निबोधमे ।
शृङ्गोदकञ्चैत्रमासे वैशाखे गोमय पुनः ॥३३
ज्येष्ठेमन्दारकुसुम विल्वपत्रं शुचौस्मृतम् ।
श्रावणेदधि सम्प्राश्य नभस्येचकुशोदकम् ॥३४
क्षीरमाश्वयुजेमासि कार्तिके पृषदाज्यकम् ।
मार्गेमासेतु गामूत्रं पौषे सप्राशयेद्घृतम् ॥३५

इस प्रकार से उस सबको शिव और शिवाके आगे निवेदन करके रात्रि मे शृङ्गोदक का प्राशव करक उसी भाँति भूमि मे अरिन्दम को करावे ॥ २९ ॥ पुनः प्रातःकाल को बेला मे स्नान और जाप करके परम शुचि होकर वस्त्र—माला और भूषणो के द्वारा ब्राह्मण द पति का भली भाँति पूजन करना चाहिए ॥ ३० ॥ सौभाग्याष्टक से समन्वित सुवर्ण निर्मित दो चरणो को इसमे ललिता देवी प्रसन्न हो—यह उच्चारण करते हुए ब्राह्मण को दान देना चाहिए इसी प्रकार से एक वर्ष पर्य्यन्त हे मनो ! तृतीया तिथि मे सदा विधि के सहित भक्ति की भावना से सर्व सौभाग्य के इच्छुक पुरुषो को इस व्रत को करना चाहिए ॥ ३१, ३२ ॥ प्राशन मे और दान के मन्त्र मे यह यहाँ पर विशेषता है उसे आप मुझसे समझ बूझ लो । चैत्र मास मे शृङ्गोदक—वैशाख मे गोमय का प्राशन करना चाहिये ॥ ३३ ॥ ज्येष्ठ मास मे मन्दार का कुसुम और आषाढ मे बिल्व पत्र कहा गया है । श्रावण मे दधि का सम्प्राशन करे और भाद्रपद मे कुशोदक का प्राशन करना चाहिए ॥ ३४ ॥ आश्विन मास मे क्षीर और कार्तिक मे पृषदाज्य तथा मार्गशीर्ष में गोमूत्र का प्राशन करे । पौष मास मे घृत का प्राशन करना चाहिए ॥३५॥

माघे कृष्णतिलतद्वत् पञ्चगव्यञ्च फाल्गुने ।
ललिताविजयता भद्राभवानी कुमुदाशिवा ॥३६
वासुदेवी तथा गौरी मङ्गला कमलासती ।
उमाच दानकालेतु प्रीयतामिति कीर्तयेत् ॥३७
मल्लिकाशोककमलं कदम्बोत्पलमालती: ।
कुब्जक करवीरञ्च वाणमल्लामकुंकुमम्॥३८
सिन्दुवारञ्च सर्वेषु मासेषु क्रमशः स्मृतम् ।
जापकुसुम्भकुसुम मालती शत पत्रिका ॥३९
यथालाभ प्रशस्तानि करवीरञ्च सर्वदा ।
एव सम्वत्सरं यावदुपोष्य विधिवन्नरः ॥४०
स्त्रीमक्ता वा कुमारी वा शिवमभ्यर्च्य भक्तितः ।
व्रतान्ते शयन दद्यात् सर्वोपस्करसयुतम् ॥४१
उमा महेश्वर हैम वृषभञ्च गवा सह ।
स्थापयित्वाऽथ शयने ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥४२

माघ मास मे काले तिलो का तथा फाल्गुन मे पञ्चगव्य का प्राशन करना चाहिए । बारहो मासो के दान काल के भी पृथक २ नाम हैं क्रम से समझ लना चाहिए—ललिता—विजया—भद्रा—भवानी—कुमुदा—शिवा—वासुदेवी—गौरी—मङ्गला—कमला—सती और उमा ये बारह नाम पूर्वोक्त क्रम से दान के समय मे प्रत्येक नाम का उच्चारण करके प्रसन्न हो ऐसा कीर्त्तन करो यथा 'उमा प्रीयताम्' यही क्रम है । ॥ ३६ । ३७ ॥ इसी प्रकार से पुष्पो का भी एक क्रम है उसी के अनुसार ग्रहण करके अभ्यर्चन करे—मल्लिका—अशोक—कमल—कदम्ब—उत्पल मालती—कुब्जक—करवीर—बाण—अम्लान—कुंकुम—सिन्धुवार इन पुष्पो से सभी मासो मे क्रमपूर्वक पूजन करना कहा गया है । जपा—कुसुम्भ कुसुम मालती शत पत्रिका ये पुष्प यथा लाभ ही प्रशस्त होते हैं । और करवीर तो सभी समय मे प्रशस्त है । इस तरह से एक वर्ष जब तक पूर्ण हो

मनुष्य को विधि के साथ उपवास करना चाहिए ॥ ३८, ३६, ४० ॥
भक्त कोई स्त्री हो या कोई कुमारी हो भगवान् शिव का भक्ति भाव से अर्चन करके जब व्रत की समाप्ति हो तो उस व्रत करने वाले को सभी उपस्करो से युक्त शय्या का दान करना चाहिए। उमा और महेश्वर और वृषभ सुवर्ण के निर्मित कराकर गौ के साथ शयन मे स्थापित कराकर ब्राह्मण को दान मे देनी चाहिए ॥४१, ४२॥

अन्यान्यपि यथाशक्तया मिथुनान्यम्बरादिभिः
धान्यालङ्कारगोदानैरभ्यर्चेद्धनसञ्चयैः ॥
वित्तशाठ्येन रहितः पूजयेत् गतविस्मः ॥४३॥
एवं करोतियः सम्यक् सौभाग्यशयनव्रतम् ।
सर्वान् कामानवाप्नोति पदमत्यन्तमश्नुते ॥
फलस्यैकस्य त्यागेन व्रतमेतत्समाचरेत् ॥४४
य इच्छन् कीर्तिमाप्नोति प्रतिमासनराधिपः ।
सौभाग्यारोग्यरूपायुर्वस्त्रालङ्कारभूषणैः ॥
न वियुक्तो भवेद्राजन् ! नवार्बुदशतत्रयम् ॥४५॥
यस्तु द्वादश वर्षाणि सौभाग्यशयनव्रतम् ।
करोति सप्त चाष्टौवा श्रीकण्ठभवनेऽमरैः ।
पूज्यमानो वसेत् सम्यक् यावत्कल्पायुतत्रयम् ॥४६
नारीवा कुरुते वापि कुमारीवा नरेश्वर ! ।
सापि तत्फलमाप्नोति देव्यनुग्रहलालिता ॥४७
शृणुयाद्यपियश्चैव प्रदद्यादथवा मतिम् ।
साऽपिविद्याधरो भत्वास्वर्लोगंके चिरवमेत् ॥४८
इदमिह मनेन पूर्वमिष्ट शतधनुषा कृतवीर्यसूनुना च ।
कृतमथ वरुणेन नन्दिना वा किमु जननाथ ततो यदुद्भवस्यात् ॥४९

अन्य-अन्य भी मिथुनो को यथा शक्ति वस्त्र आदि के द्वारा तथा धान्य-अलङ्कार और गो-दानो एव धन के सचयो के द्वारा अभ्यर्चन

करे। पूजन वित्त की शठता से रहित होकर ही विस्मय से हीन रह कर ही करना चाहिए ॥ ४३ ॥ इस विधान से जो भी कोई इस सौभाग्य शयन व्रत को भली भाँति किया करता है वह सभी कामनाओं का फल प्राप्त कर लिया करता है और फिर अत्यन्त उन्नत पद का लाभ करता है एक फल के त्याग से इस व्रत का समाचरण करना चाहिए ।४४। जो नराधिप चाहता है वह प्रतिमास कीर्ति की प्राप्ति किया करता है। हे राजन्! इस व्रत को करने वाला पुरुष सौभाग्य—आयु—आरोग्य—रूप—लावण्य—वस्त्र—अलङ्कार और भूषणों से तीन सौ नव अर्बुद पर्यन्त कभी वियुक्त नहीं हुआ करता है ॥ ४५ ॥ जो पुरुष बारह वर्ष तक इस सौभाग्य शयन व्रत को करता रहता है अथवा सात या आठ वर्ष तक किया करता है वह अमर गणों के साथ भगवान् श्री कण्ठ के भवन में पूज्यमान होकर तीन अयुत कल्प तक अच्छी तरह निवास किया करता है ॥ ४६ ॥ हे नरेश्वर! नारी हो या कुमारी हो जो भी कोई इस व्रत को करती है वह भी देवी के अनुग्रह से लालित होकर इसके फल को पूर्णतया प्राप्त कर लिया करती है ॥ ४७ ॥ जो कोई इस व्रत की कथा का श्रवण भी कर लेता है या इसमें अपनी मति को लगा देता है वह पुरुष भी विद्याधर होकर स्वर्गलोक में चिरकाल पर्यन्त निवास किया करता है ॥ ४८ ॥ इस व्रत को पूर्व में यहाँ पर मदन ने किया था फिर शत धनुषों वाले कृतवीर्य के पुत्र ने इसको किया था। इसके अनन्तर वरुण ने, नन्दी ने किया था। हे जनों के नाथ! इससे जो कुछ भी उत्पन्न होता है उसके विषय में क्या कहाँ तक कहा जावे। तात्पर्य है कि कोई भी प्राप्तव्य शेष नहीं रहता है—यह इस महाव्रत का माहात्म्य है ॥४८, ४९॥

३७—अक्षय तृतीया और सरस्वती व्रत

अथान्यामपि वक्ष्यामि तृतीयां सर्वकामदाम् ।
यस्यां दत्तं हुतं जप्तंसर्वं भवति चाक्षयम् ॥१
वैशाखशुक्लपक्षे तु तृतीया यै रुपोषिता ।
अक्षयं फलमाप्नोति सर्वस्य सुकृतस्य च ॥२
सा तथा कृत्तिकोपेता विशेषेण सुपूजिता ।
तत्र दत्त हुत जप्तं सर्वमक्षयमुच्यते ॥३
अक्षयासन्ततिस्तस्यास्तस्यासुकृतमक्षयम् ।
अक्षतैस्तुनरा स्नाताविष्णोदत्त्वातथाक्षतान् ॥४
विप्रेषु दत्त्वा तानेव तथा सक्तून् सुसस्कृतान् ।
यथान्नभुक् महाभागः फलमक्षयमश्नुते ॥५
एकामप्युक्तवत् कृत्वा तृतीया विधिवन्नरः ।
एतासामपि सर्वासातृतीयाना फलमवेत् ॥६
तृतीयायां समभ्यर्च्य सोपवासो जनार्दनम् ।
राजसूयफल प्राप्यगतिमग्र्याञ्च विन्दति ॥७

ईश्वर ने कहा—इसके अनन्तर मैं अक्षय तृतीया के व्रत का भी वर्णन करता हूँ जो सब कामनाओं को प्रदान करने वाला है। जिसमे दिया हुआ जो भी हो हवन-जप आदि सभी अक्षय हो जाया करते हैं ॥ १ ॥ वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की जो तृतीया होती है उसका जिन पुरुषो ने उपवास किया है या किया करते हैं वे सभी सुकृत का अक्षय फल पाने का लाभ लिया करते हैं ॥ २ ॥ वह तिथि कृत्तिका से उपेत होती विशेष रूप से सुपूजित होती है। उसमे सभी दान किया हुआ—हवन किया हुआ और जाप किया हुआ अक्षय कहा जाता है ॥३॥ उसकी सन्तति भी अक्षय अर्थात् कभी भी क्षीण न होने वाली होती है और उसमे किया हुआ सुकृत भी अक्षय होता है। अक्षतों से स्नान किये

हुए मनुष्य भगवान् विष्णु की सेवा मे अक्षतो को समर्पित करके उन्हीं को सुसस्कृत सतुआ कराकर विप्रो को दान मे दिया करते हैं वे यथा अन्नमुक् महाभाग उसका अक्षय फल प्राप्त किया करते हैं ॥ ४, ५ ॥ उक्त विधान के अनुसार मनुष्य एक भी तृतीया का व्रत किया करते हैं वे इन सभी तृतीयाओ का फल प्राप्त कर लिया करते हैं। तृतीया के दिन उपवास के सहित रह कर जो भगवान् जनार्दन का अभ्यर्चन करता है वह मनुष्य राजसूय यज्ञ का पुण्य फल प्राप्त करके अनुत्तम गति की प्राप्ति किया करते हैं ॥ ६, ७ ॥

मधुरा भारती केन व्रतेन मधुसूदन ! ।
सर्वत्र जनसौभाग्य मति विद्यासुकौशलम् ॥८
अभेदश्चापि दम्पत्यो स्तथा बन्धुजनेन च ।
आयुश्च विपुल पुंसा तन्मे कथय माधव ! ॥९
सम्यक् पृष्ट त्वया राजन् ! शृणुसारस्वतव्रतम् ।
यस्य सकीर्तनादेव तुष्यतीह सरस्वती ॥१०
यो यद्भक्तःपुमान् कुर्य्यातएतद्व्रतमनुत्तमम् ।
तद्वासरादौसम्पूज्यविप्रानेतान्समाचरेत् ॥११
अथवादित्यवारेण ग्रहताराबलेन च ।
पायसं भोजयेद्विप्रान् कृत्वा ब्राह्मणवाचनम् ॥१२
शुक्लवस्त्राणि दत्त्वा च सहिरण्यानि शक्तितः ।
गायत्री पूजयेद्भक्तया शकलमाल्यानुलेपनैः ॥१३
यथा न देवि ! भगवान् ब्रह्मलोके पितामहः ।
त्वा परित्यज्य सन्तिष्ठेत्तथा भव वरप्रदा ॥१४

मनु ने कहा—हे मधुसूदन ! यह मधुरा भारती किस व्रत से प्राप्त हुआ करती है ? तथा जनों का सौभाग्य—मति और विद्याओ मे परमाधिक कौशल—दम्पति में किसी भी प्रकार के भेद—भाव का न होना तथा बन्धु जन के साथ भी भेद की भावना का अभाव—आयु की विपुलता ये सब

पुरुषों को कौन से व्रत—विधान से हुआ करता है ? हे माधव ! वहा आप कृपा करके हमको बतलाइये ॥८, ९॥ भगवान् मत्स्य ने कहा—हे राजन् ! आपने यह तो बहुत ही अच्छा इस समय मे प्रश्न पूछा है । अच्छा तो अब सारस्वत व्रत का श्रवण कीजिए जिसके करने की तो बात ही क्या है केवल कीर्तन मात्र के करने ही से देवी सरस्वती लोक मे परम सन्तुष्ट एव प्रसन्न हो जाया करती हैं ॥१०॥ जो इसका भक्त पुरुष इस परमोत्तम व्रत को करता है उसे उसका सर के आदि मे इन विप्रो का भली भाँति पूजन करके ही इस व्रत का समाचरण करना चाहिए ॥११॥ अथवा रविवार को ग्रहो के और ताराओ के बल से इसका आरम्भ करे । ब्राह्मण वाचन करके विप्रो को पायस का भोजन कराना चाहिए ॥१२॥ परमोज्ज्वल शुक्ल वसन और इनके साथ मे अपनी शक्ति के अनुसार सुवर्ण भी देकर शुक्ल माल्य और शुक्ल ही अनुलेपन आदि उपचारो के द्वारा भक्ति की भावना से गायत्री देवी का अभ्यर्चन करना चाहिए ॥१३॥ पूजन की वेला मे देवी से यही प्रार्थना करे—हे देवी ! जिस प्रकार से ब्रह्म लोक मे भगवान् पितामह आपका परित्याग करके क्षण मात्र को भी सस्थित नही रहा करते हैं उसी प्रकार से आप वरदान देने वाली हो जाइये ॥१४॥

वेदाःशास्त्राणिसर्वाणिगीतनृत्यादिकञ्चयत ।
न निहीनत्वयादेवि ! तथामेसन्तुसिद्धयः ॥१५
लक्ष्मीर्मेधा धरापुष्टिर्गौरीतुष्टाप्रभामतिः ।
एताभि. पाहि अष्टाभि स्तनूभिर्मा सरस्वती ॥१६
एव सम्पूज्यगायत्री वाणीञ्चयनिवारिणीम् ।
शुक्लपुष्पाक्षतंभक्त्यासकमण्डलुपुस्तकाम् ॥
मौनव्रतेन भुञ्जीत साय प्रातस्तु धर्म्मवित् ॥१७॥

वेद और सम्पूर्ण शास्त्र तथा गीत और नृत्य आदि सभी हे देवि ! आप से हीन न होवें उसी प्रकार की मेरी सिद्धियाँ हो जानी चाहिए

॥१५॥ हे सरस्वती देवि ! आप लक्ष्मी, मेधा, धरा, पुष्टि, गौरी, तुष्टा, प्रभा, इन आठ तनुओ से संयुता होकर मेरी रक्षा करिए ॥१६॥ इस प्रकार से क्षय का निवारण करने वाली वाणी गायत्री देवी का भली भाँति अर्चन करके जो शुक्ल पुष्प और अक्षतो से सयुत है और भक्ति के द्वारा कमण्डलु एव पुस्तक को धारण करने वाली है फिर मौन व्रत पूर्वक धर्म के ज्ञाता पुरुष को सायकाल मे और प्रातः काल मे अशन करना चाहिए ॥१७॥

३८--चन्द्रादित्योपराग में स्नान विधि कथन

चन्द्रादित्योपरागेतु यत्स्नानमभिधीयते ।
तदहश्रातुमिच्छामि द्रव्यमन्त्रविधानवित् ॥१
यस्य राशिसमासाद्य भवेद्ग्रहणसप्लवः ।
तस्य स्नान प्रवक्ष्यामि मन्त्रौपधविधानतः ॥२
चन्द्रोपरागसम्प्राप्य कृत्वाग्राह्मणवाचनम् ।
सपूज्यचतुरो विप्रान् शुक्लमाल्य नुलेपनैः ॥३
पूर्वमेवोपरागस्य समासाद्यौपधादिकम् ।
स्थापयेच्चतुरः कुम्भानव्रणान् सागरानिति ॥४
गजाश्वरथ्यावल्मीकसङ्गमाद्ध्रदगोकुलात ।
राजद्वारप्रदेशा च मृदमानीय चाक्षिपेत् ॥५
पञ्चगव्यञ्च कुम्भेषु शुद्धमुक्ताफलानि च ।
रोचना पद्मशङ्खौच पञ्चरत्नसमन्वितम् ॥६

मनु ने कहा—हे भगवन् ! आपके द्वारा चन्द्रमा और सूर्य के ग्रहण की वेला मे जो स्नान कहा जाता है उसको द्रव्य-मन्त्र और विधान के जानने वाले आपसे मैं पूर्ण रूप से श्रवण करना चाहता हू ॥ १ ॥

मत्स्य भगवान् ने कहा—जिस राशि को प्राप्त करके ग्रहण का सम्भव होता है उसका स्नान मन्त्र और ओषधि के विधान से मैं आपको बतलाता हूं ॥ १, २ ॥ जब चन्द्रमा का उपराग (ग्रहण) सम्प्राप्त हो तो उस समय मे ब्राह्मण वाचन करे और चार विप्रो का शुक्ल माल्या तथा शुक्ल अनुलेपनो के द्वारा भली भाँति पूजन करे। नव उपराग का आरम्भ हो उससे पूर्व ही ओषधि आदि का समासादन करे। चार कुम्भो की स्थापना करे जो व्रणो से रहित हों। ये कुम्भ सागर स्थानीय होते हैं ॥३, ४॥ गजशाला—अश्वशाला—वल्मीक (साँप की बामी) सङ्गम—ह्रद—गोकुल (गायों के बैठने तथा बँधने का खिरक) राजद्वार का प्रवेश—इन स्थलो से मृत्तिका का आनयन करके उसका प्रक्षेप करना चाहिए ॥ ५ ॥ कुम्भो म पञ्चगव्य (गो का दूध-दही—घृत मूत्र और गोमय—इन सबका सम्मिश्रण) शुद्ध मुक्ताफल, रोचना, पद्म, शङ्ख तथा पाँचो प्रकार के रत्न, स्फटिक, चन्दन श्वेत, तीर्थों का जल, सरसो, राजदन्त, कुमुद उशीर (खस) और गूगल इन समस्त पदार्थों को एकत्रित कर लेना चाहिए ॥ ६ ॥

स्फटिक चन्दन श्वेत तीर्थवारि ससर्षपम् ।
राजदन्त सकुमुद तथैवोशीरगुग्गुलम् ॥
एतत्सर्वं विनिक्षिप्य कुम्भेष्वावाहयेत् सुरान् ॥७
सर्व समुद्राः सरितस्तीर्थानि जलदा नदाः ।
आयान्तु यजमानस्य दुरितक्षयकारकाः ॥८
योऽसौ वज्रधरो देव आदित्यानां प्रभुर्मतः ।
सहस्रनयनश्चेन्द्रो ग्रहपीडा व्यपोहतु ॥९
मुखं यः सर्वदेवाना सप्तार्चिरमितद्युतिः ।
चन्द्रोपरागसम्भूता अग्निः पीडा व्यपोहतु ॥१०
यः कर्मसाक्षी भूताना धर्मो महिषवाहनः ।
यमश्चन्द्रोपरागोत्था ममपीडा व्यपोहतु ॥११

नागपाशधरो देवः साक्षान्मकरवाहनः ।
स जलाधिपतिश्चन्द्रग्रह पीडां व्यपोहतु ॥१२
प्राणरूपेण यो लोकान् पाति कृष्ण मृगप्रिय. ।
वायुश्चन्द्रोपरागोत्था पीडांमत्र व्यपोहतु ॥१३
योऽसौ निधिपति देवः खड्गशूलगदाधरः ।
चन्द्रोपरागकलष धनदो मे व्यपोहतु ॥१४

उपर्युक्त पदार्थों का सबका उन कुम्भो मे निक्षेप करके फिर उनमे सुरो का आवाहन करना चाहए ॥७॥ आवाहन के समय मे प्रार्थना करे—सब समुद्र, समस्त सरिताऐ, तीर्थ, जलद, नद यहाँ पर आने की कृपाकरें जो कि यजमान के दुरितो के क्षय करने मे समर्थ हैं ।८। जो यह वपु के धारण करने वाले देव आदित्यों के प्रभु माने गये है वही सहस्र नेत्रो वाले इन्द्रदेव ग्रहों की पीडा का व्यपोहन करें।९। अपरिमित द्युतिवाले सप्तार्चि समस्त देवो का मुख है । अग्नि, चन्द्र के उपराग से होने वाली पीडा का व्यपोहन करें जो भूतो के विहित कर्मों का (बुरे—भले जैसे भी हो) साक्षी है वह धर्म महिष के वाहन वाला यमराज चन्द्र के उपराग से समुत्पन्न मेरी पीडा को दूर करे ॥१०, ११॥ नागो के पाश को धारण करने वाले साक्षात् मकर के वाहन वाले देव जल के अधिपति चन्द्रग्रह की पीडा का व्ययोहन करें ।१२। कृष्ण मृग पर प्यार करने वाले वायुदेव जो प्राणो के रूप से समस्त लोको का प्रतिपालन किया करते है यहाँ पर इस चन्द्रमा के उपराग से समुत्थित पीडा का निवारण कर देवें । जो यह निधियो का स्वामी खड्ग, शूल और गदा के धारण करने वाले देव धनद है वे मेरे चन्द्रोपराग के कलुष को दूर करे ॥१३, १४॥

योऽसौ विन्दुधरो देवः पिनाकी वृषवाहनः ।
चन्द्रोपरागजा पाडा विनाशयतुशङ्करः ॥१५
त्रैलोक्येयानिभूतानि स्थावराणिचराणिच ।
ब्रह्मविष्ण्वर्कयुक्तानि तानि पापदहन्तुवै ॥१६

एवमामन्त्र्यते कुम्भैरभिषिक्तोगुणान्वितैः ।
ऋग्यजुः साममन्त्रैश्च शुक्लमाल्यानुलेपनैः ॥
पूजयेद्वस्त्रगोदानैर्ब्राह्मणानिष्टदेवताः ॥१७॥
एतानेव ततोमन्त्रान् विलिखेत्करकान्वितान् ।
वस्त्रपट्टे ऽथ वा पद्मे पञ्चरत्नसमन्वितान् ॥१८
यजमानस्य शिरःसु निदध्युस्तेद्विजोत्तमाः ।
ततोऽतिवाहयेद्वेलामुपरागानुगामिनीम् ॥१९
प्राङ्मुखः पूजयित्वा तु नमस्यन्निष्टदेवताम् ।
चन्द्रग्रहे विनिवृत्ते कृतगोदानमङ्गलः ॥
कृतस्नानायत पट्ट ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥२०॥
अनेन विधिना यस्तु ग्रहस्नान समाचरेत् ।
न तस्य ग्रहपीडा स्यान्नच बधुजनक्षयः ॥२१
परमां सिद्धिमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभाम् ।
सूर्यग्रहे सूर्यनाम सदा मन्त्रेषु कीर्तयेत् ॥२२

जो यह बिन्दु के धारण करने वाले वृष के वाहन वाले पिन की देव शङ्कर हैं वे मेरी चन्द्र के ग्रहण से उत्पन्न होने वाली पीडा का विनाश कर देवें ॥ १५ ॥ इस त्रिलोकी मे जो भी स्थावर और चर भूत हैं जो ब्रह्मा, विष्णु और सूर्य से सयुक्त हैं वे सब पापो का दाह करे ॥ १६ ॥ इस तरह से आमन्त्रित करके फिर गुणो से समन्वित उन कुम्भो से अभिषिक्त होकर ऋक्-यजु और सामवेद के मन्त्रो के द्वारा एव शुक्ल माल्य और अनुलेपनो स इष्ट देवो का अर्चन करे तथा वस्त्र और गोदानो के द्वारा ब्राह्मणो का यजन करना चाहिए ॥ १७ ॥ फिर इन्ही मन्त्रो को करकान्वित करके लिखे जो पाँच रत्नो से भी समन्वित हो । इन मन्त्रो को किसी वस्त्र पट्ट पर अथवा पद्म पर लिखना चाहिए ॥ १८॥ उत्तम द्विजो को यजमान के शिर पर उन्हे रखना चाहिए । फिर उस उपराग का अनुगामिनी वेला का अतिवाहन करे ॥ १९ ॥ पूर्व

दिशा की ओर मुख वाला होकर पूजन करे तथा अपने इष्ट देवो को नमस्कार करे। जब यह चन्द्रमा का ग्रहण निवृत्त हो जाये तो गोदान और मज्जन कर्म करने वाले को स्नान किये हुए ब्राह्मण के लिये उस पट्ट को निवेदित कर देना चाहिये ॥ २० ॥ इस विधान के साथ जो ग्रह स्नान का समाचरण किया करता है उसको कभी भी ग्रहो की पाड़ा नही हुआ करती है और न कभी बन्धुजनो का ही क्षय होता है। वह मनुष्य पुनरावृत्ति दुर्लभ परम सिद्धि को प्राप्ति किया करता है। सूर्य ग्रह मे सूर्य देव के नामो का सदा मन्त्रो मे कीर्त्तित करना चाहिए। ॥ २१ ॥ २२ ॥

३६—सप्तमीस्नपन व्रत कथन

किमुद्वेगाद्भृते कृत्यमलक्ष्मीः केन हन्यते।
मृतवत्साभिषेकादि कार्येषु च किमिष्यते ॥१
पुरा कृतानि पापानि फलन्त्यस्मिंस्तपोधन।
रोगदौर्गत्यरूपेण तथैवेष्टवधेन च ॥२
तद्विघाताय वक्ष्यामि सदा कल्याणकारकम्।
सप्तमीस्नपनंनाम जनपीडाविनाशनम् ॥३
बालाना मरण यत्र क्षीरपाना प्रदृश्य तम्।
तद्वत्वृद्धे तराणाञ्च यौवने चापिवर्तताम् ॥४
शान्तये तस्य वक्ष्यामि मृतवत्साभिषेचनम्।
एतदेवाद्भुतोद्वेगचित्तभ्रमविनाशनम् ॥५
भविष्यतिच वाराहो यत्र कल्पस्तपोधन!।
वैवस्वतश्च तत्रापि यदा तु मनुरुत्तमः ॥६
भविष्यति च तत्रैव पञ्चविंशतिम यदा।

कृतं नामयुगं तत्र हैहयान्वयवर्द्धनः ।।
भविता नृपतिर्वीरः कृतवीर्यः प्रतापवान् ।।७।

देवर्षि श्री नारद जी ने कहा—उद्वेग से अद्भुत दशा के प्राप्त होने पर क्या कृत्य करना चाहिए ? किस कर्म के करने से यह अनहोनी का हनन किया जाता है तथा मृतवत्सा आदि कार्यों में क्या इष्ट प्रद हुआ करता है ? श्री भगवान् ने कहा—हे तपोधन ! इस मनुष्य जीवन में पूर्व जन्मों में किये हुए पाप ही फल दिया करते हैं। इस जीवन में रोगों की उत्पत्ति—महा दुर्गति के स्वरूप से और इष्ट का वध हो जाने से अर्थात् जो भी कुछ अभीष्ट हो उसका विनाश के होने से मनुष्य को उन पूर्व कृत पापों का फल मिला करता ।।१, २।। इन सब के निघात करने के लिये सदा कल्याण के करने वाले तथा जनों की पीड़ा का विनाश कर देने वाले सप्तमी स्नपन नाम वाले व्रत को बतलाते हैं ।।३।। जहां पर दुर्भिक्ष में छोटे २ बच्चों का मरण दिखलाई दिया करता है और उसी भांति जो अभी वृद्धावस्था में प्राप्त नहीं हुए हैं ऐसे यौवन में रहने वालों का मरण होता है वहां पर शान्ति के सम्पादन करने के लिये मृतवत्साभिषेचन बतलाते हैं। यही अद्भुत उद्वेग और चित्त के भ्रम का विनाश करने वाला होता है ।।४, ५।। हे तपोधन ! जिस समय में वाराह कल्प होगा और वहीं पर जब उत्तम वैवस्वत मनु होगा। वहीं पर जब पच्चीसवां कृत युग नाम वाला युग होगा और उस समय में हैहय के वंश की वृद्धि करने वाला महान् प्रताप वाला वीर कृतवीर्य नामक एक नृपति होगा ।।६, ७।।

ससप्तद्वीपमखिलं पालयिष्यति भूतलम् ।
यावद्वर्षसहस्राणि सप्तसप्तति नारद ! ।।८
जातमात्रञ्च तस्यापि यावत् पुत्रशतं तथा ।
च्यवनस्यतु शापेन विनाशमुपयास्यति ।।९
सहस्रबाहुश्च यदा भविता तस्यवै सुतः ।

कुरङ्गनयनः श्रीमान् सम्भृतो नृपलक्षणैः ॥१०
कृतवीर्य्यस्तदाराध्य सहस्रांशुं दिवाकरम् ।
उपवासंव्रतं दिव्यैर्वेदसूक्तैश्च नारद ! ।
पुत्रस्य जीवनार्थालमेतत्स्नानमवाप्स्यति ॥११
कृतवीर्य्येण वै पृष्ट इदं वक्ष्यति भास्करः ।
अशेषदुष्टशमनं सदा कल्मषनाशनम् ॥१२
अलं क्लेशेन महता पुत्रस्तव नराधिप ! ।
भविष्यति चिरञ्जीवी किन्तु कल्मषनाशनम् ॥१३
सप्तमी स्नपनं वक्ष्ये सर्वलोकहिताय वै ।
जातस्य मृतवत्साया सप्तमे मासि नारद ! ॥
अथवा शुक्लसप्तम्यामेतत् सर्वं प्रशस्यते ॥१४

वह राजा सातो द्वीपों के सहित समस्त भूतल का परिपालन करेगा । हे नारद ! सतत्तर सहस्र वर्ष पर्य्यन्त वह पालन करेगा ॥८॥ उसके भी उत्पन्न मात्र हुए एक सौ पुत्र सबके सब च्यवन के शाप से विनाश को प्राप्त हो जायेंगे ॥९॥ जिस समय मे उसका पुत्र सहस्रबाहु होगा जो मृग के समान सुन्दर नेत्रो वाला—श्री से सम्पन्न और सम्पूर्ण नृप के लक्षणो से युक्त होगा ॥१०॥ उस समय मे राजा कृतवीर्य सहस्राशु भगवान् दिवाकर की आराधना करके जो कि उपवास-व्रत-और हे नारद ! दिव्य वेदो के सूक्तो के द्वारा की गयी थी-पुत्र के जीवन के लिये यह पर्याप्त स्नान प्राप्त करेगा ॥११॥ राजा कृतवीर्य्य के द्वारा पूछे गये भास्कर प्रभु इस व्रत को उसे बतलायेंगे । यह व्रत सम्पूर्ण कल्मषो का नाश करने वाला और अशेष दुष्टो का भी शमन करने वाला है ॥१२॥ भगवान् भुवन भास्कर ने कहा था—हे नराधिप ! अब आप यह महान् क्लेश मत करो आपका पुत्र चिरजीवी होगा किन्तु कल्मषो के नाश करने वाला सप्तमी स्नपन करना होगा जिसको कि मैं सब लोगो के हित सपा संपादन के लिये अभी बतला दूंगा । हेनारद ! मृतवत्सा स्त्री के समुत्पन्न

होने वाले के सातवें मास मे अथवा शुक्ल पक्ष का सप्तमी तिथि मे यह सब प्रशस्त होगा ॥१३, १४॥

ग्रहतारावलं लब्ध्वा कृत्वा ब्राह्मणवाचनम् ।
बालस्य जन्मनक्षत्रं वर्जयेत्तां तिथिं बुधः ।
तद्वद्वृद्धेतराणाञ्च कृत्यंस्यादितरेषु च ॥१५
गोमयेनानुलिप्तायां भूमावेकाग्निवत्तदा ।
तण्डुलैरक्तशालीयैश्चसगोक्षीरसंयुतम् ॥
निर्वपेत् सूर्य्यरुद्राभ्यां तन्मन्त्राभ्या विधानतः ॥१६
कीर्तयेत् सूर्य्यदैवत्य सप्तर्चि च घृताहुतीः ।
जुहुयाद्रुद्रसूक्तेन तद्वद्रुद्राय नारद ! ॥१७
होतव्याः समिधश्चात्र तथैवार्कपलाशयोः ।
यवकृष्णतिलैर्होमः कर्त्तव्याऽष्टशत पुनः ॥१८
व्याहृतीभिस्तथाज्येन तथैवाष्टशत पुनः ।
हुत्वा स्नानञ्च कर्त्तव्यं मङ्गल यन धीमता ॥१९
विप्रेण वेदविदुषा विधिवद्दर्भपाणिना ।
स्थापयित्वा तु चतुरः कुम्भान्कोणेषु शोभनान् । २०

ग्रहों के तथा ताराओ के बल को प्राप्त करके अर्थात् जब सब ग्रह और तारा अपने अनुकूल शुभ हो ऐसे समय मे ब्राह्मण वाचन करावे। बुध पुरुष को चाहिए कि बालक के जन्म का नक्षत्र और उस तिथि को वर्जित कर देवे। इसी भाँति जो वृद्धों से इतर अर्थात् युवा हैं उनका और इतरों का भी कृत्य होता है ॥१५॥ गोमय से अनुलिप्त भूमि मे एकाग्नि के समान उस समय मे अक्त शालीय तण्डुलों से गौ के क्षीर से संयुत चरु का सूर्य रुद्र के उन मन्त्रों से विधान पूर्वक निर्वपन करना चाहिए ॥१६॥ सूर्यदैवत्य का कीर्तन करे तथा सप्तर्चि को घृत की आहुतियों के द्वारा हवन करना चाहिए। हे नारद ! उसी प्रकार से रुद्र के लिये रुद्रसूक्त से हवन करे। १७॥ उसी प्रकार से अर्क (आक) और पलाश (ढाक) की समिधाओं का हवन करना चाहिए। फिर यव और काले तिलों

से अष्टोत्तर शत होम करना चाहिए ॥१८॥ तथा आज्य (घृत) के द्वारा व्याहृतियो स एक सौ आठ बार पुनः हवन करके मङ्गल स्नान करना चाहिए। वेदो के विद्वान् धीमान् दर्भ हाथ मे रखने वाले विज के द्वारा चार परम शोभन कुम्भो को कोणो मे स्थापित कराकर विधि को सुसम्पन्न करे ॥१६, २०॥

पञ्चमञ्च पुनर्मध्ये दध्यक्षतविभूषितम् ।
स्थापयेदव्रण कुम्भ सप्तर्चेनाभिमन्त्रितम् ॥२१
सौरेण तीर्थतोयेन पूर्ण रत्नसमन्वितम् ।
सर्वान्सर्वौषधैर्युक्तान् पञ्चगव्यसमन्वितान् ॥
पञ्चरत्नफलैः पुण्यैर्वासोभिः परिवेष्टयेत् ॥२२॥
गजाश्वरथ्यावल्मीकासङ्गमाद्ध्रदगोकुलात् ।
सशुद्धा मृदमानीय सर्वेष्वेवविनिक्षिपेत् ॥२३
चतुर्ष्वपि च कुम्भेषु रत्नगर्भेषु मध्यमम् ।
गृहीत्वा ब्राह्मणस्तत्र सौरान्मन्त्रानुदीरयेत् ॥२४
नारीभिः सप्तसङ्ख्याभिरव्यङ्गाङ्गीभिरत्र च ।
पूजिताभिर्यथाशक्तया माल्यवस्त्रविभूषणैः ॥
सविप्राभिश्च कर्त्तव्य मृतवत्साभिषेचनम् ॥२५
दीर्घायुरस्तु बालोऽयं जीवत्पुत्राच भामिनी ।
आदित्यश्चन्द्रमा सार्द्धं ग्रहनक्षत्रमण्डलैः ॥२६
सशक्रा लोकपालाश्च ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः ।
एते चान्येच देवौघाः सदापान्तुकुमारकम् ॥२७
मित्रोशनिर्वा हुतभुक् ये च बालग्रहाः क्वचित् ।
पीडा कुर्वन्तु बालस्यमामातुर्जनकस्यवै ॥२८

फिर मध्य मे पाँचवें कुम्भ को दधि-अक्षत से विभूषित करके बिना व्रण वाले कुम्भ को सात ऋचाओ से अभिमन्त्रित करके स्थापित करना चाहिए ॥२१॥ सौर ऋचाओ से अभिमन्त्रित करके तीर्थों के जल से परिपूर्ण करे तथा रत्नो से समन्वित करे। सभी कुम्भो को सर्वौषधि

से संयुत एव पञ्चगव्य से युक्त करके फिर पञ्चरत्न फलो और पुष्पो से समन्वित करके वस्त्रो से परिवेष्टित कर देना चाहिये ।।२२।। गज—अश्व—रथ्या—वल्मीक—सङ्गम और ह्रद से तथा गोकुल मे मृत्तिका को लाकर जो कि परम सशुद्ध हो उन समस्त कुम्भो मे उसका विनिक्षेप कर देवे ।।२३।। उन चारो रत्न मध्य मे रहने वाले कुम्भों मे से उस मध्य मे रहने वाले कुम्भ को ग्रहण करके ब्राह्मण वहा पर सौर सूर्य्य सम्बन्धी मन्त्रो का उच्चारण करे ।।२४।। सात सख्या वाली अभ्यङ्ग अगों वाली पूजित नारियो के द्वारा जो विप्रो के भी सहित हो यथा शक्ति से माला—वस्त्र और विभूषणो से उनका पूजन किया हुआ हो, वे फिर उस मृतवत्सा नारी का अभिषेचन करें ।।२५।। इस प्रकार से वे कहते हुए अभिषेचन करें—यह बालक दीर्घ आयु वाला होवे और यह भामिनी जीवित पुत्रों वाली होवे । ग्रह नक्षत्रो के मण्डलो के साथ आदित्य और चन्द्रदेव—इन्द्र के सहित सब लोकपाल तथा ब्रह्मा—विष्णु और महेश्वर ये सब देवगण तथा इनके अतिरिक्त दूसरे भी देव समुदाय इस कुमार की सदा रक्षा करें ।।२६, २७।। मित्र अशनि अथवा हे अमुक जो भी कही पर बालग्रह है जो बालक को पीडा किया करते हैं वे बालक—उसकी माता और उसके जनक किसी को भी न सतावें ।।२८।।

ततः शुक्लाम्बरधरा कुमारपतिसयुता ।
सप्तक पूजयेद्भक्तगा स्त्रीणामथ गुरु पुनः ।।२९
भुक्तवा च गुरुणा चेयमुच्चार्या मन्त्रसन्ततिः ।
दीर्घायुस्तु बालोऽय यावद्वर्षशतसुखी ।।३०
यत् किञ्चिदस्यदुरितन्तत् क्षिप्तवडवानले ।
ब्रह्मारुद्रावसुः स्कन्दोविष्णुःशक्रोहुताशनः ।।३१
रक्षन्तु सर्वे दुष्टेभ्यो वरदाः सन्तु सर्वदा ।
एवमादीनि वाक्यानि वदन्त पूजयेद्गुरुम् ।।३२
शक्तितः कपिला दद्यात् प्रणम्य च विसृजयत् ।

चक्रञ्च पुत्रसहिता प्रणम्य रविशङ्करौ ॥३३
हुतशेष तदाश्नीयादादित्याय नमोऽस्त्विति ।
इदमेवाद्भुतादेगदु स्वप्नेषु प्रशस्यते ॥ ३४
कर्तुर्जन्मदिनक्षञ्च त्यक्त्वा संपूजयेत् सदा ।
शान्त्यर्थं शुक्लसप्तम्यामेतत्कुर्वन्न सीदति ॥३५

इसके अनन्तर शुक्ल वस्त्र धारण करने वाली कुमार और पति से समन्वित भक्ति से स्त्रियों के सप्तक का पूजन करे पुनः इसके बाद गुरु का यजन करे ॥२६॥ इसके उपरान्त ताम्रपात्र के ऊपर स्थित धर्मराज की सुवर्ण की प्रतिमा को करे और फिर उस गुरुजी के लिये निवेदित कर देना चाहिये । ३०॥ वित्त की शठता से रहित होकर अर्थात् धन होते हुए कृपणता न करके उसी भाँति ब्राह्मणों का वस्त्र-सुवर्ण-रत्नों का समूह-भक्ष्य-घृत और पायस से पूजन करना चाहिए । ॥३१॥ भोजन करके गुरु को यह मन्त्रों की सन्तति का उच्चारण करना चाहिए—यह बालक दीर्घायु हो और सौ वर्ष तक सुखी रहे ॥३२॥ जो कुछ भी इसका दुरित (पाप) हो उसको बड़वामुख में क्षिप्त कर दिया जावे । ब्रह्मा-रुद्र-वसु-स्कन्द-विष्णु-शक्र-हुताशन ये सब पुष्टी से रक्षा करें और सर्वदा वरदान देने वाले होवें—इस प्रकार के वाक्यों को बोलने वाले गुरु का अभ्यर्चन करे ॥३३॥ अपनी शक्ति के अनुसार एक कपिला गौ का दान करे फिर प्रणाम करके गुरु का विसर्जन कर देना चाहिए । पुत्र के सहित रवि और भगवान् शंकर को प्रणाम करके उस घर को जो हुत से शेष बचकर रह गया है उसको—"आदित्याय नमोऽस्तु"—इस मन्त्र के साथ उसी समय में प्राशन कर लेवे । यह ही अद्भुतोद्वेगदुःस्वप्नों में प्रशस्त माना जाता है ॥ ३४ ॥ कर्त्ता का जन्म दिन और नक्षत्र का त्याग करके सदा ही पूजन करे । माघ के शुक्ल पक्ष की सप्तमी में शान्ति के लिये करता हुआ मानव कभी दुःखित नहीं होता ॥३५॥

सदन्नेन विधानेन दीर्घायुरभवन्नरः ।
सम्वत्सराणां प्रयुतं शशास पृथिवीमिमाम् ॥३६
पुण्यं पवित्रमायष्यं सप्तमीस्नपनं रविः ।
कथयित्वा द्विजश्रेष्ठ ! तत्रैवान्तरधीयत ॥३७
एतत् सर्वं समाख्यात सप्तमीस्नानमुत्तमम् ।
सर्वदुष्टोपशमन बालानां परम हितम् ॥३८
आरोग्यं भास्करादिच्छेद्धुताशनात् ।
ईश्वराज्ज्ञानमिच्छेच्च मोक्षमिच्छेज्जनार्दनात् ॥३९
एतन्महापातकनाशन स्य त्परं हित बालविवर्द्धनञ्च ।
शृणोति यश्चंनमन·यचेत.स्तस्यापि सिद्धि मुनयो वदन्ति॥४०

इसी विधान से मनुष्य दीर्घायु हुआ है एक प्रयुत सम्वत्सरो तक इस पृथ्वी का शासन किया था ॥ ३६ ॥ भगवान् रविदेव इस परम पुण्यमय—महान् पवित्र और आयु की वृद्धि करने वाले सप्तमी स्नपन नामक व्रत को कहकर हे द्विज श्रेष्ठ ! वही पर अन्तर्हित होगये थे ॥ ३७ । यह सब उत्तम सप्तमी स्नपन वर्णित कर दिया गया है जो सब दुष्टो के उपशमन करने वाला तथा बालो का परम हितप्रद है ॥ ३८ ॥ आरोग्य भास्कर देव से चाहे और यदि धन की इच्छा करे तो हुताशन देव से करे । ईश्वर से ज्ञान की इच्छा करनी चाहिए तथा जनार्दन प्रभु से मोक्ष की इच्छा करे ॥ ३९ ॥ यह सप्तमी स्नपन महान् पातको का नाश करने वाला है और परम हितकर तथा बालो का विशेष वर्धन करने वाला है । जो कोई अनन्य चित्त वाला होकर इसका श्रवण करता है उसकी भी सिद्ध होती है—ऐसा मुनिगण कहा करते हैं ॥ ४० ॥

४०—भीमद्वादशी व्रत कथन

पुरा रथन्तरे कल्पे परिपृष्टो महात्मनः ।
मन्दरस्थो महादेवः पिनाकी ब्रह्मणा स्वयम् ॥१
कथमारोग्यमैश्वर्यमनन्तममरेश्वर ! ।
स्वल्पेन तपसा देव ! भवेन्मोक्षोऽथवा नृणाम् ॥२
किमज्ञातं महादेव ! त्वत्प्रसादादधोक्षज ! ।
स्वल्पकेनाथ तपसा महत्फलमिहोच्यताम् ॥३
एवं पृष्टः स विश्वात्मा ब्रह्मणो लोकभावनः ।
उमापतिरुवाचेदं मनसः प्रीतिकारकम् ॥४
अस्माद्रथन्तरात्कल्पात् त्रयोविंशात्पुनर्यदा ।
वाराहो भविता कल्पस्तस्यमन्वन्तरे शुभे ॥५
वैवस्वताख्ये सञ्जाते सप्तमे सप्तलोककृत् ।
द्वापरादौ युगतद्वदष्टाविंशतिमञ्जगु ॥६
तस्यान्ते स महादेवो वासुदेवो जनार्दनः ।
भारावतरणार्थाय त्रिधा विष्णुर्भविष्यति ॥७

मत्स्य भगवान् ने कहा - प्राचीन काल में रथन्तर नाम वाले कल्प में महान् आत्मा वाले ब्रह्माजी के द्वारा मन्दराचल में समवस्थित पिनाकधारी महादेवजी से स्वयं पूछा गया था ॥१॥ ब्रह्माजी ने कहा था—हे अमरेश्वर हे देव ! अनन्त ऐश्वर्य और आरोग्य कैसे हुआ करता है जो कि अत्यन्त स्वल्प तप से ही हो सकता हो अथवा मनुष्यों का आवागमन से छुटकारा मोक्ष किस प्रकार से होता है ? हे महादेव ! हे अधोक्षज ! आपका जब प्रसाद हो जावे तो फिर क्या कुछ अज्ञात रह सकता है ? अर्थात् आपके प्रसाद से तो सभी का ज्ञान हो जाया करता है : अत्यन्त स्वल्पतपश्चर्या से महान् फल का वर्णन अब आप कीजिए ॥२॥ ३॥ मत्स्य प्रभु ने कहा — इस प्रकार से ब्रह्माजी के द्वारा वह विश्वात्मा पूछे गये थे

सो लोक भावन उमापति ने मनको प्रीति को करने वाला यह वचन कहा था ॥४॥ ईश्वर ने कहा था—जिस समय मे इसके अनन्तर इस तेईसवें रथन्तर कल्प से-बाराह कल्प होगा। उसके परम शुभ मन्वन्तर में सप्तम वैवस्वत नाम वाले के समुत्पन्न होने पर सप्तलोक कृत द्वापर नामक युग होगा जिसको अट्ठाईसवाँ कहते हैं ॥५॥६॥ उसके अन्त मे वह महादेव वासुदेव जनार्दन भार को अवतारण करने के लिये विष्णु के तीन प्रकार के स्वरूप होंगे ॥७॥

द्वैपायन ऋषिस्तद्वद्रोहिणेयोऽथ केशवः।
कंसादिदर्पमथनः केशवः क्लेशनाशनः ॥८
पुरी द्वारवती नाम साम्प्रत याकुशस्थली।
दिव्यानुभावसंयुक्तामधिवासाय शार्ङ्गिणः॥
त्वष्टा ममाज्ञया तद्वत् करिष्यति जगत्पतेः ॥९॥
तस्यां कदाचिदासीनः सभायाममितद्युतिः।
भार्याभिर्वृष्णिभिश्चैव भूभृद्भिर्भूरिदक्षिणैः ॥१०
कुरुभिर्देवगन्धर्वैरभितः कैटभार्दनः।
प्रवृत्तासु पुराणासु धर्म्ममन्वधिनापु च ॥११
कथा·ते भीमसेनेन परिपृष्ट· प्रतापवान्।
त्वया पृष्टस्य धर्म्मस्य रहस्यस्यास्य भेदकृत् ॥१२
भविता स तदाब्रह्मन्! कर्त्ताचवृकोदरः।
प्रवर्तकोऽस्य धर्म्मस्य पाण्डुपुत्रोमहाबलः ॥१३
यस्य तार्क्ष्णो वृकानामजठरे हव्यवाहनः।
मया दत्तः स धर्म्मात्मा तेनचासौवृकोदरः ॥१४

इसी भाँति से द्वैपायन ऋषि—रोहिणेय केशव और कंस आदि दुष्टों के दर्प का मन्थन कर देने वाले क्लेश के नाश करने वाले केशव होंगे ॥८। इस समय मे द्वारावती नाम वाली पुरी जो कुशस्थली है उसको जो दिव्य अनुभावों से संयुक्त है मेरी ही आज्ञा से त्वष्टा विश्वकर्मा

भगवान् शार्ङ्गी के अधिवास करने के लिये वो इस सम्पूर्ण जगत् का पति है उसी प्रकार से निर्मित करेगा ॥६॥ उस द्वारावती पुरी मे किसी समय मे सभा मे विराजमान अमित द्युति वाले भार्याओ से—वृष्णि गणो से—भूरिदा क्षीण वाले भूभृतों से—कुरु गणो से—देवो से और गन्धर्वों से चारो ओर से कैटभार्दन प्रभु घिरे हुए थे। उसी समय मे धर्म को बढाने वाली पुराणो की कथाऐं प्रवृत्त हो रही थी ॥१०॥११॥ जब कथा का अन्त हो गया तो भीमसेन ने प्रतापवान् प्रभु से पूछा था। आपके द्वारा पूछे गये इस धर्म के रहस्य का भेदकृत हे बलवन्! उस समय मे वृकोदर ही कर्ता होगा। इस धर्म का प्रवर्त्तक महान् बलवान् पाण्ड पुत्र ही है। जिसके जठर मे अरम तीक्ष्ण वृक नाम वाला हव्यवाहन है। मेरे ही द्वारा वह धर्मात्मा दिया गया है इसी से यह वृकोदर नाम से कहा जाया करता है ॥१२।१३।१४॥

मतिमान्दानशीलश्च नागायुतबलोमहान्।
भविष्यत्यरजाः श्रीमान् कन्दर्प इव रूपवान् ॥१५
धार्मिकस्याप्यशक्तस्य तीव्राग्नित्वादुदीरणे।
इदं व्रतमशेषाणा व्रतानामधिकं यतः ॥१६
कथयिष्यति विश्वात्मा वासुदेवो जगद्गुरुः।
अशेषयज्ञफलदमशेषाघविनाशनम् ॥१७
अशेषदुष्टशमनशेषसुरपूजितम्।
पवित्राणा पवित्रञ्च मङ्गलानाञ्च मङ्गलम्।
भविष्यञ्च भविष्याणा पुराणानां पुरातनम् ॥१८
शुक्लाष्टमी चतुर्दश्योर्द्वादशीष्वथ भारत!।
अन्येष्वपि दिनर्क्षेषु न शक्तस्त्वमुपोषितुम् ॥१९
तत पुण्यान्तिथिमिमा सर्वपापप्रणाशनीम्।
उपोष्यविधिनानेन गच्छावष्णाःपरमं पदम् ॥२०
माघमासस्य दशमी यदा शुक्ला भवेत्तदा।

घृतेनाभ्यञ्जनं कृत्वा तिलैः स्नानं समाचरेत् ।।२१

मतिमान्—दान देने के शील स्वभाव वाला और एक अयुत नागो के बल से सुसम्पन्न महान्—श्रीमान् और कन्दर्प के तुल्य रूप लावण्य से परिपूर्ण अरजा होगा ।। १५ ।। परम धार्म्मिक था तो भी तीव्रानि के होने के कारण से उपोषण करने में अशक्त था । उसके लिये ही यह व्रत कहा गया है जो कि अशेष अन्य व्रतों से यह अधिक है ।१६। इस जगत् के गुरु विश्व की आत्मा भगवान् वासुदेव कहेंगे । यह अशेष यज्ञों के फलों का प्रदान करने वाला और समस्त प्रकार के अघो का विनाश कर देने वाला है ।।१७।। सब दुष्टो के शमन करने वाला और समस्त सुरगण के द्वारा समर्पित है । सभी पवित्रो मे यह महा पवित्र है और सब मङ्गलो मे महान् मङ्गल स्वरूप है भविष्यो का भविष्य और पुराणों मे परम पुरातन है ।।१८।। भगवान् वासुदेव ने कहा था—हे भारत ! यदि अष्टमी, चतुदशी और द्वादशी इनमे तथा अन्य तिथो और नक्षत्रो मे भी किसी मे भी आप उपवास करने मे समर्थ नही हैं ।।१९।। तो परम पुण्यमयी और सब पापो का विनाश करने वाली इस तिथि का इस विधान से उपवास करो जिससे विष्णु के परम पद को चले जाओ । ।।२०।। माघ मास की दशमी तिथि जिस समय मे शुक्ल पक्ष मे हो उस समय मे घृत से अभ्यञ्जन करके तिलो से स्नान का समाचरण करना चाहिए ।।२१।।

तथैव विष्णुमभ्यर्च्च्य नमोनारायणेति च ।
कृष्णाय पादौ सम्पूज्य शिरः सर्वात्मनेनम ।।२२
वकुण्ठायेति वै कुण्ठमुरः श्रीवत्सधारिणे ।
शङ्खिने चक्रिणे तद्वद् गदिने वरदाय च ।।
सर्वे नारायणस्यैव समभ्यर्च्या बाहवः क्रमात् ।।२३
दामोदरायेत्युदरं मेढ्रं पद्म शराय वै ।
ऊरू तोमर धारिणाय जानुना भूतधारिणे ।।२४

नमो नीलायवैजघेपादौ विश्वसृजे नमः ।
नतो देव्यै नमः शान्त्यै नमोलक्ष्म्यैनम श्रियै ॥ ५
नमः पुष्ट्यै नमस्तुष्ट्यै धृष्ट्यै हृष्ट्यैः नमोनमः ।
नमो विहङ्गनाथाय वायुवेगाय पक्षिणे ॥
विषप्रमाथिने नित्य गरुड़ञ्चाभिपूजयेत् ॥२६
एव सपूज्य गोविन्द उमापतिविनायकौ ।
गन्धैर्माल्यैस्तथा धूपैर्भक्ष्यैर्नानाविधैरपि ॥२७
गव्येन पयसा सिद्धङ्कृसरामथ वाग्यतः ।
सर्पिषा सह भुक्तवा च गत्वाशतपद बुधः ॥२८

उसी भाति "नमो नारायण"—इस मन्त्र क द्वारा भगवान् विष्णु का अभ्यर्चन करना चाहिए। श्रीकृष्ण क लिए नमस्कार है—इससे कृष्ण के चरणो का अच्छी तरह पूजन करक "सर्वात्मने नमः"—इससे शिर का यजन करे। "वैकुण्ठाय नम"—इससे वैकुण्ठ का तथा 'श्री वत्स धारिणे नमः"—इससे उरः स्थलका पूजन करे। 'शङ्खिने नमः—चक्रिणे नमः—गदिने नम.—शरदाय नमः"—इन चार मन्त्रो के द्वारा नारायण की सब बाहुओ का भली भाति क्रमसे पू न करन चाहिए। ॥२२।२३॥ 'दामोदराय नमः"—इससे उदार और "पङ्कजशराय नम.' —इससे मेढ्र का पूजन करे। "सोमाग्यनाथाय नम"—इससे दोनों ऊरुओ का और 'भूतधारिणे नम."—इस मन्त्र का उच्चारण कर दोनों जानुओ का अभ्यर्चन विधि सहित करना चाहिए॥२४॥ "नीलाभ नमः" —इससे दोनो जङ्घाओ का तथा 'विश्व सृजे नम.' अर्थात् इस सम्पूर्ण विशाल विश्व का सृजन करने वाले की सेवा मे नमस्कार समर्पित है— इस से दोनो पादो की अर्चना करे। देवी का प्रणाम है—शान्ति के लिए नमस्कार है। लक्ष्मी को प्रणाम है—श्री क लिये नमस्कार है। पुष्टि के के लिये—तुष्टि के लिये—धृष्टि को और हृष्टि के लिये बारम्बार नमस्कार है। दूसरी जिसे देवी—शान्ति—लक्ष्मी—श्री—पुष्टि—धृष्टि और

हृष्टि--इन आठों देवियों का पूजन उक्त मन्त्रों का उच्चारण करके ही करना चाहिए। "विहङ्गनाथाय नमः—वायुवेगाय नमः—वायु वेगाय पक्षिणे नमः—विष प्रमाथिने नमः"—इन मन्त्रों के द्वारा नित्य ही गरुड़ का पूजन करना चाहिए ॥२५॥२६॥ इस तरह से श्री गोविन्द प्रभु का पूजन करके उमापति और विनायक का पूजन करे। गन्ध—माल्य—धूप—भक्ष्य जो अनेक प्रकार के हों—गव्य पय से यजन करना चाहिए। फिर शुद्ध कुमारी को मौन रहकर घृत के साथ खाकर बुध पुरुष को सौ कदम भ्रमण करना चाहिए ॥२७॥२८॥

नैयग्रोधं दन्तकाष्ठमथवा खादिर बुधः।
गृहीत्वा धावयेद्दन्तानाचान्तः प्रागुदङ्मुखः ॥२९
ब्रूयात् सायन्तनी कृत्वा सन्ध्यामस्तमिते रवौ।
नमोनारायणायेति त्वामहं शरणङ्गतः ॥३०
एकादश्यानिहारःसमभ्य र्यंचकेशवम्।
रात्रिञ्चशकलांस्थित्वास्नानञ्चपयसातथा ॥३१
सर्पिषा चापि दहन हुत्वा ब्राह्मणपुङ्गवैः।
सहैव पुण्डरीकाक्ष ! द्वादश्यां क्षीरभाजनम् ॥
करिष्यामि यतात्माऽहं निर्विघ्नेनास्तु तच्च मे ॥३२॥
एवमुक्तवा स्वपेद्भूमावितिहासकथा पुनः।
श्रुत्वा प्रभाते सञ्जाते नदीगत्वा विशाम्पते ! ॥
स्नान कृत्वा मुदा तद्वत् पाखण्डानभिवर्जयेत् ॥३३॥
उपास्य सन्ध्यांविधिवत् कृत्वा चपितृतर्पणम्।
प्रणम्य च हृषीकेशसप्तलोकैकमीश्वरम् ॥३४
गृहस्य पुरतो भक्तया मण्डप कारयेद् बुधः।
दशहस्तमथाष्टौ वा करान् कुर्याद्विशाम्पते ! ॥३५

न्यग्रोध (वड़) का का दन्त काष्ठ (दांतुन) अथवा खदिर का दांतुन बुध को ग्रहण करके फिर उससे धावन करे अर्थात् दातुन करे।

फिर आचान्त होकर अर्थात् आचमन करके पूर्व मे उत्तर की ओर मुख वाला हो जावे। रवि के अस्ताचलगामी हो जाने पर सायन्तनी सन्ध्योपासना करे और हे नारायण! आपके लिये मेरा नमस्कार है—मैं तो अब आपकी शरणागति मे सम्प्राप्त होगया हूं। एकादशी मे निराहार रहकर भगवान् केशव का नामोच्चारण करके तथा सम्पूर्ण रात्रि मे स्थित होकर और पय से स्नान और घृत से दहन में हवन करके हे पुण्डरीकाक्ष! श्रेष्ठ ब्राह्मणो के ही साथ द्वादशी मे क्षीर का भोजन करूँगा। मैं यतात्मा होकर ही इसको करूंगा और वह मेरे लिए निर्विघ्नता के साथ हो जावे—यह इस प्रकार से कहकर रात्रि मे भूमिपर सो जावे। हे विश्राम्यते! इतिहास की कथा का श्रवण कर फिर प्रभात के हो जाने पर नदी पर जाकर स्नान करके मृत्तिका से तद्वत् पाखण्डो का अभिमर्जन कर देवे ॥ २९॥ ३०॥ ३१। ३२॥ ३३॥ विधिपूर्वक सन्ध्या की उपासना करके पितृगण का तर्पण करे और फिर सातो लोको के एक स्वामी भगवान् हृषीकेश को प्रणाम करे। गृह के आगे ही शुभ पुरुष को भक्ति की भावना से मण्डप की रचना करानी चाहिए। हे विश्राम्यते! दश हाथ अथवा आठ हाथ का करना चाहिए। ॥३४।३५॥

चतुर्हस्ता शुभा कुर्याद्वेदोमरिनिषूदन!।
चतुर्हस्तप्रमाणञ्च विन्यसेत्तत्र तोरणम् ॥३६
प्रणम्य कलश तत्र माष प)मात्रेण संयुतम्।
छिद्रेण जलसम्पूर्णमथ कृष्णाजिनस्थितः॥
तस्य धारा च शिरसा धारयेत् सकलान्निशम् ॥३७
तथैव विष्णा. शिरसि क्षीरधारा प्रपातयेत्।
अरत्निमात्र कुण्डञ्चकुर्यात्तत्र त्रिमेखलम्। ३८
योनिवक्त्रञ्च तत् कृत्वा ब्राह्मणःपयसर्पिषी।
तिलाश्चविष्णुदैवत्यैर्मन्त्रै रेकाग्निवत्तदा॥३९

हुत्वा च वैष्णवंसम्यक्चरुंगोक्षीरसंयुतम् ।
निष्पावार्द्धप्रमाणांवैधारामाज्यस्यपातयेत् ॥४०
जलकुम्भान् महावीर्य्य ! स्थापयित्वा त्रयोदश ।
भक्ष्यैर्नानाविधैर्युक्तान् सितवस्त्रैरलङ्कृतान् ॥४१
युक्तानोदुम्बरैः पात्रैः पञ्चरत्नसमन्वितान् ।
चतुर्भिवह्वृचैर्होमस्तत्र कार्य्यं उदङ्मुखैः ॥४२
रुद्रजापश्चतुर्भिश्च यजुर्वेदपरायणैः ।
वैष्णवानि तु सामानि चतुरः सामवेदिनः ॥४३
अरिष्टवर्गसहितान्यभितः परिपाठयेत ॥४४

हे अरिनिषूदन ! चार हाथ प्रमाण वाली परम शुभ वाली, परम शुभ वेदी बनावे और चार हाथ प्रमाण वाला तोरण का विन्यास करना चाहिए। वहाँ पर कलश को प्रमाण करके जो माप मात्र से संयुत है और जल से सम्पूर्ण है। कृष्णा जिन पर स्थित होकर छिद्र के द्वारा पूरी रात्रि में उसकी धारा को शिर से धारण करे ॥ ३६, ३७ ॥ उसी तरह से भगवान् विष्णु के शिर पर क्षीर की धारा का प्रपातन करे। वहाँ पर एक अरत्नि मात्र प्रमाण वाला तथा तीन मेखलाओं से समन्वित एक कुण्ड की रचना करनी चाहिए। योनिवक्त्र वाला उसे करके फिर ब्राह्मणों के द्वारा पय-घृत और तिलों का उस समय में एकाग्नि की तरह विष्णु दैवत्य मन्त्रों से हवन करे और सम्यक् वैष्णव चरु बनावे जो गौ के क्षीर से संयुत होवे। निष्पावार्द्ध प्रमाण वाली घृत की धारा का प्रपातन करावे ॥ ३८, ३९, ४० ॥ हे महावीर्य्य ! वहाँ पर तेरह जल के कुम्भों को स्थापित कराकर नाना भाँति के भक्ष्यों से उन्हें संयुत करे और सफेद वस्त्रों से अलङ्कृत करे। उदुम्बर से निर्मित पात्रों से युक्त तथा पाँचों रत्नों से समन्वित करे, वहाँ पर चार वह्वृचों के द्वारा जिनका मुख उत्तर की ओर हो होम करना चाहिए। चारों के द्वारा रुद्र का जाप करावे जो कि यजुर्वेद के परायण हों। वैष्णव सामों का चार

सामवेदी करे। अरिष्ट वर्ग सहित सब ओर परिपाठ कराना चाहिए ४१, ४२, ४३, ४४ ॥

---

४१ —कल्याण सप्तमी व्रत-कथन

भगवन् ! भव ! संसारसागरोत्तारकारक ! ।
किञ्चिद्व्रतसमाचक्ष्वस्वर्गारोग्यसुखप्रदम् ॥१
सौर धर्मं प्रवक्ष्यामि नाम्ना कल्याणसप्तमीम् ।
विशोकसप्तमीं तद्वत् फलाढ्यां पापनाशिनीम् ॥२
शर्करासप्तमी पुण्या तथा कमलसप्तमीम् ।
मन्दारसप्तमी तद्वच्छुभदा शुभसप्तमीम् ॥३
सर्वानन्तफला. प्रोक्ता. सर्वा देवर्षिपूजिता. ।
विधानमासा वक्ष्यामि यथावदनुपूर्वशः ॥४
यदा तु शुक्लसप्तम्यामादित्यस्य दिन भवेत् ।
सातु कल्याणिना नामविजयाचनिगद्यते ॥५
प्रातर्गव्येन पयसा स्नानमभ्या समाचरेत् ।
ततः शुक्लाम्बरः पद्ममक्षताभि प्रकल्पयेत् ॥६
प्राङमुखोऽष्टदल मध्ये तद्वद वृत्ताञ्च कर्णिकाम् ।
पुष्पाक्षताभिर्देवेश विन्यसेत् सर्वतः क्रमात् ॥७

ब्रह्माजी ने कहा—हे भगवन् ! हे भव ! आपतो इस संसार रूपी महार्णव से उत्तारण कराने वाले हैं। ऐसा कोई व्रत हमको बतलाइये जो स्वर्ग और आरोग्य तथा सब प्रकार का सुख प्रदान करने वाला हो ॥१॥ ईश्वर ने कहा—अब मैं सौर (सूर्य से सम्बन्धित) धर्म को बतलाता हूं जो नाम से कल्याण सप्तमी व्रत कहा जाया करता है उसी प्रकार से विशोक सप्तमी भी होती है जो फलों से आढ्य है और समस्त पापों का नाश कर देने वाली होती है ॥२॥ उसी भाँति परम पुण्यमयी शर्करा

सप्तमी होती है और कभी सप्तमी भी हुआ करती है तथा इसी भाँति मन्दार सप्तमी और शुभों का प्रदान करने वाली शुभ सप्तमी भी होती है ॥३॥ ये सभी सप्तमियाँ अनन्त फलों वाली होती हैं—ऐसा ही कहा गया है। सभी देवर्षियों के द्वारा पूजित हैं। अब हम इन समस्त सप्तमियों का विधान बतलाते हैं जो ठीक २ यथावत् और आनुपूर्वी के सहित होगा ॥४॥ जिस समय में मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी में आदित्य का दिन होवे वही सप्तमी कल्याण करने वाली विजया नाम भी जिसका कहा जाता है इस सप्तमी के दिन में प्रातःकाल ही में गव्य पय से स्नान करना चाहिए। इसके अनन्तर शुक्ल वस्त्रधारी होकर अक्षतों से पद्म की कल्पना करनी चाहिये ॥ ५, ६ ॥ प्राङ्मुख होकर अष्ट दल वाले कमल के मध्य में उसी भाँति वृत्ताकार कर्णिका की रचना करे और सब ओर क्रम से पुष्प याक्षतों से देवेश का विन्यास करना चाहिए ॥७॥

पूर्वेण तपनायेति मार्त्तण्डायेति चानले ।
याम्ये दिवाकरायेति विधान इति नैर्ऋते ॥८
पश्चिमे वरुणायेति भास्करायेति चानले ।
सौम्ये वेकर्तनायेति रवये चाष्टमे दले ॥९
आदावन्तेच मध्येच नमोऽस्तु परमात्मने ।
मन्त्रैरेभि समभ्यर्च्य नमस्कारान्तदीपितैः ॥१०
शुक्लवस्त्रैः फलैर्भक्ष्यैर्धूपमाल्यानुलेपनैः ।
स्थण्डिले पूजयेद्भक्तया गुडेन लवणेन च ॥११
ततो व्याहृतिमन्त्रेणविसर्जेद्द्विजपुङ्गवान् ।
शक्तितः पूजयेद्भक्त्या गुडक्षीरघृतादिभिः ।
तिलपात्रं हिरण्यं च ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥१२
एव नियमकृत्सुप्त्वा प्रातरुत्थाय मानवः ।
कृतस्नानजपो विप्रैः सहैव घृतपायसम् ॥१३

भुक्तवा च वेदविदुषि विडालव्रतवर्जिते ।
घृतपात्रं सकनकं सोदकुम्भं निवेदयेत् ॥१४
प्रीयतामत्र भगवान् परमात्मा दिवाकरः ।
अनेन विधिना सर्वं मासिमासि व्रतंचरेत् ॥१५

पूर्व दिशा मे तपनाय नमः'—इस मन्त्र से अग्निकोण में 'मार्त्तण्डाय नमः'—इससे—याम्य दिशा मे 'दिवाकराय नमः'—इससे—नैर्ऋत्य मे 'विधात्रे नमः'—इससे पश्चिम मे 'वरुणाय नमः'—इस मन्त्र से—अनिल दिशा मे 'भास्कराय नमः'—इससे सोम्य दिशा मे 'शंकर्त नमः' इससे 'रवये नमः'—इससे अष्टम दल मे पूजन करे ॥८, ९॥ आदि मे और अन्त मे "परमात्मने नमोऽस्तु" इस मन्त्र से अभ्यर्चन करे। इन उपर्युक्त मन्त्रो से समभ्यर्चन करके जो अन्त मे नमस्कार से दीपित होते है फिर शुक्ल वस्त्रो के द्वारा फल-भक्ष्य-धूप-माल्य और अनुलेपनो से गुड और लवण से भक्तिभाव के साथ स्थण्डिल मे पूजन करना चाहिए ॥१०, ११॥ इसके अनन्तर व्याहृति मन्त्र से द्विजश्रेष्ठो का विसर्जन करे। शक्ति से भरसक पूर्णतया भक्ति पूर्वक गुड-क्षीर और घृत आदि पदार्थों के द्वारा अर्चन करे। तिलो से परिपूर्ण पात्र और सुवर्ण ब्राह्मण की सेवा मे निवेदित करना चाहिए ॥ २॥ इस प्रकार से नियमो को करने वाला पुरुष शयन करके प्रात काल की बेला मे उठकर खडा हो जावे। स्नान और जाप करके विप्रो के ही साथ घृत और पायस का भोजन करे। वेदो का विद्वान् हो और विडाल व्रत से रहित हो ऐसे किसी योग्य ब्राह्मण को सुवर्ण के सहित घृत का पात्र अर्थात् घृत से भरा हुआ पात्र और जल से पूर्ण कुम्भ निवेदित करे। उस समय मे यह कहे कि यहा पर भगवान् परमात्मा प्रसन्न होवें। इसी विधान से सब मास-मास मे इस व्रत का सदाचरण करना चाहिये ॥१३, १४, १५॥

विशालसप्तमी तद्वद्वदयामि मुनिपुङ्गव ! ।
यामुपोष्य नरः शोकं न कदाचिदिहाश्नुते ॥१६

माघे कृष्णतिलैः स्नात्वा षष्ठ्यां वै शुक्लपक्षतः ।
कृताहारः कृसरया दन्तधावनपूर्वकम् ॥
उपवासव्रत कृत्वा ब्रह्मचारी भवेन्निशि ॥१७॥
ततः प्रभात उत्थाय कृतस्नानजपः शुचिः ।
कृत्वातु काञ्चनं पद्ममर्कायेति च पूजयेत् ॥१८
करवीरेण रक्तेन रक्तवस्त्रयुगेन च ।
यथा विशोकं भुवन त्वयैवादित्य ! सर्वदा ॥
तथा विशोकता मेऽस्तु त्वद्भक्तिः प्रतिजन्म च ॥१९॥
एव सपूज्यषष्ठ्यान्तुभक्तयासपूजयेद्द्विजान् ।
सुप्त्वासप्राश्यगोमूत्रमुत्थायकृतनैत्यकः ॥२०
सपूज्य विप्रानन्नेन गुडपात्रसमन्वितम् ।
तद्वस्त्रयुग्मं पद्मञ्च ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥२१
अतैललवणं भुक्त्तवा सप्तम्या मौनसंयुतः ।
ततः पुराणश्रवण कृतव्यं भूतिमिच्छता ॥२२
अनेन विधिना सर्वमुभयोरपि पक्षयोः ।
कृत्वा यावत् पुनर्माघशुक्लपक्षस्य सप्तमी ॥२३

ईश्वर ने कहा—हे मुनि पुङ्गव ! अब हम विशोक सप्तमी का वर्णन उसी भाँति करते हैं जिसका उपवास करके यहा ससार में कदाचित् भी मनुष्य शोक को प्राप्त नही किया करता है ॥१६॥ माघ मास मे काले तिलो से शुक्ल पक्ष की षष्टी तिथि में स्नान करे । दन्त धावन पहिने करके कृसर से आहार का सम्पादन करे । इस उपवास के व्रत को करके रात्रि मे ब्रह्मचर्य्य व्रत का पूर्णतया पालन करना चाहिए ॥१७॥ इसके अनन्तर प्रभात वेला मे उठकर स्नान तथा जाप करके परम शुचि हो जावे और सुवर्ण का पद्म निर्माण कराकर भगवान् अर्क के लिये यह पूजन करना चाहिये ॥१८॥ रक्त करवीर के पुष्प से तथा दो रक्त वर्ण के वस्त्रों से अर्चना करे । हे आदित्य ! यह सम्पूर्ण भुवन सर्वदा आपके

ही द्वारा शोक से रहित रहता है—यह प्रार्थना करे। फिर यह भी निवेदन करे कि उसी प्रकार से मेरी भी विशोकता होवे अर्थात् मैं भी शोक से बिल्कुल रहित हो जाऊँ और प्रत्येक जन्म में आपके चरणों में मेरी सुदृढ़ भक्ति भी होवे ॥१९॥ इस प्रकार से षष्ठी तिथि में पूजन करके फिर भक्ति पूर्वक द्विजगणों का अभ्यर्चन करे। गोमूत्र का प्राशन करके शयन करे और उठकर नैत्यिक कृत्य का सम्पादन करे ॥२०॥ विप्रों का अन्न से भली भाँति पूजन करके फिर गुड़ पात्र से संयुक्त हो वस्त्र और वह पद्म ब्राह्मण की सेवा में निवेदित कर देना चाहिए। ॥२१॥ सप्तमी में तेल और लवण से रहित भोजन करके मौन व्रत से संयुत रहे फिर भूति की इच्छा रखने वाले को पुराणों का श्रवण करना चाहिए ॥२०॥ इसी विधि से दोनों पक्षों में सब करे जब तक माघ शुक्ल पक्ष की सप्तमी पुनः आवे करता रहे ॥२३॥

४२—विशोक द्वादशी व्रत कथन

किमभीष्टवियोगशोकसंघादलनुद्धर्तुमुपैति द्रुतं वा।
विमवोद्भवकारि भूतलेऽस्मिन् भवभीतेरपि सूदनञ्च पुंसः ॥१
परिपृष्टमिदं जगत् प्रियन्ते विबुधानामपि दुर्लभं महत्त्वात्।
तव भक्तिमनस्तथापि वक्ष्ये व्रतमिन्द्रानुरमानवेषु गुह्यम् ॥२
पुण्यमास्वनुजे मासि विशोकद्वादशीव्रतम्।
दशम्यां लघुभुञ्जीत भक्तियमेनतु ॥३
ददद्भुञ्ज प्राङ्मुखो वा दन्तधावनपूर्वकम्।
एकदश्यामनाहारः समभ्यर्च्यानुपूर्वकम् ॥
श्रियं वाऽभ्यर्च्य विधिवद्भोक्ष्यामि त्वच्चरेऽहनि। ४॥
एवं नियमकृत्सुप्ता प्रातरुत्थाय मानवः।

स्नानं सर्वौषधैः कुर्यात्पञ्चगव्यजलेन तु ॥
शुक्लमाल्याम्बरधरः पूजयेच्छ्रीशमुत्पलैः ॥५॥
विशोकाय नमः पादौ जंघे च वरदाय व ।
श्रीशाय जानुनी तद्वदूरू च जलशायिने ॥६॥
कन्दर्पाय नमो गुह्य माधवाय मनः कटिम् ।
दामोदरायेत्युदरम्पार्श्व च विपुलाय वै ॥७

मनु महाराज ने कहा—हे भगवन् ! क्या कोई भूमण्डल मे ऐसा व्रत और उपवास है जो अभीष्ट की सिद्धि करने वाला हो और वियोग तथा शोक के सघात से उद्धार करने के लिये समर्थ हो तथा वैभव के उद्भव को करने वाला हो तथा पुरुष के हृदय मे जो एक इस संसार का भय घुसा हुआ है उसको नष्ट कर देने वाला भी हो ? ॥१॥ मत्स्य भगवान् ने कहा आप का यह पूछना पूर्ण जगत् के लिये प्रिय है और महत्त्व की दृष्टि मे यह देवो के लिये भी परम दुर्लभ है । यह व्रत तो ऐसा ही सब कुछ कर देने वाला है और इन्द्र-असुर और मानवो मे अति गोपनीय है तो भी क्योकि आप भक्तिमान् हैं इसी लिये बता रहा हू । ॥२॥ आश्वयुज मास में परम पुण्यमय यह विशोक द्वादशी का व्रत होता है । दशमी तिथि मे विद्वान् पुरुष अत्यन्त लघु भोजन करे और फिर नियम पूर्वक इसका समारम्भ कर देना चाहिए ॥३॥ उत्तर की ओर मुख वाला या पूर्व दिशा की तरफ मुख वाला होकर दन्तधावन आदि दैनिक कृत्य को पहिले करते हुए एकादशी मे निराहार रहकर पूर्व मे समभ्यर्चन करना चाहिए ॥४॥ पहिले विधि पूर्वक श्री का पूजन करके दूसरे दिन मैं भोजन करूँगा—ऐसे नियम का सकल्प करके शयन करे और प्रभात मे उठकर साधक मानव को सर्वौषधियो से मिश्रित जल से और पञ्च गव्य के जल से स्नान करना चाहिए । फिर अति शुक्ल वस्त्र धारी होकर उत्पलो से श्रीश प्रभु का यजन करना चाहिए ॥५॥ 'विशोकाय नमः'—इससे चरणो का 'वरदाय नमः' इससे दोनो जाँघो का पूजन

करे, । "श्रीशाय नम." इससे जानुओं का, 'जलशायिने नमः इससे अरुओं का पूजन करे ॥६॥ 'कन्दर्पाय नमः' इस मन्त्र से गुह्य का तथा 'माधवाय नमः'—इसका उच्चारण कर कटिका पूजन करना चाहिए। 'दामोदराय' इससे उदर का और 'विपुलाय नम.' इससे दोनो पार्श्वों का यजन करे ॥७॥

नाभिञ्च पद्मनाभाय हृदयं मनन्याय व ।
श्रीधराय विभोर्वक्षः करौ मधुजिते नम. ॥८
चक्रिणे वामबाहुञ्च दक्षिणञ्चादिने नमः ।
वैकुण्ठाय नम कण्ठमास्यं यज्ञमुखाय वै ॥९
नासामशोकनिधये वासुदेवाय चाक्षिणी ।
ललाट वामनायेति हरयेति पुनर्भ्रुवौ ॥१०
अलकान् माधवायेति किरीट विश्वरूपिणे ।
ततस्तु मण्डम कृत्वा स्थण्डिलकारयेन्मुदा ॥१२
चतुरस्र समन्ताच्च रत्निमात्रमुदक्प्लवम् ।
श्लक्ष्ण हृद्य च परितो विप्रत्रयसमावृतम् ॥११

'पद्म नाभाय नमः'—इससे नाभिका, 'यन्मथाय नम' इससे हृदय का, 'श्रीधराय नमः' इससे विभु के वक्ष का और "मधुजिते नमः' इससे प्रभु के दोनो करो का पूजन करना चाहिए ॥८॥ 'चक्रिणे नमः'—इस मन्त्र से वाम बाहु का 'गदिने नमः' इससे दक्षिण बाहुका, 'वैकुण्ठाय नम.'। इससे कण्ठ का और 'यज्ञमुखाय नम.'—इससे आस्य का पूजन करे ॥९॥ 'अशोक निधये नम.' इससे नासिका का, 'वासुदेवाय नमः'—इससे नेत्रो का, 'वामनाय नमः' इस मन्त्र से ललाट का और 'हरये नम.' इसके द्वारा भ्रूयो का यजन करना चाहिए ॥१०॥ 'माधवाय नम.'—इससे अलको का 'विश्वरूपिणे नमः' इसका उच्चारण कर किरीटका, 'सर्वात्मने नम.' इससे उसी भाँति शिरका अभिपूजन करना चाहिए। ॥ ११ ॥ फल-माल्य और अनुलेपन आदि समुचित उपचारो के

द्वारा इस भाँति गोविन्द का भली भाँति पूजन करके फिर इसके उपरान्त मण्डल का निर्माण कराकर मृत्ति का से स्थण्डिल की रचना करनी चाहिये ॥ १२ ॥ सभी ओर से चौकोर और रत्निमात्र उदकप्लव वाला-श्लक्ष्ण-हृद्य (मनोहर) दोनों और विप्रत्रय से समावृत बनाना चाहिए ॥१३॥

अङ्गुलेनोच्छ्रिता विप्रास्तद्विस्तारस्तु द्व्यङ्गुलः ।
स्थण्डिलस्योपरिष्टाच्च भित्तिरष्टाङ्गुला भवेत् ॥१४
नदीवालुकयाशूर्पेलक्ष्म्या प्रतिकृतिन्यसेत् ।
स्थाण्डितेशूर्पमारोप्यलक्ष्मीमित्यर्चयेद्बुधः ॥१५
नमो देव्यै नमः शान्त्यै नमोलक्ष्म्यै नम.श्रियै ।
नमःपुष्ट्यैनमस्तुष्ट्यैवृष्ट्यैहृष्ट्यैनमोनमः ॥१६
विशोकादुःखनाशायविशोकावरदास्तु मे ।
विशोकाचास्तुसम्पत्त्यै विशोकासर्वसिद्धये ॥१७

एक अंगुल विप्र उच्छ्रित हो और उसका विस्तार दो अंगुल का होना चाहिए । स्थण्डिल के ऊपर जो भित्ति हो वह आठ अंगुल प्रमाण वाली रहनी चाहिये ॥१४॥ नदी की वालुका से निर्मित हुई लक्ष्मी की प्रतिकृति का न्यास शूर्प मे करे । फिर उस स्थण्डिल में शूर्प का आरोप करके बुध पुरुष को इस तरह लक्ष्मी का अभ्यर्चन करना चाहिए ॥१५॥ अर्चना के समय मे उच्चारण किये जाने वाले मन्त्र ये हैं—"देव्यै नमः, शान्त्यै नमः लक्ष्म्यै नमः', श्रियै नमः, पुष्ट्यै नमः, तुष्ट्यै नमः, हृष्ट्यै नमः, । हे देवि ! आप दुःखों का नाश करने के लिये विगत शोक वाली हैं । प्रार्थना है कि मुझ पर भी आप अब विशोका हो जावें । सम्पत्ति के लिये विशोका होवें और सब प्रकार की सिद्धि के लिये भी विशोका हो जावें ॥१६, १७॥

४३ —ग्रह शान्ति वर्णनम्

वैशम्पायनमासीनमपृच्छच्छौनकः पुरा ।
सर्वकामाप्तयेनित्यं कथंशान्तिकपौष्टिकम् ॥१
श्रीकामः शान्तिकामो वा ग्रहयज्ञं समारभेत् ।
वृध्यायु. पुष्टिकामो वा तथैवाभिचरन् पुन. ॥
येन ब्रह्मन् ! विधानेन तन्मे निगदतः शृणु ॥२॥
सवशास्त्राण्यनुक्रम्यसक्षिप्यग्रन्थविस्तरम् ।
ग्रहशान्तिप्रवक्ष्यामिपुराणश्रुतिनोदिताम् ॥३
पुण्येऽहिन विप्रकथिते कृत्वा ब्राह्मणवाचनम् ।
ग्रहान्ग्रहादिदेवाश्चस्थाप्यहोम समारभेत् ॥४
ग्रहयज्ञस्त्रिधा प्राक्तः पुराणश्रुतिकोविदैः ।
प्रथमोऽयुतहोम स्याल्लक्षहोमस्ततःपरम् ॥५
तृतीयः कोटिहोमस्तु सर्वकामफलप्रद. ।
अयुतेनाहुतीनाञ्च नवग्रहमख. स्मृत ॥६
तस्य तावद्विधिं वक्ष्येपुराणश्रुतिभाषितम् ।
गतस्योत्तरपूर्वेण वितास्तद्वयविस्तृताम् ॥७

महामहिम श्री सूतजी ने कहा—पुरातन समय मे एक स्थल पर समासीन वैशम्पायन मुनि से शौनक जी ने पूछा था कि समस्त कामनाओं की प्राप्ति के लिये नित्य ही शान्तिक और पौष्टिक कैसे होगा अर्थात् इसका साधन किस प्रकार से किया जा सकता है—यह बतलाइये ॥१॥ भगवान् वैशम्पायन जी ने कहा—श्री की कामना करने वाला कोई पुरुष हो या शान्ति की इच्छा रखने वाला कोई होवे उन दोनों ही प्रकार के पुरुषों को यह यज्ञ करने का समारम्भ कर देना चाहिए। वृद्धि—आयु तथा पुष्टि की कामना वाला हो तथा कोई अभिचार के करने की इच्छा वाला हो उसको भी वैसा ही करना चाहिये। हे ब्रह्मन्! जिस विधान

से करना है उसको कथन करने मुझसे श्रवण करलो ॥२॥ समस्त शास्त्रो का अनुक्रमण करके और ग्रन्थ के विस्तार का संक्षेप करके पुराण और श्रुति के द्वारा कथित ग्रहो की शान्ति को बतलाते हैं॥३॥ विप्रो के द्वारा बनाये हुए किसी भी पुण्य दिन मे ब्राह्मणो का वाचन करके फिर ग्रहो को—ग्रहो के आदि देवो को स्थापित करके होम का समारम्भ कर देना चाहिए ॥४॥ पुराणो ने तथा श्रुति महा मनीषियो ने ग्रहयज्ञ तीन प्रकार का कहा है। प्रथम तो यह है जिस ग्रह यज्ञ मे दश सहस्र आहुतियो का होम किया जाता है, द्वितीय वह होता है जिस ग्रह यज्ञ मे एक लाख आहुतियो का होम किया जाता है ॥५॥ तीसरा जो इस ग्रह यज्ञ का भेद है उसमे एक करोड आहुतियो का होम होता है। यह तो समस्त कामनाओ के फलो का प्रदान करने वाला हुआ करता है। जिसमेंशत सहस्र आहुतियाँ दी जाया करती है वह नवग्रह मख के नाम से कहा गया है ॥६॥ उसको जो विधि पुराणो के तथा श्रुति के द्वारा भाषित की गयी है उसे ही बतलाऊंगा। जो गर्त हो उसके उत्तर और पूर्व दिशा मे दो त्रिस्रि (बालिश्त के विस्तार वाली वेदी बनावे ॥७॥

वप्रद्वोयावृतावेदि वितस्त्युच्छ्रयसम्मिताम् ।
संस्थापनायदेवानाञ्चतुरस्रामुदङ्मुखाम् ॥८
अग्निप्रणयन कृत्वा तस्यामावाहयेत्सुरान् ।
देवतानातत स्थाप्याविंशतिर्द्वादशाधिका । ९
सूर्य्यं. सोमस्तथा भौमोबुधजीवसिताकजाः ।
राहुः केतुरिति प्रोक्ता ग्रहा लोकहितावहाः ॥१०
मध्येतु भास्करं विन्द्यात्लोहित दक्षिणेन तु ।
उत्तरेण गुरुं विन्द्यात्बुधं पूर्वोत्तरेण तु ॥११
पूर्वेण भागव विन्द्यात् साम दक्षिणपूर्वके ।
पश्चिमेन शनि विन्द्याद्राहुं पश्चिम दक्षिणे ॥
पश्चिमोत्तरतः केतुं स्थापयें च्छ्रततण्डुलः ॥१२॥

भास्करस्येश्वरंविन्द्यादुमाञ्चशशिनस्तथा ।
स्कन्दमङ्गारकस्यापिबुधस्यचतथाहरिम् ॥१३
ब्रह्माणञ्च गुरोर्विन्द्याच्छुक्रस्यापि शचीपतिम् ।
शनैश्चरस्यतुयमं राहोःकालं तथैवच ॥१४
केतोर्वै चित्रगुप्तञ्च सर्वेषामधिदेवताः ।
अग्निरापः क्षितिर्विष्णुरिन्द्र ऐन्द्रीच देवताः ॥१५

उस वेदी को दो यज्ञो से आवृत करावे और एक वितस्ति (बिलांद) उच्छ्राय (ऊचाई) से सं मत करे। यह देवगणो की सस्थापना करने के लिये ही पीकोर और उत्तर की ओर मुख वाली निर्मित करानी चाहिए ॥८॥ अग्नि देव का प्रणयन करके उसी वेदी मे सुरगणो का आवाहन करना चाहिए। वहा पर द्वादश अधिक विंशति अर्थात् बत्तीस देवताओं की स्थापना करनी चाहिए ॥९॥ सूर्य्य–सोम–मङ्गल–बुध–गुरु–शुक्र–शनि–राहु–केतु ये लोको के हित के करने वाले ग्रह कहे गये है ॥१०॥ उसमे मध्य भाग मे भगवान् भास्कर की स्थापना करे जो लोहित वर्ण का होवे और दक्षिण दिशा की ओर ही रहना चाहिए। उसके उत्तर की ओर गुरु को स्थापित करे और पूर्वोत्तर में बुध ग्रह को स्थापित करना चाहिये ॥११॥ पूर्व दिशा मे शुक्र को तथा दक्षिण पूर्व मे सोम की स्थापना करे। पश्चिम मे शनि को तथा पश्चिम दक्षिण मे राहु को स्थापित करे। एव पश्चिम उत्तर भाग में केतु ग्रह की स्थापना शुक्ल तण्डुलो से करनी चाहिये ॥१२॥ भास्कर ग्रह का अधिदेवता ईश्वर है और चन्द्रमा का उमा है। भौम का स्कन्द अधिदेव होता है एव प्रधका हरि है ॥१३॥ गुरु का अधि देवता ब्रह्मा है तथा शुक्र ग्रह का स्वामी शचिपति इन्दु है। शनैश्चर का अधिदेव यम और राहु का काल बताया गया है तथा केतु का अधिदेवता चित्रगुप्त है—इस प्रकार से सब ग्रहो के अधि देवता होते हैं। अग्नि—आप (जल)–क्षिति–विष्णु-इन्द्र और ऐन्द्री देवता हैं ॥१४, १५॥

प्रजापतिश्चसर्पश्च ब्रह्मा प्रत्यधिदेवताः ।
विनायकं तथा दुर्गां वायुराकाशमेव च ॥
आवाहयेद्व्याहृतिभिस्तथैवाश्विकुमारकौ ॥१६॥
संस्मरेद्रक्तकादित्यमङ्गारकसमन्वितम् ।
सोमशुक्रौतथाश्वेतौ बुधजीवौचपिङ्गलौ ॥
मन्दराहू तथा कृष्णौ धूम्रं केतुगण विदु ॥१७
ग्रहवर्णानि देयानि वासांसि कुसुमानिच ।
धूपामोदोऽत्र सुरभिरुपरिष्टाद्वितानिकम् ॥
शोभन स्यापयेत्प्राज्ञः फलपुष्पसमन्वितम् ॥१८॥
गुडौदन रवेर्दद्यात् सोमाय घृतपायसम् ।
अङ्गारकाय सयावं बुधाय क्षीरपष्टिके ॥१९
दध्यादनञ्च जीवाय शुक्रायच गुड़ौदनम् ।
शनैश्चराय कृसरामौदञ्च राहवे ॥
चित्रौदनञ्च केतुभ्य. सर्वमंक्ष्येरथार्चयेत् ॥२०॥

प्रजापति और सर्प तथा ब्रह्मा ये प्रत्यधि देवता हैं। विनायक तथा दुर्गा—वायु और आकाश का आवाहन करे तथा व्याहृतियों के द्वारा अश्विनी कुमारों का आवाहन करना चाहिए ॥१६॥ आदित्य ग्रह का स्मरण रक्तवर्ण का करे जो अङ्गारक से समन्वित है अर्थात् रक्त ही वर्ण भौम का भी होता है। सोम और शुक्र ये दो ग्रह शुक्ल वर्णों वाले होते हैं। बुध और गुरु ये दो ग्रह पिङ्गल (पीत वर्ण के होते हैं। शनि और राहु ये दो ग्रह कृष्ण वर्ण वाले हैं और केतु का वर्ण धूम्र कहा गया है। ॥१७॥ जिस प्रकार के ये ग्रहों के वर्ण बताये गये हैं उसी वर्ण के वस्त्र और कुसुम देने चाहिए। यहां पर परम सुरभि धूपामोद करे और ऊपर की ओर वितान की रचना करनी चाहिए। प्राज्ञ पुरुष को चाहिए कि फल पुष्पों से समन्वित अतीव शोभन स्थापना करे ॥१८॥ रवि का रक्त वर्ण है अतएव उसको गुडौदन समर्पित करना चाहिए जिसका वर्ण

भी तदनुकूल ही होना है। सोम के लिये घृत और पायस समर्पित करे। सौम्य को सत्तू अर्पित करे और बुध के लिये खीर घृष्टिक देवे ॥१९॥ गुरु को दधि और ओदन देवे तथा शुक्र को गुडौदन अर्पित करे। शनि को कृसर राहु और केतु को तिलौदन देवे। इस प्रकार से सबके जो भक्ष्य पदार्थ हैं उन्हीं से सबका यजन करना चाहिये ॥२०॥

प्रागुत्तरेण तस्माच्च दध्यक्षतविभूषितम्।
चूतपल्लवसच्छन्न फलस्त्रयुगान्वितम्। २१
पञ्चरत्नसमायुक्त पञ्चभङ्गसमन्वितम्।
स्थापयेदग्रतः कुम्भवरुणं तत्र विन्यसेत् ॥२२
गङ्गाद्या सरितः सर्वाः समुद्राश्चसरांसिच।
गजाश्वरथ्यावल्मीकसङ्गमाद्रदगोकुलात् ॥२३
मृदमानीयविप्रेन्द्र ! सर्वौषधिजलान्वितम्।
स्नानार्थंविन्यसेत्तत्र यजमानस्यधर्मवित् ॥२४
सर्वे समुद्राः सरितः सरांसिच नदास्तथा।
आयान्तु यजमानस्यदुरितक्षयकारकाः। २५
एवमावाहयेदेतानमरान् मुनिसत्तम ! ।
होम समारभेत् सर्पियवव्रीहितिलादिना ॥२६
४ कं.पालाशखदिरावपामार्गोऽश्वत्थपिप्पलः।
औदुम्बर शमीदूर्वाकुशाश्चसमिध क्रमात् ॥२७
एकैकस्याष्टकशतमष्टाविंशतिमेव वा।
होतव्यामधुसर्पिभ्या दध्ना चैव समन्विता ॥२८

इसके पूर्व और उत्तर में दध्यक्षत से विभूषित-आम्र के पल्लवों से सच्छन्न-फल और दो वस्त्रों से समन्वित-पाँच प्रकार के रत्नों से युक्त और पञ्चभङ्ग से संयुत विनायक वाला वरुण देवता के कुम्भ की स्थापना कर विन्यास करना चाहिए ॥२१, २२॥ गङ्गा आदि सभी सरिताएँ—समुद्र और सटों का भी विन्यास करे। गज—अश्व की

शाला—रथ्या (गली)--वल्मीक (साँपकी वामी)—सङ्गम-ह्रद और गोओ के रहने की भूमि इनसे मृत्तिका का आहरण करे। हे विप्रेन्द्र ! वहा पर धर्म के ज्ञाता पुरुष को यजमान के स्नान के लिये सर्वौषधि और जल से परिपूर्ण कुम्भ का विन्यास भी करना चाहिए ॥२३, २४॥ उस समय मे निम्न प्रकार से सम्पूर्ण जलाशयों का आवाहन करे—सभी समुद्र-सरिताऐं-सरोवर और नद यहाँ पर आवें जो यजमान के हरितो (पाप कर्मों) के क्षय करने वाले है ॥ २५ ॥ हे मुनियो मे परम श्रेष्ठ ! इसी प्रकार स इन समस्त देवो का भी वहाँ पर आवाहन करना चाहिए और इसके अनन्तर फिर घृत—यव—व्रीहि और तिल आदि के शाकल्य से होम का आरम्भ करे ॥२६॥ क्रम मे समिधाऐं भी होवें जो अर्क (आक) पलाश (ढाक) खदिर—अपामार्ग—पीपल—गूलर—शमी (छोंकर)—दूर्वा और कुशा ये होती हैं ॥ २७ ॥ एक-एक के लिये अष्टोत्तर शत (एक सौ आठ) अथवा केवल अट्ठाईस ही आहुतियाँ मधु और घृत से और दधि से समन्वित करके देनी चाहिए अर्थात् हवन करे ॥ २८ ॥

प्रादेशमात्राअशिफा अशाखाअपलाशिनीः ।
समिधः कल्पयेत्प्राज्ञः सर्वकर्म्मसुसर्वदा ॥२९
देवानामपि सर्वेषामुपांशु परमार्थवित् ।
स्वेन स्वेनैव मन्त्रेण हातव्याः समिधः पृथक् ॥३०
होतव्य च घृताभ्यक्तं चरु भक्षादिक पुनः ।
मन्त्रैर्दशाहुतीर्हुत्वा होम व्याहृतिभिस्ततः ॥३१
उदङ्मुखाः प्राङ्मुखावाकुर्युर्ब्राह्मणपुङ्गवाः ।
मन्त्रवन्तश्च कर्त्तव्यादचरव प्रतिदैवतम् ॥३२
हुत्वा च तांतचरून् सम्यक् ततो होम समाचरेत् ।
आकृष्णेति च सूर्य्याय होमः कार्यो द्विजन्मना ॥३३
आप्यायस्वेतिसोमायमन्त्रेणजुहुयात् पुनः ।

अग्निर्मूर्द्धादिवो मन्त्रइतिभौमायकीर्तयेत् ॥३४
अग्ने ! विवस्वदुषस इति सोमसुताय वै ।
बृहस्पते ! परिदीया रथेनेति गुरोर्मंत. ॥३५

सर्वदा सभी कर्म्मों में प्राग्र पुरुष को प्रादेश मात्र—अशिका—विनाशाखा वाली और पत्रों से रहित ही समिधाओं की कल्पना करनी चाहिए ॥ २६ ॥ परमार्थ के ज्ञ ता पुरुष को सभी देवों के लिये उदाश होते हुए ही अपने २ उनके मन्त्रों के द्वारा पृथक् २ समिधाओं की आहुतियाँ देनी चाहिए । ३० ॥ चरु और भक्ष्यादि को घृत से अन्य करके ही हवन करना चाहिए। मन्त्रों के द्वारा द्वादश आहुतियों का हवन करके फिर व्याहृतियों के द्वारा होम करना चाहिए ॥ ३१ । श्रेष्ठ ब्राह्मण या तो उत्तर की ओर मुखों वाले रहें या पूर्व की ओर मुख करने वाले होने चाहिए । जो मन्त्रों वाले हैं उनको प्रत्येक देव के चरु करने चाहिए । उन चरुओं का हवन करके भली भाँति होम का समाचरण करे । द्विजन्मा के द्वारा 'आकृष्ण'—इत्यादि मन्त्र के द्वारा ही सूर्य्य के लिये होम करना चाहिए ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ "आप्यायस्व"—इत्यादि मन्त्र से चन्द्रमा के लिए हवन करे । 'अग्निर्मूर्द्धादिवो" इत्यादि मन्त्र भौम के हवन के लिये उच्चारित करे ॥ ३४ ॥ "अग्ने ! विवस्वदुषस" इत्यादि मन्त्र का प्रयोग सोम सुत बुध के लिए करे तथा 'बृहस्पते ! परिदीया रथेन' इत्यादि मन्त्र का प्रयोग गुरु के लिए माना गया है ॥३५॥

शुक्रस्ते अन्यदितिच शुक्रस्यापि निगद्यते ।
शनैश्चरायेति पुनः शन्नो देवीत होमयेत् ॥
कयानश्चित्र आभुव इति राहोरुदाहृतः ॥३६॥
केतुं कृण्वन्नपि ब्रूयात् केतुनामपि शान्तये ।
आवो राजेति रुद्रस्य बलिहोम समाचरेत् ॥
आपोहिष्ठेत्युमायास्तु रयोनेयाति स्वामिनस्तथा ॥३७॥
विष्णोरिद विष्णुरिति तमाहेति स्वयम्भुवः ।

इन्द्रमिद्देवतायेति इन्द्राय जुहुयात्ततः ॥३८
तथा यमस्यचायं गौरिति होमः प्रकीर्त्तितः ।
कालस्यब्रह्मयज्ञानमिति मन्त्रविदो विदुः ॥३६
चित्रगुप्तस्य चाज्ञातमिति मन्त्रविदो विदुः ।
अग्निं दूतं वृणीमह इति वह्नेरुदाहृतः ॥४०
उदुत्तम वरुणमित्यपां मन्त्र· प्रकीर्तितः ।
भूमे. पृथिव्यन्तरिक्षमिति वेदेषु पठ्यते ॥४१
सहस्रशीर्षा पुरुष इति विष्णोरुदाहृतः ॥४२
इन्द्रायेन्दो मरुत्वत इति शक्रस्य शस्यते ॥४३

'शुक्रन्ते अन्यद्'—इत्यादि मन्त्र के लिये हवन करने मे बोला जाया करता है। "शन्नोदेवी" इत्यादि मन्त्र का उच्चारण शनिदेव के होम के लिये करना चाहिए और "कयानश्चित्र आभुव"—इत्यादि मन्त्र से राहु के लिए होम बताया गया है। ३६॥ "केतुं कृण्वन्नपे" इत्यादि मन्त्र का उच्चारण केतुओं की शान्ति के लिये करना चाहिए। 'आवोराज' इत्यादि मन्त्र के द्वारा रुद्र का बलि होम समाचरित। 'आयोदिष्ठा'—इत्यादि मन्त्र से उमादेवी का तथा 'स्योन' इत्यादि से स्वामि कार्तिकेय का बलि होम करे॥ ३७॥ "इदविष्णु" इत्यादि मन्त्र से भगवान् विष्णु का तथा 'तमीशेति' इत्यादि के द्वारा स्वयम्भू का और 'इन्द्रायिदेवताय' इत्यादि से इन्द्रदेव के लिये हवन करना चाहिए॥ ३८॥ यम के लिए 'अयं गौ'रति' इत्यादि मन्त्र के द्वारा होम करे—ऐसा कीर्तित किया है। 'कालस्य ब्रह्मय जानम्' इत्यादि को काल के लिये मन्त्रो के वेत्ता लोग जानते हैं॥ ३६॥ चित्रगुप्त के लिये 'अज्ञातम्' इत्यादि को मन्त्रों के ज्ञाता जानते हैं। 'अग्निदूत वृणीमहे'—इत्यादि को मन्त्र वह्निदेव के लिये बताया गया है॥ ४०॥ 'उदुत्तमं वरुणम्' इत्यादि अपो का मन्त्र कहा गया है और 'पृथव्यन्त रिक्षम्' इत्यादि मन्त्र को भूमि के लिये वेदों मे पढ़ा जाया करता है॥४१॥ 'सहस्रशीर्षा पुरुष'—इत्यादि मन्त्र भगवान्

विष्णु के लिए कहा गया है और 'इन्द्रामेन्दो मरुत्वत' इत्यादि मन्त्र शक्र के लिए प्रशस्त माना जाता है ॥४२, ४३॥

उत्तापर्णे सुभगे इति देव्याः समाचरेत् ।
प्रजापतेः पुनर्होमः प्रजापतिरिति स्मृतः ॥४४
नमोऽस्तु सर्पेभ्य इति सर्पाणा मन्त्र उ यते ।
एष ब्रह्माय ऋत्विजइतिब्रह्मण्युदाहृतः ॥४५
विनायकस्य चानूनमिति मन्त्रो बुधैः स्मृतः ।
जातवेदसे सुनवामितिदुर्गामन्त्रउ-यते ॥४६
आदिप्रत्नस्य रेतस आकाशस्य उदाहृत ।
प्राणाशिशुमहीनाञ्च वायोमन्त्रः प्रकीर्त्तिताः ॥४७
एषो उषा अपूर्व्वादित्यश्विनामन्त्र उ-यते ।
पूर्णाहुतिस्तु मूर्द्धानं दिवइत्यभिपातयेत् ॥४८

"उत्तापर्णे सुभगे' —इत्यादि मन्त्र का प्रयोग देवी के लिये करना चाहिए। प्रजापति का पुनः होय "प्रजा पति" इत्यादि के द्वारा बताया गया है ॥४४॥ "नमोऽस्तु सर्वेभ्य." इत्यादि मन्त्र सर्पों का उदाहृत किया गया है। "एष ब्रह्माय ऋत्विजय" इत्यादि मन्त्र को ब्रह्म के विषय मे प्रयुक्त करना चाहिए। विनायक का 'चानूनम्'—इत्यादि मन्त्र है। जिसको बुध लोगो ने कहा है। जात वेदा के लिये 'सुन वाम्" इत्यादि दुर्गामन्त्र कहा जाता है। 'आदि प्रत्नस्य रेतस" इत्यादि मन्त्र आकाश का उदाहृत किया गया है। 'प्राणा शिशु महो मात्र्ज" इत्यादि मन्त्र अश्विनी कुमारो के लिये कहा जाता है। इसके पश्चात् जो पूर्णा हुति हो हो जावे वह 'मूर्द्धानं दिव" इत्यादि मन्त्र के द्वारा ही अभिपातित करनी चाहिए ॥४५, ४६, ४७, ४८॥

४४–शिव चतुर्दशी व्रत कथन

भगवन् ! भूतभव्येश ! तथान्यदपि यच्छ्रुतम् ।
भुक्तिमुक्तिफलायाल तत्पुनर्वक्तुमर्हसि ॥१
एवमुक्तोऽब्रवीच्छम्भुरयं वाङ्मयपारगः ।
मत्समस्तपसा ब्रह्मन् ! पुराणश्रुतिविस्तरैः ॥२
धर्मोऽय वृषरूपेण नन्दीनाम गणाधिपः ।
धर्मान् माहेश्वरान् वक्ष्यत्यतः प्रभृतिनारद ? ॥३
शृणुष्वावहितोब्रह्मन् ! वक्ष्येमाहेश्वरव्रतम् ।
त्रिपुलोकेपुविख्यात नाम्नाशिवचतुर्दशी ॥४
मार्गशीर्षे त्रयोदश्या सितायामेकभोजनः ।
प्रार्थयेद्देवदेवेश ! त्वामह शरण गतः ॥५
चतुर्दश्या निराहारः सम्यगभ्यर्च्य शङ्करम् ।
सुवर्णवृषभ दत्त्वा भोक्ष्यामि च परेऽहनि. ॥६
एव नियमकृत् स्तुत्वा प्रातरुत्थाय मानव. ।
कृतस्नानजप. पश्चादुमया सह शङ्करम् ॥
पूजयेत्कमलै. शुभ्रै गंन्धमाल्यानुलेपनैः ॥७॥

देवर्षि श्री नारदजी ने कहा—हे भगवन् ! हे भूत भव्य के ईश ! आपके मुखारविन्द से अन्य जो भी कुछ श्रवण किया है वह भुक्ति और मुक्ति दोनो के फल प्राप्त करने के लिये पर्य्याप्त है उसे पुनः आप कहने के योग्य होते हैं ॥१॥ इस प्रकार से जब भगवान् शम्भु से कहा गया तो उन्होने कहा था कि यह हे ब्रह्मन् ! पुराण और श्रुति के विस्तारो से तथा तपश्चर्या से वाङ्मय का पारगामी मेरे ही समान है ॥२॥ हे नारद ! नन्दियो का गणाधिप वृष रूप से यह धर्म है जो यहां से आगे माहेश्वर धर्मों को बतायेगा ॥३॥ मत्स्य भगवान् ने कहा—हे ब्रह्मन् ! अब आप पूर्णतया सावधान होकर श्रवण कीजिए । हम माहेश्वर व्रतो के विषय मे कहेंगे । यह शिव चतुर्दशी का व्रत तीनो लोकों मे परम

विख्यात है ॥४॥ मार्गशीर्ष मास मे शुक्ल पक्ष मे त्रयोदशी के दिन केवल एक ही बार भोजन करे और प्रार्थना करनी चाहिये—हे देव देवेश ! मैं आपकी शरणागति मे सम्प्राप्त हो गया हूं ॥५॥ चतुर्दशी के दिन पूर्णतया आहार से रहित होकर शकर का भली भाँति अभ्यर्चन कर के ही मैं सुवर्ण का निर्मित वृषभ का दान करके दूसरे दिन भोजन करूँगा—ऐसा मन मे सकल्प करे ॥ ६ ॥ इस प्रकार से नियम करने वाले पुरुष को स्तवन करके शयन करना चाहिए और प्रभात वेला मे उठकर स्नान जप आदि सम्पूर्ण नैत्यिक कर्मों का सुसम्पादन करके फिर जगज्जननी उमा के सहित भगवान् शकर का शुभ्र कमलों और गन्ध तथा माल्य एव अनुलेपन आदि उचित उपचारो से पूजन करना चाहिये ॥७॥

पादौ नम. शिवायेति शिर. सर्वात्मने नमः ।
त्रिनेत्रायेति नेत्राणि ललाट हरये नमः ॥८
मुखमिन्दुमुखायेति ग्रीवायामेतिकन्धराम् !
सद्योजाताय कर्णौतु वामदेवायबेभुजौ ॥९
अघोरहृदयायेति हृदयञ्चाभिपूजयेत् ।
स्तनौ तत्पुरुषायेति तथेशानाय चोदरम् ॥१०
पार्श्वे चानन्तधर्माय ज्ञानभूतायवै कटिम् ।
ऊरू चानन्तवैराग्यसिहायेत्यभिपूजयेत् ॥११
अनन्तैश्वर्य्यनाथाय जानुनीचार्चयेद्बुध. ।
प्रधानायनमोजघे गुल्फौव्योमात्मनेनमः ॥१२
व्योमवेशात्मरूपायवेशान् पृष्ठञ्चपूजयेत् ।
नम.पुष्ट्यैनमस्तुष्ट्यै पादौञ्चापिपूजयेत् ॥१३
ततस्तु वृषभ हैममुदकुम्भसमन्वितम् ।
शुक्लमाल्याम्बरधर पञ्चरत्नसमन्वितम् ॥
मक्ष्यौनानाविधैर्युक्त ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥१४

'नमः शिवाय'—इससे चरणों का यजन करे। 'सर्वात्मने नमः' इस मन्त्र के द्वारा शिर का पूजन करे। 'त्रिनेत्राय नमः'—इससे नेत्रों का 'हरये नमः'—इससे ललाट का पूजन करना चाहिये। 'इन्दुमुखाय नमः'—इसके द्वारा मुख का—'नीलकण्ठाय नमः' इससे कन्धरा का—'सद्यो जाताय नमः'—इससे कानों का 'वाम देवाय नमः'—इस मन्त्र से भुजाओं का अर्चन करे। 'अघोर हृदयाय नमः'—इससे हृदय का अभिपूजन करना चाहिए। 'तत्पुरुषाय नमः—इससे स्तनों का यजन करे। 'ईशानाय नमः'—इससे उदर का—'अनन्त धर्माय नमः' इससे पार्श्वों का 'ज्ञानभूताय नमः' इसके द्वारा कटिका—'अनन्त वैराग्य सिद्धाय नमः'—इससे अरुओं का अभिपूजन करना चाहिए। 'अनन्तैश्वर्य नाथाय नमः। इससे वृद्ध पुरुष को दोनों जानुओं का समर्चन करना चाहिए। 'प्रधानाय नमः'—इसके द्वारा जाँघों का, 'व्योमात्मने नमः। इसका उच्चारण कर गुल्फों का, व्योमकेशात्मस्थाय नमः' इससे केशों का और पृष्ठभाग का पूजन करे। 'पृथ्वै नमः—पृथ्वै नमः"—इन मन्त्रों से पार्वती का भी पूजन करना चाहिए। इसके अनन्तर वृषभ का यजन करे तथा सुवर्ण निर्मित कुम्भ को जल से पूर्ण करके शुक्ल माल्य और अम्बर को धारण करने वाला करके पञ्च रत्नों से युक्त करके तथा अनेक प्रकार के भक्ष्य पदार्थों से समन्वित करके ब्राह्मण के लिये दान देना चाहिए ॥८, ९॥ ॥१०, ११, १२, १३, १४॥

ततोविप्रान् समाहूय तर्पयेद्भक्तितः शुभान्।
पृषदाज्यञ्च सप्राश्य स्वपेद्भूमावुदङ्मुखः ॥१५
पञ्चदश्यांततःपूज्य विप्रान् भुञ्जीतवाग्यतः।
तद्वत् कृष्णचतुर्दश्यामेतत् सर्वंसमाचरेत् ॥१६
चतुर्दशीषु सर्वासु कुर्य्यात् पूर्ववदर्चनम्।
ये तुमासेविशेषाः स्युस्तान्निबोधक्रमादिह ॥१७
मार्गशीर्षादिमासेषु क्रमादेतदुदीरयेत्।

शङ्कराय नमस्तेऽस्तु नमस्ते करवीरक ! ॥१८
त्र्यम्बकाय नमस्तेऽस्तु महेश्वरनतः परम् ।
नमस्तेऽस्तु महादेव ! स्थाणवेच ततः परम् ॥१९
नमः पशुपते नाथ ! नमस्ते शम्भवे पुनः ।
नमस्ते परमानन्द ! नमः सोमार्द्धधारिणे ॥२०
नमो भीमाय इत्येव त्वामहं शरणं गतः ।
गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधिसर्पिःकुशोदकम् ॥२१
पञ्चगव्यं ततोविल्व कर्पूरञ्चागुरुभवाः ।
तिलाः कृष्णाश्च विधिवत्प्राशनं क्रमशःस्मृतम् ॥
प्रतमान चतुर्दश्यारेकैक प्राशन स्मृतम् ॥२२॥
मन्दारमालतीभिश्च तथा धत्तूरकैरपि ।
सिन्दुवारैरशोकैश्च मल्लिकाभिश्च पाटलैः ॥२३
अर्कपुष्पैः कदम्बैश्च शतपत्रैस्तथोत्पलैः ।
एवंकेन चतुर्दश्योरचयेत्पावतीपतिम् ॥२४

इसके अनन्तर विप्रों का समाह्वान करके जो परम शुभ हों भक्तिपूर्वक तृप्त करे। पृथक्शय्या होकर उत्तर और मुख वाला होकर भूमि में शयन करे। इसके पश्चात् पञ्चदशी के दिन में विप्रों का पूजन कर मौन होकर भोजन करे। इसी तरह से कृष्ण चतुर्दशी में यह सब समाचरित करे। सभी चतुर्दशियों पूर्व की भाँति अचन करना चाहिए। जो नाम से विशेष हो उनको यहाँ क्रम से आप समझ-बूझलो ॥१५।१६।१७॥ मार्गशीर्ष आदि मासों में क्रम से यह उच्चारित करना चाहिए। हे करवीरक ! शङ्कर के लिये मेरा प्रणाम अर्पित होवे और आपको भी नमस्कार समर्पित होवे ॥ १८ ॥ त्र्यम्बक आपके लिये नमस्कार हो। इसके आगे महेश्वर को नमस्कार होवे। हे महादेव ! स्थाणु आपके लिए मेरा प्रणाम होवे। हे पशुपते ! हे नाथ ! शम्भु आपकी सेवा में मेरा प्रणाम निवेदित होवे। हे परमानन्द ! सोमार्द्धधारी आपके लिये मेरा

प्रणाम अर्पित होवे । भीम के लिए नमस्कार है—इस प्रकार से कहकर अन्त मे प्रार्थना करे कि मैं आपकी शरणागति मे प्राप्त हो गया हूँ । गोमूत्र—गोमय—क्षीर—दधि—घृत—कुशोदक—पञ्चगव्य—विल्व—कर्पूर—अगुरु—यव—कृष्ण तिल इनका विधिवत् क्रम से प्राशन कहा गया है । प्रति मास मे दोनो चतुर्दशियो मे एक-एक का प्राशन बताया गया है ॥ ६, २०, २१ -२॥ मन्दार—मालती—धत्तूर—सिन्धुवार अशोक—मल्लिका—पाटल—अर्क पुष्प—कदम्ब—शतपत्री के पुष्प—उत्पल—इन पुष्पो मे से क्रमशः एक-एक के द्वारा दोनों चतुर्दशियो मे पार्वती के स्वामी का अर्चन करना चाहिए ॥२३, २४॥

४५—फल त्याग माहात्म्य कथन

फलत्यागस्य माहात्म्यं यद्भवेच्छृणु नारद ! ।
यदत्तयं पर लोके सर्वकामफलप्रदम् ॥ ।
मार्गशीर्षे शुभे मासि तृतीयायां मने ! व्रतम् ।
द्वादश्यामथवाप्टम्यां चतुर्दश्यामथापि वा ।
आरभेच्छुक्लपक्षस्य कृत्वा ब्राह्मणवाचनम् ॥२॥
अन्येऽवपि हि म सेपु पुण्यं पु मुनिसत्तम ! ।
सदक्षिणम्पायसेन भोजयेच्छक्तितोद्विजान् । ३
अष्टादशानां धान्यानमवद्य फलमूलकैः ।
वर्जयेदन्दमेकन्तु ऋते औपधकारणम् ॥
सवृप काञ्चन रुद्रं धर्म्मराजञ्च कारयेत् ॥४॥
कूष्माण्डं मातुलिङ्गञ्च वार्ताकम्पनसतथा ।
आम्राम्रातकपित्थानि कलिङ्गमथवालुकम् ॥५
श्रीफलाश्वत्थवदरञ्जम्बीरं कदलीफलम् ।
काश्मरन्दाडिमं शक्तया कालधौतानपोडश ! ॥६

मूलकामलकं जम्बूतिन्तिड़ीकरमर्दकम् ।
कङ्कोलेलाकतुण्डीरकरीर कुटजं शमी ॥७

नन्दिकेश्वर ने कहा—हे नारद ! फल के त्याग करने का जो माहात्म्य होता है उसका श्रवण करो । जो लोक मे परम अक्षय होता है और सब कामो के फल का प्रदान करने वाला है ॥ १ ॥ हे मुने ! यह मार्गशीर्ष शुभ मास मे तृतीया–द्वादशी–अष्टमी अथवा चतुर्दशी तिथि मे होना है । ब्राह्मण वापन करके शुक्ल पक्ष मे इसका समारम्भ करना चाहिए ॥ २ ॥ हे मुनिसत्तम ! अन्य पुण्य मासो मे भी दक्षिणा के सहित यथा शक्ति पायस से द्विजो को भोजन कराना चाहिए ॥ ३ ॥ औषध के कारण के बिना अठारह धान्यो के अवघता का वर्जन कर देना चाहिए और एक वर्ष तक फल मूलो से रहे । वृष के सहित सुवर्ण का रुद्र और धर्मराज निर्मित करावे ॥ ४ ॥ कूष्माण्ड—मातुलिङ्ग—वर्तांक—आम्रातक पिण्य–कलिङ्ग—आतुक—धीफल–अश्वत्थ—बदर–जाम्बीर–कदली फल–काश्मर दाडिम इन सोलह को शक्ति पूर्वक कलधौत (सुवर्ण) के करावे ॥ ५, ६ ॥ मूली–आवला जम्बू–तिन्तडी–करमर्दक–कङ्कोल–एलाक–तुण्डीर—करीर–कुटज—शमी—और दुम्बर—नालिकेर–द्राक्षा–दोनो वृहती इन षोडश फलो को शक्ति के अनुसार रौप्य अर्थात् चाँदी से निर्मित करावे ॥८॥

औदुम्बरं नालिकेरं द्राक्षाय वृहतोद्वयम् ।
रौप्याणि कारयेच्छक्त्या फलानीमानिषोड़श ॥८
ताम्र तालफल कुष्माण्डगस्तिफलमेव च ।
पिण्डारकाश्मर्य्यफल तथा सूरणकन्दकम् ॥९
रक्तालुकाकन्दकञ्च कनकाह्वञ्च चिर्भटम् ।
चित्रवल्लीफल तद्वत्कूटशाल्मलिजम्फलम् ॥१०
आम्रनिष्पावमधुकबटमुद्गपटोलकम् ।
ताम्राणि षोडशैतानि कारयेच्छक्तितोनर ॥११
उदुम्बरद्वयकुष्माण्डान्योपरि सवस्त्रकम् ।

ततश्च कारयेच्छय्या यथोपरि सुवाससो ॥१२
भक्ष्यपात्रत्रयोपेत यमरुद्रवृषान्वितम् ।
धेन्वा सहैव शान्ताय विप्रायाथ कुटुम्बिने ॥
सपत्नीकाय सपूज्य पुण्येऽह्नि विनिवेदयेत् ॥१३

ताल फल और अगस्ति फल को ताम्र से निर्मित करावे। पिण्डार काश्मर्य फल—सूरण कन्द—रक्तालुक कन्द—कनकाह्वय—चिर्भिट चित्रवल्ली फल—इसी भाँति कूटशाल्मलिज फल—आम्र निष्पाव—मधुक—घट—मुद्ग—पटोलक इन सोलह को मनुष्य के द्वारा शक्ति पूर्वक ताम्र के निर्मित कराना चाहिये ॥ ८, ९, १०, ११ ॥ धान्य के ऊपर दो जल से पूर्ण कुम्भों को वस्त्र के सहित स्थापना करे। इसके अनन्तर सुन्दर वस्त्रों से समन्वित शय्या ऊपर करावे ॥ १२ ॥ तीन भक्ष्य पात्रों से उसे संयुत करे और यम-रुद्र तथा वृष से संयुक्त करे तथा धेनु के सहित किसी परम शान्त स्वभाव वाले कुटुम्बी पत्नी के सहित विप्र का भली भाँति अर्चन करके किसी भी पुण्य दिवस में उसको ये सब विनिवेदित कर देना चाहिए ॥ १३ ॥

यथा फलेषु सर्वेषु वसन्त्यमरकोटयः ।
तथा सर्वफलत्यागव्रताद्भक्तिः शिवेऽस्तु मे ॥१४
यथा शिवश्च धर्मश्च सदानन्तफलप्रदौ ।
तद्युक्तफलदानेन तौ स्यातां मे वरप्रदौ ॥१५
यथा फलान्यनन्तानि शिवभक्तेषु सर्वदा ।
तथानन्तफलावाप्तिरस्तु जन्मनि जन्मनि ॥१६
यथा भेदं न पश्यामि शिवविष्वर्कपद्मजान् ।
तथा ममास्तु विश्वात्माशङ्करःशङ्करःसदा ॥१७
इति दत्त्वा च तत्सर्वमलङ्कृत्य च भूषणैः ।
शक्तिश्चेच्छयनं दद्यात्सार्वोपस्करसंयुतम् ।१८
अशक्तस्तु फलान्येव यथोक्तानि विधानतः ।

तथोदकुम्भसयुक्तौ शिवधर्मौ च काञ्चनौ ॥१६
विप्राय दत्त्वा भुञ्जीत वाग्यतस्तैलवर्जितम् ।
अन्यान्यपि यथा शक्त्या भोजयेच्छक्तितो द्विजान् ॥२०

जिस प्रकार से सब फलों मे अमरो की कोटिया निवास किया करती हैं उसी भाँति सब फलो के त्याग अगो से मेरी भगवान् शिव मे भक्ति होवे ॥ १४ ॥ जिस तरह से भगवान् शिव और धर्म्म सदा अनन्त फलो के प्रदान करने वाले हैं सो युक्त फलदान के द्वारा वे दोनो मुझे वरदान करने वाले होवे ॥ १५ ॥ जिस भाँति शिव के भक्तो मे सर्वदा अनन्त फल होते हैं उसी तरह से मुझे जन्म - जन्म मे अनन्त फलो की प्राप्ति होवे ॥ १६ ॥ जिस रीति से शिव-विष्णु सूर्य और ब्रह्मा के भेद को नहीं देखता हू अर्थात् इनमे कुछ भी भेद भाव नही समझता हूँ उसी प्रकार से मेरे लिए विश्वात्मा शङ्कर सदा शङ्कर होवे अर्थात् कल्याण-कारी होवे ॥ १७ ॥ यह कहकर वह सब भूषणो से समलकृत करके दान करे और शक्ति हो तो विधान से यथोत्तम फलो का ही दान करे तथा जल से सयुक्त शिव और सं कञ्चन के निर्मित करावे । विप्र को दान करके मौन व्रत पूर्वक तैल से रहित पदार्थों का भोजन करे । अपनी शक्ति के अनुसार और दूसरे भी द्विजो को भोजन कराना चाहिये ॥ १८ ॥ १९ ॥ २० ॥

४६—आदित्यवार व्रत कथन

यदाराग्यकर पुंसां यदनन्तफलप्रदम् ।
म छान्तये च मर्त्यानां वद नन्दीश तद्व्रतम् ॥१
यत्तद्विश्वात्मनो धाम परं ब्रह्मसनातनम ।
सूर्य्याग्निचन्द्ररूपेण तत्त्रिधाजगति स्थितम् ॥२

तदाराध्य पुमान् विप्र प्राप्नोतिकुशलं सदा ।
तस्मादादित्यवारेण सदा नक्ताशनोभवेत् ॥ ३
यदा हस्तेन सयुक्तमादित्यस्य च वासरम् ।
तदा शनिदिने कुर्य्यादेकभुक्त विमत्सरः ॥४
नक्तमादित्यवारेण भोजयित्वा द्विजोत्तमान् ।
पत्रैर्द्वादशसंयुक्तं रक्तचन्दनपङ्कजम् ॥५
विलिख्य विन्यसेत्सूर्य्यं नमस्कारेण पूर्वतः ।
दिवाकरं तथाग्नेय विवस्वन्तमतः परम् ॥६
भगन्तु नैर्ऋतं देव वरुणं पश्चिमे दले ।
महेन्द्रमनिले तद्वदादित्यञ्च तथोत्तरे ॥७

देवर्षि नारद जी ने कहा—हे नन्दीश ! जो भी पुरुषों को आरोग्य के करने वाला हो और जो अनन्त फलों का प्रदान करने वाला हो तथा जो मनुष्यों को शान्ति के लिये हो उसी व्रत को कृपा करके कहिए । ॥१॥ नन्दिकेश्वर ने कहा—जो विश्वात्मा का ब्रह्म सनातन परम धाम है वह सूर्य्य—अग्नि और चन्द्र के रूप से इस जगत् में तीन प्रकार का स्थित है । हे विप्र ! उसकी आराधना करके पुरुष सदा कुशल को प्राप्त किया करता है । इसलिये सदा आदित्य के वार के दिन अर्थात् रविवार को रात्रि में ही अशन करने वाला होना चाहिए ॥२, ३॥ जिस समय में हस्त से युक्त सूर्य का वार होवे उस समय में शनिवार के दिन मत्सरता से रहित रहकर एक बार ही भोजन करना चाहिए ॥४॥ रविवार के दिन में रात्रि के समय में द्विजों को भोजन कराकर पत्रों से रक्त चन्दन के पङ्क में बारह से संयुक्त लिखकर सूर्य का विन्यास करे नमस्कार से पूर्व में दिवाकर को विन्यस्त करना चाहिए 'दिवाकराय नमः'—यह उच्चारण करते हुए ही विन्यास करे । इसके अनन्तर आग्नेय दिशा में विवस्वान् को—नैर्ऋत्य में भग को—पश्चिम दल में वरुण देव को—अनिल कोण में महेन्द्र को तथा उसी प्रकार से उत्तर दिशा में आदित्य को विन्यस्त करना चाहिए ॥५, ६, ७॥

शान्तमं शानभागे तु नमस्कारेणविन्यसेत् ।
कर्णिका पूर्वपत्रे तु सूर्य्यस्यतुरगात्न्यसेत् ।८
दक्षिणेऽर्यमनामान मार्तण्ड पश्चिमे दले ।
उत्तरे तु रवि देव कर्णिकायाञ्च भास्करम् ।।९
रक्तपुष्पोदकेनाघ्यं सतिलारुणचन्दनम् ।
तस्मिन् पद्मे ततो दद्यादिमं मन्त्रमुदीरयेत् ।।१०
कालात्मा सर्वभूतात्मावेदात्मा विश्वतोमुखः ।
यस्मादग्नीन्द्ररूपस्त्वमत.पहिदिवाकर । ।११
अग्निमीले नमस्तुभ्यमिपेत्वोर्जेचभास्करः ।
अग्न आयाहि वरद ! नमस्तेज्योतिषाम्पते ! ।।१२
अर्घ्यं दत्त्वा विसृज्याथनिशितैलविवर्जितम् ।।१३

ईशान दिशा के भाग की ओर शान्त को नमस्कार के सहित विन्यस्त करना चाहिए । कर्णिका के पूर्व पत्र मे सूर्य्य देव के अश्वो का विन्यास करना चाहिये ।।८।। दक्षिण मे अर्यमान नाम वाले का तथा पश्चिम दल मे मार्त्तण्ड का, उत्तर मे रवि देवका और कर्णिका मे भास्कर का न्यास करके रक्त पुष्पो के सहित जल से जिसमे तिल, अरुण चन्दन भी हो उस पद्म मे निम्न मन्त्र का उच्चारण करते हुए अर्घ्य देना चाहिए ।।८, ९, १०।। वह मन्त्र यह है—'हे दिवाकर' आप काल की आत्मा हैं या क ल स्वरूप ही हैं तथा समस्त भूतो क आत्मा हैं– वेदो की आत्मा और आप विश्वतोमुख हैं क्योंकि आप अग्नि इन्द्र रूप वाले हैं अतएव आप मेरी रक्षा करो ।।११।। अग्निमीले आपके लिये नमस्कार है । हे भास्कर ! इषेत्वोर्जे आपके लिये प्रणाम है । हे वरद ! आप यहाँ पर पधारिये । हे ज्योतियो के स्वामिन् ! आपके लिये प्रणाम समर्पित है । इस प्रकार से सूर्य्य देव को अर्घ्य देवे और फिर विसर्जन करके रात्रि मे तैलीय पदार्थों से रहित भोजन करना चाहिये ।।१२, १३।।

४७—विभूति द्वादशी व्रत कथन

श्रृणु नारद ! वक्ष्यामि विष्णोर्व्रतमनुत्तमम् ।
विभूतिद्वादशी नाम सर्वदेवनमस्कृतम्
कार्तिके चैत्रवैशाखे मार्गशीर्षे च फाल्गुने ॥१
आषाढे वा दशम्यान्तु शुल्कायांलघुभुङ्नरः ।
कृत्वासायन्तनीसन्ध्या गृह्णीयान्नियमंबुधः ॥२
एकादश्यां निराहारःसमभ्यर्च्च जनार्दनम् ।
द्वादश्यांद्विजसयुक्तः करिष्येभोजन विभो ! ॥३
तदविघ्नेन मे,यातु,सफल,स्यच्च केशवा ! ।
नमोनारायणायेति,वा,यञ्च स्वपता निशि ॥४
ततः प्रभात उत्थायसाविव्यष्टशतञ्जपेत् ।
पूजयेत् पुण्डरीकाक्ष शुल्कमाल्यानुलेपनैः ॥५
विभूतयेनम.पादावशोकायच जानुनी ।
नम.शिवायेत्यूरुच विश्वमूर्ते ! नम. कटिम् ॥६
कन्दर्पायननोमेढ्र फल मारायणायच ।
दामादरायत्युदरं वासुदेवाय च स्तनौ ॥७

नन्दिस्वर प्रभु ने कहा—हे नारद ! आप श्रवण कीजिए । अब हम भगवान् विष्णु का सर्वोत्तम व्रत के विषय मे वर्णन कर रहे हैं । इस व्रत का शुभ नाम विभूति द्वादशी है और यह व्रत ऐसा उत्तम है कि सभी देवगणो के द्वारा वन्दमान होता है ॥१॥ इस व्रत को कई मासो मे आरम्भ किया जा सकता है । कार्तिक—चैत्र—वैशाख या फाल्गुन मास मे करे अथवा आषाढ मास मे करे । जब भी इसका समाचरण करे उस समय शुक्ल पक्ष की छामी दशमी मे अत्यन्त ही स्वल्प हलका भोजन करना चाहिये । मनुष्य जो भी करना चाहे उसे सायङ्कालीन सन्ध्या की उपासना करके बुध को इसके नियम को ग्रहण करना चाहिये ॥२॥

एकादशी के दिन बिल्कुल भी आहार न करके भगवान् जनार्दन का अभ्यर्चन करूँगा और द्वादशी के दिन द्विजों से संयुक्त होकर ही हे विभो ! मैं फिर भोजन करूँगा—इस प्रकार संकल्प करके नियम ग्रहण करे और फिर प्रार्थना करे हे केशव ! सो यह व्रत मेरा निर्विघ्न सफल हो जावे। इसके अनन्तर "नमो नारायणाय"—अर्थात् नारायण प्रभु के लिये नमस्कार है—इसका मुख से उच्चारण करके रात्रि में शयन करे ॥३, ४॥ इसके उपरान्त प्रभात वेला में उठकर भगवती सावित्री का अष्टोत्तर शत जाप करना चाहिये और भगवान् पुण्डरीकाक्ष का शुक्ल माल्य एवं अनुलेपन आदि समुचित उपचारों से पूजन करना चाहिये ॥५॥ 'विभूतये नमः'—इस मन्त्र का उच्चारण कर चरणों का यजन करे "अशोकाय नमः"—इससे जानुओं का—"नमः शिवाय"—इसके द्वारा ऊरुओं का "विश्वमूर्त्ते ! पुष्प नमः" इससे कटिका अर्चन करना चाहिए ॥६॥ "कन्दर्पाय नमः"—इससे मेढ्र का तथा 'नारायणाय नमः" इसके द्वारा फल का पूजन करे। 'नमो दामोदराय"—इस मन्त्र से उदर का—'वसुदेवाय नमः"—इससे दोनों स्तनों का अर्चन करना चाहिए ॥७॥

माधवायेत्युरो विष्णोः कण्ठमृत्कण्ठिनेनमः।
श्रीधरायमुखकेशान् केशवायेतिनारद ! ॥ ८
पृष्ठं शार्ङ्गधरायेतु श्रवणौ वरदाय वै।
स्वनाम्ना शङ्खचक्रासिगदाजलजपाणये ॥९
शिरः सर्वात्मने ब्रह्मन् ! नमइत्यभिपूजयेत् ॥१०
अल्पवित्तो यथाशक्त्या स्तोकं स्तोकं समाचरेत् ॥१०
यश्चाप्यतीवनिःस्वः स्याद्भक्तिमान्माधवप्रति।
पुष्पार्चनविधानेन स कुर्याद्वित्तसंक्षयम् ॥११
अनेन विधिना यस्तुविभूतिद्वादशव्रतम्।
कुर्यान् पापविनिर्मुक्त पितृणा सारयेच्छतम् ॥१२
जन्मना शतसाहस्र न शोकफलभाग्भवेत्।

न च व्याधिर्भवेत्तस्य न दारिद्र्यं न बन्धनम् ॥१३
वैष्णवोवाथ शैवोवा भवेज्जन्मनि जन्मनि ॥१४
यावद्युगसहस्राणां शतमष्टोत्तरं भवेत्।
तावत्स्वर्गे वसेद्ब्रह्मन्! भूपतिश्च पुनर्भवेत् ॥१५

"माधवाय नमः—इस मन्त्र के द्वारा विष्णु के उरः स्थल का "उत्कण्ठिने नमः' इससे कण्ठ का—'श्रीधराय नमः' इसका उच्चारण करके मुख का और हे नारद! "केशवाय नमः"—इसके द्वारा केशो का अर्चन करे ॥८॥ "शार्ङ्गधराय नमः" इस मन्त्र को बोलकर पृष्ठ भाग का, 'वरदाय नमः' इससे श्रवणों का पूजन करना चाहिये। अपने नाम से 'शंख चक्र असि गदा अलज पाणये 'सर्वात्मने नमः' इससे हे ब्रह्मन्! प्रभु के शिर का अर्चन करना चाहि' ॥९॥ जिसके पास बहुत ही थोड़ा सा धन है उसको थोड़ा-थोड़ा ही दान आदि से इस व्रतके अङ्गो का सम्पादन करना चाहिए और अपनी शक्ति के अनुसार ही करे ॥१०॥ जो अत्यन्त ही धनहीन हो और जिसके पास कुछ भी साधन न हो वह भी निर्धन इसको कर सकता है। उसे तो केवल भगवान् माधव के प्रति भक्ति होनी चाहिये और वह केवल पुष्पो के द्वारा ही अर्चन का विधान करके दो वर्ष पूर्ण करे ॥११॥ इस विधि से जो भी कोई इस विभूति द्वादशी का व्रत किया करता है वह समस्त पापो से निर्मुक्त होकर अपने शत-शत पितृगणो का उद्धार कर दिया करता है ॥१२॥ सौ सहस्र जन्मो तक भी उसको कभी भी शोक का फल नहीं होता है और उसे कोई भी व्याधि नही होती है। न कभी दरिद्रता होती है और न बन्धन ही हुआ करता है। १३॥ वह जन्म-जन्म मे या तो वैष्णव होता है या शिवका भक्त शैव ही हुआ करता है ॥१४॥ हे ब्रह्मन्! इस व्रत का बहुत बड़ा माहात्म्य है जब तक एक सहस्र युगो की अष्टोत्तर शत संख्या सम्पूर्ण नही होती है तब तक वह स्वर्ग मे निवास किया करता है और यहा पर राजा के यहा जन्म ग्रहण कर भूपति होता है ॥१५॥

४८—स्नान महत्त्व वर्णनम्

नमस्य भावशुद्धिश्च विना स्नानं न विद्यते ।
तस्मान्मनोविशुद्ध्यर्थं स्नानमादौ विधीयते ॥१
अनुद्धृतैरुद्धृतैर्वा जलैः स्नानं समाचरेत् ।
तीर्थञ्च कल्पयेद्विद्वान्मन्त्रेण मन्त्रवित् ॥
नमो नारायणायेति मूलमन्त्र उदाहृतः ॥२॥
दर्भपाणिस्तु विधिना आचान्तः प्रयतः शुचिः ।
चतुर्हस्तसमायुक्तं चतुरस्रं समन्ततः ॥
प्रकल्प्यावाहयेद्गङ्गामेभिर्मन्त्रैर्विचक्षणः ॥३॥
विष्णोः पादप्रसूतासिवैष्णवीविष्णुदेवता ।
त्राहिनस्त्वेनसस्तस्मादाजन्ममरणान्तिकात् ॥४
तिस्रः कोट्योऽर्द्धकोटीचतीर्थानामायुरग्र्यवीत् ।
दिविभूम्यन्तरिक्षेचतानितेसन्तुजाह्नवि ॥५
नन्दिनीत्येव ते नाम देवेपुनलिनीति च ।
दक्षा पृथ्वी शिवहरा विश्वकायाऽमृताशिवा ॥६
विद्याधरी सुप्रशान्ता तथा विश्वप्रमादिनी ।
क्षेमा च जाह्नवीचैव शान्ताशान्तिप्रदायिनी ॥७
एतानि पुण्यनामानि स्नानकाले प्रकीर्तयेत् ।
भवेत्सान्निहिता तत्र गङ्गा त्रिपथगामिनी ॥८

भगवान् नन्दिकेश्वर ने कहा—स्नान के किये बिना निर्मलता और भावो की शुद्धि नही हुआ करती है । इसलिये मन की विशुद्धि के लिये सबसे आदि मे मानव को स्नान करना चाहिय ॥१॥ जल या तो कर आदि से उद्धृत किये गये हो या किसी जलाशय के अनुद्धृत जल हो उन्ही से स्नान का समाचरण करे । विद्वान् पुरुष को जो कि मन्त्रो का पूर्ण ज्ञाता है उसे मूल मन्त्र के द्वारा उन्ही जलो मे तीर्थ की कल्पना

कर लेनी चाहिये ॥२॥ "नमो नारायणाय" यही मूल मन्त्र बताया गया है। विचक्षण पुरुष को हाथ मे दर्भ का ग्रहण करके विधि पूर्वक आचान्त होकर परम प्रयत और शुचि हो जाना चाहिये। चार हाथ के प्रमाण से समायुक्त और सभी ओर से चौकोर स्थल की प्रकल्पना करके नीचे दिये हुए मन्त्रो से भागीरथी गङ्गा का आवाहन करना चाहिए ॥३॥ आवाहन मन्त्र ये हैं—हे हरि! आप भगवान् विष्णु के चरणो से प्रसूत हुई हैं। आप परम वैष्णवी और विष्णु के ही देखना वाली हैं। इससे मेरे जन्म मरणान्तिक पाप से मेरी रक्षा कीजिए ॥४॥ भगवान् वसुदेव ने कहा है कि आप साढे तीन करोड़ तीर्थों का निवास स्थल हैं। दिवलोक—भूमि और अन्तरिक्ष मे ये सब आप मे रहते हैं ॥५॥ हे देवि! आपका देवों में नन्दिनी और नलिनी यह नाम है। आपके अन्य भी बहुत से परम पुण्य मय शुभ नाम हैं—जैसे—दक्षा—पृथ्वी—विश्वकाया—अमृता—शिवा—विद्याधारी—सुप्रशान्ता—विश्व प्रसादिनी—क्षेमा—शान्ता—शान्ति प्रदायिनी और जाह्नवी हैं। इन परम पुण्यमय नामो का स्नान के समय मे कीर्त्तन करना चाहिए। इस कीर्तन के करने से यही पर भागीरथी गङ्गा जो त्रिपथो मे गमन करने वाली है अर्थात् स्वर्ग—भूमि और पाताल तल मे जाने वाली है स्वय सन्निहित हो जाया करती हैं ॥६, ७, ८॥

सप्तवाराभिजप्तेन करसपुटयोजितः ।
मूर्द्धिन कुर्य्याज्जिल भूयस्त्रिचतुः पञ्चसप्तकम् ॥
स्नान कुर्य्यान्मृदा तद्वदामलव्य तु विधानतः ॥९॥
अश्वक्रान्ते रथक्रान्ते विष्णुक्रान्ते वसुन्धरे ।
मृत्तिके ! हर मे पाप यन्मयादुष्कृतंकृतम् ॥१०
उद्धृतासि वराहेण कृष्णेन शतबाहुना ।
नमस्ते सर्वलोकानां प्रभवारणि सुव्रते ॥११
एवं स्नात्वा ततः पश्चादाचम्य च विधानतः ।
उत्थाय वाससी शुक्ले शुद्धे तु परिधायवै ॥

ततस्तु तर्पण कुर्य्यात्त्रैलोक्याप्यायनाय वै ॥१२
देवायक्षास्तथानागागन्धर्वाप्सरसः सुराः ।
क्रूरा. सर्पा.सुपर्णाश्चतरवोजम्बुका खगाः ॥१३
वाय्वाधारा जलाधारास्तथैवाकाशगामिन. ।
निराधाराश्च ये जीवा येतु धर्म्मरतास्तथा ॥१४
तेषामाप्यायनायैतद्दीयते सलिल मया ।
कृतोपवीती देवेभ्यो निवीती च भवेत्ततः ॥१५

हाथो के सम्पुट मे जल को योजित करके सात बार अभिजाप करे और फिर मूर्द्धा मे जल को डाले । फिर तीन–चार–पाँच और सात बार स्नान करना चाहिए । इसी भाँति विधान के साथ आमन्त्रित करके मृत्तिका से स्नान करे । अभिमन्त्रित करने का मन्त्र यह है—हे मृत्तिके ! आप अश्वो के खुरो से क्रान्त होने वाली हैं—रथो के चक्रो के द्वारा भी क्रान्त होती हैं । आप विष्णु भगवान् के द्वारा क्रान्त है । हे वसुन्धरे ! जो भी मैंने दुष्कृत किये हो उस सम्पूर्ण पाप का आप सहरण कर दो । ॥९, १०॥ हे सुव्रते ! शत बाहुओ वाले वराह श्रीकृष्ण ने आपका उद्धरण किया है अर्थात् आपको उठा लिया है । समस्त लोको के प्रभव (जन्म) के लिये अरणी के समान विनाश करने वाली आप हैं । तात्पर्य यह है कि जन्म-मरण के आवागमन को छुड़ाकर मोक्ष प्रदान किया करती हैं ऐसी आपकी सेवा मे मेरा नमस्कार अर्पित है । इस प्रकार से स्नान करके पीछे विधिपूर्वक आचमन करे और स्नान से उठकर फिर परम शुद्ध एव शुक्ल वस्त्रो को धारण करना चाहिए । इसके अनन्तर त्रैलोक्य की सतृप्ति के लिये तर्पण करना चाहिए ॥११, १२॥ देव—यक्ष—नाग—गन्धर्व—अप्सराऐं—गुरु—क्रूर—सर्प—सुपर्ण—सरगण—अम्बुक—खग–वायु के आधार वाले प्राणी–जल का आश्रय ग्रहण करने वाले जीव—आकाश मे गमन करने वाले प्राणी और ऐसे जीव जिनका कोई भी आधार ही नही होता है तथा धर्म्म मे रति रखने वाले जीव

उन सबकी तृप्ति के लिये मेरे द्वारा यह जल दिया जाता है। देवो के लिये कृतोपवीती होकर तर्पण करे और फिर निवीती हो जाना चाहिए ॥१३, १४, १५॥

मनुष्यास्तर्पयेद्भक्तया ब्रह्मपुत्रानृषीस्तथा ।
सनकश्च सनन्दश्च तृतीयश्च सनातनः ॥१६
कपिलश्चासुरिश्चैव वोढुः पञ्चशिखस्तथा ।
सर्वे ते तृप्तिमायान्तु मद्दत्तेनाम्बुनासदा ॥१७
मरीचिमत्र्यङ्गिरसं पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम् ।
प्रचेतसं वशिष्ठञ्च भृगुन्नारदमेव च ॥
देवब्रह्मऋषीन् सर्वांस्तर्पयेदक्षतोदकैः ॥१८
अपसव्य ततः कृत्वा सव्य जान्वाच्च भूतले ।
अग्निष्वात्तास्तथा सौम्या हविष्मन्तस्तथोष्मपाः ॥१९
सुकालिनो वर्हिषदस्तथान्ये वाज्यपाः पुनः ।
सन्तर्प्य पितरो भक्तयासतिलोदकचन्दनैः ॥२०
यमाय धर्मराजाय मृत्यवे चान्तकाय च ।
वैवस्वताय कालाय सर्वभूतक्षयाय च ॥२१
औदुम्बराय दध्नाय नीलाय परमेष्ठिने ।
वृकोदराय चित्राय चित्रगुप्ताय वै नमः ॥
दर्भपाणिस्तु विधिना पितॄन् सन्तर्पयेद् बुधः ॥२२॥

भक्ति की भावना से मनुष्यो का तर्पण करे—ब्रह्मा के पुत्रो का तथा ऋषियो का तर्पण करे। सनक-सनन्द और तीसरे सनातन, कपिल, आसुरि, वोढु, पञ्चशिखये सभी मेरे द्वारा प्रदत्त किये हुए जल से सदा तृप्ति प्राप्त करें ॥१६, १७॥ मरीचि अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, प्रचेता, वसिष्ठ, भृगु और नारद इन देवर्षि और ब्रह्मर्षि सबको अक्षतो से मिश्रित जलो से तर्पण करना चाहिए ॥१८॥ इसके पश्चात् अपसव्य करके सव्य जानु भूतल मे टेककर अग्निष्वाता—बर्हिषद—अन्य

आज्यप पितरो का भक्ति भाव से तिलोदक चन्दन के द्वारा भली भाँति तर्पण करना चाहिए। फिर धर्मराज, मृत्यु, अन्तक, वैवस्वत, काल सर्वभूत क्षय—औदुम्बर—पद्म—नील—परमेष्ठी—वृकोदर—चित्र और चित्रगुप्त के लिए नमस्कार है। दाभ हाथ मे ग्रहण करने वाले बुध पुरुष को विधि के साथ पितृगणो का तर्पण करना चाहिए ॥ १६, २०, २१, २२ ॥

पित्रादीन्नामगोत्रेण तथा मातामहानपि ।
सन्तर्प्य विधिना भक्तया इम मन्त्रमुदीरयेत् ॥२३
ये बान्धवा बान्धवेया येऽन्यजन्मनि बान्धवाः ।
ते तृप्तिमखिला यान्तु यश्चास्मत्तोऽभिवाञ्छति ॥२४
ततश्चाचम्य विधिवदालिखेत्पद्ममग्रतः ।
अक्षताभि. सपुष्पाभि' सजलारुणचन्दनम् ॥
अर्घ्यं दद्यात्प्रयत्नेन सूर्य्यनामानि कीर्तयेत् ॥२५॥

पिता आदि का नाम और गोत्र का उच्चारण करके तथा मातामह आदि का भी नाम गोत्र कहकर विधि पूर्वक भली भाँति तर्पण करके भक्ति के साथ इस मन्त्र को उच्चारित करे। २३॥ जो मेरे बान्धव और बान्धवेय हो तथा जो मेरे अन्य जन्म मे बान्धव रहे हो वे सब तृप्ति को प्राप्त हो और वह भी सन्तृप्त हो जो वे जो मुझसे अर्थात् मेरे द्वारा दिये हुए जल प्राप्त करने की इच्छा रखता हो ॥ २४॥ इसके पश्चात् आचमन करके विधिपूर्वक आगे पद्म का विलेख न करे। पुष्पो के सहित अक्षतो मे अरुण चन्दन से समन्वित जल का अर्घ्य देना चाहिये तथा प्रयत्न सूर्य के नामो का कीर्तन करे ॥ २५ ॥

नमस्ते विष्णुरूपाय नमो विष्णुमुखाय वै ।
सहस्ररश्मये नित्यं नमस्ते सर्वतेजसे ॥ २६
नमस्तेशिव ! सर्वेश ! नमस्तेसर्ववत्सल ।
जगत्स्वामिन्नमस्तेऽस्तु दिव्यचन्दनभूषित ॥२७

पद्मासन ! नमस्तेऽस्तु कुण्डलाङ्गदभूषित ।
नमस्ते सवलोकेश ! जगत्सर्वं ।ववोधसे ॥२८
सुकृतं दुष्कृतं चैव सर्वं पश्यसि सर्वग ।
सत्यदेव ! नमस्तेऽस्तु प्रसीद मम भास्कर ॥२९
दिवाकर ! नमस्तेऽस्तुप्रभाकर ! नमोऽस्तुते ।
एवंसूर्य्यंनमस्कृत्यत्रिःकृत्वाथप्रदक्षिणम् ॥
द्विजङ्गां काञ्चनं स्पृष्ट्वा ततो विष्णुहं व्रजेत् ॥३०॥

विष्णु के रूप वाले आपके लिये नमस्कार है। विष्णुमुख आपके लिये प्रणाम है। सहस्र किरणों वाले के लिये नमस्कार है। सबके तेज स्वरूप आपके लिये नमस्कार है ॥२६॥ हे शिव ! आपके लिये नमस्कार है। हे सर्वेश्वर ! हे सब पर वात्सल्य रखने वाले ! आपके लिये नमस्कार है। हे जगत् के स्वामिन् ! दिव्य चन्दन से भूषित ! आपकी सेवा मे नमस्कार है। हे पद्मासन ! आपको प्रणाम है। हे कुण्डलो और अङ्गदो से भूषित ! आपको नमस्कार है। हे सब लोको के ईश ! आपकी सेवा मे प्रणाम है। आप ही इस सम्पूर्ण जगत् का विशेष बोधन दिया करते हैं। आप ही सुकृत और दुष्कृत सबको हे सर्वत्र गमन करने वाले ! देखा करते हैं। हे सत्यदेव ! हे भास्कर ! आपकी सेवा मे नमस्कार है। आप मेरे ऊपर प्रसन्न होइए। हे दिवाकरदेव ! आपको नमस्कार है। हे प्रभाकर ! आपकी सेवा मे प्रणाम है। इस प्रकार से सूर्य्य को नमस्कार करके तीन बार प्रदक्षिणा करनी चाहिए। फिर किसी द्विज को तथा गौ का एवं काञ्चन का स्पर्श करके फिर विष्णु गृह को जाना चाहिए। अर्थात् विष्णु भगवान् के मन्दिर मे गमन करे ॥ २७ ॥ २८ ॥ २९ ॥ ३० ॥

४६—प्रयाग माहात्म्य वर्णनम्

भगवन् ! श्रोतुमिच्छामिपुराकल्पेयथास्थितम् ।
ब्रह्मणादेवमुख्येनयथावत्कथितमुने । १
कथं प्रयागे गमनं नृपाणां तत्र कीदृशम् ।
मृतानांकागतिस्तत्रस्नातानातत्रकिम्फलम् ॥
ये वसन्ति प्रयागे तु ब्रूहि तेषा च किंफलम् ॥२॥
कथयिष्यामितेवत्स ! यच्छ्रुष्टंक्षयत्फलम् ।
पुराहिसर्वविप्राणाकथ्यमानंमयाश्रुतम् ॥
आप्रयागप्रतिष्ठानादापुराद्वासुकेर्ह्रदात् ।
कम्बलाश्वतरौ नागौ नागश्च बहुमूलकः ॥३
एतत्प्रजापतेः क्षेत्रं क्षिपु लोकेषु विश्रुतम् ॥४॥
तत्र स्नात्वा दिव यान्ति ये मृतास्ते पुनर्भवाः ।
ततो ब्रह्मादयो देवा रक्षा कुर्वन्ति सङ्गता ॥५
अन्ये च बहवस्तीर्थाः सर्वपापहराः शुभाः ।
न शक्याःकथितुं राजन् ! बहुवर्षशतैरपि ॥
संक्षेपेण प्रवक्ष्यामि प्रयागस्य तु कीर्तनम् ॥६॥
षष्टिर्धनुःसहस्राणि यानि रक्षन्ति जाह्नवीम् ।
यमुना रक्षति सदा सवितासप्तवाहनः ॥७

धर्मराज युधिष्ठिर ने कहा—हे भगवन् ! पुरातन मे जो यथा स्थित हो उसका मैं श्रवण करना चाहता हूँ । हे मुने ! देवो मे मुख्य ब्रह्माजी ने यथावत् कथन किया है ॥ १ ॥ प्रयाग मे गमन किस प्रकार से है और वह नरो का किस प्रकार का है ? वहाँ पर जो निवास करके मृत हो जाते हैं उनकी क्या गति होती है और जो वहाँ पर पहुँच कर स्नान किया करते हैं उनको क्या फल मिला करता है जो सर्वदा प्रयाग मे निवास किया करते हैं उनका क्या फल हुआ करता है ? जो हुआ

करता है ? ॥ २ ॥ महर्षि प्रवर मार्कण्डेयजी ने कहा—हे वत्स ! वहाँ पर जो भी श्रेष्ठतम फल हुआ करता है उसको मैं आपको बतलाऊँगा। पहिले प्राचीन समय मे समस्त विप्रो का कथ्यमान (कहा हुआ) मैंने श्रवण किया है ॥ ३ ॥ प्रयाग के प्रतिष्ठान से लेकर और वासुकि के ह्रद से पुर के पर्य्यन्त तक कम्बल और अश्वतर दो भाग हैं और बहुमूलक नाग है। यह ही प्रजापति का क्षेत्र है जो तीनो लोकों मे विश्रुत है ॥ ३, ४ ॥ वहाँ पर मनुष्य स्नान करके दिवलोक को चले जाया करते हैं और जिनकी वहाँ पर मृत्यु हो जाती है उनका पुनर्भव नही होता है। इसके बाद में ब्रह्मा आदि देव सब सङ्गत होकर रक्षा किया करते है ॥ ५ ॥ हे राजन् ! अन्य भी बहुत से तीर्थ हैं जो समस्त पापो के हरण करने वाले और परम शुभ है। उन सबको कहा नहीं जा सकता है चाहे सैकड़ो ही वर्षों तक क्यो न वर्णन कोई करता रहे। अब मैं अति सक्षेप से प्रयाग का कुछ माहात्म्य कीर्त्तित करूँगा ॥ ६ ॥ जो साठ धनु सहस्र हैं वे जाह्नवी की रक्षा किया करते हैं और सप्त वाहन सवितादेव यमुना की रक्षा किया करते हैं ॥ ७ ।

प्रयागं तु विशेषेण सदा रक्षति वासवः ।
मण्डलं रक्षति हरिर्देवतैः सह संगतः ॥८
तं वटं रक्षतिसदा शूलपाणिमहेश्वरः ।
स्थानं रक्षन्ति वै देवा सर्वपापहरं शुभम् । ९
अधर्मेणावृतो लोकेनैव गच्छति तत्पदम् ।
स्वल्पमल्पतरं पापं यदा ते स्यान्नराधिप ॥
प्रयाग स्मरमाणस्य सर्वमायाति संक्षयम् ॥१०
दर्शनात्तस्य तीर्थस्य नाम संकीर्त्तनादपि ।
मृत्तिका लम्भनाद्वापि नरः पापात्प्रमुच्यते ॥११
पञ्चकुण्डानि राजेन्द्र ! तेषां मध्ये तु जाह्नवी ।
प्रयागस्यप्रवेशेतुपापनश्यतितत्क्षणात् ॥१२

योजनानां सहस्रेषु गंगायाः स्मरणान्नरः ।
अपि दुष्कृतकर्मा तु लभते परमां गतिम् ॥१२
कीर्त्तनान्मुच्यते पापाद् दृष्ट्वाभद्राणिपश्यति ।
अवगाह्यचपीत्वातुपुनात्यासप्तमं कुलम् ॥१४

विशेषता के साथ वासव देव सदा प्रयाग की रक्षा करते हैं। उस सम्पूर्ण मण्डल की रक्षा देवों के साथ सङ्गत होकर भगवान् हरि किया करते हैं ॥ ८ ॥ उस वट की सदा शूलपाणि महेश्वर रक्षा करते हैं। समस्त पापों के हरण करने वाले परम शुभ स्थान की रक्षा देवगण किया करते हैं ॥ ९ ॥ अधर्म से लोक से आवृत हो उस पद को चला जाया करता है। हे नराधिप ! जिस समय में स्वल्प और स्वल्पतर आपका पाप होता है तो वह जब भी प्रयाग का स्मरण आप करेंगे उसी समय तुरन्त सब संक्षय को प्राप्त हो जायगा। प्रयाग के केवल स्मरण मात्र का ही इतना महान् फल होता है ॥१०॥ उस महान् तीर्थ के दर्शन से तथा उस तीर्थ के नाम का सङ्कीर्त्तन करने से भी एवं वहां पर केवल मृत्तिका के लम्भन मात्र से भी मनुष्य पाप से मुक्त हो जाया करता है ॥ ११ ॥ हे राजेन्द्र ! वहाँ पर पञ्चकुण्ड हैं उनके मध्य में जाह्नवी है। प्रयाग के अन्दर प्रवेश करने पर उसी क्षण में तुरन्त पापों का नाश हो जाया करता है। सहस्रों योजनों पर रहते हुए ही गङ्गा के स्मरण करने से दुष्कृतों के करने वाला भी मनुष्य परम सद्गति की प्राप्ति किया करता है ॥ १२, १३ । गङ्गा के शुभ नाम का कीर्त्तन करने से पापों से मुक्त हो जाता है और दर्शन करके भद्रों का देखा करता है अर्थात् दर्शन से भला ही दिखलाई देती है। अवगाहन करके तथा पान करके सात कुल तक को पवित्र कर दिया करता है ॥१४॥

सत्यवादी जितक्रोधा अहिंसायाम्यवस्थितः ।
धर्मानुसारातत्वज्ञोगोब्राह्मणहितेरत ॥१५
गंगायमुनयोमध्येस्नातोमु येतकिल्विषात् ।

मनसाचिन्तयन्नूकानामाप्नोतिसुपुष्कलान् ।१६
ततो गत्वा प्रयाग तु सर्वदेवाभिरक्षितम् ।
ब्रह्मचारी वसेन्मासं पितॄन्देवांश्चतर्पयेत् ॥
ईप्सितान् लभते कामान् यत्र यत्राभिजायते ।।१७॥
तपनस्य सुता देवी त्रिषु लोकेषु विश्रुता ।
समागता महाभागा यमुना तत्रनिम्नगा ॥
तत्र सन्निहितो नित्य साक्षाद्देवो महेश्वरः ॥१८॥
दुष्प्राप्य मानुषैं पुण्य प्रयागन्तु युधिष्ठिर ।
देवदानवगन्धर्वा ऋषय सिद्धचारणाः ॥
तदुपस्पृश्य राजेन्द्र ! स्वर्गलोकमुपासते ॥१९॥

सत्य बोलने वाला—क्रोध को जीतने वाला—अहिंसा मे व्यवस्थित—धर्म्म का अनुसरण करने वाला —तत्त्वो का ज्ञाता—गो और ब्राह्मणो मे रति रखने वाला गङ्गा और यमुना के मध्य मे स्नान किया हुआ पुरुष किल्विष से मुक्त हो जाया करता है। मन के द्वारा चिन्तन किये हुए कामनाओ को जो बहुत ही अधिक हैं प्राप्त किया करता है ।।१५, १६॥ इसके अनन्तर प्रयाग मे पहुँच कर जो सब देवो के द्वारा अभिरक्षित है, ब्रह्मचारी को एक मास पर्यन्त वहाँ पर निवास करना चाहिये। जहाँ-जहाँ पर अभिजात होता है ईप्सित कामो अर्थात् मनोरथो को प्राप्त किया करता है ॥ १७ ॥ तपन अर्थात् सूर्य्य की पुत्री देवी तीनो लोको मे परम विश्रुत हैं। वह महाभागा यमुना नदी वहा पर समागता हुई है। वहाँ पर साक्षात् देव महेश्वर नित्य ही सन्निहित रहा करते हैं ॥ १८ ॥ हे युधिष्ठिर ! मनुष्यो के द्वारा दुष्प्राप्य पुण्य वाला प्रयाग है देव—दानव-गन्धर्व—ऋषिगण—सिद्ध और चारण हे राजेन्द्र ! उसका उप स्पर्शन करके स्वर्गलोक की उपासना किया करते हैं॥ १९ ॥

५० —भारतवर्ष वर्णन

यदिद भारतवर्षं यस्मिन् स्वायम्भुवादयः ।
चतुर्दशैव मनवः प्रजासर्गं ससर्जिरे ॥१
एतद्वेदितुमिच्छामः सकाशात्तव सुव्रत !
उत्तरश्रवणं भूयः प्रब्रूहि यदतां वर ! ॥२
एतच्छ्रुत्वा ऋषीणा तु प्राब्रवील्लोमहर्षणिः ।
पौराणिकस्तदासूत ! ऋषीणां भावितात्मनाम् ॥३
बुद्ध्या विचार्य्य बहुधा विमृश्य च पुन पुनः ।
तेभ्यस्तु कथयामास उत्तरश्रवणं तदा ॥४
अथाह वर्णयिष्यामि वर्षेऽस्मिन् भारते प्रजाः ।
भरणात्प्रजना-चैव मनुर्भरत उ-यते ॥५
निरुक्तवचनैश्चैव वर्षं तद्भारत स्मृतम् ।
यत. स्वर्गश्च मोक्षश्च मध्यमश्चापि हि स्मृतः ॥६
न खल्वन्यत्र मर्त्यानां भूमौकर्मविधि. स्मृतः ।
भारतस्यास्य वर्षस्य नवभेदान्निबोधत ॥७

ऋषिगण ने कहा—जो यह भारतवर्ष है जिसमे स्वायम्भुव आदि मुनिगण अर्थात् मनु प्रभृति हो हुए हैं जिन्होने प्रजाओं के सर्ग की रचना की थी ॥ १ ॥ हे सुव्रत ! मैं आपके सकाश से यह जानना चाहता हूं । हे बोलने वालो मे परमश्रेष्ठ ! आप उत्तर श्रवण को पुन: वो लये ॥ २ ॥ ऋषियो के इस वचन को सुनकर उस समय मे लोम हर्षण पौराणिक सूतजी भक्तिमान ऋषियो से कहा ॥ ३ ॥ बुद्धि से बहुत बार विचार करके और पुन. पुन विमर्श करके उस समय मे उनसे उत्तर श्रवण को कहा था ॥ ४ ॥ सूतजी ने कहा—इसके अनन्तर इस भारतवर्ष मे प्रजाओ का मैं वर्णन करूंगा । भरण करने से और प्रजनन करने से मनु भरत इस नाम से कहा जाता है ॥ ५ ॥ निरुक्त वचनो के द्वारा

ही यह वर्ष भारत कहा गया है क्योंकि यहाँ स्वर्ग—मोक्ष और मध्यम कहा गया है ॥ ६ ॥ अन्य किसी भी स्थान मे भूमि मे मनुष्यो को कर्म्म विधि नही कही गयी है। इस भारतवर्ष के नौ भेदो को समझ लो ॥ ७ ॥

इन्द्रद्वीपः केसरश्च ताम्रपर्णो गभस्तिमा ।
नागद्वीपस्तथा सौम्योगन्धर्वस्त्वथवारुणः । ८

अयं तु नवमस्तेषां द्वीपः सागरसंवृत. ।
योजनानां सहस्रन्तु द्वीपोऽयं दक्षिणोत्तरः ॥९

आयतस्तु कुमारीतो गङ्गायाः प्रवहावधिः ।
तिर्यगूर्ध्वन्तुविस्तीर्णं सहस्राणि दशैव तु ॥१०

द्वीपोह्युपनिविष्ठोऽयं म्लेच्छैरन्तेषु सर्वशः ।
यवनाश्च किराताश्च तस्यान्ते पूर्वपश्चिमे ॥११

ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्या मध्ये शूद्राश्च भागशः ।
इज्यायुतवणिज्यादि वर्तयन्तो व्यवस्थिताः ॥१२

तेषां सव्यवहारोऽयं वर्तनन्तु परस्परम् ।
धर्मार्थकामसंयुक्तो वर्णानान्तु स्वकर्मसु ॥१३

सङ्कल्पपञ्चमानान्तु आश्रमाणा यथाविधि ।
इह स्वर्गापवर्गार्थं प्रवृत्तिरिह मानुषे ॥१४

इन्द्रद्वीप—केसर—ताम्रपर्ण—गभस्तिमान्—नागद्वीप—सौम्य—गन्धर्व—वारुण—यह उनमे सागर से संवृत नवम द्वीप है। यह द्वीप दक्षिणोत्तर एक सहस्र योजनो वाला है। इसका आयतन कन्या कुमारी से गङ्गा के प्रवह की अवधि है। तिर्यक् और ऊर्ध्व मे दश सहस्र विस्तार से युक्त है ॥८, ९, १०॥ द्वीप यह उपनिविष्ठ है और सब ओर अन्त भागों मे म्लेच्छो से घिरा हुआ है। यवन और किरात उसके अन्त मे पूर्व

पश्चिम मे हैं। मध्य में भाग से ब्राह्मण--क्षत्रिय वैश्य और शूद्र हैं। इन्हीं पुन वाणिज्य आदि का वर्त्तन करते हुए व्यवस्थित हैं ॥११, १२॥ उनका यह सव्यवहार है और परस्पर मे वर्त्तन हैं। वर्णों का अपने कर्म्मों मे धर्म्म-अर्थ और काम से संयुक्त है। सकल्प पचमो आश्रमो की यहा पर यथाविधि स्वर्ग और अपवर्ग के लिये मानुप जीवन में प्रवृत्ति होती है ॥१३, १४॥

यस्त्वय मानवो द्वीपस्तियंग्याम: प्रकीर्त्तितः ।
य एनं जयते कृत्स्न स सम्राडिति कीर्त्तितः । १५
अय लोकस्तु वै सम्राडन्तरिक्षजिता ।
स्वराठसौ स्मृतो लोकः पुनर्वक्ष्यामि विस्तरात् ॥१६
सप्त चास्मिन् महावर्षे विश्रुता कुलपर्वता. ।
महेन्द्रो मलय सह्य शक्तिमान् ऋक्षवानपि ॥१७
विन्ध्यश्च पारियात्रश्च इत्येते कुलपर्वता: ।
तेषा सहस्रशश्चान्ये पर्वतास्तु समीपत. ॥१८
अभिज्ञातास्ततश्चान्ये विपुलाश्चित्र सानवः ।
अन्येतेभ्य परिज्ञाता ह्रस्वा ह्रस्वोपजीविनः ॥१९
तैर्विमिश्रा जानपदा आर्या म्ले छाश्च सर्वतः ।
पिबन्ति बहुला नद्यो गङ्गासिन्धुः सरस्वती ॥२०
शतद्रूश्चन्द्रभागा च यमुना सरयू तथा ।
ऐरावती वितस्ता च विशाला देविका कुहू ॥२१
गोमती धूत पापा च बाहुदा च दृषद्वती ।
कौशिकी तु तृतीयाचलनिश्चलागण्डकी तथा ॥
इक्षुलोहितमित्येता हिमवत्पार्श्वनिःसृता ॥२२॥

जो यह मानव द्वीप है वह तिर्यक्याम कीर्त्तित किया गया है। जो इस सम्पूर्ण को जीत लेता है वही सम्राट् इस नाम से कहा जाया करता है ॥१५॥ इस लोक का तो सम्राट् होता है और अन्तरिक्ष का भी

जीत लेता है वह लोक मे स्वराट् कहा जाता है। अब पुनः विस्तार पूर्वक कहूंगा ॥१६॥ इस महावर्ष में सात कुल पर्वत प्रसिद्ध हैं। उन सातों के नाम ये है—महेन्द्र, मलय, सह्य, शक्तिमान्, ऋक्षवान्, विन्ध्य, पारिमात्र, ये ही सात कुल पर्वत कहे जाते हैं। उन कुल के सहस्रों समीप मे अन्य पर्वत भी होते हैं। इनके पश्चात् वे अन्य बहुत से विचित्र शिखरों वाले अभिज्ञात हैं। उनसे भी अन्य ह्रस्व और ह्रस्वो के उपजीवी परिज्ञात हैं ॥१७, १८, १९॥ उनसे मिले हुए जनपद हैं जो सब ओर आर्य और म्लेच्छ हैं। गङ्गा, सिन्धु और सरस्वती इन बहुत-सी नदियों का दान किया करते हैं॥ २०॥ शतद्रु चन्द्रभागा, यमुना, सरयू ऐरावती वितस्ता, विशाला, देविका, कुहू, गोमती, धौतपापा, बाहुदा, दृषद्वती, कौशिकी, तृतीया, निश्चला, गण्डकी रक्षुमौलोहित, ये इतनी नदिया हिमवान् के पार्श्व भाग से निःसृत हुई हैं॥२१, २२॥

वेदस्मृतिर्वेत्रवती वृतघ्नी सिन्धुरेव च।
पर्णाशा नमदा चव कावेरी महती तथा ॥२३
पारा च चन्वतीरूपा विदुपावेणुमत्यपि।
शिप्राह्यवन्तो कुन्ती च पारियात्राश्रिता स्मृताः ॥२४
मन्दाकिनीदशार्णा च चित्रकूटा तथैव च।
तमसापिप्पलीश्येनी तथा चित्रोत्पलापि च ॥२५
विमला चञ्चलाचैव तथा च घृतवाहिनी।
शुक्तिमन्तो शुनी लज्जामुकुटाह्वदिकापि च ॥
ऋष्यवन्तप्रसूतास्तानयामलजलाः शुभाः ॥२६॥
तापपीयाण्णा निर्विन्ध्यात्प्रिया च ऋषभा नदी।
वेणावेतरणी चैव विश्वमालाकुमुद्वती ॥२७
तोया चैव महागौरीदुर्गमातुशिला तथा
विन्ध्यपादप्रसूतास्ताः सर्वाःशीतजला शुभाः ॥२८
गोदावरी भीमरथी कृष्णवेणी च वञ्जुला।

तुङ्गभद्रा सुप्रयोगा वाह्याकावेरी चैव तु ॥
दक्षिणापथनद्यस्ता सह्यपादाद्विनिःसृताः ॥२९

वेदस्मृति, वेत्रवती, धृतघ्नी, सिन्धु पर्णाशा, नर्मदा, कावेरी, महती, पारा, घृतवन्तीरूपा, विदुशा, वेणुमती, शिप्रा, अवन्ती, कुन्ती, ये समस्त नदियां पारियात्र नाम वाले कुल पर्वत के आश्रित रहने वाली हैं ऐसा ही कहा गया है ॥२३, २४॥ मन्दाकिनी, दशार्णा, चित्रकूटा, तमसा, पिप्पली, श्येनी, चित्रोत्पला, वेमसा, चञ्चला, धृत, वाहिनी, शुक्ति-मन्ती, शुनी, सञ्जा, मुकुटा, हृदिका, ये सब नदियों का उद्गम स्थल ऋष्यवान् कुल पर्वत होता है। इनके जल बहुत ही अमल और शुभ हैं ॥२५, २६॥ तापी, पयोष्णी, निर्विन्ध्या, शिप्रा, ऋषिका, वेणा, वैतरिणी, विश्वमाला, कुमुद्वती, तोया, महदगौरी, दुर्गमा, शिला, ये समस्त नदियां विन्ध्य कुल पर्वत से उत्पन्न हुई हैं। ये सब परम शीतल और शुभ जल वाली होती है ॥२७, २८॥ गोदावरी, भीमरथी, कृष्ण वेणी, वञ्जुला, तुङ्गभद्रा, सुप्रयोगा, वाह्या कावेरी, ये समस्त नदियां दक्षिणा पथ वाली हैं और सह्याद्रि कुल पर्वत के पाद से विनिःसृत हुई हैं ॥२९॥

घृतमाला साम्रपर्णी पुष्पजा ह्युत्पलावती ।
मलयप्रसूता नद्यः सर्वाः शीतजलाः शुभाः ॥३०
त्रिभागा ऋषिकुल्या च इक्षुदा त्रिदिवाचला ।
ताम्रपर्णी तथा मूली शरवाविमला तथा ॥
महेन्द्रतनया सर्वाः प्रख्याताः शुभगामिनीः ॥३१॥
काशिकासुकुमारी च मन्दगामन्दवाहिनी ।
कृपा च पाशिनीचैव शुक्तिमन्तात्मजास्तुताः ॥३२
सर्वाः पुण्यजलाः पुण्याः सर्वगाश्च समुद्रगाः ।
विश्वस्य मातरः सर्वाः सर्वपापहराः शुभाः ॥३३
सासा नद्युपनद्यश्च शतशोऽथ सहस्रशः ।
तास्विमे कुरुपाञ्चाला शाल्वाश्चैव सजाङ्गलाः ॥३४

शूरसेना भद्रकारा वाह्या: सहपटच्चरा: ।
मत्स्या: किराता: कुल्याश्च कुन्तल.: काशिकोशला: ॥
आवन्ताश्च कलिङ्गाश्च मूकाश्चैवान्धकैः सह ।
मध्यदेशाजनपदा.प्रायश: परिकीर्त्तिता: ॥३६

कृतमाला-ताम्रपर्णी-पुण्यजा- उत्पलावती—ये सब नदियाँ मलय आदि प्रसूत होने वाली हैं और ये सभी अति शीतल एव परम शुभ जल वाली है ॥३०॥ त्रिमागा, ऋषि,कुल्या, इक्षुदा,त्रिदिवला, ताम्रपर्णी,मृली, शरवा, विमला ये सब नदियाँ महेन्द्र गिरि से समुत्पन्न होने वाली हैं और शुभगमन करने वाली प्रख्यात हैं ॥३१॥ काशिका सुकुमारी, मन्दगा मन्द वाहिनी, कृपा-पाशिनी ये सब नदियाँ शुक्तिमन्त कुल पर्वत से प्रसव प्राप्त करने वाली हैं । ये सभी पुण्य जलवाली, पुण्यमयी, सर्वत्रगमन करने वाली और समुद्र गामिनी हैं । ये सभी इस विश्व की माताऐं हैं और सब पापो के हरण करने वाली तथा परम शुभ हैं ॥३२,३३॥ इन सरिताओ के जिनके नामो का यहाँ पर अभी उल्लेख किया गया है इनको सैकडो और सहस्रो ही अन्य नदियाँ तथा उपनदियाँ हैं । इनमें ये कुरु—पान्चाल—शाल्व- सजाङ्गल--शूरसेन—भद्रकार—वाह्य—सहपरच्चर—मत्स्य--किरात—कुल्य—कुन्तल—काशिकोशल—अवन्त कलिङ्ग—मूक—अन्धाक ये सब मध्यदेश के जानपद परिकीर्तित किये गये हैं ॥ ३४, ३५, ३६ ॥

सह्यस्यानन्तरे चैते तत्र गोदावरी नदी ।
पृथिव्यामपि कृत्स्नाया स प्रदेशो मनोरम. ॥३७
यत्र गोवर्धनो नाम मन्दरो गन्धमादनः ।
रामप्रियार्थं स्वर्गीयावृक्षादिव्यास्तथौषधीः ॥३८
भरद्वाजेन मुनिना प्रियार्थमवतारिताः
ततः पुण्यवरो देशस्तेन जज्ञे मनोरमः ॥३९
वाल्हीका वाटधानाश्च आभीराः कालतोयकाः ।

पुरन्ध्राश्चैव शूद्राश्च पल्लवाश्चात्तखण्डिकाः ॥४०
गान्धारा यवनाश्चैव सिन्धुसौवीरमद्रकाः ।
शकाद्रुह्या पुलिन्दाश्चपारदाहारमूर्त्तिकाः ॥४१
रामठाःकण्टकाराश्च कैकेया दशनामकाः ।
क्षत्रियोपनिवेश्याश्च वैश्याः शूद्रकुलानि च ॥४२
अत्रयोऽथ भरद्वाजाः प्रस्थलाः सदसेरकाः ।
लम्पकास्तलगानाश्च सैनिकाः सह जाङ्गलैः ॥
एते तेशा उदीच्यास्तु प्राच्यान्देशान्निबोधत. । ४३॥

ये सभी सह्य अद्रि के अनन्तर मे हैं वही पर गोदावरी नदी है। सम्पूर्ण पृथ्वी मे यह प्रदेश परम सुन्दर है ॥३७॥ जहाँ पर गोवर्द्धन नाम वाला मन्दर और गन्ध मादन है तथा श्रीराम प्रियार्थ स्वर्गीय वृक्ष तथा दिव्य ओषधियाँ हैं ॥३८॥ भरद्वाज मुनि के द्वारा प्रियार्थ अवतरित किये गये हैं। इसके पश्चात उसने पुष्पवर एक मनोरम देश उत्पन्न किया था ॥३९॥ वाह्लीक-वाटधान आभीर-कालतोयक-अरन्ध्र-शूद्र-पल्लव-आत्तरखण्डिक- गन्धार-यवन-सिन्धु सौवीर मद्रक-शक-द्रुह्य-पुलिन्द पारदा हारमूर्तिक—रामठ -कण्टका-कैकेय दशनामक क्षत्रियों के उपनिवेश के योग्य तथा वैश्य और शूद्र कुल हैं ॥ ४०, ४१, ४२ ॥ अत्रय—भारद्वाज—प्रस्थल—सदसेरक—लम्पक—तलगान और जाङ्गलो के साथ सैनिक ये सब उदीच्य (उत्तर दिशा मे होने वाले) हैं। अब जो प्राची (पूर्व दिशा मे होने वाले) देश है उनको भी समझ लो ॥ ४३ ॥

अङ्गा वङ्गा मद्गुरका अन्तर्गिरिबहिर्गिरी ।
सुह्योत्तरा. प्रविजयाः मार्गवागेयमालवा ॥४४
प्राग्ज्योतिषाश्च पुण्ड्राश्च विदेहास्ताम्रलिप्तकाः ।
मालवमागधगोनदः प्राच्या जनपदा. स्मृताः ॥४५
तेषा परे जनपदा दक्षिणा अथवासिन. ।

पाण्ड्याश्च केरलाश्चैव चोलाः कुल्यास्तथैव च ॥४६
सेतुका.सूतिकाश्चैव कुपथावाजिवासिकाः ।
नवरराष्ट्रामाहिषिकाःकलिङ्गाश्चैवसर्वशः ॥४७
कारूपाश्चसहैपीका आटव्याःशवरास्तथा ।
पुलिन्दाविन्ध्यपृपिका वैदर्भा दण्डकैःसह ॥४८
कुलीयाश्च सिरालाश्च रूपसास्तापसैःसह ।
तथातैत्तिरिकाश्चैव सर्वे कारस्कारास्तथा ॥४९

अङ्ग-वङ्ग-मद्गुरक-अन्तर्गिरि—बाहिर्गिर-सुह्योत्तर-अविजय-मार्गवागेय मालव—प्राग्ज्योतिष—पुण्ड्र—विदेह—ताम्रलिप्तक—शाल्व-मागधा-गोनर्द—ये सब प्राच्य अर्थात् पूर्व दिशा मे होने वाले जनपद कहे गये हैं ॥ ४४, ४५ ॥ उनसे भी पर जनपद दक्षिण पथवासी हैं। पाण्डय—केरल चोल—कुल्य—सेतुक—सूतिक और कुपथावाजि, नासिक ये नव राष्ट्र माहिषिक हैं और कलिङ्ग सभी ओर हैं ॥ ४६, ४७ ॥ कारुष—सहैपीक—आटव्य—शवर—पुलिन्द—विन्ध्यपुपिक—वैदर्भ—दण्डक कुलीय—सिराल—रूपस—तापस—तैत्तिरक तथा सब कार-स्कार हैं ॥ ४८, ४९ ॥

वासिकाश्चैव ये चान्ये ये चैवान्तरनर्मदाः ।
भारुमच्छा.समाहेया.सह सारस्वतैस्तथा ॥५०
काच्छीकाश्चैवसौराष्ट्रा आनर्ताअर्बुदै.सह ।
इत्येतेअपरान्तास्तुश्रृणु ये विन्ध्यवासिनः ॥५१
मालवाश्चकरूपाश्चमेकलाश्चोत्कलै.सह ।
औण्ड्रामापादशार्णाश्चभोजा.किष्किन्धकैःसह ॥५२
स्तोशला कोसलाश्चैव त्रैपुरा वैदिशास्तथा ।
तुमुरास्तुम्बराश्चैव पद्गमा नैषधै. सह ॥५३
अरूपाःशौण्डिकेराश्च वीतिहोत्रा अवन्तयः ।
एते जनपदा ख्याताविन्ध्यपृष्ठनिवासिनः ॥५४

अतो देशान् प्रवक्ष्यामि पर्वताश्रयिणश्च ये ।
निराहाराः सर्वगाश्चकुपथा अपथास्तथा ॥५५
कुथप्रावरणाश्चैव ऊर्णादर्वा समुद्गकाः ।
त्रिगर्ता मण्डलाश्चैव किराताश्चामरैः सह ॥५६
चत्वारि भारतेवर्षे युगानि मुनयोऽब्रुवन् ।
कृत त्रेता द्वापरञ्च कलिश्चेति चतुर्युगम् ॥
तेषा निसर्गं वक्ष्यामि उपरिष्टाच्च कृत्स्नशः ॥५७॥

जो अन्य वासिक हैं और जो नर्मदा के अन्तर मे हैं—भरुकच्छ—समाहेय—सारस्वत—काच्छीक—सौराष्ट्र—आनर्त अर्बुदः—ये सब ऊपर हैं। अब उनका श्रवण करो जो विन्ध्यवासी हैं—मालव करूष—मकेल—उत्कल—पौण्ड्र—माष—दशार्ण भोज—किष्किन्धक—स्तोशल—कोसल तोपुर—गोदिश—तुमुर—तुम्बर—पद्मम—नैषध—अरूप—शौण्डिकेर—वीतिहोत्र—अवन्ति ये सब जानपद विन्ध्याचल के पृष्ठ भाग पर निवास करने वाले ख्यात हुए हैं ॥ ५०, ५१ ५२, ५३, ५४ ॥ इसके अनन्तर उन देशों को बतलाता हूँ जो पर्वतो का आश्रय ग्रहण करने वाले हैं। निराहार—सर्वग—कुपथ और अपथ हैं अर्थात् कुछ बिना आहार वाले—और कुछ बुरे मार्ग वाले—बिना मार्ग वाले हैं। कुथ के आवरण करने वाले—ऊर्णादर्व—समुद्गक—त्रिगर्त—मण्डल—किरात और चामर हैं। ५५, ५६ ॥ मुनिगण ने इस भारतवर्ष मे चार युगो का वर्णन किया है। वे चार युग (सत्ययुग) त्रेता—द्वापर और चौथा कलियुग है—इस तरह से चार युग हैं। अब मैं उनका पूर्णतया ऊपर से ही निसर्ग बतलाऊँगा ॥ ५७ ॥

एतच्छ्रुत्वातु ऋषय उत्तरं पुनरेव ते ।
शुश्रूषवस्तमूचुस्ते प्रणम्य लोमहर्षणिम् ॥५८
यच्च किम्पुरुषवर्षं हरिवर्षं तथैव च ।
आचक्ष्व नो यथातत्त्व कीर्तितं भारत त्वया ॥५९

जम्बूखण्डस्य विस्तारं तथान्येषांविदाम्वर ! ।
द्वीपानां वासिनांतेषांवृक्षाणां ब्रूहि नः ॥६०
पृष्टस्त्वेवं तदा विप्रैर्यथाप्रश्न विशेषतः ।
उवाच ऋषिभिर्दृष्टं पुराणाभिमतं यथा ॥६१
शुश्रूषवस्तु यद्विप्राः शुश्रूषध्वमतन्द्रिताः ।
जम्बूवर्षःकिंपुरुषः सुमहान्नन्दनोपमः ॥६२
दशवर्षसहस्राणि स्थितिः किम्पुरुषे स्मृता ।
जायन्ते मानवास्तत्र सुतप्तकनकप्रभाः ॥६३

मत्स्य भगवान् ने कहा—उन ऋषियो ने यह श्रवण करके पुनः उत्तर श्रवण करने की इच्छा वाले उन ऋषियों ने लोमहर्षि से अच्छी तरह से कहा ॥ ५८ ॥ ऋषियो ने कहा—हे भगवन् ! आपने भारत का वर्णन तो कर दिया है । अब जो किम्पुरुष वर्ष तथा हरिवर्ष है उनका भी वर्णन यथातत्व करने की कृपा कीजिये ॥ ५९ ॥ हे विदाम्बर ! जम्बू खण्ड का विस्तार तथा अन्य द्वीपों का भी विस्तार उनके वासियों के एवं वृक्षो के विषय मे हमको बतलाईये ॥ ५९, ६० ॥ उस समय में विप्रो के द्वारा इस प्रकार से पूछे गये महर्षि ने विशेष रूप से प्रश्नो के अनुसार ही जसा कि ऋषियो ने देखा था और जो पुराणों मे अभिमत था कहा था ॥ ६१ ॥ महर्षि प्रवर श्री सूतजी ने कहा—हे विप्र प्रवरो ! आप लोग सब जो भी श्रवण करने की इच्छा वाले हो उसको अब श्रुतन्द्रित होकर श्रवण कीजिए । जम्बू वर्ष और किम्पुरुष सुमहान् और नन्दन के समान हैं । दस सहस्र वर्ष तक किम्पुरुष मे स्थिति कही गई है । वहा पर भली भाति तपाये हुए सुवर्ण की कान्ति के समान कान्ति वाले मानव उत्पन्न हुआ करते हैं ॥६२, ६३॥

वर्षे किंपुरुषे पुण्ये प्लक्षो मधुवहः स्मृतः ।
तस्य किंपुरुषाः सर्वे पिबन्तो रसमुत्तमम् ॥६४
अनामया ह्यशोकाश्च नित्यं मुदितमानसाः ।

सुवर्णवर्णाश्चनराः स्त्रियश्चाप्सरसःस्मृताः ॥६५
ततः परं किम्पुरुषात् हरिवर्षं प्रचक्षते ।
महारजतसङ्काशा जायन्ते यत्र मानवाः ॥६६
देवलोकच्युताः सर्वे बहुरूपाश्च सर्वशः ।
हरिवर्षे नराः सर्वे पिबन्तीक्षुरसं शुभम् ॥६७
न जरा बाधते तत्र तेन जीवन्ति ते चिरम् ।
एकादशसहस्राणि तेषामायुः प्रकीर्तितम् ॥६८
मध्यमं तन्मया प्रोक्तं नाम्ना वर्षमिलावृतम् ।
न तत्र सूर्यस्तपति नच जीवन्ति मानवाः ॥६९
चन्द्रसूर्यौ सनक्षत्रावप्रकाशाविलावृते ।
पद्मप्रभाः पद्मवर्णाः पद्मपत्रनिभेक्षणाः । ७०

परम पुण्यमय किम्पुरुष वर्ष मे एक मधु के वहन करने वाला प्लक्ष को बतलाया गया है । उस प्लक्ष के अत्युत्तम रस को सभी किम्पुरुष पान करने वाले हैं ॥६४॥ वे सभी आमय (रोग से रहित—शोक से वर्जित और नित्य ही परम मुदित मन वाले हैं । यहा के नर सुवर्ण के तुल्य वर्ण वाले है और स्त्रियाँ भी इतनी अधिक सुन्दरी हैं कि वे सब अप्सराऐं ही कही गयी हैं ॥६५॥ उससे आगे अर्थात् किम्पुरुष के पीछे हरि वर्ष कहा जाता है जहा पर महान् रजत के तुल्य मानव समुत्पन्न हुआ करते हैं । ६६॥ सभी यहा के मनुष्य देव लोक च्युत हुए हैं और सब सभी ओर बहुत रूप वाले हैं । उस हरि वर्ष मे सब मनुष्य परम शुभ इक्षु का रस पीया करते हैं ॥६७॥ उन मनुष्यो को वृद्धता कुछ भी बाधा नही दिया करती है इसीलिये वे लोग चिरकाल तक जीवित रहा करते हैं । उन पुरुषो की आयु ग्यारह सहस्र वर्ष की बतलायी गयी है ॥६८॥ मध्यम जो हमने बतलाया है वह इलावृत वर्ष नाम वाला है । यहा पर कभी भी सूर्य का ताप नही रहता है और यहा मानव भी जीवित नहीं रहा करते है ॥६९॥ इलावृत वर्ष मे नक्षत्रो के सहित सूर्य और चन्द्र

दोनो ही प्रकाश रहित रहते हैं और वहां के रहने तथ्य उत्पन्न होने वाले मानवो की पद्म के सदृश प्रभा होती है—पद्म के तुल्य ही उनका वर्ण होता है और पद्म पत्र क समान ही उनके नेत्र हुआ करते हैं ॥७०॥

पद्मगन्धाश्च जायन्ते तत्र सर्वे च मानवाः ।
जम्बूफलरसाहाराःअनिष्पन्दाः सुगन्धिनः ॥७१
देवलोकच्युताः जायन्ते तत्र सर्वे च मानवाः ।
त्रयोदशसहस्राणि वर्षाणान्ते नरोत्तमाः ॥७२
आयुःप्रमाण जीवन्ति ये तु वर्षइलावृते ।
मेरोस्तु दक्षिणे पार्श्वे निषधस्योत्तरेण वा ॥७३
सुदर्शनो नाम महान् जम्बूवृक्षः सनातनः ।
नित्यपुष्पफलोपेतः सिद्धचारणसेवितः ॥७४
तस्य नाम्ना समाख्यातो जम्बूद्वीपो वनस्पतेः ।
योजनानांसहस्रञ्च शतधाचमहान्पुनः ॥७५
उत्सेधो वृक्षराजस्य दिवमावृत्य तिष्ठति ।
तस्य जम्बूफलरसो नदी भूत्वा प्रसर्पति ॥७६
मेरुं प्रदक्षिणं कृत्वा जम्बूमूलगता पुनः ।
तं पिबन्ति सदा हृष्टा जम्बूरसमिलावृते ॥७७
जम्बूफलरसं पीत्वा न जरा बाधतेऽपि तान् ।
न क्षुधा न क्लमो वापि न दुःखञ्च तथाविधम् ॥७८

इलावृत मे जो भी उत्पन्न हुआ करते हैं उन सुर्मा मनुष्यो मे पद्म के समान गन्ध हुआ करती है । वे सब जम्बू फलो ने रस का आहार करने वाले—निष्पन्दन से रहित और सुगध वाले होते हैं ॥७१॥ वे सब देव लोक से ही च्युत होने वाले हैं और महान् रजत के वस्त्र धारी हैं । उन नरोत्तमो की आयु तेरह सहस्र वर्षों की हुआ करती है ॥७२॥ जो इलावृत मे रहते हैं वे सब अपनी पूर्ण आयु तक जीवित रहा करते हैं

अर्थात् मध्य मे किसी की भी मृत्यु का अवसर वहा पर आता ही नहीं है। मेरु पर्वत के दक्षिण पार्श्व मे और निषध के उत्तर की ओर एक महान् सुदर्शन नाम वाला जामुन का वृक्ष है जो हमेशा से चले आने वाला सनातन है। उस वृक्ष पर नित्य ही पुष्प और फल रहा करते हैं। ॥७३, ७४॥ उसी वनस्पति के नाम से जम्बूद्वीप समाख्यात हो गया है। उस वृक्ष का महान् उत्सेध (ऊचाई है जो एक सहस्र एक सौ योजन है। यह वृक्षराज दिव लोक को समावृत करके ही वहा पर स्थित रहता है। उसके जम्बूफल भी बडे ही विशाल होते हैं जो कि उनके रस से एक सरिता की रचना होकर वह प्रसर्पण किया करती है। वह नदी मेरु की प्रदक्षिणा करके उस जम्बू के मूल मे पुन गई थी। इलावृत मे वहा के प्राणी सर्वदा प्रसन्न होते हुए उस जम्बू रस का पान किया करते हैं ॥७५॥ ॥७६, ७७॥ उस जम्बू वृक्ष के रस को पीकर उन्हे फिर वृद्धता कभी बाधा नही किया करती है। उन्हे न तो कभी क्षुधा ही सताती है और न कोई श्रम ही हुआ करता है तथा उस प्रकार का कोई दु ख ही हुआ करता है ॥७८॥

तत्र जाबूनद नाम कनकं देवभूषणम्।
इन्द्रगोपकसङ्काश जायते भासुरञ्च यत् ॥७९॥
स्वेदो वर्षवृत्ताणा शुभ फलरसस्तु सः।
रसम्नन्तु काञ्चन शुभ्रं जायते देवभूषणम् ॥८०
सेषा मूत्रं पुरीष वा दिक्ष्वष्टासु च सर्वशः।
ईश्वराद्ग्रहाद्भूमिर्मृतांश्च ग्रसतेतु तान् ॥८१
रक्षः पिशाचा यक्षाश्च सर्वे हेमवतास्तु ते।
हेमकूटेतु विज्ञेया गन्धर्वा साप्सरोगणा. ॥८२
सर्वेनागा निषेवन्ते शेषवासुकितक्षकाः।
महामेरो प्रयस्त्रिंशत् क्रीडन्ते यज्ञिया शुभा ॥८३
नीलवैदूर्ययुक्तेऽस्मिन् सिद्धाब्रह्मर्षयोऽवसन्।

दैत्यानां दानवानाञ्च श्वेतः पर्वत उच्यते ॥८४
शृङ्गवान् पर्वतश्रेष्ठः पितृणां प्रतिसञ्चरः।
इत्येतानि मयोक्तानि नव वर्षाणि भारते ॥८५
भूतैरपि निविष्टानि गतिमन्ति ध्रुवाणि च।
तेषां बुद्धिर्बहुविधा दृश्यते देवमानुषैः ॥८६
अंशवया परिसख्यातुं श्रद्धेया च विभूषता ॥८६॥

वहां पर जाम्बूनद नाम वाला सुवर्ण देवो का भूषण होता है जो इन्द्रगोप के सदृश और भासुर हुआ करता है ॥७६॥ वह फलो का रस सब वर्ष के वृक्षो का परम शुभ होता है। जब स्कन्न होता है तो वह शुभ्र देव काञ्चन हो जाता है ॥८०॥ उनका मूत्र और पुरीष आठो दिशाओ मे सब ओर जाता है। ईश्वर के अनुग्रह से भूमि मृत उनको ग्रसा करती है ॥८१॥ राक्षस—पिशाच—यक्ष सब वे हेमदत हैं। हेम कूट मे गन्धर्व और अप्सरा गण जानने चाहिए अर्थात् गन्धर्व और अप्सरायें रहा करते हैं। शेष—वासुकि और तक्षक आदि सब नाग उसका सेवन किया करते हैं। महा मेरु मे तेतीस यज्ञिय क्रीड़ा किया करते हैं। ॥८२, ८३॥ नीलमणि और वैदूर्यमणि से युक्त इसमे सिद्ध और ब्रह्मर्षि गण निवास किया करते थे। दैत्यो का और दानवो का पर्वत श्वेत कहा जाता है ॥८४॥ शृङ्गवान् श्रेष्ठ पर्वत पितृगण का सञ्चर स्थल है। ये मैंने भारत मे नौ वर्ष बतला दिये हैं ॥८५॥ ये भूतो के द्वारा भी निविष्ट हैं—गतिमान् हैं और ध्रुव हैं। उनकी बुद्धि देव मानुषो के द्वारा बहुत प्रकार की दिखलाई दिया करती है। वह परिसख्या करने मे अंशवत है—श्रद्धा करने के योग्य है और विभूषत है ॥८६॥

५१—हिमवद् वर्णनम्

आलोकयन्नदीं पुण्यान्तत्समीपहृतश्रमः ।
स गच्छन्नेव ददृशे हिमवन्तं महागिरिम् ॥१
खमुल्लिखद्भिर्बहुभिर्वृतं शृङ्गैस्तु पाण्डुरैः ।
पक्षिणामपि सञ्चारैर्विना सिद्धगतिं शुभम् ॥२
नदीप्रवाहसञ्जातमहाशब्दैः समन्ततः ।
असंश्रुतान्यशब्दन्तं शीततोयं मनोरमम् ॥३
देवदारुवनैर्नीलैः कृताधोवसनं शुभम् ।
मेघोत्तरीयकं शैलं ददृशे स नराधिपः ॥४
श्वेतमेघकृतोष्णीषं चन्द्रार्कमुकुटं क्वचित् ।
हिमानुलिप्तसर्वाङ्गं क्वचिद्धातुविमिश्रितम् ॥५
चन्दनेनानुलिप्ताङ्गं दत्तपञ्चाङ्गुलं यथा ।
शीतप्रदं निदाघेऽपि शिलाविटसङ्कटम् ॥
सालक्तकैरप्सरसां मुद्रितं चरणैः क्वचित् ॥६॥
क्वचित्संपृष्टसूर्यांशुं क्वचिच्च तमसावृतम् ।
वरीमुखैः क्वचिद्भीमैः पिबन्तं सलिलं महत् ॥७

महा महर्षि श्री सूतजी ने कहा—परम पुण्यमयी नदी का अवलोकन करता हुआ उसके समीप मे हृतश्रम वाला होकर बहे जाता हुआ ही महान् गिरि हिमवान् को देखता था ॥१॥ यह हिमवान् पाण्डुर वर्ण वाले—आकाश को छने वाले बहुत से शिखरो से वृत है और पक्षियो के सञ्चारो के बिना परम शुभ और सिद्धगति वाला है ॥२॥ नदियो के प्रवाह के कारण समुत्पन्न महान् घोर शब्दों से सभी ओर अन्य कोई भी शब्द वहा सुनाई नही देता है और वह परम मनोरम तथा शीतल जल वाला है ॥ ३ ॥ देवदारु के नील वर्ण वाले वन जो उसके नीचे वाले भाग मे हैं वेही मानो उसका अतीव शुभ अधोवसन

है और जो उसके ऊपर मेघों का घिराव रहता है वही उसका उत्तरीय वस्त्र है ऐसा वह शैल एक राजा ही की भाँति दिखलाई देता था ॥४॥ श्वेत वर्ण का जो मेघ है वही मानो उसके मस्तक की पगडी है। कहीं पर चन्द्रमा और सूर्य ही उसके मुकुट की शोभा दिया करते हैं। हिमालय सर्वदा हिम से अनुलिप्त समस्त अङ्गों वाला है और कहीं पर धातु से भी विमिश्रित है। अर्थात् हिमालय में जहां-तहा धातुएँ भी दिखलाई दिया करती हैं ॥५॥ दत्त पञ्जागुल की भाँति चन्दन से अनुलिप्त अङ्गों वाला है और ग्रीष्म ऋतु मे भी शीत प्रदान करने वाला है तथा विकर विशाल शिलाओं से सङ्कीर्ण है। कहीं पर अलक्त जिनमें लगा हुआ है ऐसे अप्सराओं के चरणों से भी चिह्नित है ॥६॥ हिमालय ऐसा एक परम विशाल पर्वत है कि कहीं पर तो उसमें सूर्य की किरणों का सम्पर्श होता है और कहीं पर एक दम अन्धकार से ही समावृत रहा करता है। किसी स्थल पर ऐसी विशाल गुफाएँ हैं जो महान् भीषण दिखलाई दिया करती हैं और उनके द्वारा सलिल का पान अत्यधिकता के साथ किया करता है ॥७॥

क्वचिद्विद्याधरगणैः क्रीड़द्भिरुपशोभितम् ।
उपगीत तथ मुख्यैः किन्नराणाङ्गणैः क्वचित् ॥८
आपानभूमौ गलितैर्गन्धर्वाप्सरसां क्वचित् ।
पुष्पैः सन्तानकादीनां दिव्यैस्तमुपशोभितम् ॥९॥
सुप्तोत्थिताभिः शय्याभिः कुसुमानां तथा क्वचित् ।
मृदिताभिः समाकीर्णं गन्धर्वाणां मनोरमम् ॥१०
निरुद्धपवनैर्दशैर्नीलशाद्वलमण्डितैः ।
क्वचिच्च कुसुमैर्युक्तमत्यन्तरुचिरं शुभम् ॥११
सपत्निशरण शैलं कामिनामतिदुर्लभम् ।
मृगैर्यथानुचरितैर्दन्तिभिर्भिन्नमहाद्रुमम् ॥१२
यत्र सिंहनिनादेन त्रस्ताना भैरव रवम् ।

दृश्यते न च सम्भ्रान्तं गजानामाकुलं कुलम् ॥१३
तटाश्च तापसैर्यत्र कुञ्जदेशैरलङ्कृताः ।
रत्नैर्यस्यसमुत्पन्नैस्त्रैलोक्यसमलङ्कृतम् ॥१४

इस हिमालय पर्वत राज पर कहीं पर कुछ ऐसे भी स्थल विद्यमान हैं जो क्रीडा करने वाले विद्याधर गणों के द्वारा उपशोभित रहा करते हैं और किसी स्थान पर मुख्य किन्नरों के गण गीतों का गायन किया करते हैं ॥८॥ कहीं पर आपान भूमि में गन्धर्व और अप्सराओं के गलित (गिरे हुए) सन्तानक आदि देव वृक्षों के पुष्पों से वह उपशोभित रहता है । ९॥ कुछ स्थल ऐसे भी इस हिमालय में हैं जो गन्धर्वों की सोकर उठाई हुई पुष्पों की मृदित शय्याओं से समाकीर्ण और मनोरम हैं ॥१०॥ कहीं पर ऐसे भी स्थल हैं जो नील वर्ण की शाद्वल (घास) से विभूषित और जिनमें पवन का एकदम निरोध रहता हो ऐसे देशों से तथा कुसुमों से युक्त और अत्यन्त ही रुचिर एवं शुभ हैं ।.११॥ यह पवन हिमवान् तपस्वियों की पूर्णतया रक्षा करने वाला है और जो काम वासना वाले लोग हैं उन को तो अत्यन्त ही दुर्लभ है । यह हाथियों के द्वारा भिन्न महा द्रुमों वाला है तथा मृगों की भाँति अनुचरित है । ॥१२॥ यह हिमवान् ऐसा गिरि है जिसमें सिंहों की गर्जना की भैरव (भयावह) ध्वनि नहीं होती है जिससे कि भयभीत अन्य जन्तु कोई भीति सूचक शब्द किया करें । यहाँ पर हाथियों का समुदाय सम्भ्रान्त और समाकुल नहीं दिखलाई दिया करता है ॥१३॥ जिसमें कुञ्जदेश तापसों से तट मण्डित रहा करते हैं । हिमालय में अनेक अद्भुत महा मूल्यवान् रत्न समुत्पन्न हुआ करते हैं जिनसे यह सम्पूर्ण त्रैलोक्य विभूषित होता है ॥१४॥

अहीनचरणं नित्यमहीनजनसेवितम् ।
अहीनः पश्यति गिरिं महीन रत्नसम्पदा ॥१५
अल्पेन तपसा यत्र सिद्धिं प्राप्स्यन्ति तापसाः ।
यस्य दर्शनमात्रेण सर्वपापनाशनम् ॥१६

महाप्रपातसम्पातप्रपाताद्गिताम्बुभिः ।
वायुनीतैः सदा तृप्तिकृतदेशं क्वचित् क्वचित् ॥१७
समालब्धजलैः शृङ्गैः क्वचिच्चापि समुच्छ्रितैः ।
नित्यर्कतापविषमैरगम्यैर्मनसा युतम् ॥१८
देवदारुमहावृक्षव्रजशाखानिरन्तरैः ।
वंशस्तम्बवनाकारैः प्रदेशैरुपशोभितम् ॥१९
हिमच्छत्रमहाशृङ्गं प्रपातशतनिर्झरम् ।
शब्दलभ्याम्बुविषम हिमसरुद्धकन्दरम् ॥२०
दृष्टैव तं चारुनितम्बभूमिं महानुभावः स तु भद्रनाथ ।
बभ्राम मत्तैव मुदा समेतस्यान तदा किञ्चिदयाससाद ॥ २१ ॥

यह हिमवान् नित्य ही-अहीनो का शरण अर्थात् आश्रय तथा रक्षक होता है और अहीनो के द्वारा ही भली भाँति सेवित रहा करता है। जो अहीन होता है वही इस गिरि को देखता है तथा यह सदा रत्नो की सम्पत्ति से अहीन ही रहता है ॥१५॥ इसमें बहुत ही स्वल्प तपश्चर्या से तापस लोग सिद्धि की प्राप्ति कर लिया करते हैं जिसके केवल दर्शन से ही सब प्रकार के कल्मषो का तुरन्त ही विनाश हो जाया करता है। ॥१६॥ महान् प्रपातो (झरनो) के सम्पात से अन्य प्रपात-आदि मे गत जलो के द्वारा जो कि वायु के द्वारा इधर-उधर किये जाते हैं यह कही-कही पर पूर्णतया तृप्ति युक्त प्रदेश वाला रहता है। कहीं पर तो इसकी चोटियाँ ऐसी हैं जहाँ जल समालब्ध रह करता है और कहीं पर ये ही शिखरें अत्यन्त ऊँची हैं जो नित्य ही सूर्य के ताप से विषमता युक्त हैं एव अगम्य हैं। इसी प्रकार से यह वनसे युक्त है ॥१७, १८॥ इस गिरि राज मे ऐसे प्रदेश हैं जहाँ पर देवदारु के महान् विशाल वृक्षों का समुदाय रहता है और उनकी शाखायें ऐसी फैली रहा करती हैं कि कुछ भी अवकाश नहीं रहता है अर्थात् एक दूसरे वृक्ष से घमाघस हैं। वांशो के बड़े २ स्तम्बो से विषम वनो वाले प्रदेश मे यह शोभा युक्त है। १९॥

बर्फ के ही छत्र से युक्त इस की महान् शिखरें विराजमान रहा करती हैं और संकड़ो ही प्रपातो का निर्झरण इसमे होता रहता है। शब्द के द्वारा ही प्राप्त करने के योग्य जल से यह अत्यन्त विषम है और इसकी जो कन्दरायें हैं वे भी सर्वदा हिम (बर्फ) से संरुद्ध रहा करती हैं ॥ ९ ॥ अत्यन्त सुन्दर निम्नो की भूमि वाले उस गिरिराज का देख कर ही वह महानुभाव भद्र नाथ वही पर बहुत ही आनन्द के साथ भ्रमण किया करते थे और उस समय मे कोई समेत स्थान उन्होने प्राप्त कर लिया था ॥ २१ ॥

५२–कैलास वर्णन

तस्याश्रमस्योत्तरस्त्रिपुरारिनिषेवितः ।
नानारत्नमयैः शृङ्गैः कल्पद्रुमसमन्वितैः ॥१
मध्ये हिमवतः पृष्ठे कैलासो नाम पर्वतः ।
तस्मिन्निवसति श्रीमान् कुबेरः सह गुह्यकैः ॥२
अप्सरोऽनुगतो राजा मोदते ह्यलकाधिपः ।
कैलासपादसम्भूत रम्य शीतजल शुभम् ॥३
मन्दारपुष्परजसा पूरित देवसान्निधम् ।
तस्मात् प्रवहते दिव्या नदी मन्दाकिनी शुभा ॥४
दिव्यञ्च नन्दन तत्र तस्यास्तीरे महद्वनम् ।
प्रागुत्तरेण कैलासाद्दिव्य सौगन्धिकगिरिम् ॥५
सवधातुमय दिव्य सुवेलं पर्वत प्रति ।
चन्द्रप्रभो नाम गिरिः स शुभ्रो रत्नसन्निभः ॥६
तत्समीपे सरो दिव्यमच्छोद नाम विश्रुतम् ।
तस्मात् प्रभवते दिव्या नदी ह्यच्छोदिका शुभा ॥७

सूतजी ने कहा—उनके आश्रम से उत्तर दिशा की ओर भगवान् त्रिपुरारि शिव के द्वारा निषेवित तथा कल्पद्रुमों से संयुत एवं अनेक प्रकार के रत्नों से परिपूर्ण शिखरों से समन्वित हिमवान् के मध्य में पृष्ठ पर कैलास नाम वाला पर्वत है उसमें कुवेर अपने गुह्यकों को साथ में लेकर निवास किया करते हैं ॥१, २॥ वहाँ पर अलका पुरी का स्वामी कुवेर राजा सर्वदा अप्सराओं से अनुगत होकर प्रसन्नता का अनुभव किया करते हैं। वहाँ कैलास के पाद से समुत्पन्न परमरम्य एवं शुभ शीतल जल है ॥३॥ जो जल मन्दार नाम वाले देववृक्ष के रज पराग से पूरित रहा करता है और देव के ही सदृश है। उसी जल से एक मन्दाकिनी नाम वाली सरिता जो परम दिव्य है और अत्यन्त शुभ है बहन किया करती है ॥४॥ उस नदी के तीर पर ही वहाँ पर अतीव दिव्य एवं महान् वन है जिसका शुभ नाम नन्दन है। कैलास गिरि से पूर्वोत्तर में एक अति दिव्य सौगन्धिक गिरि है ॥५॥ यह समस्त धातुओं से परिपूर्ण दिव्य और पर्वत के प्रति सुन्दर वेल वाला है। एक चन्द्रप्रभ नाम वाला भी वहाँ पर पर्वत है जो परम शुभ्र और रत्न के तुल्य है ॥ ६ ॥ उसके ही समीप में एक परम दिव्य अच्छोद नाम से प्रसिद्ध सरोवर है। उस सट से एक शुभ अच्छोदिका नाम वाली नदी उत्पन्न होती है ॥ ७ ॥

तस्यास्तीरे वनं दिव्यं महच्चैत्ररथ शुभम् ।
तस्मिन् गिरौ निवसति मणिभद्रः सहानुगः ॥८
यक्षसेनापतिः क्रूरो गुह्यकैः परिवारितः ।
पुण्या मन्दाकिनी नाम नदी हृच्छोका शुभा ॥९
महीमण्डलमध्ये तु प्रविष्टे तु महोदधिम् ।
कैलासदक्षिणे प्राच्या शिवं सर्वौषधि गिरिम् ॥१०
मनःशिलामयं दिव्यं सुवेलं पर्वतं प्रति ।
लोहितो हेमशृङ्गस्तु गिरिः सूर्यप्रभो महान् ॥११

तस्यपादे महद्दिव्यं लोहितं सुमहत्सरः ।
तस्मान् गिरौ निवसति यक्षोमणिधरोवशी ।१२
दिव्यारण्य विशोकञ्चतस्य तीरे महद्वनम् ।
तस्मिन् गिरौ निवसति यक्षोमणिधरोवशी ॥१३
सौम्यैः सुधार्मिकैश्चैव गुह्यकैः परिवारियः ।
कैलासात् पश्चिमोदीच्या ककुभानोषधी गिरिः ॥१४

उस अच्छोदिका सरिता के तट पर एक अत्यन्त शुभ—दिव्य और महान् चैत्ररथ नाम वाला वन है। उसमे गिरि पर अपने अनुचरो के साथ मणिभद्र निवास किया करते हैं ॥ ८ ॥ यह यक्षों का अत्यन्त क्रूर सेनापति है जो सर्वदा गुह्यको से परिवारित रहा करता है और यहाँ पर परम पुण्यमयी मन्दाकिनी नाम वाली अच्छोदिका शुभ नदी बहा करती है ॥ ९ ॥ मही मण्डल के मध्य मे महोदधि मे प्रविष्ट होने पर कैलास के दक्षिण पूर्व मे शिव सर्वोषिधि गिरि है ॥ १० ॥ मैनसिल से परिपूर्ण पर्वत के प्रति सुवेल और दिव्य-हेम की शिखर वाला—लोहित नाम वाला एक महान् सूर्य प्रभ गिरि है जिसकी प्रभा सूर्य के समान है। उस पर्वत के निचले भाग मे महान् दिव्य लोहित नाम वाला ही एक सर है। उसी सर मे लौहित्य नाम वाला एक विशाल नद बहन किया करता है ॥ ११, १२ ॥ उस नद के तीर पर एक अति महान्—दिव्य विशोका रूप है। उसमे पर्वत पर वही यक्ष मणिधर निवास किया करता है। यह परम सौम्य और सुधार्मिक गुह्यको से चारो ओर मे घिरा हुआ रहा करता है। कैलास पर्वत से पश्चिमोत्तर दिशा मे ककुद्मान् नाम वाला ओषधियो का गिरि है ॥ १३, १४ ॥

ककुभति च रुद्रस्य उत्पत्तिश्च ककुभिनः ।
तद्जनन्मैः ककुद शैलन्तिककुद प्रति ॥१५
सर्वधातुमयस्तत्रसुमहान् वैद्युतो गिरिः ।
तस्य पादे महद्दिव्य मानस सिद्धसेवितम् ॥१६

तस्मात् प्रभवते पुण्या सरयूर्लोकपावनी ।
तस्यास्तीरे वनं दिव्यं चैत्ररथ नामविश्रुतम् ॥१७
कुवेरानुचरस्तस्मिन् प्रहेतितनयो वशी ।
ब्रह्मघाता निवसति राक्षसोऽनन्तविक्रमः ॥१८
कैलासात् पश्चिमामाशां दिव्यःसर्वौषधिर्गिरिः ।
अरुणःपर्वतश्रेष्ठो रुक्मधातुविभूषितः ॥१९
भवस्य दयितःश्रीमान्पार्वतोहैमसन्निभः ।
शातकौम्भमयैर्दिव्यैःशिलाजालैःसमाचितः ॥२०
शतसंख्यैस्तापनीयैः शृङ्गैर्दिवमिवोल्लिखन् ।
शैलवान् सुमहादिव्यो दुगः शैलोमहाचित ॥२१
तस्मिन् शिरो निवसति गिरिशो धूम्रलोचनः ।
तस्य पादात् प्रभवति शैलोद नाम तत्सर. । २२

उस ककुद्मान् मे ककुद्मी रुद्र की उत्पत्ति होती है । वह विना जन वाला त्रिककुद के प्रति त्रैककुद शैल है ॥ १५ ॥ यही पर सम्पूर्ण धातुओ से परिपूर्ण एक अत्यन्त महान् वैद्युत नाम वाला गिरि है । उस पर्वत के पाद मे एक अत्यन्त दिव्य मानस नाम वाला सरोवर है जो सदा सिद्धो के द्वारा सेवित रहा करता है ॥ १६ ॥ उस सरोवर से परम पुण्यमयी लोको को पावन कर देने वाली सरयू नाम वाली नदी समुत्पन्न हुआ करती है । उसके तट पर एक अत्यन्त विशाल चैत्ररथ नाम से प्रसिद्ध दिव्य वन है ॥ १७ ॥ यहाँ पर कुवेर का अनुचर वशी प्रोहित का पुत्र ब्रह्मघाता निवास किया करता है वह राक्षस अनन्त विक्रम वाला था ॥ १८ ॥ कैलास पर्वत से पश्चिम दिशा मे एक अतिदिव्य सर्वौषधि गिरि है । यह पर्वत सम्पूर्ण पर्वतो मे श्रेष्ठ-अरुण वर्ण वाला और रुक्म (सुवर्ण) धातु से विभूषित होता है ॥ १९ ॥ यह शातकौम्भ मय दिव्य शिलाओं के जालो से चारो ओर समावित है और हेम सदृश श्री सम्पन्न यह पर्वत भगवान् भव का अत्यन्त प्यारा है ॥ २० ॥ सैकडो की

संध्या वाले तापनीय शिखरो से दिवलोक का मन मे उल्लेख न करता हुआ—महान् दिव्य शृङ्गवान् महाचित शैल दुर्ग के समान है ॥ २१ ॥ उस शृङ्ग पर धूम्रलोचन गिरिश निवास करते हैं। उस पर्वत पाद भाग स शैलोद नाम वाला एक सरोवर का प्रभव (उत्पत्ति) होता है ॥ २२ ॥

तस्मात् प्रभवतेपुण्या नदीशैलोदकाशुभा ।
सा चक्षुसी तयोर्मध्ये प्रविष्टापश्चिमोदधिम् ॥२३
अस्त्युत्तरेण कलासाच्छिवः सर्वौषधोगिरिः ।
गौरस्तु पर्वतश्रेष्ठ हरितालमय प्रति ॥२४
हिरण्यशृङ्ग सुमहान् दिव्यौषधिमयो गिरिः ।
तस्यपादे महद्दिव्य सरःकाञ्चनवालुकम् ॥२५
रम्य विन्दुसरो नाम यत्र राजा भगीरथः ।
गङ्गार्थे स तु राजर्षिरवास बहुलाः समाः ॥२६
दिव यास्यन्तु मे पूर्वे गगातोयाप्लुतास्थिकाः ।
तत्र त्रिपथगा देवी प्रथम तु प्रतिष्ठिता ॥२७
सोमपादात् प्रसूता सा सप्तधा प्रविभज्यते ।
यगामणिमयास्तत्र विमानश्च हिरण्मयाः ॥२८
तत्रेष्ट्वा क्रतुभि सिद्ध शक्र सुरगणैःसह ।
दिव्यच्छायापथस्तत्रनक्षत्राणान्तुमण्डलम् ॥२९

उस सर से परम पुण्यमयी और अत्यन्त शुभ शैलोदका नाम वाली नदी समुत्पन्न होकर बहती है। वह उन दोनो के मध्य मे चक्षुवी पश्चिम सागर मे प्रविष्ट होती है ॥ २३ ॥ कैलास के उत्तर भाग मे सर्वोषध शिव गिरि है। यह श्रेष्ठ पर्वत गौर है और हरिताल मय ही होता है। हिरण्य शृङ्ग बहुत ही महान् और दिव्यौषधियो से परिपूर्ण गिरि है। उसके चरणो के भाग मे एक महान् दिव्य सर है जिसकी वालुका काञ्चन मयी है। वहाँ पर एक परम रम्य विन्दुसर नाम वाला

सरोवर है जहाँ पर गङ्गा के लाने के लिये तपश्चर्या करता हुआ राजर्षि राजा भगीरथ बहुत से वर्षों तक रहा था ॥ २४, २५, २६ ॥ राजर्षि का कथन था कि पहिले गङ्गा के पवित्र जल में प्लुत मेरी अस्थियाँ दिवलोक को चली जावें । वही पर त्रिपथ गामिनी देवी सर्व प्रथम प्रतिष्ठित हुई थी ॥ २७ ॥ सोमपाद से समुत्पन्न हुई वह सात भागो मे प्रविभक्त की जाती है । वहाँ पर मणियों परिपूर्ण भूप हैं और सुवर्ण से परिपूर्ण अर्थात् स्वर्ण निर्मित विमान हैं ॥ २८ ॥ वही पर सुरगणो के सहित इन्द्र-देव ऋतुओ के द्वारा यजन करके सिद्ध हुआ था अर्थात् सिद्धि प्राप्ति की थी । वहाँ पर नक्षत्रो का मण्डल दिवलोक का दिव्य छाया पथ है ॥ २९ ॥

दृश्यते भासुरा रात्रौ देवी त्रिपथगा तु सा ।
अन्तरिक्षं दिवं चैव भावयित्वाभुवगता ॥३०
भवोत्तमागे पतिता संरुद्धा योगमायया !
तस्या ये विन्दव.केचित्क्रुद्धाया: .तिताभुवि । ३१
कृतन्तु तैर्बहुसरस्ततो विन्दुसर: स्मृतम् ।
ततस्तस्या निरुद्धाया भवेन सहसा रुषा ॥३२
ज्ञात्वा तस्या ह्यभिप्रायं क्रूर देव्याश्चकोपितम् ।
भित्वा विशामि पातालं श्रोतसा गृह्य शङ्करम् ॥३३
अथावलेपतं ज्ञात्वा तस्या: क्रुद्धन्तु शङ्कर: ।
तिरोभावयितु बुद्धिरासीदङ्गे पुता नदीम् ॥३४
एतस्मिन्नेव काले तु दृष्ट्वा राजानमग्रत: ।
धमनीसन्ततंक्षीण क्षुधाव्याकुलितेन्द्रियम् ॥३५

रात्रि के समय मे वह देवी त्रिपथगा भासुर दिखलाई दिया करती है । वह अन्तरिक्ष और दिवलोक को भावित करके पीछे भू लोक में गई थी ॥३०॥ आरम्भ मे जब यह इस भूलोक में आई थी भगवान् शिव के मस्तक पर पतित हुई थी और वहीं पर योग माया के द्वारा यह सरुद्ध

हो गई थी। उस समय मे संरोध होने के कारण इसको महान् क्रोध उत्पन्न हो गया था। उस क्रुद्धावस्था वाली उसकी जो कुछ बिन्दु इस भू मण्डल मे पतित हुई थीं। उनसे यहा पर बहुत से सरो की रचना हो गई थी। इसके पश्चात् यह बिन्दुसर कहा गया है। इसके अनन्तर श्रीमद ने निरुद्ध हुई उसका सहस्र क्रोध से युक्त देवी के क्रूर अभिप्राय समझ लिया था। उसका यही चिकीर्षित था कि शिव के मस्तक का भेद न करके अपने स्रोत के द्वारा शङ्कर का ग्रहण करके पाताल लोक मे प्रवेश कर जाऊँगी ॥३१, ३२, ३३॥ इसके उपरान्त भगवान् शङ्कर उसके क्रोध युक्त इस प्रकार के अवलेपन (नीच घमण्ड) को जानकर उनकी ऐसी बुद्धि हो गई थी कि उस नदी को अपने ही अङ्गो मे तिरोभूत कर लिया जावे ॥३४॥ इसी बीच मे उस राजर्षि भगीरथ को भगवान् शिव ने अपने समक्ष ही मे खडा हुआ देख लिया था जो घमानदी से सन्तप्त क्षीण वह था और क्षुधा से व्याकुलित इन्द्रियो वाला हो रहा था ॥ ३५॥

अनेन तोषितश्चाहं नद्यर्थे पूर्वमेव तु।
बुध्वास्य वरदानन्तु ततः कोप न य छत ॥३६
ब्रह्मणो वचन श्रुत्वा यदुक्तं धारयन्नदीम्।
ततो विसर्जयामास सरुद्धा स्वेन तेजसा ॥ ७
नदी भगीरथस्यार्थे तपसोग्रेण शोषितः।
ततो विसजयामास सप्तस्रोतासि गङ्गया ॥३८
त्रीणि प्राचीमभिमुख प्रतीचीन्त्रीण्यथैव तु।
स्रोतासि त्रिपथागान्तु प्रत्यपद्यन्तसप्तधा ॥३९
नलिनी ह्लादिनी चैव पावनी चैव प्राच्यगा।
सीता चक्षुश्च सिन्धुश्च तिस्रस्ता वै प्रतीच्यगाः ॥४०
सप्तमी स्वनुगा तासा दक्षिणेन भगीरथम्।
तस्मात् भागीरथी सा वै प्रदिष्टा दक्षिणोदधिम् ॥४१

शिवने जैसे ही उसको देखा उनको उसी समय ध्यान हो आया था कि इस राजर्षि ने तो अत्यधिक समय तक तपस्या करके इसी नदी के यहां लाने के लिये ही मुझे पूर्णतया प्रसन्न एव तुष्ट कर लिया था कि मैंने सब इसको वरदान भी दिया था—यह सब स्मरण पथ में लाकर फिर जो क्रोध उस समय मे उन्हें आया था वह शान्त हो गया था ॥३६॥ ब्रह्माजी का कथित वचन का श्रवण करके इस नदी को धारण कर रहे थे। इसके पश्चात् उस सरुद्ध हुई नदी को अपने ही तेज मे विसर्जित कर दिया था ॥३७॥ राजा भगीरथ के लिये उसकी अत्युग्र तपस्या से नदी को छोड़ देने को भगवान् शिव तोषित हो गये थे। और फिर गङ्गा के द्वारा सात स्रोतों का विसर्जन कर दिया गया था ॥३८॥ उनमे से तीन तो प्रतीची की ओर हुए थे और तीन पश्चिम दिशा की ओर चल दिये थे। इस तरह से इस त्रिपथगा गङ्गा के स्रोत सात भागों में उत्पन्न हो गये थे ॥३९॥ उन स्रोतों मे नलिनी—ह्लादिनी—पावनी ये तो प्राच्यगा अर्थात् पूर्व की ओर गमन करने वाले थे। सीता—चक्षु और सिन्धु ये तीन उसके स्रोत पश्चिम की ओर गमन करने वाले थे ॥ ४० ॥ इस प्रकार से ये छै स्रोत तो उक्त दिशाओ मे गमनशील हुए थे और उन सातो मे जो सातवाँ स्रोत था वह दक्षिण की ओर राजा भगीरथ का अनुगमन करने वाला हुआ था। इसीलिये उसका नाम भागीरथी गङ्गा हुआ था और वह फिर दक्षिण सागर मे प्रविष्ट हो गई थी ॥ ४१ ॥

सप्त चोताः प्लावयन्ति वर्षन्तु हिमसाह्वयम् ।
प्रसूताः सप्त नद्यस्तु शुभा विन्दुसराद्भवाः ॥ ४२
तान्देशान् प्लावयन्ति स्म म्लेच्छप्रायांश्च सर्वशः ।
सशैलान् कुकुरान् रौद्रान् बर्बरान् यवनान् खसान् ॥४३
पुलिकांश्च कुलत्थांश्च अङ्गलोक्यान्वरांच यान् ।
कृत्वा द्विधा हिमवन्तं प्रविष्टा दक्षिणोदधिम् ।.४४

अथ वीरमरूंश्चैव कालिकाश्चैवशूलिकान् ।
तुषारान् बर्बरानङ्गान्यगृह्णात्पारदान्शकान् ।'४५
एताम् जनपदाश्चक्षः प्लावयित्वोदधिङ्गता ।
दरदोर्जगुण्डाश्चैव गान्धारानौरसानकुहून् ॥४६
शिवपौरानिन्द्रमरून् वसतीन् समतेजसम् ।
सैन्धवानुर्वसान् वर्वान् कुपथान् भीमरोमकान् ॥४७
शुनामुखाश्चोर्दमरून् सिन्धुरेतान्निषेवते ।
गन्धर्वान् किन्नरान्यक्षान् रक्षोविद्याधरारगान् । ४८
कलापग्रामकाश्चैव तथा किंपुरुषान्नरान् ।
किरताश्च पुलिन्दाश्च कुरून् वै भारतानपि ॥४९
पाञ्चालान् कौशिकान् मत्स्यान् मागधाङ्गास्तथैव च ।
ब्रह्मोत्तराश्च वङ्गाश्च ताम्रलिप्तास्तथैव च ॥५०
एतान् जनपदानार्यान् गङ्गा भावयते शुभा ।
ततः प्रतिहता विन्ध्येप्रविष्टादक्षिणोदधिम् ॥५१

ये सातो स्रोत हिम साह्वय वर्ष को प्लावित कर दिया करते हैं। फिर विन्दु सरोवर से उद्भव प्राप्त करने वाली परम शुभ सात सरितायें समुत्पन्न हुई थीं ॥४२॥ वे सब ओर से म्लेच्छप्राय उन देशो को प्लावित कर रही थी। शैनो के सहित वे देश कुकुर-रोधु-वर्वर-यवन-खस-पुलिक और कुलत्थ थे तथा जो वर अङ्गलावय थे। उस सरिता ने हिमवन् दो भागो मे करके फिर वह अन्त मे दक्षिण सागर मे प्रवेश कर गयी थी। ४३, ४४॥ इसके उपरान्त वीर मरु-कालिका-शूलिक-तुषार-बर्बर-अनङ्ग-पारद और शको को ग्रहण किया था। इन उक्त जनपदो को चक्षु ने प्लावित करके वह चक्षु भी उदधि मे चली गयी थी। दरदोर्जगुण्ड-गान्धार-अनौरस-कुहू-शिव पौर-इन्द्र मरु-वसन्ती-समतेजस-सैन्धव-उवस-वर्व-कुपथ-भीम रोमक-शुनामुख और उर्द-मरु-इन देशो को सिन्धु सेवन किया करता है। गन्धर्व-किन्नर-यक्ष-

राक्षस--विद्याधर--द्वारा कलाप ग्रामक-किम्पुरुष-नर-किरात-पुलिन्द-मत्स्य-कुरु-भारत-पाञ्चाल-कौशिक-मागध-ब्रह्मोत्तर-वङ्ग और ताम्र लिप्त--इन देशों को जो आर्य्य हैं उनको शुभा गङ्गा भावित किया करती है। फिर वह विन्ध्य में प्रतिहत होती है और अन्त मे दक्षिण उदधि में प्रवेश कर गयी है ॥ ४५ । ४६ । ४७ । ४८ । ४९ । ५० । ५१॥

ततस्तु ह्लादिनी पुण्या प्राचीनाभिमुखा ययौ ।
प्लावयन्त्युपकाश्चैव निषादानापि सर्वशः ॥५२
ध्रौवरान्ऋषिकाश्चैव तथा नीलमुखानपि ।
केकरानेककर्णाश्च किरातानपि चैव हि ॥५३
कालिन्दगतिकाश्चैव कुशिकान्स्वर्गभौमकान् ।
सामण्डले समुद्रस्यतीरेभूत्वातुसर्वशः ॥५४
ततस्तु नलिनीचापि प्राचीमेव दिशं ययौ ।
कुपथान् प्लावयन्तो सा इन्द्रद्युम्नसरांस्यपि ॥५५
तथा खरपथान् देशान् वेत्रशङ्कुपथानपि ।
मध्येनोज्जानकमरून् कुपप्रावरणान् ययौ ॥५६
इन्द्रद्वीपसमीपे तु प्रविष्टा लवणोदधिम् ।
ततस्तु पावनी प्रायात् प्राचीमाशाञ्जवेन तु ॥५७

इसके पश्चात् परम पुण्यमयी ह्लादिनी नाम वाली सरिता जो सातो भागों मे से एक थी वह प्राचीनाभिमुखी होकर चली गयी है । वह सब ओर उपक और निषादो का प्लावन करती हुई ही गयी है ॥५२॥ ध्रौवर--ऋषिक--नील मुख--केकर--एक कर्ण--किरात--कालिन्द गतिक--कुशिक--स्वर्ग भौमक--इन जन पदो का भी प्लावन करती हुई वह मण्डल में समुद्र के तीर पर सब ओर से होकर प्रवेश किया करती है ॥ ५३ ॥ ॥५४॥ इसके पश्चात् नलिनी नाम वाली भी पूर्व दिशा को ही गयी थी। वह कुपथो को और इन्द्रद्युम्न सरो को भी प्लावन करती हुई उसी भाँति

खरपच देशों को—वेत्र मरु पथों को—मध्य मे नीज्जानक सरओ को और कुथ प्रावरणो को चली गयी थी । ।५५, ५६।। फिर वह इन्द्रद्वीप के समीप में लवणोदधि मे प्रवेश कर गयी थी । इसके उपरान्त पावनी नाम वाली बड़े वेग से पूर्व दिशा को चली गयी थी ।।५७।।

तोमरान् प्लावयन्तीवहसमार्गान् सपृहकान् ।
पूर्वान्देशांश्चसेवन्तीभित्वासावहुधागिरिम् ।।
कर्णप्रावरणान् प्राप्य गता साश्वमुखानपि ।।५८।।
सिक्त्वा पर्वतमेरुं सा गत्वा विद्याधरानपि ।
शैमिमण्डलकोष्ठन्तु सा प्रविष्टा महत्सरः ।।५९
तासा नद्युपनद्योऽन्याः शतशोऽथ सहस्रशः ।
उपगच्छन्तिता नद्यो यतोवर्षति वासवः ।।६०
तीरे वशोकसारायाः सुदभिर्नाम तद्वनम् ।
हिरण्यशृङ्गा वसतिर्विद्वान् कौवरको वशी ।।६१
यशादपेत सुमहानमितौजा सुविक्रम ।
तत्रागस्त्यै. परिवृता विद्वद्भिर्ब्रह्मराक्षसै. ।।३२
कुवेरानुचरा ह्यंते चत्वारस्तत्समाश्रिताः ।
एवमेव तु विज्ञेया सिद्धि. पर्वतवासिनाम् ।।६३

यह पावनी सरिता का स्रोत जो उन उपर्युक्त सात स्रोतों मे से एक थी तोमर देशों का प्लावन करती हुई हस मार्गों को—समूहको को और पूर्व देशो का सेवन करती हुई वह प्राय: गिरिओ का भेदन करके कर्ण प्रावरणो मे पहुँच कर वह अश्व मुखो को चली गयी थी ।।५८।। वह मेरु पर्वत का सेचन करके फिर विद्याधरो मे पहुँच कर अन्त मे शैमि मण्डल को ठ महान् सर मे प्रवेश कर गयी है । उन सातों नदियो मे से अन्य सैकडों और सहस्रो ही नदियाँ तथा उप नदियाँ उप गमन किया करती हैं । वे ऐसी नदियाँ हैं जिन से इन्द्र देव वर्षा किया करते हैं । वशोक सारा के तट पर सु भि नाम वाला एक विशाल वन है । वहाँ

पर हिरण्य शृङ्गवशी विद्वान् कोवरक निवास किया करता है। वह यज्ञ से अपत—सुमहान्—अपरिमित ओज वाला—सुन्दर बलविक्रम से सम्पन्न है। वहाँ पर अगस्त्यो के द्वारा परिवृत तथा विद्वान् ब्रह्म रासलो से परिवृत ये चार कुबेर के अनुचर हैं जो उसके समाश्रय में रहा करते हैं। इसी प्रकार से पर्वतों मे निवास करने वालो की सिद्धि को समझ लेना चाहिये ॥५६।६०।६१।६२।६३॥

परस्परेण द्विगुणा धर्मतः कामतोऽर्थतः।
हेमकूटस्य पृष्ठे तु सर्पाणा नत्सर स्मृतम ॥६४
सरस्वती प्रभवति तस्माज् ज्योतिष्यती तु या।
अवगाढ़े ह्युभयत. समुद्रौ पूर्वपश्चिमौ ॥६५
स गो विष्णुपदं नाम निषधे पर्वतात्तमे।
यस्मादग्रे प्रभवति गन्धर्वानुकुले च ते ॥६६
मेरोः पार्श्वात् प्रभवति ह्रदश्चन्द्रप्रभो महान्।
जम्बुश्चैव नदी पुण्या यस्या जाम्बनद स्मृतम् ॥६७
पयोदस्तु ह्रदो नीलः स शुभः पुण्डरीकवान्।
पुण्डरीकात् पयोदाच्च तस्माद् वै सम्प्रसूयताम् ॥६८
सरसस्तुसरस्त्वेतत् स्मृतमुत्तरमानसम्।
मृग्याच मृगकान्ताच तस्माद्वेसम्प्रसूयताम्। ६९
ह्रदाः कुरुषु विख्याताः पद्ममीनकुलाकुलाः।
नाम्ना ते वैजयानाम द्वादशोदधिसन्निभाः ॥ ७०

वह सिद्धि परस्पर मे धर्म—अर्थ और काम से द्विगुण हुआ करती है। हेमकूट के पृष्ठ पर जो सर है वह सर्पों का बनाया गया है। उस सर मे सरस्वती की उत्पत्ति हुआ करती है जो कि ज्योतिष्मती है अवगाढ मे दोनो ओर पूर्व सागर और पश्चिम समुद्र हैं ॥६४, ६५॥ पर्वतो मे अत्युत्तम गिरि निषध मे विष्णु पद नाम वाला सर है जिससे आगे वे गन्धर्वानुकूल प्रसूत होते हैं ॥६६॥ मेरु गिरि के पार्श्व भाग से चन्द्रप्रभ-

एक महान् ह्रद प्रसूत होता है और परम पुण्यशालिनी जम्बूनदी है जिसे जाम्बूनद कहा गया है ॥६७॥ पयोद नीत ह्रद है और वह परम शुभ तथा पुण्डरीकवान् है। पुष्करीक और पयोद से पैदा होता है ॥६८॥ सरप्त यह सरोवर है और इसको उत्तर मानस कहा गया है। उस सर से मृग्या और मृग कान्ता ये दो नदियाँ प्रसूत हुई है। पद्मो और मीनो से समाकीर्ण ह्रद कुरु देशो मे विख्यात हैं। नाम से वे वैजय कहे जाते हैं और वे बारह है जो उदधि के ही तुल्य हैं ॥६६, ७०॥

तेभ्यः शान्तीच मध्वीच द्वेनद्यौ सम्प्रसूयताम् ।
किंपुरुषाद्यगनि यान्यष्टौतेषुदेवोनवर्षति ॥७१
उद्भिदान्युदकान्यत्र प्रवहन्ति सरिद्वराः ।
बलाहकश्च ऋषभो चक्रो मैनाक एव च ॥७२
विनिविष्टा.प्रतिदिश निमग्नालवणाम्बुधिम् ।
चन्द्रकान्तस्तथा द्रोण:सुमहाश्चशिलोच्चयः ॥७३
उद्गायता उदीच्यान्तु अवगाढा महोदधिम् ।
चक्रो वधिरवश्चैव तथा नारदपवतः ।.७४
प्रतीचीमायतास्ते वै प्रतिष्ठास्ते महोदधिम् ।
जीमूतो द्रावणश्चैव मैनाश्चन्द्रपर्वतः । ७५
आयतास्ते महाशैला: समुद्र दक्षिणम्प्रति ।
चक्रमैनाकयोर्मध्ये दिवि सद्दक्षिणापथे ॥७६
तत्रसंवर्तको नामसोऽग्निः पिबति तज्जलम् ।
अग्निः समुद्रवासस्तु और्वोऽसौवड़वामुखः ॥७७

उन ह्रदो से शान्ती और मध्वी दो नदियाँ प्रसूत हुई हैं। उनमें किम्पुरुष आदि जो आठ हैं वे ही रहा करते है और उनमे देव वर्षा नहीं करता है ॥७१॥ वे ऐसे ही स्थल हैं जहाँ पर उदक उद्भिद ही होते हैं तथा श्रेष्ठ नदियाँ बहा करती हैं जिनके नाम बलाहक— ऋषभ—चक्र और मैनाक हैं। ये प्रत्येक दिशा मे विशेष रूप निविष्ट हैं और अन्त मे

क्षार सागर मे निमग्न हो जाते हैं। चन्द्र कान्त—द्रोण और सुमहान् शिलोच्चय उत्तर दिशा मे उद्गान करने वाले हैं तथा महा सागर में अवगाढ होते हैं। चक्र-गधिरक और नारद पर्वत ये पूर्व दिशा में आयत है और वे महोदधि मे प्रतिष्ठित हैं। जीमूत-द्रावण मैनाक और चन्द्र पर्वत ये महान् विशाल शैल हैं जो अति विस्तृत हैं तथा दक्षिण समुद्र के प्रति रहते हैं और चक्र एवं मैनाक के मध्य में दिवलोक में दक्षिणापथ मे हैं ॥ ७, ७३, ७४, ७५, ७६॥ वहाँ सवर्त्तक नाम वाला है और वह अग्नि उसके जल को पी जाया करता है। समुद्र मे निवास करने वाला अग्नि और्व होता है जो कि वड़वामुख नाम वाला है ॥ ७७ ॥

दृश्येते पर्वताविष्टाश्चत्वारो लवणोदधिम् ।
छिद्यमानेषु पक्षेषु पुरा इन्द्रस्य वै भयात् ॥७८
तेषान्तु दृश्यते चन्द्रः शुक्ले कृष्णे समाप्लुतिः ।
ते भारतस्य वर्षस्य भेदा ये न प्रकीर्त्तिताः ॥७९
इहोदितस्य दृश्यन्ते अन्ये त्वन्यत्र चोदिताः ।
उत्तरोत्तरमेतेषा वर्षमुद्दिश्यते गुणैः ॥८०
आरोग्यायु प्रमाणाभ्या धर्म्मतः क्रमतोऽर्धकः ।
समन्वितानि भूतानितेषु वर्षेषुभागशः ॥८१
वसन्ति नानाजातीनि तेषु सर्वेषु तानि वै ।
इत्येतद्धारयद्विश्व पृथ्वी जगदिद स्थिता ॥८२

ये चारो पर्वत लवणोदधि को आविष्ट किये हुए हैं। प्राचीन समय में इन्द्रदेव के द्वारा पर्वतो के पक्षो का छेदन कर दिया गया था जिससे उड़कर स्वेच्छया न जासकें तो पक्षो के छिद्यमान होने पर वे इन्दु के भय के कारण ही समुद्र मे समाविष्ट हो गये हैं ॥७८॥ उनमें चन्द्र मे शुक्ल मे और कृष्ण पक्ष में समाप्लुति दिखलायी दिया करती है। वे भारत वर्ष के भेदा हैं अतएव प्रकीर्त्तित नहीं किये गये हैं ॥७९॥ यहाँ

पर उदित के दिखलाई दिया करते हैं और जो अन्य हैं वे अन्य स्थान मे प्रेरित होते हैं। उत्तरोत्तर (आगे से आगे मे) इनके वर्ष गुणो के द्वारा उद्धिक्त कहे जाते हैं। आरोग्य और और आयु के प्रमाणो से धर्म-काम और अर्थ से उन वर्षों मे भागशः प्राणी समन्वित हुआ करते हैं। उन सब मे वे अनेक प्रकार की जातियाँ निवास किया करती हैं। इन सबको विश्व धारण किया करता है और यह जगत् जो है वही पृथ्वी स्थित है।

॥८०।८१।८२॥

५३—पृथिवी परिमाण वर्णन

अत उर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि सूर्य्याचन्द्रमसोर्गतिम्।
सूर्य्याचन्द्रमसावेतौ भ्राजन्तौयावदेवतु ॥१
सप्तद्वीपसमुद्राणा द्वीपाना भाति विस्तरः।
विस्तरार्द्ध पृथिव्यास्तु भवेदत्यत्र वाह्यतः ॥२
पर्यासपरिमाणञ्च चन्द्रादित्यौ प्रकाशतः।
पर्यासपरिमाण्यात्तु बुधस्तुल्यं दिवः स्मृतम् ॥३
त्रीन् लोकान् प्रतिसामान्यात् सूर्य्यो याति विलम्बतः।
अचिरात्तु प्रकाशेन अवनात्तु रविः स्मृतः ॥४
भूयो भूयः प्रवक्ष्यामि प्रमाण चन्द्रसूर्य्ययोः।
महितत्वान्महच्छब्दोह्यस्मिन्नर्थेनिगद्यते ॥५
अस्य भारतवर्षस्य विष्कम्भात्तुल्यविस्तृतम्।
मण्डलभास्करस्याथयोजनंस्तन्निबोधत ॥६
नवयोजनसाहस्रो विस्तारो मण्डलस्य तु।
विस्तारत्रिगुणश्चापिपरिणाहोऽत्र मण्डले।७

महर्षि श्री सूतजी ने कहा—अब इससे आगे हम सूर्य्यदेव और चन्द्रमा की गति का वर्णन करेंगे। ये दोनो सूर्य और चन्द्रमा जितनी दूर

तक भ्राजमान हुआ करते हैं। सातों द्वीपों के समुद्रों का तथा द्वीपों का महान् विस्तार शोभित एवं दीप्त होता है। इस विस्तार का आधा भाग पृथ्वी का अग्यत्र और बाह्य हुआ करता है ॥ १, २ ॥ पर्यास के परिमाण तक चन्द्र और सूर्य प्रकाश दिया करते हैं। पर्यास के परिमाप्य से बुधों के द्वारा दिवलोक के तुल्य कहा गया है ॥ ३ ॥ प्रति सामान्य से बिना विलम्ब किये हुए सूर्य्य तीन लोकों को जाया करता है। शीघ्र ही प्रकाश देने के कारण से तथा अवन करने से यह रवि कहा गया है ॥४॥ मैं बारम्बार चन्द्र और सूर्य का प्रमाण कहूंगा। महित्तत्व होने से महत्—यह शब्द इस अर्थ मे निगदित किया जाता है ॥ ५ ॥ इस भारतवर्ष के विष्कम्भ से तुल्य विस्तृत भगवान् भुवन भास्कर मण्डल है। इसके अनन्तर अब योजनों के परिमाण मे भी उसका ज्ञान प्राप्त कर लो। नौ सहस्र योजन मंडल का विस्तार है और विस्तार से तिगुना परिणाह भी इस मंडल मे होता है ॥ ७ ॥

विष्कम्भान् मण्डलाच्चैव भास्कराद् द्विगुणः शशी ।
अतः पृथिव्या वक्ष्यामि प्रमाणं योजनः पुनः ॥८
सप्तद्वीपसमुद्राया विस्तारो मण्डलस्य तु ।
इत्येतदिह संख्यातं पुराणे परिमाणतः ॥९
तद्वक्ष्यामि प्रसंख्याय साम्प्रतञ्चाभिमानिभिः ।
अभिमानिनो ह्यतीता ये तुल्यास्ते साम्प्रतैस्त्विह ॥१०
देयदेवैरतीतास्तु रूपैर्नामभिरेव च ।
तस्माद्वै साम्प्रतैर्देवैर्वक्ष्यामि वसुधातलम् ॥११॥
दिव्यस्य सन्निवेशोवै साम्प्रतैरेवकृत्स्नशः ।
शतार्द्धकोटि विस्ता पृथिवीकृत्स्नशःस्मृता ॥१२
तस्याश्चार्द्धप्रमाणञ्च मेरोश्चैवोत्तरम् ।
मेरोर्मध्ये प्रतिदिशं कोटिरेकातु सा स्मृताः ॥१३
तथा शतसहस्राणमेकोननवतिं पुनः ;

पञ्चाशच्च सहस्राणि पृथिव्यर्द्धस्य विस्तरः ॥१४

विष्कम्भ और मण्डल से भास्कर से दुगुना शशि है। इससे पुनः योजनों के द्वारा पृथिवी के प्रमाण को बतलाऊँगा ॥ ८॥ सात द्वीप और सात समुद्रों वाली के मण्डल का विस्तार यहाँ पर यह इतना ही सङ्ख्यात पुराण में परिमाण से किया गया है ॥ ९ ॥ उसको प्रसङ्ख्यात बतलाऊँगा। जो इस समय में अभिमानियों के द्वारा किया गया है। जो अभिमानी गण व्यतीत हो गये है वे यहाँ पर इस समय में होने वालों के ही तुल्य हैं ॥ १० ॥ देवदेव रूप और नामों से अतीत हो चुके हैं। इसी कारण से इस समय में होने वाले देवों से वसुधा तल को बतलाता हूँ ॥ ११ ॥ साम्प्रतों के द्वारा दिव्य का सन्निवेश कृत्स्न नहीं है। पूर्ण रूप से यह पृथिवी शत के अर्ध कोटि विस्तार वाली पूर्ण तया बतलाई गयी है ॥ १२ ॥ उस पृथिवी का अर्ध प्रमाण उत्तरोत्तर मेरु का ही है। मेरु के मध्य में प्रत्येक दिशा में एक करोड वह कही गई है। इस प्रकार से सौ सहस्र नवासी और फिर पचास सहस्र पृथिवी के अर्ध भाग का विस्तार है ॥ १३, १४ ॥

पथिव्या विस्तर कृत्स्नं योजनैस्तन्निबोधत ।
तिस्रः कोट्यस्तु विस्तारात् सख्यातास्तु चतुर्दिशम्॥१५
तथा शतसहस्राणामेकोनाशीतिरुच्यते ।
सप्तद्वीपसमुद्राया: पृथिव्याः स तु विस्तरः ॥१६
विस्तारत्रिगुणश्चैवपृथिव्यन्तरमण्डलम् ।
गणितयोजनानान्तुकोट्यस्त्वेकादशस्मृताः ॥१७
तथा शतसहस्राणा सप्तत्रिंशाधिकास्तु ता. ।
इत्येतद्वैप्रसंख्यात पृथिव्यन्तरमण्डलम् ॥
तारकासन्निवेशस्य दिवि यावत्तु मण्डलम् ।
पर्याप्तसन्निवेशस्य भूमेस्तावत्तु मण्डलम् ॥१८
पर्यासपरिमाणश्च भूमेस्तुल्य दियः स्मृतम् ।

मेरोःप्राच्यांदिशायान्तुमानसोत्तरमूर्द्धनि ॥१६
वस्त्वेकसारामाहेन्द्री पुण्या हेमपरिष्कृता ।
दक्षिणेन पुनर्मेरोर्मानसस्य तु पृष्ठतः ॥ ०
वैवस्वतो निवसति यमः संयमने पुरे ।
प्रतीच्यान्तु पुनर्मेरोर्मानसस्य तु मूर्द्धनि ॥२१

अब पृथिवी का पूर्ण विस्तार योजनो के द्वारा समझ लो। चारो दिशाओ मे विस्तार से तीन करोड़ संख्यात हैं ॥ १५ ॥ इस भाँति से सात द्वीप समुद्रो वाली पृथिवी का वह विस्तार सौ सहस्र उन्यासी कहा जाता है ॥ १६ ॥ पृथिवी का अन्तर मन्डल का विस्तार त्रिगुण है। योजनों का गणित किया गया है जो एकादश करोड़ कहा गया है। इस रीति से सौ सहस्र और सैंतास अधिक वे हैं—इतना ही यह पृथिवी का अन्तर मंडल होता है ॥ १७ ॥ दिन मे तारकाओं के सन्निवेश का जितना मंडप है उतना ही पर्याप्त सन्निवेश वाली भूमिका मन्डल है ॥ १८ ॥ दिव का पर्याप्त परिमाण भूमि के ही तुल्य कहा गया है। मेरु से पूर्व दिशा मे मानसोत्तर मूर्द्धा मे वस्त्वेक सार वाली पुण्य महेन्द्री हेम से परिष्कृत है। पुनः मेरु के दक्षिण में और मानस के पृष्ठ भाग मे संयमनपुर मे वैवस्वत यम निवास किया करता है। पुनः मेरुके पश्चिम मे और मानस के मूर्धा मे वरुण देवकी पुरी है ॥१६, २०, २१॥

सुषा नाम पुरी रम्या वरुणस्यापि धीमतः ।
दिश्युत्तरायां मेरोस्तु मानसस्यैव मूर्द्धनि ॥२२
तुल्या महेन्द्रपुर्यापि सोमस्यापि विभावरी ।
मानसोत्तरपृष्ठे तु लोकपालश्चतुर्दिशम् ॥२३
स्थिता धर्मव्यवस्थार्थं लोकसंरक्षणाय च ।
लोकालोपरिष्टात्तु सर्वतोदक्षिणायने ॥२४
काष्ठागतस्य सूर्य्यस्य गतिस्तत्र निबोधत ।
दक्षिणोपक्रमे सूर्य्यः क्षिप्तेपुरिव सर्पति ॥२५

ज्योतिषाञ्चक्रमादाय सततं परिगच्छति ।
मध्यगश्चामरावत्या यदा भवति भास्करः ।।२६
वैवस्वते सयमने उद्यन् सूर्य्यः प्रदृश्यते ।
सुषायामर्द्धरात्रस्तु विभावर्यास्तमेति च ।।२७
वैवस्वते सयमने मध्याह्ने तु रविर्यदा ।
सुषायामथ वारुण्यामुत्तिष्ठन् स तु दृश्यते ।।२८

उस धीमान् वरुणदेव की पुरी का नाम सुषा है जो परम रम्य है जो मेरु के उत्तर दिशा मे और मानस के मूर्धा मे है । महेन्द्र की पुरी के तुल्य ही सोम की भी विभावरी हैं । मानस के उत्तर पृष्ठ मे चारो दिशाओ मे लोकपाल हैं जो धर्म की व्यवस्था करने के लिये तथा लोको के सरक्षण करने के लिये ही हैं । इन लोकपालो के ऊपर सब ओर दक्षिण अयन मे सूर्य की गति के विषय मे ज्ञान प्राप्ति करलो ।। २२, २३, २८।। वहाँ पर दिशाओ मे गमन करने वाले भगवान् सूर्य्यदेव की जो गति होती है उसको समझ लेना चाहिए । दक्षिण के उपक्रम मे सूर्य क्षिप्त इषु की ही भाँति प्रसर्पण किया किरते है ।। २४ ।। जिस समय मे भगवान् भास्करदेव अमरावती मे मध्य मे गमन करने वाले होते हैं उस समय मे समस्त ज्योतिषियो के चक्र को लेकर सतत परिगमन किया करते हैं ।। २५ ।। वैवस्वत सयमन मे उदित होते हुए सूर्य दिखलाई दिया करते हैं । सुषा मे अर्ध रात्रि वाला है और विभावरी मे अस्तता को प्राप्त होता है ।। २६, २७ ।। जिस समय मे वैवस्वत सयमन मे मध्याह्न की वेला मे रवि हुआ करते है उस समय मे वारुणी जो सुषा पुरी है उसमें उदित होते हुए वे दिखलाई दिया करते हैं ।। २८ ।।

विभावर्यामर्द्धरात्रं माहेन्द्र्यामस्तमेव च ।
सुषायामथ वारुण्या मध्याह्ने तु रविर्यदा ।।२९
विभावर्य्यां सोमपुर्य्यां उत्तिष्ठति विभावसुः ।
महेन्द्र स्यामरावत्यामुदगच्छति दिवाकरः ।३०

अर्द्धरात्रं संयमने वारुण्यामस्तमेति च ।
स शीघ्रमेव पर्येति भानुरालातचक्रवत् ॥३१
भ्रमन् वै भ्रममाणानि ऋक्षाणि चरते रविः ।
एवं चतुर्षु पार्श्वेषु दक्षिणां तेषु सर्पति ॥३२
उदयास्तमये वाऽसावुतिष्ठति पुनः पुनः ।
पूर्वाह्णे चापराह्णे च द्वौ द्वौ देवालयौ तु सः ॥३३
पतत्येकन्तु मध्याह्ने भाभिरेव च रश्मिभिः ।
उदितो वर्द्धमानाभिर्मध्याह्ने तपते रविः ॥३४
अतः परं ह्रसन्तीभिर्गोभिरस्त स गच्छति ।
उदयास्तमयाभ्या च स्मृते पूर्वापरे तु वै ॥३५

विभावरी में अर्ध रात्रि का समय होता है और माहेन्द्री मे अस्त-गत हो जाया करते हैं जब कि वरुण की पुरी सुषा मे मध्याह्न मे सूर्य होते हैं ॥ २९ ॥ सोम की पुरी विभावरी मे विभावसु उदित होता है और महेन्द्र देव की अमरावती मे दिवाकर उद्गत हो जाया करते हैं । ॥ ३० ॥ सयमन में अर्ध रात्रि होती है तथा वारुणी पुरी मे अस्तगत हुआ करते हैं । वह भानु एक आलात के चक्र की भाँति (आलात-जलती हुई लकडी के अङ्गार के सदृश) शीघ्र ही परिगमन किया करता है ।३१। भ्रममाण ऋक्षों (नक्षत्रों) के समीप मे भ्रमण करता हुआ रवि विचरण किया करता है । इस प्रकार से उन चारों पार्श्वों म दक्षिणा को वह प्रसर्पण किया करता है ॥ ३२ ॥ उदय और अस्त के समय मे यह पुनः पुनः उत्तिष्ठमान हुआ करता है । पूर्वाह्ण (दोपहर का प्रथम भाग) और अपराह्न (दोपहर का पिछला भाग) मे वह दो-दो देवालयों मे पतन किया करता है ॥ ३३ ॥ अपनी प्रभाओ के द्वारा मध्याह्न मे एक को पतन करके प्रकाशित किया करता है तथा वर्द्धमान अपनी रश्मियों (किरणों) के द्वारा यह रवि मध्याह्न की वेला मे तपता है ॥ ३४ ॥ इसके पश्चात् ह्रास को शनैः शनैः प्राप्त होने वाली किरणो के द्वारा

अस्ताचल गामी हो जाया करता है। इसके उदयकाल और अस्तकालो के द्वारा ही ये पूर्व तथा पर बताये गये हैं॥३५॥

यादृक् पुरस्तात्तपति यादृक् पृष्ठे तु पार्श्वयोः।
यत्रोदयस्तु दृश्येत तेषामुदय स्मृतः ॥३६
प्रणाश गच्छते यत्र तेषामस्तः स उच्यते।
सर्वेषामुत्तरे मेरुर्लोकालोकस्य दक्षिणे ॥३७
विदूरभावादर्कस्य भूमेरेषा गतस्य च।
श्रयन्ते रश्मयो यस्मात्तेन रात्रौ न दृश्यते ॥३८
ऊर्द्ध शतसहस्रांशु स्थितस्तत्र प्रदृश्यते।
एव पुष्करमध्ये तु यदा भवति भास्करः ॥३९
त्रिंशद्भागञ्च मेदिन्या मुहूर्त्तेन स गच्छति।
योजनाना सहस्रस्य इमासख्या निबोधत ॥४०
पूर्णं शतसहस्राणा एकत्रिंशच्च सास्मृता।
पञ्चाशच्चसहस्राणितथान्यान्यधिकानिच ॥४१
मौहूर्तिकी गतिर्ह्येषा सूर्य्यस्य तु विधीयते।
एतेन क्रमयोगेन यदा काष्ठान्तु दक्षिणाम् ॥४२
परिगच्छति सूर्य्योऽसौ मास काष्ठामुदक् दिनात्।
मध्येन पुष्करस्याथ भ्रमते दक्षिणाने ॥४३

जिस प्रकार का पहिले तपता है और जैसा पार्श्वों के पृष्ठ भाग मे होता है। जहाँ पर इसका उदय दिखलाई दिया करता है उनका वह उदय कहा गया है॥ ३६॥ जहाँ पर यह विनाश को प्राप्त हो जाया करता है उनका वह अस्तकाल कहा जाता है। सब वर्षों के उत्तर मे मेरु होता है और लोकालोक पर्वत के दक्षिण मे है॥ ३७॥ इस भूमि से सूर्य के विदूर भाव होने के कारण यह गत हुए की रश्मियो का सेवन किया करते हैं। इसी कारण से उसके दर्शन रात्रि में नहीं हुआ करते हैं॥ ३८॥ यह शत सहस्रांशु ऊर्ध्व भाग मे स्थित होता है वहाँ पर

दिखलाई दिया करता है। इस रीति से जिस समय में भास्कर पुष्कर के मध्य मे होता है वह मेदिनी के त्रिंशत् गण की मुहूर्त्त मात्र में चला जाया करता है। यह संख्या सहस्र योजनों की समझ लो ॥३६,४०॥ वह सौ सहस्र और इकत्तीस कही गई है तथा पचास सहस्र और अधिक है ॥ ४१ ॥ सूर्य की यह गति मौहूर्तिकी की जाती है। इसी क्रम के योग से जिस समय मे यह दक्षिण दिशा मे परिगमन किया करता है तो यह सूर्य दिन से उत्तर दिशा मे एक मास रहता है और पुष्कर के मध्य के द्वारा दक्षिणायन मे भ्रमण किया करता है ॥४२, ४३ ॥

मानसात्तरमेरोस्तु अन्तरं त्रिगुणं स्मृतम् ।
सर्वतो दक्षिणायान्तुकाष्ठायांतन्निबोधत ॥४४
नवकोट्यः प्रसख्याता योजनैः परिमण्डलम् ।
तथा शतसहस्राणि चत्वारिंशच्च पञ्चच ॥४५
अहोरात्रात् पतङ्गस्य गतिरेषा विधीयते ।
दक्षिणादिङ्निवृत्ताऽसौ विषुवस्थोयदारविः ॥४६
क्षीरोदस्य समुद्रस्योत्तरताऽपि दिश चरन् ।
मण्डल विषुव· चापियोजनैस्तन्निबोधतः ॥४७
तिस्रः कोट्यस्तु सम्पूण विषुवस्यापि मण्डलम् ।
तथा शतसहस्राणि विंशत्येकाधिकानि तु । ४८
श्रावणे चोत्तरा काष्ठा चित्रभानुर्यदा भवेत् ।
गोमेदस्य परद्वीपे उत्तराञ्च दिशं चरन् ॥४९

मानस के उत्तर मेरु का अन्तर त्रिगुण कहा गया है। सब ओर से उसको दक्षिण दिशा में जान लो ॥ ४४ ॥ योजनो के द्वारा परिमन्डल नौ करोड़ प्रसंख्यात है। तथा सौ सहस्र और पैंतालीस है ॥ ४५ ॥ एक अहोरात्र से सूर्य्य की यह गति कही गयी है। जिस समय मे यह रवि दक्षिण दिशा से निवृत्त होकर विषुव में स्थित होता है क्षीर सागर के उत्तर दिशा मे विचरण करता हुआ विषुवत् मन्डल मे आता है उसको

भी योजनो के द्वारा ही समझनो ॥ ४६, ४७॥ विषुव का मन्डल सम्पूर्ण तीन करोड तथा शत सहस्र और बीस अधिक है ॥ ४८ ॥ श्रावण मे जिस समय मे उत्तर दिशा मे चित्र भानु होता है तो गोमेद के परद्वीप मे उत्तर दिशा मे विचरण करता हुआ होता है ॥४९॥

उत्तरायाः प्रमाणन्तु काष्ठाया मण्डलस्य तु ।
दक्षिणोत्तरमध्यानि तानि विन्द्याद्यथाक्रमम् ॥५०
स्थान जरद्गवं मध्ये तथैरावतमुत्तरम् ।
वैश्वानरं दक्षिणतो निर्दिष्टमिह तत्त्वतः ॥५१
नागवीथ्युत्तरा वीथी ह्यजवीथिस्तु दक्षिणा ।
उभे आषाढमूल-तु अजवीथ्यादयस्त्रयः ॥५२
अभिजित् पूर्वत स्वातिन्नागवीथ्युत्तरास्त्रयः ।
अश्विनीकृत्तिकायाम्यानागवीथ्यस्त्रयः स्मृताः ॥५३
रोहिण्यार्द्रा मृगशिरो नागवीथिरिति ।
पुष्याश्लेषा पुनर्वस्वोर्वीथी चैरावती स्मृता ॥५४
त्रिस्तस्तु वीथयो ह्येता उत्त रमार्ग उच्यते ।
पूर्वउत्तरफल्गुन्यो मघा चैवार्पणी भवेत् ॥५५
पूर्वोत्तरप्रोष्ठपदौ गोवीथी रेवती स्मृता ।
श्रवणश्च धनिष्ठा च वारुणश्च जरद्गवम् ॥५६

उत्तर दिशा के मन्डल का प्रमाण उनको यथाक्रम दक्षिणोत्तर मध्यो को ही जानना चाहिए ॥५०॥ मध्य मे जरद्गव स्थान है तथा उत्तर मे ऐरावत है। यहाँ पर दक्षिण मे तत्त्वत. वैश्वानर निर्दिष्ट किया गया है ॥५१॥ नागवीथी उत्तरा वीथि है और अजवीथि दक्षिणा है। ये दोनो आषाढ मूल और अजवीथि आदि तीन हैं ॥५२॥ पूर्व मे अभिजित्—स्वाति और नागवीथि ये तीन उत्तरा हैं। अश्विनी—कृत्तिका—याम्या तीन नागवीथी कही गयी हैं ॥५३॥ रोहिणी—मृगशिरा और आर्द्रा—यह नागवीथी कही गयी है। पुष्य—अश्लेषा और पुनर्वसु की वीथि ऐरावती

कही गयी है ॥५४॥ ये तीनों वीथियां उत्तर मार्ग कहा जाता है। पूर्वा और उत्तरा फाल्गुनी तथा मघा ये आर्ष भी होते हैं ॥५५॥ पूर्वा और उत्तरा प्रोष्ठपदा दोनो तथा रेवती गोवीथी कही गयी हैं। श्रवण—धनिष्ठा और वारुण जरङ्गव हैं ॥५६॥

एतास्तु वीथयस्तिस्रो मध्यमोमार्गउच्यते ।
हस्तचित्रातथास्वातीह्यजवीथिरितिस्मृता ॥५७
जेष्ठा विशाखा मैत्रञ्च मृगवीथी तथाच्यते ।
मूल पूर्वोत्तरापाढ़े वीथीवैश्वानरी भवेत् ॥५८
स्मृतास्तस्रस्तु वीथ्यस्ता मार्गे वै दक्षिणेपुनः ।
काष्ठयोरन्त ञ्चैतद्वक्ष्येयोजनैःपुन. ॥५९
एतच्छतसहस्राणामेकत्रिंशत्तु वै स्मृतम् ।
शतानि त्रीणि चा·यानि त्रयस्त्रिंशत्तथैव च ॥६०
काष्ठयोरन्तर ह्येतद्योजनाना प्रकीर्त्तितम् ।
काष्ठयोर्लेखयोश्चैव अयने दक्षिणोत्तरे । ६१
ते वक्ष्यामि प्रसंख्याय योजनंस्तु निबोधत ।
एकंकमन्तर तद्वद्युक्तान्येतानि सप्तभिः ॥६
सहस्रेणातिरिक्तो च ततोऽन्या पञ्चविंशतिः ।
लेखयोः काष्ठयोश्चैव बाह्याभ्यन्तरश्योश्चरन् ॥६३
अभ्यन्तर स पर्येति मण्डलान्युत्तरायणे ।
बाह्यता दक्षिणेनैव सतत सूर्य्यमण्डलम् ॥ ६४

ये तीनो वीथियां मध्यम मार्ग कहा जाया करता है। हस्त—चित्रा तथा स्वाती—यह अजवीथी—इस नाम से कही गयी है ॥ ५७॥ ज्येष्ठा—विशाखा और मैत्र इनकी मृगवीथी कही जाती है। मूल—पूर्वा और उत्तरा आषाढा वैश्वानरी वीथी होती है। ये तीनों वीथियां दक्षिण मार्ग मे बतायी गयी हैं। दिशाओ का जो अन्तर है उसको पुनः योजनो के द्वारा बतलायेंगे। यह अन्तर एक सहस्र इकत्तीस

योजन का कहा गया है। तीन सौ और अन्य तेतीस दिशाओं मे योजनो का अन्तर कीर्तित किया गया है। दिशाओ मे—लेखो से और दक्षिणोत्तर अयन मे जो अन्तर है उसको प्रमख्यात करके योजनो के द्वारा समझिये। एक-एक का अन्तर है और उसी की तरह सातो से ये युक्त हैं। एक सहस्र से अतिरिक्त अन्य पच्चीस योजन बाह्य और आभ्यन्तर लेखो और दिशाओ मे विचरण करता हुआ वह अभ्यन्तर मे मण्डलो को जाया करता है। उत्तरायण मे बाह्य से और दक्षिण से ही निरन्तर सूर्य्य मण्डल विचरण किया करता है ॥५८।५९।६०।६१।६२।६३।६४॥

चरन्नसावुदी याञ्च ह्यशीत्या मण्डलान् शतम्।
अभ्यन्तर स पर्येति क्रमने मण्डलानि तु ॥६५
प्रमाण मण्डलस्यापि योजनानान्निबोधत।
योजनाना सहस्राणि दश चाष्टौ तथा स्मृतम् ॥६६
अधिकान्यष्टपञ्चाशद्योजनानि तु वै पुनः।
विष्कम्भो मण्डलस्यैव तियक् स तु विधीयते ॥६७
अहस्तु चरतेनाभे सूर्य्यो वै मण्डलक्रमात्।
कुलालचक्रपयन्तो यथा चन्द्रो रविस्त ॥६८
दक्षिणे चक्रवत् सूर्य्यस्तथाशीघ्रं निवर्त्तते।
तस्मात्प्रकृष्टा भूमि तु कालेनाल्पेनगच्छति ॥६९
सूर्य्यो द्वादशभिः शीघ्र मुहूर्त्तैर्दक्षिणायने।
त्रयोदशार्द्धमृक्षाणा मृ-ये चरति मंडलम् ॥७०

इस प्रकार से विचरण करता हुआ यह उत्तर मे एक सौ अस्सी मण्डलो मे अन्दर परिगमन किया करता है और मण्डलो मे क्रमण करता है ॥६५॥ मण्डल का भी प्रमाण योजनो के रूप मे समझ लो। एक सहस्र अठारह योजन बताये गये हैं और अट्ठावन योजन और भी अधिक पुन. कहे गये है। वह मण्डल का विष्कम्भ तियंक् किया जाता है। ॥६६ ६७। दिन मे सूर्य्य क्रम से नाभि के मण्डल का चरण किया

करता है। कुलाल (कुम्हार बर्तन बनाने वाला)-के चाक पर्यन्त जिस प्रकार से चन्द्रमा है उसी भाँति रवि भी होता है। दक्षिण मे चक्र की ही तरह सूर्य्य उस भाँति शीघ्रता से निवृत्त हुआ करता है कि प्रकृष्ट अर्थात् अति दूर मे रहने वाली भी भूमि को अति अल्प काल मे चला जाया करता है। ६८, ६९॥ यह सूर्य्य दक्षिणायन मे अत्यन्त शीघ्र ही त्रयोदश के बारह मुहूर्तों से आधे ऋक्षो के मध्य मे मण्डल का चरण किया करता है ॥७०॥

मुहूर्तैस्तानि ऋक्षाणि नक्तमष्टादशैश्चरन् ।
कुलालचक्रमध्यस्थो यथा मेदं प्रसर्पति ॥७१
उदगयने तथा सूर्य्य सर्पते मन्दविक्रमः ।
तस्माद्दीर्घेण कालेन भूमिं सोऽल्पां प्रसर्पति ॥
सूर्य्योऽष्टादशभिरहनो मुहूर्तैरुदगायने ॥७२
त्रयोदशानां मध्ये तु ऋक्षाणां चरते रविः ।
मुहूर्तैस्तानि ऋक्षाणि रात्रौ द्वादशभिश्चरन् ॥७३
ततो मन्दतरं ताभ्यां चक्रन्तु भ्रमते पुनः ।
मृत्पिण्ड इव मध्यस्था भ्रमतेऽसौध्रुवस्तथा ॥७४
मुहूर्तैरिन्द्रशतां तावद्भोगान्न ध्रुवो भ्रमन् ।
उभयोः काष्ठयोर्मध्ये भ्रमते मण्डलानि तु ॥७५
उत्तरक्रमणेऽर्कस्य दिवा मन्दगतिः स्मृता ।
तस्यैव तु पुनर्नक्तं शीघ्रा सूर्य्यस्य वै गतिः ॥७६
दक्षिणप्रक्रमे चापि दिवा शीघ्रं विधीयते ।
गतिः सूर्यस्य वै नक्तं मन्दा चापि विधीयते ॥७७
एवं तद्विक्षेपेण विभजन् रात्र्यहानि तु ।
अजवीथ्या दक्षिणायां लोकालोकस्य चोत्तरम् ॥७८

रात्रि के समय मे उन नक्षत्रो को आठ रह मुहूर्तों मे विचरण करता हुआ कुलाल के चक्र के मध्य मे स्थित होने की भाँति मन्द प्रसर्पण

किया करता है ॥ ७१ ॥ उत्तर की ओर गमन करने मे सूर्य मन्द विक्रम वाला होकर ही गमन किया करता है । इसी मन्दगति होने के कारण से वह बहुत अधिक सम्बे समय से बहुत ही अल्प भूमि का प्रसर्पण किया करता है । उदगायन अर्थात् उत्तरायण मे दिन को अठारह मुहूर्तों मे सूर्य त्रयोदश ऋक्षो के मध्य मे चरण किया करता है और उन्ही ऋक्षो को रात्रि मे बारह मुहूर्तों मे चरण करता है ॥ ७२, ७३ ॥ इसी से उन दोनो से चक्र अधिक मन्द भ्रमण किया करता है । एक मिट्टी के पिण्ड की भाति ही मध्य मे स्थित गह ध्रुव की भाँति भ्रमण करता है । तीस मुहूर्तों मे एक अहोरात्र मे ध्रुव भ्रमण करता हुआ दोनो दिशाओ के मध्य मे मण्डलो का भ्रमण करता है ॥ ७४, ७५ ॥ सूर्य को उत्तर क्रमण मे दिन मे मन्द गति कही गयी है । उसी सूर्य की फिर रात्रि के समय मे शीघ्रता वाली गति हो जाया करती है । दक्षिण के प्रक्रमण करने मे भी दिन मे शीघ्रता का विधान कहा जाता है और रात्रि मे सूर्य की गति मन्द हो जाया करती है । इस प्रकार से रात और दिन को अपनी गति की विशेषता के द्वारा विभाजन करता हुआ दक्षिण अजवीथी मे लोकालोक के उत्तर मे चरण किया करता है ॥ ७६, ७७, ७८ ॥

लोकसन्तानतोऽप्येष वैश्वानरपथाद्बहिः ।
व्युष्टिर्यावत् प्रभा सौरी पुष्करात् सम्प्रवर्त्तते ॥ ७९
पार्श्वेभ्यो वाह्यतस्तावल्लोकालोकश्च पर्वत. ।
योजनाना सहस्राणि दशोद्ध्वं चोच्छ्रितो गिरिः ॥ ८०
प्रकाशश्चाप्रकाशश्च पर्वत. परिमण्डलः ।
नक्षत्रचन्द्रसूर्य्याश्च ग्रहास्तारागणैः सह ॥ ८१
अभ्यन्तरे प्रकाशन्ते लोकालोकस्य वै गिरेः ।
एतावानेवलोकस्तु निरालोकस्ततः परम् ॥ ८२
लोक आलोकने धातुर्निरालोकस्त्वलोकता ।
लोकालोको तु सघत्ते तस्मा त्सूर्य्य.परिभ्रमन् ॥ ८३

तस्मात्सन्ध्येतितामाहुरुषाव्युष्टेयंथान्तरम् ।
उषारात्रि स्मृताविप्रैर्व्युष्टिश्चापिअहःस्मृतम् ॥८४

लोक सन्तान से यह वैश्वानर पथ से बाहिर ही भ्रमण करता है। अब तक पुष्टि होती है यह सूर्य की प्रभा पुष्कर से संप्रवृत्त हुआ करती है ॥ ७६ ॥ पार्श्वों से बाहिर के भाग मे लोकालोक नाम वाला महान् पर्वत है। यह गिरि एक सहस्र दश योजन ऊर्ध्व मे उच्छ्रित है ॥ ८० ॥ यह परिमण्डल पर्वत प्रकाश और अप्रकाश वाला है। नक्षत्र-चन्द्र और सूर्य ग्रह तारा गणों के साथ लोकालोक पर्वत के अभ्यन्तर मे ही प्रकाश दिया करते हैं। इतना ही लोक होता है उसके आगे शेष तो सब निरालोक अर्थात् प्रकाश रहित ही हुआ करता है। लोक आलोकम में धातु है और निरालोक आलोकता है। इसी से सूर्य परिभ्रमण करता हुआ लोक और अलोक दोनो का सन्धान किया करता है ॥ ८१ ।८२।८३॥ इसी कारण उसको सन्ध्या—इस नाम से कहते हैं। यथान्तर व्युष्टों से उषा कही जाती है। उषा रात्रि कही गई है और विप्रो के द्वारा व्युष्टि दिन कहा गया है ॥ ८४ ॥

त्रिंशत्कलो मुहूर्तस्तु अहस्ते दशपञ्च च ।
ह्रासो वृद्धिरहर्भागैर्दिवसाना यथा तु वै । ८५
सन्ध्या मुहूर्तमात्राया ह्रासवृद्धी तु ते स्मृते ।
लेखाप्रभृत्यथादित्ये त्रिमुहूर्तागते तु वै ॥-६
प्रातःस्मृतस्तनःकालोभागांश्चाहुश्च पञ्चच ।
तस्मात् प्रातर्गतात्कालान्मुहूर्ता.सङ्गवस्त्रयः ॥८७
मध्याह्नस्त्रिमुहूर्तस्तुतस्मात्कालादनन्तरम् ।
तस्मान्मध्यन्दिनात्कालादपराह्णइतिस्मृतः ॥८८
त्रय एव मुहूर्तास्तु काल एषस्मृतो बुधैः ।
अपराह्णव्यतीताच्च कालः सायं स उच्यते ॥८६
दशपञ्च मुहूर्ताह्नो मुहूर्तास्त्र एव च ।
दशपञ्च मुहूर्ता वै अहस्तु विपुले स्मृतम् ॥६०

वर्धयतो ह्रसत्येव अयने दक्षिणोत्तरे ।
अहस्तु ग्रसते रात्रि रात्रिस्तु ग्रसते अह. ॥६१

तीस कला वाला मुहूर्त और पन्द्रह का दिन होता है। दिवसों के भागों से दिन मे ह्रास और वृद्धि भी यथा रीति हुआ करते हैं।' मुहूर्त्त मात्र मे सन्ध्या होती है और वे ह्रास तथा वृद्धि बतायें गये हैं। तीन मुहूर्त समागत आदित्य म तेजा प्रभृति होती है। फिर वह काल प्रात कहा गया है और पाँच भाग कहे गये हैं। उस गत काल से तीन सङ्ग व मुहूर्त्त होत है। मध्य हन जो होता है वह तीन मुहूर्तों का होता है फिर उस काल के अनन्तर उस मध्य दिन के काल से अपराह्न कहा गया है॥ ८५, ८६, ८७, ८८॥ कुछ लोगो न इस काल को तीन ही मुहूर्त बताया है। उस अपराह्न के व्यतीत होने से जो काल होता है उसी को सायङ्काल कहा जाता है॥ ८९॥ पन्द्रह मुहूर्त वाले दिन का तीन मुहूर्त ही समय होता है। विषुव मे यह दिन दश और पाँच मुहूर्त्त वाला ही कहा गया है॥ ९०॥ इसी कारण से दक्षिणायन और उत्तरायण मे यह दिन बढ जाता है और कम भी हो जाया करता है अर्थात् दिन बड़े छोटे हुआ करते है। दिन तो रात्रि का ग्रास कर जाता है और रात्रि दिन को खा जाया करती है। तात्पर्य यही है कि दिन छोटे हैं तो रात्रि बड़ी हो जाती है और रात्रि छोटी होती है तो दिन बड़ा हो जाया करता है॥९१॥

शरद्वसन्तयोर्मध्ये विषुवन्तुविधीयते ।
आलोकान्त समतोलोको लोकाश्चालोकउ यते ॥९२
लोकपाला स्थितास्तत्र लोकालोकस्य मध्यतः ।
चत्वारस्ते महात्मानस्तिष्ठन्त्याभूतसंप्लवम् ॥९३
सुप्रभा चैव वैराजः कदमश्च प्रजापति ।
हिरण्यरोमापजन्य. केतुमान् राजसश्च स. ॥९४
निर्द्वन्द्वा निरभीमाना निस्तन्द्रा निष्परिग्रहा. ।
लोकपाला स्थितास्त्वेते लोकालोके चतुर्दिशम् ॥९५

उत्तरं यदगस्त्यस्य शृङ्गं वेत्रर्षिसेवतम् ।
पितृयानः स्मृतः पन्था वैश्वानरपथाद्बहिः ॥६६
तत्रासते प्रजाकामा ऋषयो येऽग्निहोत्रिणः ।
लोकस्य सन्तानकराःपितृयानेपथिस्थिताः ॥६७
भूतारम्भकृत कर्म्म आशिषश्चविशाम्पते ! ।
प्रारम्भन्ते लोककामास्तेषापन्थाःसदक्षिणः ॥६८

शरद् और वसन्त के मध्य मे विषुव का विधान किया जाता है । यह लोक आलोकान्त कहा गया है और लोक आलोक कहा जाया करता है ॥ ६२ ॥ इस लोकालोक के मध्य मे वहाँ पर लोकपाल समवस्थित रहा करते हैं । ये महान् आत्माओ वाले लोकपाल चारु हैं जो जब तक भूत-सम्प्लव होता है तब तक वहाँ पर स्थित रहा करते है ॥ ६३ ॥ इन चारो मे सुधामा वैराज होता है —प्रजापति कर्दम है—हिरण्यरोमा पर्जन्य है और चौथे वह राजस केतुमान् होता है ॥ ६४ ॥ ये लोकालोक पर्वत मे चारो दिशाओ मे लोकपाल स्थिति रक्खा करते हैं । ये चारो ही बड़े निर्द्वन्द्व—अभिमान से रहित—तन्द्रा शून्य और बिना परिग्रह वाले हुआ करते हैं ॥ ६५ ॥ उत्तर दिशा में जो शिखर है जिसका देवगण सेवन किया करते हैं । वह वैश्वानर पथ से बाहिर पितृयान मार्ग बताया गया है ॥ ६६ ॥ वहाँ पर प्रजा की कामना रखने वाले ऋषिगण रहा करते है जो कि अग्निहोत्र करने वाले हुआ करते हैं । ये इस लोक की वृद्धि करने वाले हैं और पितृयान के पथ मे स्थित रहा करते हैं ॥ ६७ ॥ हे विशाम्पते! ये लोक की कामना रखने वाले भूतो के आरम्भ के लिये किया हुआ कर्म्म और आशीर्वादो का प्रारम्भ किया करते हैं और उनका पन्था सदक्षिण होता है ॥ ६८ ॥

चलितन्ते तुनघर्मं स्थापयन्ति युगे युगे ।
सन्तप्ततपसा चव मर्यादाभिः श्रुतेन च । ६६
जायमानास्तु पूर्व वै पश्चिमानां गृहेषु ते ।

पश्चिमाश्चैव पूर्वेषां जायन्ते निधनेष्विह ॥१००
एवमावर्तमानास्ते वर्तन्त्याभूतसंप्लवम् ।
अष्टाशीतिसहस्राणि ऋषीणां गृहमेधिनाम् ॥१०१
सवितुर्दक्षिणं मार्गमाश्रित्याभूतसंप्लवम् ।
क्रियावता प्रसंख्यैषा ये श्मशानानि भेजिरे ॥१०२
लोकस्यव्यवहारार्थं भूतारम्भकृतेन च ।
इच्छाद्वेषरताश्चैव मैथुनोपगमाश्च वै ॥१०३
तथा कामकृतेनेह सेवनाद्विषयस्य च ।
इत्येतैः कारणैः सिद्धाः श्मशानानीह भेजिरे ॥१०४
प्रजापतेः सप्तऋषयो द्वापरेष्विह जज्ञिरे ।
सन्ततिस्ते जुगुप्सन्ते तस्मान्मृत्युजितस्तु तैः ॥१०५

वे लोग युग युग मे जो धर्म चलित हो जाया करता है उस धर्म्म को पुन स्थापित किया करते हैं और धर्म की सस्थापना भली भाँति किए हुए तप से--मर्यादाओ से और श्रुत के द्वारा ही किया करते हैं ॥९९॥ पहिले होने वाले वे पीछे हो। वानो के गृहो मे जायमान (समुत्पन्न) हुआ करते हैं और जो पश्चिम अर्थात् पीछे होने वाले हैं वे पूर्व पुरुषो के निधन हो जाने पर यहाँ पर जन्म ग्रहण किया करते हैं। इस रीति से आवर्त्तमान होने वाले अर्थात् एक दूसरे के पीछे इस ससार मे जन्म ग्रहण करने की पुन पुन आवृत्ति करने वाले वे भूत संप्लव जब होता है तब तक यहाँ पर वर्त्तमान रहा करते हैं। यह इन ऋषियो की सख्या जो गृहमेधी है अट्ठासी सहस्र है ॥ १००। १०१ ॥ ये सविता के दक्षिण मार्ग का समाश्रय ग्रहण करके ही भूत संप्लव जब होता है तब तक क्रिया वाले रहा करते है इनकी सख्या यही है जो उपर्युक्त है। ये श्मशानो का भी सेवन किया करते हैं। लोक के सव्यवहार के लिए और भूतारम्भ कर्म के द्वारा ये इच्छा तथा द्वेष मे भी रति रखने वाले हैं तथा मैथुन का भी उपगम अभीष्ट की सिद्धि के लिए किया करते है। इस रीति से

कामना के होने के कारण से ये विषयो का सेवन किया करते हैं। यही कुछ कारण हैं जिनके द्वारा ये सिद्ध लोग शमशानो का सेवन किया करते थे। यहाँ पर प्रजा की इच्छा वाले सात ऋषि द्वापर मे समुत्पन्न हुए थे। फिर उन्होंने सन्तति की निन्दा की थी और इसी कारण से उन्होने मृत्यु को जीत लिया था ॥ १०२, १०३, १०४, १०५॥

अष्टाशीतिसहस्राणि तेषामप्यूर्ध्वरेतसाम् ।
उदक् पन्थानपर्यन्तमाश्रित्याभूतसंप्लवम् ॥१०६
ते सम्प्रयोगाल्लोकस्य मिथुनस्य च वर्जनात् ।
ईर्ष्याद्वेषनिवृत्या च भूतारम्भविवर्जनात् ॥१०७
इत्येतैः कारणैः शुद्धास्तेऽमृतत्वं हि भेजिरे ।
आभूतसंप्लवस्थानाममृतत्वं विभाव्यते ॥१०८
त्रैलोक्यस्थितिकालो हि न पुनर्मारगामिनाम् ।
भ्रूणहत्याश्वमेधादि पापपुण्यनिभैः परम् ॥१०९
आभूतसंप्लवान्ते तु क्षीयन्ते चोर्ध्वरेतसः ।
ऊर्ध्वोत्तरमृषिभ्यस्तु ध्रुवो यत्रानुसंस्थितः ॥११०
एतद्विष्णुपद दिव्यंतृतीयंव्योम्नि भास्वरम् ।
यत्रगत्वा नशोचन्तितद्विष्णोःपरमम्पदम् ॥
धर्मे ध्रुवस्य तिष्ठन्ति ये तु लोमस्य काङ्क्षिणः ॥१११

ऊर्ध्वरेता उन अट्ठासी सहस्र ऋषियो ने उदक पथ पर्यन्त समाश्रय किया था और वह भी आभूत सप्लव तक वे वहाँ समवस्थित रहे थे। वे लोक के सम्प्रयोग मे और मिथुन के वर्जन से तथा इच्छा और द्वेष भाव की निवृत्ति से और भूतो का समारम्भ करने के वर्जन से इन्हीं कतिपय कारणो के होने से वे परम विशुद्ध हो गये थे और उन्होने अमृतत्व को प्राप्त कर लिया था। उनका वह अमृतत्व भी जब तक भूतों का सप्लव हुआ था तभी तक रहा था और वे वहीं पर बराबर स्थित रहा करते थे। जो लोग काम के

मार्ग के गमन करने वाले हैं उनका त्रैलोक्य स्थिति काल नहीं होता है क्योंकि भ्रूण हत्या आदि महापापों से और अश्वमेध आदि पुण्य कर्मों से वह परिपूर्ण हुआ करता है ॥ १०६, १०७, १०८, १०९ ॥ जिस समय में यह समस्त भूतों का सप्लव होता है तो उसके अन्त में ऊर्ध्वरता लोग भी क्षीण हो जाया करते हैं। ऊर्ध्वतर ऋषियों से वहा ध्रुव सस्थित होता है। यह विष्णु का व्योम में तृतीय परम भास्कर एव दिव्य पद है जहा पर पहुँच कर उस विष्णु के परम पद की चिन्ता नहीं किया करते हैं और जो लोग की आकाक्षा रखने वाले हैं वे ध्रुव के ही धर्म में स्थित रहा करते हैं। ११०, १११ ॥

५४—ज्योतिष चक्र वर्णन

एवं श्रुत्वा कथा दिव्यामब्रुवन् लोमहर्षणिम् ।
सूर्याश्चन्द्रमसोचारं ग्रहाणाञ्चैव सर्वशः ॥१
भ्रमन्ति कथमेतानि ज्योतींषि रविमण्डले ।
अव्यूहेनैव सर्वाणि तथा चासङ्करेण वा ॥२
कश्च भ्रामयते तानि भ्रमन्ति यादृ वा स्वयम् ।
एतद्वदितुमिच्छामस्ततो निगद सत्तम ! ॥३
भूतसम्मोहन ह्येतद्भ्रुवतो मे निबोध तम् ।
प्रत्यक्षमपि दृश्य तत् समोहयति वै प्रजा. ॥४
योऽसौ चतुर्दशर्क्षेषु शिशुमारो व्यवस्थित: ।
उत्तानपादपुत्रोऽसौ मेढीभूतो ध्रुवोदिवि ॥५
संप भ्रमन् भ्रामयते चन्द्रादित्यौ ग्रहैः सह ।
भ्रमन्तमनुयान्ति नक्षत्राणि च चक्रवत् ॥६
ध्रुवस्य मनसा यो वै भ्रमते ज्योतिषाङ्गण. ।
वात नोकमयैबन्धैर्ध्रुवे बद्ध प्रसर्पति ॥७

ऋषिगण ने कहा इस प्रकार से ग्रहो की स्थिति की कथा का श्रवण करके जो परम दिव्य थी वे फिर सूत जी बोले—सूर्य चन्द्रमा का चरण और सब ग्रहो का चरण किस प्रकार से हुआ करता है। ये समस्त ज्योतिषा रवि के मण्डल मे किस प्रकार से भ्रमण किया करती है? वे सब अलग २ व्यूह रहित होकर या असङ्कर भाव से भ्रमण करती हैं उनका कौन कैसे भ्रामण कराया करता है अथवा वे स्वयं ही भ्रमण किया करती हैं—हम अब यही ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं अतएव हे श्रेष्ठ तम! इसका वर्णन कीजिए ॥१, २, ३॥ श्री सूत जी ने कहा—यह भूतो का समोहन करने वाला है। उसको आप लोग मेरे द्वारा जान लो! प्रत्यक्ष होते हुए भी यह दृश्य है और निश्चय ही प्रजाओ को संमोहित करता है। जो यह चतुर्दश नक्षत्रो मे शिशुमार व्यवस्थित है यह उत्तानपाद का पुत्र है जो दिवलोक मे मेढीभूत ध्रुव है ॥४, ५॥ यही यह भ्रमण करता हुआ ग्रहो के साथ चन्द्रमा और सूर्य को भ्रमण कराता है। भ्रमण करते हुए उसके पीछे सब नक्षत्र चक्र की भाँति अनुसर्पण किया करते हैं। ध्रुव के मन से जो ज्योतियो का गण भ्रमण करता है वह वातात्मक मय बन्धो से ध्रुव मे बद्ध होकर ही प्रसर्पण किया करता है ॥६, ७॥

तेषा भेदश्च योगश्च तथा कालस्य निश्चयः।
अस्तोदयास्तयोत्पाता अयनेदक्षिणोत्तरे ॥८
विपुलद्ग्रहणश्च सर्वमेतद् ध्रुवेरितम्।
जीमूता नाम ते मेघा यदेभ्यो जीवसम्भवः ॥९
द्वितीय आवहन् वायुर्मेघास्ते त्वभिसंस्थिता.।
इतोयोजनमात्राच्च अर्धयद्धं विकृताअपि ॥१०
वृष्टिसर्गस्तया तेषा धारोधारःप्रकीर्तिताः।
पुष्करावतका नाम ये मेघाः पक्षसम्भवाः ॥११
शक्रेण पक्षाश्छिन्ना वै पर्वताना महौजसा।

कामगानां समृद्धानां भूतानां नाशमिच्छताम् ॥१२
पुष्करा नाम ते पक्षा बृहन्तस्तोयधारिणः ।
पुष्करावर्तका नाम कारणेनेह शब्दिताः ॥१३
नानारूपधराश्चैव महाघोरस्वराश्च ते ।
कल्पान्तवृष्टिकर्तारः कल्पान्ताग्नेर्नियामकाः ॥१४

उनके भेद—योग तथा काल का निश्चय—अस्त और उदय और उत्पात दक्षिणायन और उत्तरायण मे होते हैं ॥८॥ विषुवद ग्रह वर्ण यह सब ध्रुव मे कहा गया है। वे मेघ जीमूत नाम वाले हैं कि जिनसे जीवो का सम्भव हुआ करता है ॥६॥ दूसरा वायु आवहन करने वाला है और वे मेघ अभिसश्रित होते हैं यहाँ से एक योजन मात्र से वे अर्धविकृत भी होते हैं। उनकी वृष्टि का सर्ग होता है जो धाराधार है। पुष्करावर्तक नाम वाले जो पक्ष सम्भव मेघ कहे गये हैं ॥१०॥ ॥११॥ अति महान् ओज वाले इन्द्रदेव ने स्वेच्छया गमन करने वाले और भूतो के नाश को चाहने वाले समृद्ध पर्वतो के पक्षो का छेदन कर दिया था ॥ वे पक्ष पुष्कर नाम वाले बड़े जल के धारण करने वाले थे। इसी कारण से यहा पर वे पुष्करावर्तक नाम से शब्दित किये गये हैं ॥१३॥ वे अनेक प्रकार के रूपो को धारण करने वाले और महान् घोर स्वर से युक्त-कल्प के अन्त मे वृष्टि करने वाले और कल्पान्त की अग्नि के नियामक हैं ॥१४॥

वाय्वाधारा वहन्ते वै सामृताः कल्पसाधकाः ।
मान्यस्याण्डस्य भिन्नस्य प्राकृतान्यगवस्दा ॥१५
यस्मिन् ब्रह्मा समुत्पन्नश्चतुर्वक्त्रः स्वयं प्रभुः ।
तान्येवाण्डकपालानि सर्वे मेघाः प्रकीर्तिता ॥१६
तेषामप्यायन धूमः सर्वेषामविशेषतः ।
तेषा श्रेष्ठश्च पर्जन्यश्चत्वारश्चैव दिग्गजाः ॥१७
गजाना पर्वतानाञ्च मेघाना भोगिभिः सह ।

कुलमेकं द्विधाभूतं योनिरेका जलं स्मृतम् ॥१८
पर्जन्यो दिग्गजाश्चैव हेमन्ते शीतसम्भवम् ।
तुषारवर्षं वर्षन्ति वृद्धा ह्यन्नविवृद्धये ॥१९
षष्ठः परिवहो नाम वायुस्तेषां परायणः ।
योऽसौ बिभर्ति भगवन् ! गङ्गामाकाशगोचराम् ॥२०
दिव्यामृतजलां पुण्या त्रिपथामिति विश्रुताम् ।
तस्या विस्पन्दितन्तोयं दिग्गजाः पृथुभिः करैः ॥२१
शीकरान् सम्प्रमुञ्चन्ति नीहार इति स स्मृतः ।
दक्षिणेन गिरिर्योऽसौ हेमकूट इति स्मृतः ॥२२

जल से युक्त वे वायु के आधार पर ही कल्प के साधक वहन किया करते हैं । उस समय मे भिन्न हुए इस अण्ड के जो प्राकृत के वे हुए थे ॥१५॥ जिसमे चारो मुखो वाला ब्रह्मा प्रभु स्वयं समुत्पन्न हुआ था । वे ही अण्ड कपाल सब मेघ कहे गये है ॥१६॥ उन सबका अध्यापन (संस्तुति) करने वाला धूम जो विशेष रूप से होता है । उनमें श्रेष्ठ पर्जन्य होता है और चार ही दिग्गज हुआ करते हैं ॥१७॥ गजो का—पर्वतो का—मेघो का भोगियों के साथ एक ही कुल है जो द्विधाभूत हो गया है । इन सब को योनि एक ही जल बतलाई गयी है ॥१८॥ पर्ज्जन्य और दिग्गज हेमन्त मे शीत समुत्पन्न करने वाले तुषार की वर्षा को वर्षाया करते हैं और अन्न की विशेष वृद्धि के लिये ये वृद्ध हैं ॥१९॥ हे भगवन् ! उनमे परायण छटवां परिवह नाम वाला वायु है जो यह आकाश मे गोचर होने वाली गङ्गा का भरण करता है ॥२०॥ वह आकाश गङ्गा परम दिव्य—अमृत के समान जल वाली—परम पुण्यमयी 'त्रिपथा'—इस नाम से प्रसिद्ध है । उसके विस्पन्दित जल को ये दिग्गज अपने विशाल करो से शीकरो का मुञ्चन किया करते है जो 'नीहार'—इस नाम से कहा गया है । दक्षिण दिशा मे जो गिरि है वह हेमकूट—इस नाम से कहा गया है ॥२१, २२॥

उदग्हिमवतः शैलस्योत्तरे चैव दक्षिणे ।
पुष्ट्र नाम समाख्यात सम्यग्वृष्टिविवृद्धये ।२३
तस्मिन् प्रवर्तते वर्षं तत्पारसमुद्भवम् ।
ततो हिमवतो वायुर्हिमं तत्र समुद्भवम् ॥२४
आनयत्यात्मवेगेन निक्षयानो महागिरिम् ।
हिमवन्तमतिक्रम्य वृष्टिशेष ततः परम् ॥२५
इभान्येचनन पश्चादिदम्भूतविवृद्धये ।
वपद्वय समाख्यात सम्यग् वृष्टिविवृद्धये ।२६
मेघाश्च प्यायन चैव सर्वमेतन् प्रकीर्त्तितम् ।
सूर्य्य एव तु वृष्टीना स्रष्टा समुपदिश्यते ।२७
वर्षं घर्म हिम रात्रि सन्ध्ये चैव दिनं तथा ।
शुभाशुभफलानीह ध्रुवात् सर्वं प्रवर्त्तते ।२८

हिमवान् पर्वत के उत्तर भाग मे पर्वत के दक्षिण और उत्तर मे भली भाँति वृष्टि की वृद्धि के लिये पुष्ट्र नाम वाला बताया गया है। उसमे पुवार से समुद्भूत वर्षा प्रवृत्त हुआ करती है। इसके उपरान्त वायु हिमवान् से हिम को जो कि वही पर समुद्भव हुआ है अपने वेग से महा गिरि का संक्षय करता हुआ ले आया करता है। हिमवन् का अतिक्रमण करके उसके बाद मे वृष्टिशेष होता है। इसके पश्चात् इभ (गज) के आस्य मे यह भूतो की विवृद्धि के लिये दो वर्ष समाख्यात किये गये हैं जो अच्छी तरह वृष्टि की विवृद्धि के लिये होता है ॥२३, २४, २५॥ ॥२६॥ और मेघ आप्यायन (सतृप्ति) होते हैं जो सर्वत्र प्रकीर्तित है। वृष्टियों का सृजन करने वाले भगवान् सूर्य्य ही समुपदिष्ट हुआ करते हैं। वर्ष-घर्म-हिम-रात्रि-दोनों सन्ध्या काल-दिन-और यहाँ पर शुभ तथा अशुभ फल सब ध्रुव से प्रवृत्त होते हैं ॥२७, २८॥

ध्रुवेणाधिष्ठिताश्चापः सूर्य्यो रश्मिं गृह्य निष्पति ।
सर्वभूतशरीरेषु स्वापो ह्यानुचिन्तयाः ॥२९

दह्यमानेषु तेष्वेह जङ्गमस्थावरेषु च ।
धूमभूतास्तु ता ह्यापो निष्क्रामन्तीह सर्वशः ॥३०
तेन चास्त्राणि जायन्ते स्थानमभ्रमयं स्मृतम् ।
तेजोभि. सर्वलोकेभ्य आदत्ते रश्मिभिर्जलम् ॥३१
समुद्राद्वायुसयोगात् वहन्त्यापो गभस्तयः ।
ततस्त्वृतुवशात्कालेपरिवर्त्तन् दिवाकरः ॥३२
नियच्छत्यापो मेघेभ्यः शुक्ला शुक्लैस्तुरश्मिभिः ।
अभ्रस्था प्रततन्त्यापोवायुनासमुदीरिता. ।।३३
ततो वपति षण्मासान् सर्वभूतविवृद्धये ।
वायुभिस्तनितचैव विद्युतस्त्वग्निजाःस्मृताः ॥३४
मेहनाच्च मिहेर्धातोर्मेघत्व व्यञ्जयन्ति च ।
न भ्रश्यन्ते ततोह्यापस्तस्मादभ्रमयंवैस्थितिः ॥
स्रष्टाऽमो वृष्टिसर्गस्य ध्रुवेणाधिष्ठितो रविः ॥३५

ध्रुव के द्वारा अधिष्ठित जल को सूर्य्य ग्रहण करके स्थित होता है । समस्त भूतो के शरीरो मे जो जल आनुश्चित हैं । उनके जङ्गम और स्थावरो मे दह्यमान् होने पर वह समस्त जल धूममूल अर्थात् धूँआ होकर सब ओर से निकल जाया करते हैं । और उससे अस्त्र उत्पन्न हुआ करते हैं जो कि स्थान अभ्रमय कहा गया है । समस्त लोको मे तेज पूर्ण रश्मियो के द्वारा जल का का आदान किया करता है ॥२६, ३०, ३१॥ गभस्तियाँ समुद्र से वायु के सयोग से जल का वहन करती हैं । इसके अनन्तर ऋतु के वश मे होने के कारण दिवाकर समय पर परिवर्तित होता हुआ मेघो के लिये शुक्ल रश्मियो से शुक्लही जल दिया करता है । मेघ मे स्थित जल नीचे गिरा करते हैं जबकि वे वायु के द्वारा समुदीरित होते हैं । इसके उपरान्त समस्त भूतो की विवृद्धि के लिये छै मास तक वर्षा करता है । वायु के द्वारा स्तनित और अग्नि से समुत्पन्न विद्युत कहे गये हैं । भेदन करने मे "मिहि"—इस धातु से मेघत्व प्रकट किया करते

हैं उनसे जल भ्रंशमान होकर नीचे वही गिरा करते हैं ऐसी ही अभ्रकी स्थिति है। वृष्टि के सर्ग की सृष्टिका करने वाला यह रवि ध्रुव के द्वारा अधिष्ठित है ॥३२, ३३, ३४, ३५॥

ध्रुवेणाधिष्ठितो वायुर्वृष्टिं संहरते पुनः।
ग्रहान्निवृत्या सूर्य्यात्तु चरते ऋक्षमण्डलम् ॥३६
चारस्यान्ते विशत्यर्कं ध्रुवेण समधिष्ठितम्।
अतः सूर्य्यरथस्यापि सन्निवेशं प्रचक्षते ॥३७
स्थितेन त्वेकचक्रेण पञ्चारेण त्रिनाभिना।
हिरण्मयेनाणुना वै अष्टचक्रैकनेमिना ॥३८
शतयोजनसाहस्रो विस्तारायाम उच्यते।
द्विगुणा च रथोपस्थादीषादण्डः प्रमाणतः ॥३९
स तस्य ब्रह्मणा सृष्टो रथाह्यर्थवशेन तु।
असङ्ग काञ्चनो दिव्यो युक्तः पवनरंहसैः ॥४०
च्छन्दोभिर्वाजिरूपैस्तैर्यथाचक्रं समास्थितैः।
वारणस्य रथस्येह लक्षणैः सदृशश्च सः ॥४१
तेनासौचरतिव्योम्निभास्वाननुदिनन्दिवि।
अथाङ्गानितु सूर्य्यस्यप्रत्यङ्गानिरथस्यच ॥
सम्वत्सरस्यावयवैः कल्पितानि यथाक्रमम् ॥४२

ध्रुव से अधिष्ठित वायु पुनः वृष्टि का संहरण किया करता है। सूर्य ग्रह से निवृत्ति प्राप्त कर फिर ऋक्ष मण्डल मे चरण किया करता है। उस चारण के अन्त मे ध्रुव से समधिष्ठित सूर्य्य मे प्रवेश किया करता है। इसलिये सूर्य्य के रथ का भी सन्निवेश बतलाया जाता है। सूर्य के रथ मे एक ही चक्र (पहिया) होता है और उस मे पाँच अरा होते हैं तथा तीन नाभि हुआ करती हैं। यह हिरण्मय अणु और अष्टचक्रैक नेमि वाले चक्र के द्वारा भास्वमान प्रसर्पण करने वाले रथ से सूर्य्य सौ सहस्र योजन के विस्तार से आयाम वाला कहा जाता है। रथोपस्थ से ईषा दण्ड प्रमाण से द्विगुण है। वह

उसका रथ ब्रह्मा के द्वारा अर्थ के वश सृजन किया गया था जो असङ्ग—काञ्चन—दिव्य और पर्वत गामी अश्वों से युक्त था। चक्र के अनुसार समास्थित वाजिरूप छन्दों से संयुत था। वह लक्षणों से वरुण के रथ के ही सदृश था। उसी के द्वारा आकाश मे यह भास्वान् प्रतिदिन दिव में चरण किया करता है। इसके अनन्तर सूर्य्य के अङ्ग और रथ के प्रसङ्ग यथाक्रम सम्वत्सर के अवयवों से कल्पित किये गये हैं ॥३६, ३७, ३८॥ ॥३६, ४०, ४१, ४२॥

अहर्नाभिस्तु सूर्य्यस्य एकचक्रस्य च स्मृत ।
अरात् सम्वत्सरास्तस्य नेम्य: षड् ऋतव: स्मृता ॥४३
रात्रिर्वह्योधर्म्मश्चध्वऊर्ध्वं व्यवस्थित. ।
अक्षकोट्य युगान्यस्यअर्तवाहा.कला स्मृता । ४४
तस्य काष्ठा स्मृता घोणा दन्तवङ्क्ति: क्षणास्तु वै ।
निमेषश्चानुकर्षोऽस्य ईषा चास्य कला स्मृता ॥४५
युगाक्षकोटी ते तस्यअर्थंकामादुभौस्मृतौ ।
सप्ता(मा)श्चरूपाश्छन्दासिवहन्तेवायुरंहसा ॥४६
गायत्री चैव त्रिष्टुप् च जगत्यनुष्टुप् तथैव च ।
पङ्क्तिश्च बृहतीचैव उष्णिगेवतुसप्तम. ॥४७
चक्रमक्षे निबद्धन्तु ध्रुवे चाक्ष. समर्पित: ।
सहचक्रो भ्रमत्यक्ष. सहक्षोभ्रमति ध्रुवम् ॥४८
अक्ष: सहैव चक्रेण भ्रमतेऽसौ ध्रुवेरित. ।
एवमर्थंवशात्तस्य सन्निवेशो रथस्य तु ॥४९

एक चक्र वाले सूर्य्य का दिन नाभि है। उसके अरसे सम्वत्सर हैं और उसकी नेमियाँ छै ऋतुएँ कही गयी हैं ॥४३॥ वरुण रात्रि है और ऊर्ध्व मे व्यवस्थित ध्वज धर्म्म है। इसकी अक्ष कोटियाँ युग हैं और वर्त्तवाह कला कही गयी हैं ॥४४॥ काष्टाएँ उसकी घोणा (नासिका) बतायी गयी है और क्षण दाँतो की पंक्ति है। निमेष इसका अनुकर्ष है

और इसकी ईषा कला कही गयी है ॥४५॥ उसकी वे युगाक्ष कोटी तथा अर्थ और काम बताये गये हैं। सात रूप वाले छन्द वायु के वेग से वहन किया करते हैं। गायत्री-त्रिष्टुप्—जगती—अनुष्टुप्—पंक्ति—बृहती—उष्णिक्—ये सात छन्द हैं। चक्र अक्ष मे निबद्ध है और वह अक्ष ध्रुव मे समर्पित है। चक्र के साथ अक्ष भ्रमण करता है और अक्ष के सहित वह ध्रुव भ्रमा करता है ॥४६, ४७, ४८॥ ध्रुव के द्वारा प्रेरित हुआ अक्ष चक्र के साथ ही घूमा करता है। इस प्रकार का अर्थ वश से रथ का सन्निवेश होता है ॥४९॥

तथा संयोगमार्गेन सिद्धो वै भास्करो रथः ।
तेनाऽसौ तरणिर्मध्ये नभसःसर्पतेदिवम् ॥५०
युगाक्षकोटी ते तस्य दक्षिणे स्यन्दनस्य तु ।
भ्रमतो भ्रमतो रश्मी तौचक्रयुगयोस्तुवै ॥५१
मण्डलानि भ्रमे तेऽस्य रथस्य तु ।
कुलालचक्रभ्रमवन्मण्डल सर्वतादिशम् ॥५२
युगाक्षकोटि ते तस्य वातोर्मीस्यन्दनस्य तु ।
सक्रमे ते ध्रुवमहो मण्डले पर्वतोदिशम् ॥५३
भ्रमतस्तस्यरश्मी ते मण्डले तूत्तरायणे ।
वर्द्धते दक्षिनेष्वत्र भ्रमतो मण्डलानि ॥५४
युगाक्षकोटीसम्बद्धौ द्वे रश्मीस्यन्दनस्य ते ।
ध्रुवेण प्रगृहीतौ तौ रश्मी धारमतारविम् ॥५५
आकृष्यते यदा ते तु ध्रुवेण समधिष्ठिते ।
तदा सोऽभ्यन्तरे सूर्य्यो भ्रमते मण्डलानि तु ॥५६
अशीतिमण्डलशस्त काष्टयोरुभयोश्चरन् ।
ध्रुवेण मुच्यमाने न पुनारश्मियुगेन च ॥५७
तथैव वाह्यतः सूर्य्यो भ्रमते मण्डलानि तु ।
उद्वहत्यन्वहंवेगेन मण्डानि तु ग छति ॥५८

उस प्रकार से संयोग के भाग से यह भगवान् भास्कर का रथ सिद्ध हुआ है। उसी रथ के द्वारा यह सूर्य देव आकाश के मध्य में दिव में प्रसर्पण किया करते हैं ॥५०॥ उसके रथ की वे युगाक्ष कोटी दक्षिण में भ्रमण करती हैं और चक्र युगों की वे दोनों रश्मियाँ प्रभा करती हैं। आकाश में चरण करने वाले इसके रथ के भ्रम में मण्डल हैं। और कुम्हार के चाक की भाँति मण्डल सब दिशाओं में भ्रमता है। उसके रथ की वे युगाक्ष कोटी वनोर्मी हैं। मण्डल में पर्वतों की दिशाओं में वे ध्रुव को संक्रमित किया करती हैं। भ्रमण करतेहुए उसकी रश्मियाँ और वे मण्डल उत्तरायण में वर्द्धित होते हैं। रथ की वे दो रश्मियाँ युगाक्ष कोटियों में सम्बद्ध ध्रुव के द्वारा वे दोनों रश्मियाँ प्रगृहीत हैं जो रवि को धारण करने वाले ध्रुव के द्वारा आकर्षित किया जाता है। जिस समय में वे ध्रुव के साथ समधिष्ठित होते हैं उस समय में वह सूर्य मण्डलों को अभ्यन्तर में भ्रमण किया करता है। दोनों काष्ठाओं में अस्सी मण्डल थल में चरण करता हुआ रहता है। पुनः ध्रुव के द्वारा मुच्यमान् रश्मि युग से चरण करता है। उसी भाँति बहिर्मण में यह सूर्य मण्डलों को भ्रमण किया करता है। वेग के साथ उद्वेष्टन करता हुआ यह मण्डलों को गमन किया करता है ॥ ५१। ५२। ५३। ५४। ५५। ५६। ५७। ५८ ॥

५५—अमावस्या महत्त्व वर्णन

कथं गच्छत्यमावास्यां मासिमासि दिवं नृप।
ऐलः पुरूरवाःसूत ! तर्पयेत कथं पितॄन् ॥
एतमिच्छामहे श्रोतुं प्रभावन्तस्य धीमतः ॥१॥
तस्य चाह प्रवक्ष्यामि प्रभाव विस्तरेण तु।
ऐलस्य दिवि सयोग सोमेन सह धीमता ॥२

सोमाच्चैवामृतप्राप्तिः पितॄणां तर्पणं तथा ।
सोम्या बर्हिषदः काव्या अग्निष्वात्तास्तथैव च ॥२
यदाचन्द्रश्च सूर्य्यश्च नक्षत्राणा समागतौ ।
अमावास्या निवसत एकस्मिन्नथ मण्डले ॥४
तदा स गच्छति द्रष्टु दिवाकरनिशाकरौ ।
अमावास्याममावास्या मातामहपितामहौ ॥५
अभिवाद्य तु तौ तत्र कालापेक्ष स तिष्ठति ।
प्रचस्कन्द ततःसोममर्चयित्वा परिश्रमात् ॥६
ऐल पुरूरवा विद्वान् मासि श्राद्धचिकीर्षया ।
ततः स दिवि सोमर्क्ष ह्य पतस्ते पितृनपि ॥७

ऋषियो ने कहा—हे श्री सूतजी ! पुरुरवा ऐल नृप मास-मास में अर्थात् प्रति मास मे अमावस्या मे दिवलोक मे कैसे जाया करता है और किस प्रकार से पितृगण का तपण करता है ? उस धीमान् के इस प्रभाव के श्रवण करने की हम लोगों की इच्छा है । सूतजी ने कहा—मैं अब उसके प्रभाव को विस्तार के साथ बतलाता हूँ । ऐल का दिवलोक मे धीमान् सोम के साथ सयोग होता है । सोम से ही अमृत की प्राप्ति हुआ करती है तथा पितगण का तर्पण होता है । सोम्य-बर्हिषद्—काव्य और उसी भाँति अग्निष्वात्त हैं ॥ १, २, ३ ॥ जिस समय मे चन्द्र और सूर्य नक्षत्रो मे समागत होते हैं अमावस्या मे एक ही मण्डल मे निवास किया करते हैं ॥ ४ ॥ उस समय मे वह मातामह पितामह दिवाकर निशाकरो को देखने के लिये अमावस्या—अमावस्या मे आया करता है । वहा पर वह उन दोनो का अभिवादन करके काल की अपेक्षा करने वाला स्थित हो जाया करता है । इसके उपरान्त वह बडे ही परिश्रम से सोम का अभ्यर्चन करके पुरुकन्दित होता है । महा विद्वान् पुरुरवा ऐल मास मे श्राद्ध करने की इच्छा से दिवलोक मे सोम का और पितृगण का उपस्थान किया करता है ॥ ५, ६, ७ ॥

द्विलवंकुहुमात्रञ्च तावुभौ तु निधाय सः ।
सिनीवाली प्रमाणाल्पकुहुमात्रव्रतोदये ।।८
कुहूमात्र पितृद्देशं ज्ञात्वा कुहूमुपासते ।
तमुपास्य ततः सोम कलापेक्षी प्रतीक्षते ।।९
स्वधा मृतन्तु सोमाद्वैवसंतेपाञ्च तृप्तये ।
दशभिः पञ्चभिश्चैव स्वधाऽमृतपरिस्रवैः ।।
कृष्णपक्षभुजा प्रीतिर्दुह्यते परमाशुभिः ।।१०।।
सद्योभिरक्षता तेन सौम्येन मधुना च सः ।
निवापेष्वथ दत्तेषु पित्र्येण विधिना तु वै ।.११
स्वधा मृतेन सौम्येन तर्पयामास वै पितॄन् ।
सौम्या वर्हिषदः काव्या अग्निष्वात्तास्तथैव च ।।१२
ऋतुरग्निःस्मृतो विप्रैर्ऋतु सम्वत्सरंविदुः ।
अजिरे ऋतवस्तस्माद्वतभ्यो ह्यार्त्तवाभवन ।।१३
पितरोर्त्तवोर्द्धमासा विज्ञेया ऋतुसूनवः ।
पितामहास्तु ऋतवो ह्यमावास्याब्दसूनवः ।।
प्रपितामहाः स्मृता देवाः पक्ष्वाब्द ब्रह्मणः सुताः ।।१४

द्विलव और कुहू मात्र इन दोनो को वह रखकर सिनीवाली के प्रमाण से अल्प कुहू मात्र के व्रतोदय मे कुहू मात्र को पितृगण का उद्देश जानकर कुहू की ही उपासना किया करता है । उसकी उपासना करके इसके उपरान्त वह कलापेक्षी सोम की प्रतीक्षा किया करता है ।। ८, ९।। वहाँ वास करता हुआ उनकी तृप्ति के लिये सोम से स्वधामृत ग्रहण करता है । दश और पाँच अर्थात् पन्द्रह स्वधामृत परिस्तवो से कृष्णपक्ष मे भोग करने वालों की प्रीति होती है जो परमाशुओ के द्वारा दोहित की जाती है ।। १० ।। तुरन्त अभिसरण करने वाले उस सोम्य मधु से यह पितृगण के लिये बताई हुई विधि से निवापो के देने पर सोम्य सुधामृत से पितृगण का तपण किया करता था जो कि सोम्य—वर्हिषद् ।

काव्य और उसी भाँति अग्निष्वात्त हैं ॥ ११, १२ ॥ अग्नि ऋतु कहा गया है और दिशाओं के द्वारा ऋतु को सम्वत्सर कहा जाता है। ऋतुएँ उसमें समुत्पन्न हुए और ऋतुओं से आत्तंव हुए थे ॥ १३ ॥ ऋतुओं के सूनु पितर अर्द्धद्वादश मास जानने चाहिए। पितामह ऋतुएँ हैं जो अमावस्याद्य के सूनु हैं। अग्निष्वात्त देव कहे गये गये हैं। पञ्चाब्द ब्रह्माजी के पुत्र हैं ॥ १४ ॥

सोम्यावर्हिषदः काव्या अग्निष्वात्ताइतित्रिधा ।
गृहस्थायेतु यज्वानो हविर्यज्ञार्त्विाश्चये ॥
स्मृता बर्हिषदस्त वै पुराणे निश्चय गताः ॥१५॥
गृहमेधिनश्च यज्वानो अग्निष्वात्तार्त्तवा स्मृताः ।
कष्टका पतयः काव्याः पञ्चाब्दास्तु निबोधत ॥१६
तेषुम्वत्सरोत्र्यनूर्य्यस्तु परिवत्सरः ।
साम्मिद्वत्सरश्चैववायुरेवानुवानुवत्सरः ॥१७
रुद्रस्तुवत्सरस्तपा पञ्चाब्दाये युगात्मकाः ।
कालेनाधिष्ठितास्तेषु चन्द्रमा स्रवते सुधाम् ॥१८
एते स्मृता देवकृत्या, सोमपाश्चाप्यपा य ।
तास्तेन तपयामास यावदासीत्पुरूरवाः ॥१६
यस्माप्रत्यूषतेसामो मासिमासिविशेषतः ।
तत स्वधामृततद्वै पितृणा सोमपायिनाम् ॥
एतत्तदमृत सोममवाप मधु चैव हि ॥२०॥
ततः पीतमुद्य सोम सूर्योऽसावेकरात्मना ।
आप्यायते सुपुम्णेन सोमन्तु सामपायिनम् ॥२१

वे सोम्य—बर्हिषद काव्य और अग्निष्वात्त इस तरह से तीन प्रकार के है। जो गृह य यज्वा हैं और जो हविर्यज्ञ सँय हैं वे पुराण में निश्चय को प्राप्त हुए बर्हिषद कहे गये हैं ॥ १५ ॥ गृहमेधी यज्वा अग्निष्वात्तार्त्तव कहे गये है। अष्टका पति काव्य हैं। अब पञ्चाब्दों के विषय

मे समझ लो ॥ १६ ॥ उनमें सम्वत्सर अग्नि हैं और सूर्य्य परिवत्सर है। सोम इद्वत्सर है और वायु अनुवत्सर है उनका उद्वत्सर है। ये पञ्चाब्द युगात्मक हैं। काल से अधिष्ठित हुआ चन्द्रमा उनमे सुधा का स्रवण किया करता है ॥ १७, १८ ॥ ये इतने देवकृत्य बताये गये हैं। सोमप और उष्मप जो हैं उनको उसी से पुरुरवा जब तक रहता है तृप्त किया करता है। क्यों के सोम मास-मास मे विशेष रूप से प्रसव किया करता है। वह स्वधामृत सोमपायी पितृगणों के लिए है। यह सोम अमृत और मधु को प्राप्त करता है ॥ १९, २० ॥ इसके अनन्तर सुधा का पान किये हुए सोम को यह सूर्य एक रश्मि के द्वारा सोमपायी सोम को सुषुम्णा से आप्यायित किया करता है ॥२१ ।

निःशेषावैकलाःपूर्वायुगपद्व्यापयन्पुरा ।
सुषुम्णाप्यायमानस्य भागं भागमहःक्रमात् ॥२२
कला. क्षीयन्ति कृष्णास्ताः शुक्ला ह्याप्याययन्ति च ।
एवं सा सूर्यवीर्येण चन्द्रस्याप्यायिता तनुः ॥२३
पौर्णमास्यां सदृश्येत शुक्ल सम्पूर्णमण्डलः ।
एवमाप्यायितः सोमः शुक्लपक्षेप्यह क्रमात् ॥
देवैः पीतसुधः सोम पुरापश्चात्तिवेद्रविः ॥२४
पीत पञ्चदशाहन्तु रश्मिनैकेनभास्करः ।
आप्याय यत् सुषुम्णेन भाग भागमहः क्रमात् ॥२५
सुषुम्णाप्यायमानस्य शुक्लावर्द्धन्तिवैकलाः ।
तस्माद्ध्रसन्तिवकृष्णाःशुक्लाप्याययन्तिच ॥२६
एवमाप्यायते सोम. क्षीयते च पुनः पुनः ।
समृद्धिरेवं सोमस्य पक्षयोः शुक्लकृष्णयो ॥२७
इत्येष पितृमान् सोमः स्मृतस्तद्वत् सुधात्मकः ।
कान्तःपञ्चदशैः सार्द्धं सुधामृतपरिस्रवैः ॥२८

पहिले सम्पूर्ण पूर्व कला एक ही साथ व्यापित हुई थी। सुषुम्णा के द्वारा अध्याय मान का दिन के क्रम से भाग-भाग हो गये। वे कृष्ण कलाएँ क्षीण हुआ करती हैं। और शुक्लपक्ष की कलाएँ आप्यायन किया करती हैं। इस प्रकार से सूर्य के ही वीर्य से चन्द्रमा का तनु आप्यायिता है॥ २२, २३॥ शुक्लपक्ष का सम्पूर्ण मण्डल पूर्णमासी मे दिखलाई दिया करता है। इस प्रकार से ही दिनों के क्रम से शुक्लपक्ष में सोम आप्यायिता होता है। देवों के द्वारा जिसकी सुधा का पान कर लिया गया है उन सोम के पहिले और पीछे रवि पान किया करता है॥२४॥ भास्कर एक रश्मि के द्वारा पन्द्रह दिन तक पीत को अहक्रम से भाग-भाग करके सुषुम्ण' के द्वारा आप्यायन किया करता है। सुषुम्णा के द्वारा आप्यायमान की शुक्ल कलाऐं बढ़ा करती हैं। इस कारण से कृष्णपक्ष की कलाओं का ह्रास होता है और शुक्ल कलाऐं आप्यायन किया करती हैं॥ २५, २६॥ इसी भाँति यह सोम पुनः पुनः आप्यायित होता है और क्षीण हुआ करता है। इस तथा कृष्णपक्षों में इसी प्रकार से सोम की समृद्धि एवं क्षय हुआ करता है॥ २७॥ इस रीति से यह पितृमान् सोम बताया गया है औ उसी प्रकार से यह सुधात्मक है। सुधामृत परिस्रवों के द्वारा पञ्चदश हैं उसके साथ ही यह कान्त है॥ २८॥

अतः परं प्रवक्ष्यामि पर्वाणा सन्धयश्च याः।
यथा ग्रथ्नन्ति पर्वाणिआदित्यादिक्षुवेगुदत्॥२९
तथाब्दमासाः पक्षाश्च सुक्ला. कृष्णास्तु वै स्मृता.।
पौर्णमास्यास्तु यो भेदो ग्रन्थयः सन्धयस्तथा॥३०
अर्द्धमासस्य पर्वाणि द्वितीयाप्रभृतीनि च।
अन्याधानक्रिया यस्माद्योयन्ते पर्वसन्धिषु॥३१
तस्मात्तु पर्वयोह्यादौ प्रातपद्यादिसन्धिषु।
सायाह्न अमावस्याश्च दौलदो कालउच्यते॥

लवौ द्वावेव राकायाः कालो ज्ञेयोऽपराह्णिकः ।।३२।।
प्रकृतिः कृष्णपक्षस्य कालेऽतीतेऽपराह्णिके ।
सायाह्ने प्रतिपद्येष स कालः पौर्णमासिकः ।।३३
व्यतीपाते स्थिते सूर्ये लेखादूर्ध्वं युगान्तरम् ।
युगान्तरोदिते चौवचन्द्रे लेखोपरिस्थिते ।।३४
पूर्णमासव्यतीपातौ यदा पश्येत्परस्परम् ।
तौ तु वैप्रतिपद्यावत्तस्मिन्काले व्यवस्थितौ ।।३५
तत्काल सूर्यमुद्दिश्य दृष्ट्वा संख्यातुमर्हसि ।
सैव सत्क्रियाकाल षष्ठ कालोऽभिधीयते ।।३६

इसके आगे जो पर्वों की सन्धियां होती हैं उनके विषय मे वर्णन करते हैं। जिस प्रकार से आवृत्त से ईख के वांस की तरह पर्व ग्रथित हुआ करते हैं। तथा अब्द—मास—पक्ष शुक्ल और कृष्ण कहे गये हैं पौर्णमासी का जो भेद होता है वे ग्रन्थियां और सन्धियां हैं ।। २६, ३० ।। अर्ध मास के द्वितीया प्रभृति जो तिथियां हैं। ये ही पर्व हैं जिससे पर्व सन्धियो मे अन्याधान क्रिया प्राप्त की जाया करती हैं उससे प्रतिपदा आदि सन्धियो मे पर्व के आदि मे होता है। सायाह्न मे और अनुमति का दो लव काल कहा जाया करता है। दो लव ही राका का अपराह्न काल जानना चाहिए ।। ३१, ३२ ।। अपराह्निक काल के अतीत हो जाने पर कृष्ण पक्ष की प्रकृति है। सायाह्न मे प्रतिपदा मे वह यह काल पौर्णमासिक होता है ।। ३३ ।। व्यतीपात मे सूर्य के स्थित होने पर लेख से ऊर्ध्व मे युगान्तर होता है। लेखा के ऊपर में स्थित चन्द्रमा के युगान्तर मे उदित होने पर पूर्णमास और व्यतीपात जिस समय में परस्पर मे देखते हैं। वे दोनो जब तक प्रतिपत् हैं उस काल मे व्यवस्थित होते हैं। वह काल सूर्य का उद्देश करके देखकर सख्या करने के योग्य होता है और यह ही सांख्या का काल है जो कि षष्ठ काल कहा जाता है ।।३४ । ३५ । ३६ ।।

पूर्णेन्दुः पूर्णपक्षे तु रात्रिसन्धिषु पूर्णिमा ।
तस्मादाप्यायते नक्तं पौर्णमास्यां निशाकरः ॥३७
यदान्योन्यवती याते पूर्णिमा प्रेक्षते दिवा ।
चन्द्रादित्योऽपराह्णे तु पूर्णत्वात् पूर्णिमा स्मृता ॥३८
यस्मात्तामनुमन्यन्ते पितरो देवतैः सह ।
तस्मादनुमतिर्नाम पूर्णत्वात् पूर्णिमा स्मृता ॥३९
अत्यर्थं राजते यस्मात् पौर्णमास्यां निशाकरः ।
रञ्जनाच्चैव चन्द्रस्य राकेति कवयो विदुः ॥४०
अमावसेतामृक्षे तु यदा चन्द्रदिवाकरौ ।
एका पञ्चदशी रात्रिरमावस्या ततः स्मृता ॥४१
उद्दिश्य तामावास्या यदा दर्शं समागतौ ।
अन्योऽन्य चन्द्रसूर्य्यौ तु दर्शनाद्दर्श उच्यते ॥४२

पूर्ण पक्ष मे पूर्ण इन्दु होता है और रात्रि सन्धियो मे पूर्णिमा होती है । इसी से पूर्णमासी मे रात्रि मे निशाकर आप्यायन प्राप्त किया करता है ॥ ३७ ॥ जब अन्योन्यवती पूर्णिमा'कार क्षण करके दिव प्रेक्षण करता है और अपराह्न मे चन्द्र और आदित्य होते हैं तब पूर्णत्व होने से पूर्णिमा कही गयी है ॥ ३८ ॥ क्योकि पितृगण देवताओ के साथ उसको मानते हैं इसी कारण से उसका अनुमन्य मान होने से अनुमति यह नाम हुआ है और पूर्णत्व होने से पूर्णिमा है ॥ ३९ ॥ पौर्णमासी मे निशा कर बहुत ही अधिक दीप्तिमान् होता है यही कारण है कि चन्द्रमा के रञ्जन होने ही से कविगण उसको राका कहते हैं ॥ ४० ॥ जिस समय मे चन्द्रमा और दिवाकर दोनो ऋक्ष मे अमावसित होते हैं वह एक ही पञ्चदशी रात्रि होती है जिसको अमावस्या की रात्रि कहा गया है ॥४१॥ उस अमावस्या का उद्देश करके जब दर्शक समागत होते हैं और चन्द्र तथा सूर्य अन्योन्य को मिलते हैं तो दर्शन होने के कारण से ही उनका दर्श यह नाम कहा जाता है ॥४२॥

द्वौ द्वौ लवौवमावास्यां स कालः पर्वसन्धिषु ।
द्व्यक्षरः कुहूमात्रश्च पर्वकालस्तु स स्मृतः ॥४३
दृष्टचन्द्रा त्वमावास्या मध्याह्नप्रभृतोहि वै ।
दिवा तदूर्द्ध्वं रात्र्यान्तु सूर्ये प्राप्ते तुचन्द्रमाः ॥४४
सूर्येण सहसोद्गच्छेत्तत. प्रातस्तनात्तु वै ॥४५
समागम्य लवौ द्वौ तु मध्याह्नान्निपतन्रविः ।
प्रतिपच्छुक्लपक्षस्य चन्द्रमा सूर्य्यमण्डलात् ॥४६
निर्मथ्यमानयामध्येतंयोमंण्डलयोस्तु व ।
स तदाऽऽहुते. कालोदर्शस्यच वषट्क्रियाः ॥
एतदृतुमुखं ज्ञेयममावास्यान्तु पार्वणम् ॥४७
दिवा पव त्वमावास्यां क्षीणेन्दौ धवले तु वै ।
तस्माद्दिवा त्वमावास्या गृह्यते यो दिवाकरः ॥४८
कुहेति कोकिलेनोक्तं यस्मात् कालात् समाप्यते ।
तत्कालसञ्ज्ञिता ह्येषा अमावास्या कुहूः स्मृता ॥४९

दो—दो लव अमावस्या मे हैं वह काल पर्व सन्धियो मे द्वयक्षर और कुहू मात्र हैं। वह पर्वकाल कहा गया है ॥ ४३ ॥ जिसमे चन्द्रमा दिखलाई दिया गया हो वह अमावस्या यहाँ पर मध्याह्न प्रभृति है दिवा है उस से ऊर्ध्व मे रात्रि मे सूर्य के प्राप्त होने पर चन्द्रमा सूर्य के साथ सहसा उदित होवे उसके पश्चात् प्रातःकालीन होता है ॥ ४४, ४५ ॥ दोलवो का समागम करके मध्याह्न से रवि निपतित हो रहा हो और सूर्य मण्डल से चन्द्रमा दिखलाई देवे तब शुक्ल पक्ष की प्रतिपत् होती है। निर्मथ्यमान उन दोनो मन्डलो के मध्य मे वह काल जो होता है आहुति काल है और दर्शको वषट् क्रिया का है। अमावस्या मे यह ऋतु-मुख पार्वण जानना चाहिये ॥ ४६, ४७ ॥ धवल क्षीण इन्दु के होन पर अमावस्या मे दिवा पर्व होता है। इसी से अमावस्या मे जो दिवाकर ग्रहण किया जाता है ॥ ४८ ॥ कुहु—रति कोकिल के द्वारा कहा गया

जिस काल से समाप्त किया जाता है उसी काल से संज्ञा वाली यह अमावस्या कुहू-इस नाम से कही गयी है ॥४६॥

सिनीवालीप्रमाणन्तु क्षीणशेषो निशाकरः ।
अमावास्या विशत्यर्कं सिनीवाली तदा स्मृता । ५०
अनुमतिश्च राका च सिनीवाली कुहूस्तथा ।
एतासां द्विलव. कालः कुहूमात्रा कुहू. स्मृताः ॥५१
इत्येष पक्षसन्धीना कालोवैद्विलव स्मृतः ।
पर्वणान्तुल्यकालस्तु तुल्याहुतिवषट्क्रियाः ॥५२
चन्द्रसूर्य्यव्यतीपाते समे वै पूर्णिमे उभे ।
प्रतिपत्प्रतिपन्नस्तु पर्वकालो द्विमात्रक ॥५३
काल कुहू सनीवाल्योः समुद्धो द्विलवः स्मृत. ।
अर्कनिर्मण्डले सोमे पर्वकाल कला. स्मृताः ॥५४
यस्मादपूर्यते सोम. पञ्चदश्यान्तु पूर्णिमा ।
दशभि पञ्चभिश्चैव कलाभिर्दिवसक्रमात् ॥५५
तस्मात् पञ्चदशे सोमे कला वै नास्ति षोडशी ।
तस्मात् सोमस्य विप्रोक्तः पञ्चदश्या मया क्षयः ॥५६

सिनी वाली का प्रमाण तो यही है कि निशाकर क्षीण शेष होता है और अमावस्या अर्क में प्रवेश किया करती है उस समय में यह सिनी वाली कही गयी है ॥ ५० ॥ अनुमति राका—सिनी वाली तथा कुहू इन सबका द्विलव काल होता है । कुहू कही गई है ॥ ५१ ॥ पर्व सन्धियों का यह काल हो सब कहा गया है । पर्वों का तुल्य काल तुल्य आहुति वषट् क्रिया वाला है । चन्द्र सूर्य के व्यतीपात में दोनों पूर्णिमाऐं समान हैं प्रतिपदा से प्रतिपन्न द्विमात्रक पर्वकाल हुआ करता है ॥ ५२, ५३ ॥ कुहू और सिनी वाली दोनों का समुद्धकाल द्विलव कहा गया है । अर्क निर्मण्डल सोम में पर्व काल कला कही गयी है ॥ ५४ ॥ क्योंकि सोम पञ्चदशी में पूरित नहीं होता है । पूर्णिमा पाँच और दश कला आ ।

दिवसो के क्रम से होती है। इसी से पञ्चदश सोम मे षोडशी कला नही है। इससे हे विप्र! मैंने सोम का पञ्चादशी मे क्षय कहा है ॥ ५५, ५६ ॥

इत्येते पितरोदेवाः सामपाः सोमवर्द्धनाः।
आर्त्तवा ऋतवोऽभ्याब्दा देवास्तान् भावयन्ति हि। ५७
अतः परं प्रवक्ष्यामि पितॄन् श्राद्धभुजस्तु ये।
तेषां गतिञ्चसत्तत्त्वप्राप्तिश्राद्धस्यचैव हि ॥५८
न मृतानाङ्गतिः शक्या ज्ञातु वा पुनरागतिः।
तपसा हि प्रसिद्धेन किं पुनर्मां सचक्षुषा ॥५९
अत्र देवान् पितॄश्चैते पितरो लौकिकाः स्मृताः।
तेषान्ते धर्म्मसामर्थ्यात् स्मृताः सायुज्यगा द्विज.॥ ६०
यदि वाश्रमधर्मेण प्रज्ञानेषु व्यवस्थितान्।
अन्येचात्र प्रसोदन्ति श्राद्धयुक्तेषु कर्म्मसु ॥६१
ब्रह्मचर्येण तपसा यज्ञेन प्रजया भुवि।
श्राद्धेन विद्यया चैव चान्नदानेन सप्तधा ॥६२
कर्म्मस्वेतेषु ये सक्तावर्त्तन्त्या देहपातनात्।
देवैस्ते पितृभिः सार्द्धं मूष्म.सोमपंस्तथा ॥
स्वर्गता दिवि मोदन्ते पितृमन्त उपासते ॥६३॥

ये इतने पितरदेव—सोमप—सोमवर्द्धन आर्त्तव—ऋतव हैं। इसके अनन्तर अब्ददेव उनको भावित किया करते हैं ॥ ५७ ॥ इसके आगे जो श्राद्धभोगी पितर हैं उनको बतलाता हूँ। उनकी गति-सत्तत्व और श्राद्ध की प्राप्ति के विषय मे कहता हूँ ॥ ५८ ॥ जो मृत हो जाते है। उनकी गति तथा पुनरागति जानी नही जा सकती है। यह यह प्रसिद्ध तप के द्वारा भी तब नही जानी जाती है तो मेरी तो बात ही क्या जो चक्षु से युक्त है ॥ ५९ ॥ यहाँ पर देवो को पितरो को बताया गया है। ये पितर लौकिक कहे गये हैं। उनमें वे धर्म की सामर्थ्य

से द्विजो के द्वारा सायुज्य मे गमन करने वाले बताये गये हैं ॥ ६० ॥ यदि वा आश्रम धर्म्म से प्रज्ञानो मे व्यवस्थितो को कहा गया है और यहाँ पर अन्य श्राद्ध युक्त कर्म्मों मे प्रसन्न हुआ करते हैं। ब्रह्मचर्य—तपस्या—यज्ञ—भूलोक मे प्रजा—श्राद्ध—विद्या और अन्न ये सात प्रकार है। इन कर्मों मे जो सक्त है और देह का पातन जब तक होता है तब तक रहा करते हैं वे देवो—पितृगणो के साथ तथा सोमप और ऊष्मपो के साथ स्वर्गलोक मे गये हुए दिविलोक मे आनन्द की प्राप्ति किया करते हैं और पितृमन्त उपासना किया करते हैं ॥ ६१ ॥ ६२ । ६३ ॥

प्रजावता प्रसिद्धं पा उक्ताश्राद्धकृताञ्च वै ।
तेषा निवापे दत्तं हि तत् कुलीनैस्तु बान्धवैः ॥६४
मासश्राद्धं हि भुञ्जानास्तेऽप्येते सोमलौकिका. ।
एत मनुष्या पितरो मासश्राद्धभुजस्तु वै ॥६५
तेभ्योऽपरे तु येत्वन्ये सङ्कीर्णाःकर्मयोनिषु ।
भ्रष्टाश्चाश्रमधर्मेपुस्वधास्वाहाविवर्जिताः ॥६६
भिन्ने देहे दुरापन्नाः प्रेतभूता यमक्षये ।
स्वकर्मण्यनुशोचन्तो यातनास्थानमागताः ॥६७
दीर्घशिनीवातिशुष्काश्च श्मश्रुलाश्च विवाससः ।
क्षुत्पिपासाभिभूतास्ते विद्रवन्ति त्वितस्ततः ॥६८
सरित्सरस्तडागानि पुष्करिण्यश्चसर्वशः ।
परान्नान्यभिकाङ्क्षन्त काल्यमानाइतस्तत. ॥६९
स्थानेषु पात्यमाना ये यातनास्थेषु तेषु वै ।
शाल्मल्या वैतरिण्याञ्चकुम्भीपाकेऽवालुके ॥७०

जो प्रजा वाले लोग हैं उनके यहाँ यह प्रसिद्ध है और जो श्राद्ध करने वाले हैं उनके यहाँ यह कहा गया है। उनके कुल मे होने वाले बान्धवो के द्वारा निवाप मे दिया हुआ श्राद्ध अर्थात् मास श्राद्ध का भोग

करने वाले हैं वे भी ये सोम लौकिक हैं। ये मनुष्य पितर हैं जो कि मास श्राद्ध का भोजन करने वाले हैं।। ६४, ६५ ।। उनसे दूसरे जो अन्य हैं जो कर्म्म योनियो मे सङ्कीर्ण हैं वे आश्रम धर्म्मों मे महान् परिभ्रष्ट है और स्वाहा तथा स्वधा—इन दोनो से विवर्जित हैं। भिन्न देह मे दुर्लभ—प्रेतभूत और यमक्षय मे अपने कृत कर्म्मो की चिन्ता करते हुए किये हुए कर्मों का दन्ड भोगने का जो स्थान था उस पर लाये गये हैं ।।६६, ६७।। दीर्घ-अत्यन्त शुष्क—दाढी मूँछो वाले—वस्त्रो से रहित—भूख और प्यास से सताये हुए वहाँ पर इधर-उधर भागे २ फिरते हैं ॥ ६८ ।। जल के प्राप्त करने के लिये किसी सरिता – सरोवर—तडाग और पुष्करिणियों की सब ओर खोज करते हुए दौड़ लगाते फिरा करते हैं। इधर-उधर कात्यमान होते हुए परान्न की इच्छा रखते हुए रहा करते हैं किन्तु ये उन यातनायें भोगने के स्थानो मे बरबश पटक दिये जाया करते हैं—नारकीय यातना भोगने के नाम ये हैं—शामली—वैतरिणी—कुम्भीपाक—इद्धवालुक आदि हैं।।६९, ७०।।

असिपत्रवनेष्वेवयात्यमाना स्वकर्मभिः ।
तत्रस्थानान्त् तेषा वै दु.खितानामशायिनाम् । ७१
तपा लोकान्तरस्थाना वान्धवैर्नामगोत्रतः ।
भूमावसर्व्यं दर्भेषु दत्ताः पिण्डास्त्रयस्तु वै ॥७२
प्राप्तास्तु तर्पयन्त्येव प्रेतस्थानेष्वधिष्ठितान् ।
अप्राप्ता यातनास्थानप्रभ्रष्टा ये च पञ्चधा ।।७३
पश्चाद्ये स्थावरान्ते वै भूतानीक स्वकर्मभिः ।
नानारूपासु जातीनां तिर्यग्योनिषुमूर्त्तिषु ।।७४
यदाहारा भवन्त्येते तासु तास्विह योनिषु ।
तस्मिंस्तस्मिंस्तदाहारेश्राद्ध दत्तन्तु प्रीणयेत् ।।७५
काले न्यायागतम्पात्रे विधिना प्रतिपादितम् ।
प्राप्नुवन्त्यन्नमादत्तं यत्र यत्रावतिष्ठति ।।

यथा गोषु प्रनष्टासु वत्सो विन्दति मातरम् ।
तथा श्राद्धेषु दृष्टान्तो मन्त्रः प्रापयते तु तम् ॥७६
एष ह्यविकलः श्राद्धः श्राद्धादत्तं मनुरब्रवीत् ।
सनत्कुमारः प्रोवाच पश्यन् दिव्येन चक्षुषा ॥७७

अपने ही कृत कर्मों के द्वारा नारकीय मानव असिपत्रवन नाम वाले नरक मे डाल दिये जाते हैं जहाँ पर चरो ओर बरछी और तलवारें लगी रहा करती हैं। वहाँ पर जो स्थित रहते हैं वे अत्यधिक दुःखित रहा करते है और उन्हे शयन करने तक का कोई वहाँ स्थान नही होता हैं। ऐसे अन्य लोको मे स्थित उनके बान्धवो के द्वारा जो नाम और गोत्र का उच्चारण करके अपसव्य हो भूमि मे दर्भों पर तीन पिण्ड दिये गये हैं ॥७१, ७२॥ प्रेत स्थानो म अधिष्ठितो को प्राप्त हुए उनको ये पिण्ड तृप्त किया करते हैं। जो यातना के स्थान मे अवस्थान हैं वे प्रभ्रष्ठ होकर पाँच प्रकार से विभक्त होते हैं। पीछे जो अपने कर्मों के द्वारा स्थावरान्त मे भूत है ये तिर्यक योनि वाली मूर्तियो मे तथा जातियो के नाना रूपो मे जब आहार होते हैं तो उन उन योनियो मे उस-उस आहार मे दिया हुआ श्राद्ध उनको प्रसन्न एव तृप्त किया करता है। समय पर न्याय पूर्वक पात्र मे विधि के सहित प्रतिपादित एव आदत्त अन्न को जहा-जहा पर अवस्थित होता है प्राप्त किया करते हैं ॥७३, ७४, ७५॥ जिस प्रकार से गौओं के प्रनष्ट होने पर वत्स माता को प्राप्त किया करता है उसी प्रकार से श्राद्धो मे यह दृष्टान्त है कि मन्त्र उसको प्राप्त कराया करता है ॥७६॥ इस प्रकार से श्रद्धा से दिया हुआ अविकल श्राद्ध है— ऐसा ही मनु ने कहा है। अपने दिव्य नेत्रो के द्वारा देखकर भगवान् सनत्कुमार ने कहा है ॥७७॥

गतागतञ्च प्रेतानां प्राप्तिं श्राद्धस्य चैव हि ।
कृष्णपक्षस्त्वहस्तेषां शुक्लः स्वप्नाय शर्वरी ॥७८
इत्येते पितरो देवा देवाश्च पितरश्च ये ।

अन्योन्यपितरो ह्येते देवाश्च पितरो दिवि ॥७९
एते तु पितरो देवा मनुष्याः पितरश्च ये ।
पिता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः ॥८०
इत्येष विषयः प्रोक्तः पितृणां सोमपायिनाम् ।
एतत् पितृमहत्त्वं हि पुराणेनिश्चयंगतम् ॥८१
इत्येष सोमसूर्य्याभ्यामैलस्य च समागमः ।
अवाप्ति श्रद्धयाचैवं पितृणाञ्चैवतर्पणम् ॥८२
पर्वणाञ्चैव यः कालो यातनास्थानमेव च ।
समासात् कीर्तितस्तुभ्यं समएष सनातनः ॥८३
वैरूप्यं येन तत्सर्वं कथितन्त्वेकदेशिकम् ।
अशक्यं परिसंख्यातुं श्रद्धेय भूतिमिच्छता ॥८४
स्वायम्भुवस्य देवस्य एष सर्गो मयेरितः ।
विस्तरेणानुपूर्व्याच्च भूयः किं कथयामि वः ॥८५

प्रेतो के गतागत का ज्ञाता और श्राद्ध की प्राप्ति इसके लिये कृष्ण पक्ष के ही दिन हैं और जो शुक्ल पक्ष होता है वह तो उनके शयन के लिये रात्रि होती है ॥७८॥ ये इतने पितर देव हैं—देव पितर हैं। ये अन्योन्य में पितर है और दिवलोक में देव पितर हैं ॥७९॥ ये पितर देव हैं और जो देव पितर हैं तथा मनुष्य पितर हैं एव पिता—पितामह और प्रपितामह हैं ॥८०॥ यह इतना सोमपायी पितृगणों का विषय बतला दिया गया है। यह पितृगण का महत्त्व पुराण मे निश्चय को प्राप्त हुआ है ॥८१॥ यह सोम और सूर्य्यों का तर्पण तथा पर्वों का काल और यातना भोगने का स्थान यह सभी संक्षेप के साथ तुम्हारे सामने वर्णित कर दिया है। यह सम और सनातन है। जिसके द्वारा वैरूप्य होता है वह सभी एक देशिक कह दिया गया है। इसको परिसख्या नही की जा सकती है। जो भूति की इच्छा करने वाला है उसे श्रद्धा करनी चाहिये। ॥८२, ८३, ८४॥ स्वायम्भुव देव का यह सर्ग विस्तार के साथ और

आनुपूर्वी के सहित मैंने आपको सब बतला दिया है। अब आगे आप लोगों को मैं क्या बतलाऊं—यह कहिए ॥८५॥

---

५६ —चतुर्युग मान वर्णन

चतुर्युगानि यानि स्युः पूर्वे स्वायम्भवेऽन्तरे।
एषा निसर्ग संख्याञ्च श्रोतुमिच्छाम विस्तरात् ॥१
एतच्चतुर्युगं त्वेव तद्वक्ष्यामि निबोधत।
तत्प्रमाणं प्रमाणाय विस्तराच्चैव कृत्स्नशः ॥२
लौकिकेन प्रमाणेन निष्पाद्याब्दन्तु मानुषम्।
तेनापेह प्रसंख्यायवक्ष्यामि तु चतुर्युगम्। ३
काष्ठा निमेषा दश पञ्च चैव त्रिंशच्च काष्ठाङ्गयेत् कला तु।
त्रिंशत्कलाश्चैव भवेन् मुहूर्तस्तैस्त्रिंशता राज्यहनी समेते ॥ ४ ॥
अहोरात्रं विभजते सूर्यो मानुषलौकिके।
रात्रि स्वप्नाय भूतानाञ्चेष्टायै कर्म्मणामहः ॥५
पित्र्ये राज्यहनी मासः प्रविभागस्तयो पुनः
कृष्णपक्षस्त्वहस्तेषा शुक्ल स्वप्नाय शर्वरी ॥६
त्रिंशद्वे मानुषा मासा पैत्रो मास स उच्यते।
शतानि त्रीणि मासाना षष्ट्या चाप्यधिकानि तु।
पैत्र सवत्सरो ह्येष मानुषेण विभाज्यते ॥७॥

ऋषियों ने कहा—पूर्व स्वायम्भुव अन्तर मे जो चतुर्युग हैं। अब हम लोग उनका निसर्ग और उनकी संख्या कान द्वारा श्रवण करना चाहते हैं और पूर्ण विस्तार के साथ उसे सुनना चाहते हैं ॥१॥ श्री सूतजी ने कहा—यह जो चारो युगो की चौकड़ी जिस प्रकार से है उसको मैं बतलाता हू उसे भली भाँति समझलो। उनका जो प्रमाण होता है उसको

प्रसंख्यात करके पूर्ण रूप से विस्तार के सहित मैं बतला रहा हूं ॥२॥ लौकिक प्रमाण के द्वारा मानुष वर्ष का निष्पादन करके उसी के द्वारा यहां पर प्रसंख्यात करके मैं चारों युगों का वर्णन करूंगा ॥३॥ पन्द्रह निमेष की काष्ठा होती है और तीस काष्ठाओं की एक कला गिनी जाती है। तीस कलाओं का एक मुहूर्त होता है और तीस मुहूर्तों का एक अहोरात्र हुआ करता है ॥४॥ सूर्य्य मानुष लौकिक अहोरात्र में विभक्त होता है। रात्रि का समय प्राणियों के शयन कर निद्रा लेने का होता है और दिन विविध भांति के कर्म्मों की चेष्टा करने के लिये हुआ करता है ॥५॥ पितृगण का मास रात्रि और दिन हुआ करता है उन दोनों का प्रतिभाग इसी भांति हुआ करता है कि उनका कृष्ण पक्ष मास का दिन हुआ करता है और जो मास का शुक्ल पक्ष होता है वही उनकी स्वप्न के लिये होती है ॥६॥ जो ये तीस मानुष मास हैं वह पैत्र मास कहा जाया करता है। तीन सौ साठ मासों का पैत्र सम्वत्सर होता है जो मानुष के द्वारा विगणित हुआ करता है ॥७॥

मानुषेणैव मानेन वर्षाणां यच्छतं भवेत् ।
पितॄणां तानि वर्षाणि सङ्ख्यातानि तु त्रीणि वै ।
दश च ह्यधिका मासा. पितृसङ्ख्येह कीर्तिता: ॥८
लौकिकेन प्रमाणेन अब्दो यो मानुष: स्मृत. ।
एतद्दिव्यमहोरात्रमित्येषा वैदिकी श्रुति ॥९
दिव्ये रात्र्यहनी वर्ष प्रविभागस्तयोः पुनः ।
अहस्तु यदुदक् चैव रात्रिर्या दक्षिणायनम् ॥ ॥
एते रात्र्यहनी दिव्ये प्रसङ्ख्याते तयोः पुनः ॥१०॥
त्रिंशद्यानि तु वर्षाणि दिव्यो मासस्तु स स्मृतः ।
मानुषाणां शतं यच्च दिव्या मासास्त्रयस्त्यतु ॥
तथैव सह सङ्ख्यातो दिव्य एष विधिः स्मृतः ॥११
त्रीणि वर्षशतान्येवं षष्टिवर्षस्तथैव च ।

दिव्यः सम्वत्सरोह्येष मानुषेण प्रकीर्तितः ॥१२
त्रीणि वर्षसहस्राणि मानुषेण प्रमाणतः ।
त्रिंशदन्यानि वर्षाणि स्मृतः सप्तर्षिवत्सरः ॥१३
नव यानि सहस्राणि वर्षाणां मानुषाणि ।
वर्षाणि नवतिश्चैव ध्रुवसम्वत्सरःस्मृतः ॥१४

मानुष मास के मान के द्वारा ही जो वर्षों का एक शतक होता है वे पितृगण के तीन वर्ष सख्यात किये गये हैं । दश अधिक मास होते हैं । यहाँ पर यही पितृसंख्या कीर्तित की गयी है ॥८॥ लौकिक प्रमाण से जो मानुष अब्द कहा गया है—यह दिव्य अहोरात्र होता है—इस प्रकार से यही वैदिकी श्रुति है ॥९॥ दिव्य रात्रि और दिन एक वर्ष होता है और उन दोनों का प्रविभाग इसी प्रकार से हुआ करता है कि जो उत्तरायन है वह दिन होता है और जो दक्षिणायन होता है वही रात्रि होती है । ये ही रात्रि और दिन दिव्य उनके प्रसख्यात किये गये हैं ॥१०॥ तीस जो वर्ष होते हैं वही दिव्य मास कहा गया है । मनुष्यो के जो शत हैं वे दिव्य तीन मास होते हैं । इसी भाँति से यह सख्यात हुआ करता है और यही दिव्य विधि बतलायी गयी है ॥११॥ तीन सौ साठ वर्ष का इस प्रकार से एक दिव्य सम्वत्सर मानुष के द्वारा प्रकीर्तित किया गया है ॥१२॥ मानुष प्रमाण से जो तीन सहस्र वर्ष होते हैं और तीस और होते हैं वही सप्तर्षियों का वत्सर कहलाता है । नौ सहस्र मानुष वर्ष और नब्बे अधिक अर्थात् नौ हजार नब्बे वर्ष का ध्रुव सम्वत्सर कहा जाया करता है । ॥१३, १४॥

षट्त्रिंशत्तु सहस्राणि वर्षाणां मानुषाणि च ।
षष्टिश्चैव सहस्राणि संख्यातानि तु संख्यया ॥
दिव्य वर्षसहस्रन्तु प्राहुः संख्याविदो जनाः ॥१५
इत्येवमृषिभिर्गीता दिव्यया संख्यया द्विजाः ।
दिव्येनैव प्रमाणेन युगसंख्या प्रकल्पिता ॥१६

चत्वारि भारते वर्षे युगानि ऋषयोऽब्रुवन् ।
कृतत्रेता द्वापरञ्च कलिश्चैवं चतुर्युगम् ॥१७
पूर्वं कृतयुगं नाम ततस्त्रेताभिधीयते ।
द्वापरञ्च कलिश्चैव युगानि परिकल्पयेत् ॥ ८
चत्वार्याहुः सहस्राणि वर्षाणां तत् कृत युगम् ।
तस्य तावच्छती सन्ध्या सन्ध्यशश्च तथाविधः ॥१६
इतरेषु ससन्ध्येषु ससन्ध्यांशेषु च त्रिषु ।
एकपादे निवर्तन्ते सहस्राणि शतानि च ॥२०
त्रेता त्रीणि सहस्राणि युगसंख्याविदो विदुः ।
तस्यापि त्रिशती सन्ध्या सन्ध्यांशः सन्ध्यया समः ॥२१

जो सख्या के वेत्ता पुरुष हैं वे छत्तीस हजार मानुष वर्ष और साठ हजार सख्या के द्वारा जो संख्यात किये गये हैं उनको दिव्य सहस्र वर्ष कहा करते हैं ॥१५॥ हे द्विजगण ! ऋषिगणो के द्वारा दिव्य संख्या से यहाँ बनाया गया है और दिव्य प्रमाण के द्वारा ही युग सख्या भी प्रकीर्त्तित की गयी है । ऋषियों ने भारत वर्ष मे चार युग बतलाये हैं । उन चारो युगों के नाम कृतयुग—त्रेतायुग—द्वापर और कलियुग हैं । ये चारो युग क्रम से ही हुआ करते हैं । सबसे पूर्व कृतयुग होता है । उसके पश्चात् त्रेतायुग कहा गया है और फिर द्वापर तथा कलियुग होता है । चार सहस्र वर्षों का कृतयुग होता है । उस कृतयुग की उतनी ही शत वाली सन्ध्या होती है और उसी प्रकार का सन्ध्याश होता है । ॥१६, १७, १८, १६॥ इतर तीनो मे सन्ध्या से युक्त और सन्ध्यांश से युक्तो मे एक पाद मे सौ सहस्र निवृत्त हो जाते हैं । २०॥ युग संख्या के वेत्ता लोग त्रेता को तीन सहस्र कहा करते हैं । उसकी भी तीन शत वर्ष [illegible]न्ध्या होती है और सन्ध्या के समान ही सन्ध्याश होता है ॥ २१ ॥

द्वे सहस्रे द्वापरन्तु सन्ध्यांशौ तु चतुःशतम् ।
सहस्रमेक वर्षाणा कलिरेव प्रकीर्तित ॥
द्वे शते च तथान्ये च सन्ध्या सन्ध्यांशयो स्मृते ॥२२
एषा द्वादशसाहस्री युगसख्या तु सज्ञिका ।
कृतत्रेता द्वापरञ्च कलिश्चेति चतुष्टयम् ॥२३
तत्र सम्वत्सरा सृष्टा मानुषास्तान्निबोधत ।
नियुतानि दश द्वे च पञ्च चैवान सख्यया ॥
अष्टाविंशत्सहस्राणि कृत युगमयोच्यते ॥२४
प्रथमन्तु तदा नृणा द्वे चान्ये नियुते पुनः ।
षण्णवतिसहस्राणिसख्या तानिच सख्यया ॥२५
त्रेतायुगस्य सख्यैषा मानुषेण तु सज्ञिता ।
अष्टौ शतसहस्राणि वर्षाणा मानुषाणि तु ॥
चत्वारिंशत्सहस्राणि वर्षाणा द्वापरं युगम् ॥२६॥
चत्वारि नियुतानि स्युर्वर्षाणि तु कलियुगम् ।
द्वात्रिंशच्च तथान्यानि सहस्राणि तु सख्यया ॥
एतत्कलियुग प्राप्त मानुषेण प्रमाणत ॥२७॥
एषा चतुर्युगावस्था मानुषेण प्रकीर्तिता ।
चतुर्युगस्य सख्याता सन्ध्या सन्ध्यांशकैः सह ॥२८

दो सहस्र वर्ष द्वापर के बनाये गये हैं तथा उसकी सन्ध्या और सन्ध्याश भी चार सौ होते हैं। कलियुग का प्रमाण एक सहस्र वर्ष होता है और उसके भी सन्ध्या तथा सन्ध्याश दो सौ कहे गये हैं ॥२२॥ इस प्रकार से यह बारह सहस्र वर्षों युग सख्या सज्ञा वाली होती है। ये चारों युग कृत-त्रेता-द्वापर और कलि इस प्रकार से क्रम से हुआ करते हैं ॥२३॥ उनमें मनुष्य सम्वत्सरों का सृजन किया गया है उनको भी आप समझ लो। यहाँ पर सख्या से दश—दो और पाँच नियुत और अठ्ठाईस सहस्र कृतयुग कहा जाता है। २४॥ पूर्ण प्रयुत और दो नियुत

तथा छियानवे सहस्र सख्या के द्वारा त्रेतायुग की यह संख्या मानुष प्रमाण से संज्ञा वाली की गयी है। मानुष वर्ष आठ सौ सत्तह और चौसठ हजार वर्षों के प्रमाण वाला द्वापर युग कहा गया है ॥ ५, २६॥ चार नियुत और अन्य बत्तीस सहस्र वर्षों की संख्या वाला कलियुग मानुष प्रमाण से कहा गया है ॥२७॥ यह चारो युगो की अवस्था मानुष प्रमाण के द्वारा कीर्तित की गयी है और चारो युगों की सख्या उनकी सन्ध्या और सध्याश के सहित सख्यात की गयी है ॥२८॥

एषा चतुर्युगाख्या तु साधिका त्वेकसप्ततिः ।
कृतत्रेतादियुक्ता सा मनोरन्तरमुच्यते ॥२९
मन्वन्तरस्यसख्या तु मानुषेण निबोधत ।
एकत्रिंशत्तथाकोट्यःसंख्याताः सख्ययाद्विजैः ॥३०
तथा शतसहस्राणिदशचान्यानि भागशः ।
सहस्राणि तु द्वात्रिंशच्छतान्यष्टाधिकानि च ॥३१
अशीतिश्चैव वर्षाणि मासाश्चैवाधिकास्तुषट् ।
मन्वन्तरस्यसख्यैषामानुषेण प्रकीर्तिता ॥३२
दिव्येन च प्रमाणेन प्रवक्ष्याम्यन्तरं मनोः ।
सहस्राणा शतान्याहुः सच वै परिसख्यया ॥३३
चत्वारिंशत् सहस्राणि मनोरन्तरमुच्यते ।
मन्वन्तरस्य कालस्तु युगैः सह प्रकीर्तिता ॥३४
एषा चतुर्युगाख्या तु साधिका ह्येकसप्ततिः ।
क्रमेण परिवृत्ता सा मनोरन्तरमुच्यते ॥३५
एतच्चतुर्दशगुणं कल्पमाहुस्तु तद्विदः ।
ततस्तु प्रलयः कृत्स्नः स तु सप्रलयो महान् ॥३६

इन चारो युगो की साधिक इकहत्तर चौकडी जिसमे कृत, त्रेता आदि सभी युग होते है एक मनु का अन्तर होता है। अब उसी मन्वन्तर की सख्या मानुष प्रमाण से भी समझ लो। द्विजगणो के द्वारा सख्या से

इकतीस करोड संख्यात की गयी है; तथा सौ सहस्र और अन्य दश सहस्र एवं आठ अधिक बतीस सौ वर्ष एवं छै मास अधिक मानुष प्रमाण से यह सख्या मन्वन्तर की कही गयी है ॥ २९, ३०, ३१, ३२ ॥ अब मैं दिव्य प्रमाण से मनु का अन्तर बतलाता हूँ। वह परिसख्या से सौ सहस्र कहा गया है। चालीस सहस्र मनु का अन्तर बतलाता हूँ। यह परिसंख्या से सौ सहस्र कहा गया है। चालीस सहस्र मनु का अन्तर कहा जाता है। उसके ज्ञाता लोग इसका चौदह गुना कल्प कहा करते हैं और मन्वन्तरों का काल युगो के साथ ही कहा गया है। ये चारो युगो की नाम वाली संख्या इकहत्तर चौकड़ी को होती है और क्रम से यह परिवृत्त होती है तो वही मन्वन्तर कहा जाता है। कल्प के बाद पूर्ण प्रलय होता है। वह महान् सप्रलय होता है ॥ ३३, ३४, ३५, ३६ ॥

कल्पप्रमाणो द्विगुणो यथा भवति संख्यया ।
चतुर्युगास्या ख्यास्याता कृतत्रेतायुगञ्चवै ॥३७
त्रेतासृष्टिं प्रवक्ष्यामि द्वापरं कलिमेव च ।
युगैश्चसमवेतो द्वौ द्विधा वक्तुं न शक्यते ॥३८
क्रमागत मयाप्येतत्तुभ्य नोक्त युगद्वयम् ।
ऋषिवंशप्रसङ्गेन व्याकुलत्वात्तथा क्रमात् ॥३९
नोक्तं त्रेतायुगे शेष तद्वक्ष्यामि निबोधत ।
अथ त्रेतायुगस्यादौ मनुः सप्तर्षयश्च ये ॥
श्रौतस्मार्तं युवन्धर्मं ब्रह्मणा तु प्रचोदिताः ॥४०॥
दाराग्निहोत्रसम्बन्धं ऋग्वजु सामसहिताः ।
इत्यादिबहुल श्रौत धर्मं ऊचुस्तपोऽधृवन् ।४१
परम्परागत धर्मं स्मार्तंस्वाचारलक्षणम् ।
वर्णाश्रमाचारयुक्त मनुः स्वायम्भुवोऽब्रवीत् ॥४२

जिस प्रकार से सख्या से कल्प का प्रमाण द्विगुण होता है। कृत-युग और त्रेतायुग चार युगो की सख्या का व्याख्यान किया गया है।

अब होता की सृष्टि को बतलाऊँगा। द्वापर और कलियुग को भी बतलाऊँगा। एक ही साथ समवेत ये दोनो दो प्रकार से नही बतलाये जा सकते हैं। क्रम से प्राप्त इन दोनो युगो को मैंने भी आपको नहीं बतलाया है। ऋषियो के वश के प्रसङ्ग से व्याकुलता होने के कारण तथा क्रम से त्रेतायुग में शेष नही बतलाया है। उसे अब बतलायेंगे भली भाँति समझ लो। इसके अनन्तर त्रेता युग के आदि मे मनु और जो सप्तर्षि हैं उनको श्रौत एव स्मार्त धर्म को बतलाते हुए ब्रह्माजी के द्वारा प्रेरित किया गया था।. ३७, ३८, ३९, ४०॥ टारा-अग्निहोत्र का सम्बन्ध—ऋक्, यजु और साम सहिताऐ —इत्यादि बहुलता वाला श्रौत धर्म सप्तर्षियो ने कहा था। स्मार्त्तत्व आचार के लक्षण वाला और वर्णाश्रमो के आचार से युक्त परम्परा के द्वारा आया हुआ धर्म इस सबको स्वायम्भुव मनु ने बतलाया था॥ ४१, ४२॥

सत्येन ब्रह्मचर्येण श्रुतेन तपसा तथा।
तेषां सुतप्ततपसा मार्गेणानुक्रमेण ह॥४३
सप्तर्षीणा मनोश्चैव आदौ त्रेतायुगे ततः।
अबुद्धिपूर्वक तेन सकृत् पूर्वक्रमेव च॥४४
अभिवृत्तास्तु ते मन्त्रा दर्शनैस्तारकादिभिः।
आदिकल्पेतुदेवानां प्रादुर्भूतास्तुतेस्वयम्॥४५
प्रमाणेष्वथ सिद्धानामन्येषाञ्च प्रवर्तते।
मन्त्रयोगो व्यतीतेषु कल्पेष्वथ सहस्रशः॥
ते मन्त्रा वै पुनस्तेषां प्रतिमायामुपास्थिताः॥४६
ऋचो यजूंषिसामानिमन्त्राश्चाथर्वणास्तु ये।
सप्तर्षिभिश्चयेप्रोक्ताःस्मार्त्तन्तु मनुरब्रवीत्॥४७
त्रेतादौ संहता वेदाः केवलं धर्म्मसेतवः।
सरोधादायुषश्चैव व्यस्यन्ते द्वापरे च॥
ऋषयस्तपसा वेदानहोरात्रमधीयत॥४८॥
अनादिनिधना दिव्याः पूर्वं प्रोक्ताः स्वयम्भुवा।

स्वधर्म्मसंवृता साङ्गा यथा धर्मं युगे युगे ।
विक्रियन्ते स्वधर्म्मंन्तु वेदवादाद्यथायुगम् ॥४६॥

सत्य से—ब्रह्मचर्य से—श्रुत—तप स और उनके असी भाँति तपे हुए तप से—अनुक्रम मार्ग से बतलाया था ॥४३॥ इसके पश्चात् आदि त्रेतायुग मे सप्तर्षियो के और मनु के अबुद्धि पुरस्सर ही एक बार पहिले ही उसने मन्त्रो को अभिवृत्त किया था। वे ही अभिवृत्त मन्त्र तारक आदि दर्शनो के द्वारा देवो के आदि कल्प मे स्वय ही प्रादुर्भूत हो गये थे ॥ ४४, ४५ ॥ इसके अनन्तर वे सिद्धो के तथा अन्यो के प्रमाणो मे प्रवृत्त हुए हैं। इसके पश्चात् सहस्रो कल्पो के व्यतीत होने पर यह मन्त्र योग कहा है ॥४६॥ फिर उनके वे मन्त्र प्रतिमा के रूप मे उपस्थित हुए थे। ऋचाएँ—यजु—साम और जो अथर्ववेद के मन्त्र हैं तथा ऋषि-पियो के द्वारा जो मन्त्र कहे गये हैं और स्मार्त इनको मनु ने कहा था। त्रेतादि मे सहत हुए वेद केवल धर्म्म के सेतु थे। फिर आयु के सराध होने से वे ही द्वापर मे व्यस्थित हुए हैं। ऋषिगण तप के द्वारा रात दिन वेदो का अध्ययन किया करत थे ॥ ४७, ४८ ॥ भगवान् स्वयम्भू ने पूर्व मे अनादि निधन अर्थात् आदि-अन्त से रहित दिव्य वेदो को कहा था। ये युग-युग मे धर्म के अनुसार ही अङ्गो के सहित स्वधर्म सभूत हुए थे। युग के अनुसार वेदवाद से अपने धर्म को विकृत किया करते हैं ॥ ४९ ॥

आरम्भयज्ञः क्षत्रहविर्यज्ञा विशः स्मृता ।
परिचारयज्ञाः शूद्राश्च जपयज्ञाश्च ब्राह्मणाः ॥५०
तत. समुदिता वर्णास्त्रेतायां धर्म्मशालिनः ।
क्रियावन्तःप्रजावन्तः समृद्धिमुखिनश्च वै ॥५१
ब्राह्मणेभ्यश्च विधीयन्ते क्षात्रिया. क्षत्रियेविशः ।
वैश्यान् शूद्रानुवर्तन्ते शूद्रान् परमनुग्रहात् ॥५२
शुभाः प्रकृतयस्तेषां धर्मा वर्णाश्रमाश्रयाः ।
सङ्कल्पितेन मनसा वाचा वा हस्तसम्भृता ॥

त्रेतायुगे ह्यविकले कर्मारम्भः प्रसिद्ध्यति ॥५३॥
आयूरूपं बलं मेधा आरोग्यं धर्म्मशीलता ।
सर्वसाधारण ह्येतदासीत्त्रेतायुगे तु वै ॥५४
वर्णाश्रमव्यवस्थानमेषां ब्रह्मा तथाकरोत् ।
संहिताश्च तथा मन्त्रा आरोग्यंधर्मशीलता ॥५५
संहिताश्च तथा मन्त्रा ऋषिभिर्ब्रह्मण सुतैः ।
यज्ञः प्रवर्तितश्चैव तदा ह्येव तु दैवतैः ॥५६
यामैः शुक्लैर्जयैश्चैव सर्वसाधनसंभृतैः ।
विश्वसृड्भिस्तथा सार्द्धं देवेन्द्रेण महौजसा ॥
स्वायम्भुवेऽन्तरे देवैस्ते यज्ञाः प्राक्प्रवर्तिताः ॥५७॥

आरम्भ यज्ञ क्षत्र हवि था, फिर वैश्यों के यज्ञ कहे गये हैं। शूद्र परिचार यज्ञों वाले थे तथा जप यज्ञ वाले ब्राह्मण हुए थे ॥ ५० ॥ इसके उपरान्त त्रेता मे धर्म्मशाली वर्णों का समुदय हुआ था। वे सब क्रियाओं से सम्पन्न प्रजाओं वाले और सुख समृद्धि से युक्त थे। ब्राह्मणों के द्वारा क्षत्रियों का विधान किया गया था—क्षत्रियो के द्वारा वैश्यो का किया गया था। शूद्र वैश्यो का अनुवर्त्तन करते थे और शूद्रो पर परम अनुग्रह था। उन सबकी प्रकृतियाँ परम शुभ थी और धर्म्म भी वर्णों और आश्रमो के समाश्रय वाला था। उस पूर्ण त्रेता युग मे सङ्कल्पित मन से—वाणी से और हाथों के द्वारा किये हुए कर्म्म से यह कर्म्मों का समारम्भ प्रसिद्ध हुआ था ॥ ५१, ५२, ५३ ॥ उस त्रेता युग मे आयु—रूप—बल—मेधा—आरोग्य और धर्मशीलता यह सब कुछ सबके लिए साधारण था। ब्रह्मा-जी ने इन सबकी वर्णों और आश्रमो की उस प्रकार की व्यवस्था करदी थी कि आरोग्य—धर्मशीलता—मन्त्र और संहिता उसी तरह की थी ॥ ५४ ५५ ॥ ब्रह्माजी के पुत्र ऋषियो के द्वारा संहिताऐं और मन्त्र प्रवृत्त किये गये थे। उस समय में ही दैवतो के द्वारा यज्ञ प्रवर्त्तित किया गया था। समस्त साधनो से संभृत याम—शुक्ल—जयो के द्वारा तथा महान् ओज वाले

देवेन्द्र ने विश्व सूरों के साथ देवों ने सब यज्ञ स्वायम्भुव अन्तर में पहिले प्रवर्तित किये थे ॥ ५६, ५७ ॥

सत्य जपस्तपोदान पूर्वं धर्मोऽभ्युच्यते ।
यदा धर्मस्य ह्रसते शाखा धर्मस्य वर्द्धते ॥५८
जायन्ते च तदा शूराजायुष्मन्तो महाबलाः ।
स्यन्तदप्टा महायोगायज्वानोऽह्लवादिनः ॥५९
पद्मपत्रायताक्षाश्च पृथुवक्त्राः सुसंहताः ।
सिंहोरस्का महासत्वा मत्तमातङ्गगामिनः ॥६०
महाधनुर्द्धरास्चैव शेताया चक्रवर्त्तिनः ।
सर्वलक्षणपूर्णास्ते न्यग्रोधपरिमण्डलाः ॥६१
न्यग्रोधो तु स्मृतोबाहू व्यामोन्यग्रोधउच्यते ।
व्यामेन तूच्छ्रयोयस्तत्समतद्धन्तुदेहिन. ॥
समुच्छ्रयो परीणाहो न्यग्रोधपरिमण्डल. ॥६२॥
चक्र रथो मणिर्भार्या निधिश्चैवोग्रजस्तथा ।
प्रोक्तानि सप्तरत्नानि पूर्वं स्वायम्भुवेऽन्तरे ॥६३

सबसे पूर्व सत्य—जप—तप और दान यही धर्म कहा गया था। जिस समय में धर्म का कुछ ह्रास होता है तो धर्म की शाखा की वृद्धि हुआ करती है ॥५८॥ उस समय में शूरों की समुत्पत्ति हुआ करती थी जो शूर आयुष्मान् और महान् बलवान् थे। ये शूरश्रेष्ठ दक्ष—महान् योग वाले—यज्वा—यज्ञकर्ता—ब्रह्मवादी—पद्म पत्र के तुल्य आयत नेत्रों वाले—पृथु वक्त्र—सुसंहत—सिंह के समान उरः स्थल वाले—महासत्त्व तथा मत्त हाथी के सदृश गमन करने वाले थे। उस समय में होने वाले शूर महान् धनुर्धारी थे और क्षेत्र में चक्रवर्ती हुए थे। वे शूर समस्त लक्षणों से परिपूर्ण एवं न्यग्रोध परिमण्डल वाले थे ॥५९, ६०, ६१॥ दोनों न्यग्रोध को बाहु कहे गये हैं और व्याम को न्यग्रोध कहा जाता है जिसका उच्छ्रय व्याम के समान है इसके उपरान्त देह धारी का समुच्छ्रय न्यग्रोध परिमण्डल

परीणाह होता था ॥ ६२ ॥ पहिले स्वायम्भुव अन्तर में चक्र—रथ—मणि—भार्या—निधि—अश्व—गज ये सात रत्न बताये गये हैं ॥ ६३ ॥

विष्णोरंशेन जायन्ते पृथिव्यां चक्रवर्तिनः ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु ह्यतीतानागतेषु वै ॥६४
भूतभव्यानि यानीह वर्तमानानि यानि च ।
त्रेतायुगानि तेष्वत्र जायन्ते चक्रवर्तिनः ॥६५
भद्राणामानि तेषाञ्च विभाव्यन्ते महीक्षिताम् ।
अत्यद्भुतानि चत्वारि बलधर्मं सुख धनम् ॥६६
अन्योन्यस्याविरोधेन प्राप्यन्ते नृपतेः समम् ।
अर्थोधर्म्मश्च कामश्च यशोविजयएव च ॥६७
ऐश्वर्येणाणिमाद्येन प्रभुशक्तिबलान्विताः ।
श्रुतेन तपसा चैव ऋषीस्तेऽभिभवन्ति हि । ६८
बलेनाभिभवन्त्येते तेन दानवमानवान् ।
लक्षणंश्चैव जायन्ते शरीरस्थैरमानुषैः ॥६९
केशास्थिता ललाटेन जिह्वा च परिमार्जनी ।
श्यामप्रभाश्चतुर्दंष्ट्राः श्रवसाश्चोर्द्ध्वरेतसः ॥७०

जो व्यतीत हो गये हैं और आने वाले हैं उन सभी मन्वन्तरो में इस पृथ्वी मण्डल मे चक्रवर्त्ती नृप भगवान् विष्णु के अंश से ही समुत्पन्न हुआ करते हैं ॥६४॥ भूत, भव्य और वर्त्तमान जो भी यहाँ पर त्रेता युग हैं उनमें चक्रवर्त्ती समुत्पन्न हुआ करते हैं। उन मही के पालक नृपो के बहुत ही भद्र नाम होते हैं और उनमे बल-धर्म-सुख और धन ये चार वस्तुऐं अत्यन्त ही अद्भुत हुआ करते हैं ॥६५, ६६॥ अन्योन्य के परस्पर में विरोध न होने से नृपति के अर्थ—धर्म्म—काम—यश और विजय समान ही होते थे अणिमा आदि के ऐश्वर्य्य से प्रभु शक्ति के बल से समन्वित वे नृपतिगण श्रुत एव तप के द्वारा ऋषियो को भी अभिभूत करने वाले

हुआ करते थे ॥६७, ६८॥ अनागत शरीरों में स्थित लक्षणों के द्वारा ये उत्पन्न हुआ करते थे और ये उस बल के द्वारा दानव-मानवों को निरस्त्र किया करते थे ॥६९॥ ललाट पर उनके केश स्थित होते थे तथा जिह्वा परिमार्जन करने वाली थी—श्याम उनकी प्रभा थी—चार दंष्ट्राओं वाले—श्वेत और ऊर्ध्वरेता होते थे ॥७०॥

आजानबाहवश्चैव तालहस्तौ वृषाकृती ।
परिणाहप्रमाणश्च सिंहस्कन्धाश्च मेधिनः ॥७१
पादयोश्चक्रमत्स्यौ तु शङ्खपद्मं च हस्तयो ।
पञ्चाशीति सपत्नानि जीवन्तिह्यजरामयाः ॥७२
अनङ्गा गतयस्तेषां चतस्रश्चक्रवर्तिनाम् ।
अन्तरिक्षे समुद्रेषु पाताले पर्वतेषु च ॥७३
इज्यादानन्तपः सत्यन्त्रेताधर्मास्तु वै स्मृताः ।
तदा प्रवर्तते धर्मो वर्णाश्रमविभागशः ॥७४
मर्यादास्थापनार्थञ्च दण्डनीतिः प्रवर्तते ।
हृष्टपुष्टा जनाः सर्वे आरोगा पूर्णमानसाः ॥७५
एको वेदश्चतुष्पादस्त्रेतायान्तु विधिः स्मृतः ।
त्रीणि वर्षसहस्राणि जीवन्तेतत्रताःप्रजा ॥७६
पुत्रपौत्रसमाकीर्णा म्रियन्ते च क्रमेण ताः ।
एते त्रेतायुगे भावास्त्रेतासंख्या निबोधत ॥७७
त्रेतायुगस्वभावेन सन्ध्यापादेन वर्तते ।
सन्ध्यापादः स्वभावाच्च योऽसौ पादेनतिष्ठति ॥७८

उनकी बाहुएँ जानु पर्यन्त लम्बी होती थी-ताल वृक्ष के सदृश हाथ होते थे तथा वृष के तुल्य आकृति हुआ करती थी। परिणाह और प्रमाण से सिंह के समान स्कन्धों वाले मेधा युक्त थे। उनके चरणों में चक्र तथा मत्स्य के चिह्न हुआ करते थे एवं हाथों में शंख और पद्म होते थे। वे सब जरा और रोग से रहित होकर पिचासी हजार वर्ष पर्य्यन्त

जीवित रहा करते थे। इन चक्रवर्तियों की चार सङ्ग रहित गतियाँ हुआ करती थी—समुद्रों में, अन्तरिक्ष मे, पाताल मे और पर्वतो में सर्वत्र गतियाँ रहा करती थी ॥७१, ७२, ७३॥ इज्या—दान—तप और सत्य ये त्रेतायुग के धर्म्म बताये गये हैं। उस समय मे वर्णों और आश्रमो का विभाग वाला धर्म्म प्रवृत्त रहा करता था ॥७४॥ सासारिक समस्त कार्यो की मर्यादा को स्थापना करने लिये दण्ड नीति की प्रवृत्ति हुआ करती थी। वह समय ऐसा होता था कि उसमे प्रायः सभी मनुष्य हृष्ट पुष्ट और पूर्ण मानस वाले रोगों से रहित रहा करते थे। एक वेद और चार पाद थे—यही विधि त्रेता मे कही गयी है। उस समय मे वे सब प्रजाजन तीन हजार वर्ष तक जीवित रहा करते थे ॥७५, ७६॥ सभी लोग पुत्रो एवं पौत्रो से समाकीर्ण होने वाले रहकर क्रम से ही मृत्यु को प्राप्त हुआ हुआ करते हैं। तात्पर्य यह है कि बडो के रहते हुए छोटो की मृत्यु नही हुआ करती थी। यह ही त्रेतायुग का भाव था अब त्रेता की सख्या को भी समझ लो ॥७७॥ त्रेतायुग के स्वभाव से सन्ध्या का पाद से रहती थी और स्वभाव से सन्ध्या का पाद जो है वह जो अश है पाद से ही स्थित रहा करता था ॥७८॥

५७—द्वापर और कलियुग वर्णन

अत ऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि द्वापरस्य विधिं पुनः।
तस्य त्रेतायुगे क्षीणे द्वापरं प्रतिपद्यते ॥१
द्वापरादौ प्रजानान्तु सिद्धिस्त्रेतायुगे तु या।
परिवृत्ते युगे तस्मिंस्ततः सावंप्रणश्यति ॥२
ततः प्रवर्त्तिते तासा प्रजाना द्वापरे पुनः।
लोभोधृतिर्वणिग्युद्धं तत्त्वानामविनिश्चयः ॥३
प्रध्वसश्च तथैव वर्णाना कर्म्मणान्तु विपर्ययः।

यात्रा वधःपरोदण्डोमानोदर्पोऽक्षमाबलम् ॥४
तथा रजस्तोमोभूयः प्रवृत्ते द्वापरे पुनः ।
आद्येकृतेनाधर्मोऽस्ति स त्रेतायां प्रवर्त्तितः ॥५
द्वापरे व्याकुलो भूत्वा प्रणश्यति कलौ पुनः ।
वर्णानां द्वापरेधर्माःसङ्कीर्यन्ते तथाश्रमाः ॥६
द्वैधमुत्पद्यते चैव युगे तस्मिन्श्रुतिस्मृतौ ।
द्विधाश्रुति.स्मृतिश्चैवनिश्चयो नाधिगम्यते । ७

महा महर्षि सूतजी ने कहा—इसके आगे अब मैं द्वापर की विधि का वर्णन करूँगा । उस त्रेता युग के क्षीण होन पर द्वापर युग प्रतिपन्न हुआ करता है । प्रजाजनों को जो त्रेतायुग मे सिद्धि थी वह द्वापर के आदि काल तक रही थी किन्तु ज्यों ही उस युग का परिवर्तन हुआ वैसे ही वह त्रेता युग की सिद्धि नष्ट हो गई थी । उन्हीं प्रजाओं को द्वापर मे युग के प्रवृत्त होने पर लोभ—धृति—वाणीयुद्ध और तत्वो के विषय मे विशेष निश्चय का अभाव हो गया था ॥ १, २, ३ ॥ वर्ण जो ब्राह्मण—क्षत्रिय—वैश्य और शूद्र ये चारो का एक सुन्दर क्रम चला आ रहा था उसका प्रध्वस हो गया था और जो लोगो के वर्णों के अनुसार मर्यादित कर्म्म होते थे उन सबमे विपरीत भाव उत्पन्न हो गया था । यात्रावध—परदण्ड—मान—दर्प—अक्षमा—अबल मे सब उस समय मे बनप गये थे और द्वापर युग के प्रवृत्त होने पर रजोगुण तथा तमोगुण की विशेषता सर्वत्र हो गई थी । आद्य कृतयुग में जो धर्म समझा जाता था वह त्रेता में प्रवृत्त हुआ था किन्तु वही द्वापर में व्याकुल हो गया था और कलियुग मे तो वह सर्वथा ही नष्ट हो गया था । द्वापर में वर्णों के धर्म तथा आश्रम सब सङ्कीर्ण हो गये थे । उस युग मे श्रुति—स्मृति मे द्वैध-भाव समुत्पन्न हो गया था । दो प्रकार की श्रुति और इसी भाँति स्मृत भी द्वैधभाव वाली थी इनसे किसी भी तरह का विशेष निश्चय नही होता बराबर सशय रहा करता है ॥ ४, ५, ६, ७ ॥

अनिश्चयावगमनाद्धर्मतत्त्वं न विद्यते ।
धर्मतत्त्वे ह्यविज्ञाते मतिभेदस्तु जायते ।।८
परस्पर विभिन्नास्ते दृष्टीनां विभ्रमेण तु ।
अतो दृष्टिविभिन्नैस्तैः कृतमत्याकुलन्त्विदम् ।।९
एको वेदश्चतुष्पादः संहृत्य तु पुनः पुनः ।
संक्षेपादायुषश्चैव व्यस्यते द्वापरेष्विह ।।१०
वेदश्चैकश्चतुर्धा तु व्यस्यते द्वापरादिषु ।
ऋषिपुत्रैः पुनर्वेदा भिद्यन्ते दृष्टिविभ्रमैः ।।११
ते तु ब्राह्मणविन्यासैः स्वरक्रमविपर्ययैः ।
संहृता ऋग्यजुःसाम्ना संहितास्तैर्महर्षिभिः ।।१२
सामान्याद्वकृताच्चैव दृष्टिभिन्नैः क्वचित् क्वचित् ।
ब्राह्मणं कल्पसूत्राणि भाष्यविद्यास्तथैव च ।।१३
अन्ये तु प्रस्थितास्तान्वै केचित्तान् प्रत्यवस्थिताः ।
द्वापरेषु प्रवर्त्तन्ते भिन्नार्थैस्तैः स्वदर्शनैः ।।१४

जब किसी भी निश्चय का अवगमन नहीं होता है धर्म्म का तत्त्व विद्यमान नहीं रहा करता है । धर्म्म के तत्त्व के विज्ञात न होने पर मति में भेद स्वाभाविक रूप से उत्पन्न हो जाता है ।। ८ ।। इस तरह दृष्टिकोणों के विभ्रम होने से वे सब परस्पर में विभिन्न हो जाते हैं । अतएव विभिन्न दृष्टि वाले उनके द्वारा यह सब संसार मति से आकुल हो जाया करता है ।। ९ ।। वेद वस्तुतः एक ही है किन्तु उसके चार पाद पुनः-पुनः संहृत करके किये गये थे । द्वापर युग में आयु के संक्षेप से यह ऐसी व्यवस्था की गयी थी । एक ही वेद के चार भेद द्वापरादि में व्यवस्थित किये गये थे । दृष्टि के विभ्रम वाले ऋषियों के पुत्रों के द्वारा फिर वेदों के भेद किये गये थे ।। १०, ११ ।। ब्राह्मण विन्यास और स्वर क्रम के विपर्ययों से वे वेद संहृत किये गये हैं और उन महर्षियों के ऋक्-यजु और सामवेदों की संहिताएँ की गयी थी ।। १२ ।। सामान्य

और वकुल होने के कारण से कहीं-कहीं पर दृष्टियों की भिन्नता वालों के द्वारा ब्राह्मण भाग—कल्पसूत्र—भाष्य विद्या आदि की रचनाएँ की गयी हैं ॥१३॥ अन्य लोगों ने उनका अनुसरण किया था तथा कुछ लोगों ने उनका प्रत्यवस्थान किया था। द्वापर युग में भिन्न वर्त्म वाले अपने दर्शनों से युक्त उन्होंने प्रवृत्ति की थी ॥१४॥

एकमाध्वर्यवं पूर्वमासीद्द्वधन्तु तत् पुनः ।
सामान्यविपरीतार्थैः कृतशस्त्राकुलन्त्विदम् ॥१५
आध्वर्यवञ्च प्रस्थानैर्बहुधा व्याकुलीकृतम् ।
तथैवाथर्वणा साम्ना विकल्पैः स्वस्यसक्षयैः ॥१६
व्याकुलो द्वापरेष्वर्थं क्रियते भिन्नदर्शनैः ।
द्वापरे सन्निवृत्ते ते वेदा नश्यन्ति वै कलौ ॥१७
तेषां विपर्ययोत्पन्ना भवन्ति द्वापरे पुनः ।
अदृष्टिर्मरणं चैव तथैव व्याध्युपद्रवाः ॥१८
चाङ्गन कर्मभिर्दुः खैर्निर्वेदो जायते ततः ।
निर्वेदाज्जायते तेषां दुःखमोक्षविचारणा ॥१९
विचारणाया वराग्यं वराग्याद्दोषदर्शनम् ।
दोषाणां दर्शनाच्चैव ज्ञानोत्पत्तिस्तुजायते ॥२०
तेषां मेधाविनां पूर्वं मर्त्ये स्वायम्भुवेऽन्तरे ।
उत्पत्स्यन्तीहशास्त्राणाद्वापरे परिपन्थिनः ॥२१

पूर्व में एक आध्वर्यव था वह फिर द्वैधभाव को प्राप्त हो गया था। सामान्य और विपरीत अर्थों से यह सब उस समय में शस्त्राकुल हो गया था। बहुधा प्रस्थानों से आध्वर्यव व्याकुलों कृत हो गया था। उसी भाँति से आथर्वणों और सामों के स्वसक्षय तथा विकल्पों के द्वारा द्वापर में भिन्न दर्शन वालों ने अर्थ को व्याकुल कर दिया था। फिर द्वापर के सन्निवृत्त हो जाने पर कलियुग में ये वेद सब नष्ट हो जाया करते हैं। द्वापर में उनके विपर्यय से पुनः अदृष्टि—मरण—व्याधि और

उपद्रव समुत्पन्न हो जाते हैं ॥ १५, १६, १७, १८ ॥ इसके पश्चात् वाणी-मन और कर्मों के द्वारा जो दुःख होते हैं उनसे निर्वेद उत्पन्न होता है। जब निर्वेद होता है तो उनको दुःख से मोक्ष प्राप्त करने की विचारणा होती है। उस दुःखों से छुटकारा पाने की विचारणा मे वैराग्य जो होता है उस वैराग्य से दोषो का दर्शन हुआ करता है। जब दोषो पर दृष्टि जाने से वे दोष स्पष्टतया दिखलाई दिया करते हैं तो उस दोष दर्शन से ज्ञान की समुत्पत्ति होती है। यह ज्ञान की उत्पत्ति उन्ही मेधावी पुरुषो को होती है जो पहिले मन्वन्तर स्वायम्भुव अन्तर मे थे। द्वापर युग मे ससार मे शास्त्रों का विरोध करने वाले लोग उत्पन्न हो जाया करते हैं ॥ १९, २०, २१ ॥

आयुर्वेदविकल्पाश्च अङ्गानाज्योतिषस्यच ।
अर्थशास्त्रविकल्पाश्च हेतुशास्त्रविकल्पनम् ॥२२
प्रक्रियाकल्पसूत्राणांभाष्यविद्याविकत्थनम् ।
स्मृतिशास्त्रप्रभेदाश्चप्रस्थानानिपृथक्पृथक् ॥२३
द्वापरेष्वभिवर्त्तन्ते मतिभेदास्तथा नृणाम् ।
मनसा कर्म्मणा वाचा कृच्छ्राद्वार्त्ता प्रसिध्यति ॥२४
द्वापरे सर्वभूताना कालः क्लेशपरः स्मृतः ।
लोभो धृतिर्वणिग्युद्धन्तत्त्वानामविनिश्चयः ॥२५
वेदशास्त्रप्रणयन वर्णानां सङ्करस्तथा ।
वर्णाश्रमपरिध्वसः कामद्वेषौ तथैव च ॥२६
पूर्ण वर्षसहस्रे द्वे परमायुस्तदा नृणाम् ।
नि शेषे द्वापरे तस्मिंस्तस्य सन्ध्या तु पादत. ॥२७
गुणहीनास्तु तिष्ठन्ति धर्म्मस्य द्वारपरस्य तु ।
तथैव सन्ध्या पादेनअशस्तस्यांप्रतिष्ठितः ॥२८

द्वापर मे आयुर्वेद विकल्प-ज्योतिष के अङ्गशास्त्र-अर्थ शास्त्र विकल्प-हेतुशास्त्र विकल्प-कल्प सूत्रो की प्रक्रियाभाष्य विद्या विकत्थन-

स्मृति शास्त्र के प्रभेद इस प्रकार से पृथक्-पृथक् प्रस्थान उस युग मे अभिवर्तित होते हैं और मनुष्यो मे मति के भेद हो जाते है अर्थात् सभी मनुष्यो की मति विभिन्न हो जाती है और किसी की मति किसी से मेल नही खाती है। मन-कर्म और वचन से बहुत ही कष्ट से वार्ता प्रसिद्ध होती है ।२२, २३, २४॥ द्वापर-युग का समय ऐसा ही था जो समस्त भूतो के लिये परम क्लेश से परिपूर्ण था। प्राणियो मे लोभ की मात्रा अधिक हो गई थी-धृति-क्षमा युद्ध और तत्वो का विशेष निश्चय नही था। वेदो और शास्त्रो का प्रणयन—वर्णो का सङ्कर दोष—वर्णो और आश्रमो का सर्वतोभाव से नाश—काम वासना और द्वेष सबमे छाया हुआ था॥ २५, २६॥ उस समय मे मनुष्यो की परमायु पूरे दो सहस्र वर्ष की थी। द्वापर युग के निःशेष हो जाने पर उसके एक पाद की उसकी सन्ध्या का काल था। द्वापर युग के धर्म की ऐसी दशा थी कि सब गुणहीन रहा करते थे। उसी प्रकार से उस सन्ध्या मे उसका एक पाद स अश प्रतिष्ठित रहता था॥२७, २८॥

द्वापरस्य तु पर्य्येषा पुण्यस्य च निबोधत।
द्वापरस्याशशेषे तु प्रतिपत्तिः कलेरथ ॥२९
हिंसास्तेयानृतं माया दम्भश्चैव तपस्विनाम्।
एते स्वाभावा पुण्यस्य साधयन्ति च ता. प्रजा. ॥३०
एष धर्म्मःस्मृतःकृत्स्नोधर्म्मश्चैवपरिहीयते।
मनसाकर्मणावाचावार्त्ताः सिद्ध्यन्ति वानया ॥३१
कालः प्रमारको रोगः सतत चापि क्षुद्भयम्।
अनावृष्टिभयञ्चैव देशानाञ्च विपर्ययः ॥३२
न प्रमाणे स्थिति ह्यस्तिपुण्येघोरेयुगेकलौ।
गर्भस्थोम्रियतेयश्चिद् यौवनस्थस्तथापरः ॥३३
स्थावर्ये मध्यवोगारे म्रियन्ते च कलौ प्रजाः।
अल्पतेजोबलाः पापा महारोपा ह्यधार्मिकाः ॥३४

अनृतव्रतलुब्धाश्च पुष्ये चैव प्रजाः स्थिताः ।
दुरिष्टैरधीतैश्च दुराचारैर्दुरागमैः ॥३४

द्वापर युग की यही पर्येषा है । अब पुष्य के विषय मे भी जान लेना चाहिए । द्वापर के अंश देश मे ही कलियुग की प्रतिपत्ति हो जाती है ॥ २९ ॥ जो तपस्विजन होते थे उनमे भी हिंसा—अस्तेय—अनृत (मिथ्या) और महान् दम्भ भाव होता था । पुष्य के ये ही स्वभाव होते थे और वे प्रजाओं का साधन किया करते थे ॥ ३० ॥ यही उस समय का धर्म्म कहा गया है वैसे वास्तविक जो धर्म्म था वह पूर्ण रूप से हीन हो गया था मन—वचन और कर्म्म से वासनाएँ सिद्ध हो अथवा न होवें । यह कलियुग एक ऐसा प्रमारक रोग जैसा है । निरन्तर ही लोगो को क्षुधा और भय रहा करता है । सर्वदा वृष्टि के न होने का भय बना ही रहता है और देशो का विपर्यय होता है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ पुष्य घोर कलियुग मे प्रमाण मे कोई भी स्थिति नही होती है । कोई कोई तो गर्भ मे स्थित होते हुए ही मर जाया करता है और कोई अपनी युवावस्था मे पहुँच कर मृत्यु को प्राप्त हो जाया करता है ॥ ३३ ॥ इस कलियुग मे प्रजाजन प्राय स्थविरता मे तथा मध्य कौमारावस्था मे मर जाया करते हैं । सभी लोग अत्यल्प तेज और बल विक्रम वाले—महान् पापी—अत्यधिक क्रोध से युक्त और अधार्म्मिक होते हैं ॥ ३४ ॥ पुष्य मे सभी प्रजा जन बुरी इच्छा वाले—दुरधीत—दुराचार और दुरागमो से युक्त एवम् मिथ्या व्रत वाले और लुब्धक हुआ करते है ॥ ३५ ॥

विप्राणां कर्म्मदोषैस्तैः प्रजानां जायते भयम् ।
हिंसा मानस्तथेर्ष्याच क्रोधोऽसूयाऽऽत्तमाऽघृतिः ॥३६
पुष्ये भवन्तिजन्तूनांलोभोमोहश्चसवशः ।
सङ्क्षोभोजायतेऽत्यर्थंकलिमासाद्यवैयुगम् ॥३७
नाधीयन्ते तथा वेदान्यजन्ते वै द्विजातयः ।

उत्पीदन्तियथाचौववैश्यैःसार्द्धन्तुक्षत्रियाः ॥३८
शूद्राणा मन्त्रयोनिस्तु सम्बन्धो ब्राह्मणैः सह ।
भवतीहकलौ तस्मिन्नयनासनभाजनैः ॥३९
राजान शूद्रभूयिष्ठा पाषण्डानाप्रवृत्तयः ।
काषायिणश्चनिष्कच्छास्तथाकापालिनश्चह । ४०
ये चान्ये देवव्रतिनस्तथा ये धर्म्मदूषकाः ।
दिव्यवृत्ताश्च ये केचिद्वृत्त्यर्थं श्रुतिलिङ्गिनः ॥४१
एवम्विधाश्च ये केचिद्भवन्तीह कलौ युगे ।
अधीयते तदा वेदान् शूद्राधर्मार्थकोविदाः ॥४२

विप्र अपने कर्मों से दूषित हो गये थे और उनके ही कर्म्मों के दोषों के कारण प्रजाओं का भय उत्पन्न हो जाया करता है। पुष्य में मनुजों में हिंसा-मान-ईर्ष्या-क्रोध-असूया-अक्षमा-अधृति-लोभ और सब ओर में मोह य अवगुण हो जाया करते हैं। इस कलियुग को प्राप्त करके अत्यन्त संग्राम जीवों में समुत्पन्न हो जाया करता है॥ ३६, ३७॥ द्विजाति गण वेदों का अध्ययन नहीं किया करते हैं और न वे यजन ही करते हैं तथा क्षत्रिय लोग वैश्यों के साथ ही सब उत्पन्न हो जाते हैं। ॥३८॥ शूद्रों का ब्राह्मणों के साथ मन्त्र और योनि का सम्बन्ध होजाता है। इस घोर कलियुग में शूद्रों का ब्राह्मणों के साथ शयन-आसन और भोजन के द्वारा भी सम्बन्ध हो जाया करता है॥ ३९॥ राजा लोगों में प्राय शूद्रों की अधिकता होती है तथा पाखण्डियों की प्रवृत्तियाँ बढ़ी-चढ़ी होती हैं। सभी ओर काषाय वस्त्रों के धारण करने वाले-निष्कच्छ और कापालिक दिखलाई दिया करते हैं। और जो अन्य कोई देवव्रती हैं तथा जो धर्म दूषक हैं एवम् जो कोई दिव्य वृत्त वाले हैं वे भी सब वृत्ति के ही लिए श्रुति चिह्न के धारण करने वाले होते हैं अर्थात् सबका लक्ष्य केवल धार्मिक आडम्बर दिखाकर रोजी के कमाने का ही हुआ करता है। इस कलियुग में जो कोई भी होते हैं वे इसी प्रकार के हुआ

करते हैं। कलि मे शूद्र लोग वेदो का अध्ययन किया करते हैं और वे ही धर्म तथा अर्थ के विद्वान् होते हैं ॥ ४०, ४१, ४२ ॥

यजन्ति ह्यश्वमेधैस्तु राजानः शूद्रयोनयः ।
स्त्रीबालगोवधं कृत्वा हत्वा चैव परस्परम् ॥४३
उपहृत्य तयान्योन्या साधयन्ति तदा प्रजाः ।
दुःखप्रचुरतात्पाय देशोत्साद. सरोगता ॥४४
अधर्माभिनिवृत्तत्व कलौवृत्त कलौस्मृतम् ।
भ्रूणहत्या प्रजानाञ्च तथा ह्येव प्रवर्त्तते ॥४५
तस्मादायुर्बलं रूप प्रहीयन्ते कलौयुगे ।
दुःखेनाभिप्लुताना च परमायुः शत नृणाम् ॥४६
भूत्वा च न भवन्तीह वेदा.कलियुगेऽखिला ।
उत्सीदन्ते तथा यज्ञाः केवलं धर्महेतवः ॥४७
एषाकलियुगावस्यासन्ध्याशेतु निबोधत ।
युगेयुगे तु हीयन्तेत्रीस्त्रीन् पादाञ्चसिद्धयः ॥४८
युगस्वभावाःसन्ध्यासुअवतिष्ठन्ति पादतः ।
सन्ध्यास्वभावा स्वादेपुपादेनैवावतस्थिरे ॥४९

शूद्र योनि से समुत्पन्न राजा लोग इस कलियुग मे अश्वमेध यज्ञो के द्वारा यजन किया करते हैं। ये लोग स्त्री-बाल और गो का वध करके तथा परस्पर मे हनन करते हुए अन्योन्य का अपहरण करके उस समय मे प्रजा का साधन किया करते हैं। दुःखो की बहुतायत—आयु का स्वल्प होना—देश का उत्सादन—रोगो के सहित रहना और अधर्माभिनिवृत्तम यह इस कलिका वृत्त है जो कि कलियुग मे कहा गया है। प्रजाजनो की भ्रूण हत्या (गर्भस्थ बालक को भ्रूण कहते हैं) इसी प्रकार से सबकी प्रवृत्तियाँ कलि मे होती हैं। इसी कारण से इस कलियुग मे आयु-बल और रूप लावण्य की हीनता हुआ करती है। दुःखो की इतनी अधिकता जीवो को रहा करती है कि इस कलि मे दुःखो से अभिप्लुत मनुष्यो की

परमायु अर्थात् अधिक से अधिक उम्र सौ वर्ष की ही हुआ करती है। ॥४३, ४४, ४५, ४६॥ इस कलियुग मे समस्त वेद होकर भी नहीं हुआ करते हैं अर्थात् होते हुए भी वे सब निष्फल ही होते हैं। केवल धर्म के हेतु यज्ञ उसी दमान हुआ करते हैं। यह ऐसी इस कलियुग की अवस्था होती है। अब उस युग की सन्ध्या और सन्ध्याशो को भी समझ लो। युग-युग मे सिद्धियाँ तीन-तीन पाद हीन हुआ करती हैं। युग के स्वभाव सन्ध्याओ मे भी पाद से अवस्थित रहा करते हैं। अपने अशो मे सन्ध्या के स्वभाव एक पाद से अवस्थित रहा करते थे॥ ४७, ४८। ४९॥

एव सन्ध्यांशयेकाले सम्प्राप्ते युगान्तिके।
तेषामधर्मिणा शास्ता भृगुणाञ्च कुले स्थितः ॥५०
गोत्रेण वै चन्द्रमसे नाम्नाप्रमतिरुच्यते।
कलिसन्ध्याशभागेषु मनोःस्वायम्भुवेऽन्तरे ॥५१
समास्त्रिंशत्तुसम्पूर्णाःपर्यटन्वैवसुन्धराम्।
अस्त्रकर्मा स वै सेनाहस्त्यश्वरथसङ्कुलाम् ॥५२
प्रगृहीतायुधैर्विप्रैः शतशोऽथ सहस्रशः।
स तदातैः परिवृतोम्लेच्छान् सर्वान्निजघ्निवान् ॥५३
स हत्वा सवशश्चैव राजानः शूद्रयानयः ॥५४
पाषण्डान् स तदा सर्वान्निःशेषानकरोत् प्रभुः ॥५५
अधार्मिकाश्चयेकेचित्तान्सर्वान् हन्तिसर्वशः।
औदीच्यान्मध्यदेशाश्चपार्वतीयास्तथैवच ॥५६

इस प्रकार से युग के अन्त करने वाले सन्ध्याश काल के सम्प्राप्त होने पर उन अधर्मियो का शासन करने वाला भृगुओ के कुल मे स्थित चन्द्रमस गोत्र से युक्त नाम से प्रमति कहा जाता है। कलिके सन्ध्यांश भागो मे मनु के स्वायम्भुव अन्तर मे जब तीस वर्ष पूर्ण हो जाते हैं तो अस्त्र कर्म वाला इस वसुधरा पर पर्य्यटन करते हुए एक विशाल सेना

लेकर निकलता है जिस सेना में हाथी-घोड़े और और रथ सभी होते हैं और इनसे वह संकुल हुआ करती है। सभी प्रकार के आयुधों को ग्रहण करने वाला वह हजारों और सैकड़ों विप्रों के सहित रहता है। उनके साथ उस समय में वह परिवृत रहकर समस्त म्लेच्छों का निहनन कर दिया करता है ॥५०, ५१, ५२, ५३॥ वह सभी ओर से जो राजा शूद्र योनि वाले होते हैं उनका हनन कर देता है। उस समय में वह प्रभु सभी पाखण्डियों को निःशेष कर देता था ॥५४, ५५॥ जो भी कोई अधार्मिक होते थे उन सबको सभी ओर से मार गिराता है। जो औदीच्य हैं अर्थात् उत्तर दिशा में रहने वाले हैं—मध्य देश के निवासी हैं तथा पर्वतीय भागों के रहने वाले हैं इन सबका अन्त कर देने वाला वह था ॥५६॥

प्राच्यान् प्रतीच्यांश्च तथा विन्ध्यपृष्ठापरान्तिकान् ।
तथैव दाक्षिणात्याश्च द्रविडान् सिंहलैः सह ॥५७
गन्धारान् पारदांश्चैव पह्लवान् यवनान् शकान् ।
तुषारान् बर्बरान् श्वेतान् पुलिन्दान् बबरान् श्वसान्॥५८
लम्पकानान्ध्रकाश्चापि चोरजातीस्तथैव च ।
प्रवृत्तचक्रो बलवान्शूद्राणामन्तकृद् वभौ ॥५९
विद्राव्य सर्वभूतानि चचार वसुधामिमाम् ।
मानवस्य तु वंशे तु नृदेवस्येहजश्चिवान् ॥६०
पूर्वजन्मनि विष्णुश्च प्रमतिर्नाम वीर्यवान् ।
स्वतः स वै चन्द्रमसः पूर्वं कलियुगे प्रभुः ॥६१
द्वात्रिंशेऽभ्युदितेवर्षे प्रकान्तो विंशतिसमाः ।
निजघ्नेसर्वभूतानिमानुषाण्येवसवशः ॥६२
कृत्ववीजावशिष्टान्तापृथ्वीकूरेणकर्मणा ।
परस्परनिमित्तेन कालेनाकस्मिकेन च ॥६३

प्राच्य-प्रतीच्य तथा विन्ध्य के पृष्ठ वासी— अपरान्तिक—दाक्षि-

णात्य (दक्षिण दिशा वाले)—द्रविड—सिंहल—गान्धार—पारद—पह्लव—यवन—शक—तुषार—ववर्ण—श्वेत—पुलिन्द—वर्बर—शबर—लम्पक—आन्ध्रक तथा घोर जाति वाले सबका शूद्रो का अन्त कर देने वाला यह बलवान् प्रवृत्त चक्र होकर सुशोभित हुआ था ॥५७, ५८, ५९॥ सभी भूतो को विद्रावित करके यह इस पृथ्वी पर सचरण किया करता था। यह यहाँ पर नृदेव मानव के वंश मे समुत्पन्न हुआ था ॥६०॥ पूर्व जन्म मे यह विष्णु वीर्यवान् प्रमिति नाम वाला था पूर्व मे यह प्रभु कृत युग मे चन्द्रमा के कुल मे था। बत्तीसवें वर्ष के अभ्युदित होने पर यह प्रक्रान्त हुआ था। जब बीस वर्ष हो गये तो इसने सभी ओर से मानुष सभी भूतो का निहनन कर दिया था। परस्पर मे निमित्त आकस्मिक काल के द्वारा तथा क्रूर कर्म से पृथ्वी को बीजावशिष्टान्त कर दिया था॥ ६१॥ ॥६२, ६३॥

सस्थिता सह सायासे सेना प्रमतिना सह।
गङ्गायमुनयोमध्येसिद्धिप्राप्ताःसमाधिना ॥६४
ततस्तेषु प्रनष्टेषु सन्ध्याशे क्रूरकर्मसु।
उत्साद्य पार्थिवान् सर्वान् तेष्वतीतेषु वै तदा ॥६५
तत सन्ध्याशके काले सप्राप्ते च युगान्तके।
स्थिता स्वल्पावशिष्टासु प्रजास्विह ककचित् ककचित्।
स्वाप्रदानास्तथातेषै लोभाविष्टास्तुवृन्दशः।
उपहिसन्ति चान्यो यप्रलुम्पन्तिपरस्परम् ॥६७
अराजके युगाशे तु मङ्क्षये समुपस्थिते।
प्रजास्ता वै तदा सर्वा. परस्परभयार्दिताः ॥६८
व्याकुलास्ता परावृत्तास्त्यक्त्य देवगृहाणि तु।
स्वान् स्वान् प्राणानवेक्षन्तो निष्कारुण्यात् सुदु खिता.॥६९
नष्टे श्रौतस्मृते धर्मे कामक्रोधवशानुगा.।
निर्मर्यादा निरानन्दा नि.स्नेहानिर्दयाः ॥७०

प्रमति के साथ वह सेना सायाह्न मे सस्थित हो गई थी। गङ्गा और यमुना के मध्य मे समाधि के द्वारा सिद्धि को प्राप्त हुए थे। इसके पश्चात् सन्ध्यांश मे उन क्रूर कर्म्मों वालो के प्रनष्ट होने पर उस समय मे उनके अतीत होने पर सभी पार्थिवो का उत्सादन कर दिया था। इसके अनन्तर युग का अन्त करने वाले सन्ध्यांशक काल के सम्प्राप्त होने पर यहाँ संसार मे कहीं-कहीं पर प्रजाजनो के अत्यन्त अल्प रह जाने पर वे स्थित थे। समूहो के रूप मे धन न देने वाले और लोभ से आविष्ट चित्त वाले वे सब परस्पर मे प्रलुम्पन करते थे और एक दूसरे का उपहिंसन किया करते हैं॥ ६४, ६५, ६६, ६७॥ वह युगाश अराजक जैसा था और उसमें सक्षय के समुपस्थित होने पर वह ऐसा समय था जिसमे सम्पूर्ण प्रजाजन परस्पर मे भय से अर्दित हो रहे थे। वे सब प्रजाऐं देव गृहो का परित्याग करके परावृत्त हो गये थे। अपने २ प्राणो को देखते हुए निष्कारुण्य भाव से वे सब अच्छी तरह दुःखित हो गये थे॥ ६८॥ ६९॥ श्रौत तथा स्मार्त्त धर्म के नष्ट हो जाने पर सब लोग काम और क्रोध के वश मे होकर उनके ही अनुयायी बन गये थे। सब मर्यादा से रहित—आनन्द से शून्य—स्नेह हीन और निर्लज्ज बन गये थे॥ ७०॥

नष्टे धर्मे प्रतिहता ह्रस्वका. पञ्चविंशका.।
हित्वा दाराश्च पुत्राश्च विषादव्याकुलप्रजा॥७१
अनावृष्टिहतास्तेवै वार्त्तामुत्सृज्यदुःखिताः।
चीरकृष्णाजिनधरा निष्क्रुद्धानिष्परिग्रहाः॥७२
वर्णाश्रमपरिभ्रष्टाः सङ्करङ्घोरमास्थिताः।
एव कष्टमनुप्राप्ता ह्यल्पशेषाः प्रजास्ततः॥७३
जन्तवश्च क्षुधाविष्टा दुःखान्निर्वेदमागमन्।
सश्रयन्तिच देशास्ताश्चक्रवत् परिवर्त्तनाः। ७४
ततः प्रजास्त ताः सर्वा मासाहारा भवन्ति हि।

मृगान् वराहान् वृषभान्ये चान्ये वनचारिणः ॥७५
भक्ष्याश्चैवाप्यभक्ष्याश्च सर्वास्तान् भक्षयन्ति ताः ।
समुद्र सश्रिता यास्तु नदीश्चैव प्रजास्तु ताः ॥७६
तेऽपि मत्स्यान् हरन्तीह आहारार्थं च सर्वशः ।
अभक्ष्याहारदोषेण एकवर्णगता प्रजाः ॥७७

धर्म्म के नष्ट होने पर सब प्रतिहत-हृस्वक और पञ्चविशक हो गये थे। अपनी दाराओं और पुत्रों का त्याग करके सब प्रजा विषाद से व्याकुल थी। अनावृष्टि के कारण हत हुए वे सब वार्ता का त्याग करके अत्यन्त दुखित थे। चीर तथा कृष्ण जिन (काला मृग चर्म) को धारण करने वाले—निष्क्रुद्ध और सब बिना परिग्रह वाले थे। वर्ण और आश्रम से परिभ्रष्ट हुए घोर सङ्करावस्था में समस्थित थे। इस प्रकार से कष्ट को प्राप्त हुई सब प्रजाऐं अल्प शेष रह गई थी। ७१, ७२ ७३॥ जन्तुगण सब भूख से आविष्ट हुए अत्यन्त दुःख से निर्वेद को प्राप्त हो गये थे। चक्र की भाँति परिवर्त्तन करने वाले उन देशों का सश्रय किया करते थे। इसके उपरान्त वे समस्त प्रजाऐं मांस का आहार करने वाली हो गई थीं। कुछ लोग मृगों को खाते थे तो कुछ वाराह—वृषभ और अन्य वनचारियों का भक्षण किया करते थे॥ ७४॥ ७५॥ वे सब प्रजाऐं उस समय में ऐसी हो गई थी कि चाहे भक्ष्य हो या अभक्ष्य हो सभी का भक्षण किया करते थे। कुछ प्रजाजन समुद्रों में तथा कुछ नदियों का सश्रय किया करते थे वे भी अपने आहार के लिये सर्वत्र मत्स्यों का हरण किया करते थे। अभक्ष्य आहार के करने के दोष से सब प्रजा एक वर्ण-गत होगई थी॥ ७६॥ ७७॥

यथा कृतयुगे पूर्वमेकवर्णमभूत्किल ।
तथा कलियुगस्यान्ते शूद्रीभूताः प्रजास्तथा ॥७८
एव वर्षशते पूर्णे दिव्ये तेषां व्यवर्त्तत ।
पट्त्रिंशच्च सहस्राणि मानुषाणि तु तानि वै ॥७९

अथ दीर्घेण कालेन पक्षिणः पशवस्तथा ।
मत्स्याश्चैव हताः सर्वैः क्षुधाविष्टैश्चसर्वश. ॥८०
नि.शेषेष्वथ सर्वेषु मत्स्यपक्षिपशुष्वथ ।
सन्ध्यांशे प्रतिपन्नेतु नि.शेषास्तु तदा कृताः ॥८१
ततः प्रजास्तु सम्भूय कन्दमूलमयोऽखनन् ।
फलमूलाशनाः सर्वे अनिकेतास्तथैव च ॥८२
वल्कलान्यथ वासांसि अधःशय्याश्च सर्वश. ।
परिग्रहो न तेष्वस्ति धनशुद्धिमवाप्नुयुः ॥८३
एवंक्षयगमिष्यन्ति ह्यल्पशिष्टा प्रजास्तदा ।
तासामल्पावशिष्टानामाहाराद् वृद्धिरिष्यते ॥८४

जिस प्रकार से पूर्व मे कृत युग मे सभी प्रजाजन एक ही वर्ण वाले थे क्योंकि उस आदिकाल मे वर्णों की कोई भी व्यवस्था ही नही बनी थी उसी भाँति इस कलियुग के इस अन्तिम काल मे सभी लोग शूद्रीभूत हो गये थे क्योकि वर्णों के कर्म्म धर्म सभी छोड़कर एक वर्ण जैसे बन गये थे। इस प्रकार से पूर्ण दिव्य एक सौ वर्ष उनके व्यतीत हो गये थे जो कि मानुष वर्ष छत्तीस हजार होते थे ॥ ७८, ७९ ॥ इसके अनन्तर बहुत अधिक दीर्घ काल तक भूख से व्याकुल लोगो के द्वारा सभी ओर से समस्त पशु-पक्षी और मत्स्य मार दिये गये थे और खा लिये गये थे ॥ ८० ॥ उस कलियुग के सन्ध्याश काल मे जब कि वह प्रतिपन्न हो गया था सम्पूर्ण पक्षी-पशु और मत्स्यो के नि शेष हो जाने पर सभी समाप्त हो गये थे। जब कोई भी जीव प्रजा के लोगो को खाने के लिये रहे थे तो फिर उन्होने भूमि से कन्द मूलो को खोदने का आरम्भ कर दिया था। सब लोग फल-मूल और कन्दो को खाने वाले और बिना घरो वाले हो गये थे। सबके वस्त्र वृक्षो की छाल के ही थे और सब नीचे भूमि पर शयन करने वाले थे। उन लोगो मे कुछ भी परिग्रह दोष नही रह गया था और सब लोगो ने धन की शुद्धि को प्राप्त कर लिया

था। इस प्रकार से उस समय में जो भी बहुत थोडी-सी प्रजा अवशिष्ट रह गई थी वह क्षय को प्राप्त हो जायगी। उन अत्यल्प शेष बचे हुओ के आहार से वृद्धि अभीष्ट हुआ करती है ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ ॥ ८३ । ८४ ॥

एव वर्षशत दिव्यं सन्ध्याशस्तस्य वर्त्तते ।
ततो वर्षसहस्रान्ते अल्पशिष्टा स्त्रियःसुताः ॥८५
मिथुनान्नितुता सर्वा ह्यन्योन्यसप्रजज्ञिरे ।
ततस्तास्तु म्रियन्तेवै पूर्वोत्पन्ना प्रजास्तुयाः ॥८६
जातमात्रेष्वपत्येषु तत. कृतमवर्त्तत ।
यथा स्वर्गे शरीराणि नरके चैव देहिनाम् ॥८७
उपभोगसमर्थानि एवं कृतयुगादिषु ।
एव कृतस्य सन्तानः क्लेशश्चैव ह्यस्तथा ॥८८
विचारणात्तु निर्वेदः साम्यावस्थात्मना तथा ।
ततश्चैवात्मसम्बोध सम्बोधाद्धर्म्मशीलता ॥८९
कलिशिष्टेषु तेष्वेव जायन्ते पूर्ववत् प्रजा. ।
भाविनोऽर्थस्य च बलात्ततः कृतमवर्त्तत ॥९०
अतीतानागतानि स्युर्य्यानि मन्यन्तरेष्विह ।
एतेयुगस्वभावास्तु मयोक्तास्तु समासतः ॥९१

इस रीति से उस कलियुग का वह सन्ध्याश काल दिव्य सौ वर्ष का होता है। जब यह सौ वर्ष समाप्त हो गये थे तब इनके अन्त मे बहुत ही थोडे स्त्रीजन और उनके सुत अवशिष्ट रह गये थे। उनके वे मिथुन सब अन्योन्य मे समुत्पन्न हुए थे। इसके उपरान्त जो पूर्व मे उत्पन्न प्रजायें थी वे मर जाया करती थी। फिर सन्तानो के जात मात्र होने पर कृत युग वर्त्तमान होने लगा था। जिस तरह देहधारियों के शरीर स्वर्ग मे और नरको मे रहा करते हैं ॥ ८५, ८६, ८७ ॥ इस प्रकार मे कृत युगादि मे देहधारियो के शरीर उपभोग करने मे समर्थ

थे। इसी रीति से कलियुग का क्षय और कृत युग की सन्तति हुई थी ॥ ८८ ॥ साम्यावस्थात्मा के द्वारा विचार करने से निर्वेद होता है और फिर उस निर्वेद से आत्मा का भली भाँति ज्ञान समुत्पन्न हुआ करता है। जब सम्बोध हो जाता है तो धर्म्मशीलता का प्रादुर्भाव स्वभाविक रूप से हो जाया करता है ॥ ८९ ॥ इस रीति से उस कलियुग में जो अवशिष्ट रह जाया करते हैं उनसे पूर्व की भाँति प्रजाऐं जन्मग्रहण किया करती हैं फिर भावी अर्थ के बल से कृत युग वरता करता था। इस ससार मे मन्वन्तरो मे जो भी कोई अतीत और अनागत है वे हुआ करते हैं। ये सब युगो के स्वभाव मैंने अत्यन्त सक्षेप के साथ सब बतला दिये है। ॥९०, ९१॥

विस्तरेणानुपूर्व्याच्च नमस्कृत्य स्वयम्भुवे।
प्रवृत्तातु ततस्तस्मिन् पुनः कृतयुगे तु वै ॥९२
उत्पन्नाः कलिशिष्टेषु प्रजाः कार्त्तयुगास्तथा।
तिष्ठन्ति चेह ये सिद्धा अदृष्टा विहरन्तिच ॥९३
सह सप्तर्षिभिर्ये तु तत्र ये च व्यवस्थिताः।
ब्रह्मक्षत्रविशः शूद्रा बीजार्थे य इह स्मृताः ॥९४
तेषां सप्तर्षयो धर्मं कथयन्तीह तेषु च।
वर्णास्समाचारयुत श्रौतस्मार्त्तविधानतः ॥९५
एव तपु क्रियावत्सु प्रवर्त्तन्तीह वै कृते ॥९६
श्रौतमार्त्तस्थितानान्तु धर्मे सप्तर्षिदर्शिते।
ते तु धर्मव्यवस्थार्थं तिष्ठन्तीह कृते युगे ॥९७
मन्वन्तराधिकारेषु तिष्ठन्ति ऋषयस्तु ते।
यथा दावप्रदग्धेषु तृणेष्वेवापनक्षितौ ॥९८

स्वयम्भू भगवान् को नमस्कार करके मैंने विस्तार से और आनुपूर्वी से सभी कुछ बतला दिया है। फिर इसके बाद मे पुनः उस कृतयुग की प्रवृत्ति हो जाया करती है। उसके प्रवृत्त होने पर जो कलियुग मे

थोडे से बचे खुचे रह जाते हैं उन्ही मे कृतयुग की प्रजाऐं समुत्पन्न हुआ करती हैं। जो यहाँ पर सिद्ध गण स्थित रहा करते है वे अदृष्ट होते हुए विहार किया करते हैं। सप्तर्षियो के साथ वहाँ पर जो व्यवस्थित रहते है वे यहा पर बीजार्थ मे ब्राह्मण—क्षत्रिय—वैश्य और शूद्र बतलाये गये है। उन लोगो को उनके सप्तर्षिगण श्रौत-स्मार्त्त के विधान से वर्णों और आश्रमो के आचार से युक्त धर्म को कहा करते हैं। इसी प्रकार से कृतयुग मे क्रियावान् उनमे वे सब प्रवृत्त हुआ करते हैं ॥९२, ९३, ९४, ९५॥ ॥९६॥ श्रौत और स्मार्त्त धर्मों मे स्थित रहने वालो को सप्तर्षियों के द्वारा प्रदर्शित धर्म मे वे यहा पर उस कृतयुग मे धर्म की व्यवस्था के लिये ही अवस्थित रहा करते हैं। वे ऋषिगण मन्वन्तरो के अधिकारो मे उसी तरह से स्थित रहा करते हैं जैसे आपन क्षिति मे दावाग्नि से प्रदग्ध हुए तृणो मे वनो की स्थिति हुआ करती है ॥९७, ९८॥

वनानां प्रथम दृष्ट्वा तेषा मूलेषु सम्भवः।
एव युगाद्युगाना वै सन्तानस्तु परस्परम् ॥९९
प्रवर्त्तते ह्यविच्छेदाद्यावन्मन्वन्तरक्षयः।
सुखमायुर्बलं रूपं धर्मार्थौ काम एव च ॥१००
युगेष्वेतानि हीयन्ते त्रयः पादाः क्रमेण तु।
इत्येषः प्रतिसन्धिर्वः कीर्त्तितस्तु मया द्विजाः! ॥१०१
चतुर्युगाणा सर्वेषामेतदेव प्रसाधनम्।
एषा चतुर्युगाणान्तु गणिता ह्येकसप्तति. ॥१०२
क्रमेण परिवृत्तास्ता मनोरन्तरमुच्यते।
युगाख्यासु तु सर्वासु भवतीह यदा च यत् ॥१०३
तदेव च तदन्यासु पुनस्तद्वै यथाक्रमम्।
सर्गे सर्गे यथा भेदा ह्युत्पद्यन्ते तथैव च ॥१०४
चतुर्दशसु तावन्तो ज्ञेया मन्वन्तरेष्विह।
आसुरी यातुधानी च पैशाची यक्षराक्षसी ॥१०५

जब दावाग्नि से दग्ध वन हो जाते हैं तो प्रथम दृष्टिपात करने पर ऐसा मालूम होता है कि यह सभी जलभुक्त कर भस्मसात् हो गया है और अब कुछ भी अंश शेष नहीं रहा है किन्तु कुछ समय के बाद ही उनके मूल प्रदेशों में अंकुरोत्पत्ति हो जाया करती है। इसी तरह से युग से अर्थात् एक युग से दूसरे युग की सन्तति परस्पर में हुआ करती है जो प्रत्यक्ष में उसका मूल लेशमात्र भी दिखलाई नहीं दिया करता है। जिस समय तक मन्वन्तर क्षय नहीं होता है तब तक बराबर अविच्छेद रूप से प्रवृत्ति रहा करती है। एक ही मन्वन्तर में कृतयुग आदि की कितनी ही चौकड़ियाँ समाप्त हो जाया करती है। सुख—आयु—बल—रूप—धर्म्म—अर्थ और काम ये सब युगों में हीन हुआ करते हैं। क्रम से तीन पाद होते हैं। हे द्विजगण! यह ही प्रतिसन्धि हुआ करती है जिस को कि मैंने आपको कह कर बतला दिया है॥ ९, १००, १०१॥ सभी चारों युगों का यह ही प्रसाधन हुआ करता है। इन सत्ययुग—त्रेता—द्वापर और कलियुग चारों युगों की जो एक चौकडी होती है उसी प्रकार की इकहत्तर चौकड़ियों की गणना जब पूरी जाती है और क्रम से वह परिपूर्त होती है तो एक मनु का अन्तर हुआ करता है। जब सब युगों में यह पूर्ण होती है तो एक मन्वन्तर समाप्त हुआ करता है। इसी क्रम से फिर दूसरी युगाख्याओं में वही मन्वन्तर होता है। सर्ग-सर्ग में जैसे भेद उत्पन्न होते हैं वैसे ही वे होते हैं॥१०२, १०३, १०४॥ चौदह मन्वन्तर होते हैं उनमें उतने ही जानने चाहिये। युग—युग में आसुरी—यातुधानी—पैशाची—यक्षों की और राक्षसों की प्रजा उत्पन्न होती हैं॥१०५॥

युगे युगे तदा काले प्रजा जायन्त ता शृणु।
यथाकल्पं युगैः सार्द्धं भवन्ते तुल्यलक्षणा॥
इत्येतल्लक्षणं प्रोक्तं युगानां वै यथाक्रमम्॥१०६
मन्वन्तराणां परिवर्त्तनानि चिरप्रवृत्तातियुगस्वभावात्।
क्षणं न तिष्ठन्ति जीवलोकः क्षयोदयाभ्यां परिवर्त्तमानः॥ १०७

एते युगस्वभावा व. परिक्रान्ता यथाक्रमम् ।
मन्वन्तराणि यान्यस्मिन् कल्पे वक्ष्यामि तानि च ॥ १०८

प्रत्येक युग मे उस समय मे जो भी प्रजा होती हैं उनके विषय मे अब श्रवण करो। कल्प के नुसार युगो के साथ वह प्रजा भी तुल्य लक्षणो वाली होती है। यही युगो का यथाक्रम लक्षण बताया गया है ॥१०६॥ चिर काल मे प्रवृत्त अतियुग के स्वभाव से मन्वन्तरो के परिवर्तन होते हैं। क्षय और उदय होने के कारण से परिवर्त्तमान यह जीवलोक क्षण भर सस्थित नही रहता है। ये युगों के स्वाभाव क्रमानुसार हमने आप लोगों को परिक्रान्त कर दिये हैं। इस कल्प मे जो भी मन्वन्तर होते हैं उनको भी हम बतलायेंगे ॥१०७, १०८॥

---

५८ —चतुर्युग गति वर्णन

चत्वार्याहुः सहस्राणि वर्षाणान्तु कृत युगम् ।
तस्य तावच्छती सन्ध्या द्विगुणा रविनन्दन ! ॥१
यत्र धर्मश्चतुष्पादस्त्वधमः पादविग्रहः ।
स्वधर्मनिरताः सन्तो जायन्ते यत्र मानवाः ॥२
विप्रा. स्थिता धर्मपरा राजवृत्तौ स्थिता नृपाः ।
कृष्यामभिरता वैश्याः शूद्राः शुभूषवः स्थिता. ॥३
तदा सत्यञ्च शौचञ्च धर्मश्चैव विवर्धते ।
सद्भिराचरित कर्म क्रियते श्रूयते च वै ॥४
एतत् कार्त्तयुग वृत्त सर्वेषामपि पार्थिव ! ।
प्राणिनाधर्मसङ्ज्ञानामपि वै नीचजन्मनाम् ॥५
त्रीणि वर्षसहस्राणि त्रेतायुगमिहो यते ।
तस्यतावच्छतीसन्ध्याद्विगुणा परिकीर्त्तये ॥६

द्वाभ्यामधर्मः पादाभ्यांत्रिभिर्धर्मोव्यवस्थितः ।
यत्र सत्यञ्च सत्वञ्चत्रेताधर्मो विधायते । ७

मत्स्य भगवान् ने कहा—चार सहस्र वर्षों का कृत युग कहा जाता है और उस युग की उतने ही सौ वर्ष की सन्ध्या होती है जो द्विगुणा हे रविनन्दन ! हुआ करती है ॥ १ ॥ जिस कृत युग में धर्म्म के चार पाद पूर्ण होते हैं और अधर्म का विग्रह केवल एक ही पाद होता है । जिस युग में सभी मनुष्य अपने २ धर्म में निरत रहा करते थे । उस समय मे सभी विप्रगण धर्म्म मे तत्पर होकर रहा करते थे और नृपो के वर्ग राजवृत्ति मे स्थिर रहा करते थे । वैश्य लोग कृषि के कर्म्म मे स्थित थे और शूद्र सेवा धर्म्म के करने वाले हुआ करते थे ॥२, ३ ॥ उस समय मे सत्य, शौच और धर्म्म विशेष रूप से वर्धित हुआ करते थे । सत्पुरुषो के द्वारा सत्कर्म का समाचरण किया जाता था और वही ख्यात हुआ करता था । हे पार्थिव ! इस प्रकार का नीच जाति मे भी जन्म ग्रहण करने वाले प्राणी भी सब धर्म्म को ही सङ्ग रखने वाले जिसमे होते थे । वह कृतयुग का समय हुआ था ॥ ४ ॥ ५ ॥ तीन हजार वर्षों की अवधि वाला त्रेता युग कहा जाता है उस युग की उतने ही सौ वर्ष वाली दुगुनी सन्ध्या होती है । इस युग मे धर्म्म के केवल तीन ही चरण होते हैं और अधर्म्म दो पादो वाला रहा करता है । जिसमे सत्य और सत्व त्रेता का धर्म हुआ करता है ॥ ६ ॥ ७ ॥

त्रेतायां विकृतिं यान्ति वर्णास्त्वेतेन संशयः ।
चतुर्वर्णस्य वैकृत्याद्यान्ति दौर्बल्यमाश्रमाः ।८
एषा त्रेतायुगगति र्विचित्रा दैवनिर्मिता ।
द्वापरस्य तु या चेष्टा तामपिः श्रोतुमर्हसि ॥९
द्वापरन्द्वे सहस्रे तु वर्षाणां रविनन्दन ! ।
तस्य तावच्छतो सन्ध्या द्विगुणा युगमुच्यते ॥१०

तत्र चार्थपराः सर्वे प्राणिनो रजसा हताः ।
सर्वे नैष्कृतिका.क्षुद्रा जायन्ते रविनन्दन ! ॥११
द्वाभ्यां धर्मः स्थित पदभ्यामधर्मस्त्रिभिरुत्थित ।
विपर्ययाच्छनैर्धर्मः क्षयमेति कलौयुगे ॥१२
ब्राह्मण्यभावस्य ततो तथौत्सुक्यं व्यशीर्यते ।
व्रतोपवासास्त्यज्यन्ते द्वापरे युगपर्यये ॥१३
तथा वर्षसहस्रन्तु वर्षाणां द्वेशते अपि ।
सन्ध्ययासह सख्यात क्रूरङ्कलियुग स्मृतम् ॥१४

त्रेता मे ये चारो वर्ण विकृति को प्राप्त हो जाया करते हैं—इसमे कुछ भी सशय नही है। चारो वर्णों की विकृति से चारो आश्रम भी दुर्बलता को प्राप्त हो जाया करते है ॥८॥ यही इस त्रेता युग की गति है जो अति विचित्र और देवों के द्वारा निर्मित है। अब द्वापर युग की जो चेष्टाएँ हैं उन्हे भी आप श्रवण करने के योग्य होते हैं। हे रविनन्दन ! द्वापर युग की अवधि दो सहस्र वर्षों की होती है और उसकी उतने ही सौ वर्ष की दुगुनी सन्ध्या है—इस प्रकार से यह युग कहा जाता है ॥९, १०॥ उस युग मे सभी प्राणी रजोगुण से हत होते हुए अर्थ—परायण हुआ करते है। हे रविनन्दन ! सभी प्राणी इस युग मे नैष्कृतिक और अत्यन्त क्षुद्र होते है। धर्म केवल दो ही चरणों वाला स्थित रहता है और अधर्म के तीन पाद समुत्थित होकर रहा करते हैं। कलियुग मे बिल्कुल विपर्यय हो जाने धर्म क्षय को शनैः-शनैः प्राप्त हो जाया करता है ॥११, १२॥ फिर ब्राह्मण्य भाव का विनाश और औत्सुक्य भी विशीर्ण हो जाया करता है। द्वापर युग मे विपर्यय हो जाने पर व्रत और उपवास आदि सब त्याग दिये जाया करते हैं ॥१३॥ फिर एक सहस्र वर्ष की अवधि वाला तथा दो सौ वर्ष की सन्ध्या के सहित यह महान् क्रूर कलियुग सख्यान करके बताया गया है ॥१४॥

यत्राधर्मश्चतुष्पादः स्याद् धर्मःपादविग्रहः ।
कामिनस्तपसाच्छन्नाजायन्ते तत्र मानवाः ॥१५
नैवातिसात्त्विकः कश्चिन्न साधुनं च सत्यवाक् ।
नास्तिका ब्रह्मभक्ता वा जायन्ते तत्र मानवाः ॥१६
अहङ्कारगृहीताश्च प्रक्षीणस्नेहबन्धनाः ।
विप्राः शूद्रसमाचाराः सन्ति सर्वे कली युगे ॥१७
आश्रमाणा विपर्यासः कलौ सपरिवर्तते ।
वर्णानाञ्चैव सन्देहो युगान्ते रविनन्दन ! ॥१८
विद्याद् द्वादशसाहस्रीं युगाख्यां पूर्वनिर्मिताम् ।
एवं सहस्रपर्यन्तं तदहो ब्राह्ममुच्यते ॥१९

जिस कलियुग मे अधर्म चारो पादो से युक्त रहा करता है और धर्म का केवल एक ही चरण अवशिष्ट रहता है । उस युग मे मानस तप से समाच्छन्न होकर का भी उत्पन्न हुआ करते हैं ॥१५॥ इस युग मे न तो कोई अत्यन्त सात्विक ही होता है और न कोई भी साधु एव सत्य वाणी बोलने वाला हुआ करता है । इसमें तो सभी मानव नास्तिक अथवा ब्रह्मभक्त उत्पन्न हुआ करते हैं ॥१६॥ सभी अहङ्कार से जकड़े हुए और क्षीण स्नेह के बन्धनो वाले होते हैं । इस कलियुग मे सभी विप्र शूद्र के समान आचरण करने वाले हो जाया करते हैं कलियुग मे भली भाँति परिवर्तित होकर आश्रमो का विपर्यास हो जाया करता है । हे रविनन्दन ! इस युग के अन्त मे तो वर्णों का भी सन्देह हो जाया करता है । पूर्व मे निर्माण की हुई यह युगो की आख्या बारह सहस्र वर्षों की जाननी चाहिए । इस प्रकार से एक सहस्र पर्यन्त वह ब्रह्मा का दिन कहा जाया करता है । ॥१७॥१८॥१९॥

ततोऽहनि गते तस्मिन् सर्वेषानेव जीविनाम् ।
शरीरनिर्वृतिं दृष्ट्वा लोकसंहारबुद्धितः ॥२०
देवतानाञ्च सर्वासा ब्रह्मादीनामहीपते ! ।

दैत्यानां दानवानाञ्च यक्षराक्षसपक्षिणाम् ॥२१
गन्धर्वाणामप्सरसा भुजङ्गानाञ्च पार्थिव ! ।
पर्वतानां नदीनाञ्च पशूनाञ्चैव सत्तम ! ॥२२
तिर्यग्योनिगतानाञ्च सत्वानां कृमिणान्तथा ।
महाभूतपतिः पञ्च हृत्वा भूतानि भूतकृत् ॥२३
जगत्संहरणार्थाय कुरुते वंशस महत् ।
भूत्वा सूर्यदृक्षुषो चादाता भूत्वावायुः प्राणिनां प्राणजालम् ।
भूत्वा वह्निर्निर्दहन्सर्वं लोकान्भूत्वा मेघोभूय उग्रोऽप्यवर्षत् ॥२४

उस ब्रह्मा के एक दिन के समाप्त हो जाने पर सभी जीवधारियों के शरीर की निर्वृति को देखकर लोकों के संहार की बुद्धि से हे महीपते ! समस्त देवताओं—ब्रह्मादिको—दैत्यो—दानवों—यक्ष, राक्षस, पक्षियों—गन्धर्वों—अप्सरागणों—हे पार्थिव ! पर्वतो—नदियो—हे श्रेष्ठतम ! पशुओ तिर्यग्योनियों में रहने वाले सत्वो और कृमियों के भूतों के करने वाले महाभूतों के पति पाचों भूतो का हरण करके जगत् के संहरण करने के लिए महान वंशस किया करते हैं । सबके चक्षुओं को आदान करने वाले होकर —सब लोको का निर्दहन करता हुआ वह्नि होकर एवं फिर अत्युग्र मेघ होकर वर्षा किया करता था ॥२०॥२१॥२२॥२३॥२४॥

५६—प्रलयकाल वर्णन

भूत्वा नारायणो योगी सत्वमूर्तिर्विभावसुः ! ।
गभस्तिभि. प्रदीप्ताभिः सशोषयति सागरान् ॥१
ततः पीत्वार्णवान् सर्वान् नदी. कूपाश्च सर्वश. ।
पर्वतानाञ्च सलिल सर्वमादायरश्मिभिः ॥२
भित्वा गभस्तिभिश्चैव महीञ्जित्वा रसातलात् ।

पातालजलमादाय पिबन्नु रसमुत्तमम् ॥२
मूत्रासृक्क्लेदमन्यच्च यदस्ति प्राणिषु ध्रुवम् ।
तत् सर्वमरविन्दाक्षमादत्ते पुरुषोत्तमः ॥ ४
वायुश्च भगवान् भूत्वा विधुन्वानोऽखिलं जगत् ।
प्राणापानसमानाद्यात् वायूनाकर्षते हरिः ॥५
ततो देवगणाः सर्वे भूतान्येव च यानि तु ।
गन्धोघ्राणं शरीरञ्च पृथिवी सश्रितगुणाः ॥६
जिह्वा रसश्च स्नेहश्च संश्रिताःसलिले गुणाः ।
रूपं चक्षुर्विपाकञ्च ज्योतिरेवाश्रितागुणाः ॥७

श्रीमत्स्य भगवान् ने कहा—सबकी मूर्ति योगी नारायण विभावसु होकर अपनी अत्यन्त प्रदीप्त गभस्तियों के द्वारा समस्त सागरों का संशोषण किया करते हैं । १॥ इसके अनन्तर सब अर्णवों का—नदियों का और सभी ओर कूपों के जल को पीकर तथा रश्मियों के द्वारा सब पर्वतों के सलिल को ग्रहण करके—अपनी किरणों से मही का भेदन करके नीचे पहुँच कर रसातल से पाताल के जल का पान करके वहाँ के उत्तम कूप को ग्रहण कर लेते हैं । सूत्र—असृक् तथा अन्य जो भी क्लेदन करने वाला प्राणियों में होता है निश्चय ही उस सब अरविन्दाक्ष को पुरुषोत्तम ले लिया करते हैं ॥२, ३, ४॥ समस्त जगत् का विधूनन करने वाला भगवान् वायु होकर फिर श्रीहरि प्राणायाम समान आदि वायुओं का समाकर्षण किया करते हैं ॥ ५ ॥ इसके अनन्तर सब देवगण और जो सब भूत हैं उनका भी समाकर्षण कर लिया करते हैं । गन्ध घ्राण को तथा शरीर पृथ्वी को सब गुण संश्रित हुआ करते हैं । जिह्वा—रस और स्नेह सलिल में गुण संश्रित होते हैं । रूप, चक्षु और विपाक ज्योति का ही समाश्रय करने वाले गुण हैं ॥ ६, ७ ॥

स्पर्शः प्राणश्च चेष्टा च पवनेसश्रितागुणाः ।
शब्दः श्रोत्रञ्च खान्येव गगनेसंश्रितागुणाः ॥८

लोकमाया भगवता मुहूर्त्तेन विनाशिता ।
मनोबुद्धिश्च सर्वेषा क्षेत्रज्ञश्चेति यः श्रुतः ॥९
त वरेण्य परमेष्ठि हृषीकेशमुपाश्रिताः ।
ततो भगवतस्तस्य रश्मिभिः परिवारितः ॥१०
वायुनाक्रम्यमाणासु द्रुमशाखासुषाश्रिताः ।
तेषा सघर्षणोद्भूत. पावकः शतधाज्वलन् ॥११
अदहच्च तदा सर्वं वृतः सम्वर्तकोऽनलः ।
सपर्वतद्रुमान् गुल्मान् लतावल्लीस्तृणानिच ॥१२
विमानानि च दिव्यानि पुराणि विविधानि च ।
यानि चाश्रयणीयानि तानि सर्वाणि सोऽदहत् ॥१३
भस्मीकृत्वातत.सर्वान लोकानलोकगुर्हरिः ।
भूयोनिर्वापयामासयुगान्तेन च कर्मणा ॥१४

स्पर्श–प्राण और चेष्टा पवन मे सश्रित गुण हैं । शब्द–श्रोत्र और आकाश गगन के सश्रय करने वाले गुण हैं । भगवान् ने एक ही मुहूर्त मे लोकमाया का विनाश कर दिया था । सबके मन–बुद्धि और जो क्षेत्रज्ञ सुना गया है वे सब उस वरेण्य परमेष्ठी हृषीकेश का उपाश्रय करने वाले हुए थे । इसके पश्चात् उन भगवान् की रश्मियों से सब परिवारित हो गया था ॥८॥९॥१०॥ वायु के द्वारा द्रुमों की शाखाओ के आक्रम्य माण होने पर आश्रित हो गये थे । उनके सङ्घर्ष से समुत्पन्न पावक सैकडो रूपो से जलता हुआ हो गया था । उस समय मे सबको वृत हुए सम्वर्त्तक अनल ने जला दिया था । द्रुमों से युक्त पर्वतो को—गुल्मो को–लता वल्ली और तृणो को--दिव्य विमानों को—विविधपुरो को और जो भी आश्रणीय थे उन सबको उसने जला दिया था ॥११, १२, १३ ॥ इसके उपरान्त लोको के गुरु श्री हरि न समस्त लोकों को भस्मीभूत करके फिर युगान्तर कर्म के द्वारा नियमित किया था ॥ १४ ॥

सहस्रवृष्टिः शतधा भूत्वा कृष्णो महाबलः ।
दिव्यतोयेन हविषा तर्पयामास मेदिनीम् ॥१५
ततः क्षीरनिकायेन स्वादुना परमाम्भसा ।
शिवेन पुण्येन महीनिर्वाणमगमत् परम् ॥१६
तेन रोधेन संच्छन्ना पयसां वर्षतो धरा ।
एकार्णवजलीभूता सर्वसत्ववि वर्जिता ॥१७
महासत्वान्यपि विभुं प्रष्टान्यमितौजसम् ।
नष्टार्कपवनाकाशे सूक्ष्मे जगति संवृते ॥१८
सशोषमात्मना कृत्वा समुद्रापि देहिनः ।
दग्ध्वा सप्लाव्य च तथा स्वपित्येकः सनातन. ॥१९
पौराणं रूपमास्थाय स्वपित्यमितविक्रमः ।
एकार्णवजलव्यापी योगी योगमुपाश्रितः ॥२०
अनेकानि सहस्राणि युगान्येकार्णवाम्भसि ।
न चैनं कश्चिदव्यक्तं व्यक्तं वेदितुमर्हति ॥२१

महान् बल से सम्पन्न श्रीकृष्ण ने सैकडो प्रकार से सहस्र वृष्टि वाले होकर दिव्य तोय हवि के द्वारा इस मेदिनी को तृप्त कर दिया था ॥ १५ ॥ इसके उपरान्त क्षीर सागर में रहने वाले परम स्वाद से युक्त शिव और पुण्य जल के द्वारा इस मही का परम निर्वाण हो गया था ॥ १६ ॥ फिर रोध से यह मेदिनी सच्छन्न हुई जलो की वर्षा से एकार्णवी भूत जल पूर्ण हो गई थी और यह सब सत्वो से विवर्जित थी ॥ १७ ॥ सूर्य—पवन और आकाश के नष्ट होने पर इस सूक्ष्म जगत् का सम्वरण हो जाता है और यह सब भी अमित ओज वाले विभु मे सस्पृष्ट हो जाया करते हैं ॥ १८ ॥ अपने ही आपकी आत्मा से समस्त समुद्रो का तथा देहधारियो का संशोषण करके सबको दग्ध करके तथा सम्प्लावित करके सनातन प्रभु एक ही उस समय मे शयन किया करते है ॥१९॥ अमित विक्रम वाले प्रभु पौराण रूप मे समस्थित होकर शयन करते हैं

और एकार्णव के जल में व्यापक योगी योग का उपाश्रय किया करते हैं ॥ २० ॥ उस एकमात्र सागर में इस प्रकार से योग निद्रा के आनन्द में शयन करने वाले प्रभु को अनेकों सहस्र युग व्यतीत हो जाया करते हैं। उस अवस्था में इस अव्यक्त को कोई भी व्यक्त रूप से जानने के योग्य नहीं हुआ करता है ॥२१॥

कश्चैव पुरुषोनाम किं योगः कश्चयोगवान् ।
असौ कियन्त कालञ्च एकार्णवविधिप्रभुः ॥२२
करिष्यतीति भगवानिति कश्चन्न बुध्यते ।
न द्रष्टा नैव गमिता न ज्ञाता नैव पार्श्वगः ॥२३
तस्य न ज्ञायते किञ्चित्तमृते देवसत्तमम् ।
नमः क्षिति पवनमप· प्रकाशप्रजापति भुवनधरं सुरेश्वरम् ।
पितामहश्रुतिमिलयमहामुनिं प्रशाम्य भूय.शयनह्यरोचयत् ॥२४

यह पुरुष नाम वाला कौन है—योग क्या है और कौन इसके करने वाला है—यह विभु भगवान् कितने काल पर्यन्त इस एक मात्र सागर में शयन करते रहने की विधि को करेंगे—इसको कोई भी नहीं जानता है। न तो कोई इसके देखने वाला है—न कोई इसका ज्ञान प्राप्त करने वाला है न कोई ज्ञाता तथा पार्श्व में गमन करने वाला ही होता है ॥ २२, २३ ॥ उस देवों में श्रेष्ठ के बिना उसके विषय में कोई भी कुछ नहीं जानता है। क्षिति—पवन—जल—प्रकाश—प्रजापति—भुवनधर—सुरेश्वर—पितामह—श्रुति के नियम वाले महामुनि को प्रशमित करके वह पुनः शयन करने को चाहते हैं उस प्रभु की सेवा में नमस्कार है ॥ २४ ॥

६०—यज्ञावतार वर्णन

एवमेकार्णवीभूते शेते लोके महाद्युतिः ।
प्रच्छाद्यसलिलेनोर्वी हंसो नारायणस्तदा ॥१
महतो रजसो मध्ये महार्णवसरःसु वै ।
विरजस्कं महाबाहुमक्षयं ब्रह्म यं विदुः ॥२
आत्मरूपप्रकाशेन तमसा संवृतः प्रभुः ।
मनः सात्विकमाधाय यत्र तत् सत्यमासत ॥३
याथातथ्यं पर ज्ञान भूतन्तद्ब्रह्मणापुरा ।।
रहस्यारण्यकोद्दिष्ट यच्चौपनिषदं स्मृतम् ॥४
पुरुषोयज्ञइत्येतत् यत्परं परिकीर्तितम् ।
यश्चान्यः पुरुषाख्यः स्यात् स एष पुरुषोत्तमः ॥५
ये च यज्ञकरा विप्रा येचर्त्विज इतिस्मृताः ।
अस्मादेवपुरा भूता यज्ञेभ्यः श्रूयतां तथा ॥६
ब्रह्माणं प्रथमं वक्त्रादुद्गातारञ्च सागरम् ।
होतारमपि चाध्वर्युं बाहुभ्यामसृजत् प्रभुः ॥७

श्री मत्स्य भगवान् ने कहा—इस प्रकार से एकार्णवी भूतलोक मे उस समय मे महान् द्युति वाले हंस नारायण सलिल से उर्वी का प्रच्छादन करके शयन किया करते हैं ॥ १ ॥ महान् रजोगुण के मध्य मे, महार्णवसरों मे जो विरजस्क (रजोगुण से रहित) महान् बाहुओं वाला अक्षय है जिसको ब्रह्म जानते हैं ॥ २ ॥ अपने रूप के प्रकाश से तम से सवृत प्रभु सात्विक मन का आधान करके जिसमे रहते हैं वह सत्य है ॥ ३ ॥ पहिले ब्रह्मा के द्वारा वह यथा तथ्य परम ज्ञान प्राप्त हुआ था जो रहस्यारण्यक उद्दिष्ट था और जो औपनिषद ज्ञान कहा गया है ॥४॥ जो परपुरुष यज्ञ—यह परिकीर्त्तित किया गया है और जो अन्य है। जिसका नाम पुरुष है वह ही पुरुषोत्तम प्रभु है ॥५॥ जो यज्ञो मे सम्पादन करने वाले विप्र हैं वे ऋत्विज कहे गये हैं। पहिले इसी से यज्ञ के

कर्मानुष्ठान को करने के लिये जो हुए थे उनके विषय में श्रवण करो ॥ ६ ॥ प्रभु ने प्रथम मुख से ब्रह्मा को और उद्गाता सागर को फिर बाहुओं से होता और अध्वर्यु को सृजित किया था ॥७॥

ब्रह्मणो ब्राह्मणाच्छसि प्रस्तोतारञ्च सर्वशः ।
तौ मित्रावरुणौ पृष्ठात् प्रतिप्रस्तारमेव च ॥८
उदरात् प्रतिहर्त्तारं होतारञ्चैव पार्थिव ! ।
अच्छावाकमथोव्याग्नेष्टारञ्चैव पार्थिव ! ॥९
पाणिभ्यामथ चाग्नीध्रसुब्रह्मण्यञ्च जानुतः ।
ग्रावस्तुतन्तु पादाभ्यामुन्नेतारञ्च याजुषम् ॥१०
एवमेवंष भगवान् षोडशैव जगत्पतिः ।
प्रवक्तॄन् सर्वयज्ञानामृत्विजोऽसृजदुत्तमान् ॥११
तदेष वै वेदमयः पुरुषो यज्ञसंस्थित ।
वेदाश्चैतन्मयाः सर्वे साङ्गोपनिषदक्रियाः ॥१२
स्वपित्येकार्णवे चैव यदाश्चर्यमभूत्पुरा ।
श्रूयन्तां तद्यथा विप्रा ! मार्कण्डेयकुतूहलम् ॥१३
गीणा भगवतस्तस्य कुक्षावेव महामुनि ।
बहुवर्षसहस्रायुस्तस्यैव वरतेजसा ॥१४

उस प्रभु ने ब्रह्म से ब्राह्मणो को और सब प्रस्तोता को सृजन किया था । दोनों मित्रावरुणो को और प्रति प्रस्तार को पृष्ठ से सृजित किया गया था । हे पार्थिव ! उदर से प्रतिहर्त्ता और होता का सृजन किया गया था । दोनो ऊरुओं से अच्छा वाक तथा नेष्टा की रचना की थी । दोनो हाथो से आग्नीधु को तथा जानु से सुब्रह्मण्य को रचा था । पादो से ग्रावस्तुत और याजुष उन्नेता का सृजन किया था । इस प्रकार से ही इन जगत् के पति भगवान् ने सोलहो सम्पूर्ण यज्ञों के प्रवक्ता उत्तम ऋत्विजो का सृजन किया था ॥८॥९॥१०॥११॥ वही यह वेदमय पुरुष यज्ञो मे संस्थित है । इसी से परिपूर्ण सम्पूर्ण वेद है तथा अङ्गो के

सहित उपनिषदों की क्रियाऐ हैं। वह एकार्णव में शयन किया करते हैं जो पहिले बड़ा भारी उपद्रव्य हुआ था। हे विप्रगण! जिस तरह से मार्कण्डेय को कुतूहल हुआ था। उसका अब आप लोग श्रवण करो। वह महामुनि उन भगवान् की कुक्षि में ही गीर्ण हो गये थे। वरदान के तेज से उनकी आयु भी बहुत से सहस्रो वर्षों की हुई थी ॥ १२ ॥ १३ ॥ १४ ॥

अटंस्तीर्थप्रसङ्गेन पृथिवीतीर्थगोचरान्।
आश्रमाणि च पुण्यानि देवतायनानि च ॥१५
देशान् राष्ट्राणि चित्राणि पुराणि विविधानि च।
जपहोमपरः शान्तस्तपोघोरं समास्थितः ॥१६
मार्कण्डेयस्ततस्तस्य शनैर्वक्त्राद्विनिः सृतः।
स निष्क्रामन्नचात्मान जानीते देवमायया ॥१७
निष्क्रम्याप्यस्य वदनादेकार्णवमयो जगत्।
सर्वतस्तमसाच्छन्न मार्कण्डेयोऽन्वगैक्षत ॥१८
तस्योत्पन्न भयन्तीव्र सशयश्चात्मजीविते।
देवदर्शनसहृष्टो विस्मय परमङ्गतः ॥१९
चिन्तयन् जलमध्यस्थो मार्कण्डेयोऽन्वगैक्षत।
किन्तु स्यान्मम चिन्तेयं मोहःस्वप्नोऽनुभूयते ॥२०
व्यक्तमन्यतमोभावस्तेषा सम्भावितो मम।
नहीदृश जगत् क्लेशमयुक्तं सत्यमर्हति ॥२१

तीर्थों के प्रसङ्ग से पृथिवी में स्थित प्रत्यक्ष तीर्थों का पर्यटन तथा पुण्यमय आश्रम-देवो के आयतन—देश—राष्ट्र—विचित्र एव अनेक पुरो का अटन करते हुए जप एव होम मे परायण तथा परम शान्त होकर घोर तपश्चर्या मे समास्थित हो गये थे ॥१५॥१६॥ इसके पश्चात् उनके मुख से शनैः मार्कण्डेय विनिःसृत होगये थे। वह निष्क्रमण करते हुए देव की माया से अपने आपको भी नहीं जानते थे अर्थात् उनको अपने

स्वरूप का भी ज्ञान नही था ।। १७ ।। मार्कण्डेय मुनि ने इनके मुख से बाहिर निकल कर भी इस सम्पूर्ण जगत् को सब ओर अन्धकार से समाच्छन्न और एकमात्र सागरमय देखा था ।। १८ ।। जब यहाँ पर इस प्रकार जगत् का स्वरूप देखा था तो उसके हृदय मे अत्यन्त तीव्र भय समुत्पन्न हो गया था और अपने जीवन के रहने मे भी सशय हो गया था । जब देव का दर्शन प्राप्त किया तो उससे वह अत्यधिक प्रसन्न हुआ और उसे महान् विस्मय समुत्पन्न हो गया था ।। १९ ।। जल के मध्य मे स्थित मार्कण्डेय महर्षि ने चिन्तन करते हुए यह सब कुछ देखा था अपने हृदय मे ऐसा विचार हो गया था कि क्यो ऐसी मेरी चिन्ता हो रही है ? क्या यह एक मोह है अथवा स्वप्न का अनुभव किया जा रहा है ।। २० ।। व्यक्त उनका अन्यतम भाव मुझे सम्भावित हुआ था । यह सत्य जगत् इस प्रकार के आयुक्त क्लेश के योग्य नही होता है ।। २१ ।।

नष्टचन्द्रार्कपवने नष्टपर्वतभूतले ।
कतमः स्यादय लोक इति चिन्तामवस्थितः ।।२२
ददर्श चापि पुरुषं स्वपन्त पर्वतोपमम् ।
सलिलेऽर्द्धमथो मग्नं जीमूतमिव सागरे ।।२३
ज्वलन्तमिव तेजोभिर्गोयुक्तमिव भास्करम् ।
शर्वर्या जाग्रतमिव भासन्तं स्वेन तेजसा ।।२४
देवन्द्रष्टु मिहायात. को भवानिति विस्मयात् ।
तथव स मुनि. कुक्षि पुनरेव प्रवेशितः ।।२५
सम्प्रविष्टः पुन कुक्षि मार्कण्डेयोऽतिविस्मयः ।
तथैव च पुनर्भूयो विजानन् स्वप्नदर्शनम् ।।२६
स तथैव यथा पूर्वं यो धरामटते पुरा ।
पुण्यतीर्थजलोपेतां विविधान्याश्रमाणि च ।।२७
क्रतुभिर्यजमानांश्च समाप्तिवरदक्षिणान् ।

आपश्यद्देवकुक्षिस्थान् याजकान् शतशोद्विजान् ॥२८

नाश को प्राप्त हुए चन्द्र-सूर्य्य और पवन वाले तथा विनष्ट पर्वत एवं भूतल वाले इसमे यह कौन सा लोक होगा—इसी चिन्ता में वह बहुत समय पर्यन्त अवस्थित रहा था ॥ २२ ॥ पर्वत की उपमा वाला अर्थात् महान् विशाल शयन करते हुये एक पुरुष को देखा था जो उसका सागर से एक जीमूत की भांति आधा भाग सलिल मे मग्न हो रहा था ॥ २३ ॥ जो इतना तेजोमय था कि अग्नि के समान जाज्वल्यमान था—किरणो से युक्त भास्कर के सदृश था और रात्रि मे अपने तेज से भासमान जाग्रत् की भाँति दिखलाई दे रहा था ॥ २४ ॥ वह विस्मय से यह ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा से कि आप कौन हैं देव का दर्शन प्राप्त करने के लिये यहाँ पर आये थे ज्योही वह आये थे वैसे ही यह मुनि उसी भाँति कुक्षि मे पुनः प्रवेशित हो गये ॥ २५ ॥ पुनः कुक्षि मे सम्प्रविष्ट हुए मार्कण्डेय मुनि अत्यन्त विस्मित हो गये थे। फिर दूसरी वार भी उसी भाँति स्वप्न-दर्शन को वे जानने लगे थे। वह भी पूर्व की ही भाँति धरामण्डल में पर्यटन किया करते हैं। जो धरा परम पुण्यमय तीर्थों के जलो समुपेत थी और इसी भाति अनेक आश्रमो मे भी आह्वन करते हैं। उस समय में ऋतुओ के द्वारा समाप्त करदी है श्रेष्ठ दक्षिणा जिनके ऐसे यजमानो को और देव की कुक्षि मे स्थित सैकड़ो याजक द्विजो को उसने देखा था ॥ २६, २७, २८ ॥

सद्वृत्तमास्थिताः सर्वे वर्णाब्राह्मणपूर्वकाः
चत्वारश्चाश्रमाः सम्यग्यथोद्दिष्टामया तव ॥२९
एव वर्षशतं साग्रं मार्कण्डेयस्य धीमतः।
चरतः पृथिवी सर्वान्नि कुक्ष्य-तः समीक्षितः ॥३०
ततः कदाचिदथ वै पुनर्गत्राद्विनिस्सृतः।
गुप्त न्यग्रोधशाखाया बालमेक निरैक्षत ॥३१
तथैवैकार्णवजले नीहारेणावृताम्बरे।

अव्यग्रः क्रीडते लोके सर्वभूतविवर्जिते ॥३२
स मुनिर्विस्मयाविष्टः कौतूहलसमन्वितः ।
बालमादित्यसङ्काश नाशक्नोदभिवीक्षितुम् ॥३३
स चिन्तयस्तथैकान्ते स्थित्वा सलिलसन्निधौ ।
पूर्वदृष्टमिद मन्ये शङ्कितो देवमायया ॥३४
अगाधसलिले तस्मिन् मार्कण्डेयः सुविस्मयः ।
प्लवस्तथात्तिमगमत् भयात् सन्त्रस्तलोचनः ॥३५

ब्राह्मण जिनमें सर्व प्रथम है ऐसे चारो वर्ण वाले लोग सद्वृत्त (चरित) मे समास्थित थे। ब्रह्मचर्य्य आदि चारों आश्रम भी जैसे मैंने तुमको बतलाये थे भली भाँति व्यवस्थित थे। इस प्रकार सम्पूर्ण पृथ्वी पर सञ्चरण करते हुए धीमान् मार्कण्डेय मुनि को छैः सौ वर्ष व्यतीत हो गये थे किन्तु वह फिर भी उस कुक्षि का अन्त नहीं देख पाये थे। इसके उपरान्त फिर किसी समय मे पुनः वह मुख से बाहिर निकल पड़े थे और उन्होंने न्यग्रोध की शाखा मे छिपे हुए एक बालक को देखा था। नीहार न समावृत जिसका अम्बर है ऐसे उस एकार्णव जल में, जहाँ कि सभी प्रकार के भूतो का अभाव था, ऐसे लोक मे वह व्यग्रता रहित होकर क्रीडा करता है ॥ २९, ३०, ३१, ३२ ॥ उसको देखकर वह मुनि आश्चर्य से पूर्ण तथा समविष्ट होकर कौतूहल से सयुत हो गया था। वह बालक सूर्य्य के तुल्य तेज से परिपूर्ण था कि उसको वह देख नहीं सका था ॥३३॥ उसने चिन्तन करते हुए सलिल की सन्निधि मे उसी भाँति एकान्त मे स्थित होकर देव की माया से शङ्का वाला होकर इस सबको पूर्व की भाँति देखा हुआ मानने लगता है ॥ ३४ ॥ अत्यन्त विस्मय से सयुत होकर उस अगाध जल मे भय से सन्त्रस्त नेत्रों वाला वह मार्कण्डेय मुनि प्लवमान होता हुआ अत्यन्त ही अधिक दुःख को प्राप्त हो गया था ॥ ३५ ॥

स तस्मै भगवानाह स्वागत बालयोगवान् ।

वभाषे मेघतुल्येन स्वरेण पुरुषोत्तमः ॥३६
माभैर्वत्स ! न भेतव्यमिहैवायाहि मेऽन्तिकम् ।
मार्कण्डेयोमुनिस्त्वाह बालन्तं श्रमपीडितः ॥३७
कोमान्नाम्ना कीर्तयति तपः परिभवन्मम ।
दिव्यं वर्षसहस्राण्यंधर्षयन्निवमेव यः ॥३८
नह्येष वः समाचारो देवेष्वपि ममोचितः ।
मां ब्रह्मापि हि देवेशो दीर्घायुरिति भाषते ॥३९
वस्तपो घोरमासाद्य मामद्य त्यक्तजीवितः ।
मार्कण्डेयेति मामुक्त्वा मृत्युमीक्षितुमर्हति ॥४०
एवमाभाष्य त क्रोधान्मार्कण्डेयो महामुनि. ।
तथैव भगवान् भूयो वभाषे मधुसूदनः ॥४१

बाल योग वाले वह भगवान् उस समय में उस मार्कण्डेय से उसके स्वागत को कहन लगे थे और पुरुषोत्तम प्रभु मेघ के समान गम्भीर स्वर से बोले थे ॥३६॥ पुरुषोतम प्रभु ने उससे कहा—हे वत्स ! भयभीत मत होओ। डरना तुमको बिल्कुल भी नही चाहिये। इस समय तुम मेरे समीप मे आ जाओ। इस पुरुषोत्तम के वचन का श्रवण करके श्रम से अत्यन्त पीडित होकर वह मार्कण्डेय मुनि उस बालक से बोला था ॥३७॥ मार्कण्डेय मुनि ने कहा—आप कौन हैं जो दिव्य एक सहस्र वर्ष तक इस प्रकार से घर्षण करते हुए और मेरे तप को परिभूत करते हुए मेरे नाम को कीर्तित कर रहे हैं ? ॥३८॥ देवो मे भी मेरे साथ आपका यह इस प्रकार का समाचरण करना उचित नहीं है। देवों का ईश्वर ब्रह्मा भी मुझको दीर्घायु कहकर मेरे साथ भाषण किया करते हैं। कौन ऐसा है जो घोर तपश्चर्या प्राप्त करके आज मेरे पास आकर जीवित को परित्याग

कर रहा है ? मुझको मार्कण्डेय--ऐसा कहकर मृत्यु को देखने के लिये योग्य होता है ? उस मार्कण्डेय मुनि ने उससे अत्यन्त क्रोध से इस प्रकार कहा था तब उसी भाँति भगवान् मधुसूदन पुनः उससे कहने लगे थे। ॥३६, ४०, ४१॥

अहं ते जनको वत्स ! हृषीकेशः पिता गुरुः ।
आयु प्रदाता पौराणः किं मान्त्वन्नोपसर्पसि ॥४२
मां पुत्रकामः प्रथमं पिता तेऽङ्गिरसोमुनिः ।
पूवमाराधयामास तपस्तीव्रं समाश्रितः ॥४३
ततस्त्वा घोरतपसा प्रावृणोद मितौजसम् ।
उक्तवानहमात्मस्थ महर्षिमितौजसम् ॥४४
कः समुत्सहते चान्यो यो न भूतात्मकात्मज. ।
द्रष्टुमेकार्णवगत क्रीडन्तं योगवर्त्मना ॥४५
तत. प्रहृष्टवदनो विस्मयोत्फुल्ललोचनः ।
मूर्द्धिन बद्धाञ्जलिपुटो मार्कण्डेयो महान्मुनिः ॥४६
नामगोत्रे ततः प्रोच्य दीर्घायुर्लोकपूजितः ।
तस्मै भगवते भक्त्या नमस्कारमथाकरोत् ॥४७

श्री भगवान ने कहा—हे वत्स ! मैं तेरा जनक हूँ। मैं परम पुरातन—हृषीकेश—पिता-गुरु और आयु के प्रदान करने वाला हूँ। क्यों तू मेरे समीप नहीं आ रहा है ? ॥४२॥ पहिले पुत्र की कामना रखने वाले तेरे पिता अङ्गिरस मुनि ने परम तीव्र तपस्या का समाश्रय ग्रहण करके मेरी ही समाराधना की थी ॥४३॥ इसके अनन्तर अत्यन्त घोर तप से

उसने अमित ओज वाले तुमको प्राप्त करने का वरदान प्राप्त कर लिया था। इसके पश्चात् मेरे ही अन्दर स्थित अपरिमित ओज वाले महर्षि से मैंने कहा था जो भूतात्मकात्मज न हो ऐसा अन्य कौन है जो योग के मार्ग से क्रीडा करते हुए एकार्णव में जल को देखने का उत्साह किया करता है ? ।।४४, ४५।। इसके पश्चात् प्रहृष्ट मुख वाला—विस्मय से समुत्फुल्ल लोचनों से संयुत—मस्तक में अञ्जलि पुट को बद्ध करते हुए महान् तपस्वी मार्कण्डेय अपने नाम और गोत्र का उच्चारण करके दीर्घायु और लोक पूजित ने उन भगवान् को भक्तिभाव से नमस्कार किया था ।। ४६ ।। ४७ ।।

इच्छेयं तत्त्वतो मायामिमा ज्ञातुन्तवानघ ! ।
यदेकार्णवमध्यस्थः शेषे त्व बालरूपवान् ।।४८
किं संज्ञश्चैव भगवन् ! लोके विज्ञायसे प्रभो ! ।
तर्कये त्वा महात्मानं को ह्यन्यः स्यातुमर्हति ।।४९
अहंनारायणो ब्रह्मन् ! सर्वभूः सर्वनाशनः ।
अह सहस्रशीर्षाख्यैर्यः पदैरभिसंज्ञितः ।।५०
आदित्यवर्णः पुरुषो मखे ब्रह्ममयो मखः ।
अहमग्निर्हव्यवाहो यादसां पतिरव्ययः ।।५१
अहमिन्द्रपदे शक्रो वर्षाणां परिवत्सरः ।
अहं योगी युगाख्यश्च युगान्तावर्तएव च । ५२
अहं सर्वाणि सत्वानि दैवतान्यखिलानि तु ।
भुजङ्गानामह शेषो तार्क्ष्यो वै सर्वपक्षिणाम् ।।५३
कृतान्तः सर्वभूतानां विश्वेषां कालसंज्ञितः ।
अहं धर्मस्तपश्चाहं सर्वाश्रमनिवासिनाम् ।।५४

अहं चैव सरिद्दिव्या क्षीरोदश्च महार्णवः ।
यत्तत् सत्यं च परममहमेक. प्रजापतिः ॥५५
अह सांख्यमहं योगोऽप्यह तत्परमम्पदम् ।
अहमिज्या क्रिया चाहमहर्विद्याधिप स्मृत ॥५६

मार्कण्डेय महामुनि ने कहा—हे अनघ ! मैं अब तत्विक रूप से आपकी इस देव माया के ज्ञान को जानने की मैं इच्छा करता हूँ कि जो बाल रूप वाले आप इस एकार्णव के मध्य मे स्थित होकर शयन कर रहे हैं ॥५८॥ हे प्रभो ! हे भगवन् ! आप इस लोक मे किस संज्ञा वाले होकर जाने जाते हैं अर्थात् लोक मे आपका क्या नाम प्रसिद्ध है । मैं ऐसा अनुमान करता हूँ कि महात्मा आपको कोई अन्य स्थित करने के योग्य होता है ॥५९॥ श्री भगवान् ने कहा—हे ब्रह्मन् ! मैं सबकी उत्पत्ति करने वाला तथा सबका नाश करने वाला नारायण हूं मैं सहस्र धीर्षा नाम वाले पदों से अभिसंज्ञित होता हूं ॥५०॥ मैं सूर्य के समान वर्ण वाला पुरुष और मद्य मे ब्रह्ममय मद्य हूं । मैं हव्य का वहन करने वाला अग्नि हूं तथा मैं अविनाशी यादवों का स्वामी हूं ॥५१॥ मैं इन्द्र के पद पर शक्र हूं—वर्षों मे परिवत्सर हूं—मैं युगाख्य योगी हूं—और युगान्तावर्त्त हूं । मै ये सब सत्वो के स्वरूप वाला हूं और समस्त देवत भी मैं ही हूं भुजङ्गों मे मैं शेष हूं तथा सब पक्षियो मे मेरा तार्क्ष्य अर्थात् गरुड का स्वरूप है । ॥५२, ५३॥ समस्त भूतों का मैं कृतान्त हूं तथा विश्वेषों मे मैं काल की संज्ञा वाला हूं । मैं सभी आश्रमो में निवास करने वालों का धर्म्म तथा तप हूं । जो परम दिव्य सरित् है वह और क्षीरोद महार्णव मेरा ही स्वरूप है । जो यह परम सत्य है वह मैं ही हूं तथा मैं एक ही प्रजापति हूं । मैं ही सांख्य तथा योग हूं और मैं ही वह सर्वोपरि परम पद हूं ।

मैं ही इज्या और क्रिया हूं तथा मुझे ही विद्या का अधिप कहा गया है। ॥५४, ५५, ५६॥

अहं ज्योतिरहं वायुरहं भूमिरहं नभः।
अहमापः समुद्राश्च नक्षत्राणि दिशोदश ॥५७
अहं वर्षमहं सोमः पर्जन्योऽहमहं रविः।
क्षीरोदसागरे चाहं समुद्रे वडवामुखः ॥५८
वह्निः संवर्तको भूत्वा पिबंस्तोयमयं हविः।
अहं पुराणः परमं तथैवाहं परायणम् ॥५९
अहं भूतस्य भव्यस्य वर्तमानस्य सम्भवः।
यत् किञ्चित् पश्यसे विप्र! यच्छृणोपि च किञ्चन।
यल्लोके चानुभवसि तत् सर्वं मामनुस्मर।
विश्वसृष्टंमयापूर्वं सृज्यं चाद्यापि पश्यमाम् ॥६१
युगे युगे च स्रक्ष्यामि मार्कण्डेयाखिलं जगत्।
तदेतदखिल सर्वं मार्कण्डेयावधारय ॥६२
शुश्रूषुमं धर्माश्च कुक्षौ चर सुखं मम।
मम ब्रह्मा शरीरस्थो देवैश्च ऋषिभिः सह ॥६३

मैं ही ज्योति, वायु, भूमि, नभ, आप (जल), समुद्र, नक्षत्र, दश दिशाएँ, वर्ष, सोम, पर्जन्य, रवि हूं अर्थात् पवन भूमि आदि समस्त मेरा ही एक दूसरा स्वरूप है। क्षीरसागर में मैं विद्यमान हूं तथा समुद्र में वड़वानल मेरा ही रूप है। सम्वर्तक अग्नि होकर जलमय हवि का पान

करने वाला मैं परम पुरातन एवं परायण मैं हूं। मैं ही अतीत होने वाले-भव्य (भविष्य) और वर्त्तमान काल को समुत्पन्न करने वाला हू। हे विप्र! इस लोक मे जो भी कुछ तुम देखते हो, श्रवण करते हो और जिसका भी कि किंचितमात्र अनुभव किया करते हो यह सभी मुझको ही अर्थात् मेरा ही स्वरूप समझना चाहिये। मेरे ही द्वारा यह सम्पूर्ण विश्व पहिले सृजित किया गया है और जो कुछ भी आज भी सृजन करने के योग्य है उस सभी को मुझे ही देख लो ॥५७, ५८, ५९, ६०, ६१॥ हे मार्कण्डेय! प्रत्येक युग मे इस सम्पूर्ण जगत को मैं ही सृजित किया करता हूं इसीलिये यह सभी कुछ जो भी है मेरा ही स्वरूप है और मुझ को ही तुम समझ लो ॥६२॥ मेरे धर्म्मों के श्रवण करने की इच्छा वाले यदि तुम हो तो तुम मेरी ही इस कुक्षि मे सुख पूर्वक सचरण करते रहो। यह ब्रह्मा भी मेरे इसी शरीर मे स्थित है और सब देवगण भी उसके साथ मे विद्यमान रहा करते हैं ॥६३॥

व्यक्तमव्यक्तयोग मामवगच्छासुरद्विषम्।
अहमेकाक्षरो मन्त्रस्त्र्यक्षरश्चैव तारकः ॥६४
परस्त्रिवर्गादोङ्कारस्त्रिवर्गार्थनिदर्शनः।
एवमादिपुराणेशो वदन्नेव महामतिः ॥६५
वक्त्रमाहृतवानाशु मार्कण्डेयं महामुनिम्।
ततो भगवतः कुक्षिं प्रविष्टो महामुनिम् ॥६६
स तस्मिन् सुखमेकान्ते शुश्रूषुर्हंसमव्ययम्।
मोऽहमेव विविधतनुं परिश्रितो महार्णवे व्यपगयघनेन्द्रभास्करे।
शनैश्चरन् प्रभुरपि हंससंज्ञितोऽमृजं जगद्विरहितकालपर्यये ॥६७

व्यक्त-अव्यक्त योग वाला—असुरों का द्वेष्टा मुझको ही समझ लो। एकाक्षर और तीन अक्षरों वाला तारक मन्त्र भी मेरा ही एक स्वरूप है ॥६४॥ त्रिवर्ग से पर ओङ्कार और त्रिवर्ग के अर्थ का निदर्शन-महामति आदि पुराणेशने इस प्रकार से महामुनीश्वर मार्कण्डेय से कहते हुए ही अपना मुख आहृत कर दिया था और इसके उपरान्त वह मुनि श्रेष्ठ उनकी कुक्षि मे प्रविष्ट हो गये थे ॥६५, ६६॥ वह उसमे एकान्त मे सुख पूर्वक अविनाशी हस का श्रवण करने वाले होकर कुक्षि में सचरण करते हैं। जो यह मैं ही नाना भाँति वाले तनुओ का परिचय करके इस महार्णव मे जिसमे सूर्य और चन्द्र आदि सभी व्यपगत है हस की संज्ञा वाला प्रभु भी धीरे २ चरण करता हुआ विरहित काल पर्यंय मे इस जगत् का सृजन मैंने ही किया है ॥६७॥

तन्त्र महाविज्ञान

लोक मे व्याप्त विभिन्न प्रकार के तन्त्र सम्बन्धी भ्रमो को दूर करने और तात्विक विषयो का जनोपयोगी बौद्धिक व वैज्ञानिक विश्लेषण करने वाली वर्षों की अथक खोज का परिणाम, दो खण्डो मे प्रकाशित यह पुस्तक मौलिक सूझ बूझ से ओत प्रोत है। जनसाधारण मे फैले उपेक्षा भाव को यह आकर्षण मे परिवर्तित कर देगी, ऐसा हमारा विश्वास है क्योकि तन्त्र एक उच्चकोटि की वैज्ञानिक साधना प्रणाली है जिसकी सहायता से साधक भौतिक व आत्मिक दोनो क्षेत्रो में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर सकता है।

प्रथम खण्ड मे तन्त्र की महत्ता, प्रमाणिकता, प्राचीनता, गोपनीयता उसके अर्थ, सिद्धान्त, भाव, आचार व पूजा पर प्रकाश डाला गया है। पञ्चमकारो की तथाकथित घृणित साधनाओ का वास्तविक रहस्य समझाया गया है। शक्तिपात, नाद, बिन्दु, कला, मन्त्र, वर्ण, मातृका, यन्त्र, बीजाक्षर आदि विषयो का वैज्ञानिक स्पष्टीकरण किया गया है जिसमे तन्त्र की वैज्ञानिकता पर कुछ भी सन्देह नही रह जाता।

दूसरे खण्ड मे शक्ति साधना के विश्वव्यापी प्रसार, इतिहास, विकास, दार्शनिक रूप, तात्विक विवेचन व मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण पर खोजपूर्ण सामग्री दी गई है। वेद, उपनिषद्, पुराण, योग वसिष्ठ, महाभारत, गीता, आरण्यक वेदान्त व सांख्य मे प्राप्य शक्ति की महत्ता का दिग्दर्शन किया गया है। दुर्गा, लक्ष्मी, काली, सरस्वती व दस महाविद्याओ काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमाता, भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातङ्गी और कमला के स्वरूप व साधना विधानो का विशद वर्णन किया गया है जिससे साधक इच्छित तान्त्रिक सिद्धियो को प्राप्त कर सकता है।

इस तरह से तान्त्रिक विषयो का वैज्ञानिक प्रतिपादन और साधना विधान दोनो इनमे आ गये हैं जिससे ग्रन्थ अत्यन्त उपादेय बन गया है।

मूल्य २ खण्ड १५) मात्र

प्रकाशक : संस्कृति संस्थान, ख्वाजाकुतुब, बरेली (उ० प्र०)